9.9 के अनुसार क्रियाशील अनुदान के लिए, इसके अतिरिक्त 20% अर्थात् पैरा 9.10 में दिये सम्पादन सूचकों के अनुसार कार्यसम्पादन अनुदान के रूप में 676.28 करोड़ रु. उपलब्ध होंगी। 464.02 रु. की अतिशेष रकम पैरा 9.11 से 9.14 में के दिशा–निर्देशों के अनुसार उपयोग किये जाने के लिए निर्बंध अनुदान के रूप में दी जायेगी। आयोग यह सुझाव देता है कि निर्बंध अनुदान में से पैरा 6.48 में आयोग द्वारा सुझाये गये सम्पादन पंचाटों पर और स्ट्रीट सौर लाइट और पेयजल के शुद्धिकरण के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए व्यय पूर्विकता के आधार पर किया जायेगा।

पंचायत समितियों को वितरण

पंचायत समितियां न्यागमन के 12% अंश प्राप्त करेंगी। वर्ष 2013–14 और 2014–15 के लिए पंचायत समितियां सारणी 9.11 के अनुसार 394.47 करोड़ रु. प्राप्त करेगी। इस रकम में से 20% अर्थात् 78.89 करोड़ रु. पैरा 9.10 मे उपर्युक्त दिये गये सम्पादन सूचकों के अनुसार कार्यसम्पादन अनुदान के रूप में उपलब्ध करवायी जायेगी। 315.58 करोड़ रु. की बकाया रकम पैरा 9.11 और 9.14 के अनुसार निर्बंध अनुदान के रूप में दी जायेगी। आयोग का यह सुझाव है कि निर्बंध अनुदान में से निधियों का आस्तियों के रखरखाव ग्राम पंचायत को तकनीकी समर्थन उपलब्ध करवाने के लिए और ग्राम पंचायत के सदस्यों के लिए सशक्तिकरण गतिविधियों को करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।

जिला परिषदों को वितरण

जिला परिषद न्यागमित रकम का 3% प्राप्त करेगी। यह रकम 2013–14 और 2014–15 के लिए 98.61 करोड़ रु. है। 20% न्यागमन में से अर्थात् 19.72 करोड़ रु. कार्यसम्पादन अनुदान के रूप में उपलब्ध करवाये जायेंगे। 78.89 करोड़ रु. की बकाया रकम पैरा 9.11 और 9.14 के अनुसार निर्बंध अनुदान के रूप में उपयोग की जायेगी। आयोग का सुझाव है कि निर्बंध अनुदान मे से निधियों को जिला पंचायत डाटा बैंक के सृजन, आस्तियों के रखरखाव, सदस्यों के सशक्तिकरण और योजना/स्कीम जो कि केन्द्रीय और राज्य सरकारों के ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में सम्मिलित नहीं है, की तैयारी और निधिकरण के लिए उपयोग में लिया जाना है।

9.16 आयोग ने समस्त तीन स्तरीय संस्थाओं के लिए विस्तृत आवश्यकताएं पर कार्य करने के लिए ध्यान दिया है। तथापि, वास्तविक आवश्यकताएं और प्रत्यक्ष दशाएं स्थान से स्थान और संस्था से संस्था तक में भिन्न हैं। इसलिए आयोग ने विभिन्न प्रयोजनों में

न्यागमित अंश की सिफारिश की गई रकम को वितरित नहीं करने का विनिश्चय किया है।

9.17 पं.रा.सं. के निधियों को अन्तरण पैरा 9.17 पर यांत्रिक संगणना के अनुसार किया जाना है।

नगरीय स्थानीय निकायों के लिए न्यागमन

10.2 आयोग समस्त न.स्था.नि. के मध्य 50% जनसंख्या के आधार पर, 10% क्षेत्र के आधार पर और 10% औसत राजस्व गतिशीलता के आधार पर न्यागमन की सिफारिश करता है। शेष 30% केवल जनसंख्या के आधार पर नगरपालिकाओं के मध्य वितरित होगा।

उपर्युक्त उल्लिखित मानदण्ड पर आधारित विभिन्न नगरपालिकाओं के अंश नीचे दी गई सारणी 10.1 में यथा दर्शित हैं:

सारणी 10.1 : पंचाट अवधि 2010–15 के लिए न.स्था.नि. के प्रवर्गवार अंश

(रु. करोड़ मे)

प्रवर्ग (नगर पालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार)	संस्थाओं की संख्या	प्रकल्पित जनसंख्या (लाख में)	जनसंख्या के आधार पर 50%	क्षेत्र के आधार पर 10%	राजस्व गतिशीलता के आधार पर 10%	शेष 30% रकम	कुल
नगर निगम	5	62.99	438.21	62.71	114.69	_	**615.61**
नगर परिषद	13	31.24	217.27	29.17	32.68	_	**279.12**
नगरपालिकाएं	166	70.51	490.46	137.31	81.82	687.56	**1397.15**
कुल	**184**	**164.74**	**1145.94**	**229.19**	**229.19**	**687.56**	**2291.88**

10.3 सेवा स्तर में सुधार करने के लिए न.स्था.नि. को मुख्य कृत्यों विशेष रूप से स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए व्यय के बराबर अंश प्रदान करने के लिए प्रेरित किये जाने की आवश्यकता है। इसलिए निधियों के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए आयोग वर्ष 2013–14 और 2014–15 जो कि इन दो वर्षों के लिए 1520.84 करोड़ रू की गणना करता है, के लिए मूल कृत्यों के लिए चिन्हित अनुदान के लिए इसे आवश्यक समझता है। आयोग सिफारिश करता है कि न्यागमन में से मूल कृत्यों के लिए 760.42 करोड़ रू का प्रावधान किया जायें । 760.42 करोड़ रु. के

बाद शेष राशि उनके स्वयं के स्रोतों से प्राप्त की जायेगी। मूल कृत्यों के लिए निधियों का प्रवर्गवार वितरण नीचे दिये गये ब्यौरों के अनुसार किया जायेगाः

सारणी 10.3 मूल कृत्यों के लिए निधियों के प्रवर्गवार वितरण

(रु. करोड़ में)

प्रवर्ग	2013-14	2014-15	कुल	न्यागमन में से पूरा किया जाना (50%)
1 नगर निगम	299.90	299.90	599.80	299.90
2 नगर परिषद	150.45	150.45	300.90	150.45
3 नगरपालिकाएं	310.07	310.07	620.14	310.07
कुल	760.42	760.42	1520.84	760.42

10.4 कार्यसम्पादन अनुदान

(i) वार्षिक लेखाओं और आस्ति रजिस्टर को अंतिम रूप देना

आयोग सिफारिश करता है कि न.स्था.नि. जो वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए 30 सितम्बर, 2013 तक और वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए 30 सितम्बर, 2014 तक उनके वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप देती है, कार्यसम्पादन अनुदान प्राप्त करने के पात्र होंगी। न.स्था.नि. की आस्तियों के रजिस्टर के वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप देते समय साथ–साथ अद्यतन किया जाना चाहिए।

(ii) संपरीक्षा अनुच्छेदों का निस्तारण

आयोग सिफारिश करता है कि पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को बकाया पैराओं में से कम से कम 15 प्रतिशत संपरीक्षा पैरा और वर्ष के दौरान नये अतिरक्त (पैराओं) का वित्तीय वर्ष 2013–14 में और इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए पैराओं का निराकरण करने वाले न.स्था.नि. कार्यसम्पादन अनुदान के पात्र होंगे।

(iii) अतिरिक्त राजस्व जुटाना

उनके अपने राजस्व में वृद्धि करने के लिए न.स्था.नि. को प्रोत्साहित करने के क्रम में आयोग सिफारिश करता है कि पूर्ववर्ती वर्ष 2013–14 में तुलना की गई और इसी प्रकार 2014–15 के लिए कम से कम 15 प्रतिशत उच्चतर राजस्व में वृद्धि करने वाली न.स्था.नि. कार्यसम्पादन अनुदान प्राप्त करने के योग्य होगी। तथापि न.स्था.नि. के अपने राजस्व की गणना करते समय भूमि के या किसी अन्य सम्पत्ति के विक्रय के कारण प्राप्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(iv) परिषद/बोर्ड की बैठक बुलाना

स्थानीय योजना में व्यक्तियों की भागीदारी और कार्यों के निष्पादन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आयोग सिफारिश करता है कि न.स्था.नि. की बैठकें राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 और अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अनुसार बुलायी जानी चाहिए। सदस्यों को बजट प्रस्तावों, जिला योजना के लिए प्रस्तावों, निधियों की उपलब्धता और इसके उपयोग के बारे में सूचित किया जाना चाहिए। संपरीक्षा रिपोर्ट की प्रति भी अनुपालन रिपोर्ट के साथ परिषद/बोर्ड के समक्ष रखी जानी चाहिए। परिषद/बोर्ड की बैठकें समय पर बुलाने और अपेक्षित आंकड़ो युक्त प्रस्ताव, स्वीकृतियाँ इत्यादि रखने वाले न.स्था.नि. वर्ष 2013–14 और 2014–15 के लिए कार्यसम्पादन अनुदान के पात्र होंगे।

10.6 कार्यसम्पादन अनुदानों का वितरण

न.स्था.नि. को कार्यसम्पादन अनुदान के रूप में वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित मानदण्ड पूरे करने पर 20% निधियां अर्थात् 336.80 करोड़ रु., दिये जायेंगे।

(क) 5% रकम वार्षिक लेखाओं और आस्तियों रजिस्टर की तैयारी और पूरा करने के आधार पर न्यागमित होगी।

(ख) 5% रकम संपरीक्षा पैराओं के निष्पादन के लिए न्यागमित होगी।

(ग) 5% रकम स्वयं के स्रोत्रों में वृद्धि करने के लिए न्यागमित होगी जो पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 2013–14 और 2014–15 के दौरान 15% उच्चतर होनी चाहिए।

(घ) 5% रकम समय पर बोर्ड/परिषदों की बैठक बुलाने के लिए न्यागमित होगी।

10.7 निर्बंध अनुदान

नगरीय स्थानीय निकायों से स्थानीय हितों के विभिन्न विकास कार्यों को करने की आशा की जाती है जिसके लिए कोई निधियां नहीं हैं। कभी–कभी इन निकायों को विकास परियोजनाओं के लिए ऋण लेने की जरूरत पड़ती है इनसे सीड मनी अथवा समतुल्य अंश देने की अपेक्षा की जाती है। ऐसी जरूरतों के लिए आयोग 586.76 करोड़ रु. के निर्बंध अनुदान को उपलब्ध कराने की सिफारिश करता है। रकम केवल ऐसे विकास कार्यों जो कि राज्य/केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई किसी स्कीम के अन्तर्गत नहीं आते हैं, के लिए बोर्ड/परिषद यथास्थिति के पूर्व अनुमोदन से

उपयोग की जायेगी। आयोग द्वारा सिफारिश किये गये न.स्था.नि. के लिए निर्बंध अनुदान का निम्नलिखित पूर्विकता पर उपयोग किया जाना है :

(i) नगरीय मामलों की राज्य संस्था

आयोग सिफारिश करता है कि निर्बंध अनुदान में से 150 करोड़ रु. चरणबद्ध रीति से नगरीय मामलों की राज्य संस्था को स्थापित करने के लिए उपयोग किया जाना है।

(ii) श्रेष्ठ प्रदर्शनों के लिए पुरस्कार

श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार न.स्था.नि. को उनके क्षेत्रों में गुणवत्ता सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करने के क्रम में, श्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रशंसा के लिए प्रति वर्ष दिया जायेगा। पुरस्कारों के लिए आवश्यक रकम निर्बंध अनुदान में से ली जायेगी।

(iii) आयोग दोहराता है कि निर्बंध अनुदान का यानों के क्रय, चारदीवारी, चबूतरा और स्वागतद्वार इत्यादि के निर्माण के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा। आयोग यह और सिफारिश करता है कि रकम का कर्मचारिवृन्द के लिए वेतन और भत्तों, वेतनों का बकाया, पेंशन इत्यादि के संदाय के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

10.8 **राज्य सड़क निधि में अंश**

आयोग सिफारिश करता है कि शुरूआत में राज्य सड़क निधि की कम से कम 10% रकम को आन्तरिक सड़कों के रखरखाव के लिए नगरीय स्थानीय निकायों को उपलब्ध करवाया जाये।

10.10 न.स्था.नि. की निधियों का अन्तरण पैरा 10.10 पर वर्णित प्रक्रिया के अनुसार किया जाये।

10.11 आयोग सिफारिश करता है कि न.स्था.नि. और पं.रा.सं. के लिए तेरहवां केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान भी रा.वि.आ. अधिनिर्णय के अधीन निधियों के न्यागमन के लिए इस आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदण्डों और सन्नियमों के आधार पर वितरित किया जा सकता है। तेहरवें वित्त आयोग द्वारा उपबन्धित अनुदानों का भाग नगरीय स्थानीय निकायों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर अग्निशमन सेवाओं को जोड़ने के लिए उपयोग में लिया जा सकता है। तेहरवें वित्त आयोग के अधीन अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किये गये अधिनिर्णय के अतिरिक्त होगा और तेरहवें वित्त आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार उपयोग किया जायेगा।

सुझाव

3.8 राज्य सरकार को राजस्थान विधानसभा को प्रस्तुत इसकी ए.टी.आर. में समस्त सिफारिशों को सम्मिलित करना चाहिए ताकि राजस्थान विधानसभा के सदस्य स्वीकृति की प्रास्थिति को जान सकें।

3.9 जैसाकि अन्तरिम रिपोर्ट सिफारिशें अंतिम रिपोर्ट के अध्यधीन हैं, राज्य सरकार को सम्पूर्ण पंचाट अवधि के लिए अंतिम रिपोर्ट में अन्तर्विष्ट सिफारिशों को कार्यान्वित करना चाहिए।

5.14 राज्य सरकार को पंचायती राज विभाग के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 8 क की उपधारा (3) और (4) के आज्ञापक उपबंधों का ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा अनुसरण किया गया है।

5.15 राज्य सरकार पंचायती राज अधिनियम, 94 की धारा 8क की उपधारा (6) में बड़े संशोधन पर विचार कर सकती है जिससे कि ग्राम सभा का प्रस्ताव ''सुझाव'' मात्र नही माना जाये अपितु यथाशक्य इनकी पालना होने का कानून बनना चाहिए।

5.16 ग्राम पंचायत और अन्य पं.रा.सं. की कार्यवाहियों और विनिश्चयों में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए वार्ड पंचों और पंचायत समितियों और जिला परिषदों के अन्य सदस्यों को योग्य बनाने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण विकास स्कीमों के विभिन्न शीर्षों और सीधे तौर पर पं.रा.सं. के लिए केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, राज्य सरकार और केन्द्रीय सरकार, द्वारा पं.रा.सं. के लिए किये गये अन्य न्यागमनों के अधीन संबंधित पं.रा.सं. के प्रत्येक सदस्य के लिए रकम की प्रत्येक मंजूरी की एक प्रति भेजी जानी चाहिए।

5.18 अब राजस्थान के कुछ जिलों की सीधे नकद अन्तरण स्कीमों के लिए पहले से ही पहचान की जा चुकी है और बहुत सी अन्य परियोजनाएं जैसे आधार और वित्तीय क्षेत्र की वित्त सम्मेलन स्कीमें परिचालित हो रही हैं, पंचायती राज विभाग को निचले स्तर पर कृत्यों और क्रियाकलापों के कम्प्यूटरीकरण की व्यापक परियोजनाएं प्रारम्भ करनी चाहिए।

5.22 पंचायतीराज विभाग को अन्तःस्थापित करने और/या समस्त स्तरों पर आई टी सेवाओं में सुधार करने के लिए व्यापक स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए शीघ्र कदम उठाने की आवश्यकता है।

5.24 पं.रा.सं. की मानक समितियों को समय–समय पर बैठकें आयोजित करना सुनिश्चित करने के लिए क्रियाशील किया जाना चाहिए।

5.27 राज्य सरकार को शीघ्रता से इसके परिपत्र दिनांक 18.12.2000 पर निर्णय लेना चाहिए।

क 5.7 पंचायती राज संस्थाओं को प्रभावी और सक्षम बनाने के क्रम में ;

(i-iv) न्यागमित कृत्यों के क्रियाकलापों का आलेखन पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाना चाहिए और निधियों के आवंटन से जोड़ा जाना चाहिए।

(vii) पंचायती राज विभाग को कर्मचारिवृन्द के लिए और कृत्यकारी और वित्तीय न्यागमन के लिए उनके क्षेत्र, जनसंख्या और राजस्व आधार इत्यादि के आधार पर 3–4 प्रवर्गों में ग्राम पंचायतों को प्रवर्गवार करना चाहिए।

(viii) पंचायतीराज विभाग को निर्धारित समय सीमा उपदर्शित करते हुए ऐसे खाके को अंतिम रूप देना चाहिए जिसके द्वारा अनुसूची XI में सूचीबद्ध समस्त विषय पंचायती राज संस्थाओं को न्यागमित होंगे।

(ix) राज्य सरकार को जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के लिए, राज्य सचिवालय के लिए जारी कार्यविधि नियमों के अनुरूप एक नियमावली विहित और जारी करनी चाहिए जिसमें पं.रा.सं. और अन्तरिती विभागों के कृत्यकारियों के मध्य कर्मचारियों की भूमिका, कर्तव्य, प्राधिकार और अन्तर्सम्बन्ध निर्धारित होंगे।

(x) जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के समस्त स्तरों के प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय शक्तियों की अनुसूची कार्यों के

निष्पादन को त्वरित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विहित और जारी की जा सकती है।

(xi) स्थानान्तरण वाले विभागों के जिला अध्यक्षों को जिला परिषद का अत्यावश्यक भाग बनाया जाना चाहिए और उन्हें उनकी वरिष्ठता और अन्य पैरामीटर जैसे अतिरिक्त उप–मु.का.अ. (चिकित्सा), उप मु.का.अ. (शिक्षा) इत्यादि के अनुसार अतिरिक्त/उप मु.का.अ. पदाभिहित किया जाना चाहिए।

(xii) इन अधिकारियों की ए.पी.ए.आर. जिला परिषद के मु.का.अ. द्वारा प्रतिवेदित और विभागाध्यक्ष द्वारा इसका पुनरावलोकित की जानी चाहिए। जिला प्रमुख की टिप्पणी उन मामलों में की जा सकती है जहां प्रतिवेदक अधिकारी और पुनरावलोकन करने वाले अधिकारी की टिप्पणियों में भिन्नता हो।

(xiii) स्थानान्तरण वाले विभागों के कर्मचारियों के सेवा मामलों का जिला परिषद तक तय किया जाना अपेक्षित है। मु.का.अ. जिला परिषद को सेवा मामलों को विनिशिचित करने के लिए विभागाध्यक्ष के समतुलय शक्तियों को समनुदेशित किया जाना है।

(xiv) अन्तरित विषयों/कृत्यों के बजट उपबंध के अनुसार निधियों को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में जिला परिषद के पी डी लेखा में अन्तरित किया जाना है।

(xv) निर्वाचित पदाधिकारी जैसे जिला प्रमुख, प्रधान और सरपंच को नकद/ बैंक से संबंधित कार्य नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि उनका कार्यालय में पद धारण करना स्थायी प्रकृति का नहीं है।

(xvi) विकेन्द्रीकृत योजना को प्रभावी और भाग लेने वाली बनाने के क्रम में योजना विभाग या संबंधित प्रशासनिक विभाग को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में प्रायोगिक जिला योजना की अधिकतम सीमा उपदर्शित करनी चाहिए।

(xvii) पं.रा.सं. को उनके अपने राजस्व संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। चुने हुए प्रतिनिधियों को भी उपयुक्त रूप से इस संबंध में कुछ उत्तरदायित्व सौंपने चाहिए।

(xviii) पं.रा.सं. को उनके सामान्य निकाय (General Body) के पूर्व अनुमोदन से उनके क्षेत्र में कर्मचारियों के स्थानान्तरण के लिए प्राधिकृत करना चाहिए। राज्य सरकार को उनके कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर पं. रा.सं. पर प्रतिबन्ध अधिरोपित नहीं करना चाहिए किन्तु राजस्थान विधानसभा से इसे अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् एक स्थानान्तरण नीति प्रवर्तन में लायी जा सकती है।

(xix) राज्य सरकार को पं.रा.सं. के अधीन कार्यालय में सीधे कार्मिक आबंटित करने के बजाय, जिला परिषद को कार्मिक आबंटित करने चाहिए। जिला परिषद भी पंचायत समितियों को इन कार्मिकों को आबंटित करेंगी। कार्मिकों को पं.रा.सं., जिसके अधीन कार्यालय कार्य करता है, द्वारा पदस्थापित किया जाना चाहिए।

(xx) परियोजनाएं और स्कीमें जिनमें बराबर के अंश या पं.रा.सं. द्वारा ऋण के पुनः संदाय अन्तर्वलित हैं, राज्य सरकार द्वारा ऋण/अग्रिमों को मंजूर कराने के पूर्व पं.रा.सं. द्वारा अनुमोदित किये जाने चाहिएं।

क 5.12 अधिनियमों और नियमों के उपबंधों के अनुसार समस्त स्थानीय निकायों में बजट तैयार किया जाना चाहिए ताकि वित्तीय प्रबन्धन को सुधारा जा सके। राज्य सरकार जिला परिषद और न.स्था.नि. के कार्यकारी अध्यक्षों को निर्देश जारी कर सकती है कि बजट मॉनीटर कर रिपोर्ट करे कि बजट प्रक्रिया का अनुसरण किया गया है।

क 5.23 (i) राज्य सरकार को स्थानीय निधि लेखा विभाग में संपरीक्षकों के रिक्त पदों को भरना चाहिए और संपरीक्षा पैराओं के अधिक लम्बित रहने को देखते हुए अतिरिक्त संपरीक्षा दलों की मंजूरी के लिए उपयुक्त विचार किया जाना चाहिए ;

(ii) राज्य सरकार को प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास करना चाहिए; और स्थानीय निकायों के संपरीक्षा पैराओं के निपटान का पुनर्विलोकन करने

के लिए प्रशासनिक सचिव की अध्यक्षता में पुनर्विलोकन समिति के सदस्य–सचिव के रूप में विभागाध्यक्ष को नामनिर्दिष्ट करना चाहिए।

क 5.24(iii) स्थानीय निकायों को राज्य सरकार के किसी हस्तक्षेप के बिना अपेक्षित जनशक्ति की भर्ती करने के लिए सशक्त किया जाना चाहिए।

क 5.24(iv) ग्राम सभा में विकेन्द्रीकृत योजना के लिए प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध बजट तैयारी (बजट के प्रत्येक मद पर मतदान करने में वरीयता से – और ग्राम सभा की सिफारिशों को मतदान योग्य और बाध्यकारी करने के लिए, उनके बजट संबंधी पूर्विकताओं को नियन्त्रित करने के लिए जन सहभागिता आंदोलन को पुनर्जीवित कर सकेगी।

क 5.24(vii) इस संबंध में नि.म.प. (कैग) की सिफारिशों के अनुसार दोहरी प्रविष्टि और संगृहण आधारित लेखांकन प्रणाली का उत्तरोत्तर अंगीकरण होना चाहिए।

क 5.26 समस्त समान अवस्था वाले निकायों को निर्वाचित प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में संवैधानिक स्थानीय निकायों की छत्रछाया के अधीन लाया जाना चाहिए।

क 5.28 जि.आ.स. द्वारा विरचित और जिला परिषद द्वारा पारित जिला योजनाओं को राज्य योजना का भाग होना चाहिए। जिला योजनाओं को विरचित करने की प्रक्रिया राज्य वार्षिक योजना को योजना आयोग को प्रस्तुतिकरण से पूर्व पूरी की जानी अपेक्षित है।

क 5.29 पं.रा.सं. और न.स्था.नि. विकेन्द्रीकृत योजना में उनकी भूमिका अदा करने के योग्य होंगे यदि उन्हें वास्तविक अर्थ में स्थानीय सरकार के रूप में माना जाये। यदि इसे राज्य सरकार द्वारा स्वीकार किया जाता है तो स्थानीय निकाय जिला योजनाओं के लिए समस्त क्षेत्रीय/विभागीय वार्षिक आबंटनों में से अधिष्ठायी निधियों के आबंटन के योग्य होंगे।

क 5.31 विकेन्द्रीकृत योजना को प्रभावी बनाने के लिए अन्य उपाय निम्नानुसार हैं;

(i) जिला योजना को वास्तविक बनाने में जिला योजना समिति की भूमिका की वृद्धि करने के क्रम में आयोग नींव के स्तर से योजना अर्थात् निम्नतम स्तर से योजना पर जोर देता है।

(ii) प्रायोगिक योजना की अधिकतम सीमा जिलों के लिए वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में उपदर्शित होनी चाहिए।

(iii) ग्राम सभाओं को अ.जा./अ.ज.जा./बी.पी.एल. और महिलाओं के पर्याप्त प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रभावी होना चाहिए।

(iv) जिला परिषद स्तर पर जिला योजना समिति को कुशल मानव शक्ति जैसे योजनाकार, सांख्यिकी, अर्थशास्त्री, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक इत्यादि उपलब्ध करवाकर सशक्त बनाना चाहिए।

(v) प्रत्येक ग्राम पंचायत के विजन दस्तावेज की क्षेत्र के व्यवस्थित और अविरत विकास के लिए तैयार किया जाना चाहिए। पंचायत समिति को इस प्रयोजन के लिए ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी समर्थन और अपेक्षित विशेषज्ञता में वृद्धि करनी चाहिए।

(vi) निर्वाचित प्रतिनिधियों और कृत्यकारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था होनी चाहिए।

क 5.32 आयोग ने ऐसे क्षेत्र सुझाये हैं जहां सुधार प्रारम्भ किया जाना है, निम्नलिखित को वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है :–

(i) पंचायती राज संस्थाओं (पं.रा.सं.) के लिए कृत्यों, निधियों और कृत्यकारियों (3 एफ एस) के प्रगतिशील न्यागमन को सुनिश्चित करना।

(ii) पं.रा.सं. की संगठनात्मक क्षमता को बनाना और निर्वाचित प्रतिनिधियों और कार्यालय संरचना की व्यवसायिक दृष्टि को विकसित करना ताकि वे अपनी भूमिका का सक्षमता से निर्वहन कर सकें।

(iii) स्कीमों की बाहुल्यता की समरूपता के लिए पं.रा.सं. और जि.आ.स. के माध्यम से एकीकृत विकेन्द्रीकृत सहभागिता योजना को संस्थागत करना और उपयोग करना और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए बिखरे संसाधनों को जोड़ना।

(iv) वास्तविक स्वशासन के लिए पं.रा.सं. के केन्द्र में ग्राम सभा को रखना।

(v) पं.रा.सं. की दक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व में वृद्धि करने के लिए संस्थाओं, व्यवस्थाओं आदि प्रक्रियाओं को प्रकल्पित करना।

क 5.36 पंचायती राज अधिनियम पंचायत स्तर पर कृत्यकारी स्थायी समितियों के साथ–साथ सतर्कता समिति के गठन के लिए उपबन्ध करता है। ये समितियां अति सक्रिय हो सकती हैं और मॉनीटरी का कृत्यकारी उत्तरदायित्व संभाल सकती हैं।

क 5.37 सामाजिक संपरीक्षा आगे चल रहे कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग और मूल्यांकन का महत्वपूर्ण साधन है किन्तु यह व्यवस्था तदर्थ है और इसे अधिक नियमित किये जाने की आवश्यकता है।

क 5.38 पंचायती राज विभाग पं.रा.सं. के परामर्श से मुख्य कार्यों के सन्नियम/मानक अवधारित कर सकता है और इसकी मॉनिटरिंग के लिए उपयुक्त प्रक्रिया विकसित कर सकता है।

क 5.39 न.स्था.नि. छह समितियों के माध्यम से उनके कृत्यों को सम्पादित करती है। इन समितियों से भौतिक रूप से कृत्यों के निष्पादन की मॉनिटरिंग करने की अपेक्षा की जाती है किन्तु अधिकतर मामलों में ये समितियां सक्रिय प्रतीत नहीं होती। आयोग सुझाव देता है कि इन समितियों को मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय होना चाहिए।

क 5.40 मुख्य कृत्यों के स्तर की पूर्णता के स्वतन्त्र मूल्यांकन की प्रणाली लागू करने से न.स्था. नि. में सेवा प्रदाय के गुणात्मक सुधार में मदद होगी।

क 5.41 मुख्य सेवाओं की मॉनिटरिंग जनता, जिसके लिए ये सेवाएं उपलब्ध करवायी जाती हैं, को शामिल कर अन्तर्वलित करते हुए की जा रही है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 54 वार्ड समितियों के गठन का उपबंध करती है जो, इन सेवाओं की मॉनीटरिंग का उपयोगी साधनों में से एक होगा।

6.20 ग्राम पंचायतों के लिए चुंगी के प्रतिकर के कारण 31.03.2010 को 61.23 करोड़ रू का लम्बित दायित्व है। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार ग्राम पंचायतों के लिए चुंगी के बदले प्रतिकर का संदाय करना चाहिए।

6.48 विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ होने के लिए ग्राम पंचायतों के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाने के लिए एक पद्धति होनी चाहिए। इस बात को ध्यान में रखते हुए आयोग ने ग्राम पचायतों के श्रेष्ठ सम्पादन के लिए नकद पारितोषिक की स्कीम को प्रारंभ किया है।

6.57 पं.रा.सं. को उनकी अपनी आय में वृद्धि करने के लिए पंचायती राज अधिनियम के राजस्व बढ़ाने वाले उपबंधों का प्रभावी रूप से उपयोग किया जाना चाहिए।

6.58 विद्यमान फीस/प्रभारों की दरों का नियतकालीन पुनर्विलोकन करते हुए , राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में उपयोक्ता प्रभार, लाइसेंस फीस, यानों पर कर इत्यादि को बाध्यकर करना चाहिए।

6.60 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा औद्यौगिक इकाइयों पर वसूलीय शास्तियों के संग्रहण के माध्यम से राज्य सरकार को उद्योगों द्वारा पहुँचाये गये नुकसान से उबारने के लिए, कम से कम आंशिक रूप से धनराशि का उपयोग करना चाहिए और यह देखना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रही औद्यौगिक इकाई, ग्रामीण सड़कों, जो उनमें भारी औद्यौगिक सामान के परिवहन में काम आ रही हैं, की मरम्मत व रखरखाव का जिम्मा, उनकी निगम की सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन, निभा रही है या उन्हें इन सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को निधियां उपलब्ध करवानी चाहिए।

6.62 ग्राम पंचायतें, जो विकास प्राधिकरणों के क्षेत्राधिकार के अधीन आ गयी हैं, सिवायचक और चारागाह भूमि इत्यादि पर उनके अधिकार से वंचित हो गयी हैं। समानता बनाये रखने के दृष्टिकोण से आयोग सुझाव देता है कि विकास प्राधिकरणों को संग्रहण और विकास प्रभारों को काटने के पश्चात् संबंधित ग्राम पंचायतों के लिए ऐसी आस्तियों से होने वाले राजस्व का अन्तरण करना चाहिए।

6.65 राज्य सरकार को पं.रा.सं. के प्रतिनिधियों को कर, अप्रत्यक्ष कर, गैर कर को समर्थ बनाने वाले उपबन्ध और अधिनियम तथा नियमों में दी गई फीस के उद्ग्रहण से संबंधित उपबंधों के पर्याप्त जानकारी और सूचना देनी चाहिए।

6.65 राज्य सरकार को स्वच्छता और ग्रामीण सफाई और पं.रा.सं. द्वारा अन्य आवश्यक बाध्यताओं में से मूल कर्तव्यों के सम्पादन के लिए समस्त आवश्यक कदम उठाने के लिए पंचायती राज अधिनियम की धारा 73 में दी गई शक्तियों का अवलम्ब लेना चाहिए।

6.66 राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान शीर्षक के रूप में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नयी स्कीम का अधिकतम लाभ लेने के लिए राज्य सरकार को पंचायती राज विभाग में अत्यधिक सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए।

7.7 2011 की जनगणना में जयपुर और जोधपुर की जनसंख्या प्रत्येक में दस लाख से अधिक है, राज्य सरकार को इन शहरों की ''मेट्रोपेलिटन क्षेत्र'' के रूप में घोषणा करने के लिए आवश्यक अधिनियम/नियम विरचित करने चाहिए।

7.7 वर्तमान में न.स्था.नि. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 द्वारा शासित होते हैं। राज्य में नगरनिगमों के कार्य की प्रकृति अन्य नगरपालिका निकायों से पूर्णतः भिन्न है। इसलिए यह सुझाव दिया जाता है कि नगर निगमों के लिए एक अलग अधिनियम और नियम विरचित किये जा सकते हैं।

7.15 नगरीय स्थानीय निकायों के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा एक व्यवहार्य कर्मचारिवृन्द संबंधी नीति विरचित किये जाने कि आवश्यकता है। इस प्रयोजन के लिए, कार्यभार के आधार पर कर्मचारी पदसोपान पर सुझाव देने के लिए किसी व्यावसायिक निकाय को एक अध्ययन समनुदेशित किया जा सकता है।

7.17 नगरपालिक सेवाओं के अधिकारियों और अधीनस्थ पदधारियों को चयनित करने के लिए एक स्वतन्त्र सेवा चयन आयोग होना चाहिए।

7.18 न.स्था.नि. के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का पदावधि में दो बार प्रशिक्षण अर्थात् पहला प्रारम्भ में, और दूसरा मध्य में ढाई वर्ष बाद होगा।

8.13 समस्त नगरपालिक पदधारियों, निर्वाचित और नियुक्त दोनों, के लिए नियमित प्रशिक्षण आज्ञापक होना चाहिए। नगरीय शासन और विकास पर सेक्टर से संबंधित प्रशिक्षण समस्त कर्मचारियों के लिए 3 वर्षों में एक बार आज्ञापक होना चाहिए। तकनीकी कर्मचारियों को उनके कृत्यकारी क्षेत्रों में नियतकालीन प्रशिक्षण देना चाहिए।

8.14 विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ होने के लिए नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाने के लिए एक पहल होनी चाहिए। इस बात को ध्यान में रखते हुए आयोग ने नगरीय स्थानीय निकायों के श्रेष्ठ कार्यसम्पादन के लिए नकद पारितोषिक की स्कीम को प्रारंभ की है।

8.20 राज्य सरकार को 2001–02 से न.स्था.नि. को चुंगी के बदले दिये जा रहे प्रतिकर की पुनः गणना हर वर्ष इसे 10 प्रतिशत बढ़ाते हुए करनी चाहिए और जो अंतर आता है, वह राशि एकमुश्त अनुदान के रूप में हस्तांतरित करनी चाहिए। यह रकम इस प्रयोजन के लिए पहले से ही निर्मुक्त रकम को समायोजित करने के पश्चात् पुराने दायित्वों, यदि कोई हों, के निपटारे लिए उपयोग में ली जा सकती है। बकाया रकम अवसंरचना अन्तर की बैठक के लिए रा.न.वि.नि. में रखी जा सकती है।

8.21 न.स्था.नि. को संदत्त की जा रही चुंगी की प्रतिकर रकम को वर्ष 2009–10 के 831.71 करोड़ रु. के सही आधारित आंकड़ें को अंगीकृत कर भविष्य में राज्य सरकार द्वारा संगणित की जानी चाहिए।

8.21 नगरीय क्षेत्रों में व्यापार और वाणिज्य की वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार वर्ष 2013–14 से 10% से 15% तक चुंगी के प्रतिकर में वृद्धि करने के लिए विचार कर सकती हैं।

8.23 प्रत्येक नगरीय स्थानीय निकाय को

(a) फर्श, गली और सड़क के नीचे और ऊपर भूमि के संबंध में नगरीय स्थानीय निकायों के अधिकारों का प्रयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति फीस संदत्त करने के लिए दायित्व अधिरोपित करना।

(b) उनको सम्मिलित करते हुए जो वर्तमान में इसके अन्तर्गत नहीं आते हैं।, नगरीय विकास कर के आधार को विस्तृत करना।

(c) ऐसी सम्पत्तियों, जो वर्तमान में नगरीय विकास कर से छूटप्राप्त हैं, की संख्या का पुनर्विलोकन करना और ऐसी छूटों की संख्या को कम से कम कर के न्यूनतम पर लाना/सम्पत्ति का रखना संदाय करने की क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

8.24 अतिरिक्त राजस्व के संवर्धन के लिए न.स्था.नि. और राज्य सरकार द्वारा और निम्न उपाय करने की आवश्यकता है–

- विकास प्राधिकरण और न.सु.न्या. उनके क्षेत्राधिकर में की भूमि के विक्रय आगमों के 15% का न.स्था.नि. के लिए अन्तरण करते हैं जो न. स्था.नि. द्वारा उपलब्ध करवायी गई सेवाओं के रखरखाव की लागत से तुलना करें तो काफी कम है। उसको दृष्टि में रखते हुए आयोग सुझाव देता है कि इसे बढ़ाकर अब 20% तक वृद्धि की जाये।

- राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 102 के अधीन बाध्यकारी कर उदग्रहीत और संगृहीत किए जाने चाहिए।

- राज्य सरकार द्वारा नगरीय विकास कर को सरल किया जाना चाहिए और इसके क्रियान्वयन क्षेत्र के आधार पर लागू किया जाना चाहिए ताकि करदाता उसकी गणना स्वयं करने में सक्षम हो सके और उसका समय पर संदाय कर सके।

- नगरीय विकास कर नगरपालिक क्षेत्रों में स्थित समस्त भूमि और भवनों पर लागू होना चाहिए। केवल बी.पी.एल. परिवारों को इस कर के संदाय से छूट की जाये और किसी अन्य छूट की अनुमति नहीं दी जाये।

- करों/शुल्कों/फीस के संदाय में व्यतिक्रमियों की विद्युत और जलापूर्ति को रोकने के लिए न.स्था.नि. को प्राधिकृत किया जा सकेगा।

- व्यतिक्रमियों को माफी नहीं दी जानी चाहिए। इस प्रकार की माफी योजनाएं सद्भावी करदाताओं को हतोत्साहित करती हैं।

- होर्डिंगस/बोर्ड/नियोन चिन्ह् आदि के लिए स्थान का आवंटन केवल खुली नीलामी द्वारा किया जाए।

- समस्त होटलों, रेस्टोरेन्टों, सार्वजनिक विद्यालयों, निजी अस्पतालों नर्सिंग होम, मनोरंजन क्लब, विवाह गार्डन और शॉपिंग कॉम्पलैक्सों से स्वच्छता कर के नाम से एक नया कर उद्ग्रहीत किया जा सकता है।

- मनोरंजन कर की समाप्ति के पश्चात् सिनेमा हॉल वाले स्थानीय निकायों को कोई कर संदत्त नहीं कर रहे हैं। प्रति शो (प्रदर्शन) स्वच्छता कर के नाम से नया कर सिनेमा हॉलों/मल्टिप्लैक्सों से उद्गृहीत किया जा सकेगा।

- नगरीय क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल प्रतिदिन बढ़ रहे हैं जो भीड़ भाड़ और वायु प्रदूषण उत्पन्न कर रहे हैं। नगरपालिक क्षेत्रों में चलने वाले वाहनों पर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम की धारा 103 के अधीन कर उद्ग्रहीत किया जाए।

अन्य सुझाव

- सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ करना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में न.स्था.नि. में अधिक खर्चीला मद है। इस कार्य में मशीनों का उपयोग होना चाहिए और घर–घर से अपशिष्ट संग्रहण की प्रणाली प्रारंभ की जा सकती है।

- वित्तीय अवसंरचना के लिए न.स्था.नि. को साख–रेटिंग की जिम्मेदारी लेने और वित्त पोषण अवसंरचना के लिए बोण्ड बाजार तक पहुंच बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

- जे.एन.एन.यू.आर.एम. जैस कार्यक्रमों के अधीन परियोजना ऋण मंजूर करते समय नगरीय विकास मंत्रालय, भारत सरकार, आवास कर और उपभोक्ता प्रभारों को उद्ग्रहीत करने की शर्त अधिरोपित करता है। न.स्था.नि. द्वारा निधियों की मंजूरी के लिए राजस्व बढ़ाने पर बल देकर आयोग इस शर्त का समर्थन करता है

10.3 नगरीय स्थानीय निकायों को अपने स्वयं के संसाधन बढ़ाने को सुकर बनाने के लिए, आयोग ने राजस्थान के नगरीय स्थानीय निकायों की राजस्व क्षमता के मूल्यांकन का अध्ययन करने का कार्य इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेन्ट स्टडीज (आई.डी.एस.), जयपुर को सौंपा। ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रस्तुत होने के पश्चात्, आयोग ने यह संप्रेक्षित किया कि संस्थान को प्रत्येक स्थानीय निकाय की राजस्व क्षमता के मूल्यांकन का पुनः परीक्षण किये जाने की आवश्यकता है। संस्थान ने यह कार्य प्रारंभ कर दिया है और इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक इसको अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जब आई डी एस द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी तब इसके निष्कर्षों को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। आयोग यह आशा करता है कि स्थानीय स्वशासन विभाग आई.डी.एस. रिपोर्ट में की गई सिफारिशों का परीक्षण करेगा और रिपोर्ट में पहचान की गई राजस्व क्षमता का दोहन करके अपने संसाधनों को बढ़ाने के लिए न.स्था.नि. को प्रेरित करेगा।

11.00 आयोग यह आशा करता है कि अध्याय में रिपोर्ट में बतायी गयी अच्छी पद्धतियाँ स्थानीय निकायों के बेहतर प्रदर्शन के लिए अर्न्तदृष्टि उपलब्ध करवाएंगी।

12.4 स्थानीय निकायों के डाटाबेस में सुधार की दृष्टि से निम्नलिखित कदम उठाये जाने की आवश्यकता हैः–

- राज्य सरकार को, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के वित्त को नियमित रूप से संगृहीत, समेलित, प्रबंधित और मॉनिटरिंग करने के लिए एक व्यापक पद्धति विकसित करनी चाहिए।

- कैग द्वारा डिज़ाइन किए गए फोरमेट में पं.रा.सं. के आंकड़ों का संकलन समयबद्ध तरीके से करना चाहिए।

- पंचायती राज विभाग और स्थानीय स्वशासन विभाग में अलग से प्रकोष्ठ बनाए जाने चाहिए जहां आधारभूत आंकड़ों का संचय निमित रूप से किया जा सके।

- पं.रा.सं. और न.स्था.नि. में डाटाबैंक बनाने के लिए और इसका प्रबंध करने के लिए केन्द्रीय अभिकरण नोडल एजेन्सी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा। अतः पंचायतों और न.स्था.नि. के सभी स्तरों पर सांख्यिकीय और अन्य विनिर्दिष्ट सूचनाओं के संग्रहण, वर्गीकरण, सारणीकरण, प्रबंधन और मॉनिटरी का समनुदेशन विनिर्दिष्ट रूप से निदेशक, पंचायती राज विभाग और निदेशक, स्थानीय स्वशासन विभाग को समनुदेशित किया गया है।

- निदेशक, पंचायती राज विभाग और निदेशक, स्वशासन विभाग को आवश्यक जनशक्ति, उपस्कर और यदि आवश्यक हो तो, निधियाँ केन्द्रीय वित्त आयोग के अनुदान के कुछ भाग को इस प्रयोजन के लिए चिन्हित किया जा सकता है। आयोग द्वारा सिफारिश किए गए निर्बन्ध अनुदानों के भाग का भी इस प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकता है।

12.14 न.स्था.नि. के सभी कार्यकारी क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से ई–गर्वनेन्स को तुरन्त प्रारम्भ किया जाना समय की महती आवश्यकता है। इस संबंध में राज्य सरकार को पदधारियों के प्रशिक्षण को सम्मिलित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

12.33 स्थानीय निकायों के कार्यकरण में सुधार को सुनिश्चित करने की दृष्टि से निम्न कार्रवाई करने की आवश्यकता है :

(i) इन संस्थानों के लिए उपयुक्त प्रक्रियाएं और पद्धतियाँ अधिकथित की जानी चाहिएं। यद्यपि इस प्रकार की प्रक्रियाएं किसी न किसी रूप में पहले से ही अस्तित्व में हो सकती हैं, तब भी जहां आवश्यक हो उनको सशक्त और अनुकूल किये जाने की आवश्यकता है। वित्त विभाग संबंधित विभाग विद्यमान प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियमों का उनमें सुधार लाने और उन्हें व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से शीघ्र परीक्षण कर सकते हैं।

(ii) जैसाकि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम ,1994 और तद्धीन बनाए गए नियमों और नगरपालिका अधिनियम 2009 या अन्य किन्हीं सुसंगत उपबंधों के अधीन आवश्यक हो, प्रत्येक स्थानीय निकाय का वार्षिक बजट उनके सक्षम निकायों द्वारा तैयार और अनुमोदित किया जाएगा। बजट तैयार नहीं करने पर पंचायतों की प्रायः गंभीर आलोचना होती है। स्थानीय निकायों द्वारा बजट को सार्वजनिक तौर पर भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

(iii) निकायों की कार्यप्रणाली के सघन मॉनिटरिंग और पर्यवेक्षण की आवश्यकता है। यह मामूली प्रबंधकीय अपेक्षा विधियों, प्रक्रियाओं और प्रबुद्ध आचार–व्यवहार के प्रति लगाव सुनिश्चित करती हैं। इससे प्रदर्शन भी बेहतर होगा।

(iv) अधिक उत्तरदायित्व और पारदर्शिता के लिए, राज्य सरकार को सभी पं.रा.सं. और न.स्था.नि. को राज्य से और प्रमुखता से केन्द्रीय सरकारों से न्यागमित निधियों और अनुदानों को प्रदर्शित करने के लिए एक निर्देश जारी करना चाहिए और आगे इन निधियों के उपयोग का कार्यानुसार ब्यौरा प्रदर्शित करना चाहिए।

(v) राज्य सरकार को एक लेखाकर या कम–से–कम एक लेखा–क्लर्क प्रत्येक पं.रा.सं. और छोटी–छोटी न.स्था.नि. को उपलब्ध करवाना चाहिए। यह आवश्यक है क्योंकि स्थानीय निकाय बड़ी संख्या में कार्यों और योजनाओं का निष्पादन कर रहे है।

(vi) ग्राम पंचायतों और ग्रामसभाओं को पंचायती राज अधिनियम और नियमों के अधीन दिए गये सभी विषयों पर विचार–विमर्श और उनके अनुमोदन के लिए नियमित बैठकें होनी चाहिए।

(vii) प्रत्येक पंचायत के पास भले ही स्वयं का भवन न हो किंतु उसका कार्यालय नामनिर्दिष्ट स्थान पर होना चाहिए। पंचायतों का कार्य इसी नामनिर्दिष्ट कार्यालय में होना चहिए न कि किसी अन्य स्थान पर। पंचायतों का रिकॉर्ड भी इसी निर्दिष्ट कार्यालय में उपलब्ध होना चाहिए।

अध्याय –1

प्रस्तावना

गठन और निर्देश–निबंधन

1.1 भारत के संविधान के अनुच्छेद 243–झ और 243–म, राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसरण में महामहिम राज्यपाल, राजस्थान ने अप्रैल 2011 में डॉ. बुलाकी दास कल्ला की अध्यक्षता में चतुर्थ वित्त आयोग का गठन किया है। आयोग के तीन अन्य सदस्य हैं :–

1. श्री राजपाल सिंह शेखावत	सदस्य
2. श्री जे.पी. चन्देलिया	सदस्य
3. डॉ. पी.एल. अग्रवाल	सदस्य–सचिव

मूल रूप से आयोग की अवधि 31 दिसम्बर, 2011 तक थी जिसमें समय–समय पर वृद्धि हुई और अंतिम वृद्धि का अवसान 30.09.2013 को हुआ।

1.2 इस आयोग के निर्देश–निबंधन निम्नलिखित हैं :–
आयोग, सभी स्तरों पर पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा और निम्नलिखित के बारे में सिफारिश करेगा :

(क) उन सिद्धान्तों के बारे में –

(i) राज्य द्वारा उद्गृहीत करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के ऐसे शुद्ध आगमों के राज्य और सभी स्तरों पर पंचायतों के बीच, जो संविधान के भाग 9 के अधीन उनमें विभाजित किए जाएं, वितरण को और सभी स्तरों पर पंचायतों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग के आबंटन को ;

(ii) ऐसे करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के अवधारण को, निश्चित करते हैं, जो सभी स्तरों पर पंचायतों को समनुदिष्ट की जा सकेंगी या उनके द्वारा विनियोजित की जा सकेंगी ; और

(iii) राज्य की संचित निधि में से सभी स्तरों पर पंचायतों के लिए सहायता अनुदान को विनियमित करते हैं।

(ख) पंचायतों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक अध्युपाय।

1.3 आयोग सभी स्तरों पर नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा और निम्नलिखित के बारे में सिफारिशें करेगा ;

(क) उन सिद्धान्तों के बारे में :–

(i) राज्य द्वारा उद्गृहीत करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के शुद्ध आगमों के राज्य और सभी स्तरों पर पंचायतों के बीच, जो संविधान के भाग 9 के अधीन उनमें विभाजित किये जायें, वितरण को और सभी स्तरों पर पंचायतों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग के आबंटन को;

(ii) ऐसे करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के अवधारण को, जो सभी स्तरों पर पंचायतों को समनुदिष्ट की जा सकेंगी या उनके द्वारा विनियोजित की जा सकेंगी ; और

(iii) राज्य की संचित निधि में से नगरपालिकाओं के लिए सहायता अनुदान, को विनियमित करते हैं।

(ख) नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक अध्युपाय।

1.4 अपनी सिफारिशें करने में, आयोग अन्य बातों के साथ निम्नलिखित पर विचार करेगा :

(i) गैर–योजना घाटे तथा अधिशेष, और विशेष रूप से राज्य के सम्पूर्ण विकास के लिए योजना व्यय हेतु निधि उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की आवयश्कता को ध्यान में रखते हुए राज्य के वित्तीय संसाधन और उनकी मांग ;

(ii) सभी स्तरों पर पंचायतों और सभी स्तरों पर नगरपालिकाओं को समनुदिष्ट कृत्यों और दायित्वों के उचित निर्वहन के लिए उनकी व्यय आवश्यकताएं ;

(iii) तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अधीन सभी स्तरों पर नगरपालिकाओं और पंचायती राज संस्थाओं को उपलब्ध अनुदानों का उनके संसाधनों में समायोजन ;

(iv) सभी स्तरों पर पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिकाओं को, करों के उद्ग्रहण की शक्तियों सहित अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए उपलब्ध शक्तियाँ।

आयोग के गठन से संबंधित अधिसूचना सं. एफ 4(1) एफ डी/एफ सी एण्ड ई ए डी/रा.वि.आ./2009 दिनांक 13.04.2011 की प्रति, उपाबंध – ठ.1 पर उपलब्ध हैं।

1.5 आयोग से एक अंतरिम रिपोर्ट मांगी गयी थी जिससे कि राज्य सरकार को स्थानीय निकायों को निधियाँ सौंपने के लिए समर्थ बनाया जा सके जो कि वर्ष 2010–11 में लोक निक्षेप खाते में रखी गयी थी और जिसका उपयोग राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अभाव में अवरोधित कर दिया गया था। आयोग ने, तद्नुसार वर्ष 2010–11 के लिए अंतरिम रिपोर्ट महामहिम, राज्यपाल, राजस्थान को 13 जुलाई, 2011 को प्रस्तुत की। आयोग की अंतरिम रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा स्वीकार की गयी और ए टी आर के साथ 26 अगस्त, 2011 को राजस्थान विधानसभा के पटल पर रखी गयी। अंतरिम रिपोर्ट की प्रति ए टी आर के साथ परिशिष्ट 1.2 में दी गयी है। अगस्त 2012 में, आयोग से वर्ष 2012–13 के लिए स्थानीय निकायों को निधियाँ सौंपने के लिए अंतरिम सिफारिशें करने के लिए कहा गया। तद्नुसार द्वितीय अंतरिम रिपोर्ट महामहिम, राज्यपाल, राजस्थान को 27.09.2012 को प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा स्वीकार की गयी और ए टी आर के साथ राजस्थान विधानसभा के समक्ष 11.10. 2012 को रखी गयी। अंतरिम रिपोर्ट की प्रति, ए टी आर परिशिष्ट–1.2 में दी गयी है।

क. सूचना का संग्रहण

1.6 आयोग ने गठन के पश्चात् तत्काल अपनी आरंभिक बैठकों में कार्य–पद्धति के विषयों पर विचार–विमर्श किया। इस पर सहमति बनी कि आंकड़ें और सूचना जिला परिषदों से प्राप्त की जाए जो कि वर्ष 2005–06 से 2009–10 तक की अवधि के लिए अपने क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी पंचायती राज संस्थाओं और प्रत्येक नगरीय स्थानीय निकायों से अपेक्षित मदवार आय और व्यय आंकड़ें संकलित करेंगी। सुसंगत विषयों के संबंध में प्रतिपुष्टि (फीडबेक) प्राप्त करने के लिए, प्रति व्यक्ति मदवार सांख्यिकीय आंकड़ें और प्रश्नावलियों के संकलन के लिए पंचायती राज और स्थानीय स्वशासन विभागों के साथ परामर्श करके रूपविधान डिजाइन किया गया है। प्रश्नावलियां/रूपविधान सभी कार्यकारी अधिकारियों और न.स्था.नि. के अध्यक्षों तथा जिला परिषदों के मुख्य अधिशासी अधिकारियों को भेज दिए

गए थे और आयोग द्वारा उनसे सहायता का निवेदन किया गया था। सचिव, स्थानीय निकाय, राजस्थान और सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग से आवश्यक निर्देश जारी करने का निवेदन किया गया। तथापि, हमें खेद है कि आंकड़ें उपलब्ध नहीं हो पाए। निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा ने स्वीकार किया कि उनके कार्यालय में किसी भी आंकड़ें का संकलन नहीं है। पंचायती राज विभाग के आयुक्त और सचिव ने भी यही राय अभिव्यक्त की। पिछले सभी तीन आयोगों ने आंकड़ों की अप्राप्यता और अपर्याप्तता के संबंध में सशक्त विचार अभिव्यक्त किए हैं। अतः हम एक राज्य स्तरीय नोडल अभिकरण को बनाने की आवश्यकता को दोहराते हैं जो न केवल नियमित रूप से आंकड़ों का संग्रहण और संकलन करे बल्कि स्थानीय निकायों की गतिविधियों को मॉनीटर करे जिससे कि समय पर जहाँ और जैसे भी आवश्यकता हो, कार्रवाई की जा सके।

1.7 जिला स्तर पर आंकड़े प्राप्त करने के सतत् प्रयासों के बावजूद आयोग अधिक प्रगति करने में सक्षम नहीं हो पाया। जिला प्रमुखों, प्रधानों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को संबोधित अर्द्धशासकीय पत्रों ने भी आयोग के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न नहीं किए। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकें भी की गयीं किन्तु इन प्रयासों की भी वही दशा हुई। इन कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि सभी पं.रा.सं. तक सीधी पहुंच बनाई जाए।

1.8 सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ऑन–लाइन आंकड़ों के संग्रहण के लिए एक समर्पित और यूजर–फ्रेन्डली सॉफ्टवेयर का विकास किया गया है। प्रत्येक स्थानीय सरकार को एक विशिष्ट उपभोक्ता पहचान दी गयी। सू.प्रौ. विभाग ने कठिनाईयों को हल करने के लिए उपभोक्ताओं को सॉफ्टवेयर की सहायता उपलब्ध करवाई है। अधिकतर स्थानीय निकायों ने इस पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई है। तथापि, स्थानीय स्तर पर लेखाओं के उचित संधारण के अभाव में विश्वसनीय और पूर्ण आंकड़े अब भी उपलब्ध नहीं हो पाए। ऑन–लाइन आंकड़ों के संग्रहण का मुख्य उद्देश्य भविष्य के कार्य के लिए डाटा बेस तैयार करने की दिशा में एक शुरूआत थी। यह आयोग के निर्देश–निर्बन्धन के आदेशाधीन है। हो सकता है कि हम अपने प्रयासों में, पूर्ण सफल न हो पाए हों किन्तु एक शुरूआत कर दी गयी है।

1.9 इन सभी प्रयासों द्वारा, हम समस्त 33 जिला परिषदों (जि.प.), 248 पंचायत समितियों (पं.स.) और 9177 ग्राम पंचायतों (ग्रा.पं.) में से 9170 ग्राम पंचायतों के आंकड़ों का संकलन करने में सक्षम हो पाए। सात ग्राम पंचायतें अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं करवा पायीं क्योंकि उनके अभिलेख पुलिस द्वारा आपराधिक मामलों के अन्वेषण के लिए अभिग्रहीत कर लिए गए थे। समस्त 184 न.स्था.नि. के आंकड़े, आय और व्यय शीर्षों में बहुत से गलत वर्गीकरण के साथ प्राप्त हुए हैं। इसको विश्लेषण के लिए अपने ही स्तर पर संशोधित और पुनः वर्गीकृत किया जाना था।

1.10 आयोग इस बात के लिए चिंतित है कि प्रथम और द्वितीय राज्य वित्त आयोगों द्वारा स्पष्टतः सिफारिशें करने और तृतीय वित्त आयोग द्वारा समर्थित करने के बावजूद सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए नोडल एजेंसी नहीं बनाया गया है। सरकार को आंकड़ों के संग्रहण और उपलब्धता की समस्या के लिए गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। प्रारंभिक तौर पर लिखित में यह आदेश, पंचायती राज विभाग को, ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के विषय में आंकड़ों के संग्रहण, संकलन, समेकन के लिए उत्तरदायी बनाता है और निदेशक, न.स्था.नि, स्थानीय निकाय, आयोग द्वारा रिपोर्ट को तैयार करने और प्रस्तुतीकरण में होने वाली देर को कम करेगें। इससे पहले कि आयोग विषयों पर कार्य प्रारंभ करे समय, स्टाफ और सारभूत आंकड़ों को प्राप्त करने की प्रारंभिक स्थिति में ही काफी समय खो चुका है। प्रायः आयोग द्वारा प्राप्त आंकडे अधिप्रमाणित या सत्यापित नहीं होते। अपेक्षित निर्देश उपलब्ध नहीं करवाए जाते और सम्पूर्ण विश्लेषण के समय विभिन्न असंगतियां परिलक्षित होती हैं। आंकड़ों के संग्रहण और संकलन में सुधार और लेखाओं के रख–रखाव के लिए हमारे सुझाव, इस रिपार्ट के आगे एक पृथक् अध्याय में दिए गए हैं।

ख. विशेषज्ञों और जनता द्वारा सुझाव

1.11 आयोग द्वारा स्थानीय निकायों की वित्तीय अवस्था एवं उनकी सेवा परिदान में सुधार के लिए लोकसूचना द्वारा टी ओ आर विषयों पर प्रबुद्धजन, संगमों और अन्य निकायों से सुझाव आमंत्रित किए गए। हमें संगमों से और व्यष्टियों से कई सुझाव प्राप्त हुए। इनका परीक्षण किया गया और हमारी सिफारिशों में इनको उपयुक्त स्थान पर सम्मिलित किया गया। सम्पूर्ण मंत्रिमंडल और राज्य मंत्री, समस्त विधायकों और सांसदों, समस्त संभागीय आयुक्तों और जिला कलक्टरों और ऐसे गैर–सरकारी संगठनों (एन जी ओ) जो नगरीय विकास और पंचायती राज के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, से विशेष रूप से अपने विचार रखने के लिए कहा गया।

1.12 ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की शासकीय रिपोर्ट, स्थानीय स्वशासन विभाग और राजस्थान सरकार की स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग, जनगणना 2011, बजट दस्तावेज, बजट अध्ययन, बजट – एक दृष्टि में, इकोनॉमिक रिव्यू और अनुसंधान संस्थाओं जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डवलपमेंट (एन आई आर डी), हैदराबाद, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अरबन अफेयर्स, नई दिल्ली, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाईनान्स एण्ड पॉलिसी, नई दिल्ली, इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्सेज, नई दिल्ली, ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट, मुम्बई द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट और पत्र तथा कुछ अन्य संबंधित पत्रिकाओं के लेख हमारे अनुसंधान स्टाफ द्वारा अध्ययन किए गए और आयोग ने प्रस्तुत किए। हमारे कार्य के दौरान शैक्षणिक विशेषज्ञों और संकाय सदस्यों से भी परामर्श किया गया।

1.13 11वें, 12वें और 13वें केन्द्रीय वित्त आयोगों द्वारा इस विषय में की गयी सिफारिशों में पं.रा.सं. और न.स्था.नि. की आवश्यकताओं से संबंधित कुछ उपयोगी प्रेक्षण किए गए थे और इन संस्थाओं को अनुदान की सिफारिश भी की थी। हमने इस रिपोर्ट में उनका भी उपयोग किया है।

1.14 आयोग ने अपनी वेबसाइट www.sfc.rajasthan.gov.in विकसित की है। इसका प्रारंभ माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान ने 31 अक्टूबर, 2011 को किया। अब आयोग इस स्थिति में है कि पं.रा.सं. , न.स्था.नि., सामान्य जन/नागरिकों, संगमों, एन जी ओ, विषयवस्तु विशेषज्ञों, विद्वानों और विशेषज्ञों से इस वेबसाइट के द्वारा फीडबेक पा सकें। इसमें इसके ऑनलाइन निर्देश–निबंधनों पर फीडबेक भी सम्मिलित है।

1.15 राज्य, संभाग/जिला स्तर पर स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के साथ संपर्क हेतु अपने–अपने स्तर पर बैठकें की गयीं। स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से विशेष रूप से उनकी वित्तीय स्थिति, स्टाफिंग पैटर्न, निधि प्राथमिकताएँ, निधियों के उपयोग और मुख्य कृत्यों के संपादन के विषय में परामर्श किया गया। ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषदों, जिला– योजना समितियों के सदस्यों और जिला परिषदों और नगरपालिकाओं के सदस्यों के लिए अलग से बैठकें की गयी। इन बैठकों ने स्थानीय निकायों की समस्याओं और कार्यों के लिए उपयोगी अन्तर्दृष्टि उपलब्ध करवाई है। स्थानीय निकायों से, उनके द्वारा प्रस्तावित सर्वोत्तम पद्धतियों की पहचान करने के लिए भी कहा गया। आयोग के 7 संभागीय मुख्यालयों और 15 जिलों के निरीक्षण के दौरान कुल 15 बैठकें की गयीं। इन संपर्क–बैठकों में कुल 960 निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। उपाबंध ठ–2 में निरीक्षण किए गए संभागों/जिलों और की गयी क्षेत्रीय बैठकों की सूची दर्शित की गयी है।

1.16 महापौरों और जिला प्रमुखों के साथ पृथक्तः चर्चाएँ की गयीं जिससे जमीनी–हकीकत को गहराई से जाना जा सके। ये चर्चाएँ उनसे प्राप्त लिखित प्रतिक्रियाओं पर आधारित थीं। पांच विभागों जैसे प्राथमिक शिक्षा, कृषि, चिकित्सा और स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण और महिला एवं बाल विकास के राज्य उच्च अधिकारियों (अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव) के साथ, पृथक्तः सभी विभागों के साथ परामर्श किया गया।

ग. संबंधित राजकीय विभागों द्वारा ज्ञापन

1.17 वित्त विभाग ने राज्य वित्त पर प्रस्थिती पत्र प्रस्तुत किया। इससे आयोग, विश्लेषण करने में और रिपोर्ट में राज्य वित्त का अध्याय सम्मिलित करने में समर्थ हो पाया। अधिकारियों के साथ हमारे कार्यों से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गयी। पंचायती राज विभाग और स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा

अपने बोध के अनुसार आवश्यकताओं के सुझावों के साथ ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। हमारे द्वारा सिफारिशें करते समय वित्त विभाग द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर सम्यक् रूप से विचार किया गया है।

घ. परामर्श और राजस्थान से बाहर के दौरे

1.18 आयोग ने विषय–वस्तु विशेषज्ञ, अनुभवी अधिकारी और ऐसे गैर–अधिकारी व्यक्ति जो अपने विषय में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं, को आमंत्रित किया (उपाबंध ठ–3)। बड़ी संख्या में ऐसे अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया जिन्होंने अपनी शासकीय पदस्थापन के दौरान स्थानीय निकायों के साथ काम किया हो (उपाबंध ठ–4)। ऐसी चर्चाएँ हमारे कार्य में विशिष्ट रूप से सहायक रहीं। कुछ ऐसे एन जी ओ को जिन्हें मूल रूप से कार्य करने का अनुभव था, विषय पर उनके विचार प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया (उपाबंध ठ–5)। आयोग ने आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों का निरीक्षण किया जहाँ पं.रा.सं., न.स्था.नि. की वित्तीय स्थिति को सशक्त करने के लिए उदाहरणात्मक कार्य किया गया। मुम्बई, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई और इन्दौर के नगर निगमों का भी दौरा किया गया ताकि उनके द्वारा अपनाई गयी वित्तीय प्रबंधन पद्धतियों का अध्ययन किया जा सके। रा.वि.आ., महाराष्ट्र के अध्यक्ष और उनका दल, रा.वि.आ. छत्तीसगढ़ और उनका दल राजस्थान आया ताकि विचारों का आदान–प्रदान किया जा सके। और राजस्थान के स्थानीय निकायों के वित्त और प्रबंधन की जमीनी वास्तविकताओं का फीडबैक प्राप्त किया जा सके।

1.19 सदस्य सचिव ने इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस, नई दिल्ली का निरीक्षण किया और अध्यक्ष तथा उसके संकाय सदस्यों के साथ विचार–विमर्श किया। केरल के चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो.एम.ए. ऊमैन को भी संस्था में केरल के स्थानीय निकायों की कार्यशैली, प्रबंधन और वित्तीय स्थिति पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था और उन्होंने राजस्थान में स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने पर सुझाव दिए।

1.20 सदस्य सचिव ने ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट, मुम्बई का भी निरीक्षण किया और नगरीय स्थानीय निकायों के मुख्य कार्यों के मानकों पर चर्चा की और राजस्थान की न.स्था. नि. की राजस्व क्षमताओं का निर्धारण करने के लिए अध्ययन का संचालन करने की संभावनाओं की खोज की।

1.21 संयुक्त सचिव और संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी) के एक दल ने अजमेर, पाली और टोंक जिलों का निरीक्षण किया तथा पं.रा.सं. को पांच विषयों के स्थानांतरण की स्थिति और पं.रा.सं. द्वारा इन स्थानांतरित विभागों के कार्यों का संपादन करने के लिए उनके द्वारा अपनाई गयी प्रक्रिया पर चर्चा की।

ड. कार्यशालाएँ और सम्मेलन

1.22 माननीय अध्यक्ष पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने जून, 2011 में पंचायत वित्त और स्थानीय निकाय वित्त और राज्य वित्त आयोगों पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में मुख्य सचिवों, वित्त और मुख्य सचिव /सचिव पंचायती राज के अतिरिक्त अध्यक्ष और समस्त रा.वि.आ. के सदस्य सचिव उपस्थित रहे। कार्यशाला में लिए गए रा.वि.आ. से संबंधित सभी निर्णयों को रा.वि.आ., राजस्थान द्वारा कार्यान्वित किया गया।

1.23 पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जिससे यह परीक्षण किया जा सके कि किस प्रकार लोक कल्याण एवं सेवाओं के दक्ष वितरण के लिए पंचायतों को ऊपर उठाया जा सकता है और उसके आधार पर संसद सदस्य और पूर्व पंचायती राज केन्द्रीय मंत्री श्री मणि शंकर अय्यर की अध्यक्षता में सिफारिशें की जाएँ। समिति में संबंधित विषयों पर चर्चा के लिए हमारे आयोग के अध्यक्ष विशेष रूप से आमंत्रित थे।

1.24 पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में एक कृतिक बल (टास्क फोर्स) का गठन किया गया है ताकि राज्य वित्त आयोग (रा.वि.आ.) की वर्तमान स्थिति का अध्ययन किया जा सके और उन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243–ठ (1) के अधीन परिकल्पित कार्यों को संपादित करने में सशक्त और सक्षम बनाने के लिए सिफारिशें की जा सकें। 18.09.2012 को हुई कृतिक बल (टास्क फोर्स) की बैठक में आयोग के सदस्य सचिव उपस्थित रहे और इस विषय पर सुझाव दिए। इसके पश्चात् कुछ अन्य सुझाव संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय को डी.ओ. पत्र दिनांक 07.02.2013 द्वारा भेजे गए। कृतिक बल (टास्क फोर्स) की सिफारिशों को अंतिम रूप देने के लिए एक अन्य बैठक 12.04.2013 को दिल्ली में हुई, इसमें भी आयोग के सदस्य सचिव उपस्थित रहे। हम आशा करते हैं कि आयोग के सुझावों को कृतिक बल की सिफारिशों में स्थान मिलेगा।

1.25 पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने 14वें राष्ट्रीय वित्त आयोग को ज्ञापन का प्रारूप प्रस्तुत करने के लिए विशेषज्ञों के 4 समूह बनाए। हमारे सदस्य–सचिव भी विशेषज्ञ समूहों में से एक में नामनिर्देशित हुए और इस उद्देश्य से उन्होंने 16–17 मई, 2013 को हैदराबाद में और 7 जून, 2013 को भुवनेश्वर में आयोजित बैठकों में भाग लिया और प्रारूप ज्ञापन के प्रारूप में समाविष्ट करने के लिए शासन में सुधार (स्वास्थ्य, शिक्षा, डब्ल्यू सी डी, वन अधिकार/प्रबंधन सम्मिलित) के संदर्भ में पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए जानकारी उपलब्ध करवायी और अभिकरण कृत्य (एम जी एन आर ई जी एस, बी आर जी एफ, डी डब्ल्यू एस, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन), रा.वि.आ. को सशक्त करने

की आवश्यकता तथा पंचायतों की निर्बन्ध निधियों के बांधने की समस्या को दूर करने के लिए सिफारिशें की।

1.26 योजना आयोग, भारत सरकार सं.रा.वि.का. (यू एन डी पी) के अभिसरण कार्यक्रम के अधीन विकेन्द्रीकृत योजना पर दिल्ली में 6–7 दिसम्बर, 2012 को एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोग के सदस्य सचिव ने 'राजस्थान में विकेन्द्रीकरण एवं न्यागमनः नीतियां, पद्धतियां और शिक्षा' पर प्रस्तुतीकरण दिया।

1.27 19–20 जुलाई, 2012 को उदयपुर में स्थानीय सरकारों के लिए अतिरिक्त स्रोतों को किस प्रकार संघटित किया जाए, विषय पर विचारों को साझा करने के लिए सं.रा.वि.का. (यू एन डी पी) द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सदस्य सचिव और संयुक्त सचिव ने भाग लिया और इस विषय पर प्रतिभागियों को विचार बिंदु उपलब्ध करवाए।

1.28 इसी तरह अन्य ग्राम पंचायतों में आयोग द्वारा जन प्रतिनिधियों और सामान्य जन को जागरूक बनाने के लिए प्रयास किए गए ताकि वे स्थानीय शासन द्वारा स्वायत्तता प्राप्त करने के लिए अपना राजस्व बढ़ाने के महत्व को समझ सकें।

1.29 राज्य योजना बोर्ड ने हमारे आदेशानुसार विकेन्द्रीकृत योजना और न्यागमन पर कार्यशाला आयोजित की ताकि विषयों के स्थानांतरण पर जनप्रतिनिधियों और पंचायती राज संस्थाओं में सेवारत अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया जा सके। यह कार्यशाला सरकार और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारों को मंच उपलब्ध करवाती है जिससे कि विषयों के हस्तांतरण को लागू करते समय सामान्यतः नजर आने वाले सहजदृश्य अंतरालों को भरा जा सके।

आयोग के समक्ष विषय

1.30 अनुच्छेद 243–ठ और 243 म में रा.वि.आ. के उत्तरदायित्व अधिकथित किये गए हैं। इन अनुच्छेदों का गहराई से निर्वचन यह दर्शित करता हैं कि रा.वि.आ. अपने कार्यों का संपादन, अनुच्छेद 243 छ, 243 ज, 243 ञ, 243 यघ और 243 यड. से स्वतंत्र रह कर नहीं कर सकता। इस दृष्टिकोण से आयोग के समक्ष विषयों का विवरण निम्न प्रकार है :

(i) प्रकार्यात्मक उत्तरदायित्व, जिसमें आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय सम्मिलित हैं, के अनुसार स्थानीय निकायों के वित्त का पुनर्विलोकन।

(ii) एक तरफ राज्य के प्रकार्यात्मक अधिकार क्षेत्र और दूसरी तरफ पं.रा.सं. और नगरीय स्थानीय निकायों को ध्यान में रखते हुए विभाज्य पूल के आकार का निर्धारण करना;

(iii) एक ओर कर समनुदेशन, दूसरी और प्रकार्यात्मक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए व्यापक आधार पर विभिन्न स्तरों पर ऊर्ध्वाधर अंतरालों का मूल्यांकन करना ;

(iv) पंचायतों और न.स्था.नि. की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए सुझाव देना जिसमें राजस्व साझा और सहायता अनुदान सम्मिलित हैं ;

(v) न्यायोचित और दक्षतापूर्ण आधार पर पं.रा.सं. और न.स्था.नि. में पारस्परिक अंशो का वितरण करने की पद्धति को डिजाइन करना ; और

(vi) सुझाए गए उपायों में निहित सिद्धान्तों को व्यक्त करना।

1.31 उपर्युक्त तर्ज पर, आयोग ने रिपोर्ट में मुख्यतः निम्नलिखित मुद्दों को पेश किया है :–

(i) स्थानीय निकायों को केन्द्रीय या राज्य सरकारों की तरह सरकार का स्वतंत्र संवैधानिक दर्जा दिया गया है। तथापि, उनका वित्त उनके कार्यों के प्रभावी संपादन के लिए पूर्णतः अपर्याप्त हैं। वह निधियों के साथ ही कार्मिकों और अधिकारियों के लिए मुख्य रूप से राज्य सरकार पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, स्थानीय निकाय, सामान्यतः राजस्व उत्पन्न करने के अपने स्रोतों से विमुख रहते हैं चाहें वे ऐसा करने के लिए प्रवृत विधि द्वारा सशक्त हों। निर्वाचित निकाय होने के कारण और अपने निर्वाचकों से सामीप्यता होने के परिणामस्वरूप नए करों और उद्ग्रहणों को प्रस्तावित करने में उनकी रूचि कम रहती है। इसके परिणामस्वरूप, राज्य से अनुदान या विशेष योजनाओं के लिए निर्भरता बढ़ रही है। यद्यपि, यह उचित नहीं है, किन्तु राज्य आयोग के समक्ष मुख्य विषय है, ऐसे मार्ग ढूँढना जिनमें इसे प्रतिकार्य द्वारा कम किया जा सके।

(ii) स्थानीय निकायों के मुख्य कार्यों का संपादन भी खराब रहा और अन्य गतिविधियों जैसे मार्गों में रोशनी, अपशिष्ट जल की निकासी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्क, सामुदायिक हॉल, श्मशान और कब्रिस्तान का रखरखाव भी असंतोषप्रद रहा। स्थानीय निकायों के मुख्य कार्यों के संपादन में सुधार भी एक महत्वपूर्ण विषय है।

(iii) राज्य वित्त आयोग द्वारा अब तक अनुशंसित अनुदान निर्बंध और बिना शर्त के रहे हैं। राज्य सरकार सामान्यतः अनुदान के उपयोग के लिए योग्यताएँ निर्धारित करने और

नकारात्मक शर्तें रखने से बचती है। जहां एक ओर यह महत्वपूर्ण है कि कुछ स्थितियों/योग्यताओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मिलित किया जाए वहीं दूसरी ओर स्थानीय निकायों को अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देना भी जरूरी है।

(iv) महत्वपूर्ण कार्यों के संपादन के लिए मानक और निर्देशचिह्न जो कि निधियों के न्यागमन का आधार हो सकते हैं, अभी भी अपरिभाषित रहे हैं। मानक वित्तीय भी हो सकते हैं और भौतिक पदों में भी परिभाषित किए जा सकते हैं। अतः निधियां जो समनुदेशित की गई हैं युक्तिसंगत या सुस्थापित मानदंड पर आधारित होने के बजाय मनमानी या वैवेकिक हैं। मानकों को निर्धारित करने की कवायद यद्यपि कठिन है, तब भी आयोग ने मुख्य कार्यों के लिए निधियों के न्यागमन के लिए कुछ मानकों को निर्धारित किया है।

(v) वैयक्तिक स्थानीय निकायों के न्यागमन निर्धारित करने में जनसंख्या मुख्य कारक रहा है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में कम जनसंख्या घनत्व और कम विकसित स्थानीय निकायों जिन्हें अवसंरचना विकास की आवश्यकता है, से भिन्न उच्च जनसंख्या घनत्व वाले विकसित क्षेत्रों में राजस्व बढ़ाने की उच्च क्षमता है। दोनों में से हमें यह निर्णय करना है कि जनसंख्या या राजस्व क्षमता में से निधि न्यागमन के लिए कौन सा बेहतर आधार है। तथापि मुद्दा यह है कि राजस्व क्षमता केवल तभी अभिनिश्चित की जा सकती है जब लेखों का रखरखाव हो और निर्वर्तन संबंधी आंकड़ें उपलब्ध हों। अतः विषय यह है कि पहले यह अभिनिश्चित किया जाए कि स्थानीय स्तर पर लेखा और डाटा प्रणाली में सुधार हो। विचारों को व्यवहारिक आकार केवल तभी दिया जा सकता है जब उपयुक्त आंकड़ें उपलब्ध हों। आयोग इस पहलू को राज्य सरकार के विचार के लिए एक मुख्य विषय मानता है।

आयोग ने रिपोर्ट में उपरोक्त विषयों और की गयी सिफारिशों को संबोधित करने का प्रयास किया है।

न्यागमन की योजना

1.32 इस आयोग ने यह महसूस किया है कि राष्ट्रीय नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करना आवश्यक है। इसको दृष्टि में रखते हुए, जिलेवार निधियों के विनिधान में, आयोग ने पैरामीटर जैसे शिशु लिंग अनुपात, शिशु मृत्यु दर और बालिका शिक्षा को प्रेरित किया है।

1.33 आयोग ने स्थानीय सरकारों द्वारा कर प्रयासों के महत्व को स्वीकार करते हुए एक रूप से या अन्य रूप से इन प्रयासों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया। यह निश्चय ही वित्तीय स्वायत्तता और प्रभावी स्वशासन को प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा तरीका है।

1.34 क्षेत्रीय दौरों के दौरान आयोग ने यह महसूस किया कि स्थानीय शासन नए निर्माण कार्यों पर सम्यक् रूप से ध्यान दे रहा है परन्तु मूल कार्यों की ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। मूल कार्यों के उपक्रम को प्राथमिकता से प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से, आयोग को स्थानीय निकायों के मूल कार्यों और वित्तीय आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए एस सी एम सोशल पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट, जयपुर द्वारा संचालित एक अध्ययन प्राप्त हुआ है। आयोग ने मूल कार्यों के लिए निधियां निश्चित की हैं ताकि बड़ी संख्या में जनता को सेवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

1.35 स्थानीय शासन केवल तभी वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त कर सकेगें जब ये स्वावलंबी होगें। क्षेत्रीय दौरों के दौरान आयोग ने यह पाया कि वहां पर राजस्व उत्पादन की उच्च क्षमता है पर लोक प्रतिनिधियों की मतदाता से सामीप्यता के कारण वो इसमें कोई रूचि नहीं दर्शाते । आयोग का यह दृष्टिकोण है कि स्थानीय शासन, वित्तीय स्वायत्तता केवल तभी प्राप्त कर सकता है जब वो क्षेत्र की राजस्व क्षमता का विदोहन करे और संग्रहण दक्षता में वृद्धि करे। इस विचार को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेन्ट स्टडीज, जयपुर को राजस्थान की समस्त न.स्था.नि. की राजस्व क्षमता पर अध्ययन प्रायोजित किया है। अध्ययन के निष्कर्ष के आधार पर, आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि न.स्था.नि. को उनके स्रोतों को बढ़ाने के लिए उनके क्षेत्रों में उपलब्ध राजस्व क्षमता का क्रमिक विदोहन करना चाहिए।

1.36 तेरहवें केन्द्रीय वित्त आयोग और अन्य राष्ट्रीय आयोगों ने डाटाबेस बनाने की आवश्यकता और लेखाओं के रखरखाव की ओर ध्यान आकृष्ट किया। ग्यारहवें के.वि.आ. ने केन्द्रीय नागरिक सेवाओं की सूची बनाई है और उपदर्शित किया है कि इन कार्यों के चालन और रखरखाव के लिए निर्मुक्त निधियों को चिन्हित किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, न्यागमन की हमारी योजना में कार्यसंपादन अनुदानों को प्रस्तावित किया गया है।

1.37 वर्तमान रिपोर्ट के दो भाग हैं। प्रथम भाग में, तेरहवें वित्त आयोग द्वारा सुझाए गए तरीके से अध्यायों को संभावित सीमा तक व्यवस्थित किया गया है। दूसरे भाग में उपाबंध और परिशिष्ट हैं।

अध्याय 2

राजस्थान : एक तस्वीर

भौगोलिक विशेषताएं – स्थलाकृति–भूमि और जल संसाधन

2.1 3.42 लाख वर्ग किमी से अधिक में फैला हुआ राजस्थान 10.41 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र के साथ भारत का सबसे बड़ा राज्य है और जनगणना 2011 के अनुसार इसकी कुल जनसंख्या 6.85 करोड़ है, जो देश की कुल जनसंख्या का 5.67 प्रतिशत है। प्रशासनिक आधार पर राज्य का विशाल क्षेत्र 7 संभागों, 33 जिलों, 192 उपसंभागों, 244 तहसीलों और 248 विकास उपखंडों में बंटा हुआ है। राज्य में 9177 ग्राम पंचायतें और 184 नगरपालिक कस्बे हैं। पश्चिमी राजस्थान के जिलों, जैसे जैसलमेर और बाड़मेर में क्षेत्रफल का फैलाव कुछ यूरोपीय देशों से भी बड़ा है।

जल

2.2 कम और अनियमित मानसून के कारण, देश के केवल 1.07 प्रतिशत जल स्रोत होने से राजस्थान में पानी की कमी सबसे अधिक है। प्रायः प्रत्येक वर्ष भीषण और भीषणतर अकाल की स्थिति इसकी पहचान बन गयी है। राज्य के बड़े भागों में पानी की कमी एक विशिष्ट लक्षण है। अन्तर्वर्षीय और अन्तरावर्षीय अनियमित और अपर्याप्त बरसात से यह कमी और भी बदतर हो गयी। राजस्थान में वार्षिक औसत वर्षा की सीमा उत्तर–पश्चिम में 200 मिमी. से दक्षिण–पूर्व में लगभग 950 मिमी. है। 90 प्रतिशत से अधिक वर्षा मानसून के चार महीनों में होती है। तथापि, मानसून अवधि के दौरान भी, वर्षा के दिनों में भी, वर्षा कब और कहां होगी, यह भरोसा नहीं रहता। इस प्रकार की परिस्थितियों में, सूखाग्रस्त वर्षों की संभाव्यता अधिक होती है। हर वर्ष यहां भीषण से भीषणतर अकाल की स्थिति रहती है। सतही जल जो कि नदियों और धाराओं में बहता है वह भी वर्षा पर निर्भर करता है और इसका सतही जल प्रवाह भी बहुत ही अल्प होता है। राज्य में केवल एक ही बारहमासी नदी है जो कि दक्षिण पूर्वी राजस्थान के एक छोटे से भाग के लिए ही पर्याप्त है। समस्त गांवों और कस्बों को पेयजल उपलब्ध करवाना, लोगों के साथ–साथ राज्य सरकार के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। भूमिगत जल स्रोतों का सघन उपयोग और महंगी नहर सिंचाई परियोजनाओं या रेलमार्ग और जल टैंकरों द्वारा अन्तर्राज्यीय या अन्तर्राज्यीय जल ढोने की आवश्यकता राज्य के कई भागों में पूरे वर्ष रहती है।

स्थलाकृति

2.3 राजस्थान की स्थलाकृति में अरावली पर्वतमाला प्रमुख है– जो कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक है। अरावली पर्वतमाला बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के अपवाह क्षेत्रों के

मध्य फैली है। रेगिस्तानी परिस्थितियों और अल्प वर्षा के कारण, अरावली के पश्चिमी क्षेत्र की ओर काफी कम बहाव है। अरावली के पश्चिमी ओर के क्षेत्र में, राज्य के दो तिहाई से अधिक क्षेत्र में कोई नदी नहीं है। राज्य का यह विशिष्ट लक्षण है जिससे राजस्थान रेगिस्तानी राज्य, जिसमें विशाल थार रेगिस्तान का दो तिहाई भाग है, कहलाता है।

सारणी 2.1 : भौगोलिक विशेषताएं : भारत में अंश

भौगोलिक स्थल खण्ड	10.41 प्रतिशत
जनसंख्या (2011 जनगणना)	5.67 प्रतिशत
जलीय संसाधनों की उपलब्धता	1.07 प्रतिशत

2.4 भौगोलिक दृष्टि से, राजस्थान के दक्षिण–पूर्व में चम्बल नदी के अतिरिक्त अन्य कोई बारहमासी नदी नहीं है जो कि कम जनसंख्या घनत्व वाले रेगिस्तान और अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों में छितरी हुई जनसंख्या को निर्वाह और जीविका उपलब्ध करवा सके। राज्य के इस भाग की मुख्य विशेषता, इसकी बसावट का तरीका है जिसमें आवास राजस्व ग्रामों में फैले हुए हैं और जो कभी–कभी 50 वर्ग किमी से बड़े होते हैं और इनमें कई छोटे बंदोबस्त (या ढाणियाँ) होते हैं जिनके मध्य बहुत अधिक दूरी होती है।

जनांकिकी

2.5 राज्य के रूप में राजस्थान के दूसरे चित्र में हम देखते हैं महल, किले और इसका सामन्ती इतिहास। साथ ही, यह पृष्ठभूमि स्वतंत्रता के समय और तत्पश्चात् राज्य के पुनर्गठन के समय प्राप्त विरासत में बहुत निर्धन राज्य की आर्थिक और सामाजिक अवसंरचना के कारण भी है। राज्य की अस्पृहणीय विशिष्टता यह है कि यह उन राज्यों में सम्मिलित है जिनकी जनसंख्या वृद्धि दर उच्चतम है। जनगणना 2011 के अनुसार, 2011 में राजस्थान की जनसंख्या 6.85 करोड़ थी। यह देश की कुल जनसंख्या का 5.67 प्रतिशत है। वर्ष 2001–2011 के दौरान, दशकीय वृद्धि दर 21.3 प्रतिशत रही है जो कि पिछले दशक में दर्ज 28 प्रतिशत से अधिक की उच्च दर में सुधार है। यद्यपि, दशकीय वृद्धि, 17.64 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से लगातार ऊँची रही है। यह अब स्वीकार किया गया है कि यह खराब सामाजिक संकेतकों जैसे निम्न साक्षरता दर, निम्नतर विद्यालय नामांकन, विद्यालय छोड़ने की उच्चतर दर–विशेषतया बालिका द्वारा स्कूल छोड़ना और बाल–विवाह, दम्पतियों द्वारा पुत्र प्राप्ति की प्राथमिकता और गर्भनिरोधक उपायों का प्रतिरोध करने का परिणाम है। परिणामस्वरूप, जन्म दर में कमी धीमी हुई है और शिशु मृत्यु दर ऊँची हुई है यद्यपि कुल मृत्यु दर कम हुई है। वर्तमान संदर्भ में इन कारकों का उल्लेख करना और इन पर बल देना आवश्यक है क्योंकि राज्य वित्त को हानियों से बाहर आने के लिए

वित्तीय स्रोत उपलब्ध करवाने के लिए सतत् संघर्ष करना पड़ता है। यद्यपि हस्तक्षेप के परिणाम तुरन्त प्राप्त नहीं होते और लम्बी अवधि में प्रकट होते हैं।

भौतिक और सामाजिक अवसंरचना

2.6 आर्थिक और भौतिक अवसंरचना के क्षेत्र में विद्यमान खंडित सामंती संरचना विशेषतः पेयजल की उपलब्धता, सिंचाई, सड़क परिवहन, संचार और ऊर्जा के कारण उपजी हानियां हैं।

पेयजल आपूर्ति : ग्रामीण और नगरीय

2.7 राज्य के सभी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध करवाना कई वर्षों से प्राथमिकता रही है पर इस समस्या का समाधान आसान नहीं है। जरूरत के हिसाब से जलापूर्ति न केवल अपर्याप्त है बल्कि उपलब्ध भू–जल खारा है और/या उसमें फ्लोराइड अंश अधिक है। पराम्परागत जल निकाय जैसे टाँका और गांव की घरेलू जल संग्रहण संरचनाएं खराब रखरखाव तथा उदासीनता के कारण बेकार हो गयी हैं। बहुत सारी योजनाओं को कार्यान्वित करने के राज्य सरकार के प्रयासों के बावजूद, राज्य, ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लक्ष्य को नहीं पा सका है। आंशिक और पूरी तरह से शुद्ध पेयजल सुविधा से युक्त ग्रामों/आवासों की वर्तमान स्थिति निम्न प्रकार से है। यद्यपि अधिकांश सभी मुख्य ग्रामों को सम्मिलित कर लिया गया है पर अभी भी 14000 से अधिक आवासों में सरकार द्वारा उपलब्ध पेयजल सुविधा नहीं है।

आवास	कुल संख्या	दिसम्बर 2012 तक सम्मिलित
मुख्य ग्राम	39753	39751
ढाणी	81380	67232

नगरीय जलापूर्ति

2.8 नगरीय क्षेत्रों में स्थिति बेहतर है। राज्य के सभी 222 नगरों में पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है यद्यपि नगर/शहर के सभी भागों में आपूर्ति नियमित नहीं है। नगरीय क्षेत्रों में प्रवास के कारण बड़ी संख्या में अनधिकृत कॉलोनियां बन गयी हैं, जिसके कारण जलापूर्ति आंशिक रूप से ही हो पा रही है। शहरों के जल निकाय, जो कि पेयजल के संग्रहण स्थान थे, जलागम क्षेत्र की उपेक्षा के कारण सूख गए।

सिंचाई

2.9 1949 में राज्य के गठन के समय, 10 लाख हैक्टेयर से कुछ कम क्षेत्र सिंचिंत हुआ था जो कि कृषि के अधीन कुल क्षेत्र का ठीक 13 प्रतिशत था। यह 2010–11 में बढ़कर कृषि क्षेत्र का 83.22 लाख हैक्टेयर हो गया। इस बढ़त के बावजूद, 2000–01 के लिए राजस्थान में औसत सिंचाई दर सम्पूर्ण भारत की औसत 40 प्रतिशत से कम है। भूमिगत जल स्रोतों का ह्रास तथा जल संरक्षण की आवश्यकता तथा जल प्रबंधन प्रक्रिया, एक कठिन समस्या है। यद्यपि सरकार और लोग पहल कर रहे हैं, फिर भी सभी स्तरों पर स्रोतों का अभाव एक ऐसा विषय बना हुआ है जिनका राज्य वित्त आयोग जैसी संस्थाओं को समाधान करना है जो कि राज्य और स्थानीय आवश्यकताओं को प्रबुद्ध और व्यवहारिक तरीके से संतुलित करने के आदेशाधीन हैं ।

ऊर्जा

2.10 विद्युत का प्रति व्यक्ति उपभोग आर्थिक विकास के स्तर का एक आवश्यक सूचक है। 1947 में, केवल कुछ ही शहर ऐसे थे जिनके पास अपनी ऊर्जा बिजली थी। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों तक विद्युत की पहुँच के कारण आज स्थिति बहुत भिन्न है। इस विषय में, राज्य में इसका प्रदर्शन प्रशंसनीय है। 2010–11 में, सम्पूर्ण भारत की औसत 818.75 किलोवाट की तुलना में राजस्थान में प्रति व्यक्ति उपभोग 843.75 किलोवाट था। राजस्थान आण्विक ऊर्जा परियोजना, रावतभाटा के अतिरिक्त राज्य में ऊर्जा उत्पादन के मुख्य स्रोत कोटा, सूरतगढ़ तापीय परियोजनाएं, धौलपुर गैस आधारित तापीय परियोजना, माही हाइडल, भाकरा, व्यास, चम्बल और सतपुड़ा अन्तराज्यीय भागीदारी परियोजनाएं और केन्द्रीय सेक्टर से सिंगरोली, रिहान्द, दादरी, अन्ता, औरेया, दादरी गैस संयंत्र, ऊंचाहार तापीय और टनकपुर, सलल, चामेंड़ और उरी हाइडल परियोजनाएं हैं। विंड फार्म नवीकरणीय सौर ऊर्जा, बायो–मास और आबद्ध ऊर्जा संयंत्र, ऊर्जा उत्पादन की अतिरिक्त क्षमताएं उपलब्ध करवाते हैं। हाल ही में, सूरतगढ़ में आधुनिक सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित सुपर तापीय ऊर्जा केन्द्र में 660 एम डब्ल्यू (MW) की 2 इकाइयों का निर्माण किया गया है। मार्च, 2012 को राज्य की स्थापित क्षमता 10,308.45 मेगावाट थी।

2.11 बिजली उत्पादन से संबंधित विषयों के अतिरिक्त, सेक्टर में लंबी दूरी पर बिजली का पारेषण एक मुख्य समस्या है। इसकी आवश्यकता न केवल राज्य की स्थलाकृति की वजह से है बल्कि इसलिए भी है क्योंकि राज्य को अपनी आवश्यकताओं के लिए अन्तरराज्यीय और केन्द्रीय सेक्टर की बिजली उत्पादन इकाइयों पर निर्भर रहना पड़ता है। राज्य से बाहर या राज्य की दक्षिण या दक्षिण पूर्वी परिधियों पर स्थित स्रोतों से बिजली के पारेषण और वितरण में बड़े निवेश की आवश्यकता होती है। इसके परिणामस्वरूप उच्चतर पारेषण हानियाँ होती हैं। प्रशासनिक और सरकारी बदलाव की आवश्यकता होने पर भी बेहतर प्रदर्शन और राज्य के स्वामित्व वाली ऊर्जा कम्पनियों द्वारा पारेषण

हानियों में कमी हो सकती है, फिर भी इस तथ्य की उपेक्षा नहीं की जा सकती कि प्रत्येक वर्ष बिजली सेक्टर में हानियों के कारण राज्य बजट को बहुत भार उठाना पड़ता है।

सड़कें

2.12 राजस्थान के विकास में, सड़क अवसंरचना का खराब स्तर एक बहुत बड़ी रूकावट रहा है। राज्य के बड़े आकार और कठिन भू–भाग के कारण पर्याप्त सड़कों का सम्पर्क अपेक्षाकृत कठिन है। राजस्थान में सड़कों का सम्पर्क, भारत में सर्वदा निम्नतम रहा है। सड़कों के खराब सम्पर्क के कारण सेवाओं के परिदान का मूल्य बढ़ गया है और इसके साथ ही वस्तुओं के संचलन, विशेष रूप से कृषि उत्पाद, पर रोक से ग्रामीण जनसंख्या की आर्थिक वृद्धि में रूकावट पड़ी है। इसी वजह से, राज्य का सम्पूर्ण विकास मंद हो जाता है। 2001 की जनगणना ने, राज्य में, 39,753 वास–योग्य ग्रामों की सूची बनाई। 2012–13 के अंत तक बी टी सड़कों द्वारा ग्रामों का संभावित सम्पर्क सारणी 2.2 में दर्शित किया गया है।

सारणी 2.2 : ग्रामों का सड़क का सम्पर्क

जनसंख्या समूह	ग्रामों की कुल संख्या	मार्च, 2013 को ग्रामों का सम्पर्क (संभावित)	जुड़े हुए ग्रामों का प्रतिशत
1000 और ऊपर	14198	14180	99.87
500-1000	11058	10956	99.08
250-500	7713	4889	63.39
250 से नीचे	6784	2333	34.38
कुल	39753	32358	81.39

समाजिक अवसंरचना

शिक्षा

2.13 सामाजिक विकास के खराब सूचकों के कारण सामाजिक अवसंरचना के संबंध में बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के साथ राजस्थान का वर्णन बीमारू राज्यों के रूप में होता रहा था। इस वर्णन के मुख्य कारण निम्न साक्षरता, उच्च शिशु और मातृत्व मृत्यु दरें और अपेक्षाकृत खराब लिंग विनिर्दिष्ट सूचक थे। सौभाग्य से, 1991 तक पर्याप्त सुधार रिकॉर्ड किया गया यद्यपि राज्य लगातार बालकों के अल्प पोषण और कुपोषण की अपेक्षाकृत उच्च दरों से ग्रस्त रहा है। 2011 में साक्षरता दर 66.1 प्रतिशत तक उच्च हो गयी है यद्यपि यह 74 प्रतिशत की राष्ट्रीय औसत से अभी भी कम है। महिला साक्षरता में

पिछले दशक से सुधार हुआ है यद्यपि लिंग विषमता निरंतर बनी हुई है। विद्यालय नामांकन बढ़ गया है और विद्यालय छोड़ने वालों की दर भी गिरावट दर्शित कर रही है।

सारणी 2.3 : राजस्थान और भारत में साक्षरता की दर

प्रतिशत

वर्ष	राजस्थान			भारत		
	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल
1981	44.77	14.00	30.11	56.37	29.75	43.56
1991	54.99	20.44	38.55	63.86	39.42	52.11
2001	75.70	43.85	60.41	75.30	53.70	64.80
2011	79.20	52.10	66.10	82.14	65.46	74.04

चिकित्सा और स्वास्थ्य :

स्वास्थ्य की देखभाल

2.14 पिछले 50 वर्षों में चिकित्सा और स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार के लिए बहुत उल्लेखनीय विनिधान किए गए हैं। जन्म पर जीवन प्रत्याशा बढ़ गयी है ; मृत्यु और जन्म दरों में भी गिरावट आई है यद्यपि राज्य अभी भी अधिकतर स्वास्थ्य सूचकों में राष्ट्रीय औसत से पिछड़ा हुआ है।

2.15 सम्पूर्ण भारत में जहां शिशु मृत्यु दर 44 है इसके विरूद्ध 2011 में राजस्थान में मृत्यु दर, 1000 जन्म पर 52 थी। 2007–09 में सम्पूर्ण भारत की औसत 212 के उलट राजस्थान में मातृ मृत्यु दर (एम एम आर) 318 थी। तथापि, मोटे तौर पर भी मृत्यु दर 6.7 थी, जो, सम्पूर्ण भारत की औसत 7.1 से कम थी। वर्तमान में, राज्य सरकार, सामाजिक सुरक्षा पहल के भाग के रूप में चिकित्सा सेक्टर पर केन्द्रित हो रही है। कई कार्यक्रमों में, रोग नियंत्रण निवारक उपायों पर भी लगातार बल दिया गया।

मानव विकास सूचकांक

2.16 मानव विकास सूचकांक (मा.वि.सू.) विकास का व्यापक सूचक है जिसमें विकास के स्तर को मापने के लिए आर्थिक सूचकों के साथ सामाजिक सूचक भी सम्मिलित हैं। अपनी वार्षिक मानव विकास रिपोर्टों में सं.रा.वि.का. द्वारा प्रस्तावित कार्यप्रणाली द्वारा सामाजिक राजनीतिक सूचकों की संख्या का विस्तार किया गया है। सरलता के लिए, मा.वि.सू. तीन विस्तृत कारकों द्वारा बनी हुई है जैसे आय, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रस्थिति। मा.वि.सू. अपने सामान्य रूप में क्रॉस सेक्शनल तुलनात्मक सूचकांक है जिसका

प्रयोग तुलनात्मक असमानता/असंतुलन का वर्णन करने में किया जा सकता है क्योंकि यह लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवनयापन से संबंधित हकदारी और प्राप्तियों का संयोजन है। भारत के 15 मुख्य राज्यों का मा.वि.सू. सारणी 2.4 में दर्शित है। 1981 और 2011 के मध्य राजस्थान की रैंक में 12 से 10 का सुधार हुआ है।

सारणी 2.4 : 15 भारतीय राज्यों के लिए मानव विकास सूचकांक

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	1981		1991		2001		2011	
	मूल्य	रैंक	मूल्य	रैंक	मूल्य	रैंक	मूल्य	रैंक
आन्ध्र प्रदेश	0.298	9	0.377	9	0.416	10	0.572	9
असम	0.272	10	0.348	10	0.386	14	0.534	11
बिहार	0.237	15	0.308	15	0.367	15	0.449	15
गुजरात	0.360	4	0.431	6	0.479	6	0.621	7
हरियाणा	0.360	5	0.443	5	0.509	5	0.644	5
कर्नाटक	0.346	6	0.412	7	0.478	7	0.600	8
केरल	0.500	1	0.591	1	0.638	1	0.920	1
मध्य प्रदेश	0.245	14	0.328	13	0.394	12	0.488	13
महाराष्ट्र	0.363	3	0.452	4	0.523	4	0.689	2
उड़ीसा	0.267	11	0.345	12	0.404	11	0.452	14
पंजाब	0.411	2	0.475	2	0.537	2	0.679	3
राजस्थान	**0.256**	**12**	**0.347**	**11**	**0.424**	**9**	**0.537**	**10**
तमिलनाडु	0.343	7	0.466	3	0.537	3	0.675	4
उत्तर प्रदेश	0.255	13	0.314	14	0.388	13	0.490	12
पश्चिम बंगाल	0.305	8	0.404	8	0.472	8	0.625	6
समस्त भारत	0.302		0.381		0.472		0.653	

स्रोत : सं.रा.वि.का., मानव विकास रिपोर्ट, 2011

वृहत्–आर्थिक सूचकांक

स.रा.घ.उ. की संरचना और प्रकृति

2.17 राजस्थान की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान और पशुधन आधारित है। मानसून की प्रकृति के कारण कृषि में उतार–चढ़ाव, एक ऐसा लक्षण है जो रूझान के विश्लेषण को कठिन बनाते हैं। सेवा सेक्टर के अलावा, जिसमें की निरंतर बढ़त रिकॉर्ड की गयी है, दो अन्य सेक्टरों यथा कृषि और उद्योग ऐसा मुख्य परिवर्तन दर्शित नहीं करते हैं जो कि अर्थव्यवस्था की संरचना में परिवर्तन दर्शित करे। घरेलू उद्योगों को सम्मिलित करते हुए उद्योग शु.रा.घ.उ. में केवल 30 प्रतिशत का सहयोग करते हैं। उद्योग सेक्टर में उत्पादन की वृद्धि, घरेलू उद्योगों में गिरावट के कारण रद्द कर दी गयी है। इसलिए उद्योग सेक्टर शु. रा.घ.उ. के लगभग 30 प्रतिशत का सहयोग करके स्थिर स्थिति दर्शित करता है (सारणी 2.5) सारणी 2. 6 सम्पूर्ण भारत की संख्या की तुलना में प्रति व्यक्ति आय दर्शित करती है।

सारणी 2.5 : स्थिर मूल्यों (2004–05) पर शु.रा.घ.उ. की संरचना

वर्ष	कृषि का अंश %	उद्योगों का अंश %	सेवाओं का अंश %	प्रति व्यक्ति स.रा.घ.उ. (रु.)	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (लाख रु.)
2004-05	27.06	28.46	44.48	18565	12774565
2005-06	25.34	29.26	45.40	19445	13628496
2006-07	24.40	31.02	44.58	21342	15218867
2007-08	23.58	29.98	46.44	21922	16001662
2008-09	22.64	29.15	48.21	23356	17453575
2009-10	20.64	30.21	49.15	24304	14624454
2010-11 पी	23.77	28.48	47.75	27625	21469798
2011-12 क्यू	22.52	28.60	48.88	28851	22782430
2012-13 ए	20.92	28.83	50.25	29917	23991280
स.रा.घ.उ. की वार्षिक औसत वृद्धि दर 2004–05 से 2012–13	4.64	8.60	9.68	5.92	9.32

पी–अनंतिम प्राक्कलन, क्यू–त्वरित प्राक्कलन, ए–अग्रिम प्राक्कलन

स्रोत : राजस्थान, आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय

सारणी 2.6 : प्रति व्यक्ति आय

(रु. में)

वर्ष	चालू मूल्य पर		स्थिर मूल्य (2004–05) पर	
	समस्त भारत	राजस्थान	समस्त भारत	राजस्थान
2004-05	24143	18565	24143	18565
2005-06	27123	20275	26025	19445
2006-07	31198	24055	28083	21342
2007-08	35820	26882	30354	21922
2008-09	40605	31297	31801	23356
2009-10	46117	35254	33843	24304
2010-11 पी	53331	44709	35993	27625
2011-12 क्यू	60972*	53735	38005*	28851
2012-13 ए	NA	60652	NA	29917

पी–अनंतिम प्राक्कलन, क्यू–त्वरित प्राक्कलन, ए–अग्रिम प्राक्कलन * पुनरीक्षित प्राक्कलन

विकास और वृद्धि की भावी संभावना

2.18 पिछले तीन से चार वर्षों में किए गए सकारात्मक विकास ने राजस्थान के विषय में विचार परिवर्तित कर दिए हैं। पर्यटन का विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 और सं. 11 का विकास उत्तरी भारत और मुम्बई को जोड़ने वालों फ्रीट कॉरिडोर (ढुलाई गलियारा), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों में जयपुर और अलवर का समावेशन, उत्तरी–पश्चिमी भारत में जयपुर का शैक्षणिक केन्द्र के रूप में उभरना आदि राज्य के सकारात्मक विकास के कुछ उदाहरण हैं। जो भी हो, व्यापक रूप में यह मान लिया गया है कि राज्य का भविष्य उज्ज्वल और संभावनाओं से भरा है।

ग्रामीण विकास : गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन

2.19 राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्रामीण विकास विभाग कई प्रकार के कार्यक्रम/योजनाएँ कार्यान्वित कर रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य निर्धनता में कमी, निम्नतम आय वर्ग से संबंधित परिवारों में आस्तियाँ बढ़ाना, अस्वैच्छिक बेरोजगारी और अल्प रोजगार को नगण्य स्तर तक घटाना, निर्धनों की ग्रामीण क्षेत्रों के अवसंरचना विकास और समाज सेवाओं तक पहुँच को आसान बनाना है।

विभिन्न गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन योजनाओं के मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार हैं :

(i) ग्रामीण निर्धनता में कमी।

(ii) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन।

(iii) ग्रामीण अवसंरचना का विकास।

(iv) क्षेत्रीय असंतुलन को हटाना।

(v) ग्रामीण निर्धनों के लिए ग्रामीण आवास।

(vi) सामुदायिक भागीदारी।

2.20 राज्य स्तर पर, पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा और जिला स्तर पर जिला परिषद् द्वारा ग्रामीण विकास कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं। वर्तमान में, 33 जिला परिषदें, 248 पंचायत समितियाँ और 9177 से अधिक ग्राम पंचायतें राज्य में अस्तित्व में हैं। मुख्य कार्यों का कार्यान्वयन पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है, जिसका अनुसरण अन्य सरकारी कार्यान्वयन अभिकरणों, लोक निर्माण विभाग (पी डब्ल्यू डी), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पी एच ई डी), वन, मृदा संरक्षण आदि और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा किया गया। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएँ/कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

पर्यटन

2.21 राजस्थान राज्य, भारत के सबसे अधिक आकर्षक पर्यटन स्थानों में से एक है और विश्व के पर्यटन मानचित्र पर इसका प्रमुख स्थान है। इसमें घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के पर्यटकों के लिए विभिन्न पर्यटन आकर्षण हैं। राजस्थान की कुछ विशिष्ट विक्रय प्रतिपादनाएँ (यू एस पी) हैं जैसे शाही रेलगाड़ियाँ (पैलेस–ऑन–व्हील्स और राजस्थान रॉयल–ऑन–व्हील्स), किले, महल और हवेलियाँ, मेले और त्यौहार, हस्तकलाएँ, विरासत होटल, साहसिक पर्यटन, ग्रामीण और आर्थिक पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, मन्दिर स्थापत्य, लोकगीत और शास्त्रीय संगीत नृत्य आदि, जो कि राज्य में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं और राज्य में परोक्ष रोजगार सृजित और राजस्व की उत्पत्ति करते हैं। केलैन्डर वर्ष 2012 के दौरान, दिसम्बर, 2012 तक राजस्थान में आने वाले पर्यटकों की संख्या 300.63 लाख थी (286.12 लाख भारतीय और 14.51 लाख विदेशी)।

जयपुर मेट्रो रेल परियोजना :

2.22 जयपुर मेट्रो रेल परियोजना दो स्तरों पर कार्यान्वित की जा रही है स्तर– I, मानसरोवर कॉरीडोर–बड़ी चौपड़ (12.067 किमी) के लिए है ; यह दो चरणों में पूर्ण की जा रही है, ई पी सी

फारमेट के अधीन प्राक्कलित कीमत 3150 करोड़ रू सहित, जिसमें से 20 प्रतिशत अर्थात् 630 करोड़ रू की, भारत सरकार से उम्मीद है।

- चरण–I–क (मानसरोवर से चाँदपोल) – चरण– I–क के विकास के लिए मानसरोवर से चाँदपोल तक के लिए 'डिपोजिट वर्क' आधार पर 9.718 किमी की लम्बाई तक निर्माण करने के लिए जयपुर मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डी एम आर सी) से एक करार (05.08.2010) किया है। डी एम आर सी ने इस भाग का 60 % सिविल कार्य पूर्ण कर लिया है। रिसीविंग सब स्टेशन (आर एस एस) और ओवर हेड विद्युतीकरण (ओ एच ई) के लिए विद्युत कार्य प्रगति पर है। चल स्टॉक, संकेतन और दूरसंचार, स्वचालित किराया संग्रहण (ए एफ सी) के लिए कार्य आदेश दिए जा चुके हैं।
- चरण– I–ख (चाँदपोल से बड़ी चौपड़) – चरण–I–ख (चाँदपोल से बड़ी चौपड़) 2.349 किमी की लम्बाई का है जो कि जे एम आर सी द्वारा विकसित करने के लिए प्रस्तावित है या डी एम आर सी द्वारा 'डिपोजिट वर्क' आधार पर करवाने के लिए प्रस्तावित है।
- चरण–II का कॉरीडोर अंबाबाड़ी सीतापुरा (23.099 किमी) का विकास पी पी पी विधि के अधीन करना प्रस्तावित है। चरण–II की प्राक्कलित कीमत 6583 करोड़ रु. है।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का रेखांकन भविष्य में शहर की बढ़ती हुई नगरीय परिवहन मांगों के दृष्टिगत किया गया है। जयपुर मेट्रो रेल का उद्देश्य शहर के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना और इसकी विरासत और संस्कृति का परिरक्षण करना है।

तेल और गैस की खोज :

2.23 राज्य में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज और विकास को शीघ्र निबटाने के लिए पेट्रोलियम निदेशालय की व्यवस्था की गयी थी। राज्य में पेट्रोलियम सेक्टर की विशाल क्षमता है। वर्ष 2012–13 के दौरान निम्न गतिविधियाँ प्रारंभ की गयी हैं :

तेल, गैस के कुएँ और को.आ.मि. (सी बी एम) की खोज

- मैसर्स केयर्न एनर्जी ने 31.12.2012 तक बाड़मेर–सांचोर बेसिन में 21 कुओं की खुदाई की। 25 तेल और गैस क्षेत्रों में लगभग 480 मिलियन टन का कुल तेल रिजर्व अनुमानित किया गया है।

- 29 अगस्त, 2009 से कच्चे तेल का उत्पादन राजस्थान से प्रारंभ हुआ, और दिसम्बर, 2012 तक मंगला तेल क्षेत्र से 185 लाख मीट्रिक टन जो कि 134 मिलियन बैरल कच्चे तेल के बराबर है, उत्पादित किया गया।
- तीन कुओं में उच्च गुण (प्रकृति) वाली गैस की खोज की गयी।
- 8 जुलाई, 2010 से मैसर्स फोकस एनर्जी ने 2 लाख क्यूबिक मीटर प्रतिदिन जितना विशाल उच्च गुणवत्तायुक्त प्राकृतिक गैस का उत्पादन प्रारंभ किया है जिसकी आपूर्ति रामगढ़ ऊर्जा संयत्र को की जा रही है।
- राज्य सरकार ने 11 पेट्रोलियम खनन पट्टों जिनका क्षेत्र लगभग 4,000 वर्ग किमी है को कच्चे तेल, भारी तेल और प्राकृतिक गैस के दोहन के लिए मंजूर किया है।
- 25.00 लाख टन के देखे–परखे तैयार पड़े भारी तेल स्रोत और 53.00 लाख टन के बिटुमन रिजर्व के दोहन के लिए ऑयल इंडिया लिमिटेड ने वेनेजुएला की कम्पनी पी. डी. वी. एस. ए. के साथ एक करार किया है।
- ऑयल इंडिया लिमिटेड ने वेनेजुएला की पी डी वी एस ए कम्पनी के साथ बाघेवाला क्षेत्र में भारी तेल के उत्पादन के परीक्षण का उत्तरदायित्व लिया है।
- तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओ आई डी बी) द्वारा निधिबद्ध सी बी एम परियोजना के लिए बीकानेर क्षेत्र में ड्रिलिंग प्रारंभ की गयी है।
- भूमिगत गैसीकरण (यू जी जी) पर गेल के साथ एम ओ यू का कार्यान्वयन।

बाड़मेर में तेल रिफाइनरी

2.23 बाड़मेर जिले में मंगला तेल क्षेत्र सबसे बड़ा अपतट तेल क्षेत्र है जिसमें लगभग 480 एम.टी. खनिज तेल पड़ा है। राज्य सरकार ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (एच पी सी एल) के साथ एक समझौते के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि बाड़मेर में तेल रिफाइनरी स्थापित की जा सके। रिफाइनरी में 37229 करोड़ रु. का व्यय होगा और यह आधारशिला रखे जाने की दिनांक से चार वर्ष में स्थापित हो पाएगी। राज्य सरकार 15 वर्ष के लिए, प्रतिवर्ष ब्याज रहित 3736 करोड़ रु. का ऋण उपलब्ध करवाएगी। प्रस्तावित तेल रिफाइनरी 90 लाख एम.टी. पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन प्रतिवर्ष करेगी। रिफाइनरी राज्य सरकार को रायल्टी और करों के रूप में राजस्व उपलब्ध करवाएगी और राज्य में प्लास्टिक, ऑटोमोटिव पाइप, टायर, चिपकाने वाले पदार्थ आदि से संबंधित आनुषंगिक उद्योगों को स्थापित करके राज्य में रोजगार के अवसर सृजित करेगी।

2.24 राज्य की मुख्य सामाजिक–आर्थिक विशेषताएँ उपाबंध : सारणी II.1 में, दर्शाई गयी हैं। उपाबंध सारणियाँ II.2 से II.4 में मुख्य–वृहत आर्थिक स्तर दर्शाए गए हैं।

अध्याय–3

पूर्ववर्ती राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन

राजस्थान, देश के उन राज्यों में से एक है जिन्होंने राज्य वित्त आयोग का गठन नियमित रूप से किया है और उन अग्रणी राज्यों में से भी एक है जिन्होंने सिफारिशों के वित्तीय न्यागमन भाग को स्वीकार किया है। सिफारिश किए गए वित्तीय न्यागमन और राज्य सरकार द्वारा जारी निधियाँ निम्नांकित अनुच्छेदों में दर्शाई गयी हैं।

प्रथम राज्य वित्त आयोग

3.1 प्रथम राज्य वित्त आयोग का गठन 1994 में हुआ और इसने अवार्ड अवधि 1995–96 से 1999–2000 के लिए अपनी सिफारिशें 1995 में दीं। इसने राज्य के कुल कर राजस्व के 2.18 प्रतिशत को जनसंख्या के अनुपात के आधार पर पं.रा.सं. और न.स्था.नि. के मध्य न्यागमन की सिफाारिश की। सारणी 3.1 सरकार द्वारा सिफारिश की गई रकम और निधियों को दर्शाती है। सरकार द्वारा समस्त जारी की गयी रकम सिफारिश किए गए न्यागमन का कुल 82.5 प्रतिशत है– न.स्था.नि. के लिए 80 प्रतिशत और रा.वि.आ. के लिए 83 प्रतिशत।

सारणी 3.1 : प्रथम रा.वि.आ. द्वारा सिफारिश किये गये न्यागमन और सरकार द्वारा जारी रकम

(रु. करोड़ में)

वर्ष	प्रथम रा.वि.आ. द्वारा की गयी सिफारिशें			राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी		
	न.स्था.नि.	पी आर आई	कुल	न.स्था.नि.	पी आर आई	कुल
1995-96	12.59	42.81	55.40	8.57	33.46	**42.03**
1996-97	14.85	50.48	65.33	11.89	39.80	**51.69**
1997-98	17.51	59.50	77.01	14.55	44.00	**58.55**
1998-99	20.63	70.14	90.77	17.50	59.49	**76.99**
1999-2000	24.31	82.67	106.98	19.67	77.66	**97.33**
कुल	**89.89**	**305.60**	**395.49**	**72.18**	**254.41**	**326.59**

द्वितीय राज्य वित्त आयोग

3.2 द्वितीय राज्य वित्त आयोग का गठन 1949 में हुआ और इसने अवार्ड अवधि 2000–01 से 2004–05 तक के लिए अपनी रिपोर्ट 2001 में दी। इसने राज्य के कुल कर राजस्व (मनोरंजन कर को छोड़कर) के 2.25 प्रतिशत (0.05 प्रतिशत प्रोत्साहन के लिए सम्मिलित करते हुए) के न्यागमन की सिफारिश पं.रा.सं. और न.स्था.नि. दोनों के लिए की।

सारणी 3.2 अवार्ड अवधि के लिए सिफारिश की गयी और जारी की गयी रकमों को दर्शित करता है। जारी की गयी रकम कुल की 81.2% थी– 82.7% रा.वि.आ. के लिए और 76.5% न.स्था.नि. के लिए।

सारणी 3.2 : द्वितीय रा.वि.आ.–सिफारिश किये गये न्यागमन और जारी की गयी रकम

(रु. करोड़ में)

वर्ष	द्वितीय रा.वि.आ. द्वारा जिनकी सिफारिश की गयी			राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये		
	न.स्था.नि.	पी आर आई	कुल	न.स्था.नि.	पी आर आई	कुल
2000-01	29.71	86.41	116.12	23.90	81.24	**105.14**
2001-02	34.12	100.25	134.37	27.61	92.51	**120.12**
2002-03	39.19	116.32	155.51	27.61	91.80	**119.41**
2003-04	45.03	134.98	180.01	27.61	90.79	**118.40**
2004-05	51.77	156.65	208.42	46.01	135.54	**181.55**
योग	**199.82**	**594.61**	**794.43**	**152.74**	**491.88**	**644.62**

तृतीय राज्य वित्त आयोग

3.3 तृतीय राज्य वित्त आयोग का गठन वर्ष 2005 में किया गया था और इसने 2005–06 से 2009–10 की कालावधि के लिए वर्ष 2008 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें राज्य के शुद्ध कर राजस्व के 3.50 प्रतिशत (प्रोत्साहन के लिए 0.50 प्रतिशत सम्मिलित करते हुए) के न्यागमन की सिफारिश पं.रा.स. और न.स्था.नि. दोनों के लिए की थी। सरकार द्वारा समस्त जारी की गयी रकम सिफारिश किए गए न्यागमन का कुल 70.6 प्रतिशत है – न.स्था.नि. के लिए 69.5 प्रतिशत और रा.वि. आ. के लिए 71.0 प्रतिशत।

सारणी 3.3 : तृतीय रा.वि.आ. द्वारा सिफारिश किये गये न्यागमन और जारी रकम

(रु. करोडों में)

वर्ष	तृतीय रा.वि.आ. द्वारा सिफारिश की गयी			राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी		
	न.स्था.नि.	पी आर आई	कुल	न.स्था.नि.	पी आर आई	कुल
2005-06	86.32	251.89	338.21	53.75	157.57	**211.32**
2006-07	97.14	287.91	385.05	60.30	180.00	**240.30**
2007-08	109.56	329.00	438.56	57.85	180.10	**237.95**
2008-09	123.80	375.88	499.68	75.40	180.10	**255.50**
2009-10	140.11	429.36	569.47	139.95*	490.79**	**630.74**
कुल	**556.93**	**1674.04**	**2230.97**	**387.25**	**1188.56**	**1575.81**

* वर्ष 2008–09 के लिए 25.14 करोड़ रु. का बकाया सम्मिलित है।

** वर्ष 2008–09 के लिए 133.12 करोड़ रु. का बकाया सम्मिलित है।

अन्य सिफारिशों का कार्यान्वयन

3.4 प्रथम, द्वितीय और तृतीय राज्य वित्त आयोगों ने बड़ी संख्या में प्रशासनिक प्रकृति की सिफारिशें की हैं जिनमें लेखा प्रणाली में सुधार, स्थानीय निकायों को सशक्त बनाना और पं.रा.सं. तथा न.स्था.नि. के वित्तीय स्वास्थ्य में सुधार करना सम्मिलित है। यह देखकर दुख होता है कि राज्य सरकार ने उन सिफारिशों को सम्मिलित नहीं किया था जिनमें की गयी कार्रवाई रिपोर्ट (ए.टी.आर.)में कोई वित्तीय विवक्षा नहीं थी और जो राजस्थान विधानसभा को प्रस्तुत की गयी थी। यद्यपि, राज्य सरकार ने आयोगों द्वारा की गयी अधिकतर सिफारिशों को कार्यान्वित किया।

3.5 आयोग ने संबंधित विभागों जैसे पंचायती राज विभाग, स्थानीय स्वशासन विभाग और वित्त विभाग को तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा की गयी सिफारिशों के कार्यान्वयन की नवीनतम प्रास्थिति को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। तृतीय राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन की प्रास्थिति नीचे दी गयी है।

3.6 तृतीय राज्य वित्त आयोग ने 51 सिफारिशें कीं, जिनमें से प्रथम चार सिफारिशें 9.1 से 9.4 तथ्यात्मक वक्तव्य हैं जिनके अनुपालन की कोई आवश्कता नहीं है। इन सिफारिशों की अनुपालना का पर्यवेक्षण वित्त विभाग द्वारा किया जाना था और मुख्य रूप से पंचायती राज विभाग और स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा किए जाने की आवश्यकता थी। आयोग को पंचायती राज विभाग, स्थानीय स्वशासन विभाग और वित्त विभाग से अनुपालना रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं।

3.7 विशिष्ट विभागों से प्राप्त सिफारिशें और उनकी बिन्दुवार अनुपालना, आयोग के दृष्टिकोण के साथ निम्न प्रकार से प्रस्तुत है :

तृतीय राज्य वित्त आयोग	
सिफारिश संख्यांक	**की गयी कार्रवाई और अभ्युक्तियां**
सं. 9.5 : प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अर्हित ग्राम सेवक के अतिरिक्त, एक पूर्णकालिक अर्हित कम्प्यूटर जानकार स्नातक को नियुक्त करना। इन कार्मिकों को भुगतान, हमारे द्वारा सिफारिश की गयी न्यागमन रकम में से किया जाएगा।	9.5 : की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी भी प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : राज्य सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम्प्यूटर साक्षर कनिष्ठ लिपिकों के दो पदों को मंजूरी दी है। इसलिए पूर्णकालिक कम्प्यूटर अर्हित स्नातक अपेक्षित नहीं है। अतः सिफारिश की अनुपालना मान ली गयी है।

सं. 9.6 : राज्य सरकार को, ग्राम पंचायत को सेवाएँ प्रदान करने के योग्य बनाने के लिए जहाँ भी आवश्यक हो धारा 65 की उपधारा (3) और (4) में प्रतिष्ठापित अपनी शक्तियों का अवलंब लेना चाहिए।	9.6 : की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी भी प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : सरकार को रा.वि.आ. को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए सिफारिशों के अनुसार कार्य करना चाहिए। वित्त विभाग को शीघ्र अनुपालना के लिए पंचायती राज विभाग के साथ अनुकरण करना चाहिए।
सं. 9.7 : सरकार को अनुसूचित अधिसूचित क्षेत्रों (एस एन ए) में मुख्य और गौण खनिजों के आबंटन को प्रतिषिद्ध करने से संबंधित परिपत्र को वापस ले लेना चाहिए।	9.7 : की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी भी प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : राज्य सरकार को लंबित मामलों का निर्णय लेकर अविलंब समाधान करना चाहिए। वित्त विभाग को शीघ्र अनुपालना के लिए खान विभाग के साथ अनुकरण करना चाहिए।
सं. 9.8 : सरकार को पंचायती राज विभाग के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिनियम 94 की धारा 8 क की उपधाराओं (3) और (4) के उपबंधों को ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा वित्तीय वर्ष की प्रथम और अंतिम तिमाही में धारा 8–क की उपधाराओं (3) और (4) में उल्लिखित विषयों पर अधिवेशन बुलाकर आज्ञापक रूप से पालन किया जा रहा है।	9.8 : की गयी कार्रवाई : अधिनियम के उपबंधों की अनुपालना की जा रही है। अभ्युक्तियां : क्षेत्र में प्राप्त स्थिति ऐसी है कि अधिकांश ग्राम पंचायतों के लेखे समयानुसार तैयार नहीं हो पाते हैं अतः ग्राम सभा के समक्ष वार्षिक लेखे का प्रस्तुतीकरण संभव नहीं है। अत्यधिक संपरीक्षा पैराओं का लंबित होना भी इस संबंध में ग्राम पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारियों की अनिच्छा दर्शाता है। राज्य सरकार को यह सलाह दी जाती है कि ग्राम सभा के समयानुसार अधिवेशन बुलाने को, पूर्वनिर्धारित कार्यसूची के साथ, सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीणों को ग्राम पंचायतों की निधियों और कार्यों की प्रास्थिति को जानने हेतु समर्थ बनाया जा सके।
सं. 9.9: 1994 के अधिनियम की धारा 8क की	9.9: की गयी कार्रवाई : अधिनियम के उपबंधों

उप धारा (6) मे एक संशोधन अपेक्षित है ताकि ग्राम सभा के संकल्पों को मात्र ''सुझाव'' के रूप में व्यवहत न करते हुए उस सीमा तक आज्ञापक माना जाये जहां तक उनकी अनुपालना संभव हो।	का अनुसरण किया जा रहा है। अभ्युक्तियां : आयोग की यह राय है कि जिला योजना और निर्बन्ध निधियों से ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित किये जाने वाले संकर्मों के लिये ग्राम सभा का पूर्व अनुमोदन होना चाहिए।
सं. 9.10: वार्ड पंचों की प्रभावी प्रतिभागिता के लिए सरकार को विभिन्न योजनाओं और तृतीय वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग, राज्य और केन्द्रीय सरकार द्वारा सीधे ही पंचायत राज संस्थाओं को किये गये अन्य न्यागमों के अधीन न भेजी गयी रकम की प्रत्येक स्वीकृत की एक प्रति पंचायत राज संस्थाओं के प्रत्येक स्तर को भेजनी चाहिए।	9.10: की गयी कार्रवाई : पंचायती राज संस्थाओं को जारी की गयी निधियों की प्रतियां ग्राम पंचायत स्तर तक वितरित कर दी गयी हैं। अभ्युक्तियां : ग्राम पंचायत में प्राप्त स्वीकृतियों की प्रतियों को वार्ड पंचों तक उपलब्ध कराने के लिए ग्राम सेवक को कर्तव्य बद्ध किया जाना चाहिए। राजस्थान पंचायती राज नियमों के नियम 331 में तदनुसार आवश्यक संशोधन किया जा सकता हैं।
सं. 9.11: विभिन्न जिलों में पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित छोटी और बड़ी टंकियों की जिलेवार आवश्यकता को देखते हुए, आयोग यह सिफारिश करता है कि सरकार को पंचायती राज संस्थाओं को सिंचाई विभाग के बजट में से, अन्तरित टंकियों के अनुरूप, 32.20 करोड़ रुपये के अन्तरण पर विचार करना चाहिए	9.11: की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी तक प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : वित्त विभाग को पंचायती राज विभाग के माध्यम से सिंचाई विभाग पर दबाव बनाना चाहिए और पंचायती राज संस्थाओं को निधियों के अन्तरण को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि वे उन सिंचाई टंकियाँ जो पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित की गयी हैं की मरम्मत और रखरखाव कर सकें।
सं. 9.12: वित्त विभाग को स्टाम्प शुल्क और मण्डी कर पर अधिभार की वसूली प्रक्रिया को यथाशीघ्र अधिकथित करना चाहिए और उनकी वसूली के लिए और पंचायती राज अधिनियम/नियमों में यथा उपबंधित है, जिला परिषद के लोक निक्षेप खाते में जमा समुचित	9.12: की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी तक प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : यह देखा गया है कि राज्य सरकार ने स्टाम्प शुल्क पर 10% अधिभार अधिरोपित किया है जो राज्य सरकार द्वारा संगृहीत किया

निदेश जारी करने चाहिए ताकि पंचायत राज संस्थाओं के स्तर पर अतिरिक्त स्रोत जुटाने की प्रचालन को सुविधा हो सके।	जा रहा है और स्थानीय निकायों में वितरित किया जा रहा है। वित्त विभाग को कृषि विभाग का अनुशीलन करना चाहिए।
सं. 9.13: गृह कर की अत्यधिक बकायों के बारे में आयोग चिंतित है। बकायों की रकम के अभिलेख पूर्ण नहीं हैं और निदेशक, स्थानीय निकाय गृह कर की बकाया के ब्योरे प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं। अतः आयोग यह सिफारिश करता है कि कर्मचारियों को प्रोत्साहन देकर बकाया रकम की वसूली कर्मचारियों को प्रोत्साहन देकर शीघ्र करवायी जानी चाहिए।	9.13: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार द्वारा गृह कर का उत्सादन कर दिया गया है। राज्य सरकार ने राजस्थान विधान सभा को प्रस्तुत की गयी कार्रवाई रिपोर्ट में इस सिफारिश को सम्मलित नहीं किया था। अभ्युक्तियां : गृह कर की बकाया यथाशीघ्र वसूल की जानी चाहिए।
सं. 9.14: यदि दरों के पुनरीक्षण की शक्ति अधिनियम और/या नियमों द्वारा विकेन्द्रित कर दी जायें और नगरीय स्थानीय निकायों को प्रदत्त कर दी जायें तो यह 74वें संविधान संशोधन की भावना के अनुरूप होगा। आयोग इसकी सिफारिश करता है।	9.14: की गयी कार्रवाई : वित्त विभाग ने इस बिन्दु को कार्रवाई रिपोर्ट में सम्मलित नहीं किया था। अभ्युक्तियां: राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 108 यह उपबंधित करती है कि नगरपालिकाओं की कर अधिरोपित करने की शक्ति धारा 102 और 103 में यथा परिभाषित के अनुसार है। आयोग इसे सिफारिश की अनुपालना मानता है।
सं. 9.15: आयोग ने राज्य सरकार से यह सिफारिश की थी कि वह चुंगी क्षतिपूर्ति को 10% वार्षिक बढ़ोतरी के साथ प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करेगी। चुंगी क्षतिपूर्ति को वर्ष 2008–09 से बहाल किये जाने की आवश्यकता है। चूंगी क्षतिपूर्ति की 10% वार्षिक वृद्धि की दर बनाये रखी जानी चाहिए।	9.15: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने 2005 से 10% वार्षिक बढोतरी के साथ चुंगी के लिए क्षतिपूर्ति उपलब्ध करादी है। यह राज्य सरकार की नीति के अनुरूप है। अभ्युक्तियां : वित्तीय वर्ष 2001–04 के दौरान नगरीय स्थानीय निकायों को चुंगी के लिए क्षतिपूर्ति कम दर पर दी गयी थी। परिणामस्वरूप, नगरीय स्थानीय निकाय वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। इसमें सुधार किया जाना चाहिए।

सं. 9.16: आयोग की यह सुविचारित राय है कि मार्गों पर प्रकाश उपलब्ध कराना नगरपालिकाओं का दायित्व है। चूंकि अधिकांश नगरपालिक निकायों की वित्तीय स्थिति कमजोर है। अतः वे विद्युत् व्यय की बकाया का संदाय करने में असमर्थ हैं। इसलिए, आयोग यह सिफारिश करता है कि राज्य सरकार को मार्गों में प्रकाश के लिए नगरीय स्थानीय निकायों के विद्युत् बिलों के भार पर विचार करना चाहिए और इस समस्या के समाधान के लिए विचारपूर्ण निर्णय लेना चाहिए। इस बारे में नगरीय स्थानीय निकायों के मार्गों पर प्रकाश के बिल की पूर्ति की सीमा तक विद्युत् शुल्क पर अधिभार बढ़ाये जाने पर विचार किया जा सकता हैं।	9.16: की गयी कार्रवाई : इस प्रयोजन के लिए विद्युत् वितरण निगमों द्वारा विद्युत् उपभोक्ताओं से 15 पैसे प्रति यूनिट उपकर प्रभारित किया जा रहा है और नगरीय स्थानीय निकायों के मार्गों पर प्रकाश के बिलों का समायोजन इस संगृहीत उपकर में से किया जा रहा है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.17: आयोग के ध्यान में यह भी लाया गया हैं कि विवेकाधीन करों को अधिरोपित करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव निदेशालय और संबंधित विभाग में वर्षों से लम्बित पड़े हैं। आयोग यह सिफारिश करता है कि समय पर स्वीकृति प्रदान कर के और राजपत्र में सुसंगत अधिसूचना जारी कर के राज्य सरकार को ऐसे विवेकाधीन कर के प्रस्तावों को सुकर आवश्यक रूप से बनाना चाहिए।	9.17: की गयी कार्रवाई : विवेकाधीन करों के उदग्रहण करने की शक्तियां नगरीय स्थानीय निकायों को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अधीन प्रदान की गयी हैं। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.18: सामान्य प्रयोजन के लिए प्रतिव्यक्ति अनुदान जो कि 1991 के जनगणना आकड़ों के आधार पर जारी किया जा रहा है, इसे 2001 के जनगणना आकड़ों के आधार पर जारी किया जाना चाहिए।	9.18: की गयी कार्रवाई : न्यागमन में 2.25% से 3.50% की वृद्धि और मनोरंजन कर का 100% नगरीय स्थानीय निकायों को अन्तरित किये जाने के कारण 2007–08 तक नगरीय स्थानीय निकायों को संदत किया गया प्रतिव्यक्ति सामान्य प्रयोजन अनुदान 2008–09 से बंद कर दिया गया है। अभ्युक्तियां : नोट की गयी।

सं. 9.19: आयोग की यह सिफारिश है कि पंचायत स्तर पर लेखों के सही संधारण को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जाने चाहिएं :– 1. सभी ग्राम पंचायतों को कम्प्यूटर के जानकार स्नातक व्यक्ति उपलब्ध कराये जाने चाहिएं। 2. ग्राम सेवक/सचिव जो पहले से ही पंचायतों में कार्य कर रहे हैं, उन को समुचित लेखा पद्धति का गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और ऐसे प्रशिक्षण नियमित अन्तरालों पर होने चाहिएं।	9.19: की गयी कार्रवाई : 1. सरकार द्वारा इस सिफारिश पर सकारात्मक रूप से समय पर विचार नहीं किया गया। 2. 1100 ग्राम सेवकों/सचिवों को **करिश्मा** परियोजना के अधीन प्रशिक्षण दिया गया। अभ्युक्तियां : सरकार ने वर्ष 2012–13 के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम्प्यूटर के जानकार कनिष्ठ लिपिक के दो पद स्वीकृत किये हैं। वे ग्राम पंचायत के लेखाओं के संधारण में सहायक होंगे। इस आधार पर सिफारिश की अनुपालना स्वीकार की गयी।
सं. 9.20: आयोग यह सिफारिश करता है कि सरपंच को नकद राशि के प्रबन्ध, लेखापुस्तकों और पंचायतों के अन्य अभिलेखों के रखरखाव की परेशानी से मुक्त रखा जाना चाहिए। आयोग यह और सिफारिश करता है कि ग्राम सेवक सह सचिव और कम्प्यूटर के जानकार व्यक्ति को समुचित रूप से प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वह नकद राशि का प्रबन्ध और विहित लेखाओं का अभिलेख संधारित कर सके साथ ही कम्प्यूटर का उपयोग कर सके।	9.20: की गयी कार्रवाई : ग्राम सेवक सह सचिव को नकद के प्रबन्ध और विहित लेखों और अभिलेखों के संधारण के लिए उत्तरदायी बनाया गया है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.21: पंचायत समितियों में पदस्थापित कनिष्ठ लेखाकारों या, यथास्थिति, लेखाकारों को ग्राम सेवक/पंचायत कार्मिक द्वारा समय पर लेखा तैयार करने और संधारित करने के पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी बनाया जाये। पंचायत स्तर पर लेखा तैयार और संधारित करने के पर्यवेक्षण का कार्य संबंधित पंचायत समिति में स्थापित लेखा कार्मिकों में बांटा जा सकता है। यह लेखाओं के समय पर तैयार और संधारित किये जाने में सहायक होगा।	9.21: की गयी कार्रवाई : पंचायत समितियों के कनिष्ठ लेखाकार/लेखाकार, लेखाओं तैयार करने और इनके संधारण का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। अभ्युक्तियां : इस व्यवस्था के होने पर भी अधिकांश ग्राम पंचायतों के लेखे समय पर पूर्ण नहीं किये गये है। अतः पंचायत समितियों के कनिष्ठ लेखाकारों/लेखाकारों को ग्राम पंचायत वार उत्तरदायित्व न्यस्त किया जाना अपेक्षित है।

<table>
<tr>
<td>सं. 9.22: ग्राम पंचायत का आस्ति रजिस्टर ग्राम पंचायत और पंचायत समिति दोनों स्तरों पर रखा जाना है। पंचायत समिति के कर्मचारिवृन्द को ऐसी आस्तियों का वर्ष में दो बार भौतिक सत्यापन करना चाहिए।</td>
<td>9.22: की गयी कार्रवाई : आस्ति रजिस्टर का संधारण और सम्पत्तियों के निरीक्षण का उपबंध राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 137 में किया गया है।

अभ्युक्तियां : नियमों में उपबंध होने पर भी, अधिकांश ग्राम पंचायतों में आस्ति–रजिस्टर न तो संधारित किये जा रहे हैं और न ही नियमित रूप से अद्यतन किये जा रहे हैं। आस्ति रजिस्टरों का संधारण और आस्तियों का भौतिक सत्यापन पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 137 और 139 के अनुसार किया जाये चाहिए।</td>
</tr>
<tr>
<td>सं. 9.23: आयोग ने सर्वसम्मति से राज्य के स्वयं के कर राजस्व के शुद्ध आगमों का 3.50% पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों को न्यागमन की सिफारिश करने का विनिश्चय किया है। इसमें से 0.50% हिस्सा स्थानीय निकायों को उनके स्वयं के स्रोतों से राजस्व जुटाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में दिया जाना चिन्हित किया जायेगा।</td>
<td>9.23: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने यह सिफारिश 2008–09 से स्वीकार कर ली है।
अभ्युक्तियां : न्यागमन, समग्र अवार्ड अवधि अर्थात् वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिए किया जाना चाहिए।</td>
</tr>
<tr>
<td>सं. 9.24: सिफारिश किये गये न्यागमन के% पर आधारित, अर्थात्मनोरंजन कर और खनिज रॉयल्टी का 3.50% हिस्सा, आयोग ने अवार्ड कालावधि 2005–10 के दौरान पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों को 2230.97 करोड़ रुपये के न्यागमन की सिफारिश करने का निर्णय लिया हैं, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है :–

(करोड़ रुपये में)

<table>
<tr><td>(i)</td><td>राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व</td><td></td><td>2150.35</td></tr>
</table>
</td>
<td>9.24: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने 2008–09 से इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। वर्ष 2005–06 और 2006–07 के लिए तृतीय राज्य वित्त आयोग के अन्तरिम रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों के अनुसार अनुदान जारी कर दिया गया है। वर्ष 2007–08 के लिए बजट आवंटन के अनुसार अनुदान जारी कर दिया गया है।

अभ्युक्तियां : न्यागमन समग्र अवार्ड कालावधि अर्थात् वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिए किया जाना चाहिए।</td>
</tr>
</table>

	(61438.43 करोड़ रुपये का) का 3. 50%, मनोरंजन कर को निम्नानुसार अपवर्जित करते हुए :–			
	(क) कर में मुक्त अंश के रूप में 3%	1843.15		
	(ख) स्रोत जुटाने के लिए प्रोत्साहन की रकम 0.5%	307.20		
(ii)	मनोरंजन कर के शुद्ध आगमों (34.40 करोड़) का 100%		34.40	
(iii)	खनिजों पर रॉयल्टी से शुद्ध प्राप्तियां (4622. 60 करोड़) का 1%		46.22	
	(i), (ii) और (iii) का योग		2230.97	
सं. 9.25: कराधान के सिद्धान्तों के अनुसार वह कर जिसका प्रभाव स्थानीय प्रकृति का हो और जिसका विस्तार इसकी सीमाओं से बाहर न हो, स्थानीय निकायों से संबंधित होना चाहिए। मनोरंजन कर ऐसा ही कर है। अतः यह आयोग सिफारिश करता है कि मनोरंजन कर के समस्त शुद्ध आगम नगरीय स्थानीय निकायों को उनके क्षेत्रों में संग्रहण के आधार पर उनको अन्तरित कर दी जानी चाहिए।				9.25: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने 2008–09 से यह सिफारिश स्वीकार कर ली है और मनोरंजन कर के अधीन प्राप्त रकम नगरीय स्थानीय निकायों को जारी की जा रही है। अभ्युक्तियां : राज्य सरकार द्वारा 1.4.2011 से मनोरंजन कर समाप्त कर दिया गया है।
सं. 9.26: मामले के विभिन्न पक्षों पर विचार करने				9.26: की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी तक

के पश्चात, आयोग ने निर्णय लिया है कि मुख्य और गौण दोनों प्रकार के खनिजों की रॉयल्टी से प्राप्त शुद्ध प्राप्तियों का 1% उस ग्राम पंचायत को, जिसके क्षेत्र से खनिज निकाले जाते हैं/रॉयल्टी वसूल की जाती है, अन्तरित किये जाने की सिफारिश की जाये। वितरण की वास्तविक रकम का निर्धारण संबंधित जिले में वसूल की गयी शुद्ध रायॅल्टी पर आधारित की जा सकती है।	प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : वर्ष 2012–13 का राज्य सरकार का बजट यह दर्शित करता है कि खनिजों पर रॉयल्टी का न्यागमन राज्य सरकार द्वारा सिफारिशों के आधार पर किया जा रहा है। अतः सिफारिश की अनुपालना की हुई मानी गयी।
सं. 9.27 आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों में शुद्ध कर राजस्व (मनोरंजन कर के अतिरिक्त) में 1843.15 करोड़ रुपये के प्रतिनिधि अंश को ग्रामीण–नगरीय जनसंख्या के क्रमशः 75.7% और 24.3% के अनुपात के आधार पर वितरित करने की सिफारिश की है। आयोग ने ग्राम पंचायत और नगरीय स्थानीय निकायों को अप्रयुक्त स्रोतों से राजस्व जुटाने के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में उपलब्ध कराने की भी सिफारिश करने का विनिश्चय किया है।	9.27: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने 2008–09 से इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। अभ्युक्तियां : यह सिफारिश समग्र अवार्ड कालावधि अर्थात् वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिए लागू की जानी चाहिए।
सं. 9.28: विभिन्न सामाजिक–आर्थिक संकेतकों का गहराई से विश्लेषण करने के पश्चात् आयोग ने पंचायती राज संस्थानों को आगे न्यागत करने के लिए निधियों के जिले–वार वितरण के लिए निम्नलिखित पैमाने की सिफारिश की थी : 60% : जनसंख्या ; 20% : भौगोलिक क्षेत्र ; 5% : गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों की संख्या ; के आधार पर दर्शित गरीबी ; 5% : साक्षरता का स्तर ; 5% : अनु.जा. की जनसंख्या ; और 5% : अनु.जजा. की जनसंख्या।	9.28: की गयी कार्रवाई : विहित पैमाने पर जिले–वार आबंटन कर दिये गये हैं। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।

सं. 9.29: पंचायती राज संस्थाओं के स्वयं के कर राजस्व जो कि 1395.27 करोड़ रूपये हैं में से उनका स्वयं का हिस्सा जो तीन स्तरों यथा ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में वितरित किया जाना है के बारे में आयोग ने उसी अनुपात को जारी रखने का निर्णय लिया है जो द्वितीय राज्य वित्त आयोग द्वारा अंगीकृत किया गया था अर्थात् ग्राम पंचायतों को 85%, पंचायत समितियों को 12% और जिला परिषदों को 3% ।	9.29 की गयी कार्रवाई : निधियों का उसी अनुपात में वितरण किया जा रहा है अर्थात् ग्राम पंचायतों को 85%, पंचायत समितियों के 12% और जिला परिषदों को 3%। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.30: आयोग ने विनिश्चय किया है कि पंचायती राज संस्थाओं की करों और रॉयल्टी की रकम में से हिस्से को अन्य और प्रयोजनों के लिए विभाजित नहीं किया जाये, सिवाय उस प्रोत्साहन रकम के जो उन्हें ग्राम पंचायतों को समान आधारों पर स्वयं के स्रोतों के। जुटाने पर संदत्त की जायेगी।	9.30: की गयी कार्रवाई : सिफारिशों में मात्र तथ्य दिये गये है किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं हैं। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.31: विभिन्न क्रियाकलापों जिनमें आधारभूत संरचना का उन्नयन और संधारण एवं पंचायती राज संस्थाओं द्वारा बेहतर सेवाएं सम्मिलित हैं, में उपयोग में लाए जाने के लिए आयोग द्वारा सिफारिश किये गये निर्बन्ध अनुदान के लिए पंचायती राज संस्थाओं में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों की सक्रिय प्रतिभागिता की आवश्यकता है। अतः, आयोग यह सिफारिश करता है कि ग्राम पंचायतों के वार्ड पंच, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के सदस्य, बैठकों में सम्मिलित होने के लिए संदाय के हकदार होंगे। तथापि, इन निधियों का उपयोग चार दीवारी (विद्यालय की चार दीवारी के सिवाय), सामुदायिक केन्द्रों, चबूतरों, स्वागत द्वारों और	9.31 की गयी कार्रवाई : आदेश संख्या 5752 दिनांक 18.6.2008 के माध्यम से दिशानिर्देश पहले ही जारी कर दिया गया है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।

हताई इत्यादि का संनिर्माण करने के लिए नहीं किया जायेगा। आयोग यह और सिफारिश करता है कि इस रकम का उपयोग कर्मचारियों के वेतन या वेतन, पेंशन, भविष्य निधि की बकाया के भुगतान के लिए नहीं किया जायेगा।	
सं. 9.32: आयोग यह सिफारिश करता है कि कर राजस्व (मनोरंजन कर के सिवाय) में से 80% हिस्सा सभी नगरीय स्थानीय निकायों में उनकी जनंसख्या के आधार पर वितरित कर दिया जाये और शेष 20% हिस्सा समस्त नगरपालिकाओं के तीन वर्गों अर्थात् वर्ग II, III और VI में उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति की आंशिक तौर पर पूर्ति के लिए जनंसख्या के आधार पर वितरित किया जाये।	9.32: की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने इस सिफारिश को 2008–09 से स्वीकार कर लिया है। अभ्युक्तियां : सिफारिश को समग्र अवार्ड अवधि अर्थात् वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिए स्वीकार किया जाना चाहिए।
सं. 9.33: आयोग की राय यह भी है कि समग्र निधि को निर्बन्ध अनुदान के रूप में अंतरित किया जा सकता है। इन निर्बन्ध निधियों का उपयोग, नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा आधारभूत सामाजिक सेवाओं के रख–रखाव और अभिवृद्धि, आधारभूत ढांचे के उन्नयन, कम्प्यूटरीकरण और लेखा संधारण प्रणाली को अद्यतन बनाने में, साथ ही बारहवें वित्त आयोग द्वारा सिफारिश किये गये अनुदानों के पूरक और नगरीय विकास/सूखा राहत क्रियाकलापों के तत्समान अंश के रूप में उपयोग में लिया जायेगा। नगरीय स्थानीय निकायों को ठोस अपशिष्ट निस्तारण और अन्य सफाई संक्रियाओं को बारहवें वित्त आयोग के मार्गदर्शक सिद्वान्तों के आधार पर निष्पादन और यान्त्रिकीकरण करना चाहिए ज़िसके लिए बारहवें वित्त आयोग के अनुदान का कम से कम 50% चिन्हित है।	9.33: की गयी कार्रवाई : राज्य वित्त आयोग के निर्बन्ध क अनुदान के रूप में उपयोग के बारे में मार्गदर्शन जारी कर दिये गये हैं। नगरीय स्थानीय निकायों से अपेक्षा की गयी है कि वे ठोस अपशिष्ट का विस्तार और सफाई के अन्य कार्यों का बारहवें वित्त आयोग के मार्गदर्शन के अनुरूप निष्पादन, यान्त्रिकीकरण और निस्तारण करेंगे जिसके लिए बारहवें वित्त आयोग के अनुदान का कम से कम 50% चिन्हित है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।

सं. 9.34: ज.वि.प्रा को भूमि और सम्पत्ति के विक्रय आगमों में से 20% राज्य की समेकित निधि में अंशदान करना चाहिए जिसे आगे नगरीय स्थानीय निकायों को अन्य विकास गतिविधियों के लिए उपयोग में लिये जाने हेतु न्यागत किया जा सकें। इस पर विचार करते हुए उपयोग ने अपनी इस अंतरिम रिपोर्ट में यह सिफारिश की है कि ज.वि.प्रा. द्वारा भूमि और सम्पत्ति के विक्रय से अर्जित रकम में से 20% रकम राज्य की समेकित निधि में दी जानी चाहिए। अपनी अंतरिम रिपोर्ट में की गयी इस सिफारिश की हम पुष्टि करते हैं।	9.34: की गयी कार्रवाई : अनुपालना प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : वित्त विभाग को स्थानीय स्वशासन विभाग के माध्यम से शीघ्र अनुपालना हेतु ज.वि.प्रा. पर दवाब बनाना चाहिए।
सं. 9.35 : आयोग ने प्रचालन मॉडल और प्रभावों का परीक्षण करने के पश्चात् पंचायती राज संस्थाओं को प्रोत्साहन राशी जारी रखने का निर्णय है ताकि वे स्वयं की अतिरिक्त आय को बढावा दे सकें। अतः आयोग पंचायती राज संस्थाओं द्वारा अप्रयुक्त स्रोतों पर कर के उद्ग्रहण द्वारा सृजित राजस्व/संसाधन के बराबर अनुदान दिये जाने की सिफारिश करता है। तथापि, सरकार को पंचायती राज संस्थाओं द्वारा प्रोत्साहन स्कीम के क्रियान्वयन के लिए आयोग ने 232.55 करोड़ रुपये की सिफारिश की है।	9.35 की गयी कार्रवाई : अनुपालना प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : वित्त विभाग को पंचायती राज विभाग पर त्वरित अनुपालना के लिए दवाब बनाना चाहिए।
सं. 9.36 : आयोग, 74.65 करोड़ रुपये की रकम, जिसे आयोग ने प्रोत्साहन रकम के रूप में चिन्हित कर रखा है, में से नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा अब तक उद्गृहीत और संगृहीत नहीं किये गये विवेकाधीन करों की वसूली के बराबर रकम को प्रोत्साहन रकम के रूप में संदत्त किये जाने की सिफारिश करता है।	9.36 : की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2008–09 से प्रोत्साहन के रूप में कोई भी रकम जारी नहीं की गयी है। अभ्युक्तियां : स्थानीय स्वशासन विभाग को प्रोत्साहन के रूप में मांगी गयी रकम के बारे में और वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा

	उठायी गयी आपत्तियों, यदि कोई हों, के बारे में सरकार को बताना चाहिए।
सं. 9.37 : 2230.97 करोड़ रुपये के न्यागमन में से 34.40 करोड़ रुपये, जो मनोरंजन कर के 100% हिस्से को दर्शित करता है, को नगरीय स्थानीय निकायों को उनके अपने–अपने क्षेत्रों में एकत्र किये गये मनोरंजन कर के अनुपात में न्यागत किया जाना चाहिए और खनिजों की शुद्धता रायल्टी प्राप्तियों का 1% दर्शित करने वाले 46.22 करोड़ रुपये ग्राम पंचायतों को संबंधित जिलों में रायल्टी संग्रहण के अनुपात में न्यागत किया जाना चाहिए।	9.37 : की गयी कार्रवाई : स्थानीय स्व– शासन विभाग के अनुसार सिनेमा हालों से मनोरंजन कर का शुद्ध संग्रहण नगरीय स्थानीय निकाय को अन्तरित किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग ने खनिजों से रायल्टी प्राप्तियों के 1% को ग्राम पंचायतों को न्यागमन के बारे में की गयी सिफारिश की अनुपालना के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं दी है। अभ्युक्तिया : सरकार ने ने 1.4.2011 से मनोरंजन कर समाप्त कर दिया है। पंचायती राज विभाग ने खनिजों से रायल्टी प्राप्तियों के 1% को ग्राम पंचायतों को न्यागमन की अनुपालना के बारे में सूचना नहीं दी है किन्तु वर्ष 2012–13 के राज्य सरकार के बजट के अनुसार खनिजों की रायल्टी से प्राप्त रकम की 1% रकम ग्राम पंचायतों को न्यागत की जा रही है। अतः सिफारिश की अनुपालना की हुई मानी गयी।
सं. 9.38 : 2150.35 करोड़ की न्यागत रकम जो स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (मनोरंजन कर के सिवाय) को दर्शित करती है का बंटवारा पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकाय में जनसंख्या के अनुपात में जो 1 मार्च 2005 को अनुमानित जनसंख्या के आधार पर क्रमशः 75. 7% और 24.3% है के आधार पर किया जाना चाहिए।	9.38 : की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने इस सिफारिश को 2008–09 से स्वीकार कर लिया है। अभ्युक्तियां : सिफारिशों को समग्र अवार्ड अवधि यथा 2005–06 से 2009–10 के लिए लागू करना चाहिए।
सं. 9.39 : जहां तक जिलों में पंचायती राज संस्थाओं के बीच विभाजन योग्य हिस्से के बंटवारे की बात है आयोग ने नगरीय जनसंख्या को 60% महत्व, भौगोलिक क्षेत्र को 20% महत्व, गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की संख्या को	9.39 : की गयी कार्रवाई : पंचायती राज संस्थाओं को तद्नुसार निधियों का अंतरण कर दिया गया है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।

15% महत्व और अनुसूचित जाति को 5% महत्व देने के पैमाने को अंगीकार करने का निर्णय लिया है। इन महत्वों के अवधारण के लिए जिलों को इकाई माना जायेगा।	
सं. 9.40 : पंचायती राज संस्थाओं के तीन स्रोतों में कर की रकम के अंशों के बंटवारे के बारे में आयोग ने ग्राम पंचायतों को 85%, पंचायत समितियों को 12% और जिला परिषदों को 3%, जैसा कि अंतरिम रिपोर्ट में सिफारिश की गयी थी, जारी रखने का निर्णय लिया है।	9.40 : की गयी कार्रवाई : निधियों का अंतरण उसी अनुपात में यथा ग्राम पंचायतों को 85%, पंचायत समितियों को 12% और जिला परिषदों को 3% किया जा रहा है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.41 : नगरीय स्थानीय निकायो के बीच विभाज्य निधियों के बंटवारे के बारे में आयोग ने 2001 की जनगणना आंकडों के आधार पर जनसंख्या का आधार अंगीकार करने का निर्णय किया है। आयोग ने सभी नगरीय स्थानीय निकायों को जनसंख्या के आधार पर 80% हिस्से के बंटवारे और अतिरिक्त 20% रकम को वर्ग में II, III और VI में आने वाली नगरपालिकाओं में उनके संकीर्ण संसाधन आधार और कमजोर वित्तीय को ध्यान में रखते हुए बंटवारे का निर्णय किया है। वर्ग में II, III और VI में आने वाली नगरपालिकाओं को उनकी शोचनीय वित्तीय स्थिति को देखते हुए 15% (पूर्व में हमारी अंतरिम रिपोर्ट में सिफारिश) के स्थान पर 20% बढाया जाता है।	9.41 : की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने सिफारिश 2008–09 से स्वीकार कर ली है। अभ्युक्तियां : सिफारिश को समग्र अवार्ड अवधि यथा वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिए क्रियान्वित किया जाना चाहिए।
सं. 9.42 : प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए आयोग ने सिफारिश की है कि ग्राम पंचायतों के लिए प्रोत्साहन की 232.55 करोड़ रुपये की रकम जिला परिषदों के पी.डी. खाते में रखी जानी चाहिए और नगरीय स्थानीय निकायों के लिए 74.65 करोड़ रुपये की रकम निदेशक, स्थानीय निकाय के व्ययनाधीन इस प्रयोजन के लिए खोले जाने वाले एक पी.डी. खाते में रखी जानी चाहिए।	9.42 : की गयी कार्रवाई : स्थानीय स्व– शासन विभाग ने सूचित किया है कि राज्य सरकार द्वारा कोई रकम जारी नहीं की गयी है। पंचायती राज विभाग ने अनुपालना की कोई रिपोर्ट नहीं दी है। अभ्युक्तियां : स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा राज्य सरकार से मांगी गयी प्रोत्साहन की रकम के बारे में सूचना देनी और वित्त विभाग या

	राजस्थान सरकार द्वारा किये गये प्रश्नों, यदि कोई हों, के बारे में बताना अपेक्षित है। यह और कि पंचायती राज विभाग को अनुपालना में शीघ्रता लानी चाहिए।
सं. 9.43 आयोग ने बारहवें वित्त आयोग के अनुदानों के लिए विभिन्न पक्षों पर विचार किया और यह सिफारिश करता है कि मुख्य सामाजिक सेवाओं के संधारण के आशयित अनुदान ग्राम पंचायतों को उनकी जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र, गरीबी, शिक्षा और अ.जा/ अ. जजा/जनसंख्या को आयोग की सिफारिश के अनुसार महत्व प्रदान करते हुए आबंटित किया जाना चाहिए। साथ ही नगरीय स्थानीय निकायों के लिए तृतीय वित्त आयोग अनुदानों का 80% जनसंख्या के आधार पर समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को और II, III और VI में आने वाली नगरपालिकाओं के लिए जनसंख्या के आधार पर 20% अतिरिक्त वितरित किया जाना चाहिए।	9.43 : की गयी कार्रवाई : तृतीय वित्त आयोग निधियों के उपयोग के लिए पत्र क्रमांक 4448 दिनांक 26.11.2005 के माध्यम से मार्गदर्शन जारी किये गये थे। स्थानीय स्वशासन सरकार विभाग ने सूचित किया कि सिफारिश के अनुसार नगरीय स्थानीय निकायों को तृतीय वित्त आयोग के अधीन अनुदान जारी कर दिये गये हैं:– जनसंख्या के आधार पर नगरीय स्थानीय निकायों की 80% और वर्ग II, III और VI के अधीन आने वाली नगरपालिकाओं को 20% अतिरिक्त अनुदान के कम से कम 50% को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में उपयोग में लिये जाने का उपबंध भी किया गया था। पंचायत राज विभाग ने इसकी अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.44 : ग्यारहवें वित्त आयोग ने ग्राम पंचायतों के लेखों के संधारण और पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के डाटा बेस के सृजन के लिए अनुदान की सिफारिश की थी। इस कार्य को निरीक्षक और महालेखा परीक्षक के पर्यवेक्षण के अधीन किया जाना था। पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों का डाटा बेस बहुत बुरी हालत में है। अतः राज्य सरकार एक लिखित आदेश द्वारा स्थानीय निकाय विभाग और पंचायती राज विभाग को डाटा के एकत्रीकरण और समेकन के लिए और उसे राज्य वित्त आयोग को उपलब्ध करवाने के लिए उत्तरदायी बना सकती है।	9.44 : की गयी कार्रवाई : स्वायत्त शासन विभाग ने सूचित किया कि 13वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नगरीय स्थानीय निकायों के द्वारा डेटा बेस तैयार किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग ने सूचित किया कि लेखों के संधारण और डेटा बेस सृजन के लिए करिश्मा परियोजना में 32 जिला परिषदों 237 पंचायत समितियों और 1114 ग्राम पंचायतों को लिया गया है। अभ्युक्तियां : पंचायती राज विभाग और नगरीय स्थानीय निकायों ने सुसंगत डेटा के एकीकरण और समेकन के लिए व्यवस्था नहीं की है। दोनों विभागों से संस्था वार वित्तीय डाटा के

	एकत्रीकरण, समेकन और संधारण की अपेक्षा की जाती है।
सं. 9.45 जनसंख्या में बढ़ौतरी के कारण नगरीय क्षेत्रों में सफाई, मैला ढोने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सडक रखरखाव, सडक पर की लाइटों और अन्य सामाजिक प्रसुविधाओं से संबंधित कार्यों का बोझ बढ़ गया है। यह सिफारिश की जाती है कि इन सामाजिक सेवाओं के बेहतर निष्पादन के लिए नगरीय स्थानीय निकायों इन्हें संविदा पर दे इससे लागत में भी कमी आयेगी।	9.45 : की गयी कार्रवाई : अधिकांश नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा सफाई ढोने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सडक रखरखाव सडकी ली लाइटों और अन्य सामाजिक प्रसुविधाओं का कार्य संविदा पर करवाया जा रहा है। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.46 : हमने सिफारिश की थी कि राज्य सरकार हमारे द्वारा सिफारिश की गयी रकम पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों को समय पर अंतरित कर दे और एक बार जारी की गयी निधि के आहरण पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए।	9.46 : की गयी कार्रवाई : राज्य सरकार ने अनुदान समय पर जारी कर दिया था। अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी।
सं. 9.47 : अंतिम रिपोर्ट में हमारे द्वारा की गयी सिफारिश और न्यागमन के लिए सिफारिश की गयी रकमें, अवार्ड कालावधि 2005–10 के लिए प्रचालन में रहेंगी। हमारी अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकाओं को पहले से जारी की गयी रकम को अंतिम रिपोर्ट में सिफारिश की गयी निधि में समायोजित किया जा सकता है।	9.47 : राज्य सरकार ने इस सिफारिश को 2008–09 से स्वीकार कर लिया। वर्ष 2005–06 और 2006–07 के लिए तृतीय राज्य वित्त आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों के आधार पर अनुदान जारी कर दिया गया है। वर्ष 2007–08 के लिए बजट आवंटन के अनुसार अनुदान जारी कर दिया गया है। अभ्युक्तियां : सिफारिशें समग्र अवार्ड कालावधि यथा वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिए लागू की जानी चाहिएं।
सं. 9.48: निधियों, कृत्यों और कृत्यकारियों के साथ निम्नलिखित मुख्य विषयों का अंतरण पंचायती राज संस्थाओं को किया जाना चाहिए:– 1. कृषि 2 लघु सिंचाई 3 शिक्षा 4 लोक स्वास्थ्य 5 पशुपालन 6 पशुपालन और मुर्गीपालन 7 सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी 8 अल्प वन	9.48 : की गयी कार्रवाई : आदेश दिनांक 2. 10.2010 के द्वारा निधियों, कृत्यों और कृत्यकारियों के साथ 5 विभागों के क्रियाकलाप विषय पंचायती राज संस्थाओं को अंतरित कर दिये गये है।

उपज	अभ्युक्तियां : अनुपालना नोट की गयी
सं. 9.49 : राज्य सरकार को उन पंचायती राज संस्थाओं को चुंगी के बदले मे अनुदान जारी करना चाहिए जो इसकी समाप्ति के पूर्व चुंगी एकत्र कर रही थीं। आयोग के ध्यान में यह आया है कि पंचायती राज संस्थाओं के मामले में (जो समाप्ति के पूर्व चुंगी एकत्र कर रही थीं) या तो चुंगी बन्द कर दी गयी है या 1999–2000 के पैमाने पर बिना 10% वार्षिक बढौतरी के दी जा रही है। आयोग सिफारिश करता है कि पंचायती राज संस्थाओं (जो समाप्ति के पूर्व चुंगी एकत्र कर रही थीं) को 10% वार्षिक बढौतरी प्रदान की जानी चाहिए और नगरीय स्थानीय निकायों की ही भांती उन पर भी समान मानक लागू होने चाहिएं।	9.49 : की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : वित्त विभाग को पंचायती राज विभाग पर शीघ्र अनुपालना के लिए दवाब बनाना चाहिए।
सं. 9.50 : आयोग नव निर्वाचित प्रतिनिधियों, विशेषरूप से वे जो प्रथम बार निर्वाचित हुए है, के प्रशिक्षण की सिफारिश करता है।	9.50 : की गयी कार्रवाई : पंचायती राज विभाग ने सूचित किया है कि पंचायती राज संस्थाओं के समस्त तीनों स्तरों के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभ्युक्तियां : वित्त विभाग को स्थानीय स्वशासन विभागपर शीघ्र अनुपालना के लिए दवाब बनाना चाहिए।
सं. 9.51 : चूंकि सामान्य प्रशिक्षण में कुछ समय लगता है, आयोग यह महसूस करता है और सिफारिश करता है कि नव–निर्वाचित वार्ड पंचों/सरपंचों, पंचायत समितियों के सदस्यों, जिला परिषदों और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए जिला परिषद के व्ययन पर कुछ निधि रखी जानी चाहिए।	9.51 की गयी कार्रवाई : अनुपालना अभी प्रतीक्षित है। अभ्युक्तियां : इंन्दिरा गांधी पंचायती राज संस्था के अलावा वर्तमान में राज्य में अजमेर जोधपुर और डूंगरपुर में तीन प्रशिक्षण केन्द्र है और वर्ष 2013–14 में कोटा, भरतपुर और बीकानेर में तीन और पंचायत प्रशिक्षण केन्द्रों की स्वीकृति जारी की गयी है। अतः आयोग ने इस सिफारिश की अनुपालना हुई स्वीकार कर ली है।

निष्कर्ष :–

3.8 यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार ने तृतीय राज्य वित्त आयोग की कतिपय महत्वपूर्ण सिफारिशों को ऐसा करने के कोई कारण बताए बिना स्वीकार/क्रियान्वित नहीं किया था। यह अपेक्षा की जाती है कि राज्य सरकार द्वारा बिना किसी अपवाद के राज्य वित्त आयोग की सिफारिशें स्वीकार की जायेंगी और उन पर कार्रवाई की जायेगी। यदि किसी सिफारिश को आवश्यकता या परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण स्वीकार नहीं किया जाता है तो उसके कारण की गयी कार्रवाई रिपोर्ट में अभिलिखित किये जा सकेंगे। यह आश्चर्यजनक है कि राज्य वित्त आयोग की सभी सिफारिशें राज्य सरकार द्वारा राजस्थान विधान सभा में प्रस्तुत की गयी की गयी, कार्रवाई रिपोर्ट में सम्मिलित नहीं की गयी थीं। की गयी कार्रवाई रिपोर्ट में सम्मिलित न की गयी सिफारिशों की सूची उपबंध– III.1 में दी गयी है। इसका अर्थ यह है कि, की गयी कार्रवाई रिपोर्ट सिफारिशों और उन पर की गयी कार्रवाई पर सरकार के विनिश्चयों का सम्पूर्ण चित्र नहीं दर्शाती। राज्य सरकार को राजस्थान विधान सभा में प्रस्तुत अपनी की गयी कार्रवाई रिपोर्ट में समस्त सिफारिशों को सम्मिलित करना चाहिए ताकि राजस्थान विधान सभा के सदस्यों को स्वीकृति का स्तर ज्ञात हो सके।

3.9 आयोग इस बात पर विशेष ध्यान दिलाना चाहेगा कि तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा सिफारिश किये गये वित्तीय न्यागमन सम्पूर्ण अवार्ड कालावधि अर्थात् वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2009–10 तक के लिए थे, किन्तु इनका क्रियान्वयन केवल वित्तीय वर्ष 2008–09 और 2009–10 तक ही किया गया है जो न तो सही है और न ही न्यायोचित। चूंकि अन्तरिम रिपोर्ट की सिफारिशें अंतिम रिपोर्ट के अध्यधीन हैं, इसलिए अन्तिम रिपोर्ट में अन्तर्विष्ट सिफारिशें सम्पूर्ण अवार्ड कालावधि के लिए क्रियान्वित की जानी चाहिएं। यह उल्लेख करना उचित होगा कि तृतीय राज्य वित्त आयोग 15.09.2005 को गठित किया गया था और उसने अपनी रिपोर्ट 27.02.2008 को दे दी थी। यदि इसका गठन 2005–06 से पहले, कार्य करने के लिए पर्याप्त समय देते हुए, किया गया होता तो रिपोर्ट अवार्ड कालावधि अर्थात् 01.04.2005 के पूर्व प्रस्तुत की जा चुकी होती और उस स्थिति में स्थानीय निकायों को सिफारिश के अनुसार अपना उचित वित्तीय हिस्सा प्राप्त हो जाता। राज्य वित्त आयोग के गठन में विलम्ब के कारण स्थानीय निकायों को वित्तीय हानि नहीं होनी चाहिए।

अध्याय 4

राज्य वित्त

4.1 राज्य वित्त आयोग के लिए उप–राज्य स्तर पर स्थानीय शासन संस्थाओं के वित्त के साथ–साथ राज्य सरकार के वित्त का पुनर्विलोकन करना आवश्यक है। वित्त विभाग के निर्देश निबंधन और ज्ञापन, आयोग से यह आग्रह करते है कि राज्य के संसाधनों को एक समग्र रीति से देखा जाना चाहिए न कि पृथक्–पृथक् रखते हुए। इससे राज्य वित्त आयोग के लिए निम्नलिखित पर विचार करना आवश्यक है–

i) सरकार के गैर आयोजना घाटे या अधिशेष

ii) योजना विकास के लिए राज्य के पास उपलब्ध संसाधन और

iii) स्थानीय निकायों को किये गये सम्पूर्ण अंतरण जिनमें राज्य सरकार द्वारा वहन की जाने वाली स्थापन लागत और मनोरंजन कर और मनोरंजन कर का हिस्सा (2010–11 तक)

इस अध्याय में राज्य के कार्यवहन और प्रास्थिति के वित्तीय संकेतकों का एक संक्षिप्त पुनर्विलोकन एक ऐसा परिदृश्य प्राप्त करने के लिए है जिसमें स्थानीय निकायों के प्रति न्यागमन के लिए सिफारिशों के निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके।

4.2 राजवित्तीय सुधार और समेकन के उपाय 1991 से लागू महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों के महत्वपूर्ण भाग के रूप में लागू किये गये थे। राजवित्तीय समेकन की गति में सुधारों के आगामी दशक के दौरान तेजी आयी। 12वें वित्त आयोग भी सिफारिशों का अनुसरण करते हुए अधिकांश राज्य सरकारों द्वारा राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध (FRBM) अधिनियम अधिनियमित किये गये। राजस्थान ने ऐसा 2005 में किया। इस अधिनियम में वित्तीय सुधार और समेकन का विधिक ढ़ाचा उपबंधित किया गया है। तद्नुसार राजस्व और राजवित्तीय घाटे में कमी/समाप्ति के लिए समय रेखा नियत की गयी थी। राजस्व घाटे को 2008–09 तक समाप्त करने और राजवित्तीय घाटे को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 3% तक लाया जाना था। राजवित्तीय घाटा 0.4% वार्षिक आधार पर कम किया जाना था। यह और कि राज्य में की कमी से यह सुनिश्चित किया जाना था कि लोक लेखा ऋण को अपवर्जित करते हुए कुल बकाया ऋण और किसी वर्ष में जोखिम भारित बकाया गारन्टी वित्तीय वर्ष के अंत में राज्य की समेकित निधि में अनुमानित प्राप्तियों के दोगुने से अधिक नहीं होंगे। राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 में विहित राजवित्तीय लक्ष्यों से उद्भूत होने वाली कठिनाइयों के अलावा 13वें वित्त आयोग द्वारा कतिपय अन्य शर्तें भी अधिरोपित की गयी थीं। जिनका राज्य वित्त पर महत्वपूर्ण भार पड़ना था। 13वें वित्त आयोग ने निम्नलिखित शर्तों के अनुशीलन के अध्यधीन ऋण में राहत के उपायों की सिफारिश की थी।

(क) आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मार्गदर्शन के आधार पर राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध विधायन अधिनियमित किया जाना या उसमें संशोधन करना ;

(ख) राजस्व घाटे में कमी ताकि इसे 2011–12 तक समाप्त किया जा सके ;

(ग) बकाया ऋण को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के% के रूप में रखना ;

(घ) वर्ष 2011–12 तक और उसके पश्चात् राजवित्तीय घाटे को सकल घरेलू राज्य उत्पाद के 3% पर पर नियंत्रित रखना।

राज्य सरकार ने तद्नुसार राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम को दिनांक 31.03.2011 की अधिसूचना के माध्यम से संशोधित कर दिया है ताकि :–

(क) वित्तीय वर्ष 2011–12 से शून्य राजस्व घाटे के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके और तत्पश्चात इसे बनाये रखा जाये और राजस्व आधिक्य की प्राप्ति की जा सके; और

(ख) वित्तीय वर्ष 2011–12 तक राजवित्तीय घाटे को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 3% के लक्ष्य तक सीमित किया जा सके और तत्पश्चात इस अनुपात को बनाये रखा जा सके या घटाया जा सके।

4.3 वर्ष 2008–09 और 2009–10 के लिए ऋण अधिव्यजन की राहत पाने के लिए 12वें वित्त आयोग द्वारा राज्य के लिए ऋण राहत पाने की अर्हता की सिफारिश वर्ष 2011–12 की समाप्ति तक बढ़ा दी गयी है किन्तु यह राहत राजवित्तीय निष्पादन के अध्यधीन थी। वर्ष 2008–09 और 2009–10 में राज्य सरकार ने राजस्व घाटे में कमी और राजवित्तीय घाटे को भारत सरकार द्वारा अधिकथित स्तर तक सीमित रखने का पूर्ण प्रयास किया। ऐसा अपने सकल व्यय को नियंत्रित कर किया गया और वित्तीय वर्ष 2008–09 और 2009–10 की राजवित्तीय उपलब्धियों के आधार पर केन्द्र से ऋण राहत का निवेदन किया गया था। यह योजना अब अमल में नहीं है।

4.4 राज्य सरकार समय–समय पर अपने कर स्रोतों और गैर–कर राजस्व की बढ़ौतरी के उपाय अपनाती रही है साथ ही गैर–विकास व्ययों में कटौती के उपाय भी अपनाती रही है। तथापि, 2008 के बाद सुधारों की गति में कई कारणों मुख्यतः राज्य सरकार के नियंत्रण के बाहर के कारणों से बेहद कमी आयी। संक्षेप में प्रथम या 2008 में राज्य कर्मियो के लिए वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की बाध्यता थी, किन्तु जिसे 2009 से लागू किया गया। द्वितीय वर्ष 2008–09 के दौरान वैश्विक मंदी जिससे विशेषकर राज्य के निर्यात और पर्यटन सैक्टर पर प्रभाव। और तीसरा 2009–10 में राज्य के अधिकांश भागों में सूखा या लगभग सूखे जैसी स्थिति का होना। वर्तमान परिपेक्ष्य में स्फीती की प्रवृत्ति भी गतिविधियों के कई क्षेत्रों में राजवित्तीय तनाव को बढ़ा रही है। इसे नीचे सारणी 4.1 और 4.2 में दी गयी वित्तीय संकेतकों की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

महत्वपूर्ण वित्तीय संकेतक

4.5 यह पुनरीक्षण, विशेषकर वित्तीय संकेतकों पर डाटा, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध करवाये गये डाटा पर आधारित है जो कि सभी राज्यों के लिए तुलनात्मक आधार पर राज्य वित्त का पुनरीक्षण संचालित करता है। पुनरीक्षण का उद्देश्य उप–राज्य स्तर सरकारों के लिए समुचित अन्तरण पैकेज का पता लगाने के संदर्भ में राज्य के राजवित्तीय निष्पादन की परीक्षा करना है। यह पुनरीक्षण नियम और प्रथा परक न होकर विश्लेषणात्मक और मूल्यांकन परक होता है। सारणी 4.1 वर्ष 2005–06 से 2009–10 के लिये स्रोत से प्राप्तियों और व्ययों का सक्षेप करती है।

4.6 राजस्व में परिमाण और वृद्धि की दर राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति की महत्वपूर्ण संकेतक होती है। राजस्व प्राप्तियों की वृद्धि दर में राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद दर, जिसमें 15.7% प्रतिवर्ष की दर से बढ़ोतरी हुई, के साथ वृद्धि हुई। केन्द्रीय करों और साथ ही केन्द्रीय अनुदानों में प्रतिवर्ष क्रमशः 15% और 15.3% की वृद्धि हुई जबकि राज्य के स्वयं के कर और गैर–कर राजस्व में वृद्धि कुछ धीमी यानी 13.5% प्रतिवर्ष के लगभग रही। इसी कालावधि के दौरान राजस्व व्यय 16.9% की दर से बढ़ रहा था और कुल राजस्व और पूंजीगत व्यय में 15.7% की दर से वृद्धि हुई (सारणी 4.1) इसका इस बात से पता चलता है कि राजवित्तीय अनुपातों में वृद्धि दर्ज नहीं की गयी।

4.7 राजवित्तीय अनुपात और संकेतक सारणी 4.2 में दर्शाये गये हैं। राज्य सरकार के बजट प्राक्कलन राजवित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति का प्रयास दर्शित करते है किन्तु ये संभवतः कभी भी ऐसे प्राप्त नहीं किये जा सके जैसे कि आरबीआई के समेकित डाटा, जो सारणी 4.2 में रिपोर्ट किये गये हैं के अनुरूप हों। राज्य का डाटा यह रिपोर्ट देता है कि 2005–06 से 2009–10 के पांच वर्षों में से तीन वर्षों में राजस्व आधिक्य रहा (सारणी 4.1 की पंक्ति 9 देखें) इसी कालावधि के लिये 5 में से 4 वर्षों के लिए आरबीआई ने घाटे की रिपोर्ट दी और 2005–08 के लिए आधिक्य, वित्त विभाग के डाटा में रिपोर्ट से कम है (सारणी 4.1 की पंक्ति 8 देखें)। 2009–10 और 2010–11 में क्रमशः 4.5% और 3.5% का राजवित्तीय घाटा भी बजट में प्रस्तावित से अधिक है। 2010 का अनुमान वास्तव में बजट अनुमान है, लेखे वह संख्या दर्शित कर सकते हैं जो अधिक है। अधिक से अधिक कोई यह कह सकता है कि राज्य ने किसी तरह राजवित्तीय निष्पादन में और गिरावट को होने से रोके रखा है। समस्त राजस्व, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में अपरिवर्तित रहे। उदाहरण के तौर पर स्वयं का कर राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में 7.6% पर रहा और स्वयं का गैर–कर राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में 2% से कुछ अधिक पर अपरिवर्तित रहा। उन बाधाओं और कठिनाईयों जिनका राज्य सरकार को सामना करना पड़ा पर विचार करते हुए यद्यपि राज्य राजवित्तीय तनाव में रहा, इसे सकारात्मक विकास माना जा सकता है।

सारणी 4.1: राज्य का राजस्व और व्यय (सीएजीआर मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर है)

(करोड़ रु. में)

संकेतक	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	सीएजीआर रु.% (2005-10)
1. राजस्व प्राप्तियां						
क. राज्य का राजस्व	12617.90	15038.85	17328.66	18831.96	20972.49	13.5
(i) राज्य का स्वयं का कर राजस्व	9880.23	11608.24	13274.73	14943.50	16414.27	13.5
(ii) राज्य का स्वयं का गैर–कर राजस्व	2737.67	3430.61	4053.93	3888.46	4558.22	13.6
ख. केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा	5300.08	6760.37	8527.60	8998.72	9258.13	15.0
ग. केन्द्रीय अनुदान इत्यादि	2921.21	3792.96	4924.36	5638.17	5154.39	15.3
योग (क+ख+ग)	**20839.19**	**25592.18**	**30780.62**	**33468.85**	**35385.01**	**14.2**
2. पूंजीगत प्राप्तियां						
क. राज्य का आंतरिक ऋण	24144.51	3880.91	4635.78	7151.97	8538.54	-22.9
ख. केन्द्र से ऋण	-18649.22	341.23	427.56	325.90	257.89	-65.7
ग. ऋण और अग्रिम की वसूली	238.42	513.90	1781.89	93.45	120.94	-77.7
घ. लोक और आकस्मिकता निधि (शुद्ध)	853.20	1800.14	-730.45	2637.77	4241.03	49.3
योग (क+ख+ग+घ)	**6586.91**	**6536.18**	**6114.78**	**10209.09**	**13158.40**	**18.8**
कुल प्राप्तियां (1+2)	**27426.10**	**32128.36**	**36895.40**	**43677.94**	**48543.41**	**15.3**
3. व्यय						
(i) राजस्व व्यय	21499.21	24953.80	29127.64	34295.60	40132.19	16.9
(ii) पूंजीगत परिव्यय	4294.49	4809.37	6555.55	5899.95	5174.73	4.5
(iii) ऋण और अग्रिम	434.18	312.64	287.69	340.06	497.82	-3.5
(iv) ऋण का पुर्नसंदाय	992.48	1780.42	1845.81	2597.63	2945.08	33.3
कुल व्यय–3 (i से iv)	**27220.36**	**31856.23**	**37816.69**	**43133.24**	**48749.82**	**15.7**
4. बजट घाटा/आधिक्य (1+2+3)	205.74	272.13	-921.29	544.70	-206.41	लागू नहीं
5. राजस्व घाटा/आधिक्य (1–3(i))	-660.02	638.38	1652.98	-826.75	- 4747.18	63.8

6. राजवित्तीय घाटा [1+2 ग -3(i)+(ii)+(iii)}]	-5150.27	-3969.73	-3408.37	-6973.31	-10298.79	18.9
7. राज्य सरकार का कुल ऋण	61120.24	64807.05	69143.00	84022.80	91532.93	10.6
8. सकल राज्य घरेलू उत्पाद	142236.1	171042.7	194822.1	225253.53	255295.2	15.7
9. सकल राज्य घरेलू उत्पाद के % में राजस्व घाटा	-0.46	0.37	0.84	-0.37	-1.86	लागू नहीं
10. सकल राज्य घरेलू उत्पाद के % में ऋण	42.97	37.89	35.49	37.30	35.85	

सारणी 4.2 : राजस्थान के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के संकेतक

संकेतक	**2005 to 08 औसत (लेखें)**	**2008-2009 लेखें**	**2009-2010 पुनरीक्षित प्राक्कलन (आर.ई.)**	2010-11 **बजट प्राक्कलन (बी.ई.)**
1. राजस्व प्राप्तियां/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	16.8	16.6	16.9	17.6
2. स्वयं का कर राजस्व/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	7.6	7.4	7.6	7.9
3. स्वयं का गैर–कर राजस्व/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	2.2	1.9	2.3	2.1
4. चालू अंतरण/व्यय %	7.0	7.3	7.0	7.6
5. विकास व्यय/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	13.3	13.7	14.5	13.9
6. सामाजिक सैक्टर व्यय/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	8.3	9.6	5.0	9.5
7. पूंजीगत व्यय/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	3.4	2.9	2.5	3.1
8. राजस्व घाटा/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	-0.3	0.4	1.8	0.5

9. सकल राजवित्तीय घाटा/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	2.8	3.5	4.5	3.5
10. प्राथमिक घाटा/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	-0.9	0.4	1.4	0.4
11. प्राथमिक राजस्व शेष/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	-4.0	-2.7	1.3	2.6
12. ऋण/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद %	47.2	41.8	41.1	40.9

4.8 व्यय संकेतक विभिन्न सैक्टरों की योजना प्राथमिकताएं दर्शित करते हैं। व्यय का योजना और गैर–योजना या विकास और गैर–विकास के रूप में वर्गीकरण भ्रामक हो सकता है और वित्त आयोग ने इस पर एकाधिक बार टिप्पणी की है। तथापि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अंगीकृत विद्यमान वर्गीकरण प्रणाली को देखते हुए व्यय का रूझान ठहराव या कोई परिवर्तन नहीं की स्थिति दर्शित करता है। सारणी 4.2 की पंक्ति 4, 5, 6 और 7 देखें। यह इसी सारणीके घाटे के अनुपात से भी दर्शित होता है।

आवश्यक प्रतिबद्ध व्यय

4.9 ऊपर पैरा 4.3 में वर्णित कारकों के साथ–साथ, राज्य की व्यय रीति संविधान के अनुच्छेद 243 छ, ज, झ, ब, भ और म के आज्ञापकों के साथ–साथ राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम के राजवित्तीय लक्ष्य की प्राप्ति के संसाधन संतुलन को प्राप्त करने में कठिनाइयों को दर्शित करती है। राजस्व व्ययों का मुख्य घटक प्रतिबद्धता की प्रकृति का है जिसे छोटी अवधि में ना तो कम किया जा सकता है और ना ही टाला जा सकता है। वेतन, भत्तों, पेंशन संदाय और ब्याज के संदाय इसी प्रकृति के हैं। राज्य वित्त पोषित स्वशासी संस्थानों जैसे कि विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक और राज्य द्वारा समर्थित अन्य संस्थानों को सहायता अनुदान और ऋण पुर्नसंदाय इत्यादि प्रतिबद्ध प्रकृति के व्यय हैं। नीचे सारणी 4.3 से देखा जा सकता है कि ना केवल कुल प्रतिबद्ध व्ययों का योग राजस्व प्राप्तियों के 100% से अधिक है (जैसा कि 2009–10 में है) बल्कि ऐसे व्ययों की बढ़ौतरी (18.7% प्रतिवर्ष) राजस्व प्राप्तियों की बढ़ौतरी, जो कि मात्र 15.8% प्रतिवर्ष है, से अधिक हो जाती है। 10वें वित्त आयोग ने ऐसी स्थिति को जिसमें ब्याज के संदाय का अनुपात राजस्व व्यय के 17% से अधिक हो, राजवित्तीय दबाव की परिभाषा दी थी। 11वें और 12वें वित्त आयोग की सिफारिशों ने इस दबाव को कम करने में इस प्रकार सहायता की है कि 2006–07 में 22.3% से यह अनुपात घट कर 2010–11 में 16.1% हो गया। नवीनतम उपलब्ध डेटा भी यह दर्शित करते हैं कि 2012–13 के बजट प्राक्कलनों मे ब्याज का व्यय 13.

17% तक घट गया है। पेंशन की मद में राजस्व प्राप्तियों का 12% से कुछ कम व्यय होता है। संक्षेप में राजस्व प्राप्तियों का आधे से ज्यादा प्रतिबद्ध व्ययों में खर्च होता है। यह हिस्सा और भी ज्यादा हो जाये यदि संस्थानों को दिये गये वेतन, पेंशन, दायित्वों और सहायता अनुदान को भी सम्मिलित कर लिया जाये हालांकि संस्थानों पर ऐसी प्रतिबद्धताएं कम करने के लिए कई निर्बंधन अधिरोपित किये गये है। अन्य कारक जिसको स्पष्टतया स्वीकार नहीं किया गया वह यह तथ्य है कि सामाजिक सैक्टर व्यय का एक बड़ा भाग आवर्ति आधार पर है। सैक्टर जैसे कि शिक्षा और लोक स्वास्थ्य दक्ष कर्मकार की अपेक्षा रखने वाले सैक्टर हैं जहां मानकों पर खरा उतरने के लिए, की जनसंख्या के हिसाब से विद्यालयों की संख्या या जनसंख्या के हिसाब से चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मचारी होने के कारण, भार अधिक होना संभावित है। राजवित्तीय दबाव के परिणामस्वरूप इन सैक्टरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आगामी वित्त आयोग से इस पक्ष पर अखिल भारतीय औसत के बजाय विनिर्दिष्ट रूप से विचार करने का निवेदन किया जा सकता है।

सारणी 4.3 : प्रतिबद्ध आवश्यक व्यय

(करोड़ रु. में)

मद	**2006-07**	**2007-08**	**2008-09**	**2009-10**	**2010-11**	**मि.वा.वृ.द. % प्रतिवर्ष**
वेतन	7027.90 (27.46)	7691.85 (24.99)	11269.49 (33.67)	13657.80 (38.60)	14847.33 (32.28)	20.5
भत्ते	261.17 (1.02)	297.51 (0.97)	433.94 (1.30)	371.86 (1.05)	393.55 (0.86)	10.8
पेंशन	2116.24 (8.27)	2564.20 (8.33)	3322.11 (9.93)	4886.85 (13.81)	5551.49 (12.07)	27.3
ब्याज	5701.82 (22.28)	5942.99 (19.31)	6224.25 (18.60)	6769.13 (19.13)	7405.75 (16.10)	6.8
सहायता अनुदान	4995.02 (19.52)	8076.24 (26.24)	7724.97 (23.08)	8968.31 (25.34)	11981.54 (26.05)	24.4
ऋण का पुनर्संदाय	1780.42 (6.96)	1845.81 (6.00)	2432.63 (7.27)	2945.08 (8.32)	3317.42 (7.21)	16.8
कुल आवश्यक / प्रतिबद्ध व्यय	**21882.57 (85.50)**	**26418.60 (85.83)**	**31407.39 (93.84)**	**37599.03 (106.26)**	**43497.08 (94.58)**	**18.7**
कुल राजस्व प्राप्तियां	**25592.18**	**30780.62**	**33468.85**	**35385.08**	**45988.97**	**15.8**

टिप्पण : कोष्ठक के आंकड़े कुल राजस्व प्राप्तियों का% दर्शित करते हैं।

सूखा और राहत व्यय

4.9 सूखा और राहत कार्य ऐसी मद है जो बजट की गणना को बिगाड़ सकती है। बार–बार सूखा और अनिश्चित वर्षा राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रबंध में बाधक तथ्य हैं। वित्त आयोग और राज्य सरकार में इस समस्या पर वर्षों से विवाद रहा है। वर्तमान व्यवस्था यह है कि केन्द्र प्रत्येक वर्ष राहत निधि (आकस्मिकता राहत निधि) में, परिस्थितियों की मांग पर उपयोग में लिये जाने के लिये, निधि उपलब्ध करवाता है। धीरे–धीरे राहत क्रियाकलापों पर व्यय आकस्मिकता राहत निधि में उपलब्ध निधि से ज्यादा हो गया है। आकस्मिकता राहत निधि में उपलब्ध निधि से अधिक या ज्यादा के सारे व्यय राज्य बजट में से पूरे किये जाने होते हैं। विगत दस वर्षों में राहत क्रियाकलापों पर व्यय की गयी वास्तविक रकम सारणी 4.4 में दर्शित की गयी है।

सारणी 4.4 : राज्य में राहत व्यय

(करोड़ रु. में)

वर्ष	राहत व्यय
2000-01 to 2004-05	**2305.26**
2005-06	364.11
2006-07	666.94
2007-08	247.30
2008-09	519.31
2009-10	888.49
योग (2005-10)	**2686.15**

योजना व्यय का वित्तपोषण

4.10 राज्य सरकार की वार्षिक योजनाएं वृहद् स्तर पर उधारों से वित्त पोषित हैं। सारणी 4.5 का कॉलम 6 यह दर्शित करता है कि वर्ष 2002–03 से 2006–07 शुद्ध उधार वास्तविक योजना व्यय के 102% थे। 12वीं योजना के दौरान उधार वास्तविक व्यय के लगभग 60% तक घट गया था। इससे स्पष्ट परिलक्षित होता है कि ना केवल योजना बल्कि चालू व्यय का भाग भी उधारों से किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप लोक ऋण में बढ़ौतरी हो रही है जिसके वहन योग्य ना रहने का खतरा है। इस कठिन राजवित्तीय परिस्थिति के साथ यह स्वीकार करना आसान नहीं है कि इस कारक को उप–राज्य स्तर पर राजवित्तीय न्यागमन के निर्धारण के लिए भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

सारणी 4.5 राज्य वार्षिक योजना का वित्त पोषण

(करोड़ रु. में)

वर्ष (10वी योजना)	योजना आयोग द्वारा वार्षिक योजना व्यय	वार्षिक योजना (बजट में की)	वास्तविक व्यय (बजट में का)	शुद्ध उधार (शुद्ध लोक ऋण और शुद्ध लोक लेखे)	वास्तविक व्यय के% में शुद्ध उधार	योजना के लिए संमाधन	
						कुल	इसमें से बजट संसाधन
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
2002-03	5160.00	4112.50	3512.93	5907.49	168.16	4191.11	3356.14
2003-04	4258.00	3467.84	5298.12	7312.05	138.01	5692.60	5019.90
2004-05	6797.50	5975.70	5871.72	6021.06	102.54	5958.12	5293.76
2005-06	8350.00	7441.41	6566.63	5356.01	81.56	7278.16	6329.18
2006-07	8501.41	7051.21	7025.28	4241.86	60.38	8613.39	7253.08
योग	**33066.91**	**28048.66**	**28274.68**	**28838.47**	**101.99**	**31733.38**	**27252.06**

11वीं योजना के वर्ष

2007-08	11638.86	7358.36	8892.37	2487.08	27.97	12636.15	7841.07
2008-09	14020.00	8787.15	9560.07	7518.01	78.64	14428.28	9534.20
2009-10	17322.00	9637.31	10732.10	10092.38	94.04	17961.33	10484.03
2010-11	24044.76	12530.66	21676.86	7155.90	52.43	22134.18	12220.56
2011-12	27500.00	15625.80	29375.53 (R.E)	8162.61	49.21	29375.53 (R.E)	20281.17
योग	**94525.62**	**53939.34**	**59420.91**	**35415.98**	**59.60**	**96535.47**	**60361.03**

4.11 योजना के वित्त पोषण के स्रोतों के ब्यौरे नीचे सारणी 4.6 में दिये गये हैं। यद्धपि राज्य सरकार उधारों और केन्द्रीय सहायता को बजट संसाधनों के रूप में वर्गीकृत कारती है, यह सत्य सारणीसे स्पष्ट होता है। सारणीदर्शित करती है कि 2008–09 और 2011–12 के बीच राज्य की पीएसई ने लगभग 40,000 करोड़ रुपये का घाटा उपगत किया था। इसे ''अतिरिक्त बजट संसाधनों'' के माध्यम से पूरा किया गया था – यह पद वह है जो इस तथ्य को छुपाता है कि यह बैंक और बाजार से उधार के सिवाय और कुछ नहीं है। वर्ष 2008–09 और 2011–12 के बीच इस शीर्ष में की कुल रकम 68,509 करोड़ रुपये थी। यदि इसे भी योजना बजट में लेखांकित किया जाये तो व्यय में उधारों का% 175 % हो जायेगा।

राज वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम के अधीन ऋण पोषणीयता और उधार लक्ष्य

4.12 ऋण पोषणीयता को निम्नलिखित दो अनुपातों का मूल्यांकन कर जांचा जा सकता है।

(i) ब्याज संदाय/राजस्व प्राप्ति अनुपात/यह अनुपात मुख्यतः केन्द्र से राज्य को ऋण प्रतिबंधित करने से और ऐसे उधारों पर संदंय ब्याज दर में कमी से घट कर 16 % कुछ ऊपर रह गयी है। फिर भी राजस्थान, राजस्व प्राप्तियों के अनुपात में उच्च ब्याज संदाय करने वाले और सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में अधिक ऋण वाले वर्ग में बना हुआ है। अधिक चिन्ताजनक स्थिति आरबीआई के इस आकलन से है कि इस मामले मे स्थिति सुधारों राजवित्तीय समेकन के दौर से अलग नहीं है।

(ii) सकल राज्य घरेलू उत्पाद के% के रूप में लोक ऋण। वर्षवार आंकड़ों में बहुत कम परिवर्तन के अलावा यह अधिकांशतः अपरिवर्तित ही रही है। यदि पब्लिक सैक्टर उपक्रमों से उधार को गणना में न लिया जाये तो यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद का लगभग 40% रह जाता है। (सारणी 4.2)। पुनरीक्षित लक्ष्य इस अनुपात को 2014–15 में 36.5% तक रखने का है।

सारणीः 4.6 : योजना संसाधन (रु. करोड. में)

क्र. सं.	मद	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (R.E)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
क	राज्य सरकार										
	1. राज्य के स्वयं के संसाधन	**-3664.85**	**-2962.32**	**-2000.75**	**-427.60**	**2496.95**	**1737.36**	**1039.33**	**926.01**	**1247.05**	**12184.99**
	क बीसीआर	-3162.07	-2977.42	-1430.79	380.08	1690.07	2658.27	471.29	-1970.32	1321.49	7824.93
	ख एमसीआर(ऋण के पुनर्संदाय के लिए कटौती को अपवर्जित करते हुए)	-617.07	-14.19	-618.52	-832.62	661.89	-1150.79	482.04	282.75	-406.06	3690.01
	ग भारत सरकार से योजना अनुदान (तृ.वि.आ.)	114.29	29.29	48.56	25.00	144.99	229.88	86.00	70.58	331.62	670.05
	2. राज्य के उधार (i-ii)	**6404.47**	**7058.01**	**6275.64**	**5879.86**	**3627.60**	**4335.10**	**6417.24**	**7952.13**	**7974.46**	**5154.73**
	(i) सकल उधार	8624.89	9972.42	11148.24	6872.35	4973.94	5367.81	7689.71	9508.62	9939.45	7248.72
	(ii) पुनर्संदाय	2220.42	2914.41	4872.60	992.49	1346.34	1032.71	1272.47	1556.49	1964.99	2093.99
	3. केन्द्रीय सहायता (क+ख+ग)	**616.52**	**924.21**	**1018.87**	**876.92**	**1128.53**	**1768.61**	**2077.63**	**1605.89**	**2999.05**	**2941.45**
	क सामान्य केन्द्रीय सहायता	171.55	230.58	259.80	289.01	348.49	356.44	392.86	462.74	561.40	594.03
	ख ईएपी के लिए एसीए	117.35	203.84	196.07	158.85	175.36	215.03	139.19	90.79	81.17	187.95
	ग अन्य	327.62	489.79	563.00	429.06	604.68	1197.14	1545.58	1052.36	2356.48	2159.47
	योग क : राज्य सरकार के संसाधन (1+2+3)	**3356.14**	**5019.90**	**5293.76**	**6329.18**	**7253.08**	**7841.07**	**9534.20**	**10484.03**	**12220.56**	**20281.17**

ख	**पब्लिक सैक्टर उपक्रम (पीएसई)**											
	1	आंतरिक संसाधन	204.15	189.75	200.71	230.35	407.41	-5026.73	-8413.49	-10243.82	-9579.91	-11476.66
	2	बजट के अतिरिक्त संसाधन	630.82	482.95	463.65	718.63	952.90	9821.81	13307.57	17060.92	18507.61	19632.66
	योग : पीएसई (1+2)		**834.97**	**672.70**	**664.36**	**948.98**	**1360.31**	**4795.08**	**4894.08**	**6817.10**	**8927.70**	**8156.00**
ग	**स्थानीय निकाय**											
	i	नगरीय स्थानीय निकाय	-	-	-	-				660.20	985.92	938.36
	ii	ग्रामीण स्थानीय निकाय	-	-	-	-						
	योग ग : (i+ii)		-	-	-	-						
घ	**सकल योजना संसाधन (क+ख+ग)**		**4191.11**	**5692.60**	**5958.12**	**7278.16**	**8613.39**	**12636.15**	**14428.28**	**17961.33**	**22134.18**	**29375.53**

(iii) राज्य के लिए राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम के अधीन उधार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करने के लिए है कि किसी वर्ष के लिए लोक लेखा और जोखिम भारित बकाया गारन्टी को अपवर्जित करते हुए कुल बकाया ऋण किसी वित्तीय वर्ष के अंत में राज्य की समेकित निधि में अनुमानित प्राप्तियों के दोगुने से अधिक नहीं होंगे। नीचे दर्शित समेकित निधि की कुल प्राप्तियों के अनुपात में कुल बकाया ऋण और जोखिम भारित बकाया गारन्टी राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध के लक्ष्यों के अन्दर है। वित्त विभाग का आकलन है कि यह अनुपात आगामी दो तीन वर्षों के भीतर–भीतर 2011–12 में 141% से 2014–15 में 135% तक कम हो जायेगा।

सारणी 4.7 : समेकित निधि में कुल प्राप्तियों के अनुपात में कुल बकाया ऋण और जोखिम भारित बकाया गारन्टी

2010-11 वास्तविक	2011-12 R.E.	2012-13 पुनरीक्षित प्राक्कलन (आर.ई.)	2013-14 बजट प्राक्कलन (बी.ई.)	2014-15 आकलन
153	141	134	133	135

मार्ग और उपाय अग्रिम/आहरण आधिक्य

4.13 आरबीआई से करार के अनुसार राज्य सरकार, प्राप्तियों और व्यय के समय में प्रथकता से होने वाली असुविधा के लिए नकद उपलब्धता को अस्थायी तौर पर पूरा करने के लिए मार्ग और उपाय अग्रिम और आहरण आधिक्य उधार लेने की हकदार होगी। राज्य सरकार, आरबीआई से आहरण आधिक्य अभिप्राप्त करने की आवश्यकता से उबर गयी है।

स्थानीय निकायों को उपलब्ध करायी गयी गारन्टी

4.14 विधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, स्थानीय निकायों और अन्य संस्थाओं द्वारा लिये गये ऋण के पुनर्संदाय की राज्य सरकार गारंटी प्रदान करती है। वर्ष 2008–09 से 2011–12 के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गयी बकाया गारंटी की स्थिति और वर्ष 2012–13 और 2013–14 के लिए अनुमान नीचे दिये गये है :

वर्ष	रकम (करोड़ रु. में)
2008-09	27764.47
2009-10	39067.85
2010-11	50691.70
2011-12	60711.08
2012-13 (प्राक्कलन)	94114.00
2013-14 (प्राक्कलन)	112477.00

वर्ष 2011–12 के आरम्भ में, 394.29 लाख रुपये की बकाया गारन्टी स्थानीय निकायों को दी गयी जिसमें से वर्ष के दौरान 133.89 लाख रुपये की गारंटी प्रतिसंहत कर दी गयी ; स्थानीय निकायों द्वारा लिये गये ऋण के पुनर्संदाय के लिए राज्य सरकार ने 665.92 करोड़ रुपये की गारंटी दी थी। स्थानीय निकायों की ओर से ऋण के पुनर्संदाय के लिए कुल बकाया गारंटी (31.12.2011 को) 668.53 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2011–12 के लिए सरकार की कुल गारन्टी बकाया की 0.88% थी। यथा 31.12.2011 को बकाया गारंटियों के ब्यौरे उपाबंध IV.1 में दिये गये हैं।

4.15 संक्षेप में, राज्य का राजवित्तीय निष्पादन इस प्रकार साधारणतया संतोषजनक रहा है कि यह समग्र राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध लक्ष्यों में रहा है यद्धपि आबध्दकर व्ययों (मुख्यतः वेतन, भत्ते और पेंशन) और राज्य के कुछ भागों में बाढ़ को सम्मिलित करते हुए सूखे और प्राकृतिक आपदाओं के भार के कारण तेजी से बढ़ते भार के कारण घाटे के संकेतकों में सुधार दर्शित नहीं हो पाया।

पं.रा.सं. और न.स्था.नि. को अंतरण

4.16 पं.रा.सं. और न.स्था.नि.राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाएं और कार्यक्रम क्रियान्वित कर रहे हैं जिसके लिए राज्य सरकार या तो अंतरण (सहायता अनुदान) या व्यय के किन्ही अन्य शीर्षों (संस्थापन लागत) को पूरा कर व्यय को पूरा करती है। पं.रा.सं. के मामले में कर्मचारियों के वेतन और भत्तों के संदाय का सम्पूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। न.स्था.नि.के मामले में राज्य सरकार संस्थापन लागत नहीं देती है। पं.रा.सं. और न.स्था.नि.को वर्तमान अंतरणों को सारणी 4.8 में संक्षेप में दिया गया है।

सारणी 4.8 : स्थानीय निकायों को अंतरण–संस्थापन लागत और अन्य अंतरण

(करोड़ रु. में)

	पंचायती राज संस्थाएं			नगरीय स्थानीय निकाय			योग			राज्य के राजस्व व्यय का %
वर्ष	संस्थापन	अन्य	योग	संस्थापन	अन्य	योग	संस्थापन	अन्य	योग	
2005-06	1147	1120	2267	0.4	649	650	1148	1769	2917	13.5
2006-07	1141	1220	2361	0.4	747	747	1141	1967	3108	12.4
2007-08	1306	1605	2911	0.4	846	846	1306	2451	3757	12.9
2008-09	1787	2004	3791	0.6	1037	1037	1787	3041	4828	14.1
2009-10	2243	2325	4568	0.8	1108	1109	2244	3433	5677	14.1

4.17 पं.रा.सं. की अस्सी से पिचासी% संस्थापना लागत सामान्य शिक्षा पर आती है। ''अन्य'' के अधीन दर्शित व्यय के अन्य प्रमुख शीर्ष ग्रामीण विकास और मनरेगा (2008–09 से) और मृदा और जल संरक्षण और लघु सिंचाई जैसे अन्य कार्यक्रमों को सम्मिलित करते हुए ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम हैं। नगरीय स्थानीय निकायों के मामले में तीन प्रमुख शीर्ष जल प्रदाय, नगरीय विकास और सामान्य आर्थिक सेवाएं हैं।

4.18 इन अन्तरणों के अलावा राज्य सरकार पर पंचायती राज संस्थाओं के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन दायित्व भी भारित हैं। इस लेखे वार्षिक व्यय 2006–07 में 30 करोड़ रुपये से 2010–11 में 51 करोड़ रु. तक बढ़ गया है।

4.19 संक्षेप में, राज्य की वित्तीय स्थिति में कुछ सकारात्मक चिन्ह नजर आये हैं किन्तु कुल व्ययों में प्रतिबद्ध व्ययों (ब्याज, वेतन और भत्तें) के वृहत भाग के कारण यह अब भी राजवित्तीय कठिनाई में है। इसमें सुधार हो सकता है क्यों कि कई सकारात्मक संकेतकों जैसे कि सड़क और रेल का आधारभूत ढ़ाचा और पश्चिमी राजस्थान मे तेल और गैस भण्ड़ारों की खोज से राज्य में विकास हो रहा है। पुनरीक्षण से यह स्पष्ट है कि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण में चुनौतियां संस्थात्मक हैं और इस बात से जुड़ी हैं कि किस प्रकार आधारभूत संगठनों को मजबूत किया जाये और उनके मुख्य कृत्यों को प्रभावी प्रदाय के लिए समर्थ बनाया जाये।

अध्याय–5

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं का गठन, संरचना और कृत्यकरण

''पंचायती राज ग्रामीण भारत को 700 मिलियन अवसरों में परिवर्तन करने का माध्यम हैं ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थात्मक सुधारों के साथ आर्थिक सुधारों को समेकित करने के लिए गांधीजी का ग्राम स्वराज के माध्यम से पूर्ण स्वराज का दूरदर्शितापूर्ण उद्देश्य मुख्य उपकरण है।''

अशोक मेहता समिति 1978

73 वें संविधान संशोधन तक पृष्ठभूमि

5.1 1953 जब प्रथम राजस्थान पंचायत अधिनियम (1953) अधिनियम किया गया था और 1993 जब संवैधानिक संशोधन (73 वां संशोधन) किया था के बीच राजस्थान में पंचायती निम्नलिखित अधिनियमों और नियमों के अधीन कार्य करता था :–

1. बलवंत राय मेहता समिति द्वारा विकेन्द्रीकरण और प्रत्यक्ष निर्वाचित (गैर–राजनैतिक) पंचायतों को शक्तियां प्रदान करने के लिए की गयी सिफारिशों के आधार पर अधिनियमित राजस्थान पंचायत अधिनियम, 1953। इन्हें राष्ट्रीय विकास परिषद् आंर भारत सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया था।
2. राजस्थान पंचायत समिति और जिला परिषद् अधिनियम, 1959
3. राजस्थान. पंचायत अधिनियम, 1953 के अधीन निर्मित नियम–साधारण नियम और निर्वाचन नियम
4. राजस्थान पंचायत समिति और जिला परिषद् अधिनियम, 1959 के अधीन पंचायती राज संस्थाओं के कृत्यकरण से संबंधित विभिन्न विषयों के संबंध में समय–समय पर बनाये गये नियम।

5.2 3 स्तरीय प्रणाली जिसमें ग्राम स्तर पर (एक ग्राम या ग्रामों के समूह के लिए) ग्राम पंचायत ब्लॉक स्तर पर पंचायत समितियों (पी.एस.) और जिला स्तर पर जिला परिषद् 1959 में स्थापित की गयी थीं अब दूसरा अधिनियम यथा राजस्थान पंचायत समिति और जिला परिषद् अधिनियम, 1959 भारत के राष्ट्रपति की अनुमति मिलने के बाद कानून बना। वास्तव में राजस्थान लोकतांन्त्रिक विकेन्द्रीकरण करने वाला पहला राज्य था। भारत के संविधान का अनुच्छेद 40 जो निम्नानुसार राज्य का नीति निर्देशक तत्व प्रतिष्ठापित करता है:

''राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठायेगा और उनकों ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाई के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों।'' दूसरे शब्दों में नीति निर्देशक तत्व इस बात की वकालत करते हैं कि ग्राम पंचायतों को संगठित किया जाना चाहिए और उन्हें ऐसी शक्तियां प्रदान की जानी चाहिएं जो उनके

प्रभावी कृत्यकरण के लिए आवश्यक हों। ग्राम लोकतंत्र के लिए यह महात्मा गांधी का भी सपना था। वे पंचायतों को ''राम राज'' की ग्राम स्तर की इकाई कहते थे। विनोबा भावे ने बाद में उन्हें ''ग्राम राज'' के भाग के रूप में वर्णित किया।

5.3 1957 में बलवंत राय मेहता अध्ययन दल (1957) ने पंचायत राज या ''लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण'' के प्रचलित रूप में सिफारिश की। अध्ययन दल की मुख्य सिफारिश थी :–

- सरकार को कतिपय कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को पूरी तरह से निभाना चाहिए और उसे ऐसे निकाय को अधिकार प्रदान करने का सम्पूर्ण प्रभार प्राप्त हो और उस उच्चतर योजना के कृत्य ही आरक्षित रखने चाहिएं
- ब्लॉक स्तर पर एक प्रभावी स्वशासी संस्था स्थापित की जानी चाहिए जिसकी अधिकारिता किसी विकास ब्लॉक से सह–विस्तारी हो।
- पंचायत समिति को पंचायतों द्वारा अप्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा गठित किया जाना चाहिए।

इस रिपोर्ट को केन्द्रीय सरकार द्वारा उत्साहपूर्वक स्वीकार किया गया और पण्डित जवाहर लाल नेहरू द्वारा 1959 मे गांधी जयन्ति के दिन नागौर में एक दीप जलाकर पंचायत राज के प्रारम्भ की घोषणा की गयी। नागौर तत्कालीन मंत्री एस.के.डे का निर्वाचन क्षेत्र था जिसने नेतृत्व में सामुदायिक विकास कार्यक्रम अपना स्वरूप ले रहा था। इस शुरूआत को राज्य विधान सभाओं द्वारा तैयार और पारित किये गये कानूनों का पूरा समर्थन था। पण्डित नेहरू द्वारा दिये गये इस विचार का 1950 के उत्तरार्ध और 1960 के पूर्वार्ध में समग्र राजनैतिक परिदृश्य में स्वागत किया गया। तथापि, उत्साहवर्धक शुरूआत के बाद भी पंचायत राज सरकार की नीतियों में काफी पिछडा हुआ दिखता था। मणीशंकर अय्यर समिति, 1919 ने इसे ''पंचायत राज का शनै–शनै क्षरण'' कहा।

अशोक मेहता समिति रिपोर्ट

5.4 1977 में, जनता पार्टी के शासन के समय जब जय प्रकाश नारायण के विचार बड़े पैमाने पर विचार–विमर्श और वाद–विवाद को आकर्षिक कर रहे थे, राष्ट्रीय विकास परिषद् ने श्री अशोक मेहता की अध्यक्षता में एक उच्च प्राधिकारी प्राप्त समिति का गठन किया। समिति में ''योजना और क्रियान्वयन दोनों में अधिकतम स्तर पर विकेन्द्रीकरण'' प्राप्त करने के उपायों की सिफारिश करने के लिए कई राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य विद्वान् सम्मिलित थे। अशोक मेहता समिति ने 1978 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की इसमें देश में पंचायत राज की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करते हुये ''उतार–चढाव की कहानी'' बताते हुए कहा गया कि यह तीन दौर से गुजर रही है : चढाव का दौर (1959–64) चढ़ाव का दौर (1959–64) ठहराव का दौर (1965–69) उतार का दौर (1969–77) ''। समिति के निष्कर्षों को 2013 में दोहराया जाना आवश्यक प्रतीत होता है क्योंकि यह विवरण मात्र 1978 की स्थित का नहीं बल्कि आज 2013 की स्थिति का प्रतीत होता है। यह पाया गया कि :

- ''भूतकाल में कतिपय परिवर्तनों ने पंचायत राज संरचना को नीचे गिराने का षडयंत्र किया है और उसे निषप्रभावी बना दिया ''
- ''विकास कार्यक्रमों की विशालता और बढती विविधता का उपयोग यदाकदा पंचायती राज संस्थाओं को नकारने के बहाने के रूप में किया गया''
- ''पंचायती राज संस्थाओं को विकास प्रक्रिया से पृथक करने में नौकरशाही की भी संभवत अपनी भूमिका रही है''
- ''पंचायती राज संस्थाओं के क्रियाकलाप क्षीण थे, उनका संसाधन आधार कमजोर था और उनकी ओर दिया गया ध्यान कंजूसी भरा था '' और
- ''इस सबसे पंचायती राज संस्थाओं के लिए राजनैतिक समर्थन में और उनके माध्यम से कार्य करने की प्रशासनिक इच्छा में कमी आयी। ''
- ''सबसे बुरा तो पंचायत राज की स्वयं की संकल्पना के बारे में स्पष्टता का अभाव होना था।''

अशोक मेहता समिति ने बहुत सारी सिफारिशें की थीं जो आज भी सुसंगत हैं और राज्य द्वारा उन्हें स्वीकार किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में अंतर्विष्ट एक नवीन विचार संविधान संशोधन का था। उदाहरण के तौर पर समिति ने कहा था कि

''हमारी चुनौती प्रणाली के संस्थापन की है''।

''पंचायती राज ग्रामीण भारत को 700 मिलियन अवसरों में परिवर्तित करने का माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थात्मक सुधारों के साथ आर्थिक सुधारों को समेकित करने के लिए गांधी जी का ग्राम स्वराज के माध्यम से पूर्ण स्वराज का दूरदर्शितापूर्ण उद्देश्य मुख्य उपकरण है।''

5.5 राजस्थान में 1959 में आरम्भ की गयी तीन स्तरीय व्यवस्था संगठनात्मक रूप से जुडी हुई थी। संरपच जोकि पंचायत का मुखिया था पंचायत समिति का पदेन सदस्य था और प्रधान जो कि पंचायत समिति का अध्यक्ष था जिला परिषद् का पदने सदस्य और पंचायत के वार्ड पंच और सरपंच मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित किये जाते थे। दो महिलाओं और अनु'जा/अनु. जजा. के दो सदस्यों का प्रत्येक स्तर पर सहयोजन का उपबंध था यदि इन वर्गो को निर्वाचित निकायों में निर्वाचित या पदेन सदस्यता से प्रतिनिधित्व न मिले। पंचायत समिति और जिला परिषद् स्थायी समितियों उप–सम्मितियों के माध्यम से कार्य करती थी। संरपच पंचायत समितियों के पदेन सदस्य थे और प्रधान जिला परिषदों के, ऐसा विकास परियोजनाओं के योजना और निष्पादन में बेहतर समन्वय और सहभागिता और पंचायत राज प्रणाली के तीन स्तरों के प्रभावी कृत्यकरण को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। पंचायत राज प्रणाली के, प्रारम्भ करने का वाला राजस्थान प्रथम राज्य था। लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण की इस योजना का शुभारम्भ पण्डित जवाहर लाल नेहरू द्वारा 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर में किया गया था। 1959 के अधिनियम के अधीन प्रथम निर्वाचन सितम्बर–अक्टूबर 1959 में करवाये गये थे और राज्य में 232 पंचायत समितियों और 26 जिला

परिषदों का गठन किया गया था। 1953 के अधिनियम के अधीन ग्राम स्तर पर पहले से ही विद्यमान पंचायतों सहित तीन स्तरीय पंचायती राज स्कीम नें 2 अक्टूबर, 1959 में कार्य करना आरम्भ किया। पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की वर्तमान संख्या सारणी 5.1 में दर्शित है। यह स्पष्ट है कि वास्तविक रूप में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण को लागू करने में राजस्थान ने पचास के दशक के प्रारम्भ से एक लम्बा सफर तय किया है।

सारणी 5.1: 1 जून, 2013 को पंचायत राज के निर्वाचित लोक प्रतिनिधि

क्र.सं.	विशिष्टियां	सामान्य	अनु.जा	अनु. जजा.	अ.पि.व.	कुल	महिला
1	जिला प्रमुख	9	6	5	13	33	16
2	प्रधान	77	42	46	83	248	112
3	जिला परिषद् सदस्य	253	190	185	385	1013	486
4	पंचायत समिति सदस्य	1,241	1,035	956	2,042	5274	2,484
5	सरपंच	1829	1683	1972	3693	9177	4362
6	वार्ड पंच	53681	16842	12630	22104	105257	51897

तिहत्तरवां संशोधन – मुख्य विशेषताएं

5.6 संविधान (तिहत्तरवां संशोधन) अधिनियम, 1993 ने पंचायतीराज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण संशोधन करता है। तिहत्तरवां संशोधन, स्थानीय स्वशासी सरकार के हेतुक के लिए एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण अनुवर्धक है। पहली बार पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक प्रास्थिति प्रदत्त की गयी है। इनको अब संवैधानिक संस्थाओं के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। संपूर्ण देश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए लगातार पंचवर्षीय चुनावों को इस संशोधन के द्वारा आज्ञापक बनाया जा रहा है। इनके निर्माण, सदस्यता, अवधि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग महिलाओं की इनमें सदस्यता संबंधी उपबंधो को भी संवैधानिक प्रास्थिति प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार बारी से कृत्यों, शक्तियों और वित्तीय संसाधनों को निर्धारित करने के लिए अध्युपाय कर रही है। परिचालित रूप से, संशोधन अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्य स्तर पर लिये गये कदम ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन निकायों को समनुदेशित कृत्यों के निष्पादन के लिए अपेक्षाकृत रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए इन निकायों की प्रास्थिति और विश्वसनीयता में इन कदमों का योगदान रहा है।

संशोधनों की महत्वपूर्ण विशेषताएं निम्नलिखित हैं :–

- ग्राम स्तर पंचायत के समस्त निवासियों की संपूर्ण वयस्क जनसंख्या को समाविष्ट करते हुए, (संविधान में विनिर्दिष्ट अपवादों या उपांतरणों सहित) ग्राम सभाओं (ग्राम सम्मेलनों) के प्रति उत्तरदायी एक त्रि–स्तरीय प्रजातांत्रिक रूप से चयनित पंचायत प्रणाली को संवैधानिक रूप से आज्ञापक बनाना इस प्रकार राज्य सरकार द्वारा स्थानीय निकायों के स्वैच्छिक निलंबनों और विघटनों को समाप्त करना।

- पंचायतों के नियमित, समय पर चुनावों की गारंटी देना जो एक स्वतंत्र, पात्र, वैधानिक राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित किये जायेंगे।

- सभी तीनों स्तरों पर महिलाओं के लिए और अनुसूचित जातियों और जनजातियों और इन सामाजिक प्रवर्गों की महिलाओं के लिए उप–कोटा के लिए आरक्षण सुरक्षित करना ताकि सामुदायिक कार्यों में इन्हें पूर्णरूप से शामिल किया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि पंचायती राज संस्थाओं पर विशिष्ट वर्ग का अधिकार न हो सके।

- अनुसूचित जातियों के लिए इसकी पूर्ति पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (पी.इ.एस.ए.) के उपबंधों द्वारा की गयी थी। संविधान (अनुच्छेद 243 एमसीबी) द्वारा इसे आज्ञापक बनाया गया जिससे पांचवी अनुसूची क्षेत्रों के निवासियों में रहने वाले अनुसूचित समुदायों के हितों की रक्षा और प्रोन्नयन किया जाये।

- चयनित और निर्वाचकों के अन्तर को भरने की दृष्टि से निर्वाचक मण्डलों के आकार से संबंधित चयनित प्रतिनिधियों की संख्या में गुणोत्ता रूप से वृद्धि करना।

- 'क्रिया–कलाप नक्शे' के माध्यम से पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न स्तरों के विधि और प्रशासनिक आदेशों के द्वारा विस्तृत विवरण देना।

- राज्य विधान–मंडल द्वारा जारी विधियों द्वारा पंचायतों को, ''आर्थिक विन्यास और सामाजिक न्याय की योजनाओं की तैयारी और क्रियान्वयन के संबंध में, ''स्वशासी–सरकार के संस्थानों'', गैर–स्वशासी शासन, के रूप में, कार्य करने के लिए सशक्त करने हेतु अवसरों में वृद्धि करना।

- प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार स्थापित किये जाने वाले राज्य वित्त आयोग के माध्यम से ''पंचायतों का मजबूत वित्त'' सुरक्षित करना जिससे राज्य और इसकी पंचायतों के मध्य राज्य

राजस्वों का विभाजन अवधारित होगा और राज्य की समेकित निधि से पंचायतों के लिए अनुदान–सहायता उपलब्ध करवाना । और

- पंचायतों को सामाजिक और औपचारिक लेखा–परीक्षा के अध्यधीन करना।

तिहत्तरवें संशोधन के पश्चात् राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाएं

राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम–पंचायती राज संस्थाओं के कृत्य और शक्तियां

5.7 राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 में पारित किया गया और 23 अप्रेल, 1994 से प्रवृत्त हुआ। अधिनियम न केवल 73वें संशोधन के आज्ञापक उपबंधों को समाहित करता है और इसके अलावा पंचायतीराज संस्थाओं के कृत्यों और शक्तियों के लिए उपबंध करने के अतिरिक्त, राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, ग्राम सभाओं की प्रक्रिया, सदस्यता में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण और अध्यक्ष के कार्यालय के बारे में अन्य उपबंधों को भी सम्मिलित करता है। निष्पक्ष चुनाव के संचालन के लिए, राजस्थान पंचायतीराज संस्था (चुनाव) नियम, 1994 बनाये गये और 30 दिसम्बर, 1998 से प्रभावी हुए। इन उपबंधो का अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार करने के लिए राजस्थान पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1999 अधिनियमित किया गया।

संगठनात्मक संरचना और पंचायतीराज संस्थाओं की भूमिका

5.8 जैसा कि पूर्व में उल्लिखित किया गया है कि 73वें संशोधन के पूर्व विद्यमान त्रिस्तरीय संरचना को बनाये रखा गया था। ग्राम पंचायत, ग्रामीण स्तर पर महत्वपूर्ण ईकाइयां हैं। खंड स्तर, मध्यम स्तर पंचायत समितियां से मिलकर बनता है और जिला परिषद् शीर्ष निकाय है। वास्तव में पंचायत समितियां वे वाहिनियां हैं जिनके माध्यम से ग्राम पंचायत समितियां के विकास के लिए अधिकांश निधि प्राप्त होती है। केन्द्र सरकार साथ ही साथ राज्य सरकार भी, ग्रामीण स्तर पर सीधे ही पंचायत समितियों को कई प्रमुख कार्यक्रमों के लिए और जिला स्तर पर जिला परिषदों को विकास निधि भेजती है। जिला परिषद् शीर्ष स्तर पर, ग्रामीण साथ ही साथ नगरीय क्षेत्रों के लिए, जिले की एकीकृत वार्षिक योजना तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। इसमें आगे प्रक्रिया जिला योजना समिति के माध्यम से होती है। तथापि, यह भूमिका राज्य सरकार के संबंधित विभाग द्वारा निष्पादित की जाती है। इसके कई कारक हैं जैसे कि विकास की वार्षिक योजनाओं की तैयारी और निष्पादन के लिए, जो अनुच्छेद 243छ के अधीन पंचायतीराज संस्थाओं को न्यस्त की गयी है, पंचायतीराज संस्थाओं को समनुदेशित ग्रामीण विकास कार्यों के क्रियान्वयन में पंचायत समितियां प्रभारी नोडल एजेंसियां हैं। अन्य पंचायतीराज संस्थाओं जैसे ग्राम पंचायतों और जिला परिषद् को समनुदेशित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के निरीक्षण और नियंत्रण के अतिरिक्त दिशा निर्देशन और मोनीटर करने का कार्य

भी इनको न्यस्त किया गया है। एक निर्वाचित प्रधान पंचायत समिति का प्रमुख होता है और उसकी सहायता के लिए एक मुख्य कार्यकारी होता है जो खण्ड विकास अधिकारी (विकास अधिकारी या बीडीओ) के नाम से जाना जाता है, और कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी विस्तार अधिकारी, पंचायत विकास अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, लेखाकार और मंत्रालयिक कर्मचारीवृन्द भी सहायता करते हैं।

5.9 राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की प्रथम, द्वितीय और तृतीय अनुसूचियां क्रमशः ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के कृत्यों और शक्तियों से संबंधित हैं। इन अनुसूचियों के अधीन पंचायतीराज संस्थाओं को लगभग प्रत्येक सरकारी विभाग के साथ कार्य न्यस्त किये गये हैं। कृषि, पशुपालन, मत्स्य, सामाजिक और फार्म वानिकी, लघु सिंचाई, ग्रामीण आवासन, पेयजल, सड़के, भवन, ग्रामीण विद्युतीकरण, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, शिक्षा, पुस्तकालय, सांस्कृतिक क्रियाकलाप, बाजार एवं मेले, ग्रामीण स्वच्छता, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, सामाजिक कल्याण, कमजोर वर्गों का कल्याण, लोक विभाजन प्रणाली आदि मुख्य शीर्ष हैं जिनके अधीन इन विभागों के भीतर–भीतर कार्य सूचीबद्ध हैं। यह 73वें संशोधन की भावना के अनुरूप हैं। 73वें संशोधन के अनुच्छेद 243–छ, उप–खण्ड (क) और (ख) पंचायतों की शक्तियों, प्राधिकारी और उत्तरदायित्वों का कथन करता है।

अनुच्छेद 243–छ के द्वारा निम्नलिखित उत्तरदायित्व विशेषरूप से न्यस्त किये गये है :

- आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजना तैयार करना। और
- ग्याहरवी अनुसूची में सूचीबद्ध मामलों से संबंधित मामलों को सम्मिलित करते हुए, इनको न्यस्त किये गये इनको आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए स्कीमों का जो उन्हें न्यस्त की जायें क्रियान्वयन करना।

ग्राम सभा

5.10 राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 ने ग्राम सभा की अवधारणा का आरंभ किया था। भारत के संविधान के भाग IX, अनुच्छेद 243 के खण्ड (ख) में उपबंधित है कि ''ग्राम सभा'' से, ग्राम स्तर पर पंचायत क्षेत्र के भीतर–भीतर समाहित किसी ग्राम से संबंधित निर्वाचक नामावलियों में रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों से मिलकर बना निकाय अभिप्रेत है। अनुच्छेद 243–क आगे उपबंधित करता है कि ग्राम सभा ग्राम स्तर पर ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का पालन कर सकेगी जो राज्य का विधानमंडल, विधि द्वारा उपबंधित करे। अनुच्छेद 243–क को पढ़ने से यह स्पष्ट है कि ग्राम सभा की शक्तियां और कृत्य राज्य के विधान मण्डल द्वारा प्रदत्त की जानी हैं। पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 8क की उप–धारा(3) और उप–धारा(4) पंचायत के लिए यह आज्ञापक बनाती है कि वह क्रमशः वित्तीय वर्ष की प्रथम और अंतिम तिमाही में, लेखाओं के विवरण, प्रशासन पर रिपोर्ट, विकास कार्यक्रम और व्यय के प्रस्ताव और विवरण तथा पंचायत का बजट ग्राम सभा के समक्ष रखे। पंचायतों के लिए ग्राम सभा के समक्ष सुसंगत अभिलेख रखे

जाने के उपरोक्त आज्ञापक उपबंधों के होते हुए भी, वास्तविकता यह है कि अधिकांश ग्राम पंचायतें विगत वर्ष के लेखाओं के वार्षिक कथन, गत वित्तीय वर्ष के प्रशासन पर रिपोर्ट, वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित विकास और अन्य कार्यक्रम और अंतिम और वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में इस प्रयोजन के लिए बुलायी गयी ग्राम सभा के समक्ष लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और लेखा–परीक्षा पैरा के जवाबों के साथ नहीं रखती हैं। इसी प्रकार, 1994 के अधिनियम की धारा, 8क की उप–धारा(4) की आज्ञापक आवश्यकताएं भी, वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही की ग्राम सभा की बैठक, जैसा कि अधिनियम द्वारा आज्ञापक है, में पर्यवेक्षित नहीं की गयी है।

5.11 ग्राम पंचायतों के सरपंच, राज्य सरकार के पंचायतीराज विभाग की सूक्ष्म मॉनीटरिंग के अभाव में, इस कर्त्तव्य की अनदेखी कर रहे हैं। यह और कि, विनियम के अधीन ग्राम पंचायतों को ग्राम सभा के प्रति उत्तरदायी ऐसी रीति से नहीं बनाया गया है जिससे संविधान द्वारा राज्य सरकार को राज्य विधान–मण्डल के प्रति उत्तरदायी बनाया गया है। ग्राम सभा के सशक्तिकरण के मुख्य कारण अधिनियम 94 की धारा 8क की उप–धारा(6) है जो कथन करती है कि ''ग्राम सभा, उसके समक्ष इस धारा के अधीन रखे गये मामलों पर चर्चा करने के लिए स्वतंत्र होगी और पंचायत, ग्राम सभा द्वारा दिये गये सुझावों, यदि कोई हों, पर विचार करेगी''। संक्षेप में, यह उप–धारा ग्राम सभा को उसके समक्ष रखे गये मामलों पर चर्चा करने का और पंचायत को, ग्राम सभा द्वारा दिये गये सुझावों पर, यदि कोई हो, विचार करने का विकल्प देती है। ग्राम सभा की राय सलाहकारी है और ग्राम पंचायत ग्राम सभा के विनिश्चयों और निदेशों के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य नहीं है जो ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाले निर्वाचकों के बहुमत का विनिश्चय है।

5.12 हमारी दृष्टि में यह विश्वास करना बिल्कुल गलत धारणा है कि ग्राम पंचायतें ग्राम सभा के प्रति उत्तरदायी बनायी गयी हैं। धारा 8क की उप–धारा(3) और (4) के उपबंधों के बडी मात्रा में देखते हुए उल्लंघन को देखते हुए, धारा 8क की उप–धाराओं में उल्लिखित विषयों पर, वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में कोई भी ग्राम सभाएं नहीं बुलायी गयी थी। परिणामस्वरूप, अधिकांश ग्राम पंचायतों में इन महत्वपूर्ण मामलों पर कोई विनिश्चय और निदेश जारी नही किये गये हैं।

5.13 ग्राम सभा को न तो ग्राम पंचायत के बजट की जानकारी है और न ही ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न ग्रामीण विकास स्कीमों में प्राप्त निधियों की और केन्द्रीय वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अन्य न्यागमनों की जानकारी है। आयोग के ध्यान में यह आया हे कि यहां तक कि ग्राम पंचायतों के वार्ड पंचों को भी, ग्राम पंचायतों द्वारा राज्य सरकार साथ ही साथ केन्द्रीय सरकार से विभिन्न शीर्षों और स्कीमों के अधीन प्राप्त निधियों की जानकारी नहीं होती है। जमीनी स्तरीय स्थिति दयनीय है और इस बात का संकेत है कि पंचायत समितियों के वार्ड सदस्यों और ग्राम सभाओं का वास्ततिक सशक्तिकरण अभी होना शेष है।

5.14 आयोग यह सिफारिश करता है कि राज्य सरकार पंचायतीराज विभाग के माध्यम से यह सुनिश्चित करे कि ग्राम पंचायत के सरपंचो द्वारा विधि के अनुसार बैठक बुलाकर और ग्राम सभा के समक्ष वार्षिक

रिपोर्ट के साथ लेखा और बजट प्रस्तुत करके धारा 8क की उप–धारा(3) और (4) के आज्ञापक उपबंधों का पालन किया जाये। जब यह भी नहीं किया जाये, तो ग्राम सभा के पर्यवेक्षणों/विनिश्चयों का पालन करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

5.15 आगे, सरकार के संबंधित विभाग को, इस संबंध में प्रत्येक ग्राम पंचायत के कार्यकरण को विस्तार से मोनीटर करना चाहिए। सभी ग्राम पंचायतों को यह पूर्व चेतावनी दी जानी चाहिए कि इन आज्ञापक उपबंधों, कर्त्तव्यों का उल्लंघन और चूक होने से संबंधित सरपंच साथ ही ग्राम सेवक के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है। ग्राम सभा को, इसके वैधानिक कार्य, प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सिद्धान्तों से करने के लिए, समर्थ बनाया जाना चाहिए। आयोग, इसलिए, तीसरे राज्य आयोग द्वारा दिये गये सुझावों को दोहराता है कि राज्य सरकार, पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 8क की उप–धारा(6) में बड़े संशोधन पर विचार कर सकती है ताकि ग्राम सभा द्वारा पारित संकल्पों को केवल ''सुझावों'' के रूप में न लिया जाये बल्कि जहां तक संभव हो आज्ञापक रूप से पालन किया जाये। ग्राम पंचायत को ग्राम सभा के प्रति उत्तरदायी बनाना चाहिए। यह केवल धारा 8क की उप–धारा(6) में संशोधन करके ही किया जा सकता है।

5.16 आयोग यह भी सुझाव देता है कि वार्ड पंचों और पंचायत समितियों और जिला परिषदों के अन्य सदस्यों को ग्राम पंचायत और अन्य पंचायतीराज संस्थाओं की कार्यवाहियों और विनिश्चयों में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए समर्थ बनाने हेतु, राज्य सरकार को, ग्रामीण विकास स्कीमों और अन्य आगमों के विभिन्न शीर्षों के अधीन पंचायतीराज संस्थाओं को केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग द्वारा, राज्य सरकार और केन्द्रीय सरकार द्वारा सीधे ही पंचायतीराज संस्थओं को दी गयी रकम की प्रत्येक मंजूरी की एक प्रति संबंधित पंचायतीराज संस्था के प्रत्येक सदस्य को भेजनी चाहिए। इससे न केवल पंचायतीराज संस्थाओं में पारदर्शिता आयेगी बल्कि पंचायतीराज संस्थाओं के कार्यकरण में बड़ा परिवर्तन आयेगा, इसके द्वारा, निधियों का उचित उपयोग होगा जिससे राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न स्कीमों और परियोजनाओं के अधीन कार्य में गुणात्मक सुधार होगा।

पद्धतियों का कम्प्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण

5.17 केन्द्रीय सरकार या राज्य बजट हस्तांतरण से सीधे ही प्राप्त निधियों का अभिलेख और उचित संधारण स्वयं स्पष्ट है किन्तु प्रत्येक स्तर पर बार–बार बल दिये जाने की आवश्यकता है। निधियों के उपयोग और इससे सृजित आस्तियों की उचित मोनीटरी के अभाव में निधियों का दुरूपयोग और दुराचार और छीजत होती है। इनसे, संस्था और साथ ही साथ राज्य सरकार की बदनामी होती है जब ये मीडिया द्वारा और कार्यक्रमों की सामाजिक संपरीक्षा द्वारा प्रकाश में लाये जाते हैं। इससे निधियों का अनुपयोग भी होता है यदि निधियां देने के लिए अपेक्षित दिशा–निर्देश और समय–सीमा का पालन न किया जाये। आधारभूत लेखा

कार्यों के निष्पादन के लिए कर्मचारीवृन्द की अपर्याप्तता इस कमी का एक महत्वपूर्ण कारक है। राज्य सरकार से ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग ने ''करिश्मा परियोजना'' के नाम से एक परियोजना आरंभ की है जिसके अधीन समस्त जिला परिषदों, पंचायत समितियों और 1100 ग्राम पंचायतों को कम्प्यूटर, प्रिटंर, सोफ्टवेयर और अन्य आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध करवायी जाती हैं। ग्राम पंचायत कम्प्यूटरों को आरएफ तकनीक द्वारा एक–दूसरे से और जयपुर में विभागीय मुख्यालय से जोड़ा जायेगा। यह परियोजना ग्याहरवें वित्त आयोग की सिफारीश पर आधारित थी। किन्तु यह स्कीम सफलतापूर्वक क्रियान्वित नहीं की जा सकी।

5.18 आधारभूत अवसंरचना का सृजन, पंचायत समिति और जिला परिषद् और राज्य मुख्यालय से संबंधता को संस्थाओं के शासन और प्रभाव को सुधारने की राज्य परियोजना के रूप में लिया जाना चाहिए। ऐसी परियोजना के क्रियान्वयन से अपेक्षाकृत लघु कालावधि के भीतर–भीतर परिणाम प्राप्त होंगे अब राजस्थान के कुछ जिले पहले से ही सीधे रोकड़ हस्तांतरण के लिए चुन लिये गये हैं और कई अन्य परियोजनाएं जैसे आधार और वित्तीय सेक्टर की वित्तीय स्कीमें कार्यान्वित हो रही है, यहां जमीनी स्तर पर अनेक कृत्यों और क्रियाकलापों के कम्प्यूटरीकरण की समग्र परियोजना, प्रारंभ करने की आवश्यकता है। अब प्रौद्योगिकी भिन्न और निकट स्तर की हैं जिसमें अलग–अलग कार्रवाई की अपेक्षा समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। प्रत्येक पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद् के लिए आगे योजना बनाने की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित डाटाबेस प्राप्त करना उद्देश्य होगा। पंचायत समिति स्तर पर लेखाओं का संधारण जिला स्तर पर इसकी मोनिटरी और राज्य स्तर पर मूल्याकंन और योजना इच्छित निष्कर्ष होगे। ''करिश्मा परियोजना'' के एक उन्नत रूप को पुनःप्रवर्तित किये जाने की आवश्यकता है।

पंचायत समितियों के कर्मचारिवृन्द

5.19 पंचायतीराज कर्त्तव्यों और कृत्यों का परिक्षेत्र और आकार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में, राजस्थान में ग्राम पंचायतों की संख्या 9177 है। ग्राम पंचायत का संगठनात्मक ढ़ांचा, सीधे निर्वाचित सरपंच और वार्ड पंचों से मिलकर बनता है जैसा कि पंचायतीराज अधिनियम, 1994 में उपबंधित किया गया है। यह वैसा ही है जैसा कि 1953 के अधिनियम के माध्यम से पूर्व में विद्यमान था। राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 78 प्रत्येक पंचायत के लिए एक सचिव या पंचायतों के समूह के लिए सचिवों के समूह का उपबंध करती है। राजस्थान, लम्बे समय से पंचायत स्तर पर सचिवों की कमी का सामना कर रहा है। पंचायतीराज विभाग के अनुसार ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं और पदेन पंचायत सचिवों के 9177 स्वीकृत पद हैं। यह संख्या वही है जो विद्यमान ग्राम पंचायतों की संख्या है। तथापि राज्य वित्त आयोग ने जिलों में निरीक्षण के दौरान यह पाया कि यहां तक कि सरकार के विभिन्न विभागों के और राज्य उपक्रमों के अधिशेष कर्मचारियों को विभाग द्वारा नियुक्त किया गया है किन्तु उन्होंने या तो पंचायत सचिव के रूप में कार्यग्रहण

नहीं किया है या जिन्होंने कार्यग्रहण किया है उनकी ग्राम पंचायतों के कार्यकरण की पृष्ठभूमि, अनुभव या प्रशिक्षण नहीं है।

5.20 आयोग ने इस मामले को गंभीरतापूर्वक लिया है क्योंकि प्रथम वित्त आयोग सहित सभी वित्त आयोगों के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए पूर्णकालिक सचिव की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। विभिन्न विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अधिशेष अप्रशिक्षित और अनुभवहीन कर्मचारियों की ग्राम सेवकों के रूप में नियुक्ति से न केवल ग्राम पंचायतें अपेक्षित सेवाएं पाने से विरत रहेंगीं बल्कि उनके लिए कठिनाइयां उत्पन्न होंगीं। अधिशेष घोषित किये गये कर्मचारी जैसे तिलम संघ या किसी नगरपालिका के चुंगी नाके से अधिशेष या किसी नगरपालिका के चुंगी नाके से अधिशेष कर्मचारी, ग्राम सेवक की स्थिति के लिए उपयुक्त नहीं समझे जा सकते क्यो कि उनमें ज्ञान, कौशल और सबसे अधिक महत्वपूर्ण उस व्यवहार का अभाव है जो ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए ग्रामीण स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए अपेक्षित है। अनुपयुक्त और अनर्हित कार्यकर्ता उस संस्था को अधिक हानि पहुचायेंगे, जहाँ उन्हें भेजा जायेगा। इससे यह भी दर्शित होता है कि राज्य स्थानीय शासन को कम अधिमानता प्रदान कर रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से, पंचायतों को शासन की महत्वपूर्ण संस्थाओं के बजाय अवशेष के रूप में माना जा रहा है।

5.21 आयोग का यह दृढ़ मत है कि ग्राम पंचायतों की देख–रेख और संधारण के लिए सेवाए किराये पर लेने हेतु 66 करोड़ रु. वार्षिक अनुमानित व्यय से ग्राम पंचायतों का संपूर्ण प्रशासनिक ढांचा सीधे ही सशक्त होगा। सेवाएं किराये पर लेने से ग्राम पंचायतें, संपूर्ण राज्य में 9:30 पूर्वाह्न से 6:00 मध्याह्न तक कार्यालय निर्बन्ध रख सकेंगी। केवल इससे ही पंचायतों का 'थेले' (कपड़े का बस्ता) में रहने का वर्णन समाप्त हो जायेगा।

5.22 आयोग को, समस्त 9177 ग्राम पंचायतों के लेखाओं की सूचना प्राप्त करने में बहुत कठिनाई का अनुभव हुआ। गत 15 महीनों के प्रयासों के पश्चात्, आयोग, ग्राम पंचायतों सहित समस्त पंचायतीराज संस्थाओं से सूचना एकत्र कर सका है। आयोग, समस्त ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के कम्प्यूटरीकरण की आवश्यकता के लिए, अत्याधिक चिंतित है। राज्य सरकार पहले से ही यह विनिश्चय कर चुकी है कि विभागों को आवंटित बजट का 3 प्रतिशत सूचना प्रौद्योगिकी पर व्यय किया जा सकता है। पंचायत विभाग को सभी स्तरों पर सूचना प्रौद्योगिकी लागू करने और/या उसमें सुधार करने की एक व्यापक स्कीम क्रियान्वित करने के लिए तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है। भारत सरकार ने, राज्य में समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर, राजीव गांधी सेवा केन्द्र स्थापित किये हैं ये सेवा केन्द्र कम्प्यूटर और इन्टरनेट सुविधाओं से सुसज्जित हैं। केन्द्रों और पंचायतीराज संस्थाओं के बीच समन्वय और दोनों स्तरों पर सेवाओं के एकीकरण की कठोरता से सिफारिश की जाती है।

5.23 समय आ चुका हे जब पूरे राज्य की ग्राम पंचायतों के ग्रामों की स्पष्ट तस्वीर नियन्त्रित रूप से प्राप्त की जाये और अद्यतन की जाये। इससे संबंधित जनगणना प्ररूप और डाटा आनलाईन उपलब्ध हैं, जिससे मूल परिदृश्य प्राप्त होता है, जिसको वार्षिक रूप से या जब भी परिवर्तन हो अद्यतन किया जा सकता है। यह, जैसा कि कहा जाता है, राकेट विज्ञान नहीं है बल्कि ग्राम स्तर पर साधारण व्यक्ति द्वारा संचालित बैटरी चालित उपकरण पर प्रविष्टि है। केन्द्र का डाटा प्रविष्टि, संपादन और शुद्धिकरण के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एन.एस.एस.ओ.) पहले से ही हाथ से चलाया जाने वाला कम्प्यूटर काम में ले रहा है। प्रादेशिक जनगणना कार्यालय, अच्छे डिजाईन किये हुए प्रारूप में डाटा और/या ग्राम स्तरीय डाटा रिकार्डिंग करने के लिए प्रशिक्षण देने हेतु, एक अन्य संसाधन है। राज्य में एक प्रादेशिक एन.एस.एस.ओ. कार्यालय है और एक सांख्यिकीय राज्य निदेशालय है। तीनों अभिकरणों की सहायता से यह कार्य कुछ महीनों में पूर्ण किया जा सकता है। पेयजल और इसकी गुणवत्ता, ग्राम में जल निकायों और कुओं की संख्या, घरों की संख्या कच्चा/पक्का, पुरूष/महिला जनसंख्या का आयु विभाजन, ग्राम सड़कों की स्थिति, डाक–घरों की संख्या, खेल के मैदान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/उप–केन्द्र, नर्सरी विद्यालय, दोपहर का भोजन, महिला मण्डल, उचित मूल्य की दुकान, विद्युतीकरण की प्रास्थिति और घंटों की संख्या और समय जब बिजली आपूर्ति उपलब्ध रहती है, घरेलू उपभोक्ताओं और/या कृषि कनेक्शनों, आर.सी.डी.एफ. के दूध केन्द्रों पर या निजी व्यवहारियों द्वारा दूध का एकत्रीकरण इत्यादि कुछ ऐसी मदें हैं जो हमने प्रगणित की हैं। ऐसी अन्य बातें हो सकती हैं जैसे आवश्यक सुविधाओं या राष्ट्रीय या राज्य राजमार्गों से दूरी, जो रिकार्ड की जा सकती है और ऑनलाईन उपलब्ध करवाई जा सकती है। दुःख की बात यह है कि ये अधिकांश डाटा अस्तित्व में है किन्तु विभिन्न बैंकों, अन्तरराष्ट्रीय एजेंसियों जैसे यूनीसेफ या यू.एन.एफ.पी.ए. या योजना और सांख्यिकीय विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग इत्यादि। इसको व्यवस्थित रूप से एकत्र करने की आवश्यकता है बजाय इसको स्थानीय स्तर पर असंसूचित और अप्रशिक्षित कर्मचारिवृन्दों/कार्मिकों के भरोसे छोड़ा जाना, जिनकी संभवतया अन्य प्राथमिकताएं हैं।

पंचायती राज और ग्रामीण विकास स्कीमों के मध्य समन्वय

5.24 ग्रामीण विकास क्रियाकलापों, विशेष रूप से वे जो सामाजिक सेक्टर से संबंधित हैं और प्रत्येक योजना कालावधि में केन्द्रीय रूप से प्रायोजित है, में अन्तर्वलित दो प्रमुख विभागों के मध्य बेहतर समन्वय करने के लिए जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों (डी.आर.डी.ए.) को जिला परिषदों के साथ सम्मिलित कर लिया गया है। मनरेगा, सूचना का अधिकार, आई.जी. आवास योजना, लोक विभाजन प्रणाली, शिक्षा का अधिकार कुछ ऐसी स्कीमें हैं। राज्य स्कीमें सदैव पंचायती राज संस्थाओं को समनुदेशित की जाती हैं। ग्रामीण विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी सुकर बनाने के लिए ऐसा किया गया है और इसलिए, इससे इनके त्वरित क्रियान्वयन में भी सहायता मिल सकती है। निष्पादन, पर्यवेक्षण और मोनिटरी के लिए प्रत्येक जिला परिषद में एक पृथक् प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। विनिश्चय करने में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पंचायती राज संस्था स्तर

अर्थात् जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम सभा में छह स्थायी समितियां गठित की गयी हैं। ये समितियां निम्न है –

i.) प्रशासन और संस्थापन समिति।
ii.) वित्त और कराधान समिति।
iii.) विकास और उत्पादन क्रियाकलाप समिति।
iv.) शिक्षा समिति।
v.) सामाजिक सेवाएं और सामाजिक न्याय समिति।
vi.) ग्रामीण विकास समिति।

तथापि, समितियां पूर्णतः क्रियाशील नहीं हैं। इनको क्रियाशील करने और कालिक बैठकें करने की आवश्यकता है। ऊपर चर्चा की गयी पंचायती राज संस्थाओं की बैठकों में कर्मचारिवृन्दों की कमी का यह एक और कारण है।

अनुसूचित क्षेत्र के विस्तार का उपबंध

5.25 राजस्थान पंचायती राज (उपबंधों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपांतरण) अधिनियम, 1999 के विधायन का आशय, अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामों को विशेष ग्राम पंचायत का भाग बनाने के लिए प्रसार और सशक्त करना है। साधारण रूप से, पंचायती राज अधिनियम, 1994 में एक ग्राम की पंचायत में एक ग्राम सभा का सिद्धांत है जब कि अनुसूचित क्षेत्रों में जातीय, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक प्रथाएं, सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण और इन क्षेत्रों में विवादों के निस्तारण के लिए, प्रत्येक ग्राम के लिए एक विशेष ग्राम पंचायत/ग्राम सभा रखी गयी और सशक्त की गयी है। ये उपबंध, मुख्य रूप से जनजातीय या विशिष्ट जातीय संस्कृतियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए हैं। इन विशेष ग्राम सभाओं को, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक प्रथाओं और सामुदायिक संसाधनों (विशेष रूप से जल और खनिज) की सुरक्षा के लिए और इन क्षेत्रों में विवादों के निस्तारण के लिए भी, सशक्त किया गया है। यह भी उपबंधित किया गया है कि छोटे जल संसाधनों, गौण खनिजों के प्रयोग और अनुसूचित क्षेत्रों में खनिजों की अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए ग्राम सभा का अनुमोदन आवश्यक है। अनुसूचित क्षेत्र में प्रारंभ किये गये सभी विकास कार्यों का ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन आवश्यक होता है। यह भी उपबंधित किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाओं का अध्यक्ष केवल जनजातीय जनसंख्या में से ही निर्वाचित किया जायेगा।

5.26 अनुसूचित क्षेत्रों में गौण खनिजों के आवंटन और अनुज्ञप्ति विलेखों की मंजूरी के लिए भी ग्राम सभा का पूर्व अनुमोदन आवश्यक बनाया गया है। तथापि, अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को दी गयी शक्तियों का प्रयोग खान विभाग (ग्रुप–2) की अधिसूचना दि. 18.12.2000 की दृष्टि में गत तेरह वर्षों में कभी भी नहीं किया गया है। यह अधिसूचना, अनुसूचित क्षेत्रों में मुख्य और गौण खनिजों के नये क्षेत्रों के आवंटन को

प्रतिषिद्ध करती है। इसके बजाय, अधिसूचना उपबंधित करती है कि नये खनन क्षेत्रों का आवंटन शासन सचिवों की एक समिति द्वारा किया जायेगा जो सुसंगत नियमों के अधीन खनिज अनुज्ञप्तियों के लिए गठित की जायेगी। इस समिति की सिफारिशें, राज्य सरकार की मंत्रिमण्डल उप–समिति के समक्ष रखी जायेंगी जो केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अनुज्ञप्तियां मंजूर करेगी। तथापि, 18.12.2000 का परिपत्र नियमानुसार विद्यमान पट्टों के नवीनीकरण को प्रतिषिद्ध नहीं करता था।

5.27 आयोग की यह राय है कि उपरोक्त परिपत्र से अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाएं पात्र व्यक्तियों को गौण खनिजों के लिए नयी अनुज्ञप्तियां मंजूर करने के वैधानिक अधिकार और शक्ति से वंचित हो गयी हैं। इससे श्रमिकों के लिए नियोजन के और क्षेत्रों के नये उद्यमियों के नये अवसर कम होते हैं। इससे राज्य सरकार के लिए राजस्व अर्जित करने के अवसर भी कम होते हैं। यह आश्चर्यजनक है कि एक तरफ तो 1999 में अनुसूचित क्षेत्र अधिनियम पारित किया गया और अगले ही वर्ष 2000 में इस अधिनियम के प्रतिकूल अधिसूचना जारी की गयी। इस परिपत्र का प्रभाव यह हुआ कि अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाएं, 18.12.2000 के परिपत्र में अधिकथित प्रक्रिया के कारण, जो अभी तक प्रवृत्त है, गौण खनिजों की अनुज्ञप्तियों की मंजूरी के आधारभूत अधिकार से पूर्णतया वंचित हो गयी हैं। आयोग, सरकार का ध्यान इस परिपत्र की आवश्यकता पर विचार करने या इसके प्रत्याहरण के लिए विचार करने पर, दिलाना चाहेगा।

अध्याय 5 परिशिष्ट

विकेन्द्रित शासन और हस्तांतरण के लिए संगठन संरचना का पुनरीक्षण सुझाव और सिफारिशें

I

पंचायती राज संस्थाएं

क5–1. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और शासन की ओर प्रतिबद्धता, संविधान के अनुच्छेद 40–नीति निदेशक सिद्धांतों में उपबंधित की गयी है। पचास एवं साठ के दशक में पंचायती राज प्रणाली के माध्यम से जमीनी स्तर का लोकतंत्र स्थापित करने के लिए उत्साहपूर्वक कदम उठाये गये। राजस्थान इस संबंध में अग्रणी रहा, जब 2 अक्टूबर 1959 में पड़ित नेहरू ने नागपुर में पंचायती राज का प्रारंभ किया। तथापि, पहले जैसा उत्साह अंतिम वर्षों में नहीं बना रहा और एक दशक से ज्यादा समय तक पंचायतों के चुनाव नहीं हुए। यह केवल 73वें संविधान संशोधन के पश्चात् तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में हुआ कि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की तरफ कदम बढ़े। पंचायतों को, जिम्मेदारी, प्राधिकार और उनके द्वारा निष्पादित कृत्यों के विस्तृत उपबंधों के साथ संवैधानिक प्रास्थिति प्रदान की गयी है। पंचायतों द्वारा जिम्मा लिये जाने वाले मामलों की विस्तृत सूची संविधान की ग्याहरवी अनुसूची में दी गयी है। अनुच्छेद 243 छ और 243 ज में पंचायतों की जिम्मेदारियां और कर और फीस उद्गृहीत करने की शक्ति दी गयी है। संवैधानिक संशोधन को सम्मिलित करने के लिए राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 अधिनियमित किया गया था।

क5–2. इस अधिनियम में, पंचायती राज संस्थाओं को, उस क्षेत्र के लोगों से संबंधित लगभग समस्त कृत्य समनुदेशित किये गये हैं। ये कृत्य धारा 50, 51 और 52 की प्रथम, द्वितीय और तृतीय अनुसूची में क्रमशः ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद से संबंधित हैं। अधिनियम की धारा 32, 33 और 35 के अधीन सरपंचों, प्रधानों और प्रमुखों को शक्तियां प्रदत्त की गयी हैं। पंचायती राज संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए समर्थ बनाने के लिए और केवल सकार की एजेंसी ही नहीं बनाने के लिए सरकार ने जुलाई, 2003 में संविधान की 11 वीं अनुसूची के 29 विषयों में से 18 विषय पंचायती राज संस्थाओं को अंतरित किये हैं। तत्पश्चात् 2010 में, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति ने पांच विषय स्थानीय निकायों को अंतरित करने की सिफारिश की है।

क5–3. मुख्य सचिव, राजस्थान ने, पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित विभागों द्वारा उठाये जाने वाले कदमों के बारे में प्रशासनिक आदेश जारी किये हैं। निदेशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विषय/कृत्य निम्नलिखित होने चाहिएं–

(i.) पंचायती राज संस्थाओं को, भविष्य में स्थानीय शासन के रूप में विकसित करने की दृष्टि से अंतरित।

(ii.) विषयों का अंतरण पूर्ण होना चाहिए और विभागों को इन विषयों/कृत्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

(iii.) पंचायती राज संस्थाओं को अंतरित विषयों/कृत्यों के निष्पादन के लिए, आवश्यक कर्मचारिवृन्द और निधियां दी जानी चाहिएं।

मुख्य सचिव द्वारा विषयों के हस्तांतरण के क्रियान्वयन के लिए निम्नलिखित सामान्य दिशा–निर्देश जारी किये गये थेः

क. विषयों/कृत्यों का अंतरण :

(i.) पंचायती राज संस्थाएं, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी की गयी नीति, आदेशों और वित्तीय नियमों के अनुसार कार्य करेंगी।

(ii.) पंचायती राज संस्थाएं, राज्य सरकार द्वारा नियत भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी होंगी।

(iii.) राज्य सरकार का प्रशासनिक विभाग, पंचायती राज संस्थाओं को, कार्यक्रमों और स्कीमों के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी करेगा और पंचायती राज संस्थाएं इन आदेशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होंगी।

ख. कार्मिकों का स्थानान्तरणः

(i.) स्थानान्तरित कर्मचारिवृन्द पंचायतीराज संस्थाओं के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेंगे और पैतृक विभाग सीधे ही इन कार्मिकों को कोई आदेश जारी नहीं करेगा।

(ii.) कर्मचारिवृन्द राष्ट्रीय महत्व के कार्य, जैसे चुनाव और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कार्य इत्यादि, करने के लिए भी उत्तरदायी होंगे।

(iii.) पंचायतीराज संस्थाएं, स्थानान्तरित कर्मचारिवृन्दों का ठीक अगला नियंत्रण प्राधिकारी होंगी।

(iv.) स्थानान्तरित कर्मचारिवृन्द सामान्य कर्मचारियों की तरह राज्य सरकार के कर्मचारी होंगे और उनकी सेवाएं उन्हीं नियमों के अधीन शासित होंगी जो पंचायती राज संस्थाओं में स्थानान्तरण के पूर्व उन पर लागू हो रहे थे।

(v.) पैतृक विभाग, पंचायती राज संस्थाओं को स्थानान्तरित कर्मचारियों का काडर नियंत्रण प्राधिकारी बना रहेगा। किन्तु पंचायती राज संस्थाओं से उनके स्थानान्तरण पंचायती राज विभाग से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात्, काडर नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा किये जायेंगे।

(vi.) काडर नियंत्रक प्राधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं में उनके द्वारा नियंत्रित काडरों से संबंधित रिक्त पदों को भरने के लिए विभागीय नियमों के अनुसार आवश्यक कारवाई करेगा।

(vii.) इन कर्मचारियों का पंचायत समिति के भीतर–भीतर स्थानान्तरण स्वयं पंचायत समिति द्वारा किया जायेगा और जिले की दूसरी पंचायत समिति में जिला परिषद् द्वारा किया जायेगा। अन्तर जिला स्थानान्तरण पैतृक विभाग द्वारा, पंचायती राज विभाग के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।

(viii.) पंचायती राज संस्थाएं सी.सी.ए. नियम 17 के अधीन अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए सक्षम होंगी किन्तु सी.सी.ए. नियम 16 के अधीन अनुशासनात्मक कार्रवाई केवल पैतृक विभाग द्वारा ही की जायेगी।

(ix.) कार्मिकों का वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन विकास अधिकारी या, यथास्थिति, जिला परिषद् के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा रिपोर्ट किया जायेगा।

(x.) छुट्टी की मंजूरी, उपस्थिति सत्यापन या दौरों का अनुमोदन पंचायती राज संस्था के उस ठीक अगले नियंत्रक अधिकारी द्वारा किया जायेगा जिसको कर्मचारी रिपोर्ट करता है।

ग. निधियों का अंतरण :

(i.) अन्य कर्मचारिवृन्द के साथ कार्यालय का आहरण एवं वितरण अधिकारी भी पंचायती राज संस्थाओं को स्थानान्तरित किया जायेगा। वह कार्यालय के आहरण एवं वितरण अधिकारी के रूप में कार्य करना जारी रखेगा। यदि किसी मामले में पंचायती राज संस्थाओं को आहरण एवं वितरण अधिकारी स्थानान्तरित नहीं किया जाता है तो, स्थानान्तरित कर्मचारिवृन्द के आहरण–वितरण अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए, पैतृक विभाग अन्य अधिकारी को पदाभिहित करेगा।

(ii.) आहरण–वितरण अधिकारी, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नियंत्रण में रहेगा।

(iii.) पंचायती राज संस्थाओं को अंतरित क्रियाकलापों के पूरा करने के लिए विभागों के बजट शीर्ष आहरण वितरण अधिकारी द्वारा अब तक के अनुसार प्रचालित किये जायेंगे जिसके अधीन वर्ष 2010–11 के दौरान बजट उपबंध अस्तित्व में हैं।

(iv.) वर्ष 2011–12 और उसके पश्चात् के संस्थापन प्रभारों और क्रियाकलापों से संबंधित निधियां विभाग के बजट में लघु शीर्ष 196, 197, और 198 के अधीन दी जायेंगी। इसके पश्चात्, अंतरित विषयों/कृत्यों के प्रशासनिक विभाग, मुख्य सचिव के निर्देश की अनुपालना में आदेश और निर्देश जारी करेंगे।

क5–4. इसलिए आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर लोक प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श में इस पहलू का परीक्षण किया। यह पाया गया कि अन्तरित विषयों/कृत्यों का पूरे राज्य में एक ही रीति से क्रियान्वयन नहीं किया गया है। निर्वाचित प्रतिनिधियों ने पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित

कर्मचारिवृन्द के और साथ ही साथ इन कृत्यों के लिए अंतरित निधियों के प्रशासनिक नियंत्रण पर अपनी अप्रसन्नता और असंतोष व्यक्त किया। उनकी यह राय थी कि–

(i.) लाइन विभाग पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित कृत्यकारियों के पदस्थापनों और स्थानान्तरणों में जिला परिषद् और पंचायत समिति के निर्वाचित पदाधिकारियों से उनके क्षेत्र में परामर्श नहीं करते। विषयों/कृत्यों के विकेन्द्रीकरण को प्रभावी बनाने की दृष्टि से, उन्हें अपनी अधिकारिता में कृत्यकारियों का स्थानान्तरण करने की शक्तियां दी जा सकती हैं।

(ii.) लाइन विभागों के अधिकारी अब भी अपने पैतृक विभागों से सीधे ही आदेश लेते हैं और उन्हें अनुपालन की रिपोर्ट करते हैं।

(iii.) योजनाओं और स्कीमों पर जिला परिषद और पंचायत समिति में संबंधित विभागों द्वारा राज्य सरकार को इनके प्रस्तुत किये जाने के पहले विचार–विमर्श नहीं किया जाता।

(iv.) अन्तरित विषयों की योजनागत अधिकतम सीमा को जिलों में अग्रिम रूप से सूचित नहीं किया जा रहा है, इसलिए, विकेन्द्रीकृत योजना जिला स्तर पर वास्तविक अर्थ में नहीं की गयी है।

(v.) निर्वाचित प्रतिनिधियों को कार्य के निष्पादन के लिए कोई वित्तीय शक्तियां नहीं दी गयी हैं स्था.क्षे.वि. सां., स्था.क्षे.वि.वि. निधियों की भांति उनके अधिकार में कोई निधियां नहीं हैं।

क5–5. इस आयोग के अधिकारियों के एक दल ने जिला परिषदों के अधिकारियों और अन्तरित विभाग के अधिकारियों से प्रारंभिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अजमेर, पाली और टोंक जिलों का दौरा किया। इस दल का संप्रेक्षण यह था कि–

i. कृत्यगत हस्तांतरण को अवधारित करने में 'क्रियाकलापों', 'विषयों', 'कृत्यों' और विभागों के बीच अन्तर करने में कोई अवधारणागत स्पष्टता नहीं थी।

ii. पंचायतीराज विभाग द्वारा अंतरित विषयों/कृत्यों के लिए क्रियाकलाप मानचित्रण अब तक नहीं किया गया है।

iii. क्रियाकलाप मानचित्रण की कमी के कारण निधियों के आबंटन को विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों के साथ अब तक नहीं जोड़ा जा सका।

iv. ग्राम पंचायतों में क्षेत्र, जनसंख्या, संस्पदन, विन्यास, कर्मचारिवृन्द का सर्मथन, उनकी क्षमता और स्थानीय आवश्यकताओं के संदर्भ में आकार में विविधता है उन्हें जो अनुसूचित क्षेत्रों में हैं, को सम्मिलित करते हुए, किन्तु कृत्यकरणगत हस्तांतरण के लिए उनके साथ एक ही रीति से व्यवहार किया जा रहा है।

v. चूंकि सामान्य कार्यविधि नियम और स्थायी आदेश नहीं है इसलिए, स्थानान्तरित विषयों के क्रियान्वयन के लिए भिन्न–भिन्न कार्यकरण माडलों पर प्रयास किया गया है।

vi. अन्तरित विषयों के विभागाध्यक्ष अब भी जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अनदेखी करते हुए, सीधे ही जिला अधिकारी के साथ कार्रवाई करते हैं।

vii. जिला परिषदों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजस्थान प्रशासनिक सेवा से हैं। उन्हें पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के बारे में जिला कलक्टरों, पुलिस अधीक्षकों, प्रशासनिक सचिवों और विभागों के प्रमुखों के साथ संवाद करने और अनुशीलन करने में थोड़ी कठिनाई होती है।

viii. विभागीय निधियां सीधे ही जिला अधिकारियों को भेजी जाती हैं, जैसा कि विषयों/कृत्यों के अन्तरण से पहले होता था।

ix. अन्तरित विभागों के कार्मिकों के स्थानान्तरण और पदस्थापन में जिला परिषदों और पंचायत समितियों की कोई भूमिका नहीं है। यह कार्य राज्य सरकार के स्तर पर, जिला परिषद और पंचायत समिति से परामर्श किये बिना ही किया जा रहा है।

x. पंचायती राज संस्थाओं को विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न वार्षिक स्कीमों/कार्यक्रमों के वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी घोषित किया गया है, किन्तु पंचायती राज संस्थाओं ने न तो लक्ष्य निर्धारित करने में और न ही इन स्कीमों के क्रियान्वयन के क्षेत्र में सामना की जा रही कठिनाइयों के बारे में परामर्श किया है।

xi. कृषि विस्तार कार्य और सामाजिक कल्याण की कुछ स्कीमों के क्रियान्वयन का नियंत्रण दिनांक 02.10.2010 को कृत्यों के अन्तरण से पहले जिला परिषदों द्वारा किया जा रहा है। इन मामलों में कृत्यकारी, पंचायतीराज संस्थाओं से निर्देश/आदेश प्राप्त कर रहे हैं और पंचायती राज संस्थाओं को प्रगति की रिपोर्ट दे रहे हैं। इन स्कीमों/कार्यक्रमों से संबंधित निधियां जिला परिषदों को अन्तरित की गयी है, यह व्यवस्था पिछले लम्बे समय से निर्बाध रूप से कार्य कर रही है। अन्य विभागों के शेष कार्यों के लिए भी यही व्यवस्था अंगीकृत की जा सकती है।

xii. स्थानान्तरित कर्मचारिवृन्द के सेवा अभिलेख और अन्य कार्मिक अभिलेख जिला परिषदों और पंचायत समितियों को नहीं सौपे गये हैं। प्रत्येक कार्य के लिए कर्मचारिवृन्द पैतृक विभाग के पास जा सकते हैं।

क5–6. राज्य योजना बोर्ड ने भी 2011–12 के दौरान विकेन्द्रित योजना के बारे में एक अध्ययन किया था और इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि पंचायती राज संस्थाओं और अन्तरित विभागों के बीच योजनागत प्रक्रिया में समन्वय की कमी है। इन अन्तरित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी अब भी अपने जिलों में जिला परिषदों से परामर्श किये बिना अपनी योजनाएं स्वतंत्र रूप से बना रहे हैं और अपने उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत कर रहे हैं। जिला प्रमुख के अधीन गठित जिला योजना समिति अब भी ऐसी सजावटी समिति है जो लाइन विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर किसी संवीक्षा या विचार विमर्श के बिना केवल अपनी मुहर लगा देती है। इन निष्कर्षों से यही बात सामने आती है कि दिनांक 02.10.2010 को पंचायती राज संस्थाओं को पांच

विषयों के अन्तरण का आदेश देकर राज्य सरकार की राजनैतिक प्रतिबद्धता के बावजूद जमीनी स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने के लिए एक लंबा रास्ता तय किया जाना है।

क5–7. उपर्युक्त तथ्यों के प्रकाश में पंचायती राज संस्थाओं को प्रभावी और दक्ष बनाने के लिए आयोग यह सुभाव देता है किः

i. कार्यकारी अन्तरण का विश्लेषण करते समय 'क्रियाकलापों', 'विषयों', 'कृत्यों' और 'विभागों' के मध्य अन्तर बनाये रखने के लिए वैचारिक स्पष्टता होनी चाहिए।

ii. क्रियाकलापों का निर्धारण करने के लिए अन्तरित विषयों/कृत्यों का निर्धारण पंचायतीराज विभाग द्वारा किया जायेगा। क्रियाकलाप निर्धारण में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए कि क्या वह कृत्य मूल कृत्य के रूप में अन्तरित है या वह एजेंसी के रूप में पंचायतों का कृत्य है या उनकी मध्यस्थ की भूमिका है।

iii. क्रियाकलापों के निर्धारण को निधियों के आवंटन से जोड़ा जाना चाहिए।

iv. समस्त संबंधित पक्षों को क्रियाकलाप मानचित्रण के कार्य की महत्ता और विवक्षाओं के बारे में शिक्षित किये जाने की आवश्यकता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि क्रियाकलापों का निर्धारण, उच्चतर स्तर की सरकारों की भूमिका में वृद्धि करेगा। इसलिए, वे वह कार्य नहीं कर रहे हैं जो वह पहले करते आए हैं।

v. क्रियाकलापों के मानचित्रण में कतिपय मूल सिद्धान्तों की पुष्टि होनी चाहिए। प्रथमतः, विषय एक साथ हस्तान्तरित नहीं किये जा सकते, इनको विभिन्न क्रियाकलापों के रूप में रखे जाने और सरकार के विभिन्न स्तरों पर समुचित रूप से समनुदेशित किये जाने की आवश्यकता है। दूसरा, गतिविधि, बजट मदों/स्कीमों पर अवधारित न होकर उस सेक्टर में कृत्यों के आधार पर अवधारित होनी चाहिए। तीसरा, स्कीम–वार आधार पर समान गतिविधि के लिए स्कीमें और भिन्न मापदण्ड लागू नहीं किये जा सकते किन्तु कतिपय गतिविधियां जैसेकि हिताधिकारियों का चयन भिन्न हो सकता है। चौथा, पंचायतीराज विभाग, पंचायतों द्वारा परिदत्त की जाने वाली सेवाओं के मानक तय करने और उनकी मॉनिटरी के लिए, यदि उक्त मानक तय कर दिये गये हैं तो, उत्तरदायी हो।

vi. क्रियाकलाप मानचित्रण करते समय, पंचायतों को न्यस्त अभिकरण कृत्यों और उनके मूल कृत्यों के बीच एक स्पष्ट अन्तर किया जाना आवश्यक है। अभिकरण कृत्यों के संबंध में, पंचायतों को कोई कृत्य न्यस्त करने वाली उच्च स्तरीय सरकार, पैरास्टेटल और अन्य को ऐसी प्रवर्तनीय संविदाएं करनी चाहिएं, जो पंचायतों, जिन्हें ऐसे अभिकरण कृत्य न्यस्त किये गये हैं, की एजेन्सी साथ ही साथ विभाग की भूमिका और दायित्वों की रूपरेखा तय करती है। ऐसी संविदाओं में संबंधित स्थानीय सरकार द्वारा अधिकरण कृत्य किये जाने को सम्पूर्ण लागत की पूर्ति की व्यवस्था होनी चाहिए।

vii. वर्तमान में समस्त ग्राम पंचायतों को उनकी भौतिक, जनसांख्यिकी स्थिति और संसाधन आधार को ध्यान में लाये बिना एकरूप रीति से व्यवहृत किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग को कर्मचारी प्रबंध, कार्यकरण और वित्तीय अंतरण के लिए ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्र, जनसंख्या, और राजस्व आधार, इत्यादि के आधार पर तीन–चार प्रवर्गों में वर्गीकृत करना चाहिए।

viii. पंचायती राज विभाग को समय उपदर्शित करते हुए वह अंतिम रूपरेखा तय करनी चाहिए जिसके द्वारा संविधान की 11वीं अनुसूची में सूचीबद्ध समस्त विषय पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित हो जायें।

ix. राज्य सरकार को शासन सचिवालय के लिए जारी किये गये कार्यविधि नियमों की तर्ज पर जिला परिषद् पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के लिए नियमावली विहित और जारी करनी चाहिए जिसमें पंचायती राज संस्थाओं और अन्तरित विभागों के कार्यकारियों की भूमिका, कर्त्तव्यों, प्राधिकार और आपस में सम्पर्क परिभाषित हों ताकि प्रत्येक अधिकारी और पदाधिकारी किसी भी भ्रम के बिना स्पष्ट रूप से अपने प्राधिकार और दायित्व जान सकें। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग, राजस्थान ने राजस्थान पंचायती राज (अन्तरित गतिविधियां) नियम 2011 अधिसूचित किये थे किन्तु ये अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते।

x. कार्यों के श्रीघ निष्पादन के लिए जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के सभी स्तरों पर प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय शक्तियों की अनुसूची राज्य सरकार द्वारा, विहित और जारी की जानी चाहिए।

xi. अन्तरित विभागों के जिला प्रधान, जिला परिषद् के अभिन्न अंग बनाये जाने चाहिए और उन्हें अतिरिक्त/उप–मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अथवा उनकी वरिष्ठता व अन्य मापदण्डों के अनुसार अतिरिक्त सी.ई.ओ.(चिकित्सा), उप सी.ई.ओ.(शिक्षा) इत्यादि जैसे नामों से नामनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

xii. इन अधिकारियों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन की जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित और उसका पुनरावलोकन विभागाध्यक्षों द्वारा किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में, जहाँ प्रतिवेदक अधिकारी और पुनरावलोकन अधिकारी की टिप्पणियों में भिन्नता हों वहाँ जिला प्रमुख की सिफारिशों को स्थान दिया जाना चाहिए।

xiii. अन्तरित विभागों के कार्यकारियों के सेवा मामले मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला परिषद् के स्तर तक तय हो जाने चाहिए। सेवा मामलों के विनिश्चय के लिए जिला परिषद् को विभागाध्यक्ष की शक्तियां दी जानी चाहिए। कार्यकारियों के सेवा–अभिलेख जिला परिषद् में रखे जाने चाहिए। यह मुख्य कार्यपालक अधिकारी को सेवा मामलों जैसे कि वार्षिक वेतन वृद्धि, अवकाश की मंजूरी और बकाया दावों के निपटारे को विनिश्चय के लिए सशक्त करेगा।

xiv. वित्त वर्ष के प्रारम्भ में अन्तरित विषयों/कृत्यों के बजट प्रावधान के अनुसार निधियाँ जिला परिषद् के लोक निक्षेप लेखा में अन्तरित की जायेगी। सुविधा की दृष्टि से एक से अधिक लोक निक्षेप लेखा

रखे जाने की अनुमति दी जाये ताकि विभाग द्वारा अन्तरित की गयी निधियां संबंधित विभाग के नामनिर्दिष्ट लोक निक्षेप लेखा में रखी जा सकें। इसके बदलें में, जिला परिषद् पंचायत समिति को और पंचायत समिति संबंधित ग्राम पंचायत को निधियां अन्तरित करेगी।

xv. निर्वाचित पदाधिकारी जैसे कि जिला प्रमुख, को नकद/बैंक से संबंधित कार्य नहीं सौंपे जाने चाहिए क्योंकि ये अस्थाई प्रकृति का पद धारित करते हैं।

xvi. विकेन्द्रीकृत आयोजना को प्रभावी और सहभागिता पूर्ण बनाये जाने के लिए, योजना विभाग या संबंधित प्रशासनिक विभाग को वित्त वर्ष के प्रारंभ में जिला योजना की एक अन्तरिम रूपरेखा उपदर्शित करनी चाहिए ताकि वैसे प्रस्ताव तैयार किये जा सकें और जिला योजना समितियों में समय रहते उन पर पहले से ही विचार–विमर्श किया जा सके और राज्य सरकार को एक सुविचारित जिला योजना प्रस्तुत की जा सके।

xvii. पंचायती राज संस्थाओं को उनके स्वयं के राजस्व संसाधन जुटाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को भी इस संबंध में यथोचित रूप से कुछ दायित्व सौंपे जाने चाहिए।

xviii. पंचायती राज संस्थाओं को उनके क्षेत्रों में कृत्यकारियों का स्थानान्तरण, उनके साधारण निकाय के पूर्व अनुमोदन से किये जाने के लिए प्राधिकृत किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को, पंचायती राज संस्थाओं के कृत्यकारियों के स्थानान्तरण पर प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए किन्तु राजस्थान विधानसभा का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् एक स्थानान्तरण नीति प्रवर्तित की जा सकती है।

xix. राज्य सरकार को, पंचायती राज संस्थाओं के अधीन कार्यालय में कार्मिक लगाने के बजाय जिला परिषद को आवंटित करने चाहिए। जिला परिषद को भी इन कार्मिकों को पंचायत समितियों में आवंटित करना चाहिए। कार्मिकों का पदस्थापन उस पंचायती राज संस्था में, जिसमें वह कार्यालय है, किया जाना चाहिए।

xx. परियोजनाएं या स्कीमें, जिनमें पंचायतीराज संस्थाओं के समान अंश हैं या उनके द्वारा उधार का पुनर्संदाय अन्तर्वलित है, का अनुमोदन राज्य सरकार द्वारा मंजूर किये गये उधारों/अग्रिमों की प्राप्ति से पूर्व पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा किया जाना चाहिए।

नगरीय स्थानीय निकाय

क5–8. भारत के संविधान का अनुच्छेद 243–ब नगरपालिकाओं की शक्तियों, प्राधिकार, उत्तरदायित्वों का उपबंध करता है। संविधान की 12वीं अनुसूची में नगरपालिकाओं के 18 विषयों/कार्यों की सूची है। राजस्थान में नगरीय स्थानीय निकायों के कृत्य, राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 45 और 46 के अधीन स्पष्ट रूप से अधिकथित किये गये हैं। धारा 45 उन महत्वपूर्ण कृत्यों को उपबंधित करती है जिन्हें संपादित करने के लिए प्रत्येक नगरपालिका कर्त्तव्यबद्ध है। धारा 46, अन्य नगरापालिक कृत्यों अर्थात् गौण कृत्यों का, जो कि ऐच्छिक हैं और नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा उनकी प्रबंधकीय, तकनीकी और

वित्तीय क्षमताओं के अध्यधीन संपादित किये जा सकते हैं, उपबंध करती है। इन धाराओं में विषयों की सूची न केवल व्यापक है बल्कि इसमें महत्वपूर्ण मामले जैसे कि लोक स्वास्थ्य, स्वच्छता, सफाई, अग्निशमन सेवाएं, सड़कें, मार्ग की प्रकाश व्यवस्था, उद्यानों का रख–रखाव, जल आपूर्ति इत्यादि भी सम्मिलित है, जिनसे नागरिकों का दैनिक जीवन सीधे प्रभावित होता है।

क5–9. नगरीय स्थानीय निकायों की कृत्य संपादन क्षमता सीमित है। नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा किये जाने वाले कृत्यों के संपादन का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि संविधान की अपेक्षाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के वास्तविक संपादन में काफी अन्तर है। बहुत से विषय ऐसे हैं, जो कि नगरपालिक कृत्यों की सूची में है, जैसाकि नगर आयोजना, भूमि उपयोग का विनियमन, सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए आयोजना, नगरीय वानिकी, नगरीय निर्धनता समाप्ति, पर्यावरण की सुरक्षा और पारिस्थितकीय पहलुओं, के उन्नयन इत्यादि, जो राजस्थान में नगरीय स्थानीय निकायों के द्वारा संपादित नहीं किये जाते है। परिणामस्वरूप, नगरीय सेवाओं में संपादन अपेक्षा से काफी कम है।

क5–10. नगर आयोजना और अभियांत्रिकी कृत्यों के लिए, कुशल कर्मचारिवृन्द की कमी और वित्तीय संसाधनों की कमी नगरीय स्थानीय निकायों से अपेक्षित कृत्यों के संपादन की क्षमता को सीमित कर देती है। स्थानीय स्वशासन विभाग ने आयोग को प्रस्तुत किये गये ज्ञापन में, इस संबंध में अपनी आवश्यकताओं को उपर्दशित नहीं किया। आयोग यह सिफारिश करता है कि विभिन्न प्रवर्गों के नगरीय स्थानीय निकायों के लिए मानकों के आधार पर कर्मचारिवृन्द और पारिणामिक वित्तीय आवश्यकताओं का अनुमान लगाया जाये और राज्य सरकार को अपेक्षित मानवशक्ति और निधियां उपलब्ध कराने के लिए कहा जाये। इसके साथ ही यह बात भी सही है कि आवश्यकताएं बहुत अधिक हैं और जब तक कि नगरीय स्थानीय निकाय अपने प्रयासों से उनके लिए संसाधन नहीं जुटा लेते, ये सेवाएं संतोषप्रद रीति से उपलब्ध नहीं होंगी।

II

वित्तीय उत्तरदायित्व

बजट बनाना

क5–11. नगरीय स्थानीय निकायों के सशक्तीकरण का अर्थ केवल उन्हें समनुदेशित कृत्यों का संपादन करने के लिए निधियां उपलब्ध कराना नहीं है। वित्तीय उत्तरदायित्व के लिए आवश्यक पद्धतियां और प्रक्रियाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। बजट एक महत्वपूर्ण लिखत है जिससे उत्तरदायित्व की प्रक्रिया, प्रारंभ होती है। राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम और नियम और साथ ही साथ राजस्थान नगरापलिका अधिनियम और नियम बजट तैयार और पारित करने के लिए विस्तृत प्रावधान करते हैं।

क5–12. पंचायतीराज संस्थाओं में बजट बनाना

1. पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 74 में पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा अनुसरण की जाने वाली बजट प्रक्रिया का विवरण दिया गया है। इसमें यह अपेक्षित है कि सरपंच या विकास अधिकारी या, यथास्थिति, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियत तारीख तक वास्तविक प्राप्तियों और व्यय का एवं 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए अपेक्षित प्राप्तियों और व्यय के साथ–साथ आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्राक्कलित आय, व्यय और अन्य प्राप्तियों का सम्पूर्ण लेखा तैयार करेंगे और उनके द्वारा यह क्रमशः पंचायत, पंचायत समीति या जिला परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इन अनुमानों को तैयार करते समय संबंधित पंचायतीराज संस्था ऐसी सेवाओं और कर्त्तव्यों के लिए पर्याप्त और उपयुक्त उपबंध करेगी जो उसे अधिनियम द्वारा समनुदेशित किये गये है। मूलधन की किस्तों और ब्याज को सम्मिलित करते हुए, ऐसे संदाय, जिनके लिए पं.रा.सं. उत्तरदायी है, जैसे ही देय हों, के लिए प्रावधान भी बजट में किया जायेगा।
2. पंचायत द्वारा अंतिम रूप से पारित किये गये बजट प्राक्कलन विकास अधिकारी को और पंचायत समिति से मुख्य कार्यपालक अधिकारी को, और जिला परिषद् से निदेशक, ग्रामीण विकास और पंयायतीराज को ऐसी तारीख को या उससे पहले, जो विहित की जायें, प्रस्तुत किये जायेंगे, जो संवीक्षा के पश्चात् उसे अपनी टिप्पणियों सहित नियत समय के भीतर–भीतर पंचायत समिति या जिला परिषद् या, यथास्थिति, राज्य सरकार के समक्ष मंजूरी के लिए रखेगा। यदि मंजूरी प्राधिकारी की यह राय है कि बजट प्राक्कलनों में पर्याप्त प्रावधान नहीं किये गये हैं, तो उसे ऐसे उपांतरणों का, जिन्हें वह आवश्यक समझे, सुझाव देने की, और किये जाने वाले उपान्तरणों से संबंधित संप्रेक्षणों के साथ संबंधित पंचायतीराज संस्था को लौटाने की शक्ति होगी। संबंधित पंचायतीराज संस्था संप्रेक्षणों पर विचार करेगी और उपान्तरणों सहित बजट पारित करेगी। यदि मंजूरी प्राधिकारी विहित समय सीमा के भीतर संबंधित

पंचायतीराज संस्था को बजट लौटाने में असफल रहता है तो सम्बन्धित पंचायतीराज संस्था राज्य योजना में दी गयी प्राथमिकताओं के अनुरूप व्ययों के अध्यधीन, निर्धारित मदों पर व्यय कर सकेगी। वर्ष के दौरान, यदि परिवर्तन किये जाने आवश्यक हों तो पूरक या पुनरीक्षित बजट उपधारा (1), (2), (4) में उपबंधित रीति से बनाया, पारित, प्रस्तुत और उपांतरित किया जा सकेगा।

यद्यपि, संबंधित अधिनियमों/नियमों में बजट से संबंधित उपबंध विनिर्दिष्ट और संपूर्ण हैं, परन्तु व्यवहार में बड़ी संख्या में स्थानीय निकायों विशेषरूप से ग्राम पंचायतों द्वारा, इनका पालन नहीं किया जा रहा है। आयोग का यह सुझाव है कि समस्त स्थानीय निकायों में अधिनियमों और नियमों के उपबंधों के अनुसार बजट तैयार होना चाहिए ताकि वित्तीय प्रबंधन में सुधार हो सके। राज्य सरकार जिला परिषद् और नगरीय स्थानीय निकायों के कार्यपालक प्रमुखों का ये निर्देश जारी कर सकती है कि वे यह मॉनीटर करें एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि बजट प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। कार्यपालक प्रमुखों को भी एक नियमित अंतरालों में बजट प्राक्कलनों की तुलना, अंतर या कमी यदि कोई हो तो उनका विश्लेषण करना चाहिए और यदि ऐसा है तो उसमें सुधार की कार्रवाई करनी चाहिए।

लेखाओं का रख–रखाव और लेखाओं की संपरीक्षा

क5–13. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 और तद्धीन बनाये गये नियमों और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 और तदधीन बनाये गये नियमों में क्रमशः पंचायती राज संस्था और नगरीय स्थानीय निकाय के लेखाओं के रख–रखाव और उनकी संपरीक्षा के लिए विस्तृत और व्यापक उपबंध अंतर्विष्ट है। निम्नलिखित पैराओं में सुसंगत उपबंध पुनः प्रस्तुत किये गये है।

पंचायती राज संस्थाओं के लेखे और संपरीक्षा

क5–14. राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 75, में पंचायतीराज संसथाओं के लेखाओं और संपरीक्षा से संबंधित उपबंध अंतर्विष्ट हैं। इन उपबंधों के अनुसार, विहित रीति से संधारित लेखे, यशाशीघ्र, वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व, राज्य के निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा द्वारा संपरिक्षीत किये जाने चाहिएं और राजस्थान स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1954 (1954 का राजस्थान अधिनियम सं. 28) के उपबंध लागू होंगे। भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक भी ऐसे लेखाओं की सांकेतिक संपरीक्षा कर सकता है। राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित संपरीक्षा फीस पंचायतीराज संस्थाओं की स्वयं की निधि में से **संदत्त** की जायेगी। राजस्थान पंचायतीराज नियम, 1996 के अध्याय XI के नियम 245 से 252 में विवरण अधिकथित कियें गये हैं। विस्तृत और विनिर्दिष्ट उपबंधों के बावजूद, नियमों की पालना संतोषजनक नहीं हैं। इस कारण से, आयोग समस्त पंचायतीराज संस्थाओं से समग्र आंकड़ें प्राप्त नहीं कर सका। लेखा विवरण न तो नियमित रूप से पंचायतीराज संस्थाओं में प्राप्त किये जा रहे है और न ही जिला स्तर पर एकत्रित और समेकित किये

जा रहे हैं। खाता रखने की प्रणाली के लिए कम्प्यूटर लेखा कार्यक्रम – प्रिया सोफ्ट – के आने से भविष्य में सुधार हो सकता है।

क5–15. स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग, पंचायतीराज संस्थाओं के तीनों स्तरों की संपरीक्षा करता है, किन्तु इसकी संपरीक्षा रिपोर्ट विधानसभा में नहीं रखी जाती है। अब 2011–12 से इन संस्थाओं की संपरीक्षा रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखी जा रही है। संपरीक्षा का पालन वाला भाग और संप्रेक्षण बहुत असंतोषजनक पाये गये हैं। दिनांक 31–12–2012 को संपरीक्षा की लंबित रिपोर्ट की स्थिति नीचे दी गयी है।

सारणी A-5.1: सामान्य पैराओं की लंबित स्थिति

संस्थाओं का नाम	31.12.11 तक बकाया	1.1.12 से 31.5.12 के बीच की स्थिति		31.5.12 को बकाया	1.6.12 से 31.12.12 के बीच की स्थिति		31.12.12 को बकाया
		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा	
जिला परिषद	1884	287	246	1925	124	185	1864
पंचायत समिति	48279	3199	2363	49115	3114	2068	50161
ग्राम पंचायत	2430608	73522	12864	2491266	67483	12650	2546099
कुल	**2480771**	**77008**	**15473**	**2542306**	**70721**	**14903**	**2598124**

सारणी A-5.2: गंभीर अनियमितताओं की बकाया स्थिति

संस्थाओं का नाम	31.12.11 तक बकाया	1.1.12 से 31.5.12 के बीच की स्थिति		31.5.12 को बकाया	1.6.12 से 31.12.12 के बीच की स्थिति		31.12.12 को बकाया
		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा	
जिला परिषद	41	1	11	31	3	3	31
पंचायत समिति	1022	24	89	957	13	7	963
ग्राम पंचायत	.	39	0	39	1	0	40
कुल	**1063**	**64**	**100**	**1027**	**17**	**10**	**1034**

सारणी A-5.3: गबन के मामलों की स्थिति

(रु लाख में)

संस्थाओं का नाम	1.1.12 तक बकाया		1.1.12 से 31.12.12 के दौरान जोड़े गये मामले		1.1.12 से 31.12.12 के दौरान निस्तारित किये गये मामले		31.12.12 को बकाया मामलें	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
जिला परिषद	**2**	**85.70**	**2**	**0.05**	**0**	**0.00**	4	85.75
पंचायत समिति	420	376.93	7	0.46	10	11.51	417	365.88
ग्राम पंचायत	6886	943.32	119	71.98	75	37.54	6930	977.76
कुल	**7308**	**1405.95**	**128**	**72.49**	**85**	**49.05**	**7351**	**1429.39**

नगरीय स्थानीय विकास

नगरीय स्थानीय निकायों में बजट बनाना

क5–16. धारा 87 और 88 बजट प्राक्कलनों के लेखाओं के विहित शीर्षों के अनुसार आय और व्यय के ब्यौरों को सामान्य रीति से उपबंधित करते हुए तैयार करने और पारित करने की प्रक्रिया के ब्यौरे को वर्णित करती है। तथापि निम्नलिखित के संबंध में कोई भी प्रस्ताव–

i. नये पदों का सृजन या रिक्त पदों का भरा जाना;
ii. नये यानों का क्रय;
iii. स्थावर संपत्ति का क्रय;
iv. किसी प्राइवेट संस्था या व्यक्ति को किसी सहायता अनुदान का दिया जाना; या
v. ऐसा अन्य कोई मामला जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट किया जाये बजट में शामिल नहीं किया जायेगा।

बजट प्राक्कलनों में उन दरों का उल्लेख किया जायेगा जिन पर विभिन्न कर, अधिभार, उपकर, फीस इत्यादि आगामी वर्ष में नगरपालिका द्वारा उद्गृहणीय होंगी। आगामी वर्ष के दौरान ऋण के रूप में जुटाई गयी धन की रकम भी बजट प्राक्कलनों का भाग होगी। अध्यक्ष प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी से पूर्व नगरपालिका को बजट प्राक्कलन प्रस्तुत करेगा और नगरपालिका द्वारा इन्हें प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी के पूर्व पारित किया जायेगा।

क5–17. धारा 88 उन बजट प्राक्कलनों की स्वीकृति की प्रक्रिया अधिकथित करती है जिनको राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना है। सरकार द्वारा सुझाये गये कोई भी उपांतरण नगरपालिका पर **बाध्यकारी** होंगे। यदि नगरपालिका बजट पारित करने में विफल रहती है तो मुख्य कार्यपालक अधिकारी बजट तैयार करेगा और स्वीकृति और अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा। यह बजट उपांतरणों सहित या उनके बिना नगरपालिका द्वारा पारित किया हुआ समझा जायेगा।

नगरीय स्थानीय निकायों का लेखांकन और संपरीक्षा

क5–18. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अध्याय **6** के अधीन धारा 90 से 99 तक नगरीय स्थानीय निकायों के लेखाओं के रखरखाव और संपरीक्षा का उपबंध करती है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 और नियमों के अधीन लेखाओं के रखरखाव उनकी संपरीक्षा के समुचित और विस्तृत उपबंधों के विद्यमान होने पर भी शायद ही कभी इन नियमों की कोई अनुपालना होती हो, इसके परिणामस्वरूप नगरीय स्थानीय निकायों के आय और व्यय की समेकित स्थिति निदेशक, स्थानीय निकाय

विभाग या किसी अन्य विभाग के पास एक स्थान पर उपलब्ध नहीं है। पूर्ववर्ती **अध्यायों** में आयोग द्वारा **वित्तीय डाटा** को एकत्रित करने में आयी समस्याओं का उल्लेख किया गया है। 1.4.2010 से नगरीय स्थानीय निकायों में लेखाओं की दोहरी प्रविष्टि प्रणाली आरम्भ की गयी। आशा की जाती है कि आगामी राज्य वित्त आयोगों को निदेशक, स्थानीय निकाय के स्तर से आय और व्यय की समेकित स्थिति उपलब्ध हो सकेगी।

क5–19. स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग (LFAD) द्वारा प्रस्तुत किये गये कथन के अनुसार राज्य के समस्त नगरपालिक निकायों के संबंध में 31.12.2012 को अभिप्राप्त की गयी संपरीक्षा पैरा और गबन के मामलों के लम्बित होने की स्थिति निम्नलिखित सारणियों में दर्शायी गयी है:–

सारणी A-5.4: सामान्य पैराओं की लंबित स्थिति

संस्थाओं का नाम	31.12.11 तक लंबित	1.1.12 से 31.5.12 के बीच की स्थिति		31.5.12 को लंबित	1.6.12 से 31.12.12 के बीच की स्थिति		31.12.12 को लंबित
		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा	
नगर निगम	3543	50	187	3406	258	44	3620
नगर परिषद	3600	50	492	3158	307	470	2995
नगरपालिकाएं	52468	1820	2885	51403	1391	1700	51094
कुल	**59611**	**1920**	**3564**	**57967**	**1956**	**2214**	**57709**

सारणी A-5.5: गंभीर अनियमितताओं की लंबित स्थिति

संस्थाओं का नाम	31.12.11 तक लंबित	1.1.12 से 31.5.12 के बीच की स्थिति		31.5.12 को लंबित	1.6.12 से 31.12.12 के बीच की स्थिति		31.12.12 को लंबित
		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा		नये जोडे गये पैरा	निस्तारित किये गये पैरा	
नगर निगम	225	0	11	214	5	1	218
नगर परिषद	120	3	1	122	98	3	217
नगरपालिकाएं	835	19	59	795	0	81	714
कुल	**1180**	**22**	**71**	**1131**	**103**	**85**	**1149**

सारणी A-5.6: गबन के मामलों की स्थिति

(रु लाख में)

संस्थाओं का नाम	1.1.12 तक लंबित		1.1.12 से 31.12.12 के दौरान जोड़े गये मामले		1.1.12 से 31.12.12 के दौरान निस्तारित किये गये मामले		31.12.12 को बकाया मामले	
	संख्या	संख्या	संख्या	रकम	संख्या	रकम	संख्या	रकम
नगर निगम	**52**	**17.51**	**1**	**0**	**1**	**2.79**	52	14.72
नगर परिषद	10	81.93	0	1.14	1	0.01	9	83.06
नगरपालिकाएं	155	57.31	11	2.56	3	0.38	163	59.49
कुल	**217**	**156.75**	**12**	**3.70**	**5**	**3.18**	**224**	**15.27**

क5–20. स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग समस्त स्थानीय विभागों के संपरीक्षण करवाता है। स्था.नी.अं.वि. प्रत्येक वर्ष स्थानीय निकायों की संपरीक्षण करने की स्वीकृति देने की आवश्यकता है जैसा कि नीचे वर्णित किया गया है:

विभाग	संस्था	संख्या
पंचायतीराज विभाग	जिला परिषद	33
	पंचायत समितियां	248
	ग्राम पंचायत	9177
	कुल	9458
नगरीय स्थानीय निकाय	नगर निगम	5
	नगर परिषद	13
	नगर पालिकाएं	166
	कुल	184
नगर विकास संस्थाएं	जयपुर विकास प्राधिकरण	1
	जोधपुर विकास प्राधिकरण	1
	राजस्थान हाउसिंग बोर्ड इकाइयां	47
	नगर सुधार न्यास	11
	कुल	60
कृषि विभाग	कृषि विपणन बोर्ड (इकाइयां)	25
	कृषि उपजमण्डी समितियां	128
	कुल	153
जिला महिला विकास प्रधिकरण	–	33*
देवास्थान विभाग	–	11
पेन्शनर्स चिकित्सा सहायता निधि	–	37
मु. मं. सहायता नीधि	–	33
अन्य	–	20
	कुल योग	9989

* अब जिला महिला विकास प्राधिकरण जिला परिषदों में विलीन कर दिया गया है।

क5–21. समयबद्ध संपरीक्षा करने के लिए विभाग में 124 संपरीक्षा दल हैं, इनमें से 76 संपरीक्षा दल 31.12.2012 तक कार्य कर रहे थे, शेष संपरीक्षा दल, संपरीक्षकों की अनुपलब्धता के कारण कार्यशील नहीं थे। यह खेदजनक है कि लेखा अधिकारियों के 10 में से 8 पद, सहायक लेखा अधिकारियों के 126 पदों में से 60 पद, कनिष्ठ लेखाकारों के 187 पदों में से 90 पद और कनिष्ठ लिपिकों के 61 पदों में से 60 पद 31.12.2012 तक रिक्त थे। ऐसी स्थिति में राज्य में स्थानीय निकायों की समयबद्ध संपरीक्षा की जानी अत्यंत कठिन है।

क5–22. स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग ने, अपने पत्र दिनांक 06.06.2013 द्वारा आयोग को सूचित किया है कि 31.03.2013 को 31034 संपरीक्षा पैरा लंबित थे। विभाग द्वारा वर्ष 2011–12 के लिए राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत की गयी संपरीक्षा रिपोर्ट के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं की 159 संपरीक्षा रिपोर्टों और नगरीय स्थानीय निकायों की 94 संपरीक्षा रिपोर्टों की पालना की प्रथम रिपोर्ट अभी तक की जानी है। इस प्रकार प्रकरणों का लंबित रखा जाना वांछनीय नहीं है क्योंकि यह संपरीक्षा के उद्देश्य को विफल कर देता है। स्थायी निधि संपरीक्षा विभाग ने आयोग से इस बात पर ध्यान दिये जाने का अनुरोध किया है कि :

i.) लंबित संपरीक्षा पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त संपरीक्षा दल उपलब्ध करवाये जायें।

ii.) स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग के लिए संपरीक्षकों का पृथक् संवर्ग निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन सृजित किया जाये। स्थानीय निकायों की संपरीक्षा, एक विशेषज्ञतापूर्ण कार्य है। संपरीक्षा दलों के सदस्य अधिकतर, निदेशक कोष एवं लेखा (डी.टी.ए.) द्वारा शासित अधीनस्थ लेखा सेवाओं से संबंधित है। समस्त विभागों और लोक उपक्रमों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निदेशक, कोष एवं लेखा, संपरीक्षों का स्थानान्तरण, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग से परामर्श किये बिना करता है। इसके परिणामस्वरूप न केवल स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग में रिक्तियां हो जाती हैं बल्कि दलों को सौपे गये कार्यक्रम भी बाधित हो जाते हैं।

iii.) संपरीक्षा कर्मचारिवृन्द के समुचित प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए क्योंकि संपरीक्षकों को, विभागों और उन स्थानीय निकायों, जिनकी लेखा पुस्तकों की संपरीक्षा की जानी है, के अधिनियमों, नियमों, मार्ग–दर्शक सिद्धातों और परिपत्रों का ज्ञान होना चाहिए। संपरीक्षकों को अपेक्षित ज्ञान और प्रक्रियाओं से अवगत कराने की पर्याप्त प्रशिक्षण व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

iv.) संबंधित विभागाध्यक्ष को, संबंधित विभाग के प्रशासनिक सचिव की अध्यक्षता के अधीन स्थानीय निकायों के संपरीक्षा पैराओं के निस्तारण का पुनर्विलोकन करने के लिए गठित की गयी समिति का सदस्य–सचिव नियुक्त किया जाये। वर्तमान में निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग इस पुनर्विलोकन समिति का सदस्य–सचिव है और उसके द्वारा संपरीक्षा समिति की बैठक आयोजित करने की अपेक्षा की जाती है। प्रशासनिक विभाग यदा–कदा ही इस मामले में कोई पहल करते हैं। निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग को, राज्य संपरीक्षक की हैसियत से सरकारी विभाग द्वारा आयोजित संपरीक्षा समिति की बैठकों में महालेखाकार के रूप में भाग लेना चाहिए क्योंकि सरकारी विभाग द्वारा आयोजित संपरीक्षा समिति की बैठकों में महालेखाकार भाग लेता है।

क5–23. आयोग ने स्था.नी.अं.वि. के सुझावों पर विचार किया और उनकी दृष्टि में, इनमें से कुछ न्यायोचित और युक्तियुक्त हैं। आयोग यह सिफारिश करता है कि –

i.) राज्य सरकार को, विभागों में संपरीक्षकों के रिक्त पदों को भरना चाहिए और संपरीक्षा पैराओं के बड़ी संख्या में लंबित रहने को दृष्टि में रखते हुए अतिरिक्त संपरीक्षा दलों की मंजूरी के लिए उपयुक्त कदम उठाने चाहिएं।

ii.) प्रशिक्षण सुविधाओं को विकसित करना, और स्थानीय निकायों के संपरीक्षा पैराओं के निपटान कर पुनर्विलोकन करने के लिए विभागाध्यक्ष को, प्रशासनिक सचिव की अध्यक्षता वाली पुनर्विलोकन समिति के सदस्य सचिव के रूप में नाम निर्दिष्ट किया जाए।

II

प्रशासनिक मुद्दे

क 5–24. भारत के संविधान में 73 और 74वें संशोधनों के आने के 20 वर्ष व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी स्थानीय निकाय, स्थानीय स्वशासन की प्रतिष्ठा और ऊँचाई नहीं प्राप्त कर पाये हैं। जनता में जागरूकता की कमी, इन स्थानीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों और पदाधिकारियों में क्षमता की कमी और अपनी शक्तियों और प्राधिकार को न्यागत करने की राजनैतिक और प्रशासनिक इच्छा में कमी होना, विकेन्द्रीकरण प्रक्रिया की धीमी प्रगति के कुछ महत्वपूर्ण कारण हैं। विकेन्द्रीकरण की गति को बढ़ाने के लिए, निम्न विषयों पर विचार करने की आवश्यकता है :

i. भारतीय संविधान ने, स्थानीय निकायों को शक्तिशाली बनाने के लिए कृत्यों, कृत्यकारियों और निधियों के न्यागमन के द्वारा राज्य सरकारों को सशक्त किया है। संविधान की अनुसूची XI और XII में ग्रामीण और नगरीय स्थानीय निकायों को न्यागमन करने योग्य कृत्यों की पहचान की गयी है। स्थानीय निकायों के लिए कृत्यों की सूची, राज्य सरकार के समान है। उदाहरण के लिए, प्राथमिक शिक्षा, स्थानीय निकायों को न्यागमित की गयी है परन्तु यह राज्य सरकार द्वारा भी शासित है। प्रयासों के दोहरान से बचाने के लिए, यह सुझाव है कि स्थानीय निकायों को न्यागमित विषयों के क्रियाकलापों का मानचित्रण पहले किया जाये और उसके पश्चात् राज्य सरकार द्वारा हाथ में लिए गये क्रियाकलापों और स्थानीय निकायों द्वारा हाथ में लिये गये क्रियाकलापों में स्पष्ट अन्तर किया जाए।

ii. केन्द्र और राज्य सरकारों के समस्त कर राजस्व का संदाय नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों द्वारा संदत्त किया जाता है और राजस्व के मुख्य अंश का उपयोग केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। स्थानीय निकायों को इस राजस्व में से मामूली राशि न्यागमित की जाती है। राज्य स्रोतों का कम–से–कम 30 से 40 प्रतिशत, स्थानीय निकायों को न्यागमित करने की आवश्यकता है ताकि ये जनसाधारण को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित कर सकें और उनके क्षेत्रों में निर्धनता कम करने की दृष्टि से रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकें।

iii. स्थानीय निकाय सामान्यतः जनशक्ति की कमी और उपलब्ध जनशक्ति में क्षमताओं की कमी से पीड़ित रहते हैं। यद्यपि राज्य सरकार ने समस्या पर ध्यान दिया है किन्तु बहुत धीमी गति से। स्थानीय निकायों को, बिना राज्य सरकार के हस्तक्षेप के अपेक्षित जनशक्ति की भर्ती के लिए सशक्त किया जाना चाहिए।

iv. स्थानीय निकायों के कृत्य विशेष प्रकृति के होते हैं जिनके संपादन के लिए कुशलता और अनुभव की आवश्यकता होती है। यह राज्य सरकार का कर्त्तव्य है कि इन स्थानीय निकायों की क्षमता–निर्माण और कौशल–विकास के लिए अवसर और सुविधा का सृजन करे। राजस्थान राज्य में,

प्रशिक्षण केन्द्र और सुविधाएं बहुत कम और अपर्याप्त हैं। ग्रामीण सेक्टर में, विभिन्न जिलों में 6 प्रशिक्षण केन्द्रों के साथ इं.गां.पं.रा.सं. मुख्य प्रशिक्षण केन्द्र है, जबकि नगरीय सेक्टर के लिए कोई प्रशिक्षण केन्द्र नहीं है। प्रशिक्षण सुविधाओं को विकसित करने की आवश्यकता है और कृत्यकारियों को प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य रूप से नामनिर्देशित किया जाना चाहिए। आयोग, नगरीय मामलों के लिए राज्य संस्थान की स्थापना के लिए एक बारीय अनुदान की सिफारिश करने पर विचार कर रहा है ताकि नगरीय स्थानीय निकायों की प्रशिक्षण आवश्यकताएं पूरी की जा सकें और पंचायती राज संस्था के लिए प्रशिक्षण सुविधा को बढ़ाने के लिए उचित विनिधान किया जा सके।

v. पिरामिड के निचले स्तर पर, बजट की तैयारी और विकेन्द्रीकृत सहभागिता योजना को ग्रामसभा द्वारा शासन की ओर, क्रमबद्ध रूप से प्रस्तावित करने की आवश्यकता है। स्थानीय निकायों, समितियों और मूल निर्वाचन क्षेत्रों (जैसे ग्राम सभाएं) के विभिन्न स्तरों पर योजना और बजट की तैयारी के कृत्यों के स्पष्ट सीमांकन की आवश्यकता है। ग्राम सभा में बजट की तैयारी को सीधे ही विकेन्द्रीकृत योजना से जोड़ने से (बजट की प्रत्येक मद पर अधिमानतः मतदान से – और ग्राम सभा की सिफारिशों को मतदान योग्य और बाध्यकारी बनाने से) जन आंदोलन को उनकी बजटीय प्राथमिकताओं पर नियंत्रण करने के लिए पुनर्सशक्त किया जा सकता है।

vi. स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग को अपेक्षित जनशक्ति उपलब्ध करवा कर और जैसा कि पैरा क5–22 और क5–23 में विचार किया गया है, स्थानीय निकायों की संपरीक्षा के लिए संपरीक्षा दलों को चिन्हित करके, सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

vii. इस संबंध में कैग की सिफारिशों के अनुसार संग्रहण आधारित लेखा पद्धति और दोहरी प्रविष्टि का प्रगामी अंगीकरण होना चाहिए। उपरोक्त सभी विषय, राज्य में स्थानीय शासन की प्रगति के लिए मुख्य और बहुत महत्वपूर्ण है अतः इन पर प्राथमिकता से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

उनके और स्थानीय निकायों के मध्य जुड़ी हुई अनुसूचियों XI और XII में सूचीबद्ध कृत्यों का प्रबन्धन करने में समतुल्य निकायों की भूमिका

क5–25. भारतीय संविधान में संशोधन 73 और 74 से पूर्व नगरीय और ग्रामीण स्थानीय निकाय परम्परागत रूप से कार्य कर रहे थे। स्थानीय निकायों के चुनाव राज्य सरकार की दया पर निर्भर थे। ये निकाय उनके क्षेत्रों में विकास कार्य करने के लिए वित्तीय और विधिक रूप से पूर्णतः तैयार नहीं थे। इसलिए राज्य सरकार ने विकास की गति तीव्र करने को दृष्टि में रखते हुए और जन सुविधाओं विशेष रूप से घर, सड़कें, सौन्दर्यकरण, जल निकास, मल निकास के क्षेत्र में, के सृजन के लिए विशेष अधिनियमों के अधीन कुछ विशेष निकाय गठित किये हैं जैसे बड़े शहरों में विकास प्राधिकरण और अन्य शहरों में नगरीय सुधार न्यास। इसी प्रकार विशेष निकाय ग्रामीण क्षेत्रों में, जैसे कृषि उपज मण्डी समिति विकसित किये गये थे। 73वें और 74वें संशोधन के पश्चात् नगरीय क्षेत्रों में नगरपालिक निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्था को संवैधानिक निकायों की प्रास्थिति प्रदत्त की गयी है। इन निकायों के समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के

लिए राज्य निर्वाचन आयोग और निधियां उपलब्ध करवाने के लिए राज्य वित्त आयोग गठित किये गये हैं। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में संवैधानिक स्थानीय निकायों के कार्य करने के बावजूद अर्ध राजकीय निकाय बहुत अधिक कार्य कर रहे हैं और इन स्थानीय निकायों के साथ थोड़ा कृत्यकारी संबंध रखते हैं। ये अर्ध राजकीय निकाय कृत्यकारी प्राधिकार का लाभ उठा रहे हैं और चयनित स्थानीय निकायों की तुलना में अधिक वित्तीय स्रोत रखते हैं। राजस्व का मूल्यवान स्रोत भूमि, इन अर्ध राजकीय निकायों के क्षेत्र के अधीन है, इसलिए स्थानीय निकाय उनके क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए भूमि की अनुपलब्धता से पीड़ित है और आय के स्थायी स्रोत से वंचित है। इस द्विभाजन को यथाशक्य शीघ्र सही किये जाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में, कृषि उपज मण्डी समितियां क्षेत्र में कृषि उपज विक्रय पर संग्रहीत करने के लिए सशक्त और उनके क्षेत्रों में अवसंरचना जैसे सड़क, जल निकास, बाजार और सामुदायिक केन्द्र के विकास के लिए उत्तरदायी हैं। मण्डी समिति या वित्तीय रूप से पंचायती राज संस्था का समर्थन नहीं करती है। यह पंचायती राज संस्था के विकास में बड़ी बाधाओं में से एक है।

क5–26. अतः नये सिरे से इस मुद्दे का विश्लेषण करने का सही समय है और समस्त अर्ध राजकीय निकायों को चयनित प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में संवैधानिक स्थानीय निकायों के संरक्षण के अधीन लाया जाना चाहिए।

III

निचले स्तर से विकेन्द्रीकरण और योजना

जिला योजना समितियां

क5–27. विकेन्द्रीकृत योजना के विचार का सुझाव योजना आयोग द्वारा, तथा साथ ही साथ लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण पर चर्चाओं में निरंतर दिया जा रहा है। वास्तव में, संविधान का अनुच्छेद 243–यध, निचले स्तर से योजना के लिए जिला योजना समिति की स्थापना की आज्ञा देता है। राज्य अधिनियम जैसे राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (धारा 121) और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 (धारा 158) जिला योजना समिति (डी.पी.सी.) के गठन को उपबंधित करता है ताकि पंचायती राज संस्थाओं और जिलों में नगरपालिकाओं द्वारा तैयार योजनाओं को समेकित किया जा सके और सम्पूर्ण जिले के लिए प्रारूप विकास योजना तैयार की जा सके। अधिनियमों के अधीन जिला आयोजना समिति की संरचना में, ग्रामीण और नगरीय, स्थानीय निकायों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को जिला आयोजना समिति में सम्यक् प्रतिनिधित्व दिये जाने की भी अपेक्षा की गयी है। ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों को उनकी योजनाओं को बनाने के लिए कार्यकारी उत्तरदायित्व दिया गया है। इसी प्रकार, नगरीय स्थानीय निकाय को भी वार्षिक योजनाओं को तैयार करने का यह कार्यकारी उत्तरदायित्व दिया गया है। जिला योजना समिति के लिए पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा बनाई गयी योजनाओं को और साथ ही

जिले के विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गयी योजनाओं को, एक प्रारूप जिला वार्षिक योजना के रूप में समेकित किया जाना अपेक्षित है, जिसको स्वयं जिला परिषद् की बैठक में अनुमोदित किया जाना है।

क5–28. जिले के विभिन्न लाइन विभागों की योजना की अधिकतम सीमा, राज्य के योजना विभाग द्वारा उपदर्शित अधिकतम सीमा के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा उपदर्शित की जानी चाहिए। तथापि, जिला परिषदों को जिले की विभागवार योजना की अधिकतम सीमा नहीं दी गयी है। विभागों की योजना की अधिकतम सीमा के बारे में सूचना के अभाव में और ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों की वार्षिक योजना को समेकित करने के गंभीर प्रयास किये बिना, जिला योजना समिति द्वारा और तत्पश्चात् जिला परिषद द्वारा जिला योजना का अनुमोदन केवल एक औपचारिक अभ्यास है जो विकेन्द्रीकृत योजना या "निचले स्तर से योजना" के सिद्धांत की अपेक्षाओं को पूर्ण नहीं करता। योजना आयोग ने इस बात पर भी बल दिया है कि जिला योजना समितियों द्वारा बनायी गयीं और जिला परिषद् द्वारा पारित की गयी जिला योजनाएं, राज्य योजना का भाग होनी चाहिएं। जिला योजनाओं को तैयार करने की प्रक्रिया, राज्य की वार्षिक योजना को योजना आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से पहले, पूर्ण कर ली जानी चाहिए।

क 5–29 विधिक उपबंधों प्रावधानों और आधारभूत नीति निर्देशों के बावजूद जिला योजना समितियों ने योजना निर्माण में कोई भूमिका नहीं निभायी है। लाईन विभाग मुख्य भूमिका निभाते रहे कि ऐसा जिला योजना समिति के सदस्यों को सूचना, जानकारी या प्रभावी भागीदारी के बिना किया गया है। आधारभूत तथ्य यह है कि राज्य वार्षिक योजना परिव्यय की सम्पूर्ण कुल राशि अलग–अलग सेक्टरों/विभागों या विभागों के सब सेक्टरों में विभाजित की गयी है। यद्यपि संबंधित विभागों के बजट प्राक्कलनों के पृथक उप–शीर्ष निर्बन्धहैं, फिर भी पंचायती राज विभाग के लिए कोई वित्तीय राशि या वित्तीय सीमा उपदर्शित नहीं की गयी है, जिसके आधार पर पंचायती राज संस्थाओं से उनकी वार्षिक योजनाओं को तैयार करने के लिए कहा जा सके। इसके परिप्रेक्ष्य में यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि जमीनी स्तर पर एक व्यावहारिक योजना सामने आ सके। योजना संबंधी कार्यवाही आरंभ करने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता एक निर्बन्ध अधिकतम योजना सीमा की है जिसके अन्तर्गत स्थानीय निकाय प्राथमिकता दे सकें और अपनी कार्य योजना बना सकें। कुछ भारतीय राज्य पंचायती राज संस्थाओं को निर्बन्ध योजना निधियाँ उपलब्ध कराने की पद्धति को अंगीकार करते भी हैं। आयोग का यह मत है कि पर्याप्त समय पूर्व योजना की अधिकतम सीमा को उपदर्शित करने से नीचे से योजना की प्रक्रिया आरंभ की जा सकती है। प्रमुख सचिव, योजना आयोग, राजस्थान सरकार और राज्य योजना बोर्ड ने अपनी विकेन्द्रिकृत योजना को सुदृढ़ बनाने संबधी रिपोर्ट में भी यही सुझाव दिया है। आयोग का यह दृढ़ मत है कि पंचायती राज संस्थाएं और नगरीय स्थानीय निकाय विकेन्द्रीकृत योजना में अपनी भूमिका निभा पायेंगे, यदि उनके साथ स्थानीय शासन की तरह व्यवहार किया जाये। यदि राज्य सरकार द्वारा यह स्वीकार कर लिया जाये तो स्थानीय निकाय जिला योजनाओं के लिए समस्त सेक्टरीय/विभागीय आवंटनों में से 30 से 40 प्रतिशत वार्षिक आवंटन के हकदार होंगे। शुरूआत के

लिए, हम जिला योजना के लिए कुल योजना की अधिकतम सीमा का कम से कम 10 प्रतिशत चिन्हित करके शुरू कर सकते हैं।

क 5–30 आयोग का मत है कि पर्याप्त समय पूर्व योजना की अधिकतम सीमा को उपदर्शित करके योजना की प्रक्रिया को नीचे से, प्रारम्भ किया जा सकता है। प्रमुख शासन सचिव, योजना विभाग, राजस्थान ने आयोग के साथ विचार–विमर्श के दौरान यह राय दी है कि यदि योजना की अधिकतम सीमा को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में जिला योजना समितियों को संसूचित कर दिया जाये तो जिला योजना एक वास्तविकता बन सकती है। राज्य योजना बोर्ड ने विकेन्द्रित योजना को सुदृढ़ बनाने संबंधी अपनी रिपोर्ट में भी सुझाव दिया है कि अधिकतम वित्तीय सीमा को अग्रिम रूप से उपदर्शित करने से पंचायती राज संस्थाएं तदनुसार योजना बना सकेंगी। राज्य योजना बोर्ड, राजस्थान की विकेन्द्रित योजना को सुदृढ़ बनाने संबंधी रिपोर्ट के अनुसार जिला योजना समितियां यथा परिकल्पित जिला योजनाओं को तैयार करने में सक्रिय नहीं हैं। विभाग, विभागीय योजनाओं और जिलों की अधिकतम वित्तीय सीमा की रूपरेखा संसूचित नहीं करते। विभागीय अधिकारियों और पंचायती राज संस्थाओं में समन्वय की पूरी तरह कमी है। पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा जिला योजना किये जाने की आवश्यकता है किन्तु नगरीय स्थानीय निकाय इस कार्य में कोई रूचि नहीं लेते। निर्वाचित जन प्रतिनिधि और अधिकारी जिला योजना के कार्य को हाथ में लेने के लिए कुशल या सक्षम नहीं हैं। राज्य योजना बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में विकेन्द्रीकृत योजना को सुदृढ़ बनाने के लिए निम्नलिखित सुझाव दिये हैः–

i. स्थानीय सरकार की जमीनी संस्था, वार्ड सभा को सक्रिय किया जाना चाहिए। वार्ड सभा की एक वर्ष में कम से कम चार बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। सरपंच, विकास अधिकारी या उसका प्रतिनिधि और ग्राम सेवक बैठक में सदैव उपस्थित रहने चाहिए। ग्राम सेवक को बैठक की कार्यवाहियां अभिलिखित करनी चाहिए। वार्ड सभा को गांव की आवश्यकताओं पर चर्चा करनी चाहिए और ग्राम सभा में विचार किये जाने के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

ii. ग्राम सभा की बैठक की तारीख पर्याप्त समय देते हुए पूर्व में विनिश्चित और प्रकाशित की जानी चाहिए ताकि लोग उसमें सुविधापूर्वक भाग ले सकें।

iii. ग्राम सभा की बैठक ग्राम पंचायत मुख्यालयों से भिन्न ऐसे स्थानों पर आयोजित की जानी चाहिए ताकि लोगों की अधिक सहभागिता सुकर बनायी जा सके।

iv. ग्राम पंचायत को संसाधनों का अनुमान लगाने, कार्यों की प्राथमिकताओं का निर्धारण करने और आवश्यकता पर आधारित विकास योजनाओं को बनाने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाये।

v. राज्य सरकार ने निदेश दिया है कि राज्य में ग्राम सभाओं की बैठकें एक विशिष्ट दिन को आयोजित की जायें। इससे समय पर बैठक का आयोजन सुनिश्चित होता है किन्तु इस तरह के आदेश के कारण यह विकास अधिकारी या उसके नामनिर्देशिती अधिकारी के लिए सभी बैठकों में भाग लेना और एक परिणामोन्मुख चर्चा सुनिश्चित करना कठिन हो जाता है। विकास अधिकारी या उसके नामनिर्देशिती की अनुपस्थिति में, ग्राम सभा का विचार विमर्श एक ठोस योजना की बजाय इच्छित सूची को तैयार करने की ओर ले जाता है। राज्य योजना बोर्ड़ ने विकास अधिकारी और उसके नामनिर्देशिती को सभी ग्राम सभाओं में उपस्थित रहने के लिए समर्थ बनाने के लिए ग्राम सभा को एक विशिष्ठ दिन आयोजित करने के निर्देश है को वापस लेने का राज्य सरकार को सुझाव दिया है।

vi. राज्य योजना बोर्ड ने यह उपदर्शित किया है कि ग्राम पंचायतों के लिए 33 से अधिक कृत्यों/कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की आवश्यकता है जिसके लिए केवल एक ग्राम सेवक उपलब्ध कराया गया है। उपलब्ध जनशक्ति पूर्णतया अपर्याप्त और अकुशल है। योजना बोर्ड ने सिफारिश की है कि पंचायत स्तर पर लेखाओं के संधारण और वित्तीय मामलों की देखरेख करने के लिए एक लेखा लिपिक/कनिष्ठ लेखाकार उपलब्ध कराया जाये।

vii. ग्राम पंचायतों के लिए, क्षेत्र के विकास के लिए विजन दस्तावेज तैयार करना आवश्यक है जिसके लिए कुशल और अनुभवी व्यक्तियों की सेवाओं की आवश्यकता है। ग्राम पंचायतों में ऐसी विशेषज्ञता की कमी है। इसलिए, पंचायत समिति को विजन दस्तावेज तैयार करने के लिए ग्राम पंचायतों में ऐसी विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार करना चाहिए।

viii. राज्य सरकार को पर्याप्त समय पूर्व, कम से कम वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में ग्राम पंचायतों को न्यागत की जाने वाली निधियों की अंतरिम रकम, निश्चित या निर्बन्ध, उपदर्शित करनी चाहिए ताकि तदनुसार विकास योजना अग्रिम रूप से बनायी जा सके।

ix. सामान्यतया, लाईन विभागों के अधिकारी ग्राम सभा में उपस्थित नहीं होते और क्षेत्र की योजना के लिए अपने विचारों का आदान प्रदान नहीं करते हैं। इसलिए, उनकी योजनाओं पर ग्राम सभा द्वारा विचार विमर्श और अनुमोदन नहीं किया जाता और बाद में लोग ऐसी योजनाओं के निष्पादन में सहयोग नहीं करते। यह न तो वांछनीय है और न ही प्रशंसनीय है। लोकतांत्रिक सरकार में स्कीमों और कार्यक्रमों पर हितधारकों के साथ चर्चा की जानी चाहिए और उनकी सहमति से क्रियान्वित किये जाने चाहिएं। संबंधित सरकारी अधिकारियों को ग्राम सभा में उपस्थित रहने और योजनाओं और कार्यक्रमों पर विचार करने के लिए कर्तव्यबद्ध किया जाना चाहिए अन्यथा राज्य सरकार द्वारा उनके विरूद्ध गंभीर अनुशासनिक कार्यवाही की जाए।

x. जिला योजना समिति को सक्रिय और सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है। जिला योजना समिति को समय पर जमीनी स्तर पर जिला योजना का समन्वय और मानीटर करने के लिए और जिला परिषद स्तर पर इसे समेकित करने और योजना को अंतिम रूप दिये जाने से पहले राज्य सरकार को अग्रेषित करना चाहिए।

xi. जिला योजना समिति के सदस्यों की संख्या 25 है जो कि बहुत अधिक है। निकाय को क्रियाशील बनाने के लिए इसे कम करके 10–15 तक किया जाना चाहिए। योजना प्रक्रिया की गुणवत्ता के उन्नयन के लिए कुछ विशेषज्ञों और विषय के विशेषज्ञों को जोड़ा जा सकता है।

xii. योजना बनाना एक विशेषज्ञतापूर्ण कार्य है जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आवश्यक है। इस प्रकार के कौशल विकसित करने के लिए राज्य सरकार को निर्वाचित सदस्यों और साथ ही जिला योजना से संबंधित अधिकारियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की व्यवस्था की जानी चाहिए।

xiii. समस्त पंचायतीराज संस्थाओं को अधिकतम वित्तीय सीमा की सूचना समय रहते दिये जाने की आवश्यकता है। साथ ही, इन संस्थाओं को भी अपनी योजनाएं बनाने के लिए उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के मानचित्रण को क्रियान्वित करना चाहिए।

xiv. राज्य योजना बोर्ड़ ने भी प्रत्येक पंचायती राज संस्था द्वारा विजन दस्तावेज तैयार करने पर बल दिया है और उन्हें तदनुसार वार्षिक विकास योजनाएं तैयार करनी चाहिएं ताकि स्थायी विकास हो सके।

xv. बोर्ड ने महिलाओं के/की (जेन्डर) बजट बनाने और महिलाओं के/की (जेन्डर) उप–योजना की आवश्यकता को भी इंगित किया है।

xvi. यह सुनिश्चित करने के लिए कि संबंधित पंचायती राज संस्था और विभागीय अधिकारियों द्वारा योजना को जिला योजना समिति को समय पर प्रस्तुत किया जा सके योजना निर्माण की मोनिटरीग के लिए एक प्रणाली का भी विकास किया जाना चाहिए। जिला योजना के मामले में अधिकारियों को जिला योजना समिति के प्रति जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

xvii. यह सुझाव दिया जाता है कि पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य के बजट में राज्य संसाधनों का 30–40 प्रतिशत जिला योजना के लिए चिह्नित किया जाना चाहिए।

क 5–31. विभागों को इस बात से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है कि पंचायतीराज विभाग के माध्यम से पंचायतीराज संस्थाओं को योजना विभाग से सीधे ही अधिकतम सीमा देने से विभाग का व्यय कम हो जायेगा। पंचायतीराज संस्थाएं भी उन्हें उपदर्शित अधिकतम योजना सीमा में से संबंधित सेक्टरों में आवंटित करेंगी जो पुनः सेक्टर–वार विभाजित किया जा सकता है और पंचायत समितियों/जिला परिषदों

और नगरीय स्थानीय निकायों की सुसंगत सेक्टरल योजना में रखा जा सकता है ताकि जिलों और साथ ही साथ राज्य के विभागों के सेक्टरल योजना बजट में वृद्धि की जा सके।

संक्षेप में, विकेन्द्रीकरण के संबंध में आयोग सुझाव देता है कि :

i. जिला योजना को वास्तविक बनाने में जिला योजना समिति की भूमिका में वृद्धि के लिए आयोग जमीनी स्तर योजना अर्थात् नीचे से योजना बनाने पर बल देता है।

ii. अस्थायी योजना की अधिकतम सीमा वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में जिलों के प्रति निर्दिष्ट की जानी आवश्यक है।

iii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बी.पी.एल. गरीबी रेखा से नीचे और महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए ग्राम सभाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाये।

iv. जिला योजना समिति को जिला परिषद स्तर पर कुशल जनशक्ति जैसेकि योजनाकार, सांख्यिकीविद्, अर्थशास्त्री, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक आदि उपलब्ध करायें जाकर सुदृढ़ बनाया जाये।

v. संबंधित क्षेत्र के व्यवस्थित और स्थायी विकास के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत का विजन दस्तावेज तैयार किया जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए पंचायत समिति को, ग्राम पंचायतों तक तकनीकी सहायता और आवश्यक विशेषज्ञता का विस्तार करना चाहिए।

vi. क्षमता निर्माण के लिए, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और कृत्यकारियों के प्रशिक्षण की एक नियमित व्यवस्था रखी जानी चाहिए।

vii. जिला योजना के लिए राज्य संसाधनों का 30 से 40 प्रतिशत चिह्नित किया जाना चाहिए।

स्थानीय निकायों के लिए मानीटरी प्रणाली

पंचायती राज संस्थानों के लिए मानीटरी

क 5–32 पंचायती राज, जो जमीनी स्तर पर शासन की एक प्रणाली है, को लोकतंत्र, विकेन्द्रीकरण और विकास का सर्वाधिक व्यवाहारिक और प्रभावी उपकरण माना जाता है। कई ऐसे क्षेत्रों में, जिनमें सुधारों की शुरूआत की जानी है, से निम्नलिखित का इस समय सर्वाधिक महत्वपूर्ण के रूप में उल्लेख किया जा सकता है।

(1) पंचायती राज संस्थाओं (पं.रा.सं.) को कृत्यों, निधियों और कृत्यकारियों (3FS) का अधिकाधिक न्यागमन सुनिश्चित करना।

(2) पंचायती राज संस्थाओं की संगठनात्मक क्षमता का निर्माण करना और निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकारी मशीनरी के पेशेवर दृष्टिकोण का विकास करना ताकि वे दक्षतापूर्वक अपनी भूमिका निभा सकें।

(3) बेहतर परिणामों के लिए योजनाओं की बहुलता के संकेन्द्रण और विविध संसाधनों के समूहीकरण के लिए, पंचायती राज संस्थानों और जिला योजना समितियों के माध्यम से संस्थाकरण और एकीकृत विकेन्द्रीकृत सहभागितापूर्ण नियोजन करना।

(4) वास्तविक स्व–शासन के लिए ग्राम सभाओं को पंचायती राज संस्थाओं के केन्द्र में रखना।

(5) पंचायती राज संस्थानों की क्षमता, पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि करने के लिए संस्थाओं, प्रणालियों और प्रक्रियाओं को तैयार करना।

क 5–33 राजस्थान में 02.10.2010 से पांच विभागों अर्थात् चिकित्सा और स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा, महिला और बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण और कृषि के कार्यों, निधियों और कृत्यकारियों का नियन्त्रण पंचायती राज संस्थाओं को अंतरित किया जा चुका है। न्यागमित विषयों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्थान पंचायती राज (हस्तांतरित गतिविधियां) नियम 2011 को भी अधिसूचित किया जा चुका है। सभी पांच स्थायी समितियों की प्रत्येक महीने बैठक होती है और साधारण निकाय की शक्तियां प्रयोग करती हैं। स्थायी समितियों के कृत्यों का उल्लेख करने वाली निर्देशिका भी 14.07.2011 को जारी की जा चुकी है। नवम्बर 2011 में पंचायती राज संस्थाओं की जिला, खण्ड और पंचायत स्तर पर समस्त त्रि–स्तरीय भूमिका और जिम्मेदारियां वर्णित करने वाला क्रियाकलाप मानचित्रण भी जारी किया जा चुका है।

क 5–34 ग्राम पंचायत और इसकी स्थायी समितियों की एक निश्चित अनुसूची अधिकथित की जा चुकी है। लोक शिकायतों के निराकरण के लिए साप्ताहिक बैठकें आयोजित की जानी है। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित कार्यवाही रजिस्टर इन बैठकों के कार्यवृत्त अभिलिखित करने के लिए काम में लिये जायेंगे। ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा पुनर्विलोकन किये जाने के लिए और स्कीम वार लेखाओं पर चर्चा की जाती है। ग्राम स्तरीय कार्मिकों द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है।

क 5–35 इन्दिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान, जयपुर, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर और अजमेर, जोधपुर और डूंगरपुर में स्थित तीन पंचायत प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राज्य सरकार ने कोटा, बीकानेर और भरतपुर में तीन और पंचायत प्रशिक्षण केन्द्रों की मंजूरी दी है। संवैधानिक आज्ञा के अनुसार जनजाति सलाहकार परिषद् से परामर्श के पश्चात् 1999 में राजस्थान पंचायतीराज (अनुसूचित क्षेत्रों में लागू करने के लिए प्रावधानों में रूपान्तरण) अधिनियम

प्रख्यापित किया गया था और इसके नियमों को भी नवम्बर 2011 को अधिसूचित किया जा चुका है। जनजाति अनुसूचित क्षेत्रों में क्षेत्रीय कृत्यकारियों की क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षमता निर्माण के प्रयास में हाथ में लिया गया है।

क 5–36 मानीटरी प्रक्रिया और प्रणाली, कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और कार्यक्रमों के उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। सेवा प्रदान करने के वर्तमान में ऐसे कोई मानक मानदंड नहीं हैं जो पंचायती राज संस्थाओं के लिए सेवा प्रदान करने के वास्तविक प्रर्दशन के निर्धारण का मापक हो सके। तथापि इन संस्थाओं को अपने मूल कार्यों को संपादित करने के लिए निधियां और जन शक्ति उपलब्ध करायी गयी है। निधियों के उपयोग की प्रशासनिक ढांचे के भाग के रूप में मानीटरी की जाती है। किसी स्कीम/कार्यक्रम के लिए जारी की गयी निधियों के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करना मानीटरी का एक अत्यावश्यक पहलू है लेकिन निधि प्रदान करने वाले अधिकारी द्वारा जारी की गयी निधि यह न्यूनतम आवश्यकता है। स्कीम/प्रोग्राम की वित्तीय और भौतिक संपरीक्षा बेहतर तस्वीर पेश कर सकती है। किन्तु ऐसी संपरीक्षाएं निरंतर मानीटरी का भाग नहीं है क्योंकि काफी समय व्यतीत हो जाने के बाद संपरीक्षा की जाती है। क्षेत्रीय कृत्यकारियों की बैठकें और समय–समय पर मौके पर किये गये निरीक्षण मानीटरी के व्यवहारिक पहलू हैं। तथापि, इस प्रकार की बैठकों और निरीक्षणों की आवृत्ति अनिश्चित है और उन्हें बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। यदि निरीक्षण के ब्यौरे एक विहित प्रपत्र में दर्ज किये जायें तो इस प्रणाली को और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। यह विभागीय स्तर पर परिकल्पित की जा सकती है। मध्य में किये जाने वाले संशोधनों के लिए इन रिर्पोटों के आंकडों को ज्यादा व्यवस्थित तरीके से उपयोग में लिया जा सकता है। पंचायती राज अधिनियम में कृत्यकारी स्थायी समितियों और साथ ही साथ पंचायत स्तर पर सर्तकता समितियों के गठन के लिए भी उपबंध किया गया है। यह समितियां क्रियाशील हो सकती है और मानीटरी करने का कृत्यकारी उत्तरदायित्व ले सकती है। वर्तमान में, ये समितियां न तो कार्यशील हैं और न ही प्रभावशाली हैं।

क 5–37. सामाजिक संपरीक्षा भी चालू कार्यक्रमों की मानीटरी और मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण उपकरण है। सामाजिक संपरीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकती है कि आंवटित निधियां स्कीम के दिशानिर्देशों के द्वारा दी गयी रीति से खर्च की गयी है और यह कि कार्यक्रम के हिताधिकारी आशयित हिताधिकारी हैं। तथापि, सीमित मात्रा में प्रयास की गयी सामाजिक संपरीक्षा को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा इसलिए यह निष्क्रिय बनी रही। पंचायती राज संस्थानों द्वारा क्रियान्वित किये गये कार्यक्रमों/स्कीमों की प्रगति का पुनर्विलोकन करने के लिए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च शक्ति संपन्न समिति का भी गठन किया गया है। इस समिति के लिए यह आवश्यक है कि यह अधिकाधिक बार बैठकें करे।

क 5–38 आयोग की यह सुविचारित राय है कि आधारभूत सेवाएं प्रदान करना पंचायती राज संस्थाओं की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वयं के राजस्व के स्रोतों के अभाव के कारण अपर्याप्त जनशक्ति और नियमित मानीटरी के अभाव में ग्राम पंचायतें जनता को पर्याप्त रूप से आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने में असमर्थ है। इसलिए, आयोग ने अपनी न्यागमन योजना में मूल सेवाओं के लिए निश्चित कार्याशील अनुदान प्रदान करने की सिफारिश की है। पंचायती संस्थाओं से परामर्श करके पंचायती राज विभाग मूल कार्यों के लिए अब नियम/मानक निर्धारित और इसकी मानीटरी के लिए एक यथोचित तंत्र विकसित कर सकता है। पंचायतों द्वारा वास्तव में प्राप्त किये गये स्तरों के मूल्यांकन का कार्य किसी बाहरी गैर सरकारी एजेंसी को सौंपा जा सकता है।

नगरीय स्थानीय निकायों के लिए मानीटरी प्रणाली

क 5–39. नगरीय स्थानीय निकाय अपने कृत्यों का पालन छह समितियों, अर्थात् कार्यकारी समिति, वित्त समिति, स्वास्थ्य और सफाई समिति, भवन अनुज्ञा और कार्य समिति, गंदी बस्ती सुधार समिति, नियम और उपविधि समिति एवं अपराधों का उपशमन और समझौता समितियों के माध्यम से पूरा करते हैं। इन समितियों से यह अपेक्षा की जाती है कि ये भौतिक रूप से भी कार्यों के निष्पादन को मानीटर करेंगी किन्तु अधिकांश मामलों में ये समितियां कार्याशील दिखाई नहीं देती।

क 5–40 13वें केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गयी चार सेवाओं अर्थात् जल प्रदाय, मलवहन, बरसाती पानी की निकासी, और ठोस अपशिष्ठ प्रबंध सेवा स्तर बैंच मार्किंग (चिहिन्तकरण) शुरू की जा चुकी है। नगरीय स्थानीय निकाय प्रत्येक वर्ष सेवा स्तरीय बैंचमार्क के अनुसार अपने लक्ष्य और उपलब्धियाँ अधिसूचित करते हैं। यद्यपि यह एक अच्छी शुरूआत है, किन्तु वर्ष के अंत में नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा दर्शायी गयी उपलब्धियों को किसी अन्य स्वतन्त्र एजेन्सी द्वारा जांचा नही जाता, अतः, अधिसूचित किये गये परिणामों पर पूर्णतया विश्वास नहीं किया जा सकता। बैंचमार्किंग की पूर्णता की एक स्वतंत्र जांच प्रणाली लागू करने से नगरीय स्थानीय निकायों में सेवा वितरण प्रदान करने में गुणात्मक सुधार के लिए सहायता मिल सकती है।

क 5–41 सेवाओं की मानीटरी उस जनता को शामिल करके की जा सकती है जिसके लिए ये सेवाएं दी जाती है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 54 वार्ड समिति के गठन का उपबंध करती है जो इन सेवाओं को मानीटरी करने के उपयोगी उपकरणों में से एक हो सकती है।

अध्याय 6

पंचायती राज संस्थाओं का वित्त संसाधन और आवश्यकताएं

पंचायती राज संस्थाओं का वित्त

6.1 एक संघीय स्थापन में वित्तीय संसाधनों का न्यागमन जटिल कार्य है। मौटे तौर पर मूद्दा यह है कि किये जाने वाले कार्यों और उन कार्यों को करने के लिए उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के बीच मेल नहीं है। संघीय ढांचे के प्रत्येक स्तर– केन्द्र, राज्य और उप–राज्य स्तरें पर यह देखा जा सकता है कि करो का उद्ग्रहण करने लगाने और संग्रहण करने के आधार में और उस आधार में जिस पर वित्तीय संसाधनों में सौंपे गये कार्यों के आधार भिन्न हैं। संविधान में भी केन्द्र राज्य स्तर पर मेल के इस अभाव को देखा गया है और राज्य और केन्द्र के राजस्व के स्रोतों की अलग अनुसूचियां बनाने के बावजूद दण्डात्मक (केन्द्र और सभी राज्यों के बीच उपबंध) और क्षैतिज (राज्यों के बीच) समानता प्राप्त करने के लिए सुझाव देने के लिए कालिक वित्त आयोगों का उपबंध भी अधिकथित किया गया है। राज्य वित्त आयोग की प्रणाली से राज्य सरकार/शासन के स्थानीय संस्थाओं अर्थात् पंचायतों और नगरीय स्थानीय निकायों के संदर्भ में वैसी ही भूमिका का निर्वाह करने की अपेक्षा की गयी है। स्थानीय निकायों को अधिक सहभागितापूर्ण लोकतंत्र के उद्देश्य को प्राप्त करने और जमीनी स्तर पर योजनाओं और कार्यक्रमों के अधिक दक्ष क्रियान्वयन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कार्य सौंपे गये है। अनु. 243 और 243 छ में उप–राज्य स्तरों पर कार्य सौंपें गये है और इसमें सर्वाधिक सामाजिक और विकास से संबंधित कार्यों की व्यापक सूची शामिल है। इसके लिए स्थानीय निकायों को सौंपे गये संसाधन क्रमशः राज्य स्तरीय अधिनियमों में अधिनियमित हैं।

6.2 संविधान और पश्चात्वर्ती राज्य अधिनियमितियों में उन कृत्यों का ब्यौरा उपबंधित किया गया है जो पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किये जाने अपेक्षित है। अध्याय 5 कार्यों से संबंधित है। तथापि, यह भंलीभांति मान्य है कि स्वायत्तता और स्वशासन का वित्तीय स्वतंत्रता के बिना बहुत कम महत्व है। राजस्थान में, अधिकांश पंचायतों के पास न तो पर्याप्त कर है और न ही पर्याप्त कर राजस्व है। वे निधियों के लिए पूर्णतया राज्य सरकार पर निर्भर हैं। बहुत पहले 1963 में संथानम समिति ने यह संप्रेक्षित किया था कि कोई भी स्व–शासी और स्वायत प्रतिनिधि निकाय कार्य नहीं कर सकता जब तक कि उसके पास उसे आवंटित कार्यों को संपादित करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं हों। समिति ने यह संप्रेक्षण उद्घृत करें तो : ''यदि सरकारी सहायता पर पूर्णरूपेण निर्भरता होती है तो यह स्वशासी संस्थानों की गरिमा और स्वायत्ता को कम कर देती है। संस्था के स्थायित्व और विकास के लिए यह आवश्यक है कि उनके पास सारवान और वृद्धिशील तथा उदितव्य स्रोत होने चाहिए जो विदोहन और विकास करने की उनकी शक्ति के पूर्णतया भीतर हों।''

6.3 राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के राजस्व के मुख्य स्रोत है ; (i) कर स्रोतों से स्वयं की आय (ii) गैर–कर अध्युपाय, और (iii) केन्द्र और राज्य सरकारों से स्थान्तरणों। इसके अतिरिक्त पंचायती राज संस्थाएं विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए एजेंसी कृत्यों का भी सम्पादन करती हैं जिसके लिए जिला परिषद के जरिये निधि उपलब्ध करवायी जाती है। पंचायती राज संस्थाओं को कुछ निधि भारत सरकार तथा राजस्थान सरकार द्वारा प्रत्यक्षतः उपलब्ध करायी जाती है।

6.4 पंचायत द्वारा कराधान से संबंधित उपबंध राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 65 में अन्तर्विष्ट हैं जो यह उपबंध करते है कि राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त बनाये गये नियमों और किये गये किन्हीं आदेशों के अध्यधीन रहते हुए कोई पंचायत निम्नलिखित एक या अधिक कर अधिरोपित कर सकेगीं, अर्थात् :–

1) व्यक्तियों के स्वामित्व वाले भवनों पर ऐसी दर से कर जो विहित की जाये ;

2) पंचायत सर्किल के भीतर उसमें उपभोग या उपयोग के लए लाये गये पशुओं या माल पर चुंगी ;

3) ऐसे यानों को छोडकर, जो खेती के प्रयोजन के लिए उपयोग में लाये जाते हैं, यान कर ;

4) तीर्थयात्री कर ;

5) पंचायत सर्किल के भीतर पेयजल के प्रदाय का इंतजाम करने के लिए कर ;

6) वाणिज्यिक फसलों पर कर ; और

7) कोई भी अन्य कर जिसे संविधान के अधीन राज्य में अधिरोपित करने की राज्य विधान–मण्डल को शक्ति हो और जो सरकार द्वारा मंजूर किया गया हो।

6.5 यह और उल्लेखित किया गया है कि तीर्थयात्री कर के सिवाय उपर उल्लेखित करों को अधिरोपित करने के लिए राज्य सरकार की अनुज्ञा अपेक्षित नहीं होगी। इस धारा के प्रयोजन के लिए, वाणिज्यिक फसलों में मिर्ची, कपास, सरसों, गन्ना, जीरा और मूंगफली सम्मिलित है।

6.6. अधिनियम की धारा 66 किसी पंचायत को पंचायत क्षेत्र के वयस्क पुरूष सदस्यों पर उक्त क्षेत्र के निवासियों के लिए साधारण सुविधा के किसी भी सार्वजनिक कार्य के संनिर्माण के लिए विशेष कर अधिरोपित करने के लिए सशक्त करती है। आगे यह और उपबंध किया गया है कि वह किसी भी व्यक्ति को स्वैच्छिक श्रम करने या उसे उसकी और से किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा किये जाने के बदलें में इस कर के संदाय से छूट दे सकेगी।

6.7 अधिनियम की धारा 67 किसी ग्राम पंचायत को कोई भी अस्थायी संरचना करने के लिए या किसी भी योजना के लिए या ग्राम पंचायत में निहित किसी भी लोक या अन्य भूमि के अस्थायी अधिभोग के लिए या इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन उसके द्वारा की गयी किसी भी सेवा के लिए या निर्वहन किये गये किसी भी कर्तव्य के संबंध में फीस प्रभारित करने के लिए सशक्त करती है।

पंचायत समितियों की शक्तियां

6.8 धारा 68 पंचायत समितियों की कराधान की शक्ति को विनिर्दिष्ट करती है। यह धारा उपबंधित करती है कि कोई पंचायत समिति कृषि भूमि के उपयोग या अधिभोग के लिए सदैव लगान पर कोई कर, ऐसा कर ऐसी भूमि के पृथक्तः या संयुक्ततः कृषकीय कब्जे वाले या उससे कोई भी आय प्राप्त करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा संदेय होने के कारण, ऐसे लगान के एक रूपये पर पचास पैसे की दर से अधिरोपित और उद्गृहीत कर सकेगी।

6.9 यह धारा यह और उपबंध करती है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 276 के उपबंधों और सरकार के किन्हीं साधारण या विशेष आदेशों के अध्यधीन रहते हुए पंचायत समिति, निम्नलिखित में से समस्त या किन्हीं साधारण या विशेष आदेशों के अध्यधीन रहते हुए पंचायत समिति, निम्नलिखित में से समस्त या किन्हीं करों को विहित रीति से अधिरोपित और उद्गृहीत भी कर सकेगी, अर्थात् :–

(1) ऐसे व्यापारों, आजीविकाओं, व्यवसायों और उद्योगों पर कर, जो विहित किये जायें ;

(2) प्राथमिक शिक्षा उपकर ; और

(3) पंचायत समिति की अधिकारिता की सीमाओं के भीतर आयोजित उसके मेलों के संबंध में कर।

जिला परिषद की शक्तियां

6.10 जिला परिषद की कर और फीस अधिरोपित करने की शक्तियां अधिनियम की धारा 69 में अन्तर्विष्ट हैं। यह धारा उपबंध करती है कि ऐसी अधिकतम दरों के अध्यधीन रहते हुए, जो सरकार विहित करे, जिला परिषद निम्नलिखित कर उद्गृहीत कर सकेगी :–

(1) किसी मेले की अनुज्ञप्ति के लिए फीस ;

(2) जल की दर, जहां जिला परिषद द्वारा अपनी अधिकारिता के भीतर पीने, सिंचाई या अन्य किसी प्रयोजन के लिए जल के प्रदाय की व्यवस्था की गयी है।

3. अधिभार :

(i) ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति के विक्रय पर के स्टाम्प शुल्क पर पांच (अब यह दस है) प्रतिशत तक ; और

(ii) राजस्थान कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 की धारा 17 में निर्दिष्ट मण्डी फीस पर आधा प्रतिशत (अब यह एक प्रतिशत है) तक।

राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996

6.11. पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उद्गृहीत किये जाने के लिए विनिश्चित करों और फीसों की वसूली के लिए प्रक्रिया राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 (जो इसमें इसके पश्चात नियम, 96 के रूप में निर्दिष्ट किये जायेंगे) में उपदर्शित की गयी है। इन नियमों का नियम 67 यह उपबंध करता है कि करों की वसूली पटवारी द्वारा की जायेगी जिसे सकल कर प्राप्तियों में से ऐसी रकम की कटौती करके संग्रहण प्रभार के रूप में 5 प्रतिशत संदत्त की जायेगीं। पटवारी मांग, वसूली और अतिशेष का संधारण करने के लिए भी उत्तरदायी है। यदि पटवारी द्वारा नियमों में यथा–उपबंधित करों की वसूली नही होती है तो यह भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किये जायेंगे।

6.12. नियम 96 स्पष्ट रूप से यह उपबंध करते हैं कि स्टाम्प शुल्क पर अधिभार जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में अन्तरित और जिला परिषद के पी.डी. लेखा में अन्तरित सम्पत्तियों के लिए उप–रजिस्ट्रार द्वारा, राज्य वित्त विभाग द्वारा अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार संग्रहीत किया जायेगा। इसी प्रकार से, नियम 96 का नियम 67 (7) स्पष्ट रूप से कृषि उपज पर अधिभार जिले में सचिव, मण्डी समिति द्वारा वसूली का और इसे जिला परिषद के पी.डी. लेखा में प्रतिमास जमा करने का उपबंध करता है।

6.13. नियम 1996 विभिन्न करों और फीसों की दरें भी अधिकथित करते हैं जो पंचायती राज संस्थानों द्वारा उद्गृहीत की जा सकती है। इन नियमों का नियम 68 उन अधिकतम दरों को अधिकथित करता है जिस पर कोई पंचायत जनता को दी गयी सेवाओं के लिए फीस का उद्गृहण कर सकती है, ये दरें निम्नलिखित हैः–

सारणी 6.1ः करों और फीसों की अधिकतम अनुज्ञेय दरें

क्र.सं.	मद	दर
1.	आवेदन फीस	रु. 5/–
2.	निवास, जाति, आय आदि के लिए प्रमाण पत्र	रु. 10/– (अजा/अजजा के लिए 50 प्रतिशत)
3.	नामांतरण आदि के लिए उत्तराधिकारियों का प्रमाण पत्र	रु. 20/– (अजा/अजजा के लिए 50 प्रतिशत)
4.	विद्युत या पाइप से जल प्रदाय के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र	रु. 20/– (अजा/अजजा के लिए 50 प्रतिशत)
5.	आबादी भूमि के क्रय के लिए आवेदन	रु. 10/–

6.	स्थल योजना और स्थल निरीक्षण की तैयारी के लिए खर्चे	रु. 25/–
7.	आवेदन फार्म और मुद्रण सहित राशन कार्ड	रु. 5/–
8.	30 दिन के पश्चात् जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रीकरण	रु. 10/–
9.	भवन संनिर्माण के लिए अनुज्ञा	रु. 1/– (पक्का संनिर्माण के लिए प्रति वर्ग मीटर)
10.	पंचायत द्वारा पूर्व में अनुमोदित स्थल योजना में परिवर्धन/परिवर्तन	रु. 50/–
11.	पंचायत की अनुज्ञा के बिना अप्राधिकृत संनिर्माण का नियमन बशर्ते कि स्पष्ट हक हो और रास्ते के अधिकार में विघ्न न हो।	रु. 2/– (प्रति वर्ग मीटर) अधिकतम रु. 500/–
12.	पेट्रोल/डीजल पम्प	रु. 500/– (प्रति वर्ष)
13.	होटल/ढाबा/ऑटोमोबाइल/मरम्मत की दुकान	रु. 200/– (प्रति वर्ष)
14.	कोई भी अन्य कारबार इकाई	रु. 100/– (प्रति वर्ष)

6.14. ग्राम पंचायत से उक्त फीसों के उद्ग्रहण के लिए साधारण बैठक में संकल्प पारित किया जाना और 30 दिन के भीतर–भीतर पंचायत सर्किल के निवासियों से आक्षेप/सुझाव आमंत्रित करके नोटिस बोर्ड़ पर एक सूचना प्रकाशित किया जाना अपेक्षित है। नोटिस की तारीख से 30 दिन के अवसान के पश्चात् पंचायत अगले महीने की पहली तारीख को फीसें अधिरोपित करने के लिए पुनः संकल्प पारित कर सकेगी।

6.15. पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 68 में वर्णित कुछ मदों की दरें राज्य सरकार ने पुनरीक्षित की है और अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के अनुसरण में कुछ नयी मदें 12.08.2011 से शामिल की है जो निम्नलिखित हैं :–

सारणी 6.2. : नई/पुनरीक्षित कर और फीसों की दरें

क्र.सं.	विशिष्टियां	दरें
1.	पेट्रोल और डीजल पम्प	रु. 2500/– प्रति वर्ष
2.	ढ़ाबा और रेस्टोरेंट	रु. 1000/– प्रति वर्ष
3.	कोई भी अन्य कारबार इकाई	रु. 200/– प्रति वर्ष
4.	खनन (जनजाति क्षेत्र) के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र	रु. 5000/–
5.	मोबाइल टावर	रु. 10,000/– प्रति वर्ष
6.	अतिथिगृह/होटलों/मोटलों/आराम गृहों के लिए फीस 1. 5 कमरों तक 2. 6 से 10 कमरें 3. 11 से 15 कमरें 4. 16 कमरें और ज्यादा	 रु. 1000/– प्रति वर्ष रु. 2500/– प्रति वर्ष रु. 4000/– प्रति वर्ष रु. 5000/– प्रति वर्ष

6.16. नियम 73 गृहकर के रूप में प्रचलित भवन कर की दरों को अधिकथित करता है। ये दरें निम्नानुसार हैं :

सारणी 6.3 : गृहकर की अधिकतम अनुज्ञेय दरें

क्र.सं.	विशिष्टियां	कर की अधिकतम दर (प्रति वर्ष)
1.	संनिर्माण पक्की छत का क्षेत्र 500 वर्गफीट तक है	रु. 100/–
2.	क्षेत्र 501 से 1000 वर्ग फीट है	रु. 200/–
3.	क्षेत्र 1001 से 2001 वर्ग फीट है	रु. 300/–
4.	जब क्षेत्र 2000 वर्ग फीट से अधिक है	रु. 500/–

6.17. तथापि, नियम 74, के अनुसार पत्थर ईंटों या बिना पत्थर की स्लैब/आरसीसी छत वाले घरों के लिए कोई भी कर संदेय नहीं होगा। इसी प्रकार, कच्चे घरों ए.ग्रा.वि.का. के चयनित परिवारों, इंदिरा आवास और ऐसे पक्के घरों पर जिनका फर्श क्षेत्र 200 वर्गफीट से कम का हो कोई भी भवन कर उद्गृहीत नहीं किया जायेगा। यह आगे अधिकथित करता है कि सरायों, धर्मशालाओं, पुस्तकालयों, विद्यालयों, औषधालयों, वाचनालयों और धार्मिक तथा पूर्त प्रयोजन के लिए प्रयुक्त भवनों पर कोई भी यान कर उद्गृहीत नहीं किया जायेगा, तथापि यह इस उपबंध के अध्यधीन होगा कि उनसे या उनके किसी भी भाग से कोई भी किराया अर्जित न किया जाये।

इसके अतिरिक्त किसी पंचायत समिति के भीतर केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के सभी भवनों को, साथ ही ऐसे सभी भवनों को, जो किसी पंचायत या पंचायत समिति या किसी जिला परिषद या किसी नगरपालिका बोर्ड के हों, या उनमें निहित हों, को नियम 73 के अधीन गृहकर के संदाय से छूट दी जायेगी।

6.18. व्यापारों, आजीविकाओं, व्यवसायों, और उद्योगों पर कर उद्गृहण करने के लिए पंचायत समितियों को राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अधीन प्राधिकृत किया गया है। नियम 72 के अधीन यथा–अधिकथित इस कर की अधिकतम दरें निम्नानुसार है :

सारणी 6.4 : व्यापारों, आजीविकाओं, व्यवसायों और उद्योगों पर कर की अधिकतम अनुज्ञेय दर

क्र.सं.	विशिष्टियां	(रु. प्रति वर्ष)
1	अधिवक्तागण	300/–
2	ऑयल प्रेस, कॉटन प्रेस, मुद्रण प्रेस/भाण्डागार और अन्य उद्योग (कुटीर उद्योगों को छोड़कर)	1000/–
3	साहुकार	1000/–

4	थोक और खुदरा व्यापारी, निलामीकर्ता, ठेकेदार, कमीशन अभिकर्ता, आढ़तिये, कर्मशालाएं	500/–
5	क्लिनिक, नर्सिंग होम, निजी अस्पताल	300/–
6	निजी डॉक्टर, वैद्य, होम्योपैथ, दंत चिकित्सक, पशु शल्य चिकित्सक	150/–
7	वास्तुकार/अभियंता	300/–
8	होटल, लोजिंग हाऊस, बोर्डिंग हाउस चलाने वाले	500/–
9	समाचार पत्रों के संपादक/स्वामी	250/–
10	व्यावसायिक कलाकार, फोटोग्राफर, अभिनेता, नर्तक, संगीतज्ञ	120/–
11	सर्कस/सिनेमा/विडियों शॉपों के स्वामी	रु. 1000/– प्रतिवर्ष (टिकटों के विक्रय पर 100 प्रतिशत मनोरंजन कर के अतिरिक्त)
12	पशुओं, यानों, डेयरी के व्यवहारी	250/–

6.19. नियम 58 से 67 इन करों के उद्ग्रहण के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया प्रगणित करते हैं। राज्य सरकार की पूर्व अनुज्ञा तब ही अपेक्षित होगी यदि धारा 65 की उप–धारा (1) के खण्ड (घ) के अधीन कोई तीर्थयात्री कर अधिरोपित किया जाना आशयित है। यदि संकल्प का संबंध खण्ड (घ) के अधीन अधिरोपित किय जाने के लिए प्रस्तावित किसी तीर्थयात्री कर से या अधिनियम में विनिर्दिष्ट रूप से वर्णित किये जाने के लिए प्रस्तावित किसी तीर्थयात्राी कर से या अधिनियम मे विनिर्दिष्ट रूप से वर्णित नहीं किये गये किसी भी अन्य कर से है और धारा 65 की उप–धारा (1) के खण्ड (छ) के अधीन पूर्णतया राज्य विधान–मण्डल की सक्षमता के अन्तर्गत है तो ऐसे कर के उद्ग्रहण के संबंध में राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी अभिप्राप्त की जानी अपेक्षित है और किसी भी अन्य कर के लिए पंचायतीराज अधिनियम, 1994 और 1996 के नियमों के अधीन राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी आवश्यक नहीं है।

6.20 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अधीन विशेष उपबंध विद्यमान है जो पंचायती राज संस्थाओं की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को सशक्त करता है। अधिनियम की धारा 73 यह उपबंध करती है कि यदि राज्य सरकार की राय में किसी पंचायत, किसी पंचायत समिति या किसी जिला परिषद की आय इस अधिनियम के अधीन अपने कर्तव्यों के समुचित निर्वहन के लिए आवश्यक आय से कम आती है तो राज्य सरकार उस पंचायत, पंचायत समिति, या जिला परिषद से छह मास के अन्युन ऐसी कालावधि के भीतर–भीतर ऐसे कदम उठाने की अपेक्षा कर सकेगी जिसमें उसकी आय को ऐसी सीमा तक, जो राज्य सरकार आवश्यक समझे, बढ़ाने की अध्यपेक्षा विनिर्दिष्ट हो। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि अधिनियम में ऐसी किसी विनिर्दिष्ट उपबंध की विद्यमानता के बावजूद राज्य सरकार ने कभी भी अपनी आय संवर्धन के लिए पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश जारी नहीं किये हैं, यद्यपि यह सर्वविदित है कि पंचायती राज संस्थाएं आय की वित्तीय मजबूरियों के कारण अपने कृत्यों का संतोषप्रद रूप से निर्वहन करने में असमर्थ है। सारणी

6.5 ग्राम पंचायत के राजस्व के स्रोतों को प्रदर्शित करती है। पंचायती राज अधिनियम और नियमों में पंचायती राज संस्थाओं द्वारा विभिन्न करों और फीसों को उद्गृहीत करके अपने स्वयं के संसाधनों की वृद्धि के लिए व्यापक उपबंध विद्यमान हैं। यह संप्रेक्षण किया गया है कि पंचायती राज संस्थाओं ने अपनी घटकों के प्रति अपने उत्तरदायित्वों की जागरूकता के अभाव के कारण वांछनीय सीमा तक करों के उद्गृहण और संग्रहण और गैर–कर राजस्व वसूली के लिए अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं किया है। कुछ पंचायतों ने यान कर, गृह कर और तीर्थयात्री कर का उद्गृहण किया है। कुछ पंचायतों द्वारा राज्य सरकार द्वारा चुंगी की समाप्ति तक भी उसकी वसूली की जा रही थी। इसकी समाप्ति के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को वर्ष 1998 में चुंगी से राजस्व पर आधारित और उसके पश्चात् 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष आधार को बढ़ाते हुए चुंगी के बदले सहायता अनुदान की घोषणा की गयी थी। परन्तु घोषणा के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रतिकर का भुगतान नहीं किया गया। इस मद्धे में 31–03–2010 तक 61.23 करोड रु. तक की देनदारी लम्बित है। आयोग सुझाव देता है कि घोषणा के अनुसार ग्राम पंचायतों को चुंगी प्रतिकर दिया जाये।

6.21 सारणी 6.5 में ग्राम पंचायतों के लिए राजस्व के स्रोत प्रदर्शित किये गये हैं। यह देखा जा सकता है कि ये कर पंचायतों के कुल राजस्व के 2 प्रतिशत से कुछ ज्यादा अधिक हैं। चुंगी की समाप्ति के पश्चात्, अगला महत्वपूर्ण स्थानीय कर जो महत्वपूर्ण राजस्व पैदा कर सकता है वह गृहकर है किन्तु यह साधारणतया पंचायतों में सुषुप्त बना रहा है और उनमें से कुछेक ग्राम पंचायतों के द्वारा ही उदगृहीत किया जा रहा है। इससे ग्राम पंचायतों के पहले से ही अल्प स्रोत और भी कम हो गये हैं।

6.22 ऐसी स्थिति में पंचायत वित्त को सुदृढ़ करने के लिए, ग्राम पंचायतों को 1996 के नियमों के नियम 68(1) के उप–नियम (xii), (xiii) और (xiv) में यथा उपबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में कार्यरत पेट्रोल/डीजल पम्प/होटल/ढ़ाबा/आटोमोबाइल/मरम्मत की दुकानों और अन्य कारबार इकाई पर 1996 के नियमों के नियम 68 के अधीन वार्षिक फीस उदगृहण करने की पूर्व में ही उनकी विद्यमान शक्ति का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। पंचायत समिति स्तर पर शिक्षा उपकर सर्वाधिक सशक्त राजस्व स्रोत प्रतीत होता है।

सारणी 6.5: ग्राम पंचायतों के लिए राजस्व के स्रोत

(रु. लाख में)

राजस्व का शीर्ष	2005–06		2006–07		2007–08		2008–09		2009–10	
	राशि	%	राशि	%	राशि	%	राशि	%	राशि	%
क. स्वयं की आय										
(1) गृह कर	90.10	0.14	94.16	0.11	119.94	0.12	105.75	0.09	112.80	0.10
(2) वस्तुओं और पशुओं पर चूंगी	91.98	0.14	80.30	0.09	57.80	0.06	166.72	0.14	107.03	0.09

(3) यान कर	38.74	0.06	49.89	0.06	46.71	0.05	65.46	0.06	111.27	0.10
(4) यात्री कर	41.84	0.06	45.33	0.05	44.15	0.04	56.50	0.05	52.20	0.05
(5) जल वितरण पर कर	52.75	0.08	61.83	0.07	51.88	0.05	69.04	0.06	67.59	0.06
(6) वाणिज्यक फसलों पर कर	22.63	0.04	54.49	0.06	27.31	0.03	42.23	0.05	48.17	0.04
(7) सामुदायिक सेवाओं पर विशेष कर	50.60	0.08	126.85	0.14	144.33	0.14	70.50	0.06	75.22	0.28
(8) लाइसेंस और अन्य फीसें	187.58	0.29	253.41	0.29	397.81	0.39	441.73	0.37	318.36	0.28
(9) अन्य प्राप्तियां	1229.68	1.90	1428.90	1.61	1433.16	1.39	1697.89	1.43	1861.23	1.62
कुल क [1 से 9]	**1805.90**	**2.80**	**2195.16**	**2.48**	**2323.09**	**2.26**	**2715.82**	**2.29**	**2753.87**	**2.40**
ख राज्य सरकार से प्राप्तियां										
(1) भूमि कर की एवज में अनुदान (सामान्य योजित अनुदान)	837.83	1.30	1051.20	1.19	1317.08	1.28	1514.14	1.28	1554.79	1.36
(2) एस.एफ. सी. के अधीन अनुदान	11364.14	17.60	18707.76	21.12	16016.67	15.57	17703.73	14.93	20282.83	17.70
(3) टी.एफ. सी. के अधीन अनुदान	12793.83	19.81	18442.39	20.82	17648.42	17.15	20802.94	17.55	22258.74	19.43
(4) अन्य अनुदान	4870.13	7.54	6834.86	7.72	10122.80	9.84	12454.33	10.51	12687.69	11.07
योग–ख (1+2+3+4)	**29865.93**	**46.25**	**45036.21**	**50.84**	**45104.97**	**43.83**	**52475.14**	**44.27**	**56784.05**	**49.56**

ग विकास योजनाओं के लिए प्राप्तियां (डीआरडीए)										
(1) जवाहर रोजगार योजना जवाहर समृद्धि योजना	10695.95	16.56	11524.33	13.01	11672.51	11.34	8922.38	7.53	7013.51	6.12
(2) इन्दिरा आवास योजना	7352.35	11.39	7879.65	8.89	10291.74	10.00	7709.66	6.50	7389.99	6.45
(3)एम.एल.ए. क्षेत्र विकास योजना	6087.85	9.43	7102.10	8.02	9573.22	9.30	9563.58	8.07	7431.52	6.49
(4) अन्य योजना (विशिष्ठ)	7391.67	11.45	12008.81	13.56	18920.08	18.39	27287.75	23.02	24911.76	21.74
कुल–ग (1+2+3+4)	**31527.82**	**48.82**	**38514.89**	**43.48**	**50457.55**	**49.04**	**53483.37**	**45.12**	**45746.78**	**40.80**
घ. अन्य स्रोत (यदि कोई है)	1375.54	2.13	2840.18	3.21	5014.44	4.87	9864.96	8.32	8289.49	7.24
कुल प्राप्तियां (क+ख+ग+घ)	**64575.19**	**100**	**88586.44**	**100**	**102900.05**	**100**	**118539.29**	**100**	**114574.19**	**100**

पंचायती राज संस्थाओं का राजस्व

6.23 सामान्यतया पंचायत स्तर पर, और विशिष्ट रूप से वित्त के संबंध में आंकडों की पूर्णतया कमी है। राज्य में बड़ी संख्या में पंचायती राज संस्थाओं के कारण सम्पूर्ण आंकडे इकट्ठा करना इन निकायों के लिए पूर्णतया अंसभव था। किन्तु आयोग समस्त पंचायती राज संस्थाओं से 2005–06 से 2009–10 तक की अवधि के लिए आयोग आय और व्यय से संबंधित आंकडे इकट्ठे कर सकता था। ग्राम सेवक द्वारा, एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणन के पश्चात् उपलब्ध आंकड़ों का संकलन और अग्रेषण किया गया है। अनुप्रमाणन की कमी के कारण ऐसे उपलब्ध आंकडों की प्रामाणिकता प्रश्न गत है। जिला परिषदों और पंचायत समितियों के संबंध में सूचना/आंकड़े पंचायत राज विभाग से प्राप्त किये गये हैं किन्तु ग्राम पंचायतों से संबंधित सूचना/आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं।

6.24 ऊपर्युक्त सूचना और उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के आधार पर जिला परिषदों और पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों की 2005–06 से 2009–10 की कालावधि के लिए वित्तीय स्थिति सारणी 6.6 में प्रदर्शित की गयी है।

आकृति–1

राजस्थान में पंचायती राज संस्थानों की संस्थानवार/वर्षवार राजस्व प्राप्तियां 2005–06 से 2009–10

(रु. करोड़ में)



आकृति–2

राजस्थान में पंचायती राज संस्थानों की शीर्षकवार/वर्षवार प्राप्तियां (2005–06 से 2009–10)

(रु. करोड़ में)



6.25 ऊपर सारणी 6.6 से यह स्पष्ट है कि इन पंचायती राज संस्थाओं की स्वयं की आय कुल प्राप्तियों का मामूली भाग है जो पं.रा.सं. की कुल प्राप्तियों के 2 प्रतिशत (1.91 प्रतिशत) से कम है। 98 प्रतिशत प्राप्तियां केन्द्र और राज्य सरकार से अन्तरणों के रूप में प्राप्त हुई हैं। जिला परिषदों से ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों को अंतरित निधियां विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए हैं, जो केन्द्र/राज्य सरकारों के द्वारा उनके बजटों में विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के अधीन उपलब्ध करायी गयी हैं। उपरोक्त अनुदानों के अतिरिक्त, राज्य सरकार पंचायती राज कर्मचारियों के संस्थापन का खर्च वहन कर रही है जो 2009–10 में 280.98 करोड रु. है।

सारणी 6.6 पंचायती राज संस्थानों की राजस्व प्राप्तियां

(रु. करोड़ में)

विशिष्टयां	2005–06	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10
क. जिला परिषदें–जिला स्तर					
1 स्वयं की आय	2.20	2.69	2.44	4.08	2.07
कुल का प्रतिशत	0.69	0.83	0.54	0.66	0.23
2 राज्य सरकार से प्राप्तियां	195.21	179.65	220.10	116.65	371.94
कुल का प्रतिशत	60.73	55.22	48.88	18.90	41.78
3 अन्य प्राप्तियां (डी.आर.डी.ए)	124.03	142.98	227.76	496.57	516.14
कुल का प्रतिशत	38.58	43.95	50.58	80.44	57.99
कुल क	**321.44**	**325.32**	**450.30**	**617.30**	**890.15**
ख. पंचायत समितियां					
(मध्यवर्ती स्तर)					
1 स्वयं की आय	12.56	14.05	11.04	12.55	16.22
कुल का प्रतिशत	2.11	2.26	2.03	2.03	2.55
2 जिला परिषद से अनुदान सहित राज्य सरकार से प्राप्तियां आदि	379.61	353.03	318.69	389.66	419.16
कुल का प्रतिशत	63.91	56.72	58.63	63.11	65.87
3 अन्य प्राप्तियां (डी.आर.डी.ए)	201.85	255.35	213.87	215.21	200.97
कुल का प्रतिशत	33.98	41.02	39.34	34.86	31.58
कुल ख	**594.02**	**622.43**	**543.60**	**617.42**	**636.35**
ग. ग्राम पंचायतें					
(ग्राम स्तर)					
1 स्वयं की आय	18.06	21.95	23.23	27.16	27.54
कुल का प्रतिशत	2.80	2.48	2.26	2.29	2.40
2 जिला परिषद से अनुदान सहित राज्य सरकार से प्राप्तियां आदि	298.66	450.36	451.05	524.75	567.84
कुल का प्रतिशत	46.25	50.84	43.83	44.27	49.56
3 अन्य प्राप्तियां (डी.आर.डी.ए)	329.03	413.55	554.72	633.48	550.36
कुल का प्रतिशत	50.95	46.68	53.91	53.44	48.04
कुल ग	**645.75**	**885.86**	**1029.00**	**1185.39**	**1145.74**

घ. समस्त पंचायती राज संस्थाएं					
1 स्वयं की आय	32.82	38.69	36.72	43.79	45.83
कुल का प्रतिशत	2.10	2.11	1.82	1.81	1.72
2 जिला परिषद से अनुदान सहित राज्य सरकार से प्राप्तियां आदि	873.48	983.05	989.84	1031.06	1358.94
कुल का प्रतिशत	55.95	53.61	48.93	42.60	50.85
3 अन्य प्राप्तियां (डी.आर.डी.ए)	654.91	811.88	996.34	1345.26	1267.47
कुल का प्रतिशत	41.95	44.28	49.25	55.59	47.43
कुल घ (क+ख+ग)	**1561.21**	**1833.62**	**2022.90**	**2420.11**	**2672.24**

पंचायती राज राजस्व का मदवार ब्यौरे को प्रदर्शित करने का कथन जैसा कि अनुलग्नक VI.1, VI.2, VI.3 और VI.4 में दिया गया है।

पंचायती राज संस्थाओं का व्यय

6.26 पंचायती राज संस्थाओं के समस्त तीनों स्तरों के व्यय को तीन विस्तृत प्रवर्गों में अर्थात् वेतन और भत्ते, विकास क्रियाकलाप पर व्यय और इन निकायों द्वारा उपलब्ध करवायी गयी सेवाओं के अनुरक्षण पर व्यय वर्गीकृत किया गया है। विकास पर उपगत व्यय को राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए जारी की गयी निधियों में से विभिन्न योजना स्कीमों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए उपगत किया जाता है। 2005–06 से 2009–10 तक पंचायती राज संस्थाओं के समस्त स्तरों के लिए कुल व्यय को नीचे सारणी 6.7 में दर्शाया गया है।

सारणी 6.7: पंचायती राज संस्थाओं का कुल व्यय

विशिष्टियां	2005–06	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10
क. जिला परिषदें (जिला स्तर)					
1 वेतन और भत्ते	46.39	29.26	21.96	26.70	20.57
कुल का प्रतिशत	12.38	10.42	4.96	3.82	4.09
2 विकास व्यय	260.06	179.74	326.16	580.71	448.58
कुल का प्रतिशत	69.38	64.03	73.70	83.16	89.29
3 अनुरक्षण व्यय	68.39	71.73	94.43	90.93	33.24
कुल का प्रतिशत	18.25	25.55	21.34	13.02	6.62
कुल क	**374.84**	**280.73**	**442.55**	**698.34**	**502.39**
ख. पंचायत समितियां (मध्यवर्ती स्तर)					
1 वेतन और भत्ते	118.88	145.43	160.07	201.91	249.25
कुल का प्रतिशत	26.59	22.55	28.18	38.05	42.70
2 विकास व्यय	307.24	438.39	358.43	297.53	303.41
कुल का प्रतिशत	68.72	67.97	63.11	56.08	51.98
3 अनुरक्षण व्यय	20.99	61.17	49.47	31.15	31.07
कुल का प्रतिशत	4.69	9.48	8.71	5.87	5.32
कुल ख	**447.11**	**644.99**	**567.97**	**530.59**	**583.73**

ग. ग्राम पंचायतें (ग्राम स्तर)					
1 वेतन और भत्ते	5.94	7.35	7.59	9.12	11.16
कुल का प्रतिशत	1.07	0.94	0.83	0.84	1.06
2 विकास व्यय	529.79	738.48	861.75	996.40	966.13
कुल का प्रतिशत	95.00	95.06	94.15	92.26	91.64
3 अनुरक्षण व्यय	21.97	31.04	45.96	74.49	76.93
कुल का प्रतिशत	3.94	4.00	5.02	6.90	7.30
कुल ग	**557.70**	**776.87**	**915.30**	**1080.01**	**1054.22**
घ. समस्त पंचायती राज संस्थाएं					
1 वेतन और भत्ते	171.22	182.03	189.62	237.73	280.98
कुल का प्रतिशत	12.41	10.69	9.85	10.30	13.13
2 विकास व्यय	1097.09	1356.61	1546.35	1874.65	1718.12
कुल का प्रतिशत	79.52	79.68	80.30	81.19	80.27
3 अनुरक्षण व्यय	111.34	163.95	189.86	196.56	141.24
कुल का प्रतिशत	8.07	9.63	9.85	8.51	6.60
कुल घ (क+ख+ग)	**1379.65**	**1702.59**	**1925.83**	**2308.94**	**2140.30**

पंचायती राज व्यय के मदवार आंकड़ों को प्रदर्शित करने का विस्तृत ब्यौरा अनुलग्नक VI.5, VI.6, VI.7 और VI.8 में दिया गया है।

6.27 व्यय के आंकडे यह प्रदर्शित करते हैं कि वर्ष 2009–10 में 13 प्रतिशत वेतन में, 80 प्रतिशत विकास योजनाओं में और केवल 7 प्रतिशत सेवाओं का रखरखाव व्यय होता है। स्पष्ट कहें तो जबकि वेतन और विकास खर्चे पांच वर्षों में 60 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गये हैं, रखरखाव व्यय में एक अनुरूप रूख प्रदर्शित नही होता। रखरखाव व्यय का हिस्सा विकास पर खर्च की गई रकम पर निर्भर है, जो वर्ष दर वर्ष परिवर्तित होता रहता है। इसलिए रखरखाव व्यय पर खर्च की गयी सम्पूर्ण राशि वास्तविक तस्वीर दर्शाती है। यह जिला परिषदों के मामलों में 2005–06 से 2009–10 की अवधि के दौरान 94.43 करोड रु. से 33.24 करोड रु. और पंचायत समितियों के मामले में 61.17 करोड रु. से घटकर 20.99 करोड रु. हो गयी है। समस्त पंचायती राज संस्थाओं को एक साथ लिया जाये तो इस कालावधि के दौरान रखरखाव व्यय में 196.56 करोड रु. से घटकर 111.34 करोड रु. तक हो गया है। मूल सेवाओं पर रखरखाव व्यय मुख्यतः पंचायती राज संस्थाओं की स्वयं की आय पर निर्भर करता है क्योंकि कोई भी एजेंसी मूल सेवाओं के रखरखाव के लिए निधियां प्रदान नही करती। चूंकि पंचायती राज संस्थाओं की स्वयं की आय नगण्य है इसलिए यह आश्चर्यजनक नहीं है कि मूल सेवाओं का व्यय कम बना रहता है।

सारणी 6.8: पंचायतीराज संस्थाओं का राजस्व अन्तर

(करोड़ रु. में)

विशिष्टियां	2005–06	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10
कुल प्राप्तियां	1561.21	1833.62	2022.90	2420.11	2672.24
कुल व्यय	1379.65	1702.59	1925.83	2308.94	2140.34
अधिशेष/अन्यून	181.56	131.03	97.07	111.17	531.90

6.28 सारणी 6.8 इन संस्थाओं की निधियों की अधिशेष स्थिति को दर्शाती है। ऐसा इस तथ्य के कारण है कि उन्हे निधियों का हस्तान्तरण लगभग वित्तीय वर्ष के अन्त में किया जा रहा है किन्तु इसे उपयोग में लेने में समय लगता है, यहां तक कि कुछ रकम उपयोग में लाये बिना ही रह जाती है। इसके अतिरिक्त, इन

निधियों में से अधिकांश विनिर्दिष्ट स्कीम/कार्यक्रम है जो विभिन्न विकास कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए राज्य सरकार/जिला परिषदों द्वारा अंतरित किये जाते है। इन्हें केवल उन्ही उद्देश्यों के लिए काम में लिया जा सकता है जिनके लिए मंजूरी प्राप्त हुई है। इस अधिशेष स्थिति के बावजूद, पंचायती राज संस्थाएं अपने कृत्यों का संपादन करने के लिए निधियों की कमी का सामना करती है।

पंचायतीराज संस्थाओं के लिए निधियों की आवश्यकता

6.29 इस अध्याय के पूर्ववर्ती पैरा में यथा उपदर्शित, पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उपगत व्यय की संरचना से यह स्पष्ट है कि पंचायतीराज संस्थाएं मुख्यतः संस्थापन पर और एजेंसी कृत्यों के रूप में विभिन्न विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए व्यय उपगत कर रही हैं। मूलभूत कार्यों के रखरखाव पर व्यय स्वयं के बहुत मामूली राजस्व और राज्य सरकार से इस प्रयोजन के लिए थोड़ा सा अनुदान प्राप्त होने के कारण बहुत अमहत्वपूर्ण या यहां तक कि नगण्य है। चूंकि ग्राम पंचायतों को ग्रामीणों को नागरिक सेवाएं प्रदान करना अपेक्षित होता है, ग्राम पंचायत स्तर पर मूलभूत कृत्यों के संपादन के लिए उन्हें समनुदेशित कृत्यों को ध्यान में रखते हुए निधियों की आवश्यकता का निर्धारण किया जाना होता है।

6.30 जहां संविधान की ग्याहरवीं अनुसूची और राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 50 से 52 में बनाये गये उपबंध पंचायती राज संस्थाओं को 29 विषय अंतरित करने की परिकल्पना करते हैं, वहां तथ्य यह रह जाता है कि अब तक पांच विषयों को ही पंचायतीराज संस्थाओं को अंतरित किया गया है और शेष विषयों को धीरे धीरे आगामी वर्षों में अन्तरित किया जायेगा। पंचायतीराज द्वारा विषयों के अंतरण की प्रास्थिति अध्याय पांच और इस रिपोर्ट के अनुलग्नक में पूर्व में ही चर्चा की जा चुकी है। तथापि, स्थानीय सरकार की संस्थाओं के रूप में ग्राम पंचायतों से ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत कृत्यों का संपादन करने की अपेक्षा की जाती है। मूलभूत कृत्यों को ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, पीन का स्वच्छ पानी, मार्ग की रोशनी, जल निकास और सफाई सुविधाओं सहित स्वच्छता, श्मशान और कब्रिस्तानों, लोक सुविधाओं और अन्य सामान्य सुविधाओं के रखरखाव के रूप में चिन्हित किया गया है।

6.31 पंचायतीराज विभाग ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए निधियों की आवश्यकता उपदर्शित करते हुए आयोग को 07.06.2012 को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। ज्ञापन में अन्य बातों के साथ निम्न बिन्दु हैंः–

i) राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में पंचायतीराज संस्थाओं का हिस्सा 9 प्रतिशत तक बढ़ाया जाये।

ii) जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों में परस्पर वितरण 3:12:85ः के विद्यमान औसत के स्थान पर क्रमशः 10:15:75 के अनुपात में होना चाहिए।

iii) सफाई, मलवहन और जल निकास और ठोस अपशिष्ट प्रबंध आदि के लिए चिहिन्त निधियों को छोड़कर निधियों का न्यागमन निर्बन्ध होना चाहिए।

iv) यदि मनरेगा सामवती की लागत 40 प्रतिशत से अधिक हो जाये तो राज्य वित्त आयोग के अनुदान से Dovetailing की अनुमति देनी चाहिए।

v) जनसंख्या के अतिरिक्त, राज्य वित्त आयोग अनुदान के न्यागमन में ग्राम पंचायत क्षेत्र को 10 प्रतिशत महत्व दिया जाना चाहिए।

vi) पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा स्वयं के अतिरिक्त राजस्व का संग्रहण करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

vii) पंचायतीराज संस्थाओं को न्यागमित रकम का एक प्रतिशत प्रशासनिक लागत को कम करने के लिए मुख्यालयों के लिए चिह्नित किया जाना चाहिए।

viii) 100 करोड़ रुपये की एकमुश्त एक बारीय राशि से ग्रामीण वित्तीय निगम स्थापित किया जा सकता है।

आकृति–3

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं से संस्थावार/वर्षवार व्यय (2005–06 से 2009–10)

(रु. करोड में)



आकृति–4

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं का शीर्षकवार/वर्षवार व्यय (2005–06 से 2009–10)

(रु. करोड में)



6.32 जैसा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रस्तुत किये गये ज्ञापन में सम्मिलित है, विभिन्न कृत्यों के निर्वहन के लिए और अन्य क्रियाकलापों के लिए निधियों की आवश्यकता सारणी 6.9 में संक्षेपित की गयी है।

सारणी 6.9: पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रस्तुत की गयी निधियों की मांग

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	मद			के लिए रकम		एक मुश्त राशि की मांग	कुल मांग
				एक वर्ष	पांच वर्ष		
1	2			3	4	5	6
(क)	ग्राम पंचायतें						
1.	मूलभूत कृत्य						
	(i)	स्वच्छता रु. 4800/– की दर से 105000 के लिए प्रतिवर्ष प्रतिवार्ड		50.40	252.00	–	252.00
	(ii)	मार्ग की प्रकाश व्यवस्था		40.00	200.00	–	200.00
	(iii)	पेयजल		–	–	–	
		(क)	हैण्डपम्पों का रखरखाव	85.00	425.00	–	425.00
		(ख)	जनता जल योजना का चलाया जाना	47.02	235.10	–	235.10
		(ग)	अन्य जल प्रदाय स्कीमें	917.70	4588.50	–	4588.50
	(iv)	गांव के तालाबों और जलाशयों की मरम्मत और रखरखाव		–	–	32.20	32.20
	(v)	अन्य सड़कें		50.40	252.00	–	252.00
	(vi)	कार्यालय भवनों की मरम्मत और रखरखाव		29.18	178.15	–	178.15
2.	पूंजी संकर्म						
	(i)	जल–निकास व आंतरिक सड़कों का संनिर्माण		–	–	18354.00	18354.00
	(ii)	पंचायत भवनों का संनिर्माण		–	–	2.60	2.60
3.	अन्य मांगें						
	(i)	चर्तथ श्रेणी सेवाओं को भाड़े पर लेना		27.53	137.65	–	137.65
	(ii)	ग्राम पंचायतों के लिए कर्मचारिवृन्द		–	–	5920.03	5920.03
	(iii)	राजीव गांधी सेवा केन्द्रों के लिए सूचना सहायक		71.58	357.90	–	357.90
	(iv)	कार्यालय खर्च		11.00	55.00	–	55.00
	(v)	संपरीक्षा फीस		4.25	21.25	–	21.25

	(vi)	सरपंचों के पीओएल	5.51	27.55	—	27.55
	(vii)	प्रिया सोफ्ट का क्रियान्वयन	80.25	401.25	—	401.25
	(viii)	बकाया दायित्व				
	(a)	संपरीक्षा फीस	—	—	4.38	4.38
	(b)	हैण्ड पम्प मिस्त्रियों को भुगतान	—	—	0.27	0.27
	(c)	चुंगी के लिए प्रतिकर	—	—	61.23	61.23
	(ix)	प्रचार/आपदा प्रबंध	46.00	230.00	—	230.00
	ग्राम पंचायतों का योग (क)		1465.82	7361.35	24374.71	31736.06
(ख)	**पंचायत समितियां**					
4	कार्यालय भवनों की मरम्मत और रखरखाव		5.52	33.69	—	33.69
5	प्रधानों आदि को (पी.ओ.एल.)		0.60	3.00	—	3.00
6	सूचना सहायक के पदों और अन्यों के लिए		9.12	45.60	—	45.60
7	संपरीक्षा फीस		0.60	3.00	—	3.00
8	संपरीक्षा फीस का बकाया दायित्व		—	—	0.62	0.62
	पंचायत समितियों के लिए कुल (ख)		15.84	85.29	0.62	85.91
(ग)	**जिला परिषदों**					
9	कार्यालय भवनों की मरम्मत और रखरखाव		3.15	19.25	—	19.25
10	सूचना सहायकों के पदों और अन्य के लिए		0.79	3.95	—	3.95
11	संपरीक्षा फीस		0.15	0.75	—	0.75
12	जिला परिषदों के सदस्यों के लिए (पी.ओ.एल.)		0.08	0.40	—	0.40
13	जिला योजना सेल के सुदृढ़ीकरण के लिए		0.33	1.65	—	1.65
14	संपरीक्षा फीस के लिए बकाया दायित्व		—	—	0.15	0.15
	जिला परिषदों के लिए कुल (ग)		4.50	26.00	0.15	26.15
(घ)	**निदेशालय**					
15	निदेशालय भवन		—	—	9.00	9.00
16	सूचना सहायक और अन्य के लिए पद		0.06	0.30	—	0.30
17	क्षमता निर्माण		24.80	124.00	—	124.00
18	परिक्रामी निधि		—	—	100.00	100.00
	निदेशालय मांग का कुल (घ)		24.86	124.30	109.00	233.30
	कुल योग (क+ख+ग+घ)		1511.02	7596.94	24484.48	32081.42

6.33 इस प्रकार, सारणी 6.9 में प्रदर्शित की गयी पंचायती राज संस्थाओं की कुल मांग एक वर्ष के लिए 1511.02 करोड़ रु. और अवार्ड कालावधि के लिए 32081.42 करोड़ रु. आती है। पंचायती राज विभाग ने सुझाव दिया है कि जिला परिषदों, पंचायत समितियों, और ग्राम पंचायतों का हिस्सा क्रमशः 10:15:75 के अनुपात में निर्धारित किया जा सकता है। इस अनुपात के आधार पर विभिन्न स्तरों का हिस्सा सारणी 6.10 में दर्शाया गया है।

सारणी 6.10 पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न स्तरों के लिए निधियों की मांग

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	संस्था	एक वर्ष के लिए आवश्यकता	2010 से 2015 की अवार्ड कालावधि के लिए आवश्यकता
1.	जिला परिषदें	195.44	977.20
2.	पंचायत समितियां	293.16	1465.80
3.	ग्राम पंचायतें	1465.82	7329.10
	कुल	**1954.42**	**9772.10**
4.	निदेशालय	24.86	124.30
	कुल योग	**1979.28**	**9896.40**

6.34 संक्षेप में, पंचायतीराज विभाग के ज्ञापन के आधार पर सारणी 6.10 के अनुसार अवार्ड कालावधि के लिए आवर्ती मांग 9772.10 करोड़ रु. बैठती है और सारणी 6.9 के अनुसार ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के लिए एक बारीय मांग के रूप में 24484.48 करोड़ रु की राशि की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, अवार्ड कालावधि के लिए पंचायतीराज संस्थाओं की कुल मांग 34256.58 करोड़ रु. बैठती है। पंचायत समितियों और जिला परिषदों की आवर्ती मांगें सारणी 6.10 में दर्शायी गयी मांग का भाग है।

निधि की आवश्यकता का वित्त आयोग का आकलन

6.35 जैसा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा अवगत कराया गया है, निधियों की आवश्यकता को व्यय के निम्नलिखित शीर्षों में वर्गीकृत किया जा सकता हैः

1. मूलभूत कृत्य
2. प्रशासनिक कृत्य
3. विविध कृत्य
4. विकास कृत्य

6.36 पंचायतीराज विभाग द्वारा निधियों की मांग काफी अधिक है। यहाँ तक कि राज्य की वित्तीय स्थिति समुन्नत होने की अपेक्षा की स्थिति में संपूर्ण मांग को पूरा किया जाना संभव नहीं है। हम अपना आकलन करने में पाते हैं कि पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रस्तुत की गयी निम्नलिखित मांगें मूल कार्यों की प्रकृति की हैं और सामान्यतः राज्य योजना निधियों में से या अन्य किसी संबंधित योजना और कार्यक्रमों में से पूरी की जाती हैं।

सारणी 6.11: अन्य कार्यक्रमों/योजनाओं के अधीन उपलब्ध योजना बजट और निधियों में से पूरी की जानी वाली मांगें

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	मद	राशि
1.	जल निकास और आंतरिक सड़कों के लिए संनिर्माण।	18354.00
2.	गांव के तालाबों और अन्य जल संसाधनों की मरम्मत और रखरखाव।	32.20
3.	अन्य सड़कें।	252.00
4.	पंचायत भवन का संनिर्माण	2.60
5.	पंचायतीराज संस्थाओं के कार्यालय भवन की मरम्मत और रखरखाव	231.09
6.	पंचायतीराज निदेशालय के कार्यालय भवन का संनिर्माण	9.00
7.	ग्राम पंचायत के कर्मचारीवृन्द	5920.03
8.	राजीव गांधी सेवा केन्द्र में सूचना सहायक	357.90
9.	कार्यालय खर्चे	55.00
10.	सूचना सहायकों के पदों और अन्य	438.69
11.	संपरीक्षा फीस	25.00
12.	जिला योजना सेल को सुदृढ़ करना	1.65
13.	बकाया दायित्व	66.65
14.	प्रचार/ आपदा प्रबंध	230.00
15.	प्रधानों/ जिला प्रमुखों/सरपंचों के पी.ओ.एल.	30.95
	कुल	**26006.76**

6.37 आयोग ने यह नोट किया है कि ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग, राजस्थान ने वित्तीय वर्ष 2012–13 में पंचायती राज संस्थाओं में निम्नलिखित पदों की मंजूरी दी है:

	पद	पदों की संख्या
(क)	जिला परिषद	
	i प्रोग्रामर ii कनिष्ठ लिपिक .	33–प्रत्येक जिला परिषद में एक 165– प्रत्येक जिला परिषद में पांच
(ख)	पंचायत समिति	
	i सहायक प्रोग्राम अधिकारी ii कनिष्ठ अभियंता iii कनिष्ठ लेखाकार iv सहायक प्रोग्रामर v कनिष्ठ लिपिक vi चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	248–प्रत्येक पंचायत समिति में एक 2061–वास्तविक आवश्यकता के अनुसार 434– वास्तविक आवश्यकता के अनुसार 248–प्रत्येक पंचायत समिति में एक 996–वास्तविक आवश्यकता के अनुसार 248–प्रत्येक पंचायत समिति में एक
(ख)	ग्राम पंचायत	
	i कनिष्ठ लिपिक	18354–प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो

इन पदों के लिए भर्ती पर प्रगति हो रही है। इसका अर्थ यह है कि सारणी 6.11 (कर्मचारिवृन्द /अतिरिक्त पदों पर व्यय) के क्र.सं. 7,8 और 10 में दर्शायी गयी मांगों पर राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही विचार किया जा चुका है।

मूलभूत कृत्यों के लिए आवश्यकता

6.38 इन्दिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान (आई.ग्राम पंचायतआर.एस.) जयपुर ने द्वितीय राज्य वित्त आयोग की पहल पर पंचायती राज संस्थाओं की आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए अध्ययन किया था। संस्थान ने पंचायती राज संस्थाओं की न्यूनतम आवश्यकता को 124.88 करोड़ रु. प्रति वर्ष के रुप में निर्धारित किया था। विकास अध्ययन संस्थान (वि.अ.सं.) जयपुर ने भी इस संबंध में वर्ष 1999–2000 में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के लिए अध्ययन किया था। विकास अध्ययन संस्थान जयपुर के अध्ययन में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए 215.33 करोड़ रु. की सकल वार्षिक वित्तीय आश्यकता प्राक्कलित की गयी

थी। प्रथम राज्य वित्त आयोग ने पंचायतीराज संस्थाओं के लिए प्रति वर्ष 348.84 करोड़ रु. की अतिरिक्त आवश्यकता की प्राक्कलित की थी।

6.39 राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (रा.ग्रा.वि.सं.), हैदराबाद ने 2000–01 से 2004–05 की कालावधि के लिए चुने हुए राज्यों की पूंजी गत के साथ ही परिचालन और रखरखाव आवश्यकताओं की गणना करने के लिए अध्ययन किया था। अध्ययन करते समय, रा.ग्रा.वि.सं.ने वर्ष 2004–05 तक न्यूनतम आधारभूत/मूलभूत नागरिक सेवाओं सहित सम्पूर्ण जनसंख्या को सम्मिलित करने के लिए कतिपय मानकों को अंगीकृत किया था। रा.ग्रा.वि.सं. के अध्ययन के अनुसार राजस्थान के लिए आवश्यकताएं भी निर्धारित की जानी थी। रा.ग्रा. वि.सं. के प्राक्कलनों को सारणी 6.12 में दर्शाया गया है।

सारणी 6.12: वर्ष 2004–05 के लिए मूलभूत कृत्यों की आवश्यकता के रा.ग्रा.वि.सं. के प्राक्कलन

(रु. करोड़ में)

क्र.स.	क्रियाकलाप/सेवा	पूंजी लागत	परिचालन और रखरखाव	कुल
1.	पेयजल प्रदाय	225.59	623.58	849.17
2.	ग्रामीण स्वच्छता	3251.74	21.90	3273.64
3.	मार्ग की रोशनी	0.00	284.88	284.88
4.	प्राथमिक शिक्षा	239.05	2302.18	2541.23
5.	प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल	417.21	21.90	439.11
6.	ग्रामीण सड़कें	696.04	5043.04	5739.08
	कुल	**4829.63**	**8297.48**	**13127.11**

स्रोत :– द्वितीय राज्य वित्त आयोग, राजस्थान, की रिपोर्ट, पृष्ठ 63।

6.40 रा.ग्रा.वि.सं. द्वारा किये गये निर्धारण के परिशीलन यह दर्शाता है कि यद्यपि तीन आधारभूत सेवाओं, के परिचालन और अनुरक्षण के लिए आवश्यकताएं अर्थात् ग्रामीण स्वच्छता 21.90 करोड़ रु., मार्ग की रोशनी, 284.88 करोड़ रु., ग्रामीण सड़कें, 5043.04 करोड़ रु. को जोड़ने पर कुल 5349.82 करोड़ रु हो जाते हैं। 2010 की कीमतों के आधार पर यह आंकडा 7638.91 करोड़ रु. होगा जो 2004–05 के प्राक्कलन से लगभग पचास प्रतिशत से अधिक होगा। ऊपर निर्धारण में शामिल मूलभूत सेवाओं अर्थात् (i) पेयजल का प्रदाय (ii) ग्रामीण स्वच्छता (iii) मार्ग की रोशनी (iv) प्राथमिक शिक्षा (v) प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और (vi) ग्रामीण सड़कों में से इन तीनों मूलभूत सेवाओं अर्थात् ग्रामीण स्वच्छता, मार्ग की रोशनी और ग्रामीण सड़कों का रखरखाव ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा किया जाना अपेक्षित है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि तीनों मूलभूत सेवाओं के लिए परिचालन और संधारण की लागत काफी अधिक है।

निधि आवश्यकताओं का प्राक्कलन करने के लिए मानक

6.41 मूलभूत कृत्यों का संपादन करने की आवश्यकता के लिए निधियों का प्राक्कलन करने के संबंध में आयोग ने स्थानीय निकायों द्वारा संपादित मूलभूत कृत्यों के भौतिक और वित्तीय मानकों के निर्धारण के लिए एस.सी.एम. समाज नीति शोध संस्थान (सा.नि.शो.सं.), जयपुर को एक अध्ययन सौंपा है। संस्थान ने पूंजीगत कार्यों और रखरखाव के लिए निधि की आवश्यकताओं का प्राक्कलन करने के प्रतिव्यक्ति मानकों का सुझाव दिया है। इन्हें सारणी 6.13 में दर्शाया गया है।

सारणी 6.13 पंचायतीराज संस्थाओं के मूलभूत कृत्यों का सा.नी.अ.सं. प्राक्कलन

क्र.सं.	मूलभूत कृत्य	प्रति व्यक्ति लागत (रु. में)		
		पूंजी	प्रचालन एवं रखरखाव	कुल
1.	ठोस अपशिष्ट प्रबंध	-	30.43	30.43
2.	अपशिष्ट जल प्रबंध	62.85	7.27	70.12
3.	मार्ग की रोशनी	8.65	5.99	14.64
4.	सौर प्रकाश (Solar Light)	22.57	-	22.57
5.	श्मशान और कब्रिस्तान	46.16	-	46.16
6.	सामुदायिक हॉल	-	19.33	19.33
7.	पेयजल	-	65.40	65.40
8.	लोक स्वास्थ्य	-	2.94	2.94
9.	सार्वजनिक शौचालय	13.46	4.00	17.46
कुल		**153.69**	**135.36**	**289.05**

6.42 प्रति व्यक्ति वित्तीय मानकों के विस्तृत परीक्षण के पश्चात् आयोग का यह विचार है कि पेयजल उपलब्ध कराने और सामुदायिक हॉल के संनिर्माण के पूंजीगत कार्य आयोग द्वारा सुझायी रखरखाव योजना स्कीमों से पूरी की जाये और आयोग द्वारा सिफारिश किये गये न्यागमन को इन सेवाओं की प्रचालन और रखरखाव लागत के लिए उपयोग में लिया जाये। तथापि, आयोग का विचार है कि गांवों में अपशिष्ट जल निकास के लिए नालियों के संनिर्माण के लिए और सार्वजनिक शौचालयों के संनिर्माण के लिए निधियां उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि स्वस्थ पर्यावरण बनाये रखने के लिए निर्बन्धस्थानों पर मलों को कम किया जा सके। श्मशान और कब्रिस्तान के चारों ओर चारदीवारी के संनिर्माण के लिए एक बारीय व्यय इसे न्यागमन में से किया जा सकता है। इन सिफारिशों का परिणाम सारणी 6.14 में दर्शाया गया गया है।

सारणी 6.14 मूलभूत कृत्यों की प्रति व्यक्ति लागत

(करोड़ रु. में)

मूलभूत कृत्य	प्रति व्यक्ति लागत रु.		
	पूंजी	प्रचालन और रखरखाव	कुल
ठोस अपशिष्ट प्रबंध	-	30.43	30.43
अपशिष्ट जल प्रबंध	62.85	7.27	70.12
मार्ग पर रोशनी	-	5.99	5.99
श्मशान और कब्रिस्तान	46.16	-	46.16
सामुदायिक हॉल	-	5.77	5.77
पेयजल	-	29.49	29.49
लोक स्वास्थ्य	-	2.94	2.94
सार्वजनिक शौचालय	13.46	4.00	17.46
कुल	**122.47**	**85.89**	**208.36**

6.43 यह उल्लेखनीय है कि आयोग ने श्मशान/कब्रिस्तान की चारदीवारी के संनिर्माण के लिए और सार्वजनिक शौचालयों के संनिर्माण के लिए एक बारीय पूंजीगत संकर्मों पर केवल वर्ष 2013–14 के लिए ही विचार किया है। पूंजीगत और रखरखाव के लिए निधियों की पृथक् से आवश्यकता जनगणना, 2011 ग्रामीण जनसंख्या 5.15 करोड़ पर आधारित है जो सारणी 6.15 में दर्शायी गयी है।

सारणी 6.15 : ग्राम पंचायतों के मूलभूत कृत्यों के लिए निधियों की आवश्यकता

(करोड़ रु. में)

मदें	2010-13		2013-14		2014-15		कुल		कुल योग
	पूंजी	प्रचालन एवं रखरखाव	पूंजी	प्रचालन एवं रखरखाव	पूंजी	प्रचालन एवं रखरखाव	पूंजी	प्रचालन एवं रखरखाव	
ठोस अपशिष्ट प्रबंध	-	470.14	-	156.71	-	156.71	-	783.56	783.56
अपशिष्ट जल प्रबंध	971.03	112.32	323.68	37.44	323.68	37.44	1618.39	187.20	1805.59
मार्ग पर रोशनी	-	92.55	-	30.85	-	30.85	-	154.25	154.25
श्मशान और कब्रिस्तान	-	-	237.72	-	-	-	237.72	-	237.72
सामुदायिक हॉल	-	89.15	-	29.72	-	29.72	-	148.59	148.59
पेयजल	-	455.62	-	151.87	-	151.87	-	759.36	759.36
लोक स्वास्थ्य	-	**45.42**	-	**15.14**	-	**15.14**	-	**75.70**	**75.70**
सार्वजनिक शौचालय	-	61.80	69.32	20.60	-	20.60	69.32	103.00	172.32
कुल	**971.03**	**1327.00**	**630.72**	**442.33**	**323.68**	**442.33**	**1925.43**	**2211.66**	**4137.09**

6.44. सारणी 6.15 के आधार पर, अवार्ड कालावधि 2010.15 के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा मूलभूत कृत्यों के संपादन के लिए निधियों की आवश्यकता नीचे की गयी है।

(रु. करोड़ में)

वर्ष	पूंजी	प्रचालन एवं रखरखाव	कुल
2010-13	971.03	1327.00	2298.03
2013-14	630.72	442.33	1073.05
2014-15	323.68	442.33	766.01
कुल	1925.43	2211.66	4137.09

ग्राम पंचायत कार्यालयों को चालू रखने और उनके रखरखाव के लिए सेवाओं का किराये पर लिया जाना

6.45 क्षेत्रीय दौरों के दौरान आयोग ने यह देखा कि ग्राम पंचायत कार्यालय न तो समय पर खुलते हैं और न ही बंद होते हैं। कार्यालय परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस मुद्दे को खण्ड और जिला स्तरों पर जन–प्रतिनिधियों की आयोग के साथ बैठक में भी उठाया गया था। ग्राम पंचायतों के कृत्यों में केन्द्रीय और राज्य सरकारों के नीतिगत पहलों के कारण कई गुना वृद्धि हुई है। महसूस की गयी इस आवश्यकता की दृष्टि से, आयोग सिफारिश करता है कि ग्राम पंचायत कार्यालय को चालू रखने और रख–रखाव के लिए बाहर से सेवाएं ली जायें। सेवाओं के ब्यौरों की संगणना की जा सकी है किन्तु हमारे प्राक्कलन दर्शाते है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को अधिकतम 72000 रुपये वार्षिक की आवश्यकता होगी। इस आधार पर, 66.07 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष और अवार्ड कालावधि के लिए 330.35 करोड़ रु. की कुल आवश्यकता होगी।

पंचायतों के लिए कम्प्यूटर

6.46 राज्य सरकार ने हाल ही में प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले लिपिकों के दो पद मंजूर किये हैं। अब, स्थिति यह है कि कुशल जनशक्ति तो उपलब्ध है किन्तु कम्प्यूटर और उसके उपसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को उपसाधनों सहित एक कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए इसकी एक बारीय लागत 0.50 लाख रुपये होगी। इस मद्धे कुल वित्तीय विवक्षा 45.89 करोड़ रुपये होगी।

मानदेय और बैठक भत्तों का पुनरीक्षण

6.47 जन प्रतिनिधियों के साथ हुई समस्त बैठकों में सदस्यों के मानदेय और बैठक की फीसों के पुनरीक्षण का मुद्दा उठाया गया था। इस अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार किया गया। इसी बीच में, 2013–14 के

राज्य बजट में मानदेय और भत्तों के पुनरीक्षण के लिए उद्घोषणा की गयी है। इसलिए इस संबंध में आयोग कोई कार्यवाही करना अपेक्षित नहीं समझता।

श्रेष्ठ कार्य संपादन के लिए पुरस्कारों की स्कीमें

6.48 पंचायती राज संस्थाओं की वर्तमान प्रणाली में, ग्राम पंचायतों से संबंधित कार्य संपादन और उनसे संबंधित कृत्यगत दक्षता के निर्धारण/न्याय निर्णयन करने के लिए उनके कार्य संपादन का विश्लेषण करने के कोई सक्रिय प्रयास नहीं किये गये हैं। अच्छा कार्य संपादन करने वालों के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है, और न ही बुरा कार्य संपादन करने वालों के लिए कोई शास्ति। आयोग का यह मत है कि, उनसे संबंधित अधिकारियों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रणाली होनी चाहिए। इसलिए, सेवाओं के प्रदान और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के श्रेष्ठ कार्य संपादन करने वाली ग्राम पंचायतों के लिए नकद पुरस्कारों की स्कीम की आयोग सिफारिश करता है। पुरस्कार की रकम उनकी अपनी अधिकारिता में विकास कार्यों के लिए उपयोग में ली जायेगी।

ग्राम पंचायतों के लिए निम्नलिखित नकद पुरस्कारों की सिफारिश की जाती है

ग्राम पंचायत के कार्य संपादन के आधार पर निम्नलिखित में एक पुरस्कार –

i) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष से तुलना की जाये तो चालू वित्तीय वर्ष में स्वयं के संसाधनों के अतिरिक्त राजस्व जुटाने (भूमि से विक्रय से आय को छोड़कर)।

ii) आस्ति रजिस्ट्ररों को अद्यतन किये जाने को सम्मिलित करते हुये लेखाओं का रख–रखाव।

iii) निधियों का उत्पादक और यथा समय उपयोग।

द्वितीय पुरस्कार निम्नलिखित के क्षेत्र में उपलब्ध करायी गयी सेवाओं के स्तर के लिए होगा –

i) स्वच्छता

ii) मार्ग पर रोशनी

iii) अपशिष्ट जल का निकास

iv) पेयजल

v) सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव

प्रत्येक जिले में प्रत्येक श्रेणी में तीन नकद पुरस्कार होगें :

विशिष्टियाँ	पुरस्कारों की संख्या	रकम (लाखों में रु.)	संस्थाओं की संख्या	कुल रकम लाख रु. में
प्रथम पुरस्कार	2	5.00	66	330.00
द्वितीय पुरस्कार	2	3.00	66	198.00
तृतीय पुरस्कार	2	2.00	66	132.00
			कुल	**660.00**

जिला स्तर पर प्रत्येक प्रवर्ग में श्रेष्ठ कार्य संपादन करने वाली ग्राम पंचायत का चयन जिला प्रमुख, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और जिला परिषद के वरिष्ठ लेखा अधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में जिलों के कोषाधिकारी की समिति द्वारा किया जायेगा।

पुरस्कारों के लिए मार्गदर्शन

आयोग पुरस्कारों के लिए विस्तृत मार्गदशन के निम्नलिखित सुझाव देता हैः

i. वर्ष 2013–14 और 2014–15 के दौरान ग्राम पंचायतों के कार्य संपादन के आधार पर जिला स्तर पर प्रशंसा पत्र के साथ प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को उपरोक्त नकद पुरस्कार वितरित किये जायेंगे।

ii. पुरस्कार–धन संबंधित ग्राम पंचायतों के खाते में जमा कराया जायेगा और क्षेत्र के विकास कार्य में उपयोग में लाया जायेगा।

iii. पंचायतीराज विभाग द्वारा पूरे राज्य में पुरस्कार स्कीम का विस्तृत प्रचार किया जाना चाहिए।

इन व्यापक दिशानिर्देशों के आधार पर राज्य सरकार वह रीति स्पष्ट रीति से उपदर्शित करेगी जिससे पुरस्कारों के निर्धारण के लिए ग्राम पंचायतों के कार्य संपादन को निर्धारित किया जायेगा।पुरस्कार धन का भुगतान प्राथमिकता पर न्यागमन के अधीन निर्बन्ध अनुदान में किया जायेगा।

क्षमता निर्माण

6.49 राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं को भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची के 29 विषयों में से 02.10.2010 से 5 विषयों का अंतरण कर दिया है और धीरे–धीरे शेष विषयों का भी अंतरण कर दिया जायेगा। राज्य सरकार ने ऐसी विभिन्न स्कीमें प्रारम्भ की हैं, जिन्हें पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। इन नये कार्यों ने पंचायतीराज संस्थाओं के कृत्यकारियों के कार्य–भार, उत्तरदायित्व और जवाबदेही को बढ़ा दिया है। इन नये उत्तरदायित्वों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए इन कृत्यकारियों की क्षमता का निर्माण और विकास किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में, पंचायतीराज विभाग ने आयोग से प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास करने और पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और कृत्यकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रत्येक पंचायत समिति को दस लाख रु. प्रतिवर्ष की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध

किया है। इस प्रस्ताव कार्य की वित्तीय विवक्षा 24.80 करोड़ रु. प्रतिवर्ष और अवार्ड कालावधि के लिए 124. 00 करोड़ रु. बैठती है। आयोग भी यही सुझाव देता है। यह रकम पंचायतीराज के निदेशालय को उपलब्ध होगी जो आवश्यकता के अनुसार निधियां जारी करेगा।

परिक्रामी निधि

6.50 पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों से चर्चा के दौरान इस बात से अवगत कराया गया कि पंचायतीराज संस्थाओं, विशेष रूप से ग्राम पंचायतों, की उनके व्ययन पर स्वयं की पर्याप्त आय और कोई अन्य निधि, नहीं है जिससे वे बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता लेते समय अपने स्वयं के अंश का अभिदाय कर सकें। यह और कि स्वयं की आस्तियां सृजित करने की इच्छुक पंचायतीराज संस्थाएं जिनका अंततोगत्वा परिणाम आवर्ती आय पैदा करना है, किन्तु उनके पास ऐसा करने के लिए कोई भी निधियां उपलब्ध नहीं है। पंचायतीराज संस्थाओ को सुकर बनाने के क्रम में, पंचायतीराज संस्थाओं को रियायती वाणिज्यिक ऋण प्रदान करने के लिए परिक्रामी निधि में 100 करोड़ रु. की एक बारीय अध्युपाय की सिफारिश की जाती है। निधिकरण को परियोजना/स्कीम की वाणिज्यिक अर्थक्षमता पर आधारित होना चाहिए। इसे जीवनक्षम और दीर्घकालिक बनाने के लिए उधारों का पुनःसंदाय निधियों में जोड़ा जाना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन पंचायतीराज विभाग द्वारा तैयार और परिचालित किया जायेगा। पंचायतीराज विभाग द्वारा परिक्रामी निधि का रखरखाव और प्रचालन किया जायेगा।

आधारभूत संरचना विकास

6.51 पंचायतीराज विभाग ने प्रत्येक ग्राम पंचायत को गांवो की आंतरिक सड़को के संनिर्माण के साथ–साथ अपशिष्ट जल निकास के संनिर्माण के लिए 2 करोड़ रु. प्रदान करने का अनुरोध किया है। यह 18354 करोड़ रु. बैठता है। संभाग/जिला स्तर की बैठकों में भी जन प्रतिनिधियों ने अवसंरचना अर्थात् गांवों में अपशिष्ट जलनिकासों और सड़कों की कमी की तरफ आयोग का ध्यान आकर्षित किया है जो कि क्षेत्र की स्वच्छता और रखरखाव में बड़ी बाधाएं है। उन्होंने यह भी वर्णित किया है कि यदि गांवों की स्वच्छता में सुधार लाना है तो इस उद्देश्य के लिए निधियां उपलब्ध कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। तथापि, आयोग का यह विचार है कि ऐसे कार्यों को या तो योजना निधियों या राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा समय समय पर प्रख्यापित की गयी अन्य स्कीमों के अधीन उपलब्ध निधियों में से लिया जाना चाहिए। आगे, आयोग का यह मत है कि गांवो की स्वच्छता में सुधार के लिए, गांवो में इस प्रकार की सुविधाऐं प्रदान करके इस संबंध में पहल किये जाने की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, आयोग ने अवार्ड कालावधि के लिए 50 लाख रुपये प्रति ग्राम पंचायत को अर्थात् 4588.50 करोड़ रु. उपलब्ध कराने का विचार किया है।

6.52 उपर्युक्त पैरा 6.41 से 6.51 में अन्तर्विष्ट सिफारिशों के साथ पंचायती राज संस्थाओं की कुल आवश्यकता सारणी 6.16 में संक्षेप में उल्लिखित है।

सारणी 6.16: पंचायती राज संस्थाओं के लिए निधियों की आवश्यकता का सार

(रुपये करोड़ में)

क्र. सं.	मद	अवार्ड की गयी कालावधि के लिए रकम
क. ग्राम पंचायत		
1.	मूल कृत्य	***4137.09***
2.	चतुर्थ श्रेणी की सेवाएं भाड़े पर लेने	330.35
3.	अवार्ड	13.20
4.	कम्प्यूटर और उपसाधन इत्यादि	45.89
5.	अवसंरचना विकास	4588.50
	कुल–क	**9115.03**
ख. पंचायत समिति		**1286.83**
ग. जिला परिषद्		**321.71**
पंचायत राज संस्थाओं की कुल आवश्यकता		**10723.57**
घ. निदेशालय द्वारा रखे जाने वाली निधियां		**224.00**
1. निर्माण क्षमता		124.00
2. परिक्रामी निधि		100.00
योग (क+ख+ग)		**10947.57**

पंचायत समितियों और जिला परिषदों की आवश्यकता :

6.53 पंचायती राज विभाग ने 10:15:75 के अनुपात में ग्राम पंचायतों की तुलना में जिला परिषदों और पंचायत समितियों को उच्च न्यागमन के लिए निवेदन किया है। आयोग की राय है कि वास्तविक रूप में ग्राम पंचायतें, पंचायती राज संस्थाओं के समस्त कार्यों का पालन/निष्पादन कर रही है। आयोग का यह दृष्टिकोण है कि जिला परिषदें और पंचायत समितियां पर्यवेक्षणीय निकाय हैं और कोई कार्य सीधे ही नहीं करती है। उनके मुख्य कार्य ऐसे वृहद संकर्मों का भार अपने ऊपर लेना है जो एक से अधिक ग्राम पंचायत या एक से अधिक पंचायत समितियों तक विस्तृत हैं। इसके अलावा, समस्त पंचायती राज संस्थाओं को आयोग द्वारा परिचालित प्रश्नावलियों के माध्यम से प्राप्त प्रत्युत्तरों से भी यह प्रकट होता है कि पंचायती राज

संस्थाओं ने ग्राम पंचायतों को 85% से अधिक न्यागमन की मांग की है। इसलिए अनुपात को परिवर्तित करने का पंचायती राज विभाग का निवेदन योग्य प्रतीत नहीं होता है।

6.54 पंचायती राज विभाग ने अपने ज्ञापन में पंचायत समितियों और जिला परिषदों के लिए कोई विनिर्दिष्ट वित्तीय आवश्यकता नहीं दी है। पूर्ववर्त्ती राज्य वित्त आयोग और इस आयोग ने अपनी अन्तरिम रिपोर्ट में अवार्ड कालावधि के लिए जिला परिषदों के लिए 3% और पंचायत समितियों के लिए 12% न्यागमित रकम की सिफारिशे की है। अवार्ड कालावधि 2010–15 के दौरान न्यागमन के लिए उपलब्ध रकम के बारे में अध्याय–9 में चर्चा की जायेगी।

6.55 पंचायती राज संस्थाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के दौरान आयोग ने लागत की बढ़ोतरी के बारे में विचार नहीं किया है जो आयोग की अवार्ड कालावधि के दौरान हो सकती है। इसके अतिरिक्त, पंचायती राज संस्थाओं, जैसे स्थानीय/आधारभूत स्तर संस्थाओं के रूप में, से कई अन्य कृत्यों का पालन किया जाना अपेक्षित है जो इस आयोग द्वारा किये गये निर्धारण में वर्णित नहीं है। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आयोग, कर और गैर–कर उपायों से स्वयं की आय शीर्ष के अधीन पंचायती राज संस्थाओं के पास उपलब्ध तुच्छ रकम के लेखे नहीं दिया जाना विनिश्चित किया है। इसलिए हमारे द्वारा निर्धारित स्त्रोतों की आवश्यकता, स्वयं के स्त्रोतों से नागरिक सेवाओं के उपबंध और रखरखाव पर इन संस्थाओं द्वारा वर्तमान में उपगत किये जा रहे विद्यमान व्यय के स्तर से अतिरिक्त है।

6.56 2010–11 से 2014–15 की कालावधि के दौरान पंचायती राज संस्थाओं को इस स्तर की सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में, राज्य सरकार राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्वों से, युक्तियुक्त रकम, से विलग होगी जो पश्चातवर्त्ती अध्याय में विनिर्दिष्ट है, जो समनुदेशित करों के साथ अपेक्षणीय सीमा तक के मूल कृत्यों के रखरखाव के लिए पंचायती राज संस्थाओं की आवश्यकताओं के मुख्य भाग को समाविष्ट करती है।

सुझाव और सिफारिशें

6.57 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम/नियम, पंचायती राज संस्थाओं के सभी तीनों स्तरों को उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए कर उद्ग्रहण और फीस/उपयोक्ता प्रभार संग्रहीत करने के लिए सशक्त करते हैं। किन्तु यह देखा गया है कि अधिकतर पंचायती राज संस्थाएं न तो अधिनियम/नियमों में वर्णित करों का उद्ग्रहण कर रही हैं और न ही उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए फीस/उपयोक्ता प्रभार वसूल कर रही हैं। परिणामस्वरूप, इस संस्थाओं की स्वयं की आय बहुत कम है। पंचायती राज संस्थाओं के पास अपनी स्वयं की आय बढ़ाने के लिए कर उद्ग्रहण करने और फीस/उपयोक्ता प्रभार संग्रहण के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। पंचायती राज अधिनियम/नियम विनिर्दिष्ट रूप से उपबंध करते हैं कि अधिकथित प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात् ये कर अधिरोपित कर सकती हैं। आयोग की यह सुविचारित राय है कि पंचायती राज संस्थाएं अपने स्वयं की आय के संवर्धन के लिए राजस्व लेने के उपबन्धों का प्रभावी रूप

से उपयोग करें। राज्य सरकार लम्बे समय तक उनकी प्रमुख निधियों की आवश्यकताओं को वहन नहीं कर सकती। राजस्व उगाहने के प्रयासों को गति देने के विचार से आयोग इस संबंध में निष्पादन से जुड़े अनुदान का सुझाव दे रहा है।

6.58 पंचायती राज अधिनियम और नियम इन संस्थाओं को कर उद्ग्रहण और फीस संग्रहण के लिए प्राधिकृत करता है किन्तु इन संस्थाओं के लिए कर उद्ग्रहण और फीस संग्रहण बाध्यकारी नहीं बनाया गया है। इसलिए राज्य सरकार, इन संस्थाओं की वित्तीय स्थिति के सुधार के लिए पंचायती राज अधिनियम/नियमों में संशोधन कर इन संस्थाओं के लिए कतिपय करों और फीस का उद्ग्रहण बाध्यकारी बनाने की साध्यता के परीक्षण कर सकेगी। आयोग ने प्रश्नावलियां परिचालित करके पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों से पंचायती राज संस्थाओं के वित्त से संबधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर राय एकत्रित की हैं। पंचायती राज अधिनियम की धारा 65 के अधीन करों के उद्ग्रहण को आज्ञापक बनाने से संबंधित प्रश्न के प्रत्युत्तर में 70 प्रतिशत उसके पक्ष में हैं। आयोग की यह भी राय है कि उपयोक्ता प्रभार, अनुज्ञप्ति फीस, यानों पर कर इत्यादि को फीस/प्रभारों की वर्तमान दर का नियतकालिक पुनरीक्षण करने के अतिरिक्त बाध्यकारी बनाया जाये। किसी कर के उद्ग्रहण में निर्वाचित निकायों के उदासीन रहने को ध्यान मे रखते हुए अधिनियम और नियमों में ऐसे संशोधन आवश्यक हैं।

6.59 इसी प्रकार, कृषि उपज पर बाजार फीस पर अधिभार, कृषि विभाग के अनुदेशों के अभाव में सचिव, मंडी समितियों द्वारा वसूल नहीं किया जा रहा है। विभिन्न खण्ड मुख्यालयों और जिलों में आयोग द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा यह वर्णित किया गया है कि अधिभार को लागू करने के लिए, कृषि विपणन अधिनियम में इस आशय के आवश्यक संशोधन किये जाने अपेक्षित हैं। राज्य सरकार (कृषि विभाग) को अधिनियम में संशोधनों के लिए तुरन्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि जिला परिषदें अपनी विधिसम्मत आय से वंचित न हों।

6.60 राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कई औद्यौगिक इकाइयां स्थापित की गयी हैं। उनमें से कुछ उस क्षेत्र में वायु और जल प्रदूषित कर रही हैं और अपने औद्योगिक अपशिष्ट का भी आस–पास में व्ययन करने से फसल और व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, भारी भार के परिवहन से ग्रामीण सड़कों को नुकसान हो रहा है। ग्राम पंचायतों के पास इन औद्योगिक इकाइयों के विरूद्ध कोई कार्रवाई करने और इसके लिए युक्तियुक्त प्रतिकर वसूल करने की कोई शक्ति या अधिकारिता नहीं है। यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उन पर उद्ग्रहित शास्तियों के संग्रहण के माध्यम से उद्योगों द्वारा किये गये नुकसान को भागतः ठीक करने में निधियों का उपयोग करे और उनके कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अधीन उनके भारी औद्योगिक भार के परिवहन के लिए उनके द्वारा प्रयुक्त की जा रही ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और रखरखाव का जिम्मा लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत उन

औद्योगिक इकाइयों का भी परिशीलन करे या वे इन सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए संबधित ग्राम पंचायतों को निधियां उपलब्ध करायें।

6.61 आयोग के क्षेत्र भ्रमणों के दौरान, प्रतिनिधियों ने यह शिकायत की है कि पंचायतें स्वयं की आय के अभाव में कुछ प्रमुख अवसरों जैसे स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस इत्यादि पर झाड़ू–बहारू, और सफाई जैसी मुख्य सेवाएं भी उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं हैं। आयोग अध्याय–9 ''न्यागमन की स्कीम'' में इस पहलू का ध्यान रखेगा।

6.62 विकास प्राधिकरणों की अधिकारिता के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतें सवाईचक और चरागाह भूमि इत्यादि पर अपने अधिकारों से वंचित कर दी गयी हैं। समानता बनाये रखने की दृष्टि से, आयोग सुझाव देता है कि विकास प्राधिकरण, संग्रहण और विकास प्रभारों की कटौती के पश्चात् संबंधित ग्राम पंचायतों को ऐसी आस्तियों से प्राप्त राजस्व को अन्तरित करना चाहिए।

पंचायती राज वित्त–एक परिदृश्य

6.63 I, II और III राज्य वित्त आयोगों द्वारा और केन्द्रीय वित्त आयोग से पंचायती राज संस्थाओं को न्यागमन नीचे दर्शित हैं :

सारणी 6.17: पंचायती राज संस्थाओं को पूर्ववर्ती केन्द्रीय वित्त आयोगों और राज्य वित्त आयोगों द्वारा सिफारिश किये गये न्यागमन

(रु. करोड़ों में)

मदें	रकम
प्रथम राज्य वित्त आयोग	305.60
द्वितीय राज्य वित्त आयोग	594.61
तृतीय राज्य वित्त आयोग	1674.04
ग्यारहवां वित्त आयोग (ई.एफ.सी.)	490.95
बारहवां वित्त आयोग (टी.एफ.सी.)	1230.00
तेरहवां वित्त आयोग (टीएच.एफ.सी.)	3938.71

कालावधि 2010–11, 2011–12 और 2012–13 के दौरान पंचायती राज संस्थाओं ने आयोग द्वारा की गयी अन्तरिम सिफारिशों के आधार पर काफी रकम भी प्राप्त की है।

6.64 पंचायती राज संस्थाओं के वित्त की मुख्य समस्या यह है कि उनकी अपनी आय उपलब्ध निधियों के 2% से कम है। स्थानीय स्तर पर करों और फीसों को बढ़ाये जाने के लिए गुंजाइश है। अधिनियम और अधिनियम के अधीन बनाये गये नियम ऐसा किये जाने की प्रक्रिया का उपबन्ध करते हैं। इनका अध्याय में पहले ही वर्णन है। आयोग का यह विचार है कि पंचायतें, कर/फीस उद्ग्रहण करने की अपनी शक्तियों का प्राख्यान करें जिसके लिए राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 में पर्याप्त उपबन्ध बनाये गये हैं। आयोग आधारभूत स्तर पर योजना के विशेषज्ञ समूह का दृष्टिकोण पृष्ठांकित करता है जिसने अवलोकन किया है

''पंचायतों द्वारा स्थानीय राजस्वों को बढ़ाना उपेक्षित रहा है....., जबकि कर विधि द्वारा स्थानीय निकायों को समनुदेशित हैं, व्यवहार में संग्रहण पर्यवेक्षण रहित और उपेक्षित है। अनुभव बताते हैं कि प्रोत्साहन देकर और पर्याप्त क्षमता बनायी जाकर पंचायतें करों के संग्रहण के बारे में सक्षम और उत्साही हैं। स्थानीय राजस्व के प्राक्कलन के लिए स्थानीय आयोजना प्रक्रिया पर पर्याप्त जोर देना चाहिए।''

6.65 राजस्थान की पंचायती राज संस्थाओं को कर नहीं, गैर–कर, फीस नहीं के संलक्षण से बाहर निकलने के लिए पर्याप्त साहस एकत्रित करना होगा। उन्हें यह महसूस करना होगा कि अन्य विकासशील राज्यों जैसे केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आन्ध्रप्रदेश की ग्राम पंचायतें वार्षिक रूप से लगभग 25 लाख रु. से 50 लाख रु. की रकम का स्वयं का राजस्व पैदा करने में सफल हैं। हम यह अपेक्षा करते हैं कि राजस्थान में प्रत्येक ग्राम पंचायत वार्षिक रूप से कम से कम 10 लाख रु. का स्वयं का राजस्व प्राप्त करें। पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को अधिनियम और नियमों के उपबन्धों का पुनः अवलोकन करने की जरूरत है। राज्य सरकार को पंचायती राज प्रतिनिधियों को कर, अप्रत्यक्ष कर, गैर–कर के सामर्थ्यकारी उपबंधों और अधिनियम और नियमों में दिये गये फीस के उद्ग्रहण से संबंधित उपबंधों की पर्याप्त जानकारी और सूचना देनी चाहिए। यह प्रयास आयोग द्वारा सिफारिश किये गये क्षमता बढ़ाने के कदमों का भाग होगा। आयोग यह भी सिफारिश करता है कि राज्य सरकार को पंचायती राज अधिनियम की धारा 73 में उसे दी गयी शक्तियों का पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वच्छता और ग्रामीण सफाई और अन्य आवश्यक बाध्यताओं के प्रति आधारभूत कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अपेक्षित समस्त आवश्यक कदम उठाने के लिए अवलंब लेना चाहिए।

राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान (रा.ग्रा.पं.स.अ.)

6.66 अगस्त 2012 में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने एक नयी स्कीम आरंभ की है जिसका नाम राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान (रा.ग्रा.पं.स.अ.) है। यह स्कीम, राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए सुसंगत क्रियाकलापों की एक श्रृंखला, जैसे ग्राम पंचायतों के लिए प्रशासनिक और तकनीकी सहायता और अवसंरचना के उपबन्ध, ई–सक्षमता, क्षमता बढ़ाने और संस्थागत अवसंरचना सशक्तीकरण, पंचायतों के कृत्यकारियों के प्रशिक्षण, पंचायत की प्रक्रियाओं के सुधार के उपाय, पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) अधिनियम के निबंधनों में अनुसूची–v क्षेत्रों को बनाने में गतिशील पचायतों की विशेष पहल का जिम्मा लेने के लिए अनुज्ञात करती है। स्कीम के मुख्य लक्षण संक्षिप्त रूप में निम्नलिखित हैं:

(i) केन्द्रीय निधियां प्राप्त करने के लिए, राज्य/संघ शासित क्षेत्रों को स्कीम में अनुज्ञात 5 वर्षों के लिए परिप्रेक्ष्य योजनाएं बनानी है अर्थात् घटकों में से क्रियाकलापों और परिदेयों को ब्यौरेवार करते हुए, पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए बारहवीं योजना कालावधि और वार्षिक योजना। मंत्रालय एक साथ 2012–13 और 2013–14 के लिए योजना चाहता है। स्कीम 2014–15 से आगे तक प्रदर्शन आधारित निधियों का उपबंध करती है। तथापि, स्कीम की 25 प्रतिशत निधियां राज्य योजना में परिलक्षित परिदेयों पर राज्य के प्रदर्शन से जुड़ी होंगी। राज्य/संघ शासित क्षेत्रों से राजीव गांधी पंचायत सशक्तीकरण अभियान की निधियां

प्राप्त करने के लिए ऐसी कुछ आवश्यक शर्तों को पूर्ण करना अपेक्षित होगा जिनमें पंचायतों के नियमित निर्वाचन, महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, प्रत्येक पांच वर्षों में राज्य वित्त आयोग का गठन, जिला योजना समिति का गठन सम्मिलित है।

(ii) स्कीम के अधीन निधि का पैटर्न केन्द्र और राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के मध्य 80:20 प्रतिशत के आधार पर होगा। इसके अतिरिक्त स्कीम का 10 प्रतिशत केन्द्रीय अंश पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) अधिनियम के सशक्त क्रियान्वयन के लिए अनुसूची–v क्षेत्रों के साथ राज्यों के लिए निश्चित है। इसके अतिरिक्त, स्कीम, सर्वोत्तम कार्य करने वाली पंचायत को प्रोत्साहन के मदें प्रतिवर्ष 50 करोड़ रु. निश्चित करती है।

6.67 आयोग ने यह समझाया है कि परिप्रेक्ष्य योजना तैयार हो रही है। स्कीम पंचायतों की समस्त संस्थागत अक्षमताओं से भिज्ञ है। हम राज्य सरकार से पंचायतों के लिए स्कीम का फायदा प्राप्त करने के लिए मजबूती से अनुरोध करते हैं। सौभाग्य से राज्य निधियां प्राप्त करने के लिए नियत लगभग समस्त पूर्वअपेक्षाएं पूर्ण करती हैं। आयोग यह सुझाव देता है कि सरकार को इस स्कीम से अधिकतम फायदा प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए।

अध्याय 6 का परिशिष्ट

राजस्व और व्यय का सांख्यिकी विश्लेषण और पंचायती राज संस्थाओं का दृष्टिकोण

राजस्व प्राप्तियां

क 6.1 पंचायती राज संस्थाओं के राजस्व के ब्यौरे समस्त पंचायती राज संस्थाओं, समस्त जिला परिषदों, समस्त पंचायत समितियों और समस्त ग्राम पंचायतों के लिए क्रमशः उपाबंध VI–1 से VI–4 तक में दिये गये हैं। उपाबंध VI–1 दर्शित करता है कि समस्त पंचायती राज संस्थाओं की 2005–06 से 2009–10 तक राजस्व प्राप्तियां 1561.21 करोड़ रु. से 2672.25 तक बढ़ी है जिसमें 71.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वयं का कर राजस्व, उसी कालावधि के दौरान 39.60 प्रतिशत बढ़ोतरी रजिस्टर करते हुए 32.83 करोड़ से 45.83 करोड़ रु. बढ़ा है और कुल राजस्व में उसका अंश 2.10 प्रतिशत से 1.72 प्रतिशत घटा है।

तीनों स्तरों पर कुल राजस्व में से स्वयं राजस्व का अंश सारणी 6.1 में दर्शित है।

सारणी क 6.1 : पंचायती राज संस्थाओं की कुल प्राप्तियों में स्वयं के राजस्व का अंश

(कुल का प्रतिशत)

पंचायती राज संस्थाएं	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
जिला परिषद	0.69	0.83	0.54	0.66	0.23
पंचायत समिति	2.11	2.26	2.03	2.03	2.55
ग्राम पंचायत	2.80	2.48	2.26	2.29	2.40

क.6.2 स्वयं की आय में स्वयं के समस्त राजस्व स्त्रोत सम्मिलित हैं जैसे स्टाम्प शुल्क पर अधिभार, मण्डी कर पर अधिभार, मेलों और जिला परिषदों द्वारा उद्गृहीत जल दरों से फीस, कृषि भूमि के भाटक पर कर, व्यापार/कारबार पर कर और मेलों पर कर पंचायत समितियों द्वारा उद्गृहीत किये जाते हैं। भवन कर, यान कर, यात्री कर, जल वितरण पर और वाणिज्यिक फसलों पर कर, सामुदायिक सेवाओं पर विशेष कर ग्राम पंचायत स्तर पर उद्गृहीत किये जाते हैं। स्वयं की आय के संग्रहण में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं है। जिला परिषदों और ग्राम पंचायतों के मामले में अंश घटा है जबकि पंचायत समिति के मामले में बढ़ोतरी हुई है। स्वयं के स्त्रोतों को बढ़ाने की विफलता का मुख्य कारण कर उद्ग्रहण के प्रति बेरूखी है और यदि उद्ग्रहीत किये जाते है तो करों के संग्रहण में रूचि का अभाव है। ग्राम पंचायतों के राजस्व का मुख्य स्त्रोत भवन कर है। 2005–06 से 2009–10 के मध्य केवल 1250 ग्राम पंचायतों ने भवन कर संग्रहीत करना रिपोर्ट किया है।

क 6.3 उपाबंध VI–1 दर्शित करता है कि विकास स्कीमों के लिए राज्य सरकार से प्राप्तियां और अन्य प्राप्तियां 2005–06 में 1528.38 करोड़ रु. (कुल का 97.90 प्रतिशत) से वर्ष 2009–10 में 2626.42 करोड़ (98.28 प्रतिशत) तक बढ़ी हैं। इस अंश में तीनों स्तरों पर केवल मामूली अन्तर है। 2009–10 में जिला परिषदों ने उनकी प्राप्तियों का 99.80% राज्य सरकार से प्राप्त किया है।

विशेष क्षेत्र

क 6.4 आयोग ने विशेष क्षेत्रों जैसे जनजाति क्षेत्रीय विकास, मेवात, डांग, मरु विकास कार्यक्रम, सूखा सम्भाव्य क्षेत्र कार्यक्रम के लिए भी पृथक रूप से सूचना एकत्रित की है। विशेष क्षेत्रों के अधीन आने वाले जिलों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों की संख्या नीचे दी गयी है :

सारणी क 6.2 : विशेष क्षेत्रों के अधीन आने वाले जिलों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों की संख्या

विशेष क्षेत्र	जिलों की संख्या	पंचायत समितियों की संख्या	ग्राम पंचायतों की संख्या
जनजाति क्षेत्रीय विकास (ज.क्षे.वि.)	5	26	982
मेवात क्षेत्र	2	11	237
डांग क्षेत्र	8	22	371
मरु विकास कार्यक्रम क्षेत्र	16	85	3273
सूखा सम्भाव्य क्षेत्र कार्यक्रम	12	32	1247

भवन कर का विशेष क्षेत्रवार संग्रहण सारणी क 6.3 में दिया गया है।

सारणी क 6.3 : विशेष क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के भवन कर का अंश

(रु. लाखों में)

	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	कुल
क. समस्त ग्राम पंचायतें	90.10	94.16	119.94	105.75	112.80	522.75
ख. विशेष क्षेत्र						
i. जनजाति क्षेत्रीय विकास क्षेत्र	2.22	1.78	4.50	6.73	4.78	20.01
ii. मेवात क्षेत्र	1.64	1.77	9.05	5.79	5.37	23.62
iii. डांग क्षेत्र	1.30	2.08	1.91	4.97	1.82	12.08
iv. मरु विकास कार्यक्रम क्षेत्र	19.82	12.01	13.62	19.11	20.91	85.47
v. सूखा सम्भाव्य क्षेत्र कार्यक्रम	7.56	8.63	15.87	8.63	8.94	49.63
ख का योग	**32.54**	**26.27**	**44.95**	**45.23**	**41.82**	**190.81**
कुल प्रतिशत में भवन कर का अंश	36.12	27.90	37.48	42.77	37.07	36.50

आकृति–5

2005–06 से 2009–10 तक पंचायती राज संस्थाओं का वर्षवार स्वयं का राजस्व

(रु. लाख में)



यह देखना रुचिकर होगा कि यद्यपि विशेष क्षेत्र अपेक्षाकृत कम विकसित है और उनके पास राजस्व के बहुत कम स्त्रोत है, उन्होंने भवन कर से राजस्व के सम्बन्ध में अच्छा कार्य किया है। एक वर्ष जैसे 2006–07 के सिवाय, कुल मिलाकर भवन कर का अंश निरंतर 35% से ऊपर है। फिर भी, भवन कर के अधीन कुल प्राप्तियों के लगभग 37% का अभिदाय, 2005–10 के दौरान विशेष क्षेत्रों के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों द्वारा किया गया है।

क 6.5 समस्त ग्राम पंचायतों के साथ ही विशेष क्षेत्र ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय का ट्रेंड नीचे दिया गया है:

सारणी क 6.4: समस्त ग्राम पंचायतों और विशेष क्षेत्र ग्राम पंचायतों की 2005–06 से 2009–10 की स्वयं की आय

(रु. लाखों मे)

वर्ष	समस्त ग्राम पंचायतें	जनजाति क्षेत्रीय विकास	मेवात	डांग	मरू विकास कार्यक्रम	सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम	कुल विशेष क्षेत्र	समस्त ग्राम पंचायतों का %
2005-06	1805.90	64.34	48.54	51.99	657.40	137.39	959.66	53.14
2006-07	2195.16	200.17	65.18	42.96	684.84	155.04	1148.19	52.31
2007-08	2323.09	282.93	125.72	41.09	663.79	189.02	1302.55	56.07
2008-09	2715.82	314.18	109.44	73.40	979.45	197.32	1673.79	61.63
2009-10	2753.87	201.46	64.36	102.19	1056.61	188.28	1612.90	58.57
कुल	11793.84	1063.08	413.24	311.63	4042.09	867.05	6697.09	56.78
ग्राम पंचायतों की संख्या	9170*	982	237	371	3273	1247	6110	66.63
ग्राम पंचायतों की औसत आय	1.29	1.08	1.74	0.84	1.23	0.70	1.10	-

***टिप्पण : 7 ग्राम पंचायतों के अभिलेखों का पुलिस द्वारा अभिग्रहण कर लिया गया है।**

यह भी प्रकट किया गया है कि वर्ष 2005–06 से 2009–10 के दौरान, राज्य में 9177 ग्राम पंचायतों में से केवल 4411 ग्राम पंचायतें अर्थात् 48.10% और विशेष क्षेत्रों में 6110 ग्राम पंचायतों में से 2664 ग्राम पंचायतें अर्थात् 43.60% की स्वयं की आय थी जैसा कि नीचे दी गयी सारणी में दिखाया गया है:

सारणी क 6.5 : स्वयं की आय अर्जित कर रही ग्राम पंचायतों की संख्या

क्र.सं.	विशिष्टियां	ग्राम पंचायतों की संख्या		प्रतिशत
		कुल	स्वयं की अर्जन आय	
1.	राज्य की समस्त ग्राम पंचायतें	9177*	4411	48.10
2.	विशेष क्षेत्र			
	(i) जनजाति क्षेत्र विकास (ज.क्षे.वि.)	982	02	30.75
	(ii) मेवात क्षेत्र	237	177	74.68
	(iii) डांग क्षेत्र	371	166	44.74
	(iv) मरू विकास कार्यक्रम क्षेत्र	3273	1555	47.51
	(v) सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम	1247	464	37.21
	कुल – 2	6110	2664	43.60
3.	प्रतिशत (कुल)	66.63	60.39	

*टिप्पण : ग्राम पंचायतों के अभिलेखों का पुलिस द्वारा अभिग्रहण कर लिया गया है।

उपर्युक्त सारणी से यह साबित है कि 2005–06 से 2009–10 के दौरान राज्य में स्वयं की आय का जनन कर रही कुल (4411) ग्राम पंचायतों में से विशेष क्षेत्रों की 60.39% ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय थी। विशेष क्षेत्रों में स्वयं की आय रखने वाली ग्राम पंचायतों का उच्चतम प्रतिशत मेवात क्षेत्र (74.68%) है, इसके पश्चात् मरू विकास कार्यक्रम क्षेत्र (47.51%) डांग क्षेत्र (44.74%) सूखा संभावित क्षेत्र कार्यक्रम (37.21%) और जनजाति क्षेत्रीय विकास क्षेत्र (30.75%) है।

आयोग में की गयी मशक्कत के अनुसार, विशेष क्षेत्रों में स्वयं की अधिकतम आय रखने वाली ग्राम पंचायतों की सूची निम्नलिखित है :

सारणी क 6.6 विशेष क्षेत्रों में स्वयं की अधिकतम आय अर्जित करने वाली ग्राम पंचायतें

(रु, लाखों में)

क्र.सं.	विशेष क्षेत्र	अधिकतम			
		ग्राम पंचायत	पंचायत समिति	जिला	रकम
1.	जनजाति क्षेत्रीय विकास (ज.क्षे.वि.)	घोरासर	सराड़ा	उदयपुर	117.47
2.	मेवात क्षेत्र	सालरपुर	तिजारा	अलवर	50.85
3.	डांग क्षेत्र	दीगोद जगीर	छीपा बड़ोद	बारां	52.93
4.	मरू विकास कार्यक्रम क्षेत्र	लोहावत बिशवास	फलौदी	जोधपुर	149.23
5.	सूखा संभाव्य क्षेत्र	बंदनवाड़ा	भिनाय	अजमेर	35.63

अन्य में, 2005–10 के मध्य 50 लाख रु. से अधिक स्वयं की आय रखने वाली कुछ ग्राम पंचायतों की सूची नीचे दी गयी है :–

क्र.सं.	जिला	पंचायत समिति	ग्राम पंचायत	स्वयं की आय की रकम (लाख रु. में)	वर्ष
1.	जोधपुर	फलौदी	लोहावत बिशवास	149.23	2009-10
2.	उदयपुर	सराड़ा	गोरासन	117.47	2008-09
3.	बाड़मेर	गुढ़ामलानी	धोरीमन्ना	105.89	2005-06
4.	चूरू	सुजानगढ़	जिवारन	85.07	2008-09
5.	झुन्झूनू	झुन्झूनू	देरवाला	77.08	2007-08
6.	झालावाड़	बकानी	रतलाई	59.86	2005-06
7.	बारां	छिपालीवाड़ा	दीफद	52.93	2009-10
8.	अलवर	तिजारा	सलारपुर	50.85	2008-09
9.	पाली	बाली	मूंदड़ा	50.79	2008-09

2005–06 से 2009–10 के दौरान ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय क्रमशः जैतसर (आई.जी.बी.ए.), पंचायत समिति अनूपगढ़ जिला गंगानगर और लोहावत बिशवास पंचायत समिति फलौदी जिला जोधपुर के लिए 3.17 लाख रु. से 149.23 लाख रु. के मध्य है।

इसका यह तात्पर्य है कि केवल 48 प्रतिशत ग्राम पंचायतें पंचायती राज अधिनियम, 1994 में उन्हें दी गयी कराधान की शक्तियों से भिज्ञ है और इनका प्रयोग कर रही हैं। इन्होंने अन्य को अनुसरण के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है।

व्यय

क 6.6 समस्त पंचायती राज संस्थाओं का कुल व्यय 2005–06 में 1379.65 करोड़ रु. से 2009–10 में 2140.34 करोड़ रु. (उपाबंध–VI–5) 55.14% की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए बढ़ा है। संस्थापन व्यय 64.10% बढ़ा है और विकास व्यय कालावधि 2005–10 के दौरान 56.61% बढ़ा है। रखरखाव और अन्य व्यय 2005–06 में 111.34 करोड़ रु. से 2009–10 में 141.24 तक बढ़ा है।

क.6.7 जिला परिषदों का कुल व्यय 34.03 प्रतिशत (उपाबंध–VI–6) की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 2005–06 में 374.84 करोड़ रु. से 2009–10 में 502.39 करोड़ रु. तक बढ़ा है। जिला परिषदों का संस्थापन व्यय 2005–06 में 46.39 करोड़ रु. (12.38%) से 2009–10 में 20.57 करोड़ रु. (4.09%) घटा है। विकास व्यय 2005–06 में 260.06 करोड़ रु. (69.38%) से 2009–10 में 448.58 करोड़ रु. (89.29%) तक बढ़ा है। 2009–10 में कुल व्यय में रखरखाव व्यय का अंश 0.35 प्रतिशत और अन्य व्यय 6.27% थे। आस्तियों के रखरखाव को प्राथमिकता नहीं है और रखरखाव निधियों की उपलब्धता पर निर्भर है।

क.6.8 समस्त पंचायत समितियों का कुल व्यय 2005–06 में 447.11 करोड़ रु. से 2009–10 में 583.73 करोड़ रु. तक बढ़ा है (उपाबंध VI.7) अर्थात् इस कालावधि में 30.56 प्रतिशत बढ़ोतरी। संस्थापन व्यय 2005–06 में 26.59 प्रतिशत से 2009–10 में कुल व्यय का 51.98 प्रतिशत तक बढ़ा। विकास व्यय का अंश 2005–06 में 68.72% की तुलना में 2009–10 में कुल व्यय का 51.98% था। विकास व्यय में मुख्य रूप से आवासीय, एस जे जी एस वाई, सुनिश्चित नियोजन स्कीम और एम एल ए डी स्कीम इत्यादि सम्मिलित है। रखरखाव व्यय 2005–06 में 20.99 करोड़ रु. (4.69%) से 2009–10 में 31.07 करोड़ रु. (5.32%) तक बढ़ा है। रखरखाव व्यय में हैण्डपम्पों का रखरखाव भी सम्मिलित हैं। हैण्डपम्पों के रखरखाव पर व्यय जो 2005–06 में 1.23 करोड़ रु. था 2009–10 में 7.19 करोड़ रु. तक बढ़ा है– हैण्डपम्पों की संख्या में समरूप बढ़ोतरी के साथ पांच वर्षों में लगभग पांच गुणा बढ़ गया।

क. 6.9 समस्त ग्राम पंचायतों का कुल व्यय 2005–06 में 557.70 करोड़ रु. से 2009–10 में 1054.22 करोड़ रु. तक बढ़ा है (उपाबंध VI.8)– इस कालावधि के दौरान 89.03 प्रतिशत बढ़ोतरी। संस्थापन व्यय, 2005–06 में 5.94 करोड़ रु. से 2009–10 में 11.16 करोड़ रु. बढ़ा किन्तु योग में इसका अंश लगभग 1.07 प्रतिशत स्थिर रहा। विकास व्यय 2005–06 में 529.79 करोड़ रु. से 2009–10 में 966.13 करोड़ रु. बढ़ा जो 2005–06 में 95.00% की तुलना में 2009–10 में कुल व्यय का 91.64 प्रतिशत है। रखरखाव व्यय 2005–06 में 21.96 (3.94%) करोड़ रु. से 2009–10 में 76.93 करोड़ रु. (7.30%) बढ़ा है।

क.6.10 2009–10 में विशेष क्षेत्र ग्राम पंचायतों के व्यय की स्थिति सारणी क 6.7 में दर्शित है।

सारणी क 6.7: 2009–10 में विशेष क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के व्यय की संरचना

(रु. करोड़ों में)

विशेष क्षेत्र	व्यय के शीर्ष							
	संस्थापन		विकास		रखरखाव		कुल	
	रकम	विशेष क्षेत्रों का कुल प्रतिशत	रकम	विशेष क्षेत्रों का कुल प्रतिशत	रकम	विशेष क्षेत्रों का कुल प्रतिशत	रकम	विशेष क्षेत्रों का कुल प्रतिशत
ज.क्षे.वि.	0.42	7.81	31.27	6.22	2.88	7.17	34.57	6.30
	(1.20)		(90.48)		(8.32)		(100.00)	
मेवात	0.22	4.09	19.00	3.78	1.31	3.26	20.53	3.75
	(1.08)		(92.58)		(6.34)		(100.00)	
डांग	0.28	5.20	34.16	6.79	1.28	3.18	35.72	6.51
	(0.79)		(95.63)		(3.58)		(100.00)	
म. वि. का.	3.93	73.05	376.48	74.86	32.26	80.27	412.67	75.24
	(0.95)		(91.23)		(7.82)		(100.00)	

सू. सं. क्षे. का.	0.53 (1.18)	9.85	41.99 (93.36)	8.35	2.46 (5.46)	6.12	44.98 (100.00)	8.20
विशेष क्षेत्र–कुल	**5.38**	**100.00**	**502.90**	**100.00**	**40.19**	**100.00**	**548.47**	**100.00**
	(0.98)		(91.69)		(7.33)		(100.00)	
समस्त ग्राम पंचायतें	11.16 (1.06)		966.13 (91.64)		76.93 (7.30)		1054.22 (100.00)	
समस्त ग्राम पंचायतों के विशेष क्षेत्र ग्राम पंचायतों का अंश	48.21		52.05		52.24		52.03	

कोष्ठक में अंक संबंधित प्रतिशत को दर्शित करते हैं।

क 6.11 समस्त ग्राम पंचायतों के कुल व्यय में से विशेष क्षेत्र ग्राम पंचायतों का अंश संस्थापन के लिए 48.21% विकास के लिए 52.05% और रखरखाव के लिए 52.24% है। कुल व्यय में विशेष क्षेत्रों का अंश 2009–10 में 52.03% था यद्यपि 66.63% ग्राम पंचायतें इन क्षेत्रों में आती हैं।

क 6.12 विशेष क्षेत्रों के मध्य, विशेष क्षेत्रों के कुल व्यय का उपगत व्यय मरू विकास कार्यक्रम के अधीन (75.24%) अधिकतम, उसके पश्चात् सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम (8.20%), डांग (6.51%), जनजाति क्षेत्र (6.30%) और मेवात (3.75%) है। यह पैटर्न विकास व्यय में भी देखा गया है, जबकि संस्थापन और रखरखाव व्यय का पैटर्न वर्ष दर वर्ष परिवर्तित होता रहा है।

प्रश्नावलियों के माध्यम से प्राप्त विचार

क 6.13 आयोग ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक स्थानीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों को ऐसे मामलों में उनके विचार जानने के लिए, जो उनसे संबंधित हैं, की विस्तृत प्रश्नावलियां भेजी है। उनके विचारों को उनसे प्राप्त डाटा के आधार पर सावधानीपूर्वक विश्लेषण के पश्चात् निम्नलिखित रूप में संक्षिप्त किया गया है:

1. पंचायती राज संस्थाओं के राजस्व के संग्रहण के लिए अभिकरण का सुझाव

विशिष्टियां	जिला परिषद्		पंचायत समिति		ग्राम पंचायत		कुल	
	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%
1. पंचायती राज संस्थाओं स्वयं द्वारा	18	54.55	129	52.02	4314	47.04	4461	47.20
2. सहकारी विभाग द्वारा	-	-	02	0.81	165	1.80	167	1.77
3. राजस्व विभाग द्वारा	08	24.24	85	34.27	3420	37.30	3513	37.17
4. पृथक अभिकरण द्वारा	05	15.15	22	8.87	1215	13.25	1242	13.14
5. कोई अन्य अभिकरण	-	-	01	0.40	16	0.17	17	0.18
6. कोई मत नहीं	02	6.06	09	3.63	40	0.44	51	0.54
कुल	33	100.00	248	100.00	9170	100.00	9451	100.00

उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि 47.20 प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं ने उनके स्वयं के द्वारा राजस्व संग्रहण किये जाने का पक्ष लिया है, क्रमशः 37.17 प्रतिशत और 13.14 प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं ने सुझाव दिया है कि राजस्व, राजस्व विभाग द्वारा संग्रहीत किया जाये, और पंचायती राज संस्थाओं के राजस्व संग्रहण के लिए एक पृथक अभिकरण की स्थापना की जाये।

वर्तमान में राजस्व स्वयं पंचायती राज संस्थाओं द्वारा और कुछ मामलों में राजस्व विभाग द्वारा संग्रहीत किया जा रहा है। इसलिए, राजस्व संग्रहण की वर्तमान प्रणाली उपयुक्त और कार्ययोग्य प्रतीत होती है।

2. विकास की गति को बढ़ाने के लिए सुझाव

विशिष्टियां	जिला परिषद्		पंचायत समिति		ग्राम पंचायत		कुल	
	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%
1. राज्य सरकार से लचीले वित्तीय स्त्रोत	17	51.52	154	62.10	5935	64.72	6106	64.61
2. पंचायती राज संस्थाएं स्वयं के सम्पत्ति स्त्रोतों में संवर्धन करें	13	39.39	75	30.54	2775	30.26	2863	30.29
3. पंचायती राज संस्थाएं अनुत्पादक व्यय में कटौती करें	1	3.03	11	4.43	414	4.52	426	4.51
4. कोई मत नहीं	2	6.06	08	3.23	46	0.50	56	0.59
कुल	33	100.00	248	100.00	9170	100.00	9451	100.00

64.61 प्रतिशत प्राप्त प्रत्युत्तर राज्य सरकार द्वारा अधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए थे। केवल 30.29 प्रतिशत उनके स्वयं के द्वारा राजस्व बढ़ाने के पक्ष में थे।

वर्तमान में, राज्य सरकार विकास और अन्य संकर्मों के लिए मुख्य रूप से खुले, पर्याप्त निधियां उपलब्ध करा रही है।

3. पंचायती राज संस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव

प्रत्युत्तरों पर आधारित, पंचायती राज संस्थाओं को निम्नलिखित पद्धतियां अंगीकृत कर अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है:

विशिष्टियां	जिला परिषद्		पंचायत समिति		ग्राम पंचायत		कुल	
	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%
1. कर्मचारिवृन्द और विभागों के बजट का स्थानान्तरण	24	72.73	185	74.60	6347	69.22	6556	69.37
2. पंचायती राज संस्थाओं को विभागीय कर्मचारिवृन्द के पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा जाये	8	24.24	56	22.58	2765	30.15	2829	29.93
3. कोई मत नहीं	1	3.03	7	2.82	58	0.63	66	0.70
कुल	33	100.00	248	100.00	9170	100.00	9451	100.00

पंचायती राज संस्थाओं को अधिक प्रभावशाली बनाने के क्रम में, 69.37 प्रतिशत ने यह सुझाव दिया है कि विभागीय कर्मचारिवृन्द बजट के साथ उनको अन्तरित किये जाने चाहिए। 29.93 प्रतिशत ने राय दी है कि पंचायती राज संस्थाओं को विभागीय कर्मचारिवृन्द के पर्यवेक्षण के दायित्व सौंपे जाये।

राज्य सरकार का पंचायती राज विभाग, रिपोर्ट के अध्याय–v में इस आयोग द्वारा किये गये सुझावों पर विचार कर सकेगा।

4. जिला परिषद्, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के बीच परस्पर वितरण का अनुपात

लगभग समस्त ग्राम पंचायतों ने ग्राम पंचायतों को 85% या इससे अधिक न्यागमन के लिए पक्ष रखा है। वर्तमान अनुपात क्रमशः जिला परिषद्, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के लिए 03:12:85 है।

5. पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उनके संवैधानिक कृत्यों के निर्वहन में आ रहे मुख्य अवरोध–

प्राप्त प्रत्युत्तरों का विश्लेषण निम्न प्रकार है :

विशिष्टियां	पंचायती राज संस्थाओं से प्राप्त कुल प्रत्युत्तर	
	सं.	%
वित्तीय संसाधनों का अभाव	3358	35.53
जन सहयोग की कमी	1777	18.80
जन शक्ति की कमी	2457	26.00
स्थानीय विवाद	859	9.09
राजस्व सम्पत्ति स्त्रोतों के संवर्धन के लिए इच्छा शक्ति	915	9.68
अन्य कारण	40	0.42
कोई मत नहीं	45	0.48
कुल	9451	100.00

प्रत्युत्तर यह दर्शित करते हैं कि वित्तीय संसाधनों और जनशक्ति का अभाव उनके कार्य करने में मुख्य बाधा के रूप में वर्णित किये गये हैं।

कठिनाइयों को दूर करने के क्रम में, पंचायती राज संस्थाओं को अपने राजस्व संपत्ति स्त्रोतों को बढ़ाना होगा और अपनी सीमाओं के भीतर जनशक्ति को नियोजित करना होगा।

6. क्या वित्तीय सशक्तीकरण और विकास में अभिवृद्धि के लिए समस्त विवेकाधीन करों को आज्ञापक बनाया जाये ?

प्रत्युत्तर निम्नलिखित प्रकट करते हैं:

विशिष्टियां	जिला परिषद्		पंचायत समिति		ग्राम पंचायत		कुल	
	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%
हां	28	84.85	222	89.52	6264	68.31	6514	68.92
नहीं	4	12.12	14	5.64	289	3.15	307	3.25
कोई मत नहीं	1	3.03	12	4.84	2617	28.54	2630	27.83
कुल	33	100.00	248	100.00	9170	100.00	9451	100.00

जिला परिषदों और पंचायत समितियों के मामले में लगभग 85% और 90% की तुलना में आज्ञापक कराधान के पक्ष में ग्राम पंचायतों– 68% की संख्या कम है। डाटा भी यह दर्शित करते हैं कि 9451 में से 2630 ग्राम पंचायतों– लगभग 28% ने इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया है।

प्रत्युत्तरों को दृष्टि में रखते हुए, राज्य सरकार इस विषय पर विचार कर सकती है और इस संबंध में एक नीतिगत निर्णय ले सकेगी।

7. पंचायती राज संस्थाओं या अन्यथा द्वारा वार्षिक योजना का तैयार किया जानाः

76.25% पंचायती राज संस्थाओं ने क्षेत्र के लिए योजना तैयार करने की अभिपुष्ट की। तथापि, 23.16 प्रतिशत ने प्रत्युत्तर नहीं दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों का एकीकृत विकास केवल भागीदारी पंचवर्षीय/वार्षिक योजनाओं के बनाने के द्वारा ही होगा। राज्य सरकार इसके लिए जोर दे सकेगी।

8. पंचायती राज संस्थाओं द्वारा आस्तियों और उनके मूल्यों का सूचीकरण

केवल 31.07 प्रतिशत ने आस्तियों के साथ उनके मूल्य की सूची प्रस्तुत की है, जबकि 68.93 प्रतिशत ने प्रत्युत्तर नहीं दिया। यह दर्शित करता है कि अधिकतर पंचायती राज संस्थाएं आस्ति रजिस्टर का रखरखाव नहीं करती हैं जो आस्तियों की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।

राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग को इस विषय पर पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 137 का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

9. पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित विषयों के क्रियान्वयन की प्रास्थिति

38.88 प्रतिशत द्वारा यह रिपोर्ट किया गया कि समस्त अधिकारी/कर्मचारिवृन्द उनके नियंत्रण में रखे गये हैं; जबकि 38.95 प्रतिशत ने यह उपदर्शित किया कि कर्मचारिवृन्द उनके नियंत्रण में नहीं रखे गये हैं। 22.17 प्रतिशत ने इस विषय पर कोई राय नहीं दी।

75.06% पंचायती राज संस्थाओं ने यह सूचित किया है कि अन्तरित विभागों का बजट उन्हें अभी तक अन्तरित नहीं किया गया है। 22.96 प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं ने कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया है। इसके अतिरिक्त 67.20 प्रतिशत ने सूचित किया है कि अन्तरित विभागों के समस्त कृत्य उनके द्वारा संपादित नहीं किये जा रहे हैं।

राज्य सरकार का पंचायती राज विभाग, इस रिपोर्ट के अध्याय–v में इस आयोग द्वारा किये गये सुझावों पर विचार करे।

अध्याय–7

नगरीय स्थानीय निकाय

कार्य और संगठन संरचना

I

परिचय

नगरीय जनसांख्यिकी दृश्ययोजना

7.1 नगरीय वृद्धि एक जनसांख्यिकी प्रवृत्ति है जो आर्थिक वृद्धि के साथ होता है। राजस्थान विगत कुछ दशकों के दौरान नगरीय जनसंख्या में वृद्धि का कोई अपवाद नहीं है। राज्य में नगरीय वृद्धि सारणी 7.1 में दर्शित है। अब नगरों और नगरीय क्षेत्रों की संख्या 297 है और कुल नगरीय जनसंख्या 170.48 लाख है। यह 685.48 लाख की राज्य की जनसंख्या का 24.9 प्रतिशत है। नगरीय जनसंख्या 2015 तक 196.4 लाख तक और 2021 तक 227.5 लाख तक की बढ़ोतरी के साथ परियोजित की गयी है। यह विवक्षित है कि नगरीय जनसंख्या का भाग 24.9 के वर्तमान स्तर से 2015 में 25.5 प्रतिशत और 2021 में 26.1 प्रतिशत तक बढ़ जायेगा। नगरीय जनसंख्या की वृद्धि 1971 से कुल जनसंख्या की वृद्धि से अधिक है। नगरीय जनसंख्या में यह वृद्धि केवल जनसंख्या की नैसर्गिक वृद्धि का परिणाम ही नही है अपितु ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही देश के अन्य भागों से प्रवास का परिणाम भी है। इससे नगरीय सेवाओं विशेषतः आवास, जल आपूर्ति, स्वच्छता, परिवहन सेवाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और ठोस अपशिष्ट के व्ययन पर भारी दबाव पड़ा है। राजस्थान नगरीय अवसंरचना विकास परियोजना (रा.न.अ.वि.प.), कुछ नगरीय केन्द्रों में इन विषयों के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा अपने जिम्मे ली गयी एक मुख्य परियोजना है। रा.न.अ.वि.प. के प्रथम क्रम में छह बड़े नगरों को समाविष्ट किया गया है। द्वितीय क्रम में पन्द्रह मध्यम नगरों को समाविष्ट किया जा रहा हैं और तृतीय क्रम में उन्नीस और नगरों को समाविष्ट किया जाना प्रस्तावित है।

सारणी 7.1: राजस्थान की नगरीय जनसंख्या (1941–2011)

वर्ष	कुल जनसंख्या (लाखो में)	दशकीय वृद्धि दर %	कुल नगरीय जनसंख्या (लाखों में)	नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर	राज्य में नगरों/नगरीय क्षेत्रों की संख्या	कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत
1941	138.64	-	21.17		118	15.27
1951	159.71	15.20	29.55	39.58	141	18.50
1961	201.56	26.20	32.81	11.03	141	16.28
1971	257.66	27.83	45.44	38.49	151	17.63
1981	342.62	32.97	72.10	58.67	201	21.05
1991	440.06	28.44	100.67	39.63	222	22.88
2001	565.07	28.41	132.14	31.26	222	23.39
2011	685.48	21.30	170.48	29.00	297	24.9

राजस्थान में नगरीय स्थानीय निकाय और नगरों की जनगणना का वर्गीकरण

7.2 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में नगरों की संख्या और नगरीय जनसंख्या क्रमशः 297 और 170.48 लाख है। तथापि, राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, नगरीय स्थानीय निकायों की संख्या और जनसंख्या क्रमशः 184 और 127.71 लाख है। संख्याओं के दो सैटों में यह भिन्नता जनगणना द्वारा अंगीकृत और राज्य द्वारा अंगीकृत भिन्न मानदण्डों के कारण है जो नगरीय स्थानीय निकायों और नगरों के वर्गीकरण के लिए अंगीकार की गयी। भारत की जनगणना ऐसे समस्त स्थानों को नगरीय क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत करती है जहां नगरपालिका, निगम, कन्टोनमेन्ट बोर्ड या अधिसूचित क्षेत्र समितियां है। इसके अतिरिक्त अन्य समस्त स्थान नगरीय क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किये गये हैं यदि वे निम्नलिखित मानदण्ड पूरे करते है :–

- न्यूनतम जनसंख्या 5000 हो,
- कम से कम 75% कामकाजी पुरूष जनसंख्या गैर कृषिक और अनुलग्नक क्रियाकलापों में लगी हुई हो और
- कम से कम 400 प्रतिवर्ग किलोमीटर या 1000 प्रति वर्ग मील का जनसंख्या घनत्व हो।

राज्य सरकार द्वारा नगरीय स्थानीय निकायों के परिभाषित प्रवर्ग

7.3 राज्य सरकार द्वारा नगरपालिक निकायों को जनसंख्या, अवस्थान और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर पांच प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है। 01.04.2010 को ये प्रवर्ग हैं:

- 5 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले शहरों के लिए नगर निगम। पांच नगर निगम हैं जैसे जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर और अजमेर।
- नगरों के लिए नगर परिषद् जिनमें एक लाख से पांच लाख के बीच जनसंख्या है। ऐसी परिषदें 13 हैं।
- एक लाख से कम जनसंख्या वाले नगरपालिक बोर्डों को आगे और उपविभाजित किया गया है–
    - पचास हजार और एक लाख से कम के मध्य की जनसंख्या वाला द्वितीय प्रवर्ग (36) या जिला मुख्यालयों पर नगरपालिकाएं या जहां प्रति व्यक्ति आय 200 रु. या अधिक है।
    - पच्चीस हजार और पचास हजार से कम के मध्य की जनसंख्या वाला तृतीय प्रवर्ग (58) या जहां प्रति व्यक्ति आय 150 रु. है।
    - पच्चीस हजार से कम की जनसंख्या वाला चतुर्थ प्रवर्ग (72)।

7.4 नगर निगमों के अलावा राजस्थान में केवल चार वर्गों की नगरपालिकाएं थी। परिषदों को प्रथम वर्ग की नगरपालिका के रूप में माना जाता है। राजस्थान में नगरीय स्थानीय निकायों और उनकी जनसंख्या का वितरण प्रवर्गवार सारणी 7.2 में दिया गया है।

सारणी 7.2 : नगरीय स्थानीय निकायों का जनसंख्यावार प्रवर्गीकरण

क्र.सं.	प्रवर्ग	जनसंख्या प्रवर्ग (लाखों में)	सं.	कुल जनसंख्या (लाखों में)
1	नगर निगम	>5.00	5	48.83
2	नगर परिषद्	1.00-5.00	13	24.22
3	नगरपालिक बोर्ड II	0.50-1.00	36	22.04
4	नगरपालिक बोर्ड III	0.25-0.50	58	18.14
5	नगरपालिक बोर्ड IV	<0.25	72	14.48
कुल			**184**	**127.71**

7.5 वर्तमान में, राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के निबंधनों के अनुसार 01.04.2010 को समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को निम्नलिखित तीन प्रवर्गो में वर्गीकृत किया गया हैः–

क्र.सं.	प्रवर्ग	जनसंख्या प्रवर्ग (लाखों में)	सं.	कुल जनसंख्या (लाखों में)
1	नगर निगम	>5.00	5	48.83
2	नगर परिषद्	1.00-5.00	13	24.22
3	नगरपालिका	<1.00	166	54.66
कुल			**184**	**127.71**

7.6 इस प्रकार, जनगणना द्वारा और राज्य सरकार द्वारा प्रयुक्त वर्गीकरण की भिन्नता ने डाटा का विश्लेषण करना कठिन बना दिया है। सारणी यह दर्शित करती है कि राज्य द्वारा अधिसूचित नगरपालिकाओं के अनुसार कुल नगरपालिक जनसंख्या 127.71 लाख है किन्तु 2011 जनगणना में नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या 170.81 लाख दिखायी गयी है। यह प्रकट होता है कि राज्य कुछ क्षेत्रों को ग्रामीण परिभाषित करता है जबकि जनगणना उन्हें नगरीय परिभाषित करती है। यह अन्तर पूर्व वित्त आयोगों द्वारा भी इंगित किया गया है। राज्य के वर्गीकरण का न्यायोचित्य यह है कि कई ऐसे क्षेत्र जो ग्रामीण है कई ग्रामीण स्कीमों के फायदों से वंचित रह सकते हैं किन्तु नगरीय स्कीमों से फायदा प्राप्त किये बिना यदि वे नगरीय क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत हैं। इस संबंध में राज्य के दृष्टिकोण को पृष्ठांकित करते हुए, आयोग का यह दृष्टिकोण है कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के मध्य निधियों का समग्र विभाजन जनसंख्या अनुपात 75:1:24:9 पर किया जाना चाहिए सरकारी सहायता आधारित जनसंख्या का वितरण नगरीय स्थानीय निकायों की अधिसूचित वास्तविक जनसंख्या के आधार पर होना चाहिए। इसलिए, आयोग ने राज्य सरकार द्वारा यथा– वर्गीकृत नगरीय स्थानीय निकायों को जनगणना जनसंख्या डाटा पर निधियों का न्यागमन आधारित किया है।

74 वां संविधान संशोधन

7.7 राजस्थान नगरपालिका (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 1994, 1992 के 74 वें संविधान संशोधन के उपबंधों को सम्मिलित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। संशोधित अधिनियम के मुख्य लक्षण :

परिभाषाओं, नगरपालिकाओं की संरचना और गठन, विभिन्न समितियों, स्थानों का आरक्षण, नगरपालिकाओं की अवधि, सदस्यों की निरर्हता, सदस्यों की शक्तियां, प्राधिकार और दायित्व, नगरपालिकाओं की शक्तियां, प्राधिकार और दायित्व, कर अधिरोपण की शक्तियां, नगरपालिकाओं की निधियां, जिला योजना समिति और मेट्रोपोलिटन योजना समिति से सम्बन्धित है। 74 वां संशोधन, दस लाख या अधिक जनसंख्या वाले मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के लिए विशेष अभिमुक्ति का उपबंध करता है। अब जबकि जयपुर और जोधपुर प्रत्येक की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 10 लाख से अधिक है इसलिए राज्य सरकार को इन नगरों को ''मेट्रोपोलिटन क्षेत्र'' घोषित करने के लिए आवश्यक अधिनियम/नियम बनाने चाहिए। नगरीय स्थानीय निकाय वर्तमान में राजस्थान नगरपालिक अधिनियम, 2009 से शासित हैं। राज्य में नगर निगमों के कार्य की प्रकृति अन्य नगरपालिक निकायों से बिल्कुल भिन्न है। इसलिए, यह सिफारिश की जाती है कि नगर निगमों के लिए पृथक अधिनियम और नियम विरचित किये जाये।

7.8 राजस्थान नगरपालिका (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 1994 में किये गये संशोधनों के अनुक्रम में, वर्षों में कुछ प्रशासनिक परिवर्तन किये गये हैं। ये महापौर और अध्यक्ष की वित्तीय शक्तियों की बढ़ोतरी से संबंधित हैं। समितियों का गठन इन समितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रतिनिधित्व के साथ किया गया है और जिला योजना समितियों में नगरीय स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व मंजूर किया गया है। तथापि, व्यवहारिक कार्यपरक निबंधनों में, कुछ ही परिवर्तन किये गये हैं। महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण एक सकारात्मक परिवर्तन है। वर्तमान में, नगरीय स्थानीय निकायों के महापौरों/अध्यक्षों की प्रवर्गवार संख्या सारणी 7.3 में दिखायी गयी है।

सारणी 7.3 : नगरीय स्थानीय निकायों के अध्यक्षों की प्रवर्गवार संख्या

क्र.सं.	प्रवर्ग	महिला	पुरूष	कुल
1.	सामान्य प्रवर्ग	38	77	115
2.	अनुसूचित जाति	9	18	27
3.	अनुसूचित जनजाति	1	4	5
4.	अन्य पिछड़ा वर्ग	13	24	37
कुल		**61**	**123**	**184**

संवैधानिक संशोधनों के समस्त उपबंधों को सम्मिलित करते हुए नया राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 अधिनियमित किया गया है।

II

कार्य और संगठन ढांचा

कार्य

7.9 विषय/कार्य जिनका पालन नगरपालिकाओं द्वारा किया जाना है भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 की अनुसूची–12 में सूचीबद्ध किये गये हैं। राजस्थान में नगरीय स्थानीय निकायों के कार्य राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 45 और 46 के अधीन स्पष्ट रूप से अधिकथित किये गये हैं। धारा 45 ऐसे मूल नगरपालिक कार्यों के लिए उपबंध करती है जिनका पालन करने के लिए प्रत्येक नगरपालिका कर्तव्यबद्ध है; धारा 46 अन्य नगरपालिक कार्यों के लिए उपबंध करती है जैसे इन निकायों के द्वितीयक कार्य। द्वितीयक कार्य वैकल्पिक हैं और जिनका जिम्मा लिया जाना या पालन किया जाना या पालन में संवर्धन उसकी प्रबंधकीय, तकनीकी और वित्तीय क्षमताओं के अध्यधीन है।

7.10 यद्यपि भारत के संविधान का 74 वां संशोधन और अनुसूची–12 नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा निर्वहन किये जाने वाले 18 कार्य परिकल्पित करती हैं, राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 राज्य में नगरपालिकाओं के लिए 29 बाध्यकारी और 25 विवेकाधीन कार्य परिकल्पित करती है। तथापि, अधिनियम में बाध्यकारी और विवेकाधीन कार्यों के लिए विनिर्दिष्ट उपबंध होने के बावजूद, नगरीय स्थानीय निकाय सामान्यतः सन्तोषप्रद तरीके से उनसे अपेक्षित मूल सेवाएं उपलब्ध कराने में समर्थ नहीं हुए हैं। यहां तक कि नगर निगमों और परिषदों वाले बड़े शहरों में मल प्रवाह और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी आधारभूत सेवाओं की समस्या बनी हुई है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक आवश्यक सेवा है और नगरपालिक निकायों का एक बाध्यकारी कर्त्तव्य है कि प्रतिदिन गलियों की सफाई और अपशिष्ट के व्ययन के लिए व्यवस्था करें। तथापि, नगरीय अपशिष्ट को, प्रबंधन को निम्नतर कार्य के रूप में देखा जाता है जिसे निम्न स्तर अधिकारियों द्वारा ही पर्यवेक्षित किया जाये। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को, प्राथमिकता के रूप में नहीं देखा जाता है यद्यपि सारभूत रूप से नगरीय स्थानीय निकायों की निधियों का एक बड़ा प्रतिशत इस अत्यधिक आवश्यक सेवा पर व्यय किया जा रहा है। योजना और निर्णय करने का अभाव इस प्रकार नगरीय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंध के निम्न स्तर का कारण है।

नगरीय स्थानीय निकायों के चालू विकास कार्यक्रम

7.11 अधिकतर नगरीय स्थानीय निकाय दैनिक कार्यों में लगे हुए हैं और उनके पास विकास क्रियाकलापों में लगाने के लिए वित्तीय संपत्ति स्त्रोत और कार्मिक नहीं है। इसके बावजूद उन्हें क्रियान्वयन करने के लिए अनेक परियोजनाओं/कार्यक्रमों का समनुदेशन किया गया है। नीचे दी गयी इन कार्यक्रमों की सूची विस्तार और उद्देश्यों के निबंधनों में आकर्षक है किन्तु, उस सीमा जिस तक नगरीय स्थानीय निकाय इन क्रियाकलापों में लगे होने में सक्षम होने के कोई प्राधिकृत अध्ययन के दस्तावेज नहीं है।

• स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना • अग्नि शमन सेवाओं का सशक्तीकरण • निम्न लागत स्वच्छता कार्यक्रम • सहभागी नगर विकास योजना • बालिका समृद्धि योजना • राष्ट्रीय गंदी बस्ती विकास कार्यक्रम • नगरीय मजदूरी रोजगार स्कीम • नगरीय गरीबों को आधारभूत सेवाएं • शहरी जन सहभागिता योजना • वाल्मिकी अम्बेडकर आवास योजना • राजस्थान नगरीय अवसंरचना विकास परियोजना	• पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि • नगरीय अवसंरचना और शासन • जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय नगरीय नवीकरण मिशन (ज.न.रा.न.न.मि.) • एकीकृत आवासीय और गंदी बस्ती विकास कार्यक्रम (ए.आ.ग.ब.वि.का.) • लघु और मध्यम नगरों का एकीकृत विकास (ल.म.क.ए.वि.) • लघु और मध्यम नगरों के लिए नगरीय अवसंरचना विकास स्कीम (ल.म.क.न.अ. वि.स्की.) • राजीव आवास योजना

संगठन ढांचा

7.12 नगरीय स्थानीय निकायों के कार्य नगरीय स्थानीय निकायों के प्रवर्गों के बीच अंतर नहीं करते हैं। तथापि, संगठन ढांचा जैसे अनुभागों और कार्मिकों की संख्या परिषद् से परिषद् और बोर्ड से बोर्ड भिन्न है। राज्य सरकार को नगरीय स्थानीय निकायों के प्रत्येक प्रवर्ग के कर्मचारिवृन्द पैटर्न के मानक उनके कानूनी कार्यों के आधार पर बनाने चाहिए। किसी निगम या परिषद् का संरचनात्मक ढांचा विभिन्न अनुभागों से मिलकर बनता है। निम्नलिखित दस अनुभाग लगभग समस्त निगमों और परिषदों में विद्यमान है : (i) राजस्व (ii) स्वास्थ्य और स्वच्छता (iii) लोक संकर्म (iv) विधिक मामले (v) गलियों में प्रकाश (vi) अग्नि शमन (vii) लेखा (viii) सामान्य प्रशासन (ix) गैराज (x) पार्क और बगीचें। इन अनुभागों के प्रमुख संबंधित खण्डों के अधिकारी हैं। कुछ अनुभाग दो, तीन और चार प्रवर्गों की नगरपालिकाओं में विद्यमान नहीं हैं जहां बगीचों और गलियों के प्रकाश संबंधी अनुभाग पृथक रूप से अस्तित्व में नहीं हैं। तीन और चार प्रवर्गों की नगरपालिकाओं में विधिक मामलों, अग्निशमन और लेखों से संबंधित अनुभाग पृथक रूप से अस्तित्व में नहीं है। नगरीय स्थानीय निकायों के कर्मचारिवृन्द, नगरपालिक और अन्य सेवाओं के विभिन्न काडरों से लिये गये हैं।

7.13 शीर्ष स्तर पर, स्थानीय निकायों का निदेशालय समस्त नगरीय स्थानीय निकायों के क्रियाकलापों के समन्वय हेतु सरकार में नोडल एजेन्सी में है। स्थानीय निकायों के निदेशालय में पृथक कृत्यों जैसे परियोजनाओं, अभियांत्रिकी, लेखों, संस्थापन, विधिक मामले, सतर्कता, सांख्यिकी और जन संपर्क से व्यवहार

करने के लिए प्रकोष्ठ/अनुभाग हैं। प्रत्येक खण्ड मुख्यालय पर सात क्षेत्रीय कार्यालय हैं जिसका प्रमुख उप निदेशक तथा उसके पास सहयोगी कर्मचारिवृन्द हैं।

नगरीय स्थानीय निकायों के कर्मचारिवृन्द

7.14 कर्मचारिवृन्द पैटर्न, नीति और पद्धति में वर्षों से परिवर्तन नहीं हुआ है। कर्मचारिवृन्द पैटर्न लगातार वही है जो पहले था सिवाय चुंगी समाप्त होने के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में कर्मचारियों को अतिशेष घोषित किया था और नगरपालिका के भीतर रिक्त पदों के विरूद्ध आमेलित किया था या अन्य सरकारी संस्थापनों को स्थानान्तरित किया गया था। स्थानीय स्वायत्त शासन के निदेशालय द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उपलब्ध डाटा के अनुसार स्वीकृत पदों के विभिन्न प्रवर्गों और निगमों, परिषदों और नगरपालिक बोर्डों में कार्य कर रहे व्यक्तियों की संख्या 22536 है। इस संख्या में अधिकारी और कर्मचारिवृन्द (सफाई कर्मचारियों सहित) सम्मिलित हैं। ब्यौरे उपाबंध–VII –1 पर उपलब्ध हैं।

7.15 प्रथम वित्त आयोग ने कर्मचारिवृन्द संबंधी मुद्दों को उजागर किया था और निजीकरण प्रयासों के संदर्भ में जीवनक्षम कर्मचारिवृन्द पालिसी के लिए अनुकल्प अग्रेषित किये थे। द्वितीय और तृतीय राज्य वित्त आयोगों ने भी कर्मचारिवृन्द पालिसी की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस आयोग का भी यह विचार है कि नगरीय स्थानीय निकायों के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कर्मचारिवृन्द पालिसी विरचित की जानी चाहिए। इस प्रयोजन के लिए कार्यभार के आधार पर कर्मचारिवृन्द पैटर्न का सुझाव देने के लिए किसी व्यावसायिक निकाय को एक अध्ययन समनुदेशित किया जा सकता है।

7.16 एक तरफ कर्मचारिवृन्द की कमी और दूसरी तरफ राज्य सरकार द्वारा भर्ती पर रोक के कारण स्वच्छता और अपशिष्ट व्ययन और प्रबन्धन के कार्यों का प्रभावी रूप से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। यह लोक प्रतिनिधियों और पदधारियों के क्षेत्र भ्रमणों और बैठकों के दौरान उजागर हुआ था। सफाई कर्मचारिवृन्द या स्वीपर की अपेक्षित संख्या में नयी कालोनियों के बनने और बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए मंजूर पदों के सुव्यवस्थीकरण, पदों की समाप्ति जिनकी आवश्यकता नहीं है, नगरीय क्षेत्रों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जा सके। स्वच्छता कर्मचारिवृन्द/स्वीपर की भर्ती अनुज्ञात करने, स्वच्छता क्रियाकलापों के यांत्रिकीकरण और निजीकरण संबंधी मामलों पर विचार किये जाने की आवश्यकता है ताकि नगरीय क्षेत्रों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जा सके। हमारे ध्यान में यह भी लाया गया था कि सफाई/स्वच्छता कार्य के लिए व्यक्तियों को संविदा पर लगाने के लिए स्थानीय निकाय विभाग की अनुज्ञा अपेक्षित है। यह समय नष्ट करने वाला है और प्रक्रिया विस्तृत है। यह सुझाव दिया गया था कि ये शक्तियां जिला कलक्टर को प्रत्यायोजित की जा सकती हैं। राज्य सरकार समुचित कार्रवाई के लिए इस मामले का परीक्षण कर सकती हैं। मानव शक्ति की भारी कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने 30000 सफाई कर्मचारियों की मंजूरी के साथ ही अब नगरीय स्थानीय निकायों के विभिन्न सेवा प्रवर्गों में 7793 पद मंजूर

किये हैं जो दो चरणों में भरे जायेंगे। यह आशा की जाती है कि आने वाले दिनों में सेवाओं और संपादन की गुणवता में सुधार होगा।

7.17 अधीनस्थ और मंत्रालयिक सेवा कर्मचारिवृन्दों के चयन के लिए एक राज्य स्तरीय आयोग, निदेशक, स्थानीय निकाय की अध्यक्षता में गठित किया गया है। निदेशक एक व्यस्त अधिकारी है और इस कार्य के लिए उसके पास बहुत कम समय है। इसके अतिरिक्त निदेशालय के पास उपयुक्त कार्मिकों का चयन करने के लिए कोई अनुभव नहीं है। आयोग यह सिफारिश करता है कि नगरपालिक सेवाओं के अधिकारियों और अधीनस्थ कार्मिकों का चयन करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग की तरह कुछ अन्य सदस्यों की सहायता द्वारा किसी अनुभवी और विख्यात व्यक्ति की अध्यक्षता के अधीन एक स्वतंत्र सेवा चयन आयोग होना चाहिए। यह व्यवस्था चयन प्रक्रिया को गति देगी और नियमित आधार पर निपुण कर्मचारिवृन्द के चयन में सहायता करेगी।

7.18 निर्वाचित नगरीय स्थानीय निकायों का वर्तमान गठन, सभी स्तरों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों और महिला सदस्यों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। नगरीय स्थानीय निकायों के कार्य में समस्त निर्वाचित प्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से, नगरीय सेवाओं के प्रबंध के लिए, नगरीय स्थानीय निकायों को प्रभावी संस्थाएं बनाने के लिए, प्रतिनिधियों को समर्थ बनाने के लिए क्षमता का निर्माण आवश्यक है। क्षमता का निर्माण विशेषतः उन लोक प्रतिनिधियों के लिए आवश्यक है जो प्रथम बार निर्वाचित हुए हैं और जिनके पास नगरीय स्थानीय निकायों के कार्यकरण की पृष्ठभूमि या अनुभव नहीं है। इन प्रतिनिधियों को सेवा कालावधि के दौरान कम से कम दो बार प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए अर्थात् एक प्रारंभ में और दूसरा मध्य में अर्थात् ढाई वर्ष पश्चात्।

अध्याय–7 का परिशिष्ट

राजस्व और व्यय का सांख्यिकी विश्लेषण और नगरीय स्थानीय निकायों का दृष्टिकोण

राजस्व प्राप्तियां

क 7.1 उपाबंध VII.2 से VII.7 पर दी गयी नगरीय स्थानीय निकायों की राजस्व प्राप्तियों के डाटा का विश्लेषण नगरीय स्थानीय निकायों के प्रवर्गों के राजस्व प्राप्तियों में असमानता और असंतुलन दर्शाता है। समस्त नगरीय स्थानीय निकायों की दशा में बाध्यता राजस्व कर 2005–06 में 3.66 प्रतिशत से घटकर 2009–10 में 0.78 प्रतिशत हो गया है। जबकि विवेकाधीन कर राजस्व 2005–06 में 0.61 प्रतिशत की तुलना में 2009–10 में 1.67 प्रतिशत बढ़ गया है। कुल कर राजस्व 2005–06 में 4.27 प्रतिशत से 2009–10 में 2.46 प्रतिशत गिरावट का ट्रेंड दर्शित करता है। आन्तरिक आय 2005–06 में 21.32% से 2009–10 में 25. 19% बढ़ी है। समस्त नगरीय स्थानीय निकायों की कुल राजस्व प्राप्तियां 2005–10 के दौरान 75% तक बढ़ी है।

क 7.2 नगर निगमों की दशा में, बाध्यता कर राजस्व जिसमें केवल भूमि और भवन पर कर ही आते हैं, 2005–06 में 5.91 प्रतिशत से 2009–10 में 1.14 प्रतिशत तक कम हुआ है; जबकि विवेकाधीन करों के मामले में बढ़ने की प्रवृत्ति है। विवेकाधीन कर जो 2005–06 में 0.25% था 2009–10 में बढ़कर 2.46% हो गया है। नगर निगमों के आन्तरिक गैर–कर राजस्व में मुख्य अंश भूमि के विक्रय से आया है जो वर्ष 2009–10 में 9.67% है। राजस्व प्राप्तियों की यही प्रवृत्ति और रूप नगर परिषदों और नगरपालिकाओं में पाया गया है। यद्यपि, नगर परिषदों और नगरपालिकाओं की आन्तरिक आय उनके द्वारा विक्रय की गई भूमि के कारण बढ़ी है। नगर निगमों की दशा में बाह्य गैर–कर आय का अंश 2005–06 में 67.78% की तुलना में 2009–10 में 73.60% तक बढ़ा है। नगरीय स्थानीय निकायों के अन्य प्रवर्ग बाह्य गैर–कर आय में घटने की प्रवृत्ति दर्शित करते हैं।

क 7.3 नगर परिषदों में कर राजस्व से आय का अंश 2005–06 में 2.82% से घटकर 2009–10 में 2.13% हो गया है। गैर–कर राजस्व की आन्तरिक आय 2005–06 में 14.92% से बढ़कर 2009–10 में 21.76% हो गयी है। यह बढ़ोतरी भूमि के विक्रय से आय के कारण हुई है। बाह्य आय का अंश 2005–06 में 82. 26% से घटकर 2009–10 में 76.11% हो गया है। नगर परिषदों का कुल राजस्व इस कालावधि के दौरान 71.71% तक बढ़ा है।

क 7.4 वर्ग–2 नगरपालिकाओं के कर राजस्व का अंश 2005–06 में 3.75% से घटकर 2009–10 में 1.50% हो गया है और आन्तरिक आय 2005–06 में 21.99% से 2009–10 में बढ़कर 32.01% हो गई है। यह बढ़ोतरी, भूमि के विक्रय से प्राप्तियों में बढ़ोतरी के कारण है। स्वयं की आय का मुख्य घटक, भूमि के विक्रय से प्राप्तियां हैं जो 2009–10 में नगरपालिका–2 की कुल प्राप्तियों का 20.91% है। नगरपालिका–2 की कुल राजस्व प्राप्तियां इस कालावधि में 127.10% तक बढ़ी है।

क 7.5 नगरपालिका–3 के कर राजस्व का अंश 2005–06 में 2.90% से घटकर 2009–10 में 2.21% रह गया है। मुख्यतः भूमि के विक्रय से प्राप्तियों के कारण आन्तरिक आय 2005–06 में 20.16% से बढ़कर 2009–10 में 24.65% हो गयी है। गैर–कर राजस्व का अंश 2005–06 में 97.10% से 2009–10 में 97.79% थोड़ा सा बढ़ा है। नगरपालिका–3 की कुल प्राप्तियां इस कालावधि के दौरान 53.86% तक बढ़ी है।

क 7.6 प्रवर्ग–4 नगरपालिकाओं की दशा में कर राजस्व का अंश 2005–06 में 2.64% से घटकर 2009–10 में 1.26% हो गया है। आन्तरिक आय का अंश भूमि के विक्रय से प्राप्तियों के कारण 2005–06 में 15.46% से बढ़कर 2009–10 में 25.82% हो गया है। गैर–कर आय का अंश भी 2005–06 में 97.36% से बढ़कर 2009–10 में 98.74% हो गया है। कुल राजस्व प्राप्तियां इस कालावधि के दौरान 63.61% तक बढ़ गयी हैं।

क 7.7 भूमि और भवन कर का संग्रहण/वसूली, जो भवन कर/नगरीय विकास कर के रूप में सर्वविदित है, नगरीय स्थानीय निकायों के राजस्व का एक स्थायी और प्रमुख स्त्रोत है, नगरीय स्थानीय निकायों के समस्त प्रवर्गों में घटा है, जैसा नीचे दर्शित है:

सारणी क 7.1 कुल प्राप्तियों के भूमि और भवन कर से आय का अंश

(आंकड़े प्रतिशत में)

नगरीय स्थानीय निकायों के प्रवर्ग	**2005-06**	**2009-10**
समस्त नगरीय स्थानीय निकाय	3.66	0.78
निगम	5.91	1.14
परिषदें	2.30	0.57
प्रवर्ग–2	2.67	0.58
प्रवर्ग–3	1.98	0.61
प्रवर्ग–4	1.68	0.56

48 नगरीय स्थानीय निकायों ने 2009–10 में भूमि और भवन कर (या नगर विकास कर) उद्गृहीत या संग्रहीत नहीं किया है।

आकृति–6

नगरीय स्थानीय निकायों का 2005–06 से 2009–10 तक वर्षवार स्वयं का राजस्व

(रुपये करोड़ों में)



आकृति–7

नगरीय स्थानीय निकायों का 2005–06 से 2009–10 तक संस्थावार/वर्षवार राजस्व

(रुपये करोड़ों में)



आकृति–8

नगरीय स्थानीय निकायों का 2005–06 से 2009–10 तक शीर्षवार/वर्षवार राजस्व

(रु. करोड़ में)



क 7.7 यह भी देखा जा सकता है कि नगरीय स्थानीय निकायों ने अपने स्वयं के राजस्व स्त्रोत विकसित नहीं किये हैं किन्तु राज्य सरकार की सहायता पर निर्भर हैं। 2005–06 के दौरान, कुल प्राप्तियों में से बाह्य आय 95.73% थी जो सामान्य प्रयोजन अनुदान, विशेष अनुदान, चुंगी के लिए प्रतिकर, राज्य वित्त आयोग/टी एफ सी की सिफारिशों के अधीन अनुदान, मनोरंजन कर का अंश, ऋण और प्रकीर्ण प्राप्तियों के रूप में प्राप्त की गयी थी। इस 95.73% में चुंगी के लिए प्रतिकर से 46.75% का अंश भी सम्मिलित हैं। चुंगी के लिए प्रतिकर का अंश, 2009–10 में कुल बाह्य आय के 97.54% से घटकर 39.55% हो गया है जबकि एस एफ सी/टी एफ सी अनुदानों का अंश 8.23% से बढ़कर 9.64% हो गया है।

क 7.8 यहां यह भी वर्णित किया जाना आवश्यक है कि पूंजीगत आस्तियों को विकसित करने और नियमित आय का जनन करने के लिए इस स्थायी सम्पति के स्त्रोत का उपयोग करने की बजाय नगरीय स्थानीय निकायों ने अपनी अधिकारिता में उपलब्ध सरकारी के व्ययन के माध्यम से निधियों का जनन किया है। आंकड़े यह दर्शित करते है कि भूमि के विक्रय से राजस्व 2005–06 के दौरान 10.11% से बढ़कर 2009–10 के दौरान 14.12% हो गया है। वर्ग–2 नगरपालिकाओं ने 2009–10 के दौरान भूमि के विक्रय से 20.91% राजस्व का उपार्जन किया है। यह संदर्भ कालावधि के दौरान समस्त नगरीय स्थानीय निकायों में सर्वाधिक हैं। निम्नलिखित सारणी भूमि के विक्रय से राजस्व पर नगरीय स्थानीय निकायों का निर्भर होना दर्शित करती है:

सारणी क 7.2: नगरीय स्थानीय निकायों के कुल राजस्व में भूमि के विक्रय से प्राप्तियों का अंश

नगरीय स्थानीय निकाय	कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में भूमि का विक्रय	
	2005-06	**2009-10**
नगर निगम	11.95	9.67
नगर परिषदें	6.45	12.37
नगरपालिकाएं–2	10.47	20.91
नगरपालिकाएं–3	11.70	16.02
नगरपालिकाएं–4	6.80	16.13

व्यय

क 7.9 उपाबंध VII–8 में डाटा यह दर्शित करता है कि नगरीय स्थानीय निकायों का कुल व्यय 2005–06 की तुलना में 2009–10 में 83.73% तक बढ़ गया है। संस्थापन पर व्यय का अंश समस्त नगरीय निकायों के कुल व्यय के 11.80% से 13.69% के बीच रहा है। स्वास्थ्य और स्वच्छता पर व्यय वर्ष 2005–06 मे 272.37 करोड़ रु. अर्थात् कुल व्यय के 28.75% के विरूद्ध वर्ष 2009–10 में बढ़कर 524.17 करोड़ रु. अर्थात् कुल व्यय का 30.12% हो गया। जन सुविधाओं पर व्यय, जिनमें अधिकतर मूल कृत्य समाविष्ट होते हैं, यद्यपि आत्यांतिक निबंधनों में बढ़ा हैं किन्तु 2005–06 में 12.34% से घटकर 2009–10 में 10.94% तक हुआ है। सामान्य रखरखाव पर व्यय 2005–06 में 2.32% की तुलना में 2009–10 में 2.88% उपगत हुआ जो विशेष बढोतरी दर्शित नहीं करता है। विकास और आस्ति सृजन पर व्यय लगभग वही रहा। यही प्रवृत्ति नगरीय स्थानीय निकायों के समस्त प्रवर्गों में देखी गयी है।

क 7.10 सामान्य रखरखाव पर व्यय एक ऐसा व्यय है जो या तो स्वयं के स्त्रोतों से या बाह्य स्त्रोतों से निधियों की उपलब्धता पर उपगत होता है। इस लेखा पर व्यय जैसा उपाबंध VII–9 से VII–13 से दर्शित है, संबंधित नगरपालिका के कुल व्यय के संदर्भ में नगरपालिका से नगरपालिका भिन्न है। प्रवर्ग–III और IV के अधीन आने वाली नगरपालिकाओं द्वारा उपगत व्यय 1 प्रतिशत से कम है। प्रवर्ग–II के अधीन यह 1.27 प्रतिशत है जबकि नगर परिषदों ने 2009–10 में कुल व्यय का 7.40 प्रतिशत उपगत किया है। निगमों द्वारा इस मदें व्यय 2005–10 के दौरान कुल व्यय का लगभग 3 प्रतिशत रहा।

क 7.11 नगरीय स्थानीय निकायों का प्राथमिक कर्तव्य मूल कृत्यों जैसे क्षेत्र में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गलियों का प्रकाश, सड़कों और पथों का संनिर्माण और रखरखाव, दूषित जल निकास, सार्वजनिक बगीचों का रखरखाव, सामुदायिक हालों और शव दहन के निर्वहन द्वारा लोगों को आधारभूत नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उनसे इन कृत्यों पर उनके व्यय का मुख्य अंश उपगत करने की अपेक्षा की जाती है। उपलब्ध सूचना के अनुसार, 2005–06 के दौरान कुल व्यय का लगभग 41.09% इन कृत्यों पर उपगत किया गया है। यह अंश 2009–10 में भी 41.06% पर स्थिर रहा।

क 7.12 नगर निगमों ने इन सेवाओं पर 2005–06 में 54.97% उपगत किया है जो 2009–10 में लगभग वही रहा अर्थात् 54.06%। नगर परिषदों ने 2005–06 में 45.47% और 2009–10 में 45.12% उपगत किया है। नगरपालिकाओं में व्यय निगमों और परिषदों की तुलना में कम पाया गया है। 2009–10 के दौरान प्रवर्ग–II में यह 25.76% प्रवर्ग–III में 31.84% और प्रवर्ग–IV में 28.42% था। यह स्पष्ट रूप से नगरपालिकाओं में निधियों का अभाव व्यक्त करता है जिससे उनकी मूल सेवाओं पर विपरीत असर होता है।

आकृति–9

2005–06 से 2009–10 तक नगरीय स्थानीय निकायों के संस्थावार/वर्षवार व्यय

(रुपये करोड़ों में)



आकृति–10

राजस्थान में (2005–06 से 2009–10) समस्त नगरीय स्थानीय निकायों का शीर्षवार/वर्षवार व्यय

(रु. करोड़ में)



क 7.13 विकास और आस्ति सृजन पर व्यय समस्त नगरीय स्थानीय निकायों में 2005–10 की कालावधि के दौरान लगभग स्थिर रहा है। उसी समय जब प्रतिशत निबन्धनों के अनुसार निगमों में व्यय लगभग वही था, नगर परिषदों और प्रवर्ग–II की नगरपालिकाओं में व्यय बढ़ा है और प्रवर्ग–III और IV के अधीन आने वाली नगरपालिकाओं के मामले में व्यय कम हुआ है।

क 7.14 नगरीय स्थानीय निकायों के विचारः

नगरीय स्थानीय निकाय के लोक प्रतिनिधियों और अधिकारियों को विचार और प्रतिपुष्टि के लिए विभिन्न मुद्दों पर 27 प्रश्नों की प्रश्नमाला परिचालित की गयी। प्रत्युत्तरों के आधार पर आयोग ने पणधारियों के फायदे के लिए चयनित प्रश्नों का मूल्यांकन किया है। प्रश्नवार मूल्यांकन निम्न प्रकार हैः

1. नगरीय स्थानीय निकायों के वर्गीकरण के मानदण्ड से संबंधित सुझाव।

प्रतिपुष्टि निम्नलिखित प्रकट करती हैः

क्र.सं.	विशिष्टियां		नगर निगम	नगर परिषद्	नगरपालिकाएं			योग
					II	III	IV	
1	जनसंख्या के आधार पर	सं.	3	8	19	28	32	90
		%	60.00	61.54	52.78	48.27	44.44	48.91
2	संपत्ति स्त्रोत के आधार पर	सं.	2	2	13	25	30	72
		%	40.00	15.38	36.11	43.10	41.67	39.13
3	नगरीकरण/अर्द्ध नगरीकरण	सं.	-	2	4	4	4	14
		%	-	15.38	11.11	6.90	5.56	7.61
4	जनसंख्या और वित्तीय स्थिति दोनों	सं.	-	1	-	1	6	8
		%	-	7.70	-	1.73	8.33	4.35
	योग	सं.	5	13	36	58	72	184
		%	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

नगरीय स्थानीय निकायों के 48.91 प्रतिशत प्रत्युत्तरों ने, जनसंख्या को वर्गीकरण के लिए मानदण्ड के रूप में लेने का सुझाव दिया है जबकि 39.13 प्रतिशत वर्गीकरण के लिए नगरीय स्थानीय निकाय के सम्पत्ति स्त्रोतों के पक्ष में थे।

नगरीय स्थानीय निकायों के वर्गीकरण के मानदण्ड आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधियों द्वारा दी गयी प्रतिपुष्टि को सम्मिलित करते हुए समस्त गुणवगुणों को विचार में लेने के पश्चात् अवधारित किये गये हैं।

2. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 में परिभाषित कृत्यों और विकास संकर्मों के निष्पादन के लिए संपत्ति को स्त्रोतों को बढ़ाने संबंधी सुझाव

प्रतिपुष्टि निम्नलिखित प्रकट करती है:

विशिष्टियां		नगर निगम	नगर परिषद्	नगरपालिकाएं			योग
				II	III	IV	
भागतः व्यवस्था की जा सकती है	सं.	4	7	27	34	6	78
	%	80.00	53.85	75.00	58.62	8.33	42.39
व्यवस्था नहीं की जा सकती हैं	सं.	1	5	7	21	36	70
	%	20.00	38.46	19.44	36.21	50.00	38.04
पूर्णतः व्यवस्थित	सं.	-	1	2	3	30	36
	%	-	7.69	5.56	5.17	41.67	19.57
योग	सं.	5	13	36	58	72	184
	%	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

उपर्युक्त आंकड़े एक सुभिन्न प्रवृत्ति दर्शित करता है जैसे निगमों को सम्पति स्त्रोतों की गंभीर समस्या नहीं हैं क्योंकि नगरपालिकाओं के 50% की तुलना में, जिनकी यह राय थी सम्पति स्त्रोतों की व्यवस्था नहीं की जा सकती, 20% निगमों की यह राय थी कि सम्पति स्त्रोतों की व्यवस्था नहीं की जा सकती।

राज्य सरकार किसी प्रोत्साहन स्कीम की अभिलक्षणा पर विचार कर सकती है ताकि नगरीय स्थानीय निकायों को अपने स्वयं के राजस्व संपत्ति के स्त्रोतों के जनन के लिए अभिप्रेरित किया जा सके।

3. **नगरीय स्थानीय निकायों की नाजुक वित्तीय स्थिति के लिए मुख्य कारणों के सुझाव** अधिकतर नगरीय स्थानीय निकायों ने निम्नलिखित कारणों को इंगित किया है:

(i) स्वयं के राजस्व संपत्ति के स्त्रोतों के संवर्धन के लिए इच्छा का अभाव

(ii) अत्यधिक अनुत्पादक व्यय

(iii) नगरपालिक शोध्यों की वसूली के लिए प्राधिकार का अभाव

राज्य सरकार राजस्व विभाग की तरह नगरपालिक शोध्यों की वसूली के लिए नगरीय स्थानीय निकायों को विधिक प्राधिकार व्यस्त करने पर विचार कर सकती है।

4. **नगरीय स्थानीय निकायों में संग्रहण दक्षता की अभिवृद्धि हेतु उपायों का सुझाया जाना ।**

प्रतिपुष्टि निम्नलिखित प्रकट करती है:

क्र. सं.	विशिष्टियाँ		नगर निगम	नगर परिषद्	नगरपालिकाएँ			कुल
					II	III	IV	
1	अन्य अभिकरणों जैसे जन–स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग, विद्युत वितरण	सं.	3	7	15	30	30	85
		%	60.00	53.85	41.66	51.72	41.67	46.20

	निगम, निजी अभिकरण द्वारा या समर्पित स्टाफ उपलब्ध कराके वसूली							
2	समस्त राज्य में करों और फीसों की दरों में एकरूपता, कारबार के प्रारंभ से पूर्व नगरीय स्थानीय निकायों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने का आज्ञापक उपबंध, और भूमि विधियों का सरलीकरण	सं.	–	3	5	4	16	28
		%	–	23.08	13.89	6.89	22.22	15.21
3	लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली के लिए प्रोत्साहन	सं.	–	1	2	2	4	9
		%	–	7.69	5.56	3.45	5.56	4.89
4	व्यतिक्रमियों के जल और विद्युत का सम्बन्ध विच्छेद	सं.	2	1	12	16	11	42
		%	40.00	7.69	33.33	27.59	15.28	22.83
5	मांग रजिस्टर का समुचित रख–रखाव	सं.	–	1	–	2	2	5
		%	–	7.69	–	3.45	2.77	2.72
6	अन्य (यदि कोई हों)	सं.	–	–	2	4	9	15
		%	–	–	5.55	6.90	12.50	8.15
	कुल	सं.	5	13	36	58	72	184
		%	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

प्रत्युत्तर में, 46.20 प्रतिशत ने विचार व्यक्त किया कि राजस्व का संग्रहण, अन्य अभिकरणों जैसे जन–स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, विद्युत निगम, निजी अभिकरण द्वारा या इस प्रयोजन के लिए समर्पित स्टाफ अभिनियोजित करके किया जाना चाहिए। जबकि 22.83 प्रतिशत ने सुझाव दिया है कि व्यतिक्रमियों के विरूद्ध जल और विद्युत के सम्बन्ध विच्छेद जैसी कार्रवाई, आवश्यक विधिक उपबंध करने के पश्चात् की जानी चाहिए। 15.21 प्रतिशत सभी नगरीय स्थानीय निकायों में करों और फीसों की दरों में एकरूपता, कारबार प्रारम्भ करने के लिए सम्बन्धित नगरीय स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना आज्ञापक करने और भूमि से सम्बन्धित नियमों के सरलीकरण के पक्ष में हैं। 4.89 प्रतिशत ने लक्ष्यों की तुलना में राजस्व में वृद्धि के लिए प्रोत्साहन देने का पक्ष लिया है।

राज्य सरकार दिये गये सुझावों पर विचार करके उपयुक्त कदम उठा सकेगी।

5. नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा संपदाओं के गतिशीलन/उन्नयन के लिए अधिनियम में न्यस्त शक्तियों की पर्याप्तता के बारे में सुझाव।

इस प्रश्न का उत्तर "हां" या "नहीं" में दिया जाना था। यह भी वांछा की गयी थी कि यदि उत्तर "नहीं" है तो किस प्रकार की विधिक शक्तियां न्यस्त की जानी अपेक्षित हैं।

प्रतिपुष्टि निम्नलिखित प्रकट करती है :

विशिष्टियां		नगर निगम	नगर परिषद्	नगरपालिकाएं			कुल
				II	III	IV	
हां	सं.	–	4	21	34	36	95
	%	–	30.77	58.33	58.62	50.00	51.63
नहीं	सं.	5	9	15	24	36	89
	%	100.00	69.23	41.67	41.38	50.00	48.37
कुल	सं.	5	13	36	58	72	184
	%	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

निम्नलिखित विकल्प उनसे प्राप्त हुए जिन्होंने **नहीं** में उत्तर दिया :

स्थानीय निकाय अधिकारियों को राजस्व अधिकारियों की शक्तियां दी जाये	सं.	1	3	5	9	12	30
	%	20.00	33.33	33.33	37.50	33.33	33.71
नगरीय स्थानीय निकायों को भूमि उपयोग के नियमितीकरण की शक्तियां दी जाये	सं.	–	2	1	3	3	9
	%	–	22.22	6.67	12.50	8.33	10.11
नगरीय स्थानीय निकाय कर उद्ग्रहण करने और उप–विधि प्रख्यापित करने के लिए पूर्णरूप से सशक्त होने चाहिए	सं.	3	4	8	10	15	40
	%	60.00	44.45	53.33	41.67	41.37	44.95
नगरीय क्षेत्र में आने वाली सरकारी भूमि नगरीय स्थानीय निकाय में निहित होनी चाहिए	सं.	–	–	1	2	3	6
	%	–	–	6.67	8.33	8.33	6.74
अन्य (कोई राय नहीं)	सं.	1	–	–	–	3	4
	%	20.00	–	–	–	8.34	4.49
कुल	सं.	5	09	15	24	36	89
	%	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

प्रत्युत्तर में, 51.63 प्रतिशत ने सकारात्मक उत्तर दिया। शेष 48.37 प्रतिशत ने "नहीं" उत्तर दिया कि अधिनियम द्वारा पर्याप्त शक्तियां न्यस्त नहीं की गयी हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि नगरीय स्थानीय

निकाय प्राधिकारियों के पास राजस्व विभाग के अधिकारियों जैसी शक्तियां होनी चाहिए। नगरीय स्थानीय निकायों को करों के उद्ग्रहण के लिये सशक्त किया जाये। यह भी सुझाव दिया गया है कि नगरीय स्थानीय निकाय क्षेत्र में आने वाली उपलब्ध सरकारी भूमि का स्वामित्व उन्हीं में निहित होना चाहिए।

यद्यपि, राज्य सरकार ने नगरीय स्थानीय निकायों को कर उद्ग्रहण की शक्तियों का विकेन्द्रीकरण कर दिया है किन्तु प्रक्रिया के सुव्यवस्थीकरण और सरलीकरण पर विचार किया जाये।

6. गैर–कर राजस्व में से स्थापन लागत को पूरा करने के लिए ठोस प्रस्ताव का सुझाव दें।

मात्र 36.41 प्रतिशत नगरीय स्थानीय निकायों ने जवाब दिया। प्राप्त सुझाव हैं:

सुझाव	नगरीय स्थानीय निकायों ने जवाब दिया	
	सं.	%
1. नगरीय क्षेत्र में आने वाली सिवाय चक भूमि का स्वामित्व नगरीय स्थानीय निकायों में निहित होना चाहिए और भूमि संपरिवर्तन की फीस नगरीय स्थानीय निकायों को दी जानी चाहिए।	17	9.24
2. स्थापन लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाये	12	6.52
3. नगरीय विकास कर का पुनर्निधारण	12	6.52
4. आवासों के रजिस्ट्रीकरण की कम से कम 1 से 2 % रकम नगरीय स्थानीय निकायों को दी जाये	6	3.26
5. प्रति व्यक्ति अनुदान का पुनः स्थापन	5	2.72
6. स्वच्छता कर अनिवार्य रूप से समस्त राज्य में उद्गृहीत किया जाये	2	1.09
7. गैर–कृषि भूमि का विकास नगरीय स्थानीय निकायों के पास होना चाहिए	4	2.17
8. चुंगी के प्रतिकर में वृद्धि	6	3.27
9. वाणिज्यक स्थानों का संनिर्माण और उनको किराये पर दिया जाना	1	0.54
10. नये मोबाइल कनेक्शन पर प्रभार	1	0.54
11. भूमिगत केबलों पर किराया प्रभारित किया जाये	1	0.54

जैसे कि मात्र 36% नगरीय स्थानीय निकायों ने इस प्रश्न का जवाब दिया है अतः निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। तथापि, नगरीय स्थानीय निकायों को क्रमिक रीति में अपनी राजस्व संपदा को बढ़ा कर सरकार पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए।

अध्याय 8

नगरीय स्थानीय निकायों की निधियों की आवश्यकता

8.1 नगरीय स्थानीय निकायों की वित्तीय आवश्यकताएं उनके क्रियाशील उत्तरदायित्वों पर निर्भर करती हैं। नगरीय स्थानीय निकायों के कृत्य राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 45 और 46 के अधीन स्पष्ट रूप से अधिकथित हैं। 74 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 की अनुसूची 12, ने नगरपालिकाओं के लिए जिनके लिए वे पहले उत्तरदायी हुआ करती थीं के बजाय विस्तृत क्रियाशील अधिकार क्षेत्र प्रस्तावित किया है। उनके लिए परिकल्पित नये कृत्यों में सामाजिक और आर्थिक विकास, नगरीय निर्धनता का उपशमन, नगर आयोजना, भूमि उपयोग का विनियमन, नगरीय वानिकी को सम्मिलित करते हुए नगरीय योजना और पर्यावरण का संरक्षण और पारिस्थितिकी पहलुओं की अभिवृद्धि और सांस्कृतिक, शैक्षिक और सौंदर्य संबंधी पहलुओं की अभिवृद्धि और पशु क्रूरता निवारण के लिए योजना सम्मिलित है। अधिकांश नगरीय स्थानीय निकाय संस्थागत क्षमता और अपर्याप्त कुशल जनशक्ति के अभाव में इन अतिरिक्त कृत्यों का पालन नहीं कर रहे हैं। कमजोर वित्तीय और संगठनात्मक आधार नगरीय स्थानीय निकायों को संतोषजनक ढंग से इन बुनियादी और आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुमति नहीं देता है।

8.2 राजस्थान में, पेयजल आपूर्ति को छोड़कर, नगरीय स्थानीय निकाय संविधान की अनुसूची 12 में उल्लिखित सभी कृत्यों का पालन कर रहे हैं। ई.एफ.सी. का भी यह विचार है कि प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्थानीय निकायों के मुख्य कार्य हैं। तथापि, राजस्थान में ये दो कृत्य राज्य सरकार के संबंधित विभागों द्वारा किये जा रहे हैं। इसलिए, प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए आवश्यक निधियों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया गया हालांकि कुछ बड़ी नगरपालिकाओं के पास चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी और कुछ स्वास्थ्य देखभाल स्टाफ हैं। राज्य सरकार प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य के कृत्यों को पृथक रूप से नगरीय स्थानीय निकायों को स्थानान्तरित करने पर विचार करेगी।

8.3 आयोग ने मुख्य कृत्यों की परिचालन और रख–रखाव अपेक्षाओं को यह उपधारित करते हुए निर्धारित किया कि अवसंरचना और सुविधाओं के सृजन के लिए वित्तीय आवश्यकताएं विभिन्न कार्यक्रमों जैसे जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अधीन राज्य योजना, विश्व बैंक और एशिया विकास बैंक जैसी बाह्य निधिकरण अभिकरणों की सहायता से प्राप्त निधियों से पूरी होंगी।

8.4 कुछ अध्ययन और मार्गदर्शक सिद्धान्त जो उनके लिए मानक और निधियों की आवश्यताएं अधिकथित करते हैं, उपलब्ध हैं। ये वर्तमान आवश्यकताओं के आकलन के लिए आधार प्रदान कर सकते हैं। तथापि, अध्ययन और मार्गदर्शक सिद्धान्तों के परीक्षण से पहले, यह आवश्यक है कि आयोग को वर्ष 2011 में

और फिर मार्च 2012 में स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उठाये गये अन्य मुद्दों और आवश्यकताओं पर विचार किया जाये। ज्ञापन, आयोग को विचार के लिए निम्नलिखित सुझाव देता हैः

1. नगरीय स्थानीय निकायों को चुंगी के प्रतिकर के लिए अनुदान रकम में 10% के स्थान पर प्रतिवर्ष 20% वृद्धि दी जानी चाहिए।
2. चुंगी के प्रतिकर के लेखे विगत वर्षों के लिए 2009–10 तक 632.72 करोड़ रुपये बकाया हैं जो दिये जाने चाहिए।
3. चतुर्थ राज्य वित्त आयोग द्वारा सिफारिश की जाने वाली अनुदानों की कुल रकम राज्य के स्वयं के कर राजस्व के कम से कम 10% तक बढ़ायी जानी चाहिए।
4. नगरीय स्थानीय निकायों के अंश में 24.3 प्रतिशत से 30% तक वृद्धि की जानी चाहिए।
5. सामान्य प्रयोजन प्रति व्यक्ति अनुदान जो राज्य सरकार द्वारा 2008–09 से रोक लिया गया है, का पुनः प्रवर्तन।
6. मनोरंजन कर के स्थान पर राजस्व का वैकल्पिक स्त्रोत उपलब्ध करवाना।
7. नगरीय स्थानीय निकायों को खनिज रायल्टी में अंश दिया जाना चाहिए।
8. सड़क विकास निधि में आनुपातिक अंश का दिया जाना।
9. नगरीय क्षेत्रों में उपलब्ध सरकारी भूमि को नगरीय स्थानीय निकायों को स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।
10. नगरीय स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ ही कृत्यकारियों की क्षमता निर्माण के लिए नगरीय मामलों के राज्य स्तरीय संस्थान की आवश्यकता है। यह संस्थान नगरीय विकास के अनुसंधान और निर्देश के रूप में भी कार्य करेगा। इस संस्था के लिए 150 करोड़ रुपये की मांग की गयी है।
11. किसी राष्ट्रीय विपत्ति से निपटने के लिए आपातकालीन निधि का सृजन।

पूर्व अध्ययनों के सुझाव : जकारिया समिति मानक 1963

8.5 जकारिया समिति के अनुसार राजस्व और व्यय के बीच का अन्तर कतिपय विनिर्दिष्ट सन्नियमों या मानकों के आधार पर नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं/सुख–सुविधाओं के स्तर को प्रथम निर्धारण द्वारा अवधारित किया जा सकता है। इसलिए समिति ने प्रति व्यक्ति व्यय के निबन्धनों के अनुसार आधारभूत सेवाओं के लिए सुविधाओं के रख–रखाव और सृजन के लिए मानक सुझाए

थे। समिति द्वारा दिये गये 1963 के मानक 2009–10 तक अद्यतन किये गये हैं जो इस आयोग की अवार्ड कालावधि का आधार वर्ष हैं। 2009–10 का मूल्य स्तर समिति के मानकों को अद्यतन करने के लिए प्रयुक्त किया गया है। ये क्रमशः सारणी 8.1 और 8.2 में दर्शित हैं।

8.6 नागरिक सेवाओं के संचालन और रखरखाव के लिए जकारिया समिति मानकों में पेयजल की आपूर्ति भी सम्मिलित है लेकिन वर्तमान में राज्य में जल आपूर्ति नगरीय स्थानीय निकायों के पास नहीं है। राज्य सरकार ने 2012–13 के दौरान 7 नगरों की जल आपूर्ति नगरीय स्थानीय निकायों को स्थानान्तरित कर दी है और 2013–14 के दौरान 22 जल आपूर्ति स्कीमों के स्थानांतरण की घोषणा की है। नगरीय स्थानीय निकायों को जल आपूर्ति स्कीमों के स्थानान्तरण को अभी लागू किया जाना है, जबकि सन्नियात्मक आवश्यकता पर काम करते समय जल आपूर्ति के लेखे आवश्यकता को अपवर्जित कर दिया गया।

सारणी 8.1 : जकारिया समिति 1963 मूल नागरिक सेवाओं के लिए प्रचालन और रखरखाव के लिए प्रति–व्यक्ति मानक

क्रियाकलाप / सेवाएं	नगर निगम	नगर परिषद्	नगर पालिकाएं वर्ग II	नगर पालिकाएं वर्ग III	नगर पालिकाएं वर्ग IV
मल और मल व्ययन और स्टोर्म जल निकास	11.90	10.80	9.30	8.70	8.20
सड़कें और मार्ग	2.20	1.80	1.35	1.20	1.10
मार्ग–प्रकाश और विद्युत वितरण	2.85	2.50	2.30	2.15	2.00
अग्निशमन सेवाएं	0.40	0.30	0.20	0.10	0.05
बागवानी संबंधी कार्य	0.38	0.20	0.08	0.06	0.05
सामान्य नगरपालिक प्रशासन में सामान्य प्रशासन, कर प्रशासन, ऋण सेवा और विविध सम्मिलित हैं	4.00	3.00	2.00	2.00	1.00
योग	**21.73**	**18.60**	**15.23**	**14.21**	**12.40**

सारणी 8.2 : मूल नागरिक सेवाओं 2009–10 के प्रचालन और रखरखाव के लिए अद्यतन प्रति–व्यक्ति मानक

क्रियाकलाप / सेवाएं	नगर निगम	नगर परिषद्	नगर पालिकाएं वर्ग II	नगर पालिकाएं वर्ग III	नगर पालिकाएं वर्ग IV
मल और मल व्ययन और स्टोर्म जल निकास	359.87	326.61	281.25	263.10	247.99

सड़कें और मार्ग	66.54	54.45	40.82	36.28	33.27
मार्ग–प्रकाश और विद्युत वितरण	86.19	75.61	69.55	65.01	60.48
अग्निशमन सेवाएं	12.09	9.08	6.05	3.01	1.51
बागवानी संबंधी कार्य	11.49	6.05	2.43	1.81	1.51
सामान्य नगरपालिक प्रशासन में सामान्य प्रशासन, कर प्रशासन, ऋण सेवा और विविध सम्मिलित हैं	120.97	90.73	60.48	60.48	30.24
योग	**657.15**	**562.53**	**460.58**	**429.69**	**375.00**

8.7 उपरोक्त प्रति–व्यक्ति मानकों के आधार पर 2010–11 के लिए समायोजित जनगणना 2011 की जनसंख्या अनुमानित है और नागरिक सेवा के प्रचालन और रखरखाव के लिए कुल अपेक्षित निधियां सारणी 8.3 में दर्शित हैः

सारणी 8.3 : 2010–11 के लिए मूल नागरिक सेवाओं के प्रचालन और रखरखाव लागत के लिए अनुमानित आवश्यकताएं

(रु. करोड़ों में)

क्रियाकलाप/सेवाएं	**नगर निगम**	**नगर परिषद्**	**नगर पालिकाएं वर्ग II**	**नगर पालिकाएं वर्ग III**	**नगर पालिकाएं वर्ग IV**	**योग**
मल और मल व्ययन और स्टोर्म जल निकास	226.68	102.03	79.96	61.57	46.33	516.57
सड़कें और मार्ग	41.91	17.01	11.61	08.49	6.21	85.23
मार्ग–प्रकाश और विद्युत वितरण	54.29	23.62	19.77	15.21	11.30	124.19
अग्निशमन सेवाएं	7.62	2.84	1.72	0.71	0.28	13.17
बागवानी संबंधी कार्य	7.24	1.89	0.69	0.42	0.28	10.52
योग	**337.74**	**147.39**	**113.75**	**86.40**	**64.40**	**749.68**
सामान्य नगरपालिक प्रशासन में सामान्य प्रशासन, कर प्रशासन, ऋण सेवा और विविध सम्मिलित हैं	76.20	28.34	17.19	14.15	5.65	141.53
योग	**413.94**	**175.73**	**130.94**	**100.55**	**70.05**	**891.21**

8.8 उपरोक्त सारणियों 8.1, 8.2 और 8.3 का विश्लेषण यह उपदर्शित करता है कि जहां प्रति व्यक्ति निधियों की आवश्यकता वर्ग IV नगरपालिकाओं के लिए 375.00 रुपये से निगमों के लिए 657.15 रुपये के बीच है, स्पष्ट अर्थों में केवल एक वर्ष के लिए आवश्यकता निगमों की दशा में 413.94 करोड़ रुपये से, वर्ग IV नगरपालिकाओं की दशा में 70.05 करोड़ रुपये के बीच है। कुल आवश्यकता 2009–10 की दरों पर एक वर्ष के लिए 891.21 करोड़ रुपये है। मानकों के होने पर भी, व्यय की वास्तविक संरचना जो कि वर्तमान में उपगत किया गया है, सारणी 8.4 में दर्शित है।

सारणी 8.4 : नगरीय स्थानीय निकायों 2009–10 के व्यय की संरचना

(रु. करोड़ों में)

क्रियाकलाप / सेवाएं	नगर निगम	नगर परिषद्	नगर पालिकाएं वर्ग II	नगर पालिकाएं वर्ग III	नगर पालिकाएं वर्ग IV	योग
मल और मल व्ययन और स्टोर्म जल निकास	282.30	86.68	65.98	52.85	34.49	522.30
सड़कें और मार्ग	18.53	23.73	4.76	1.86	1.25	50.13
मार्ग–प्रकाश और विद्युत वितरण	26.33	18.67	14.01	9.73	6.29	75.03
अग्निशमन सेवाएं	8.68	7.79	7.37	4.29	1.91	30.04
बागवानी संबंधी कार्य	14.38	5.70	2.97	1.77	0.67	25.49
योग	**350.22**	**142.57**	**95.09**	**70.50**	**44.61**	**702.99**
सामान्य नगरपालिक प्रशासन में सामान्य प्रशासन, कर प्रशासन, ऋण सेवा और विविध सम्मिलित हैं	71.39	32.29	57.30	40.66	31.46	233.10
योग	**421.61**	**174.86**	**152.39**	**111.16**	**76.07**	**936.09**

8.9 सारणी 8.4, 2009–10 के दौरान मूल सेवाओं के रखरखाव पर और सामान्य प्रशासन पर भी नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा उपगत वास्तविक व्यय दर्शित करती है। सारणी 8.3 और 8.4 की तुलना से दर्शित होता है कि जबकि 2011 की प्रक्षिप्त जनसंख्या पर प्रचालन और रखरखाव के लिए निधियों की कुल मानकीय आवश्यकता 749.68 करोड़ रुपये थी, उपगत किया गया वास्तविक व्यय 702.99 करोड़ रुपये था। (ब्यौरे उपाबंध VII–8– मद सं.क,ख–1, C–1, C–2, C–6 और C–7 में हैं)। किन्तु, सामान्य प्रशासन पर वास्तविक व्यय 233.10 करोड़ रुपये है जो कि 141.53 करोड़ रुपये के मानक आधारित प्राक्कलन से अधिक है। इसके परिणामस्वरूप सामान्य प्रशासन (रुपये 702.99 करोड़ + 233.10 करोड़ या रुपये 936.09 करोड़) को सम्मिलित करते हुए कुल व्यय रुपये 891.21 करोड़ के मानक आधारित प्राक्कलन से अधिक हो गया।

विनिधान मानक

8.10 वैकल्पिक अभिगम से अनुमानित निधि आवश्यकताएं जकारिया समिति द्वारा और योजना आयोग द्वारा परिनिर्धारित मानकों पर आधारित आवश्यकताओं का पता लगाया जाना है। प्रथम राज्य वित्त आयोग ने नगरीय स्थानीय निकायों की निधि आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए इस मानदंड को अंगीकृत किया। द्वितीय राज्य वित्त आयोग ने जकारिया समिति के विनिधान मानकों पर आधारित मूल कृत्यों के लिए निधियों की आवश्यकता का प्राक्कलन किया। इस आधार पर अपेक्षित निधियां बहुत बड़ी और अन–अफोर्डेबल साबित हुई। इसलिए, यह सुझाया गया था कि केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों और बाह्य परियोजना निधियों को सम्मिलित करते हुए योजना निधियों से आवश्यकताओं की पूर्ति की जानी चाहिए। आयोग ने इस प्रयोग का जिम्मा भी लिया जिसके अनुसार 2010–11 के लिए राज्य के नगरपालिक क्षेत्रों में मूल नागरिक सेवाओं में विनिधान के लिए निधियों की कुल आवश्यकता 2666.89 करोड़ रुपये आंकी गई। इस प्राक्कलन के आधार पर एक वर्ष के लिए नगरीय स्थानीय निकायों की स्वयं की निधियों–आवश्यकताओं के बीच अन्तर 2666.89 करोड़ रुपये – 952.51 करोड़ रुपये या कम होगा। 1714.38 करोड़ रुपये होगा। विनिधान मानकों के ब्यौरे, निधियों की आवश्यकता और स्वयं की आय के आंकड़े सारणी 8.5, 8.6, और 8.7 में दर्शित हैं। तथापि, आयोग की यह राय है कि नगरपालिकाओं द्वारा विनिधान के लिए निधियों की ऐसी बड़ी आवश्यकताओं को स्वयं प्राप्त नही किया जा सकता। इसलिए अवसंरचना विनिधान की आवश्यकताओं की पूर्ति अन्य स्त्रोतों जैसे बाह्य रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं और केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों से भी प्राप्त की जानी चाहिए।

सारणी 8.5 : निधियों की प्रति व्यक्ति आवश्यकता – विनिधान मानक

(रु. में)

नगरीय स्थानीय निकायों के प्रवर्ग	सड़कें	मार्ग–प्रकाश	ठोस अपशिष्ट व्ययन	नालियां	योग
नगर निगम	860.48	463.77	226.89	545.11	2096.25
नगर परिषद्	610.76	418.11	142.70	463.77	1635.34
नगर पालिकाएं वर्ग II	440.94	398.13	142.70	418.11	1399.88
नगर पालिकाएं वर्ग III	335.34	303.95	142.70	356.75	1138.74
नगर पालिकाएं वर्ग IV	254.00	212.62	142.70	306.80	916.12

सारणी 8.6 : विनिधान के प्रति व्यक्ति मानकों पर आधारित 2010–11 के मूल कृत्यों के लिए निधियों की आवश्यकता

(रु. करोड़ों में)

नगरीय स्थानीय निकायों के प्रवर्ग	सड़कें	मार्ग–प्रकाश	ठोस अपशिष्ट व्ययन	नालियां	योग	परियोजना जनसंख्या 2011
नगर निगम	542.02	292.13	142.92	343.36	1320.43	62.99
नगर परिषद्	190.80	130.62	44.58	144.88	510.88	31.24
नगर पालिकाएं वर्ग II	125.36	113.19	40.57	118.87	397.99	28.43
नगर पालिकाएं वर्ग III	78.47	71.12	33.39	83.48	266.46	23.40
नगर पालिकाएं वर्ग IV	47.45	39.72	26.65	57.31	171.13	18.68
योग	984.10	646.78	288.11	747.90	2666.89	164.74

सारणी 8.7 : 2010–11 की विनिधान आवश्यकता और स्वयं की आय के बीच अन्तर

नगरीय स्थानीय निकायों के प्रवर्ग	अपेक्षित संपदा		स्वयं की आय		अन्तर	
	प्रति व्यक्ति रु.	रकम करोड़ रु. में	प्रति व्यक्ति रु.	रकम करोड़ रु. में	प्रति व्यक्ति रु.	रकम करोड़ रु. में
नगर निगम	2096	1320.43	657	413.82	1439	906.61
नगर परिषद्	1645	510.88	667	208.26	978	302.62
नगर पालिकाएं वर्ग II	1400	397.99	536	152.40	864	245.59
नगर पालिकाएं वर्ग III	1139	266.46	475	111.22	664	155.24
नगर पालिकाएं वर्ग IV	916	171.13	358	66.81	558	104.32
योग		**2666.89**		**952.51**		**1714.38**

8.11 नगरीय स्थानीय निकायों की नागरिक सेवाओं के लिए निधियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए दो विस्तृत रूप से प्रयुक्त और सामान्यतः निर्दिष्ट रीतियों जिन पर ऊपर चर्चा की गयी है। तथापि, मूल कृत्यों के सन्नियमों या मानकों का अवधारण एक जटिल और संवेदी कार्य है और सेवाओं के वांछित स्तर की गुणवत्ता, मूल्य, मजदूरी दर और/या विनिर्दिष्ट सेवा उपलब्ध करवाने के लिए अंगीकृत की जाने के लिए प्रोद्योगिकी पर निर्भर करता है। जैसे कि निश्चित मार्गदर्शक सिद्धान्त उपलब्ध नहीं है, आयोग ने शिवचरण माथुर सामाजिक नीति शोध संस्थान, जयपुर को एक अध्ययन समनुदेशित किया। संस्थान ने मूल कृत्यों के लिए पृथकतः पूंजी संकर्मों के लिए और प्रचालन और रखरखाव के लिए निम्नलिखित प्रति–व्यक्ति मानकों का सुझाव दिया हैं। यह सारणी 8.8 में दर्शित है।

सारणी 8.8 : एस.पं.रा.सं. द्वार सुझाये गये मूल कृत्यों के लिए प्रति व्यक्ति मानक

(रु. में)

कृत्य	नगर निगम	नगर परिषद्	नगर पालिक बोर्ड II	नगर पालिक बोर्ड III	नगर पालिक बोर्ड IV
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	356.91	346.37	338.85	317.81	315.00
पूंजी	-	-	-	-	-
प्रचालन और रखरखाव	356.91	346.37	338.85	317.81	315.00
मार्ग–प्रकाश	225.08	215.76	218.79	209.10	211.03
पूंजी	148.27	148.31	150.39	150.27	151.68
प्रचालन और रखरखाव	76.81	67.45	68.40	58.83	59.35
सार्वजनिक शौचालय	1.63	7.60	7.54	6.77	17.40
पूंजी	-	-	-	-	-
प्रचालन और रखरखाव	1.63	7.60	7.54	6.77	17.40
सार्वजनिक स्वास्थ्य	6.92	7.10	8.31	5.25	5.48
पूंजी	-	-	-	-	-
प्रचालन और रखरखाव	6.92	7.10	8.31	5.25	5.48
सार्वजनिक उद्यान	45.18	58.34	57.54	13.54	14.81
पूंजी	12.67	16.57	15.95	3.73	3.20
प्रचालन और रखरखाव	32.51	41.77	41.59	9.81	11.61
सामुदायिक हाल	1.33	11.31	10.41	14.53	10.67
पूंजी	-	-	-	-	-
प्रचालन और रखरखाव	1.33	11.31	10.41	14.53	10.67
कुल पूंजी	160.94	164.88	166.34	154.00	154.88
कुल प्रचालन और रखरखाव	476.11	481.60	475.10	413.00	419.51
योग	**637.05**	**646.48**	**641.44**	**567.00**	**574.39**

8.12 आयोग ने केवल संस्थान द्वारा प्रचालन और रखरखाव के लिए सुझाये गये प्रति व्यक्ति वित्तीय मानकों को माना है। इन मानकों और 2011 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर, एक वर्ष के लिए मूल कृत्यों के लिए निधियों की आवश्यकता सारणी 8.9 में दर्शित हैं। पांच वर्षों 2010–15 के लिए मूल कृत्यों के लिए निधियों की कुल आवश्यकता 3802.10 करोड़ रुपये होगी।

सारणी 8.9 : एक वर्ष के लिए निधियों की आवश्यकता

(रु. करोड़ों में)

कृत्य	नगर निगम	नगर परिषद्	नगर पालिक बोर्ड II	नगर पालिक बोर्ड III	नगर पालिक बोर्ड IV	योग
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	224.42	108.21	96.34	74.37	58.84	562.58
मार्ग–प्रकाश	48.38	21.07	19.45	13.76	11.09	113.75
सार्वजनिक शौचालय	1.02	2.37	2.14	1.58	3.25	10.36
सार्वजनिक स्वास्थ्य	4.36	2.22	2.36	1.23	1.02	11.19
सार्वजनिक उद्यान	20.48	13.05	11.82	2.30	2.17	49.82
सामुदायिक हाल	0.84	3.53	2.96	3.40	1.99	12.72
योग	**299.90**	**150.45**	**135.07**	**96.64**	**78.36**	**760.42**

नगरीय मामलों के राजस्थान संस्था के लिए अनुदान

8.13 स्वायत शासन विभाग ने अपने ज्ञापन में राज्य के नगरीय स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामर्थ्य निर्माण के लिए नगरीय मामलों की एक राज्य संस्था की स्थापना का सुझाव दिया है। आयोग सुझावों से सहमत है और नगरीय मामलों की राज्य संस्था की स्थापना की सिफारिश करता है। जैसे कि प्रस्तावित संस्था की स्थापना में समय लगने की संभावना है, आयोग सिफारिश करता है कि इस प्रयोजन के लिए 150 करोड़ रुपये के निर्बन्धअनुदान का क्रमिक रीति में उपयोग किया जाये। एक बार जब नगरीय मामलों की राज्य संस्था की स्थापना हो जाती है, तब सभी नगरपालिक कृत्यकारियों–निर्वाचित और नियुक्त दोनों का वार्षिक प्रशिक्षण, आज्ञापक बनाया जाना चाहिए। आयोग सिफारिश करता है कि 3 वर्षों में एक बार सभी कृत्यकारियों के लिए नगरीय शासन और विकास पर सेक्टर से संबंधित प्रशिक्षण आज्ञापक किया जाना चाहिए। प्रोद्यौगिकी कृत्यकारियों को उनके क्रियाशील क्षेत्रों में, नियतकाल पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। प्रशिक्षण और अभिविन्यास नीति परिवर्तनों के कार्यान्वयन या नये कार्यक्रमों/अभियानों के अवतरण, या विद्यमान कार्यक्रमों में परिवर्तन के पूर्व अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को निर्वाचनों के तुरन्त पश्चात् और उसके पश्चात् नियतकालों पर आज्ञापक प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। संस्था नगरीकरण की चुनौतियों के लिए एक ''थिंक टैंक'' बन सकती है और राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर ली गयी नगरीय पहलों की आयोजना, अनुश्रवण, कार्यान्वयन और मूल्यांकन में सहयोग कर सकती है। कार्य शुरू करने के लिए, संस्था के लिए किसी कार्यकरण माडल का सुझाव देने के लिए राजस्थान से और राजस्थान के बाहर के विशेषज्ञों के साथ एक छोटी समिति नियुक्त की जा सकेगी।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार

8.14 नगरीय स्थानीय निकायों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन के रूप में निम्नलिखित नगद पुरस्कारों की सिफारिश की जाती हैं :

1. एक पुरस्कार–
   - एक वर्ष में स्वयं के संसाधनों से अतिरिक्त राजस्व संग्रहण (भूमि के विक्रय से आय अपवर्जित करते हुए) – पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष
   - आस्ती रजिस्टर के अद्यतन को सम्मिलित करते हुए लेखाओं का रखरखाव।
   - निधियों का उत्पादक और समयानुसार उपयोग में प्रदर्शन के आधार पर होगा।
2. अन्य पुरस्कार–
   - स्वच्छता
   - मार्ग–प्रकाश
   - अपशिष्ट जल की निकासी
   - ठोस अपशिष्ट का व्ययन
   - सार्वजनिक स्थानों के रखरखाव, के क्षेत्र में उपलब्ध करवायी गयी सेवाओं के स्तर के लिए होगा।

8.15 नगरीय स्थानीय निकायों के पुरस्कारों के लिए निधियों की आवश्यकता सारणी 8.10 में दर्शित हैं:

सारणी 8.10 : पुरस्कारों के लिए निधियों की आवश्यकता

(रु. लाखों में)

नगरीय स्थानीय निकाय	पुरस्कारों की संख्या	पुरस्कार की रकम	कुल रकम
राज्य स्तर पर			
नगर निगम	2 (प्रत्येक प्रवर्ग में एक)	5.00	10.00
नगर परिषद्	6 (प्रत्येक प्रवर्ग में तीन)	I-5.00 II-3.00 III-2.00	10.00 6.00 4.00
खण्ड स्तर पर			
नगरपालिकाएं	42 (प्रत्येक खण्ड पर प्रत्येक प्रवर्ग में तीन पुरस्कार)	I-5.00 II-3.00 III-2.00	70.00 42.00 28.00
योग			**170.00**

8.16 पुरस्कारों के लिए नगर निगमों और नगर परिषदों का चयन राज्य सरकार द्वारा गठित की जाने वाली समिति द्वारा किया जाये। नगरपालिकाओं का चयन संबंधित खण्ड आयुक्त, संबंधित जिला कलक्टर या

उसके नामनिर्दिष्ट, जो अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की रैंक से नीचे का न हो, क्षेत्रीय उप–निदेशक, स्वायत्त शासन और निदेशक स्थानीय निकाय, राजस्थान के नामनिर्दिष्ट से मिलकर बनी समिति द्वारा किया जायेगा

पुरस्कारों के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त

8.17 आयोग पुरस्कारों के लिए निम्नलिखित विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धान्तों का सुझाव देता हैः

1. नकद पुरस्कार वर्ष 2013–14 और 2014–15 के दौरान नगरीय स्थानीय निकायों के प्रदर्शन के आधार पर, प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को मूल्यांकन प्रमाणपत्र के साथ जिला स्तर पर वितरित किये जायेंगे।
2. पुरस्कार राशि संबंधित नगरीय स्थानीय निकायों के लेखे में सम्मिलित की जायेगी और क्षेत्र के विकास कार्यों में उपयोग में ली जायेगी।
3. पुरस्कार स्कीम को स्वायत्त शासन विभाग द्वारा समस्त राज्य में विस्तृत रूप से प्रचारित किया जायेगा।
4. राज्य सरकार इन विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धान्तों के आधार पर वह रीति स्पष्ट रूप से उपदर्शित करेगी जिसमें पुरस्कारों के लिए नगरीय स्थानीय निकायों के कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा।
5. पुरस्कार राशि निर्बन्धन्यागमन में से संदत्त की जायेगी।

बकाया/लंबित दायित्व

8.18 निदेशालय स्वायत्त शासन, राजस्थान ने संबंधित स्थानीय निकायों को किये गये प्रदायों और भूमि प्रतिकर से संबंधित 194.06 करोड़ रुपये की रकम के नगरीय स्थानीय निकायों के लंबित दायित्वों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया है। उसने दायित्वों के निपटान के लिए एकमुश्त अनुदान चाहा है। आयोग की यह राय है कि ऐसे संदाय इस प्रयोजन के लिए मंजूर किये गये बजट में से किये जाने चाहिए। आयोग ऐसे लंबित दायित्वों के लेखे, किसी रकम पर विचार करना उचित नहीं समझता। न्यागमन से ऐसे दायित्वों का निपटान भविष्य के लिए एक परिपाटी स्थापित करेगा। विभाग के निवेदन पर विचार करना उचित नहीं है।

चुंगी के लिए प्रतिकर

8.19 चुंगी नगरीय स्थानीय निकायों के स्वयं के राजस्व का मुख्य स्त्रोत था, लेकिन माल के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए 1998 में इसे समाप्त कर दिया गया। राज्य सरकार ने नगरीय स्थानीय निकायों की उनके राजस्व में हुई हानि का प्रतिकर देने की जिम्मेदारी ली है। रकम में 10% की वृद्धि की जानी थी। वर्ष 1999–2000 में प्रतिकर के रूप में 320 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाये गये लेकिन वर्ष 2001–02, 2002–03 और 2003–04 के दौरान प्रतिशत वृद्धि को 5% तक कम कर दिया गया। इस कमी ने बहुत से

नगरीय स्थानीय निकायों पर वित्तीय भार डाल दिया जो वेतन संवितरण करने में भी कठिनाई महसूस करते हैं। विभाग ने इस कमी के कारण प्रतिकर में अन्तर के बारे में ब्यौरे सारणी 8.11 में प्रस्तुत किये।

सारणी 8.11: न्यागत और अपेक्षित चुंगी प्रतिकर के ब्यौरे

(रु. लाखों में)

वर्ष	न्यागत निधियां	न्यागत की जाने वाली अपेक्षित निधियां
2000-01	352.73	352.73
2001-02	370.36	388.00
2002-03	388.88	426.80
2003-04	408.33	469.48
2004-05	449.16	516.43
2005-06	494.97	568.07
2006-07	544.46	624.88
2007-08	598.91	687.36
2008-09	657.64	756.10
2009-10	723.40	831.71
योग	4988.84	5621.56

8.20 उपरोक्त आंकडों के अनुसार, चुंगी की समाप्ति के पश्चात् 2009–10 तक नगरीय स्थानीय निकायों को 632.72 करोड़ रुपये कम प्राप्त हुए। चुंगी की समाप्ति के समय विनिश्चित किये गये 10% के स्थान पर 5% की अनुज्ञात वार्षिक वृद्धि में अवनति के कारण वे निरन्तर छोटी रकमें प्राप्त कर रहे है। यह मांग न्यायानुमत है क्योंकि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिकर में 10% वृद्धि की प्रतिबद्धता की गयी थी। आयोग सुझाव देता है कि राज्य सरकार को 2001–02 से प्रतिवर्ष इसमें 10% वृद्धि करके प्रतिकर की पुनर्गणना करनी चाहिए और नगरीय स्थानीय निकायों को अन्तर एकमुश्त अनुदान के रूप में न्यागमित किया जाये। इस प्रयोजन के लिए पहले से निर्मुक्त की गयी रकम के समायोजन के पश्चात यह रकम पुराने दायित्वों, यदि कोई हों, के परिनिर्धारण में उपयोग में लायी जाये। बकाया रकम अवसंरचना अंतरालों को पूरा करने के लिए राजस्थान नगरीय विकास निधि में रखी जा सकेगी।

8.21 यह और सिफारिश की जाती है कि भविष्य में प्रतिकर रकम की गणना वर्ष 2009–10 के 831.71 करोड़ रुपये के शुद्ध आधार अंकों को अंगीकृत करके की जानी चाहिए। प्रतिकर रकम मुख्य रूप से स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा उनके सामान्य स्थापन व्यय के लिए उपयोग में ली जाती है जो छठे वेतन आयोग अवार्ड और राज्य सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ते के अंगीकरण के कारण नियमित रूप से बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त आयोग सुझाव देता है कि चुंगी प्रतिकर को प्रतिवर्ष 10% से 15% बढ़ाते हुये वृद्धि की जानी

चाहिए। यह राजस्वों को कुछ क्षतिपूर्ति उपलब्ध करायेगा। मात्र 10% की वृद्धि, व्यापार और वाणिज्य में होने वाली भारी वृद्धि, जो कि नगरीय क्षेत्र में हो रही है, के अनुपात में कम है। स्थापन लागत के संबंध में ग्रामीण और नगरीय स्थानीय संस्थाओं के बीच असमता है। पंचायती राज संस्थाओं की स्थापन लागत पूर्णतः राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है जबकि नगरीय स्थानीय निकायों को अपने स्वयं के राजस्वों से इन लागतों को पूरा करना होता है। इसलिए, वर्ष 2013–14 से चुंगी के प्रतिकर में 15% तक की वृद्धि का सुझाव न्यायानुमत है।

8.22 अवार्ड कालावधि के लिए निधियों की कुल आवश्यकता 4588.22 रुपये आंकी गयी है। ब्यौरे संक्षिप्त में निम्न हैं :

मद	रकम (रु. करोड़ों में)
(i) मूल कृत्य	3802.10
(ii) नगरीय मामलों की राज्य संस्था	150.00
(iii) 2013–14 और 2014–15 के दौरान अवार्ड	3.40
(iv) 2001–02 से 2009–10 की कालावधि के लिए चुंगी प्रतिकर का अन्तर	632.72
योग	**4588.22**

अतिरिक्त राजस्व संपत्ति स्त्रोतों की गतिशीलता के लिए सुझाव

8.23 उपरोक्त सिफारिशों को करते हुए, आयोग की यह राय है कि नगरीय स्थानीय निकायों को अपने स्वयं के संपत्ति स्त्रोतों में वृद्धि करनी चाहिए। ऐसा करने के क्रम में, यह आयोग सिफारिश करता है कि राजस्व गतिशीलता में प्रदर्शन के आधार पर अनुदान दिये जाये। स्थानीय निकाय सरकार का तृतीय स्तर है। ये स्वतंत्र संवैधानिक निकाय हैं और इनकी प्रास्थिति स्वायत्त है। तथापि, निधियों के लिए राज्य सरकार पर लगभग पूर्ण निर्भरता से, स्वायत्तता प्राप्त करना कठिन है। स्वायत्तता प्राप्त करने का एक मात्र मार्ग स्वयं के संपत्ति स्त्रोतों का जनन और राज्य पर निर्भरता से स्वतंत्रता है। इस क्रम में आयोग सुझाव देता है कि प्रत्येक नगरीय स्थानीय निकाय को –

(क) फुटपाथ, मार्गों और सड़कों के अधीन और साथ की भूमि के सम्बन्ध में नगरीय स्थानीय निकायों के अधिकारों के उपयोग के लिए अनुज्ञप्ति फीस संदाय करने का दायित्व अधिरोपित करना चाहिए।

(ख) उनको जो वर्तमान में समाविष्ट नहीं है, को सम्मिलित करते हुए नगरीय विकास कर के कर आधार का विस्तार किया जाना चाहिए।

(ग) नगरीय विकास कर से वर्तमान में छूटप्राप्त उन संपत्तियों की संख्या का पुनर्विलोकन और छूटों की संख्या को न्यूनतम किया जाना चाहिए। संपत्ति का स्वामित्व संदाय करने की क्षमता का दृष्टिगत चिन्ह है।

8.24 आयोग नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा और राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त राजस्व की वृद्धि के लिए निम्नलिखित उपायों को अपनाने का सुझाव देता है–

- विकास प्राधिकरण और नगर सुधार न्यास उनके क्षेत्राधिकार में के भूमि विक्रय के आगमों का 15% का नगरीय स्थानीय निकायों को अन्तरण जो बहुत कम है, जब नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं के रखरखाव की लागत से तुलना की जाये। इसे दृष्टि में रखते हुये, आयोग अब से इसमें 20% की वृद्धि करने का सुझाव देता है।
- राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 102 के अनुसार, आबद्ध कर उद्गृहीत और संग्रहीत किये जाने चाहिए। इसकी वसूली सभी मामलों में वार्षिक मांग के 75% से अधिक होनी चाहिए।
- राज्य सरकार द्वारा नगरीय विकास करों का सरलीकरण किया जाना चाहिए और इनका लागू होना क्षेत्र आधार पर किया जाये ताकि करदाता स्वयं इसकी गणना और समय पर संदाय के लिए समर्थ हो।
- नगरीय विकास कर नगरपालिका क्षेत्रों में स्थित समस्त भूमियों और भवनों पर लागू किया जाना चाहिए । केवल बी.पी.एल. परिवारों को इस कर के संदाय से छूट दी जाये और कोई अन्य छूट अनुज्ञात नहीं की जाये।
- करों/शुल्कों/फीसों के संदाय में व्यतिक्रमियों के जल और विद्युत प्रदाय को रोकने के लिए नगरीय स्थानीय निकायों की अधिकृत किया जाये।
- व्यतिक्रमियों को क्षमादान प्रदान नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी क्षमादान स्कीमें सद्भाविक करदाताओं को निरूत्साहित करती हैं।
- विज्ञापन पट्ट/बोर्ड/निओन चिन्ह के लिए स्थान का आवंटन मात्र खुली नीलामी द्वारा किया जाये।
- सभी होटलों, रेस्तरांओं, सार्वजनिक विद्यालयों, निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, आमोद–प्रमोद क्लब, विवाह स्थलों और खरीददारी केन्द्रों पर स्वच्छता कर के नाम से एक नया कर उद्ग्रहीत किया जाये।
- मनोरंजन कर की समाप्ति के पश्चात्, छवि गृह स्थानीय निकायों को कोई कर संदाय नहीं कर रहे हैं। छवि गृहों/मल्टीप्लेक्सों पर प्रति शो स्वच्छता कर के नाम से एक नया कर उद्ग्रहित किया जाये।

- नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन मोटरगाड़ियों की वृद्धि संकुलन और वायु प्रदूषण उत्पन्न कर रही है। नगरपालिका क्षेत्र में वाहनों के चलाने पर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम की धारा 103 के अधीन एक कर उद्ग्रहीत किया जाये।

अन्य सुझाव

- सार्वजनिक स्थानों की सफाई और ठोस अपशिष्ट का व्ययन नगरीय स्थानीय निकायों में व्यय की मुख्य मद है। यह कार्य यान्त्रिक रूप से किया जाना चाहिए और घर–घर के अपशिष्ट में संग्रहण की प्रणाली शुरू की जा सकती है।
- नगरीय स्थानीय निकायों को वित्तीय अवसंरचना के लिए साख रेटिंग और एक्सेस बंधपत्र बाजार का भार अपने ऊपर लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र में नगरपालिक निकाय ने वित्त नगरीय अवसंरचना के लिये ऋण बाजार बंधपत्र का उपयोग किया है। राजस्थान में नगरीय स्थानीय निकायों को वाणिज्यिक विकासक्षम परियोजनाओं की संरचना द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से ऋण के लिए पहुंच को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- जब कार्यक्रमों जैसे जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अधीन परियोजना ऋण मंजूर किया जाता है तो नगरीय विकास मंत्रालय, भारत सरकार गृह कर और उपभोक्ता प्रभार के उद्ग्रहण की शर्त अधिरोपित करता है। आयोग नगरीय स्थानीय निकायों के लिए निधियों को मंजूर करने के लिए आग्रह द्वारा राजस्व बढ़ाने के प्रयासों पर इस शर्त को पृष्ठांकित करता है।
- आयोग सिफारिश करता है कि उपरोक्त सुझावों को लागू करने के लिए विद्यमान अधिनियमों/नियमों में संशोधन किया जाये या यदि आवश्यक हो, इस प्रयोजन के लिए नये अधिनियमों/नियमों की विरचना की जाये।

अध्याय 9

न्यागमन की स्कीम : पंचायती राज संस्थाएं

प्रस्तावना

9.1 राज्य वित्त की स्थिति का अध्याय 4 में पुनर्विलोकन किया गया है। 2011–12 के लिए बजट 3357.45 करोड़ रु. का अधिशेष राजस्व दर्शित करता है। 2012–13 के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन 771.97 करोड़ रुपये का अधिशेष दर्शित करता है और 2013–14 के लिए बजट प्राक्कलन भी 1025.86 करोड़ रुपये का अधिशेष दर्शित करता है। एफ आर बी एम अधिनियम के लक्ष्य भी प्राप्त कर लिए गए हैं। संक्षेप में, आयोग आने वाले वर्षों के लिए भी राज्य वित्त का सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। राज्य की संपदाओं का निर्धारण करते समय हम 2010–15 की कालावधि के लिए स्वयं के कर राजस्व में से राज्य के शुद्ध आगमों को प्रक्षिप्त करते हैं। राज्य राजस्वों के प्राक्कलन के ब्यौरे उपाबंध 9.1 में दर्शित हैं। इसी समय राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और विकास योजनाओं की आवश्यकताएं भी बहुत बड़ी हैं। इसलिए, आयोग राज्य वित्त और आयोग के लिए विशेषतः जिम्मे लिए गये अध्ययनों में सुझाये मानकों को सम्मिलित करते हुए विभिन्न परिमापों के आधार पर आयोग द्वारा निर्धारित स्थानीय निकायों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

9.2 पंचायती राज संस्थाओं की आवश्यकताओं को अध्याय 5 और 6 में और नगरीय स्थानीय निकायों की आवश्यकताओं को अध्याय 7 और 8 में निर्धारित किया गया है। उनकी संपदाओं और आवश्यकताओं के बीच अन्तर बहुत बड़ा है और राज्य बजट से न्यागमन उनके लिए संपदा का मुख्य स्त्रोत बना रहेगा। वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयोग ने एक न्यागमन स्कीम बनायी है लेकिन इसी समय स्कीम के आधार के रूप में तीन उद्देश्य रखे है। ये उद्देश्य हैं:

(i) लम्बे समय तक राज्य अनुदान पर निर्भरता कम करने के लिए संपदाओं की गतिशीलता में स्थानीय प्रयासों को प्रोत्साहन,

(ii) निधियों का दक्षतापूर्ण और न्यायानुमत उपयोग सुनिश्चित करना और स्थानीय निकायों द्वारा मूल सुविधाओं के प्रबन्ध में अभिवृद्धि सुनिश्चित करना,

(iii) विकास के लिए राज्य की संपदाओं पर मांगों, और स्थानीय निकायों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करना।

9.2 पूर्ववर्ती अध्यायों में सम्मिलित, विश्लेषण और निष्कर्षों के आधार पर, आयोग द्वारा निर्धारित कुल वित्तीय आवश्यकताएं सारणी 9.1 में दर्शित है।

सारणी 9.1 : स्थानीय निकायों की कुल वित्तीय आवश्यकताएं– 2010–15

(रु. करोड़ों में)

संस्थान	रकम
पंचायती राज संस्थान	10947.57
नगरीय स्थानीय निकाय	4588.22
योग	**15535.79**

न्यागमन

9.3 आयोग के निर्देश–निबन्धन राज्य सरकार द्वारा उद्ग्रहीत करों, दायित्वों, पथकर और फीसों के शुद्ध आगमों में पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के अंश की सिफारिश करने की उससे अपेक्षा करते है। पूर्व में, 2005–10 की अवार्ड कालावधि के लिए तृतीय राज्य वित्त आयोग ने राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के 3% (प्रोत्साहन के लिए 0.50 प्रतिशत को अपवर्जित करते हुए) का न्यागमन पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों को किये जाने की सिफारिश की थी। 1 जुलाई 2011 में प्रस्तुत अंतरिम रिपोर्ट में, यह आयोग भी, वित्तीय वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए उसी की सिफारिश करता है। प्रथम अंतरिम रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के पश्चात् किये गये निर्धारणों की दृष्टि में, आयोग ने अपनी द्वितीय अंतरिम रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि स्थानीय निकायों को न्यागमन वर्ष 2012–13 के लिए राज्य के स्वयं के कर राजस्व के आगमों के 5% तक बढ़ाया जाये। मूल कृत्यों के निर्वहन के लिए स्थानीय निकायों के पास उपलब्ध संपदा इतनी अपर्याप्त है कि आयोग यह सिफारिश करता है कि अवार्ड कालावधि 2010–15 के लिए राज्य सरकार के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (प्रवेश कर और भू –राजस्व को अपवर्जित करते हुए) के 5% को स्थानीय निकायों को न्यागमित किया जाये। इसके अतिरिक्त, 100% भू–राजस्व, 25% प्रवेश कर, 3% खनिजों पर रायल्टी, 2% आबकारी शुल्क पर उपकर, 10% स्टाम्प शुल्क पर अधिभार के न्यागमन की भी सिफारिश करता है। अवार्ड कालावधि के लिए 10183.96 करोड़ रुपये का कुल न्यागमन सारणी 9.2 में दर्शित है।

सारणी 9.2 : 2010–15 की कालावधि के लिए स्थानीय निकायों को न्यागमन

(रु. करोड़ों में)

(i)	राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व का 5% (प्रवेश कर और भू–राजस्व को अपवर्जित करते हुए)	7214.66
(ii)	भू–राजस्व का 100%	1064.51
(iii)	प्रवेश कर का 25%	337.50
(iv)	खनिजों पर 3% रॉयल्टी	390.86
(v)	शराब पर आबकारी शुल्क पर 2% उपकर	99.81
(vi)	स्टाम्प शुल्क पर 10% अधिभार	1076.62
	योग	**10183.96**

सारणी 9.3 : आवश्यकता और उपलब्ध निधि के बीच अन्तर

(रु. करोड़ों में)

संस्थाएं	निर्धारित आवश्कताएं	सिफारिश किये गये कर/गैर–कर न्यागमन	कम किया जाने वाला अंतर
पंचायती राज संस्थाएं	10947.57	7892.08	3055.49
नगरीय स्थानीय निकाय	4588.22	2291.88	2296.34
योग	**15535.79**	**10183.96**	**5351.83**

पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के लिए सिफारिश की गयी आवश्यकताओं और न्यागमन के बीच 5351.83 करोड़ का अन्तर है। इस अंतर को इन स्थानीय निकायों द्वारा स्वयं की संपदाओं में वृद्धि करके, टी एफ सी के अधीन आवंटित निधि का उपयोग करके या बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर और कुछ हद तक बाह्य रूप से सहायताप्राप्त परियोजनाओं के माध्यम से कम किया जाये।

पंचायती राज संस्थाओं को विशेष निर्बन्ध अनुदान

9.4 राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को योजना के अधीन स्वच्छता, पेयजल, अपूर्ण संकर्मो को पूरा करने, सड़कों और भवनों की मरम्मत और रख–रखाव, फर्नीचर के क्रय, और मनरेगा के अधीन अनुज्ञात 40 प्रतिशत के आधिक्य में तात्विक संघटकों की मांग, को पूरा करने के लिए अतिरिक्त निर्बन्ध निधि उपलब्ध करायी है। वार्षिक योजना में 2011–12 और 2012–13 में 777.54 करोड़ रुपये का परिव्यय आवंटित किया गया। यह अपेक्षा की जाती है कि ऐसा अनुदान 2013–14 और 2014–15 के दौरान पंचायती राज संस्थाओं को उपलब्ध होगा। ये सारणी 9.3 में दर्शित अन्तर को कम करने में उपयोग में लिया जा सकेगा।

9.5 पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के बीच वितरण

i. राज्य का स्वयं का शुद्ध कर राजस्व

स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (भू–राजस्व और प्रवेश–कर को अपवर्जित करते हुए) में अविभाज्य 5% अंश के 7214.66 करोड़ रुपये का वितरण 2011 जनगणना में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या के अंश के आधार पर जो 6.85 करोड़ कुल जनसंख्या के, की 75.1 प्रतिशत ग्रामीण और 24.9 प्रतिशत नगरीय जनसंख्या है, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के बीच संवितरण किया जाये। तद्नुसार, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों में न्यागमन की रकम का अंश, प.रा.सं. के लिए 5418.21 करोड़ रुपये और न.स्था.नि. के लिए 7916.45 करोड़ रु. है। वर्तमान में, प.रा.सं. और न.स्था.नि. के जनसंख्या आंकड़े जनगणना द्वारा जारी नहीं किए गए हैं। इसलिए न्यागत रकम का व्यैक्तिक स्थानीय निकायों को आगे और वितरण निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग और आयुक्त, पंचायती राज विभाग द्वारा निधियों के जारी करने के समय उपलब्ध अद्यतन जनगणना आंकड़ों के आधार पर किया जायेगा।

ii. **भू–राजस्व**

कराधान का स्वीकृत सिद्धान्त है कि कर, जिनका आपतन केवल स्थानीय है, संबंधित स्थानीय निकाय के होंगे। भू–राजस्व एक ऐसा कर है जिसका आपतन पूर्णतया स्थानीय है। इसलिए, आयोग ने वर्ष 2012–13 के लिए अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में सिफारिश की है कि सम्पूर्ण भू–राजस्व का राज्य की ग्राम पंचायतों को उनकी उपलब्ध अद्यतन जनसंख्या के अनुपात में स्थानान्तरित किया जाये। आयोग सम्पूर्ण अवार्ड कालावधि के लिए इस सिफारिश को दोहराता है। वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए वास्तविक प्राप्तियों के आधार पर, 2012–13 के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन और वर्ष 2013–14 और 2014–15 के लिए प्राक्कलन जैसे वित्त विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं, 1064.51 करोड़ रुपये की राशि अवार्ड कालावधि 2010–15 के दौरान ग्राम पंचायतों को प्राक्कलित अंतरण है।

iii. **प्रवेश कर**

चुंगी की समाप्ति के कारण स्थानीय निकायों को राजस्व में हानि के प्रतिकर के लिए, राज्य सरकार ने राज्य में माल के प्रवेश पर कर अधिरोपित किया, जो सामान्यतः प्रवेश कर के रूप में जाना जाता है। यह मानते हुए कि प्रवेश कर का एक बड़ा अंश नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त होता है, आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में सिफारिश की है कि 25% कर का प.रा.सं. और न.स्था.नि. के बीच क्रमशः 40:60 के अनुपात में वितरण किया जाये। विधानसभा को प्रस्तुत कार्रवाई रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने यह विनिश्चित किया है कि इस विषय पर अंतिम फैसला आयोग की अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात् लिया जायेगा। आयोग, इसलिए अपनी सिफारिशों को दोहराता है कि अवार्ड कालावधि के लिए प्रवेश कर के 25% को प.रा.सं. और न.स्था.नि. को 40:60 के अनुपात में दिया जाये।

iv. **खनिजों पर रायल्टी**

खनन का कार्य मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है। खनन गतिविधियों के परिणामस्वरूप कर्मकारों में स्वास्थ्य और क्षेत्र की पारिस्थितिकी से संबंधित कई समस्याएं होती है जिसके लिए स्थानीय निकायों द्वारा विनिर्दिष्ट स्थानीय हस्तक्षेप अपेक्षित है। खनन के इन पहलुओं के परीक्षण के पश्चात् द्वितीय और तृतीय राज्य वित्त आयोग ने ऐसे क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जहां से खनिज निकाले जाते हैं, को खनिजों (प्रमुख और गौण दोनों) पर रायल्टी से शुद्ध प्राप्तियों के 1 प्रतिशत के अन्तरण की सिफारिश की है। यह आयोग वर्ष 2012–13 के लिए अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में सिफारिश करता है कि हाइड्रोकार्बन को छोड़कर खनिजों (प्रमुख और गौण दोनों) पर रायल्टी के 3 प्रतिशत का वितरण उपलब्ध अद्यतन जनगणना के अनुसार सभी ग्राम पंचायतों के मध्य उनकी जनसंख्या के अनुपात में किया जाये। आयोग अवार्ड कालावधि 2010–15 के लिए भी यही सिफारिश करता है।

v. **पेट्रोलियम पर रायल्टी**

आयोग अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में पेट्रोलियम पर रायल्टी के 3% को प.रा.सं. को स्थानान्तरित करने की सिफारिश करता है। यह रकम पंचायती राज विभाग के पी. डी. खाते में रखी जानी थी और इसके उपयोग और वितरण के संबंध में एक दृष्टिकोण आयोग द्वारा अपनी अंतिम रिपोर्ट में लिया जाना था। राज्य सरकार ने कार्रवाई रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखते हुए यह रिपोर्ट किया कि इस पर निर्णय, आयोग की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त करने के पश्चात् लिया जायेगा। इस विवाद्यक पर प्रमुख सचिव, वित्त और राज्य सरकार के वित्त विभाग में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गयी। अब यह रिपोर्ट किया गया है कि राज्य सरकार बाड़मेर जिले में रिफाइनरी लगाने की प्रक्रिया में है। यह क्षेत्र में विकास पर व्यय होगा और 15 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त 3736 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष अग्रिम देन के साथ लागत की हिस्सेदारी होगी। रिफाइनरी के लिए आवश्यकताओं की वित्तीय विविक्षाएं स्पष्ट नहीं है। इसलिए, इस स्तर पर रायल्टी के वितरण के लिए राज्य सरकार पर एक और भार डालना न्यायानुमत नहीं है। कई अन्य फायदों पर विचार करते हुए जो रिफाइनरी से अपेक्षित हैं, आयोग स्थानीय निकायों के साथ पेट्रोलियम पर रायल्टी साझेदारी की अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में की गयी पूर्वतर सिफारिश को वापस लेती है।

vi. **आबकारी शुल्क पर उप–कर**

आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में सिफारिश की है कि, ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में बेची जाने वाली देशी मदिरा और भारत निर्मित विदेशी मदिरा पर आबकारी शुल्क पर, स्थानीय निकायों के राजस्व में वृद्धि की दृष्टि से, 2% उपकर उद्ग्रहीत किया जाये। राज्य सरकार यह सूचित करती है कि मदिरा के विक्रय के लिए संविदा 01.04.2012 से दो वर्षों के लिए की गयी है, इसलिए विद्यमान संविदा के प्रचलन में रहने तक एक नया उपकर लागू करना वैधानिक रूप से कठिन होगा। राज्य सरकार 31.03.2014 को वर्तमान संविदाओं के अवसान पर नई संविदाओं को अंतिम करते समय इस विवाद्यक पर निर्णय लेगी। आयोग सिफारिश करता है कि मदिरा पर आबकारी शुल्क पर 2% उपकर का उद्ग्रहण 01.04.2014 से किया जाये और आयोग द्वारा अंगीकृत मानदंड पर प.रा.सं. और न.स्था.नि. के मध्य वितरित किया जाये।

vii. **स्टाम्प शुल्क पर अधिभार**

आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में सिफारिश की है कि स्टाम्प शुल्क पर 10% अधिभार सरकार द्वारा उद्गृहीत किया जाये और प.रा.सं. और न.स्था.नि. के मध्य वितरित किया जाये। आयोग इस संबंध में अपनी सिफारिशों को दोहराता है। ग्रामीण और नागरिक क्षेत्रों में इस प्रकार संगृहीत अधिभार आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदंडों के अनुसार न्यागत किए जाये।

viii. उपरोक्त सिफारिशों के आधार पर, प.रा.सं. और न.स्था.नि. को न्यागमन का सारांश सारणी 9.4 में है।

सारणी 9.4: प.रा.सं. और न.स्था.नि. को न्यागमन

(रु. करोड़ों में)

	विशिष्टियां	प.रा.सं. का अंश	न.स्था.नि. का अंश	योग
(i)	राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में अंश (भू–राजस्व और प्रवेश कर को अपवर्जित करते हुए) (5%)	5418.21	1796.45	7214.66
(ii)	भू–राजस्व (100%)	1064.51	-	1064.51
(iii)	प्रवेश कर (25%)	135.00	202.50	337.50
(iv)	खनिजों पर रायल्टी (3%)	390.86	-	390.86
(v)	आबकारी शुल्क पर उपकर (2%)	74.96	24.85	99.81
(vi)	स्टाम्प शुल्क पर अधिभार (10%)	808.54	268.08	1076.62
कुल (i) से (vi)		**7892.08**	**2291.88**	**10183.96**

पंचायती राज संस्थान

9.6 पं.रा.सं. के मध्य जिलेवार वितरण

i. संपदाओं के विभाज्य पूल में से प.रा.सं. के मध्य वितरण सामाजिक–आर्थिक मानदंडों जैसे गरीबी के आपतन और परिभाषित प्रवर्गों के जनसंख्या के अंश जैसे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति या जनजाति क्षेत्रीय जनसंख्या पर किया गया है। साक्षरता का स्तर और भौगोलिक क्षेत्र द्वितीय वित्त आयोग द्वारा सम्मिलित किए गए। तृतीय वित्त आयोग कार्यक्षेत्र को और आगे बढ़ाता है और सभी तीनों स्तरों के लिए जिले को निधियों के वितरण के लिए सारणी 9.5 में दर्शित परिमापों और उनके भार की सिफारिश करता हैं।

सारणी 9.5: तृतीय वित्त आयोग द्वारा अंगीकृत वितरण मानदंड और भार

परिमाप	भार
जनसंख्या	60 प्रतिशत
भौगोलिक क्षेत्र	20 प्रतिशत
गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या द्वारा दर्शायी गयी गरीबी	5 प्रतिशत
साक्षरता का स्तर	5 प्रतिशत
अनुसूचित जाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	5 प्रतिशत

ii. आयोग ने विभिन्न सामाजिक आर्थिक परिमापों के परीक्षण के पश्चात् अपनी अंतरिम रिपोर्ट–II में सारणी 9.6 में दर्शित वितरण मानदंडों और भार की सिफारिश की है।

सारणी 9.6 : अंतरिम रिपोर्ट–II के वितरण मानदंड और भार

क्र.सं.	परिमाप	भार
1.	जनसंख्या	50 प्रतिशत
2.	भौगोलिक क्षेत्र	15 प्रतिशत
3.	गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या द्वारा दर्शायी गयी गरीबी	5 प्रतिशत
4.	बालक लिंगानुपात (0–6) वर्ष	5 प्रतिशत
5.	अनुसूचित जाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
6.	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
7.	1991–2001 और 2001–11 के बीच दशकीय जनसंख्या में वृद्धि में कमी	5 प्रतिशत
8.	शिशु मृत्यु दर	5 प्रतिशत
9.	बालिका शिक्षा	5 प्रतिशत

उपरोक्त मानदंडों का पुनः परीक्षण किया गया और विशेषज्ञों और विषय के विशेष जानकारों के साथ और आगे चर्चा की गयी। इन चर्चाओं में जो मुख्य बात दृष्टिगत हुई वह यह कि स्थानीय निकायें द्वारा संपदा गतिशीलन को वितरण के पैटर्न के रूप में बनाया जाना चाहिए। स्थानीय निकायों द्वारा अतिरिक्त करों का उद्ग्रहण नहीं करने के कारण इसे आवश्यक माना गया। परिणामस्वरूप बहुत से कर और फीस जिनका उद्ग्रहण और संग्रहण स्थानीय निकाय कर सकते है, का उद्ग्रहण नहीं किया गया। इस प्रवृत्ति को निरूत्साहित करने के लिए आयोग प.रा.सं. के मध्य में वितरण के मानदंड में संपदा गतिशीलता के समावेश के विनिश्चय की सिफारिश करता है। आयोग, इसलिए, सिफारिश करता है कि प.रा.सं. द्वारा 2005–06 से 2009–10 के दौरान वितरण मानदंड में 10% भार को सम्मिलित करते हुए औसत राजस्व गतिशील के परिमाप सारणी 9.7 में दर्शित हैं। इसका आशय है कि जनसंख्या भार 50% से 40% तक कम होगा।

सारणी 9.7 : वितरण मानदंड और भार

परिमाप	भार
जनसंख्या	40 प्रतिशत
भौगोलिक क्षेत्र	15 प्रतिशत
गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या द्वारा दर्शायी गयी गरीबी	5 प्रतिशत
बालक लिंगानुपात (0–6) वर्ष	5 प्रतिशत

अनुसूचित जाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
शिशु मृत्यु दर	5 प्रतिशत
बालिका शिक्षा	5 प्रतिशत
प.रा.सं. द्वारा स्वयं के राजस्व का गतिशीलन	10 प्रतिशत

उपरोक्त के आधार पर, सामूहिक जिलेवार अक्षांक और जिलेवार न्यागमन का वितरण उपाबंध 9.2 और 9.3 में दिया गया है।

9.7 प.रा.सं. के तीन स्तरों के मध्य वितरण

तीन स्तरों अर्थात ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के मध्य 6436.71 करोड़ रुपये की रकम के प.रा.सं. के अंश के और वितरण के लिए, ग्राम पंचायतों को मुख्य अंश और जिला परिषदों को सबसे छोटा अंश देने का पैटर्न अंगीकृत किया गया। जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान, यह सुझाया गया कि ग्राम पंचायतों का अंश, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के पक्ष में कम किया जाना चाहिए। तथापि, कई अन्यों द्वारा इस सुझाव पर सहमति नहीं दी गयी। विवाद्यक का विस्तार से परीक्षण करने के पश्चात्, आयोग की यह राय है कि ग्राम पंचायतें, पं.रा.सं. की मुख्य कृत्यकारी इकाई हैं और जनता को मूल सेवायें उपलब्ध करवाने के लिए उत्तरदायी हैं। यदि निधियां उपलब्ध हों तो ग्राम पंचायतें विकास कार्यों को भी कर सकेंगी। इसलिए, आयोग सिफारिश करता है कि ग्राम पंचायतों के विद्यमान अनुपात 85%, पंचायत समितियों का 12% और जिला परिषदों का 3%, जैसा अंतरिम रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है, जारी रखा जाये। पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों के मध्य में निधियों का परस्पर वितरण, संबंधित पंचायत समिति और ग्राम पंचायत की अद्यतन गणना के अनुसार जनसंख्या के आधार पर किया जाये। अवार्ड कालावधि के लिए तीनों स्तरों के अपने–अपने अंश सारणी 9.8 में दर्शित हैं। वर्षवार कुल रकम सारणी 9.9 में अलग–अलग दर्शित हैं।

सारणी 9.8 : ग्रा.पं., पं.स. और जि.पं. का अंश

(रु. करोड़ों में)

पं.रा.सं.	रकम
ग्राम पंचायतें	6926.57*
पंचायत समितियां	772.41
जिला परिषदें	193.10
कुल	7892.08

* करों के 100% समनुदेशन के रूप में ग्राम पंचायतों को न्यागत किये जाने वाले 1455.37 करोड़ को सम्मिलित करके

सारणी 9.9: अवार्ड कालावधि के लिए वर्षवार न्यागमन

(रु. करोड़ों में)

वर्ष	जिला परिषदें (3%)	पंचायत समितियों (12%)	ग्राम पंचायतें			कुल योग
			साझा करने योग्य (85%)	करों का समनुदेशन	कुल	
2010-11	23.10	92.42	654.62	278.20	932.82	1048.34
2011-12	31.79	127.15	900.65	278.00	1178.65	1337.59
2012-13	39.60	158.37	1121.80	311.91	1433.71	1631.68
2013-14	44.41	177.66	1258.41	272.51	1530.92	1752.99
2014-15	54.20	216.81	1535.72	314.75	1850.47	2121.48
कुल	**193.10**	**772.41**	**5471.20**	**1455.37**	**6926.57**	**7892.08**

9.8 समग्र निधि

जैसे कि अवार्ड कालावधि (अर्थात् 2010–13) के तीन वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, इन वर्षों के लिए सिफारिश के अधीन प्राप्त निधियों का अब तक उपयोग नहीं किया जा सका है। इसलिए, वर्ष 2010–13 की कालावधि के लिए अंतरिम रिपोर्ट की अनुपालना में न्यागत की जाने वाली निधियों और पहले ही न्यागत निधियों का अंतर समग्र निधि में रखा जाएगा। समग्र का सृजन पंचायती राज विभाग के स्तर पर किया जायेगा और सारणी 9.10 में दर्शित रकम निक्षिप्त की जायेगी।

सारणी 9.10 : समग्र निधि में अन्तरित की जाने वाली अपेक्षित निधि

(रु. करोड़ों में)

वर्ष	सिफारिश किया गया न्यागमन	अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार न्यागमन	समग्र निधि में अन्तरित किये जाने वाला अन्तर
2010-11	1048.34	436.01	612.33
2011-12	1337.59	727.60	609.99
2012-13	1631.68	1273.84	357.84
योग	**4017.61**	**2437.45**	**1580.16**

समग्र निधि के आशातीत उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु, आयोग सिफारिश करता है कि :

i. निधि निदेशक, पंचायती राज विभाग के पी. डी. खाते में रखी जायेगी।

ii. रकम मुख्य रूप से ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम में मूल सेवाओं के रख–रखाव, अवसंरचना के विकास जैसे आंतरिक सड़कों का निर्माण, जल–संचय निर्माण, बस प्रतिक्षा–स्थल, अपशिष्ट जल निकास, सार्वजनिक शौचालय इत्यादि के लिए निधियों की आवश्यकता को पूरा करने और मनरेगा के सारवान घटकों से सामंजस्य स्थापित करने में काम में ली जाये।

iii. समग्र में से निधियां ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्तावों पर और सक्षम प्राधिकारी के तकनीकी अनुमोदन पर मंजूर की जायेंगी।

iv. इन विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धान्तों के आधार पर, समग्र के रखरखाव और संचालन के लिए विस्तृत प्रक्रिया पंचायती राज विभाग द्वारा अवधारित की जायेगी।

रेखाचित्र–11

संस्थावार/वर्षवार प.रा.सं. को न्यागमन (2010–15)

प.रा.सं. को 7892.08 करोड़ रुपये का न्यागमन (समनुदेशन का मिश्रण)

(रु. करोड़ों में)



शेष दो वर्षों 2013–14 और 2014–15 के लिए निधियों का न्यागमन 3874.47 करोड़ रुपये होगा और प.रा.सं. के मध्य इसका वितरण सारणी 9.11 में दर्शित है।

सारणी 9.11: 2013–14 और 2014–15 के दौरान न्यागमन

(रु. करोड़ों में)

प.रा.सं.	2013-14	2014-15	योग
जिला परिषदें	44.41	54.20	98.61
पंचायत समितियां	177.66	216.81	394.47
ग्राम पंचायतें	1530.92	1850.47	3381.39
योग	**1752.99**	**2121.48**	**3874.47**

9.9 क्रियाशील अनुदान

जैसे अध्याय 6 में चर्चा की गयी, 2013–14 और 2014–15 के लिए ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं के प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट प्रयोजन क्रियाशील अनुदान 4076.49 करोड़ रुपये निकाला गया जो नीचे संक्षेपतः वर्णित है:

सारणी 9.12 : 2013–14 और 2014–15 के लिए ग्राम पंचायतों को क्रियाशील अनुदान

(रु. करोड़ों में)

मदें	2013-14	2014-15	योग
मूल कृत्य	1073.05	766.01	1839.06
वर्ग IV की सेवाओं का किराये पर लेना	66.07	66.07	132.14
कम्प्यूटर और उपसाधन	45.89	-	45.89
क्षमता निर्माण	62.00	62.00	124.00
परिक्रामी निधि	50.00	50.00	100.00
अवसंरचना विकास	917.70	917.70	1835.40
योग	**2214.71**	**1861.78**	**4076.49**

क्रियाशील अनुदान के लिए निधियों की आवश्यकता 4076.49 करोड़ रु. आंकी गयी है। जैसा पैरा 9.8 मे चर्चा की गयी, अवसंरचना के विकास के लिए निधि की आवश्यकता 1835.40 करोड़ रुपये समग्र निधि, से प्राप्त होगी, विशेष निर्बन्ध अनुदान और टी.एफ.सी. इत्यादि के अधीन उपलब्ध निधियों से पूरी होगी। इसलिए, क्रियाशील अनुदान की शेष आवश्यकता 2241.09 करोड़ रुपये निकाली गयी।

9.10 निर्वर्तन अनुदान

वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित मानदण्डों को पूरा करने के लिए निर्वर्तन अनुदान के रूप में 20% निधि प. रा.सं. को दी जायेगीः–

1. 5% रकम वार्षिक लेखों और आस्ति रजिस्टर तैयार करने और पूर्ण करने के आधार पर न्यागत की जायेगी।
2. 5% रकम संपरीक्षा पैराओं के व्ययन के लिए न्यागत की जायेगी।
3. 5% रकम स्वयं के सम्पत्ति स्त्रोत पैदा करने के लिए न्यागत की जायेगी जो पूर्ववर्त्ती वर्षों की तुलना में 2013–14 और 2014–15 के दौरान 15% अधिक होनी चाहिए।
4. 5% रकम ग्राम सभा/पंचायत समिति/जिला परिषद् की समय पर बैठक बुलाने के लिए न्यागत की जायेगी।

आयोग स्थानीय निकायों के वित्तीय निर्वर्तन पर विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त करने में असमर्थ है। आयोग ने अपने क्षेत्रीय दौरों में यह पाया है कि अधिकांश प.रा.सं. और न.स्था.नि. अद्यतन और संपरीक्षित लेखों के रख–रखाव में असमर्थ है। इस असक्षमता को काबू में लाया जा सकता है यदि स्थानीय निकायों के लेखे सम्पूर्ण राज्य में एक समान रीति में नियमित आधार पर तैयार और संपरीक्षित किए जाये। इसी प्रकार, आयोग ने निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, राजस्थान की रिपोर्ट से यह पाया है और स्थानीय निकायों के अपने क्षेत्रीय दौरों के दौरान यह भी देखा कि संपरीक्षा पैराओं के परिनिर्धारण पर मुश्किल से कोई ध्यान दिया जा रहा है और इसके परिणामस्वरूप संपरीक्षा पैरा दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे है। इसके अलावा, क्रियाशील और वित्तीय लेखाओं को सुनिश्चित करने के लिए लेखाओं का रख–रखाव और समय पर संपरीक्षा आवश्यक है जिसकी वर्तमान में अभाव है।

इसके अतिरिक्त, समस्त राज्य में एकमत से यह लक्षण देखा गया कि अधिकांश स्थानीय निकाय अपनी घटकीय आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। क्षेत्रीय स्तर पर विचार–विमर्श के दौरान और आयोग के स्वयं के अवलोकनों द्वारा समर्थित सामान्य मतैक्य था कि मूल सेवायें जैसे स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन और मार्ग–प्रकाश सेवाएं प्रतिग्राह्य स्तरों पर लगभग सभी स्थानीय निकायों द्वारा अपर्याप्त रूप से उपलब्ध करवाई जाती हैं। आयोग से मूल सेवाओं के साथ–साथ लेखों के रख–रखाव और

डाटा बेस के लिए ढांचागत कर्मचारीवृन्द को सम्मिलित करते हुए उनके प्रचालन अवसंरचना के लिए अनुदान वृद्धि का आग्रह किया गया था।

आयोग आश्वस्त है कि राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में सारतः अधिक हिस्से के माध्यम से ग्रामीण के साथ ही साथ नगरीय स्थानीय निकायों के वित्त को सहारा देने की निर्विवाद आवश्यकता है। इसी समय, स्थानीय निकायों को स्वयं की संपदाओं में वृद्धि, जिसकी बड़े पैमाने पर संभावना है, द्वारा राज्य सरकार पर अपनी निर्भरता कम करने की आवश्यकता है। आयोग का यह निश्चित मत है कि जब तक स्थानीय निकाय अपनी वित्तीय संपदा में पर्याप्त वृद्धि नहीं करते, उनकी स्वायत्त शासन की इकाईयों के रूप में स्वायत्तता बनाई नहीं रखी जा सकती। इससे यह भी विवक्षित है कि उनका नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व का भाव और निर्वाचकों के प्रति जवाबदारी निरन्तर निम्न बनी रहेगी। आयोग यह आवश्यक समझता है कि स्थानीय शासन को उनके नागरिक मूल कृत्यों के निर्वहन में और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और सेवाओं के मुल्याकंन के लिए एक अनुश्रवण प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए, निर्वर्तन अनुदान के पात्र बनने के लिए निम्नलिखित क्रियाकलापों के पालन की अपेक्षा की जाती है :

क) आस्ति रजिस्टरों और लेखों का रखरखाव

यह देखा गया है कि पं.रा.सं. में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर, लेखाओं को तैयार करने और रखरखाव की कोई प्रणाली नहीं है। उस स्तर कोई विश्वसनीय डाटा और शीर्षवार राजस्व प्राप्तियां और व्यय उपलब्ध नहीं है। यहां तक कि पंचायती राज विभाग भी ग्राम पंचायतों के आय और व्यय से संबंधित कोई सूचना नहीं दे सका है। इसके अतिरिक्त विभागीय स्तर पर वार्षिक लेखा तैयार करने और अंतिम रूप देने की मॉनीटरी के लिए कोई प्रणाली नहीं है। ऐसी स्थिति में यह काफी संभाव्य है कि निधि का उपयोग उस प्रयोजन के लिए नहीं किया जाये जिसके लिए वह मंजूर की गयी है। तेहरवें केन्द्र वित्त आयोग ने भी इस विवाद्यक को गंभीरता से लिया है और प्रियासोफ्ट के सुत्रपात द्वारा लेखा प्रक्रिया का मानकीकरण किया है। राज्य सरकार ने भी 01.04.2011 द्वारा इस कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रक्रिया को अंगीकृत किया है। इसके पश्चात् सभी प.रा.सं. जैसे जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों से प्रियासॉफ्ट के उपयोग द्वारा लेखाओं के तैयार करने की अपेक्षा की जाती है। तथापि, आज तक, 9177 ग्राम पंचायतों में से मात्र 2524 ग्राम पंचायतों ने मास्टर डाटा एंट्री की है और मात्र 357 ग्राम पंचायतों ने 2011–12 के लिए अपनी ईयर बुक बंद की है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि दो वर्ष से अधिक व्यतीत होने के पश्चात् भी, प्रगति काफी असंतोषजनक है। बहुत से मामलों में, ग्राम पंचायतों के आस्ति रजिस्टर भी अद्यतन नहीं है। आयोग निदेश देता है कि केवल वो ग्राम पंचायतें/पंचायत समितियाँ/जिला परिषदें, जो वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए 30 सितम्बर, 2013 तक और वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए 30 सितम्बर, 2014 तक अपने वार्षिक लेखे पूर्ण करती हैं, वे निर्वर्तन अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। ग्राम पंचायतों/पंचायत समितियों/जिला परिषदों के आस्ति रजिस्टर वार्षिक लेखों को अंतिम किये जाने के साथ–साथ अद्यतन किये जाने चाहिए।

ख) संपरीक्षा पैराओं का निपटान

प.रा.सं. के लेखाओं की संपरीक्षा, राजस्थान स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1954 और अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार, निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग द्वारा की जाती है। इन लेखाओं की सांकेतिक संपरीक्षा जब कभी अपेक्षित हो, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा भी की जाती है। पं.रा.सं. सामान्यतः अभिलेख और अपेक्षित डाटा/सूचनाएं संपरीक्षा दलों को उपलब्ध नहीं करवाती है और संपरीक्षा रिपोर्टों पर भी कम ही ध्यान दिया जाता है। इस स्थिति में लेखाओं की संपरीक्षा के लिए किये गये प्रयासों का कोई परिणाम नहीं निकलता। स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग ने रिपोर्ट किया है कि 31.12.2012 तक 2598124 संपरीक्षा पैरा बकाया है जिनमें से 14.29 करोड़ रुपये की गबन की रकम से संबंधित 7351 पैरा हैं। इन संपरीक्षा पैराओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए और प्राथमिकता के आधार पर इनका पालन किया जाना चाहिए। आयोग निदेश देता है कि जो ग्राम पंचायतें/पंचायत समितियां/जिला परिषदें वित्तीय वर्ष 2013–14 में और वैसे ही वित्तीय वर्ष 2014–15 में 31 मार्च तक पूर्ववर्ती वर्षों के बकाया के साथ की वर्ष के दौरान नये पैराओं का कम से कम 15% का परिनिर्धारण करते हैं, निर्वर्तन अनुदान के लिए पात्र होंगी।

ग) अतिरिक्त राजस्व गतिशीलन

प.रा.सं. अपने स्वयं के राजस्व में वृद्धि करने और उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुरुप उपयोग में लेने के लिए धारा 65, 66 और 67 (ग्राम पंचायत), धारा 68 (पंचायत समिति) और धारा 69 (जिला परिषद्) के अधीन कर उद्ग्रहण के लिए सशक्त हैं। तथापि, करों और/या फीसों द्वारा स्वयं की संपदाओं में वृद्धि की असफलता के कारण राज्य अनुदान पर निर्भरता बनी रहती है। अध्याय 5 और 6 में रिपोर्ट किये गये डाटा स्पष्ट रूप से दर्शित करते हैं कि प.रा.सं. की कुल प्राप्तियों में स्वयं के संसाधन 2 प्रतिशत से कम का अभिदाय करते हैं। प.रा.सं. को अपनी स्वयं की संपदाओं में वृद्धि करने में प्रेरित करने के क्रम में, आयोग निदेश देता है कि, 2012–13 और उसी प्रकार 2014–15 की तुलना में, 2013–14 में जो पंचायतें/पंचायत समितियां/जिला परिषदें अपने स्वयं के राजस्व में 15 प्रतिशत तक वृद्धि करती हैं, निर्वर्तन अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। तथापि, भूमि या किसी अन्य सम्पत्ति के विक्रय के कारण प्राप्तियों पर प.रा.सं. के स्वयं के राजस्व की गणना करते समय विचार नहीं किया जायेगा।

घ) ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद् की बैठकों का बुलाया जाना

ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद् की बैठकों को समय पर नहीं बुलाया नहीं जाता है और महत्वपूर्ण सूचनाएं जैसे बजट प्रस्ताव, निधियों की उपलब्धता, उपगत व्यय, निष्पादित/अनुपालित संकर्मों की सूची इत्यादि इन निकायों के समक्ष नहीं रखी जाती है। स्थानीय योजना और संकर्म के निष्पादन में लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के क्रम में, आयोग सिफारिश करता है कि इन निकायों की बैठकें राजस्थान पंचायती राज अधिनियम और अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार बुलायी जानी

चाहिए और सदस्यों को बजट प्रस्तावों जिला योजना के लिए प्रस्ताव, निधियों की उपलब्धता और उनके उपयोग के बारे में सूचित किया जाना चाहिए। संपरीक्षा रिपोर्ट की प्रति अनुपालना रिपोर्ट के साथ इन निकायों के समक्ष रखी जानी चाहिए। प.रा.सं. जो पंचायती राज अधिनियम और नियमों के उपबंधों के अनुसार समय पर अपनी बैठकें बुलाती हैं और आवश्यक डाटा प्रस्ताव, मंजूरी इत्यादि रखती हैं, जैसा इसमें परिकल्पित है, वर्ष 2013–14 और 2014–15 के लिए निर्वर्तन अनुदान के लिए पात्र होंगी।

क. निर्वर्तन अनुदान के लिए मार्गदर्शक–सिद्धांत

i. निर्वर्तन अनुदान जारी करने के लिए, पंचायती राज विभाग के वित्तीय सलाहकार को लेखाओं और आस्ति रजिस्टरों के रख–रखाव संपरीक्षा पैराओं के निस्तारण और अतिरिक्त राजस्व गतिशीलन के बारे में एक प्रमाणपत्र जारी करना चाहिए।

ii. निदेशक, पंचायती राज विभाग/संबंधित जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी/ब्लॉक विकास अधिकारी द्वारा क्रमशः जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम सभाओं की समय पर बैठकों के बुलाने और इन निकायों के सम्मुख आवश्यक रिपोर्टों, प्रस्तावों और डाटा को प्रस्तुत किये जाने को उपदर्शित करते हुए एक प्रमाणपत्र दिया जाना चाहिए।

iii. वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अनुपयोगी निर्वर्तन अनुदान पृथक रूप से प्रत्येक आवश्यकता अर्थात्, लेखाओं और आस्ति रजिस्टरों के रखरखाव, संपरीक्षा पैराओं का निपटान, अतिरिक्त संपदा गतिशीलन और इन निकायों की बैठक बुलाने को पूरा करने के आधार पर कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों/पंचायत समितियों/जिला परिषदों के मध्य संवितरित कर दिया जायेगा।

iv. निर्वर्तन की संगणना के लिए विस्तृत प्रक्रिया पंचायती राज विभाग द्वारा अवधारित और जारी की जायेगी।

9.11 निर्बन्ध अनुदान

ग्राम पंचायतों के लिए क्रियाशील अनुदान और पंचायती राज संस्थाओं को निर्वर्तन अनुदान के लिए 20% निधि निश्चित करने के पश्चात् बकाया रकम निर्बन्ध अनुदान के रूप में उपलब्ध होगी।

आयोग सिफारिश करता है कि निर्बन्ध अनुदान ऐसे विकास कार्यों को आरंभ करने और निष्पादन के लिए ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों द्वारा उपयोग में लाया जाये जो किसी अन्य स्कीम/कार्यक्रम के अधीन नहीं किये जा सकते हों और संबंधित पंचायती राज संस्थाओं द्वारा अनुमोदित और तकनीकी और प्रशासनिक प्राधिकारियों द्वारा मंजूर हो।

9.12 गली की सौर लाइटिंग के लिए प्रोत्साहन

ग्राम पंचायतें गांवों में मार्ग–प्रकाश को सम्मिलित करते हुए मूल सेवाओं को उपलब्ध करवाने के दायित्वाधीन हैं। जैसे कि संसाधन अपर्याप्त हैं, समस्या का आर्थिक और संचालन में आसान समाधान आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में मार्ग–प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग समुचित लागत प्रभावी समाधान है। 22000/– रुपये प्रति इकाई की लागत पर उपलब्ध गली की सौर लाइटिंग इकाइयां क्षेत्र को प्रकाशवान कर सकती है। नव और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार का ''जवाहर लाल नेहरू नेशनल सोलन मिशन के प्रथम चरण के लिए ऑफ–ग्रिड और सौर उपयोग के विकेन्द्रीकरण पर कार्यक्रम को लागू करना'' शीर्षक से कार्यक्रम लागत की 30 प्रतिशत की दर पर सहायकी उपलब्ध करवाता है। भारत सरकार की सहायकी के अतिरिक्त, आयोग सिफारिश करता है कि 2013–14 और 2014–15 के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा स्थापित की जाने वाली गली की सौर लाइटिंग इकाइयों की लागत पर 20 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन के रूप में दिया जाये। यह न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का हल करेगा अपितु, लोगों को अपने घरों में विद्युत ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करेगा। आवश्यक प्रोत्साहन राशि निर्बन्ध अनुदान में से उपलब्ध करायी जायेगी। ग्राम पंचायतों को इसके संदाय की रीति पंचायती राज विभाग द्वारा अवधारित की जायेगी और ग्राम पंचायतों के मध्य परिचालित की जायेगी। इसके अतिरिक्त, आयोग का यह मत है कि पंचायती राज विभाग, स्कीम के अधीन सहायकी का फायदा प्राप्त करने की इच्छुक ग्राम पंचायतों की सुविधा के लिए विभाग में एक सहायता केन्द्र स्थापित करें।

9.13 पेयजल के शोधन के लिए प्रोत्साहन

आयोग सिफारिश करता है कि सुरक्षित सार्वजनिक स्थान पर समुदाय के लिए 2013–14 और 2014–15 के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा स्थापित जल शोधन संयंत्र की लागत का 50% का प्रोत्साहन निर्बन्ध अनुदान में से उपलब्ध करवाया जाये। इस संबंध में संदाय प्रक्रिया को सम्मिलित करते हुए मार्गदर्शक सिद्धान्तों को पंचायती राज विभाग द्वारा अंतिम रूप दिया जायेगा और जारी किया जायेगा।

9.14 आयोग सिफारिश करता है कि निर्बन्ध अनुदान का उपयोग वाहनों की खरीद और साथ ही चारदीवारियों, सामुदायिक भवनों, चबूतरों, स्वागत द्वारों और हथाई या अन्य समरूप संरचनाओं के संनिर्माण के लिए नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त, रकम का उपयोग कर्मचारियों के वेतन और भत्तों, वेतन के बकाया, पेंशन, सा. प्रा. नि. इत्यादि के संदाय के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

9.15 निधियों का वितरण

ग्राम पंचायतें

(i) आयोग द्वारा विनिश्चित मानदण्ड के आधार पर ग्राम पंचायतों को न्यागमन का 85% अंश प्राप्त होगा। सारणी 9.11 के अनुसार, वर्ष 2013–14 और 2014–15 के लिए ग्राम पंचायतों को 3381.39 करोड़ रुपये प्राप्त होंगें। इस रकम में से , पैरा 9.9 के अनुसार 2241.09 करोड़ रुपये कृत्यकारी अनुदान के लिए, इसके अलावा, पैरा 9.10 में दिये गये कार्यसंपादन सूचकों के अनुसार 20% अर्थात् 676.28 करोड़ रुपये कार्यसंपादन अनुदान के लिए उपलब्ध होंगें। 464.02 करोड़ रुपयों की शेष रकम पैरा 9.11 से 9.14 में दिये गये मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार निर्बन्ध अनुदान के रूप में उपयोग करने के लिए दी जायेगी। आयोग यह सुझाव देता है कि निर्बन्ध अनुदान में से, कार्यसंपादन अवार्ड पर व्यय, जैसा पैरा 6.48 में आयोग ने सुझाव दिया है और सौर मार्ग–प्रकाश के उपयोग तथा पेयजल के शोधन के प्रोत्साहन को प्राथमिकता के आधार पर रखा जायेगा।

पंचायत समितियाँ

आयोग द्वारा विनिश्चित मानदण्ड के आधार पर, पंचायत समितियों को न्यागमन का 12% अंश प्राप्त होगा। सारणी 9.11 के अनुसार, वर्ष 2013–14 और 2014–15 के लिए, पंचायत समितियों को 394.47 करोड़ रुपये प्राप्त होंगें। इस राशि में से, पैरा 9.10 में दिए गए कार्यसंपादन सूचकों के अनुसार 20% अर्थात् 78.89 करोड़ रुपये कार्यसंपादन अनुदान के रूप में उपलब्ध होंगें। 315.58 करोड़ रुपयों की शेष रकम पैरा 9.11 और 9.14 के अनुसार निर्बन्ध अनुदान के रूप में उपयोग की जायेगी। आयोग सुझाव देता है कि निर्बन्ध अनुदान में से, निधियों का उपयोग आस्तियों के रखरखाव, ग्राम पंचायतों को तकनीकी समर्थन उपलब्ध कराने और ग्राम पंचायतों के सदस्यों के लिए जिम्मे ली गयी चेतना निर्माण तथा सशक्तिकरण की गतिविधियों के लिए भी किया जाये।

जिला परिषद्

जिला परिषदों को न्यागमन की रकम का 3% प्राप्त होगा। सारणी 9.11 के अनुसार यह रकम 2013–14 और 2014–15 के लिए 98.61 करोड़ है। न्यागमन में से, 20% अर्थात् 19.72 करोड़ रुपये ऊपर पैरा 9.10 में दिये बाद कार्यसंपादन सूचकों के अनुसार कार्यसंपादन अनुदान के रूप में उपलब्ध होंगें। 78.89 करोड़ रुपयों की शेष रकम पैरा 9.11 और 9.14 के अनुसार निर्बन्ध अनुदान के रूप में उपयोग में ली जायेगी। आयोग यह सुझाव देता है कि निर्बन्ध अनुदान में से निधियों का उपयोग जिला पंचायत डाटा बैंक के निर्माण, आस्तियों के रखरखाव, सदस्यों के सशक्तिकरण और ऐसी योजनाओं/स्कीमें, जो केन्द्र तथा राज्य सरकारों के ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में सम्मिलित नही हैं, की तैयारी और वित्तपोषण के लिए किया जायेगा।

9.16 आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं की सभी त्रिस्तरीय संस्थाओं के लिए विस्तृत रूप से आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए कार्य किया है। तथापि, वास्तविक आवश्यकताऐं और प्रत्यक्ष परिस्थितियाँ स्थान से स्थान और संस्था से संस्था के अनुसार अलग–अलग होती हैं। इसलिए, आयोग ने यह विनिश्चित किया कि न्यागमन के अंश की सिफारिश की गयी रकम को विभिन्न प्रयोजनों के लिए वितरित न किया जाये।

9.17 निधि अंतरण की क्रियाविधि

अनुशंषा किए गए न्यागमन के अधीन निधियों का अंतरण पंचायती राज विभाग के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को किया जाना है। आयोग यह सुझाव देता है कि :

(i) सामर्थ्य निर्माण के लिए अनुशंसा की गयी 124 करोड़ रुपये की राशि, पंचायती राज संस्थाओं को अन्तरित किए जाने से पूर्व निदेशक स्तर पर प्रतिधारित की जाये;

(ii) 100 करोड़ की परिक्रामी निधि एक लेखे में अन्तरित की जाये जो पंचायती राज विभाग द्वारा खोले जाने वाले खातों में अन्तरित की जाये और इसे पंचायती राज संस्थाओं को इनकी आवश्यकता के अनुसार अन्तरित की जाये ;

(iii) न्यागत की जाने वाली रकम के 20% के समतुल्य निधियों को पंचायती राज

संस्थाओं के कार्यसंपादन अनुदानों के लिए प्रयुक्त की जाने की सिफारिश की जाती है। इस रकम को पंचायती राज विभाग के निदेशक द्वारा प्रतिधारित किए जाने और आयोग द्वारा परिभाषित किए गए अपेक्षित कार्यों के पूर्ण होने पर स्थानीय निकायों को निर्बन्ध किए जाने की सिफारिश की जाती है। वित्त वर्ष की समाप्ति पर कार्यसंपादन अनुदान की उपयोग में नहीं ली गयी रकम, कार्यसंपादन करने वाली ग्राम पंचायतों/पंचायत समितियों/जिला परिषदों के बीच प्रत्येक आवश्यकता की पृथक्–पृथक् पूर्ति जैसे लेखाओं और आस्ति रजिस्टरों का रखरखाव, संपरीक्षा पैराओं का निस्तारण, अतिरिक्त संसाधन गतिशीलन ग्राम सभा/पंचायत समितियाँ/जिला परिषद् की बैठकें बुलाने, के आधार पर वितरित की जायेंगी।

(iv) कार्यसंपादन करने वाली ग्राम पंचायतों को दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए अपेक्षित निधियाँ सम्बन्धित जिला परिषद् को न्यागमित की जायेंगी। ये निधियाँ सम्बन्धित जिला परिषदों द्वारा पुरस्कृत ग्राम पंचायतों को संवितरित की जायेंगी।

(v) समग्र में निक्षिप्त किए जाने के लिए अपेक्षित निधि निदेशक स्तर पर पंचायत विभाग में रखी जायेगी।

अध्याय 10

न्यागमन की स्कीम : नगरीय स्थानीय निकाय

10.1 2009–10 तक नगरीय स्थानीय निकायों को पाँच प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया था अर्थात् नगर निगमों, नगर परिषदों, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी नगरपालिकओं। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अधिनियमन से 184 नगरीय स्थानीय निकायों को अब तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है अर्थात् नगर निगम (5), नगर परिषद (13), नगरपालिका (166)। वर्ष 2012 में, जिला मुख्यालय पर अवस्थित समस्त श्रेणी द्वितीय नगरपालिकाओं को नगर परिषदों में क्रमोन्नत किया जा चुका है। इसलिए परिषदों की संख्या 30 हो गयी है और नगरपालिकाऐं घट कर 149। तथापि, न्यागमन के लिए आयोग ने 01.04.2010 को स्थानीय निकायों की प्रास्थिति को ध्यान में रखा है।

नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य वितरण

10.2 आयोग का यह मत है कि नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य वितरण के लिए जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र और औसत राजस्व गतिशीलन सबसे उपयुक्त आधार हैं। नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा वित्तीय संसाधनों के जनन के सम्बन्ध में, आयोग का यह मत है कि चुंगी के लिए क्षतिपूर्ति के साथ–साथ संसाधन जुटाने के लिए अन्य विकल्पों की उपलब्धता के कारण निगम और परिषद् तुलनात्मक रूप से आरामदायक स्थिति में है। वहीं दूसरी ओर नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति उन्हें उपलब्ध निम्न राजस्व संसाधन, जनता की अल्प कर संदाय क्षमता और अपर्याप्त तथा अकुशल स्टाफ के कारण प्रशासनिक कमजोरी की वजह से कमजोर है। नगर निगमों और परिषदों को अधिकरणों जैसे कि जे.एन.एन.यू.आर.एम., आर.यू.आई.डी.पी. और ए.डी.बी. से अतिरिक्त निधियाँ उपलब्ध कराई जाती है। सामान्य तौर पर नगरपालिकाओं की इन संसाधनों तक पहुँच नही होती है। प्रथम राज्य वित्त आयोग ने जनसंख्या के आधार पर सामान्य प्रयोजन अनुदान के रूप में नगरीय स्थानीय निकायों को निधियों का 60% और 40% अन्य मापदण्ड अर्थात् नगरीय स्थानीय निकायों के आकार और संसाधन क्षमता और प्रबंधकीय सामर्थ्य के आधार पर वितरित करने की सिफारिश की थी। दूसरे राज्य वित्त आयोग ने वितरण के लिए 2001 की जनगणना को आधार माना था। इसने आगे 85% अंश समस्त नगरीय स्थानीय निकायों और 15% अतिरिक्त रकम द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी नगरपालिकाओं को वितरित किए जाने की सिफारिश की थी। तीसरे राज्य वित्त आयोग ने जनसंख्या के आधार पर समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को 80% अंश और 20% अतिरिक्त रकम द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी नगरपालिकाओं को वितरित किए जाने की सिफारिश की। इन नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति इतनी सोचनीय है कि ये अपने कर्मचारियों को उनके वेतन एवं भत्तों का समय पर भुगतान करने में सक्षम नही हैं। इसलिए, इन समस्त पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आयोग ने समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को जनसंख्या के आधार पर 70% और केवल 30% नगरपालिकाओं को वितरित किए जाने की सिफारिश अन्तरिम रिपोर्ट–II में की।

जनप्रतिनिधियों और विद्वान व्यक्तियों के साथ बैठक में किए गए विचार–विमर्श के पश्चात् आयोग इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि वितरण के लिए केवल जनसंख्या उपयुक्त मानदण्ड नहीं है। सेवाओं के परिदान की लागत में भिन्नता होती हैं। यह पश्चिमी राजस्थान में, जहाँ कि जनसंख्या क्षेत्रों के बीच काफी दूरी है, अधिक ऊँची है। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, आयोग यह सिफारिश करता है कि 50% न्यागमन जनसंख्या के आधार पर, 10% क्षेत्र के आधार पर और 10% औसत राजस्व गतिशीलन के आधार पर समस्त नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य होना चाहिए। शेष 30% केवल नगरपालिकाओं के मध्य जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जायेगा।

उपर्युक्त उल्लिखित मानदण्डों के आधार पर विभिन्न नगरपालिकाओं का निकाला गया अंश सारणी 10.1 में दर्शित किया गया है।

सारणी 10.1 : अवार्ड कालावधि 2010–15 के लिए नगरीय स्थानीय निकायों का वर्गवार अंश

(रुपये करोड़ो में)

प्रवर्ग (नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार)	संस्थाओं की संख्या	प्रक्षेपित जनसंख्या (लाखों में)	जनसंख्या के आधार पर 50%	क्षेत्र के आधार पर 10%	राजस्व गतिशीलन के आधार पर 10%	30% शेष रकम	कुल
नगर निगम	5	62.99	438.21	62.71	114.69	_	**615.61**
नगर परिषद्	13	31.24	217.27	29.17	32.68	_	**279.12**
नगरपालिकाऐं	166	70.51	490.46	137.31	81.82	687.56	**1397.15**
कुल	**184**	**164.74**	**1145.94**	**229.19**	**229.19**	**687.56**	**2291.88**

प्रवर्गवार प्रतिशत वितरण और नगरीय स्थानीय निकायवार प्रक्षेपित जनसंख्या, क्षेत्र और औसत स्वयं के राजस्व के ब्यौरे उपाबंध x.1 व x.2 में दिए गए हैं।

न्यागमन

निधियों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने की दृष्टि से, आयोग निधियों के न्यागमन को तीन भागों में किए जाने की सिफारिश करता है अर्थात् i कृत्यकारी अनुदान ii कार्यसंपादन अनुदान iii निर्बन्ध अनुदान

प्रवर्गवार/अनुदानवार न्यागमन नीचे दिया गया है :

आकृति – 12

नगरीय स्थानीय निकायों को संस्थावार/वर्षवार न्यागमन (2010–15)

2291.88 करोड़ रुपयों का नगरीय सीनीय निकायों को न्यागमन (समनुदेशनों के साथ)

(रु. करोड़ो में)



सारणी 10.2 : नगरीय स्थानीय निकायों के लिए प्रवर्गवार न्यागमन

(रु. करोड़ो में)

नगरीय स्थानीय निकायों का प्रवर्ग	2010–15 के लिए न्यागमन	2010–13 के दौरान पहले से न्यागत निधियाँ	2013–15 के दौरान न्यागत की जाने वाली निधियाँ	2013–15 के दौरान अनुदान का प्रकार		
				कृत्यकारी अनुदान	कार्यसंपादन अनदान	निर्बन्ध अनुदान
नगर निगम	615.61	173.52	442.09	299.90	88.42	53.77
नगर परिषद्	279.12	86.06	193.06	150.45	38.61	4.00
नगरपालिकाऐं	1397.15	348.32	1048.83	310.07	209.77	528.99
कुल योग	**2291.88**	**607.90**	**1683.98**	**760.42**	**336.80**	**586.76**

10.3 मूल कृत्यों के लिए अनुदान

नगरीय स्थानीय निकाय मुख्यतः आधारभूत सेवाऐं जैसे स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट संग्रहण/ व्ययन, अपशिष्ट जल की निकासी, सीवरेज और मल निकासी, मार्ग–प्रकाश, सार्वजनिक उद्यानों और सार्वजनिक स्थानों का रखरखाव, अग्नि सेवाऐं और सड़को के रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। वर्तमान में, नगरीय स्थानीय निकाय अपने वार्षिक व्यय का 30% इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर खर्च कर रहे हैं लेकिन इन सेवाओं की गुणवत्ता बहुत खराब है। इन सेवाओं के स्तर के असंतोषजनक होने का एक बहुत बड़ा कारण है कि लोग इन सेवाओं के पर्यवेक्षण में अर्न्तवलित नही हो रहे हैं। नगरीय स्थानीय निकाय राज्य वित्त आयोग के साथ ही केन्द्रीय वित्त आयोग से, इन सेवाओं विशेषतः सफाई, स्वच्छता तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उन्नयन और सुधार के लिए, निर्बन्ध अनुदान प्राप्त करते हैं। किसी नगरीय क्षेत्र का सबसे ज्यादा प्रकट होने वाला लक्षण इन सेवाओं की वे असंतोषजनक अवस्था है जिससे प्रत्येक व्यक्ति के साथ–साथ आगुन्तक और पर्यटक भी प्रभावित होते हैं। यद्यपि जयपुर शहर में भी इन सेवाओं के प्रदान पर पर्यवेक्षण देने के लिए लोगों को अर्न्तवलित करने की कोई प्रक्रिया नही है। अध्याय 9 में रिपोर्ट किया गया एस.पं.रा.सं. संस्थान, जयपुर का अध्ययन दर्शित करता है कि निगमों के 356.91 रु. प्रत्येक व्यक्ति और नगर परिषदों में 346.37 रु. प्रत्येक व्यक्ति के मानक सन्नियमों लिए की तुलना में नगर निगम और नगर परिषद् ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर क्रमशः 566.20 रु. और 478 रु. प्रति व्यक्ति खर्च कर रहे हैं। यह विवक्षित है कि मूल कृत्यों का असंतोषजनक संपादन निधियों की कमी के कारण नहीं है। सम्भवतः और ज्यादा पैसा उपलब्ध कराना, नगरीय स्थानीय निकायों के सफाई और मल सफाई के सम्बन्ध में स्थिति के सुधार का उपाय नहीं है। सेवाओं के स्तर में सुधार के लिए, मूल कृत्यों विशेष रूप से स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए, नगरीय स्थानीय निकायों को व्यय के प्रति अंशो का समान अभिदाय करने के लिए प्रेरित किया जाना

आवश्यक है। इसलिए, निधियों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, आयोग वर्ष 2013–14 और 2014–15 वर्षों के लिए, मूल कृत्यों के लिए अनुदान को निश्चित करना आवश्यक मानता है, जो कि इन दो वर्षों के लिए 1520.84 करोड़ रुपए है। न्यागमन में से, आयोग मूल कृत्यों के लिए 760.42 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने की सिफारिश करता है। 760.42 करोड़ रुपए के शेष अंतर की पूर्ति उनके स्वयं के संसाधनों द्वारा किया जाना अपेक्षित है। मूल कृत्यों के लिए निधियों का प्रवर्गवार वितरण नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार किया जायेगा।

सारणी 10.3 : केन्द्रीय कृत्यों के लिए निधियों का प्रवर्गवार वितरण

(रुपये करोड़ो में)

प्रवर्ग	2013–14	2014–15	कुल	न्यागमन में से किया जाये (50%)
नगर निगम	299.90	299.90	599.80	299.90
नगर परिषद्	150.45	150.45	300.90	150.45
नगरपालिकाऐं	310.07	310.07	620.14	310.07
कुल	760.42	760.42	1520.84	760.42

नगरीय स्थानीय निकायों को अपने संसाधनों को बढ़ाने को सुकर बनाने के क्रम में, आयोग ने राजस्थान के नगरीय स्थानीय निकायों की राजस्व संभाव्यता के निर्धारण पर अध्ययन करने का कार्य विकास अध्ययन संस्था (आई.डी.एस.), जयपुर को सौंपा है। प्रारूप रिपोर्ट के प्रस्तुत किए जाने के पश्चात्, आयोग ने पाया कि संस्था को प्रत्येक स्थानीय निकाय की राजस्व संभाव्यता का निर्धारण फिर से किए जाने की आवश्यकता है। संस्था ने यह कार्य शुरू कर दिया है और यह इस रिपोर्ट के लिखे जाने के समय तक पूरा नहीं हुआ है। जब आई.डी.एस. द्वारा अन्तिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है तब निष्कर्ष आयोग की वेबसाइट पर डाल दिये जायेंगे। आयोग यह अपेक्षा करता है कि स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग आइ.डी.एस. रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों का परीक्षण करेगा और नगरीय स्थानीय निकायों को, रिपोर्ट में दी गयी राजस्व संभाव्यता के समुपयोजन के द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।

10.4 कार्यसंपादन अनुदान

आयोग ने यह देखा है कि नगरीय स्थानीय निकाय केवल निधियों की कमी के कारण ही नहीं किन्तु वर्तमान स्टाफ के अपर्याप्त/प्रक्षिणहीन/खराब क्षमता, सेवाएं प्रदान करने में प्रणालियों और व्यावसायिकता की कमी, कुछ में स्वयं के अल्प साधन और मुख्यतः साधनों की अल्प गतिशीलता के कारण भी हानि उठाते हैं। इसके अतिरिक्त, संपरीक्षा और लेखा कृत्यों की तरफ भी कम ध्यान दिया जाता है। यह, इस तथ्य से दर्शित होता है कि स्थानीय स्वायत्त शासन निदेशालय के पास कर का बकाया/गैर–कर राजस्व या अतिरिक्त राजस्व

संभाव्यता निर्धारण के बारे में कोई सूचना नहीं है। ये नगरीय स्थानीय निकायों के वार्षिक लेखाओं से संकलित हो सकेगा। किन्तु निदेशालय ऐसे नगरीय स्थानीय निकायों की संख्या उपदर्शित करने की स्थिति में नहीं है जो 2011–12 के लिए अपने वार्षिक लेखों को अंतिम रूप दे चुके हैं। आगे, यह प्रतीत होता है कि नगरीय स्थानीय निकाय अपने लेखाओं और आस्तियों के रजिस्टरों का व्यवस्थित रूप से रखरखाव करने में ना तो इच्छुक है और ना ही इसमें उनकी अभिरूची है। तथ्य के रूप में, यह नगरीय स्थानीय निकायों की खराब वित्तीय स्थिति का मुख्य कारण है। इन कमियों को दूर करने के क्रम में, आयोग निम्नलिखित क्रियाकलापों/कृत्यों को पूरा करने के लिए कार्यसंपादन अनुदान की सिफारिश करता हैः–

(i) लेखा और आस्ति रजिस्टरों का रखरखाव –

अधिकतर नगरीय स्थानीय निकायों, विशेषतः छोटी नगरपालिकाओं, के पास लेखाओं को तैयार करने और उनके रखरखाव के लिए कर्मचारिवृन्द नहीं है। स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग के पास भी स्थानीय निकायों के स्तर पर वार्षिक लेखाओं को तैयार करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिये मॉनीटरी की कोई उपयुक्त प्रणाली नहीं है। इस परिदृश्य में, निधियों के उपयोग से मंजूरी की शर्तों का उल्लंघन होने की संभावना है। स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग ने नगरीय स्थानीय निकायों को 1 अप्रेल 2010 से लेखाओं का दोहरी प्रविष्टि प्रणाली से रखरखाव करने का निदेश दिया है, लेकिन 184 न.स्था.नि.में से 5 ने अभी तक दोहरी प्रविष्टि प्रणाली का प्रयोग शुरू नहीं किया है। मात्र 104 न.स्था.नि. ही कम्प्यूटराइज्ड लेखा तैयार कर रहे हैं। शेष 75 न.स्था.नि. लेखाओं को हाथ से ही तैयार कर रहे है। संस्थाएं मुख्यतः टैली सोफ्टवेयर का प्रयोग कर रही है। संक्षेप में, विभाग द्वारा 2 वर्षों पूर्व इस संबंध में दिये गये आदेश के बावजूद भी प्रगति असंतोषजनक है। अधिकतर मामलों में, आस्ति रजिस्टर भी अद्यतन नहीं है। आयोग यह सिफारिश करता है कि ऐसे न.स्था.नि. जो वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिये 30 सितम्बर 2013 तक और वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए 30 सितम्बर 2014 तक अपने वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप देते हैं, वे कार्यसंपादन अनुदान प्राप्त करने के पात्र होगें। वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप देते समय न.स्था.नि. के आस्ति रजिस्टरों को भी साथ–साथ अद्यतन किया जाना चाहिये।

(ii) संपरीक्षा पैरा का निपटान

न.स्था.नि. के लेखाओं की संपरीक्षा निदेशक, स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग द्वारा की जाती है। न.स्था.नि. सामान्यतः संपरीक्षा दलों को अभिलेख और अपेक्षित डाटा/सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराते हैं तथा संपरीक्षा रिपोर्ट पर भी मुश्किल से ही ध्यान देते है। ऐसे परिदृश्य में, लेखाओं की संपरीक्षा कराने के प्रत्यत्नों के बावजूद भी कोई परिणाम नहीं निकलता है। स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग ने यह रिपोर्ट दी है कि 31.12. 2012 तक 57,709 संपरीक्षा पैरा बकाया है, जिसमें से 224 पैरा 1.57 करोड़ रु. के गबन से संबंधित है। इन संपरीक्षा पैराओं पर प्राथमिकता से विचार/पालन में किये जाने की आवश्यकता है। आयोग सिफारिश करता है कि जो नगरीय स्थानीय निकाय वित्तीय वर्ष 2013–14 और इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2014–15 में पूर्ववर्ती

वर्ष के 31 मार्च को और वर्ष के दौरान नये जोड़े गये पैराओं में से कम से कम 15 प्रतिशत पैरा का परिनिर्धारण करते हैं कार्यसंपादन अनुदान के लिए पात्र होगें।

(iii) अतिरिक्त राजस्व गतिशीलन

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 101 से 108 के अधीन न.स्था.नि. करों और उपयोक्ता प्रभार उद्गृहीत करने के लिए सशक्त है लेकिन न.स्था.नि. निकायों की कुल प्राप्ति में कर राजस्व का अंश मात्र 2.5 प्रतिशत है। न.स्था.नि.को उनके स्वयं के राजस्व को बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के क्रम में, आयोग सिफारिश करता है कि ऐसे न.स्था.नि. जो पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 2013–14 में और ऐसे ही 2014–15 के लिए कम से कम 15 प्रतिशत अधिक राजस्व की वृद्धि करते हैं, कार्यसंपादन अनुदान प्राप्त करने के पात्र होगें। तथापि, न.स्था.नि. के स्वयं के राजस्व की गणना करते समय भूमि या अन्य किसी सम्पत्ति के विक्रय के कारण हुई प्राप्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

(iv) बोर्ड/परिषदों की बैठकें बुलाना

न.स्था.नि. की बैठकें समय पर नहीं बुलाई जाती हैं और महत्वपूर्ण सूचनाएं जैसे बजट प्रस्ताव, निधियों की उपलब्धता, उपगत व्यय और निष्पादित/संपादित कार्यों की सूची तथा उपलब्ध करायी गयी मूल नागरिक सेवाओं की प्रास्थिति न.स्था.नि. के सक्षम नहीं रखी जाती है। स्थानीय योजनाओं और कार्यों के निष्पादन में जनता की सहभागिता को बढ़ाने के क्रम में, आयोग सिफारिश करता है कि न.स्था.नि. की बैठकें राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 और इस अधिनियम के अधीन बने नियमों के उपबंधों के अनुसार बुलाई जानी चाहिए। सदस्यों को बजट प्रस्तावों, जिला योजनाओं के लिए प्रस्तावों, निधियों की उपलब्धता और इसके उपयोग के बारे में सूचना दी जानी चाहिए। संपरीक्षा रिपोर्ट की प्रति भी अनुपालन रिपोर्ट के साथ परिषद्/बोर्ड के समक्ष रखी जानी चाहिए। ऐसे न.स्था.नि. जो परिषद्/बोर्ड की बैठकें समय पर बुलायेगें तथा अपेक्षित डाटा प्रस्तावों, मंजूरियों इत्यादि को बैठकों में रखेगें, जैसा कि नियमों में परिकल्पित है, वे वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 के लिये कार्यसंपादन अनुदान के लिए पात्र हो जायेगें।

10.5 कार्यसंपादन अनुदान जारी करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत

(i) कार्यसंपादन अनुदान लेखाओं और आस्ति रजिस्टरों के रखरखाव, संपरीक्षा पैराओं के निपटान तथा अतिरिक्त राजस्व गतिशीलन के संबंध मे, स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग के वित्तीय सलाहकार के प्रमाण पत्र के आधार पर जारी की जायेगी।

(ii) राजस्थान नगरपालिका अधिनियम और नियमों के उपबन्धों के अनुसार परिषद्/बोर्ड की बैठकें समय पर बुलाने के लिए, क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्थानीय स्वायत्त शासन का प्रमाण पत्र, बैठकें आयोजित करने के मानदंड पूरा करने का आधार होगा।

(iii) वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अनुपयोजित कार्यसंपादन अनुदान का वितरण कार्य करने वाले नगर निगमों, नगर परिषदों और नगरपालिकाओं (यथास्थिति) के बीच कार्य करने के प्रत्येक क्षेत्र के लिए पृथकतः अर्थात् लेखा और आस्ति रजिस्टरों का रखरखाव, संपरीक्षा पैराओं का निपटान, अतिरिक्त संसाधन गतिशीलन और परिषदों/बोर्डों की बैठकों को बुलाने के लिए किया जायेगा।

(iv) कार्यसंपादन का मूल्यांकन करने के लिए विस्तृत प्रक्रिया स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग द्वारा अवधारित की जायेगी।

10.6 कार्यसंपादन अनुदानों का वितरण

वित्तीय वर्ष के दौरान न.स्था.नि. को कार्यसंपादन अनुदान के रूप में 20 प्रतिशत निधि अर्थात् 336.80 करोड़ रु., निम्नलिखित मापदंडों को पूरा करने के लिए दी जायेगी।

क. 5 प्रतिशत रकम वार्षिक लेखाओं और आस्ति रजिस्टरों को तैयार करने और उन्हें पूर्ण करने के आधार पर न्यागत होगी।

ख. 5. प्रतिशत रकम संपरीक्षा पैराओं के निपटान के लिए न्यागत होगी।

ग. 5 प्रतिशत रकम स्वयं के संसाधनों को बढ़ाने के लिए न्यागत होगी जो पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 2013–14 और 2014–15 के दौरान 15 प्रतिशत ज्यादा होगी।

घ. 5 प्रतिशत रकम बोर्ड/परिषदों की बैठकें समय पर बुलाये जाने के लिये न्यागत होगी।

10.7 निर्बन्ध अनुदान

न.स्था.नि. से ऐसे विभिन्न स्थानीय अभिरूची के कार्यों का जिम्मा लिया जाना अपेक्षित है, जिसके लिये उनके पास निधियां नहीं हैं। कभी–कभी, इन निकायों से विकास परियोजनाओं के लिए उधार लेने की अपेक्षा की जाती है और प्रधान धन (सीड मनी) या प्रायोजित अंश में अंशदान करने की अपेक्षा की जाती है। इस तरह कि अपेक्षाओं के लिये आयोग 586.76 करोड़ रु. का निर्बन्ध अनुदान उपलब्ध कराने की सिफारिश करता है। रकम ऐसे विकास कार्य, जो कि राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा चालू किसी भी स्कीम में नहीं आते हैं, के लिये बोर्ड/परिषद्, जैसा भी मामला हो, के पूर्व अनुमोदन के साथ ही उपयोग में ली जायेगी। नगरीय विकास विभाग द्वारा प्रस्तुत अपने ज्ञापन में निम्नलिखित अपेक्षाओं को इस निर्बन्ध अनुदान में से प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा :

1. राज्य नगरीय मामला संस्थान

विभाग ने राज्य के नगरीय स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदधारियों की क्षमता निर्माण के लिए राज्य नगरीय मामला संस्थान की स्थापना के लिए 150 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया है। प्रस्ताव मानने योग्य है। इसलिए आयोग चरणबद्ध तरीके से निर्बन्ध अनुदान में से, राज्य नगरीय मामला संस्थान स्थापित करने के लिए 150 करोड़ रुपये उपयोग में लिये जाने की सिफारिश करता है।

2. उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार

न.स्था.नि. को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाऐं प्रदान करने के लिये प्रेरित करने के क्रम में अच्छे प्रदर्शन की सराहना करने के लिये, वार्षिक रूप से उत्तम प्रदर्शन पर पुरस्कार दिये जायेंगे। पुरस्कारों के लिये अपेक्षित रकम निर्बन्ध अनुदानों में से ली जायेगी।

3. आयोग यह दोहराना चाहता है कि निर्बन्ध अनुदानों का उपयोग यानों को खरीदने, चारदीवारी, चबूतरों और स्वागतद्वारों इत्यादि के निर्माण करने में नहीं किया जायेगा। आयोग आगे और यह सिफारिश करता है कि रकम का उपयोग कर्मचारिवृन्द को वेतन और भत्तों, वेतन के बकाया, पेंशन, जीपीएफ इत्यादि का संदाय करने के लिये नहीं किया जाना चाहिये।

10.8 राज्य सड़क निधि में अंश

राजस्थान राज्य सड़क विकास निधि अधिनियम, 2004 के उपबंधों के अनुसार, राज्य सरकार राजस्थान में एचएसडी और प्रत्येक लीटर पैट्रोल के विक्रय पर 0.5 उपकर एकत्र कर रही है। इस निधि का उपयोग केवल राज्य की सड़कों के विकास के लिये दिया जाना है।

जैसेकि राज्य सरकार द्वारा नगरीय सड़कों के रख–रखाव के लिये जो निधियां उपलब्ध हैं वे अपर्याप्त/नगण्य हैं और न.स्था.नि. लगातार इन सड़कों की रख–रखाव के लिये अपेक्षित प्रबंध करने की स्थिति में नहीं हैं और विशेषतः वर्षा ऋतु के पश्चात्। ये क्षतिग्रस्त/खराब शहरी/नगरीय सड़कें, सड़क का उपयोग करने वालों के सामने बहुत सी परेशानियां खड़ी करती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग ने आयोग से, राजस्थान राज्य सड़क विकास निधि की 20 प्रतिशत रकम नगरीय स्थानीय निकायों को शहरी/नगरीय सड़कों के रख–रखाव के लिये उपलब्ध कराने का निवेदन किया है।

इस तथ्य की प्रशंसा करते हुए की निधि केवल राज्य की सड़कों के विकास के लिये उपयोग में लायी जायेगी और अन्य किसी भी विचलन के लिये इस अधिनियम में संशोधन अपेक्षित होगा, आयोग का यह विचार है कि शहरी/नगरीय सड़कों के रख–रखाव को ध्यान में रखते हुए न.स्था.नि. को राज्य सड़क निधि

की रकम का कम से कम 10 प्रतिशत उपलब्ध कराकर शुरूआत की जाये। इस प्रयोजन के लिए, राजस्थान राज्य सड़क विकास निधि अधिनियम, 2004 में आवश्यक संशोधन किया जाये।

10.9 वर्षवार वितरण

राज्य का शुद्ध कर/गैर–कर राजस्व 1994–95 से प्रारम्भ करके अंतिम 15 वर्षों के दौरान वास्ततिक वृद्धि के आधार पर, निर्धारित किया जाता है। निधियों का अन्तरण शुद्ध कर राजस्व और गैर–कर राजस्व की वास्तविक प्राप्ति के आधार पर अलग–अलग हो सकता है। इसलिए, वर्षवार रकम का न्यागमन, शुद्ध कर राजस्व और गैर–कर राजस्व की वास्तविक प्राप्ति के न्यागमन के आधार पर राज्य सरकार द्वारा प्रकल्पित किया जायेगा।

10.10 निधि अन्तरण की व्यवस्था

सिफारिश किए गए न्यागमन के अधीन नगरीय स्थानीय निकायों को निधियों का अन्तरण, स्थानीय स्वायत्त शासन निदेशालय के द्वारा होगा। आयोग सुझाव देता है कि :

(i) कार्य करने वाले नगरीय स्थानीय निकायों को पुरस्कार देने के लिए अपेक्षित निधियाँ स्थानीय स्वायत्त शासन के निदेशालय के पास रखी जायेगी। ये निधियाँ पुरस्कार समिति की सिफारिश के अनुसार सम्बन्धित नगरीय स्थानीय निकायों को जारी की जायेंगी।

(ii) न्यागत निधियों का 20 प्रतिशत, कार्यसंपादन अनुदान के रूप में, पैरा 10.4 के अनुसार अपेक्षित कार्यों को पूर्ति करने पर सम्बन्धित नगरीय स्थानीय निकायों को जारी किया जायेगा। ये निधियाँ निदेशालय स्तर पर रखी जायेंगी और केवल कार्यों की पूर्ति के अभिनिश्चयन के पश्चात् ही जारी की जायेंगी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कार्यसंपादन अनुदान की अनुपयोजित रकम, काम करने वाले नगर निगमों, नगर परिषदों और नगरपालिकाओं (यथास्थिति) के बीच प्रत्येक अपेक्षा अर्थात् लेखाओं और आस्तियों रजिस्टरों के रखरखाव, संपरीक्षा पैरा के निपटान, अतिरिक्त संसाधन गतिशीलन और परिषद्/बोर्ड की बैठकें बुलाना, की पृथक्तः पूर्ति करने के आधार पर वितरित की जायेगी।

(iii) राज्य नगरीय मामलों के संस्थान की स्थापना के लिए निधियाँ, स्थानीय स्वायत्त शासन के निदेशालय के पास रखी जायेंगी और प्रयोजन के लिए उपयोग में ली जायेगी।

10.11 तेरहवाँ केन्द्रीय वित्तीय आयोग अनुदान

तेरहवें केन्द्रीय वित्तीय आयोग ने कालवधि 2010–15 के लिए, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के लिए अनुदानों की सिफारिश की है जो सारणी 10.4 में दर्शित है।

सारणी 10.4 : तेरहवें वित्तीय आयोग द्वारा सिफारिश किए गए अनुदान

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	मदें	रकम
1.	पंचायती राज संस्थाऐं (i) सामान्य मूल अनुदान (ii) सामान्य कार्यसंपादन अनुदान	 2575.31 1363.40
	कुल	3938.71
2.	नगरीय स्थानीय निकाय (i) सामान्य मूल अनुदान (ii) सामान्य कार्यसंपादन अनुदान	 780.86 413.40
	कुल	1194.26
3.	विशेष क्षेत्र अनुदान (i) विशेष क्षेत्र मूल अनुदान (ii) विशेष क्षेत्र कार्यसंपादन अनुदान	 3.60 3.60
	कुल	7.20
	कुल योग	5163.57

आयोग सिफारिश करता है कि नगरीय स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के लिए तेरहवें केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदानों को भी राज्य वित्त आयोग अवॉर्ड के अधीन, निधियों के न्यागमन के लिए इस आयोग द्वारा सिफारिश किए गए मापदंडों और नियमों के आधार पर वितरित किया जायेगा। तेरहवें वित्त आयोग द्वारा नगरीय स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराये गये अनुदानों का एक भाग, उनके क्षेत्राधिकार में अग्नि सेवाओं को सुधारने के उपयोग में लिया जाये। तेरहवें वित्त आयोग के अधीन अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किए गए अवॉर्ड के अतिरिक्त होगा और तेरहवें वित्त आयोग के मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार उपयोग में लिया जायेगा।

तेरहवें वित्त आयोग ने कार्रवाई के निम्नलिखित बिन्दुओं का भी सुझाव दिया है :

(i) राज्य सरकार को उनके स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग को, क्षमता निर्माण के साथ ही कार्मिक वृद्धि के माध्यम से समुचित रूप से सामर्थ्यवान् बनाना चाहिए।

(ii) राज्य सरकार को स्थानीय निकायों द्वारा कुछ पद्धतियों जैसे उदग्रहण की गैर–शून्य दरों पर कुछ या सभी स्थानीय करों को बाध्यकारी बनाकर; स्थानीय निकायों की अन्तरण हकदारी से स्वयं की समझी गयी संग्रहीत राजस्व को काटा जा कर या समान अनुदानों की प्रणाली द्वारा राजस्व संग्रहण को प्रोत्साहन देना चाहिए।

(iii) लेखा प्रणाली को समर्थन देने के लिए, वित्तीय लेखाओं में पृथक्तः कथन सम्मिलित करना चाहिए जो उन्हीं शीर्षकों के अधीन वास्तविक व्ययों का शीर्षवार ब्यौरा, जो कि पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों दोनों के लिए बजट में प्रयुक्त किया गया है, उपदर्शित करता हो।

(iv) भारत सरकार और राज्य सरकार को कार्यपालिक निष्पादन अनुदेश जारी करने चाहिए कि उनके सभी सम्बन्धित विभागों को स्थानीय निकायों को समुचित सेवा प्रभार संदत्त करना चाहिए।

(v) रायल्टी से राज्य सरकार की बढ़ी हुई आय को देखते हुए, उन्हें इस आय का एक भाग उन स्थानीय निकायों के साथ बाँटना चाहिए जिनके क्षेत्राधिकार में ऐसी आय बढ़ी है।

(vi) राज्य सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य वित्त आयोगों की सिफारिशें बिना देरी किए लागू की जा रही हैं और यह कि कार्रवाई रिपोर्ट अतिशीघ्र विधान मण्डल के समक्ष रखी जाये।

(vii) राज्य वित्त आयोग उनकी रिपोर्ट के आधार पर सुझाए गए टैम्पलेट को अंगीकार कर सकेंगें।

(viii) स्थानीय निकायों के सर्वश्रेष्ठ अभिज्ञात रीतियों को लागू करने पर विचार करना चाहिए।

(ix) स्थानीय निकायों को शहरी योजना कृत्यों के साथ, जहां भी अन्य विकास प्राधिकरण इस कार्यक्रम के लिए आज्ञापित हैं, सहयोजन करना चाहिए। इन प्राधिकारणों को अपने राजस्व भी स्थानीय निकायों के साथ बाँटने चाहिए।

(x) छावनी क्षेत्रों (बलों के सक्रिय नियंत्रण के अधीन क्षेत्रों को छोड़कर) के भीतर नागरिक क्षेत्रों के लिए विकास योजनाओं को जिला योजना समितियों के समक्ष लाया जायेगा।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने आधारभूत सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए, स्व राजस्व बढ़ाने के लिए कार्यसंपादन अनुदान, लेखाओं के रखरखाव और आस्ति रजिस्टरों के अद्यतन, संपरीक्षा पैराओं का निपटान और राज्य में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के उपबंधो के अनुसार स्थानीय निकायों की बैठकें बुलाने के लिए निश्चित निधियों की सिफारिश की है।

तेरहवें वित्त आयोग द्वारा सुझाए गए टैम्पलेट्स के अनुसार, संभावित सीमा तक आयोग ने इसकी रिपोर्ट तैयार करने का प्रयत्न किया है। इस पृष्ठभूमि में, राज्य सरकार तेरहवें वित्त आयोग के उपरोक्त सुझावों को लागू करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई कर सकेगी।

अध्याय 11

सर्वश्रेष्ठ रीतियाँ

स्थानीय निकायों के कृत्यों के पुनर्विलोकन के दौरान देखी गयी कई समस्याओं के बीच सफलता के नए अध्याय पाए गए जो कि यह दर्शाता है कि कैसे जनता द्वारा व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से ली गई स्वप्रेरणाओं ने स्थानीय लोगों को सेवाऐं उपलब्ध करवाने में मुश्किलों से निकलने में सफलता मिली है। राजस्थान में हुए कुछ ऐसे प्रयासों में से कुछ यहाँ इस आशा से सारांश में दिए गए हैं जिससे इन प्रयत्नों की इसी तरह अन्य स्थानों पर भी पुनरावृति की जाये।

11.1 मूल सेवाओं के लिए स्वयं के संसाधनों को बढ़ाना

मेनिया ग्राम पंचायत धौलपुर पंचायत समिति, जिला धौलपुर

ग्राम सेवक, ग्राम पंचायत में उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों के सम्पादन के लिए एक मात्र कृत्यकारी है। कोई सहायता या निधियाँ उपलब्ध नहीं है। यहाँ तक कि कार्यालय के लिए जगह भी अपर्याप्त और अव्यवस्थित है। कार्यलय की सफाई से ले कर ग्राम सभा या पंचायतों की बैठकों तक – सभी कुछ ग्राम सेवक द्वारा किया जाता है। अंशकालिक सहायता प्राप्त करने के लिए पैसा भी नहीं है। गाँवों में नागरिक सेवाऐं उपलब्ध कराना लगभग असंभव था। श्रीमति दया कुमारी कोली जो 2010 में मनिया ग्राम पंचायत की सरपंच थी, का विशेषतः ध्यान क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी और कचरे के कारण साफ–सफाई की कमी के बारे में था। क्षेत्र के उप–सरपंच, ग्राम सेवक और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ इस समस्या के बारे में विचार–विमर्श किया गया। आम राय यह थी कि राजस्व स्त्रोतों को बढ़ाए बिना आवश्यक सेवाओं का न्यूनतम स्तर भी प्राप्त करना कठिन होगा। मनिया एक सड़क के किनारे बसा गाँव है, जहाँ प्रत्येक बुधवार एक पशु हाट बाजार लगता है। इस हाट बाजार में, करीब 1000 अस्थायी दुकानें लगायी जाती हैं और 1000 से ज्यादा पशु खरीदे/बेचे जाते हैं। ग्राम पंचायत ने प्रत्येक छोटे, मध्यम और बड़े पशुओं की खरीद/बेचान पर 50 रूपये, 75 रूपये और 100 रूपये की फीस प्रभारित करने का विनिश्चय किया। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत ने 2011–12 के दौरान 18.23 लाख रूपये और 2012–13 (दिसम्बर 2012 अन्त तक हो) के दौरान 17.11 लाख रूपये की आय की। इसके साथ पंचायत ने 1100/– रूपये प्रति सफाईकर्मी 15 अंशकालिक सफाईकर्मी और प्रत्येक माह 2500/– रु. प्रति कचरा एकत्र करने/उठाने वाले पर 6 कचरा एकत्र करने वाले/उठाने वाले नियुक्त किए। एक पर्यवेक्षक सफाई करने वालों/कचरा उठाने वालों द्वारा प्रतिदिन किए गए कार्यों पर ध्यान रखने और शिकायतों को दूर करने का कार्य करता है। पंचायत नियमित आधार पर मार्ग–प्रकाश व्यवस्था की भी देख–रेख कर रही है। एक अंशकालिक बिजली वाला मार्ग–प्रकाश व्यवस्था की देख–रेख के लिए भाड़े पर लगाया गया है। ग्राम पंचायत इन आवश्यक कार्यों के लिए करीब 13.68 लाख

रूपये व्यय कर रही है। गाँव वाले इन व्यवस्थाओं से प्रसन्न हैं क्योंकि क्षेत्र बिल्कुल साफ, धूल और गंदगी मुक्त तथा रात्रि के दौरान प्रकाशमय है।

11.2 गृह कर का अधिरोपण

ग्राम पंचायत जैसोल, जिला बाड़मेर की अनुकरणीय पहल

ग्राम पंचायतें राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा–65 के अधीन गृह कर के उद्ग्रहण के लिए सशक्त हैं। लेकिन उनमें से अधिकतर ऐसा करने को अनिच्छुक हैं। कर से इस विरूचि के विपरित, बाड़मेर जिले के ग्राम पंचायत, जैसोल ने 1966–67 से गृह कर उद्गृहीत किया है। 2294 घरों से 50 रु. कर प्रति घर और 33 दुकानों, बैंक और टेलीफोन केन्द्रों के परिसरों से किराए की आय प्रतिवर्ष संगृहीत की है। ये सब सरपंच, श्रीमति मंजू देवी के उत्कृष्ट नेतृत्व के अधीन हो रहा है। इन प्रयत्नों से स्व राजस्व 8.61 लाख रूपये की आय हुई है। पंचायत ने क्षेत्र को साफ और धूल और गंदगी मुक्त बनाए रखने के लिए एक जागरूकता अभियान भी शुरू किया है। इस प्रयत्न के परिणामस्वरूप, लोगों ने घरेलू कचरा पहले से निश्चित किए गए स्थान पर डालना शुरू किया जहाँ से ये प्रतिदिन हटाया जाता है। पंचायत, मार्ग–प्रकाश व्यवस्था का भी ध्यान रखती है। पंचायत जन–सहयोग नामक एक एन.जी.ओ. के साथ समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कैम्पों का भी आयोजन करती है। 22 कर्मकार विभिन्न कार्यों को करने के लिए लगाए गए हैं। इन सब पर प्रतिवर्ष कुल व्यय 8.40 लाख रूपये है जो कि इसके स्वयं के संसाधनों से पूरा किया जाता है। इन प्रयत्नों की सफलता, गृहस्थियों द्वारा गृह कर का स्वैच्छिक रूप से संदाय और पंचायत को क्षेत्र के पूर्व निर्वाचित प्रतिनिधियों से प्राप्त सहयोग से है।

11.3 ग्राम पंचायत, डिल्लीपुरा, पंचायत समिति, सांगौद, जिला कोटाः

गाँवों में बदलाव लाने के लिए सरपंच का दृढ़ संकल्प – गांव के संसाधनों को बढ़ाना और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करना

ग्राम पंचायत डिल्लीपुर, पंचायत समिति, सांगौद, जिला कोटा, को अब आसानी से एक प्रगतिशील ग्राम पंचायत के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने ना केवल आन्तरिक स्त्रोतों को बढ़ाने में रूचि ली बल्कि उपलब्ध स्त्रोतों से वित्तीय स्त्रोतों की व्यवस्था करने में सभी प्रयत्न किए। समान रूप से महत्वपूर्ण, वह सहयोग और समर्थन था जो कि सरपंच अधिकारियों के साथ ही स्थानीय लोगों से प्राप्त करने में समर्थ हुआ। इन प्रयत्नों के परिणामस्वरूप आधारभूत नागरिक सेवाएँ जैसे आन्तरिक सड़के, नालियाँ और मार्ग–प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध हुई और गाँवों की चरागाह भूमि अतिक्रमण हटाने के पश्चात् विकसित हुई। यह कोई आसान काम नहीं था। पंचायत के पास 40 हैक्टेयर चारागाह भूमि थी, जिस पर कई प्रभावशाली व्यक्तियों का अतिक्रमण था। सरपंच के सतत् प्रयत्नों और प्रतिबद्धता से और राजस्व

अधिकारियों और पुलिस की सहायता से भूमि अतिक्रमण हटाया गया। भू–राजस्व अधिनियम की धारा–91 के अधीन 10–15 अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई भी की गई जोकि भूमि खाली नहीं कर रहे थे।

उपलब्ध भूमि के उत्पादन संबंधी उपयोग के लिए, पहले सारी खाली भूमि को प्रोसोपिस जुलिफ्लोरा और अन्य पौधों से मुक्त किया गया। ये मनरेगा के अर्न्तगत किया गया। सावधानी पूर्वक योजना शुरू की गई और कुछ क्षेत्र चराई के लिए चिन्हित किया और शेष भूमि पर मनरेगा के अर्न्तगत वृक्षारोपण शुरू किया गया है। एक ट्यूबवैल जब भी अपेक्षित हो पौधों में पानी देने के लिए रखा गया है। ट्यूबवैल का बिजली शुल्क पंचायत की स्वयं की आय से संदत्त किया जाता है। वृक्षारोपण से भविष्य में और ज्यादा स्त्रोतों का उत्पन्न होना अपेक्षित है। गाँवों की गलियों से बेकार पानी की निकासी के लिए नालियों और आन्तरिक सड़कों का निर्माण किया गया और गलियों से अतिक्रमण हटाए गए। एक सफाईकर्मी कचरे के निपटान और गलियों की सफाई के लिए लगाया गया है।

यद्यपि पंचायत लेखाओं में 'कर–राजस्व' शीर्ष के अर्न्तगत कोई आय नहीं दिखाई गई है लेकिन 1.25 लाख रूपये का गैर–कर राजस्व शास्तियों की वसूली, विकास प्रभारों और जन सहयोग के माध्यम से ऐच्छिक अभिदायों द्वारा जनित किया गया। यह रकम मुख्यतः साफ–सफाई के लिए और पीने योग्य पानी उपलब्ध करने के लिए उपयोग में ली गई है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई जन सहभागिता योजना (Public Participation Scheme) के अर्न्तगत श्मशान भूमि पर चारदीवारी का निर्माण किया गया।

श्री विशाल तिवारी, सरपंच, ग्राम पंचायत, डिल्लीपुरा ने ये साबित कर एक उदाहरण स्थापित किया है कि अगर काम करने की इच्छा हो तो धन की कमी आड़े नहीं आ सकती। पंचायत ने मनरेगा की निधियों के साथ अपने स्वयं की निधियों को मिला दिया और इन्हें क्षेत्र के विकास के उपयोग में ले लिया। सरपंच ने अन्य ग्राम पंचायतों को क्षेत्र के वहनीय विकास के लिए निधियों की व्यवस्था करने/बढ़ाने और उपलब्ध संसाधनों को अभिनियोजित करने के लिए मार्ग दिखाया है।

11.4 विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ मार्ग – जन सहभागिता, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं ऊर्जावान् नेतृत्वः

राजसमन्द जिले में राजसमन्द पंचायत समिति की पीपलान्तरी ग्राम पंचायत।

"जहाँ चहा, वहाँ राह" कहावत राजसमन्द पंचायत समिति की पीपलान्तरी ग्राम पंचायत में भी देखी गई। सरपंच, श्री देवी दास वैष्णव और पूर्व सरपंच, श्री श्याम सुन्दर पालीवाल, ने ग्रामवासियों में जागरूकता लाने और उन्हें विभिन्न सरकारी स्कीमों को लागू करने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करने में मुख्य भूमिका अदा की।

पीपलान्तरी ग्राम पंचायत ने आधारभूत सेवाऐं जैसे पेयजल की पूर्ति, सड़क किनारे बेकार पानी की निकासी की कुशल व्यवस्था, कचरा फेंकने के लिए कचरापात्रों का उपयोग और मार्ग में प्रकाश व्यवस्था प्रदान की। लाभार्थियों की वैसे ही कई अन्यों की सक्रिय सहभागिता से यह हुआ।

सामान्य उपयोग के लिए सार्वजनिक शौचालयों, विद्यालयों में लड़कियों के लिए शौचालयों और आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के अनुकूल शौचालयों का निर्माण कराया गया है। बेकार पानी के टैंकों और सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट जल टंकियों की सफाई के लिए अपेक्षित कर्मकारों को दैनिक आधार पर नियुक्त किया गया है। घरेलू कचरे के निपटारे के लिए विभिन्न स्थानों पर 30 कचरापात्र रखे गए हैं। इन कचरापात्रों को प्रतिदिन साफ किया जाता है। ठोस अपशिष्ट गाँव की बस्तियों के बाहर दूर स्थान पर जलाया जाता है।

पीने योग्य पानी की अनुपलब्धता इस क्षेत्र की एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से निपटने के लिए, जमीन के पानी के स्तर को ऊपर लाने के लिए 2 एनीकटों का निर्माण किया गया है। पीपलान्तरी ग्राम पंचायत के 550 परिवारों को पाइपों के माध्यम से पानी प्रदान किया गया। गाँवों की दूरस्थ ढाणियों में, जो कि पाइप लाईन से संयोजित नहीं हैं, 38 हैण्डपम्प कार्य कर रहे हैं।

60 हैक्टेयर चारागाह भूमि को कँटीले तारों से सुरक्षित किया गया और विद्यालय परिसर में और सार्वजनिक भूमि पर लगभग 68,000 पौधे रोपे गए हैं। केवल यही नहीं, ग्राम पंचायत ने मार्ग–प्रकाश(Street light) के स्थान पर कम ऊर्जा की खपत वाले मार्ग–प्रकाश लगाये। मार्ग–प्रकाश का ऊर्जा शुल्क उन घरों के स्वामी द्वारा वहन किया जाता है, जिनके घरों के सामने मार्ग–प्रकाश के खम्भे लगाए गए हैं। यह लोगों की सहभागिता के साथ उपयोक्ता शुल्क उद्गृहीत करने का एक नवीन तरीका है। कोई भी शुल्क उद्गृहीत किए बिना, परिणाम लोगों के हित में है।

पीपलान्तरी ग्राम पंचायत से यह सीखा जा सकता है कि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सही नेतृत्व से स्थानीय शासन की संकल्पना को मजबूत बनाया जा सकता है और धन सम्बन्धी या भौतिक संसाधनों का एक सुदृढ़ विकल्प बन सकता है।

11.5 वर्षाजल का संग्रहण और पेयजल की आपूर्ति के लिए इसका उपयोग–

डूँगरीकलाँ ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, साँभर झील, जिला जयपुर

डूँगरीकलाँ के क्षेत्र में पेयजल का कोई स्थायी स्रोत नहीं है। जल स्तर बहुत नीचा है और उपलब्ध पानी खारा और फ्लोराइड और अन्य खनिजों से युक्त है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग 8 कि.मी. दूर एक ट्यूबवैल से पेयजल की आपूर्ति करता है। जल आपूर्ति बहुत अनिश्चित है। सरपंच श्री नीरज भारद्वाज ने गाँवों के निचले भाग में वर्षा जल एकत्रित करने की योजना को हाथ में लिया है। पंचायत ने 81 लाख

लीटर पानी, जो कि वर्षा के दौरान बाहर बह जाता, को एकत्र करने के लिए एक संग्रहण टंकी–टांके का निर्माण करवाया है। यह अनुमानित है कि 81 लाख लीटर जल, डूँगरी गाँव की जरूरतों को 6 मास की कालवधि के लिए पूरा करने के लिए पर्याप्त है। आपूर्ति से पूर्व एकत्रित जल के शुद्धिकरण के लिए एक निस्पंदन संयंत्र, जिसकी लागत 2 लाख रु. थी, भी लगाया गया है। गाँव में एक ऊपरी टंकी में जल ले जाने के लिए एक 4 कि.मी. लम्बी पाईपलाईन डाली गयी है। टंकी से घरों में जल की आपूर्ति करने के लिए पहले से ही लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक पाईपलाईन लगायी गयी है। पानी को पहुँचाने और निस्पंदन के ऊर्जा शुल्क को ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक घर से प्रति मास 10 रु. का नाममात्र का उपयोक्ता शुल्क संगृहीत करके वहन किया जाता है।

योजना को लागू करने के क्रम में, योजना के लिए मैसर्स सैब मिलर इण्डिया द्वारा 80 लाख रूपये की वित्तीय सहायता और आई टी सी (एक एन.जी.ओ.) के स्वयंसेवकों द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान की गई। गाँव की एक गम्भीर समस्या के समाधान के लिए, लोगों की सहभागिता सहित कॉर्पोरेट और स्वैच्छिक सहायता के उपयोग द्वारा यह योजना बनायी गयी है। दूसरों के लिए यह उपलब्ध स्त्रोतों को प्रेरित करके उसके उपयोग और ग्राम नेतृत्व की भागीदारी का एक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

11.6 जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छताः

पड़िता ग्राम पंचायत, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

करौली जिला तुलनात्मक रूप से एक पिछड़ा जिला है। इसकी अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि और बलुआ पत्थरों की खनन गतिविधियों पर निर्भर है। गरीबी और निरक्षरता के कारण, इस क्षेत्र में जीवनयापन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। सामान्यतः लोग साफ–सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं हैं। निर्बन्धमें शौच जाना यहाँ सामान्य आचरण है। जिला जल और स्वच्छता मिशन (डी.डब्ल्यू.एस.एम.), करौली ने आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक बनाने और प्रेरित करने के लिए एक प्रचार अभियान जिम्मे लिया है। पड़िता लगभग 4000 लोगों की एक ग्राम पंचायत है, जिनमें से 75% अ.जा./अ.ज.जा. के हैं। यह जिला मुख्यालय से लगभग 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। यह पहाड़ी जिला है और ऐसे क्षेत्र में आता है जिसमें मानसून के दौरान तुलनात्मक रूप से भारी वर्षा होती है। घरों में शौचालयों की कमी उनके लिए समस्याएं उत्पन्न करती हैं, यह अस्वास्थ्यकर है जो कि बीमारियाँ फैलाने का कारण बनती है। एकांतता की इस कमी को मुख्यतः महिलाएं भुगतती हैं।

डी.डबल्यू.एस.एम. ने पड़िता ग्राम को, त्वरित आधार (Pilot basis) पर "निर्बन्ध शौचालय मुक्त ग्राम" बनाने के लिए चुना है। डी.डबल्यू.एस.एम. के स्वयंसेवकों ने पहले एक चेतना अभियान को जिम्मे लिया। ग्रामवासियों को कुछ फिल्म और पोस्टर दिखाए गए कि कैसे मक्खियाँ, कीटाणु और कीड़े भोजन को संक्रमित कर बीमारियाँ पैदा करते हैं। अस्वच्छ स्थितियों में क्या होता है, यह सजीव प्रदर्शन दिखाने के लिए

उन्हें उन जगहों पर भी ले जाया गया। शुरूआत में लोगों को शौच की पश्चात् मल–मूत्र पर तेल या मिट्टी डालने के लिए कहा गया। अगले चरण में, ग्रामवासियों से अपने घरों में शौचालयों के निर्माण के बारे में कहा गया। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, शौचालयों के निर्माण के लिए अपेक्षित हॉर्डवेयर के साथ, एन. जी.ओ. एक्ट बोदग्राम द्वारा वहनीय लागत पर कर्मकार उपलब्ध करवाए गए। मनरेगा के अधीन प्रत्येक बी.पी. एल. परिवार को 3,200/– रूपये और अन्य परिवारों को 1,200/– रूपये मजदूरी प्रदान की गई।

पड़िता ग्राम पंचायत ने एक संकल्प पारित किया है कि गाँव में कोई भी शौच के लिए निर्बन्धमें नहीं जाएगा। घरों में शौचालयों के उपयोग के साथ, ग्रामवासियों ने अपने हाथों को साबुन से धोना भी शुरू कर दिया है। जिला कलक्टर, करौली और अन्य पदाधिकारियों ने इन तथ्यों को घर–घर जाकर सर्वेक्षण द्वारा सत्यापित किया और यह पाया कि गाँव वाले नियमित रूप से शौचालयों का उपयोग कर रहे हैं।

पड़िता में डी.डबल्यू.एस.एम. सफल रही। परिणामवरूप, अन्य ग्राम पंचायतों जैसे राजौड़, किशपुर और कुडगाँव ने भी यही कदम उठाए। यह एक आवश्यक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, जो कि सभी के लिए अच्छा है, विभिन्न सैक्टरों/कार्यक्रमों के सम्मिलन का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

11.7 ग्राम अटेवाः जल संरक्षण और सामाजिक वानिकी का एक प्रतीक

अटेवा ग्राम कैला देवी के रास्ते में है, जो करौली जिले का एक विख्यात धार्मिक स्थल है। श्रीमति सरूपी गुर्जर, सरपंच, ग्राम पंचायत, अटेवा ने दो नवीन कार्य जिम्मे लिए – पहला लोगों की सहभागिता से समीप की पहाड़ियों पर वृक्षारोपण और दूसरा वर्षाजल को एकत्र करने के लिए तालाबों और एनिकटों के निर्माण द्वारा जल संरक्षण। ग्राम पंचायत ने समीप की इन पहाड़ियों को "पित्र पर्वत" नाम दिया जिसका अभिप्राय है पूर्वजों की पहाडियाँ। लोगों को उनके पूवर्जों की याद में पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। यह विचार ग्राम पंचायत और समीप के क्षेत्रों के लोगों द्वारा पसंद किया गया, जिन्होंने शुरूआत में लगभग 4000 पौधे लगाए और प्रक्रिया जारी है। एन.जी.ओ. उड़ान और संध्या चिराग संस्थान की सहायता से इस वृक्षारोपण की सुरक्षा और वृक्षों का अनुरक्षण किया जा रहा है। कुछ ही समय में, बंजर पहाड़ी एक हरा–भरा पित्र पर्वत पूजा और श्रद्धांजलि का एक स्थान बन गई। लोग वहाँ आते और रूकते हैं तथा अपने पूवर्जों के प्रति आदर प्रकट करते हैं। ऐसी पहल कुछ शहरी क्षेत्रों में की गई थी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह विशिष्ट है। यह जन सहभागिता के साथ सामाजिक वानिकी का एक अच्छा उदाहरण है।

ग्राम पंचायत ने सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए वर्षाजल के भण्डारण और उपयोग के लिए जल संरक्षण के कार्यों को मनरेगा के अन्तर्गत अपने जिम्मे लिया। ग्राम पंचायत ने वर्षाजल के संचय के लिए क्षेत्रों में 5 तालाबों, 4 एनिकटों और 2 सुरक्षा दीवारों का निर्माण कराया। पानी के संग्रहण ने चारागाह भूमि के विकास और जमीन के जल स्तर को ऊँचा उठाने में भी सहायता की। परिणामतः गाँवों में कुँओं और ट्यूबवैलों में जल स्तर ऊपर बढ़ गया है। वस्तुतः कई ग्रामवासी पत्थरों के खनन कार्य से पशुपालन के कार्य में आ गए

क्योंकि गाँव में चारे और पानी की स्थिति में सुधार आ गया है। अटेवा एक उदाहरण है कि कैसे एक क्षेत्र में किए गए प्रयत्न ग्रामीण जीवन के कई अन्य पक्षों पर अप्रत्यक्ष प्रभाव डालते हैं और एक गाँव के सामाजिक–आर्थिक जीवन को बदल देते हैं।

11.8 बख्तावरपुरा– एक आदर्श गाँव, जिला झुन्झुनु की, पंचायत समिति, चिड़ावा

बखत्वारपुरा, शेखावटी का एक गाँव एक उदाहरण था कि गाँव ऐसा नहीं होना चाहिए। गन्दी सड़के और उन पर बहता अपशिष्ट जल, घरेलू कचरा, गढ्ढे और बंद पड़ा मार्ग–प्रकाश, मच्छर और मक्खियाँ आने वालों का स्वागत करती थीं। सूरज ढ़लने के बाद सड़क पर चलना मुश्किल था और वर्षा के दौरान सड़क पार करना असंभव। स्थिति में सुधार लाने के लिए लोग ग्राम पंचायत की तरफ देख रहे थे। गाँवों में निधियों की कमी के साथ, कार्रवाई करने में लोगों की उदासीनता और प्रेरणा की कमी इस स्थिति के मुख्य कारण थे।

श्री महेन्द्र कटेवा ने बख्तावरपुरा के सरपंच के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात् अपने प्रयत्नों को इस जगह को साफ और रहने योग्य बनाने में केन्द्रित कर दिया। उन्होनें दो योजनाएं तैयार की – पहली अपशिष्ट जल की निकासी की उपयुक्त व्यवस्था और दूसरी घरेलू कचरे का प्रणालीबद्ध तरीके से एकत्रीकरण और निस्तारण। सरपंच और उनकी टीम ने निवासियों को घरेलू अपशिष्ट जल की निकासी के लिए सोख–गड्ढे (soak pits) खोदने के लिए प्रेरित किया। घरों के स्वामियों द्वारा लगभग 75 सोख–गड्ढे खोदे गए। गाँवों के सभी घरों को यह सुनिश्चित करने के लिए नालियों से जोड़ा गया कि पानी सीधे सोख–गड्ढ़े में जाए और सड़कों पर न फैले। वर्षा जल को एकत्र करने की दृष्टि से, ग्राम पंचायत द्वारा 4 बड़े कुँए और 6 टंकियों–तालाबों का निर्माण करवाया गया। इसके परिणामस्वरूप जमीनी जल का पुनर्भरण हो गया और जलस्तर बढ़ गया।

कचरापात्रों को सुविधाजनक स्थानों पर रखा गया और निवासियों को उनका कचरा मात्र कचरापात्रों में ही डालने के लिए प्रेरित किया गया। कचरापात्रों के उपयोग द्वारा क्षेत्र स्वच्छ रखने के नारों को, निवासियों को शिक्षा देने और याद दिलाते रहने के लिए पूरे गाँव में छापा/पेंट करवाया गया। एकत्रित किया गया ठोस अपशिष्ट दूरस्थ स्थानों पर जलाया गया। निर्बन्धमें शौच पर रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत ने निवासियों के उपयोग के लिए, 75 सार्वजनिक शौचालय भी बनवाए। भारत सरकार ने ग्राम पंचायत को 'निर्मल ग्राम पुरस्कार' से पुरस्कृत किया है। अब बख्तावरपुरा साफ, हरा–भरा और अच्छी सड़कों वाला है। यह गाँव कई कस्बों से अच्छी स्थिति में है और यहाँ आधारभूत सुविधाऐं हैं जैसे– पेयजल की आपूर्ति, बिजली, विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जन सुविधाऐं, बस शेड और अच्छी सड़कें हैं। सर्वोपरि यह स्वच्छ हैं। स्वच्छता, जैसा कि कहा जाता है, देवत्व के समान है। बिना किसी शंका के इस गाँव को आदर्श गाँव की श्रेणी में रखा जा सकता है।

11.9 ग्रामीण क्षेत्रों में आई.टी. सेवाएं – ग्रामीण वेबसाइट

बुडानिया ग्राम पंचायत, झुन्झुनु जिले की चिड़ावा पंचायत समिति

बुडानिया, ग्राम पंचायत के सरपंच, श्री रणधीर सिंह ग्राम सभा की बैठकों में लिए गए निर्णयों की जानकारी ग्रामवासियों को प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने में अग्रणी हैं। कार्य सम्बन्धी निर्णय और मंजूर की गयी निधियाँ, स्थल पर प्रारम्भ किया गया कार्य और उपगत व्यय ग्राम पंचायत की वेबसाइट www.villagebudania.com पर अपलोड किये जाते हैं।

सरपंच ने लाभार्थियों को सीधे ही सूचना प्रदान करने और यदि वे इच्छुक हों तो साइट पर देखने में समर्थ बनाने की दृष्टि से वेबसाइट का शुभारंभ किया। इसके परिणामस्वरूप कार्य में पूर्ण पारदर्शिता आई और सूचना का अधिकार अधिनियम के अधीन दायित्व की भी पूर्ति हुई।

अन्य ग्राम पंचायतों और स्थानीय निकायों में सूचना प्रौद्योगिकी के ऐसे उपयोग का परिणाम पारदर्शिता और अच्छा प्रशासन होगा, और शासन तंत्र में लोगों का विश्वास भी पैदा करेगा और विकास गतिविधियों में लोगों की भागीदारी को आकर्षित करेगा। कम्प्यूटरों और आई.टी. प्रौद्योगिकी के उपयोग में ज्यादा से ज्यादा परिचित होना अप्रत्यक्ष लाभ होगा।

11.10 द्वार पर ए.एन.एम. :

कसर ग्राम पंचायत, कोटा जिले की लाडपुरा पंचायत समिति

कसर बलुआ पत्थर खनन और पत्थरों के उत्खनन का एक क्षेत्र है। अधिकतर लोग खानों और पत्थर काटने के उद्योगों में कार्य करते हैं। कर्मकार और उनके परिवार के सदस्य, खानों और पत्थर काटने की इकाइयों से आने वाली धूल से बुरी तरह प्रभावित हैं। श्वास सम्बन्धी रोगों के कारण कम उम्र में कर्मकारों की मृत्यु बहुत सामान्य है। कर्मकारों की अल्पवय में मृत्यु के कारण ग्राम पंचायत में करीब 250 विधवाएं निवास कर रहीं थी, जो विधवा पेन्शन योजना से कोई लाभ प्राप्त नहीं कर रहीं थी। यह उल्लेख करना आवश्यक नहीं है कि ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य सेवाऐं भी दयनीय थीं।

ग्राम पंचायत की सरपंच के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात्, श्रीमति पारा बाई ने महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। दो अन्य गाँव भी कसर ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार में आते हैं। मोटर चलने योग्य सड़कों की कमी के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच दयनीय थी। सरपंच ने पहल की और लोगों, विशेषतः गर्भवती महिलाओं को प्राथमिक चिकित्सा और प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए मोटरसाइकिल पर इन गाँवों तक पहुँचने के लिए ए.एन.एम. लगाए जाने की व्यवस्था की। पंचायत द्वारा निधियाँ प्रदान न किये जा सकने के कई मामलों में सरपंच ने परिवहन का खर्चा भी वहन किया है। अब, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर करवाये जाने वाले प्रसवों की संख्या में भी बढ़ौतरी हुई है।

सरपंच के रूप में चयनित होने के पश्चात् श्रीमति पारा बाई ने अपनी बहू श्रीमति हिम्मत बाई की मदद और सहायता से ग्राम पंचायत की सभी विधवाओं के लिए विधवा पेंशन की मंजूरी प्राप्त की। यह प्रशंसनीय है कि विधवाओं, शारीरिक रूप से अक्षम और बी.पी.एल. परिवारों के लाभ के लिए, सरकारी योजनाओं की प्रक्रिया और सूचना एकत्रित करने के लिए सरपंच ने व्यक्तिगत रूप से सभी सरकारी कार्यालयों से सम्पर्क किया। परिणामस्वरूप अर्ह व्यक्ति और परिवार इन योजनाओं के अधीन लाभान्वित हुए। ग्राम पंचायत में सरकारी योजना के अर्न्तगत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से सम्बन्ध रखने वाली कई लड़कियों के विवाह की व्यवस्था के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। दोनों सरपंच सास और बहू समुदाय को सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित हैं।

11.11 स्वयं की आय सृजित करनाः

करौली जिले की हिन्डौन पंचायत समिति

सभी ने यह पहचान लिया गया है कि पंचायती राज संस्थाएं, सामान्यतः स्वयं के स्रोत सृजित करने में असफल हुई हैं और सरकारी अनुदान पर उनकी निर्भरता बनी हुई है। इस पृष्ठभूमि में, हिन्डौन पंचायत समिति एक अपवाद के रूप में प्रकट हुई है जैसा कि नीचे बढ़ता हुआ स्व राजस्व दिखाया गया हैः

वर्ष	रूपये लाखों में
2008—09	3.06
2009—10	8.13
2010—11	10.36
2011—12	14.53

पंचायत समिति ने उसके क्षेत्राधिकार में आने वाली, 51 ग्राम पंचायतों में निर्माण सामग्री जैसे चूना पत्थर, म्यूरम, गिट्टी इत्यादि को खनन क्षेत्र से उपभोक्ता केन्द्र तक के परिवहन पर व्यापार कर उद्गृहीत किया है। पंचायत समिति अपने सामान्य निकाय में एक संकल्प पारित करने और सरकारी अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् प्रत्येक ट्रक पर 40 रूपये, प्रत्येक ट्रैक्टर पर 25 रूपये और प्रत्येक ऊँट गाड़ी पर 10 रूपये की दर पर परिवहन कर उद्गृहीत कर रही है। सूचना के लिए इन दरों को स्थानीय प्रेस में अधिसूचित किया गया था। तत्पश्चात् अधिसूचित कर के संग्रहण के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की गईं और सबसे ऊँची बोली लगाने वाले के साथ कर संग्रहण संविदा कर ली गई।

राज्य की अन्य पंचायत समितियाँ भी इसी प्रक्रिया का सहारा ले सकती हैं और पंचायती राज अधिनियम की धारा 68 के अधीन कर उद्गृहीत कर सकती हैं और अपने स्वयं के राजस्व को बढ़ा सकती हैं।

11.12 लैब टू लैण्ड योजनाः भीलवाड़ा प्रयोग

यह सर्वविदित है कि वो लोग जिन्हें सरकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त होना अपेक्षित है, वे राज्यों की पहल के बारे में अनभिज्ञ हैं और परिणामतः लाभों से वंचित रह जाते हैं। दूसरी ओर, निष्पादन एजेन्सियों के प्रमुख, योजनाओं और कार्यक्रमों के परिणामों का सही फीडबैक प्राप्त नहीं कर पाते हैं। उपयोक्ता और सेवा प्रदाताओं के बीच के अन्तर के भरने की दृष्टि भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने भारत निर्माण सेवक (बी.एन.एस.) नाम के ग्रामीण स्वयंसेवकों की संकल्पना की पहल की है। बी.एन.एस. की भूमिका हैः

i. ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करना।
ii. इन कार्यक्रमों को लागू करने में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना।
iii. योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए लोगों को स्वैच्छिक सेवाऐं प्रदान करना।
iv. योजनाओं की सामाजिक संपरीक्षा में हाथ बँटाना।
v. ग्राम पंचायतों के नागरिक चार्टर की तैयारी और उसे लागू करने में सहायता करना।
vi. ग्रामवासियों की उनके दुःखों/शिकायतों की रिपोर्ट देने में हैल्पलाईन सेवाओं का उपयोग करने में सहायता करना।
vii. ग्रामीण पत्रकार के रूप में कार्य करना।
viii. ग्रामों में योजनाओं के क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण और निगरानी में सहायता करना।
ix. ग्रामीण विकास की योजनाओं से लाभ प्राप्त करने में उपयोक्ता, कृषि, लघु, छोटे और मध्यम उद्यमियों को सहायता करना।
x. बैंकिंग संवाददाता के रूप में कार्य करना।
xi. स्वयं सहायता समूह और ऋण समिति बनाने में सहायता करना।
xii. स्वास्थ्य, स्वच्छता और निर्मल ग्राम योजना में प्रेरक के रूप में कार्य करना।
xiii. साक्षरता और शिक्षा के विस्तार के लिए कार्य करना।
xiv. खाद्य सुरक्षा योजना के लिए विस्तार की गतिविधियों का जिम्मा लेना।
xv. पर्यायवरण और प्राकृतिक स्रोतों के बारे में डेटा का एकत्रीकरण और संग्रहण और इन विषयों के बारे में निवासियों के बीच जागरूकता पैदा करना।

भीलवाड़ा जिले ने इस योजना को शुरू कर दिया है। 2012–13 के दौरान जिले में कुल 7150 भारत निर्माण सेवक चुने गए। चुने गए भारत निर्माण सेवकों में से, 139 को प्रशिक्षित किया गया और उन्होंनें गाँवों में उन्हें समनुदेशित कार्य आरम्भ कर दिया है। भारत निर्माण सेवकों का प्रारंभिक परिणाम उत्साहजनक और प्रशंसनीय पाया गया। राजस्थान के सभी जिलों में इस प्रयोग को दोहराया जा सकेगा जो कि राज्य सरकार और ग्रामवासियों दोनों के लिए उपयोगी होगा। इन स्वयंसेवकों को ग्रामवासियों के बीच में से ही चुना

जाएगा और खण्ड स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् वे अपनी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाएंगे।

11.13 नगर निगम, अजमेर द्वारा बिजली की बचत

यह सर्वविदित है कि बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है। राजस्थान एक बिजली की कमी से जूझता राज्य है, जो अन्य राज्यों से महँगी बिजली खरीदता है और सहायिकी दरों पर सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए आपूर्ति करता है। इसलिए, बिजली का उपभोग बहुत ध्यान से और सावधानीपूर्वक किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में, नगर निगम, अजमेर ने गलियों में उच्च वोल्टेज रोशनी फिक्सचर के स्थान पर बिजली की बचत करने वाले मार्ग–प्रकाश लगाकर बिजली की बचत का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अक्टूबर 2008 में गलियों में प्रकाश के लिए 27053 यूनिट थीं, अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा 6.35 रूपये प्रत्येक यूनिट की दर पर आपूर्ति की गई बिजली की 804791 यूनिट की खपत हुई। बिजली की खपत और मार्ग–प्रकाश के रखरखाव के लिए व्यय 673.20 लाख रूपये वार्षिक था। नगर निगम, अजमेर ने निर्माण, संचालन और अन्तरण (बी.ओ.टी.) के आधार पर बिजली की बचत करने वाले मार्ग–प्रकाश लगाने और 6 वर्ष की अवधि के लिए इन मार्ग–प्रकाशों के रख–रखाव के लिए निम्नलिखित शर्तों पर मैसर्स एशियन इलैक्ट्रीकल्स से एक संविदा की :

i. मास के दौरान बचाई गई बिजली की 94% रकम ठेकेदार को दी जाएगी।
ii. संविदा अवधि के दौरान मार्ग–प्रकाश का रखरखाव किया जाएगा और उन्हें सुचारू रखा जाएगा।
iii. बचाई गई बिजली की 94% रकम के अलावा, किसी भी प्रकार का कोई भुगतान ठेकेदार को नहीं किया जाएगा।
iv. संविदा अवधि के पूरा होने के पश्चात् सम्पूर्ण व्यवस्था चालू हालत के फिक्सचरों के साथ नगर निगम के हाथों में सौंप दी जाएगी।

नगर निगम, अजमेर द्वारा आयोग को, उपलब्ध करवायी गयी सूचना के अनुसार, बिजली की खपत में 804791 यूनिट प्रति माह से 302663 यूनिट प्रति माह की कमी आई है, जिसके परिणामवरूप निगम को 18. 71 लाख रूपए प्रति माह की बचत हुई। इस कार्य के लेखे 2.25 करोड़ रूपये की वार्षिक वित्तीय बचत हुई। इसके अतिरिक्त, इसके परिणामस्वरूप महंगी बिजली बचाने के लिए विद्युत वितरण निगम और नगर निगम, अजमेर, विश्व बैंक द्वारा दिया गया कॉर्बन क्रेडिट भी अर्जित करेंगे। यह नगर निगम, अजमेर द्वारा किया गया एक नवाचार है, इस नवाचार के परिणामों को कालानुक्रम में परीक्षण कर लिए जाने के पश्चात्, अन्य स्थानीय निकाय भी बिना किसी वित्तीय दायित्व के इस युक्ति को अपना सकेंगे।

11.14 स्थानीय सरकार के रूप में वास्तविक प्रदर्शन – बालोतरा नगरपालिका

बाड़मेर जिले में बालोतरा एक सुनियोजित और विकसित कस्बा है। यद्यपि, बालोतरा वर्ग–II नगरपालिका है, लेकिन यह वित्तीय रूप से सुदृढ़ और आत्म–निर्भर है। 2010–11 के दौरान प्रतिबद्ध व्यय 970.71 लाख रूपये के विपरीत इसकी कुल आय 2785 लाख रूपये थी। इसकी आय का मुख्य तत्व, नगरपालिक सीमा में प्रसंस्करण प्रयोजनों के लिए लाये गये कपड़ों पर उपकर के रूप में एकत्रित 1440 लाख रूपए का स्व राजस्व था। स्वयं की आय की अन्य उल्लेखनीय मदों में नगरीय विकास कर से 5 लाख रु., साईन बोर्ड और होर्डिंग से 6.5 लाख रु. और नगरपालिका के स्वामित्व की दुकानों के किराए से 4 लाख रु. थे।

बालोतरा नगरपालिका प्रति ठेले (हाथ से खींचा जाने वाला) पर 150 रु. वार्षिक कर प्रभारित कर रही है और इस स्रोत से 3 लाख रूपये प्रतिवर्ष की राशि एकत्र कर रही है। नगरपालिका द्वारा सफलतापूर्वक वसूल किया जा रहा अनुपम उद्ग्रहण है। यह वास्तव में प्रशंसनीय है और इसे अन्य द्वारा अनुसरण में लिया जाना चाहिये। स्वयं की आय बढ़ने के कारण, नगरपालिका लगभग सभी मुख्य कृत्यों का निष्पादन कर रही है। घरों से ठोस अपशिष्ट एकत्रित किया जा रहा है। कस्बा साफ किया जा रहा है और ठोस अपशिष्ट एकत्र करने के पश्चात् प्रत्येक दिन कचरा फेंकने के स्थान पर भेजा जा रहा है। कस्बे के 23 वार्ड नगरपालिका के स्थायी कर्मचारियों द्वारा साफ किए जा रहे हैं और शेष 12 वार्ड निजी एजेन्सी द्वारा। नगरपालिका ने कस्बे में 13 जगहों पर "सुलभ शौचालय" शुरू किए हैं, जनता के लिए सेवाएं निःशुल्क हैं और प्रभार नगरपालिका द्वारा वहन किया जा रहा है। नमरपालिका नाम मात्र के प्रभार पर जन समारोह और विवाह की व्यवस्था के लिए 8 सामुदायिक केन्द्र भी चलाती है। जबकि नगरपालिका ठेला खींचने वालों से 150 रु. प्रति वर्ष प्रभारित कर रही है, यह ठेला चलाने वालों के आराम के लिए चिन्हित् स्थानों पर शेड और पेयजल की सुविधाएं भी उपलब्ध कराती है । राज्य वित्तीय आयोग से प्राप्त निधियों में से, सड़कों, नालियों और मार्ग–प्रकाश का रखरखाव किया जायेगा। नगरपालिका सांस्कृतिक गतिविधियों और खेलों के लिए कस्बे के क्षेत्राधिकार में एक स्टेडियम कम ऑडिटोरियम का भी निर्माण करवा रही है।

उपरोक्त पृष्ठभूमि में, सभी संभव स्त्रोतों से स्वयं का राजस्व बढ़ाकर और नागरिकों को आधारभूत सेवाएं प्रदान करने में हुए उपार्जन के उपयोग द्वारा यह निष्कर्ष सरलता से निकाला जा सकता है कि बालोतरा नगरपालिका प्रशासनिक और वित्तीय स्वायत्तता का एक सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। अन्य नगरीय स्थानीय निकायों को इस बात की प्रशंसा करनी चाहिये और स्वीकार करना चाहिये कि स्व राजस्व बढ़ाने और नागरिकों को आधारभूत सेवाएं प्रदान करके ना केवल जनता में विश्वास पैदा होगा, बल्कि इससे प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वायत्तता भी प्राप्त होगी।

11.15 जयपुर नगर निगम – एक पहल

उपचारित जल का बहु आयामी उपयोग करना

जयपुर नगर निगम ने डेलावास–प्रतापनगर (सांगानेर) में 62.5 एम.एल.डी. क्षमता वाली एक मलवहन उपचार संयंत्र इकाई अधिष्ठापित की है। संयंत्र की लागत अर्थात् 2800 लाख रु. जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अधीन वित्त पोषित थी। इस संयंत्र के परिचालन के कारण जयपुर शहर के दक्षिण में स्थित कॉलोनियों द्वारा उत्सादित मल को उपचारित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप ना केवल क्षेत्र के पर्यावरण में सुधार देखा गया है, बल्कि भू–जल को दूषित होने से भी बचा लिया गया है।

डेलावास परिसर में ही 62.5 एम.एल.डी. क्षमता वाले मलवहन उपचार संयंत्र की एक और इकाई का निर्माण आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा किया गया है। पूर्व में, इस संयंत्र के पास प्रचालन प्रक्रिया के दौरान संयंत्र द्वारा निकासित गैस के उपयोग की कोई व्यवस्था नहीं थी, सिवाय इसके कि निकासित गैस को जला दिया जाये। गैस का जलना ना केवल पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ा रहा था, बल्कि निगम को कुछ सीमा तक वित्तीय लाभों से वंचित भी रख रहा था। अब, इस संयंत्र द्वारा निकासित गैस का उपयोग करने के लिए, निगम ने 734.75 लाख रु. की लागत से 1 मेगावॉट क्षमता वाला एक पावर उत्पादन संयंत्र लगाया है। गैस के उपयोग से पैदा की गई ऊर्जा को डेलावास पर मलवहन उपचार संयंत्र की एक इकाई को प्रचालित करने में उपयोग में लिया जा रहा है। पावर उत्पादन और उसके उपयोग के कारण निगम ने आज तक 400 लाख रु. का संचय कर लिया है। यह और कि निगम में डेलावास इकाई उपचार यंत्र द्वारा उत्पादित गैस की बौटलिंग के लिए लोक/निजी भागीदारी के आधार पर एक कार्य आदेश जारी किया है। यह अपेक्षित है कि, गैस की बौटलिंग से निगम के लिए वित्त वर्ष 2014–15 में लगभग 1.50 करोड़ रू (6.15 प्रति क्यूबिक मीटर दर पर) राजस्व सृजित होगा।

इसके अतिरिक्त, डेलावास जल उपचार संयंत्र (दोनों इकाईयों) के 125 एम.एल.डी. उपचारित जल की आपूर्ति औद्योगिक प्रयोजन के लिए विशेष आर्थिक जोन को की जा रही है, जिसका परिणाम इस सीमा तक भू–जल के उपयोग में कटौती है। डेलावास इकाईयों का दौहरा उपचारित जल समीप रहने वाले खेतिहर मजदूरों द्वारा सिंचाई और राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा प्रतापनगर में पार्क और उद्यानों में पेड़ों को पानी देने के लिए उपयोग में लिया जा रहा है। उपरोक्त को दृष्टि में रखते हुए, डेलावास मलवहन उपचार संयंत्र इकाइयां बहु आयामी प्रयोजनों जैसे मलवहन जल के उपचार, पावर उत्पादन, सिंचाई के लिए खेतिहर मजदूरों को और अन्य उपभोक्ताओं को निःशुल्क जल प्रदान करना, पावर की बचत करना, निगम के लिए कुछ राजस्व सृजित करना और कुछ सीमा तक पर्यावरण में सुधार आदि में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। नगर निगम, जयपुर की इस पहल का अन्य निगम परीक्षण कर सकते हैं और इसकी साध्यता के परीक्षण के पश्चात् वे जल उपचार के लिए उपयोग में लिए जाने वाली जयपुर पद्धति को अपनाने/अनुसरण पर विचार कर सकते हैं।

अध्याय 12

साधारण संप्रेक्षण और निष्कर्षात्मक अभियुक्तियाँ

73वें और 74वें सैंवधानिक संशोधन के पश्चात् यह प्रत्याशित था कि स्थानीय निकाय स्वतंत्र/आत्म–निर्भर त्रिस्तरीय स्थानीय शासन के रूप में बढ़ेंगें और उनके क्षेत्र के लोगों को आधारभूत सेवाऐं प्रदान करेंगे। किन्तु 20 वर्षों से अधिक समय के पश्चात् भी यह लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। न.स्था.नि. और पं.रा.सं. का कमजोर और अपेक्षाकृत अलचीला वित्तीय संसाधन आधार स्थानीय निकायों को समनुदेशित कृत्यों के संपादन की असफलता का एक कारण है। राजस्थान में न.स्था.नि. का औसत कर राजस्व कुल प्राप्तियों का 2.50% है और पं.रा.सं. का औसत कर राजस्व उनकी कुल प्राप्तियों का केवल 1.91% ही है। निर्वाचकों में अप्रिय हो जाने के डर से संसाधन गतिशीलता के लिए कोई कदम उठाने में स्थानीय निकायों की हिचकिचाहट एक मुख्य चिंता का विषय है। आयोग का यह दृष्टिकोण है कि न.स्था.नि. और पं.रा.सं. अपेक्षित पहल नहीं करेंगीं। इसलिए, सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह स्थानीय करों के उद्ग्रहण और संग्रहण के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करके सक्रिय भूमिका निभाये।

आयोग ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विचार किया है जिनमें त्वरित उपचारी कार्रवाई की जानी आवश्यक हैः–

डाटा बेस को सुधारना

12.1 किसी भी विकास योजना की तैयारी के लिए कोई डाटा बेस होना पूर्वापेक्षित दशा है। राजस्थान में स्थानीय निकायों में अभिलेखों और डाटा का अनुरक्षण दयनीय स्थिति में है। ग्राम पंचायत स्तर पर स्थिति अस्त–व्यस्त रूप में बेहतरीन वर्णित की जा सकती है।

आयोग ने विस्तृत तौर पर प्रास्थिति के संबंध में टिप्पण किये हैं, साथ ही स्थानीय निकायों में लेखों, संपरीक्षा और बजट बनाने में सुधार के लिए उपाय भी दिये हैं। 11वें केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा स्थानीय निकायों को लेखों के अनुरक्षण और डाटा बेस बनाने के लिए निश्चित किया गया। अनुदान प्रत्यक्षतः विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए उपयोग में नहीं लिया गया है। पंचायत और न.स्था.नि. डाटा बैंक की उनकी आवश्यकता पर विशेष जोर दिये जाने योग्य नहीं है। स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग ने लेखांकन व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी है। भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा विहित किया गया और राज्य सरकार द्वारा अंगीकृत बजट और लेखे प्ररूप प.रा.सं. में पूर्ण रूप से प्रचलन में नहीं है।

12.2 भारत सरकार द्वारा लेखांकन प्रणाली के मानदण्डीकरण के लिए, 01.04.2011 से प्रभावी प्रिया सोफ्टवेयर भी समस्त पं.रा.सं. द्वारा उपयोग में नहीं लिया जा रहा है। सोफ्टवेयर को लागू करने के लिए कम्प्यूटर स्टाफ अपेक्षित है। केवल 167 पंचायत समितियों ने राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित व्यवस्था के

अधीन कम्प्यूटर संचालकों को संविदा पर लगाया है। पं.रा.सं. के समस्त त्रिस्तरीय डाटा प्रविष्टि की प्रास्थिति सारणी 12.1 में उपदर्शित की गयी है।

सारणी 12.1 : 20.02.2013 को 2011–12 के लिए डाटा प्रविष्टि की प्रास्थिति

	जिला परिषद्	पंचायत समिति	ग्राम पंचायत
योग	33	248	9177
मास्टर डाटा प्रविष्टि	33	229	2521
प्रारंभिक शेष प्रविष्टि	33	212	1931
बीजक (वाउचर) प्रविष्टि	33	200	1963
अंतिम दैनिक प्रविष्टि	29	107	522
अंतिम मासिक प्रविष्टि	26	85	471
अंतिम वार्षिक प्रविष्टि	20	43	351

12.3 आयोग ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्राम पंचायत को उपसाधनों के साथ कम्प्यूटर प्रदान करने की सिफारिश की है। आयोग को उम्मीद है कि इसके बाद स्थिति में सुधार आयेगा। न.स्था.नि. में लेखाओं और डाटा बेस के अनुरक्षण की स्थिति पंचायती राज संस्थाओं की तुलना में कुछ बेहतर है। तथापि, न.स्था.नि. में आस्ति रजिस्टरों के रखरखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

किसी प्रमाणिक डाटा बेस को बनाना और अनुरक्षण

12.4 आयोग का यह विचार है कि डाटा बेस के सुधार के लिए निम्नलिखित कदम उठाना उपयोगी भी होगा और साध्य भी होगा :–

i. राज्य सरकार को पंचायती राज संस्थाओं और नगर स्थानीय निकायों के वित्त के संग्रहण, संभाल और निरीक्षण के लिए एक व्यापक प्रणाली नियमित रूप से विकसित करनी चाहिए।

ii. समयबद्ध रीति में नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा डिजाइन किए गये प्ररूपों में पं.रा.सं. के डाटा का संकलन।

iii. डाटा बेस निर्माण, जिनके लिए 11वें वित्त आयोग और 12वें वित्त आयोग द्वारा निधियाँ चिन्हित की गयी, की ओर पं.रा.सं. प्रारम्भ किये जाने वाले उपाय।

iv. पंचायती राज विभाग और स्थानीय स्वशासन विभाग में पृथक् सेल बनाना जहाँ आधारभूत डाटा नियमित रूप से रखा जा सके।

v. निदेशक, पंचायती राज विभाग और निदेशक, स्थानीय स्वशासन विभाग को प.रा.सं. और न.स्था.नि. में डाटा बैंक बनाने और उसे संभालने के लिए नोडल एजेन्सियों के रूप में नामनिर्देशित करना। इस

प्रकार, समस्त स्तरों पर पंचायतों और न.स्था.नि. पर सांख्यिकी और अन्य विनिर्दिष्ट सूचनाओं का संग्रहण, वर्गीकरण, सारणीकरण, प्रबन्धन और मॉनिटरिंग निदेशक, पंचायती राज विभाग और निदेशक, स्थानीय स्वशासन विभाग को विशेष रूप से समनुदेशित किये जायेंगे।

vi. निदेशक, पंचायती राज विभाग और निदेशक, स्थानीय स्वशासन विभाग को, यदि आवश्यक हो, तो इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान का एक भाग निश्चित करके आवश्यक जन–शक्ति, उपस्कर और निधियां उपलब्ध कराई जानी है। आयोग द्वारा सिफारिश किये गये निर्बन्ध अनुदानों का एक भाग भी इस प्रयोजन के लिए उपयोग में लिया जा सकता है।

क्षमतावर्द्धन और प्रशिक्षण

12.5 क्षमता में कमी एकमात्र प्रमुख समस्या है जिसका परिणाम कमजोर सेवा परिदान तथा राज्य और केन्द्रीय अनुदानों को पूर्ण रूप से खर्च करने में असमर्थता है। प्रशिक्षण और क्षमतावर्द्धन का अभाव स्थानीय निकायों में जन–शक्ति को कमियों की बढ़ाता है।

12.6 इंदिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान (इं.गाँ.पं.रा.सं.) और राज्य ग्रामीण विकास, जयपुर द्वारा प्रशिक्षण और क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम ऐसे इनपुट प्रदान करा रहे हैं। संस्थान का मुख्य उद्देश्य जन प्रतिनिधियों और मुख्य स्रोत व्यक्तियों (मास्टर रिसोर्स पर्सन) को गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान करना है। इं.गाँ.पं.रा.सं. नये कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए या जब विषय पं.रा.सं. को अन्तरित किये जायें, पाठ्यक्रम भी आयोजित कराती है। 2010 में निर्वाचन पश्चात् समस्त चयनित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के लिए आधारभूत अभिविन्यास संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम "ट्रेनिंग फॉर ऑल" के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रहा।

इस संस्थान (इं.गाँ.पं.रा.सं.) को पंचायतों के लिए संदर्भ और अनुसंधान केन्द्र के रूप में भी सेवा देनी चाहिए। संस्थान को मापक आदर्श नियमों और प्रक्रियाओं को भी डिजाइन और विकसित करना चाहिए जो पं.रा.सं. में कार्य योजना और निष्पादन को सुकर बनाये।

12.7 अजमेर, जोधपुर, डूँगरपुर में तीन पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र कार्य कर रहे हैं और कोटा, भरतपुर और बीकानेर में तीन नये केन्द्र इस वर्ष प्रारम्भ होने की आशा है।

12.8 यदि भविष्य में ज्यादा विषयों का अन्तरण होता है तो प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का संस्थागत क्षमतावर्द्धन तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण सबसे महत्वपूर्ण है। आयोग ने अपनी सिफारिशों में इन उद्देश्यों को प्रशिक्षण केन्द्रों के ढाँचे को सुदृढ़ बनाने के लिए और क्षमतावर्द्धन के लिए बड़ी निधियाँ प्रदान कर सामने रखा है। भारत सरकार के राजीव गाँधी पंचायती राज सशक्तिकरण अभियान के अधीन क्षमतावर्द्धन पर भी जोर दिया गया है। राज्य सरकार, भारत सरकार के मार्गदर्शन के भीतर परियोजनाएं बनाने की कार्रवाई में पहल करके कार्यक्रम से पूरा फायदा उठा सकती है।

नगरीय मामलों के राज्य संस्थान

12.9 न.स्था.नि. के मामले में प्रशिक्षण प्रदान करने और क्षमतावर्द्धन के लिए कोई नियमित प्रणाली नहीं है। सिटी मैनेजर्स एसोसिएशन और स्थानीय स्वशासन संस्थान न.स्था.नि. के लिए यदा–कदा प्रशिक्षण इनपुट प्रदान करने हैं। यह न.स्था.नि. की प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। क्षमता की कमी को ध्यान में रखते हुए, विशेषकर न.स्था.नि. में, आयोग यह सुझाव देता है कि न.स्था.नि. के वेतन बजट का 2.5%, राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति–2012 में यथा–उपदर्शित क्षमतावर्द्धन के लिए आवंटित किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण अंतर मिटाने के लिए जल्द ही एक नगरीय मामलात राज्य संस्थान स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। आयोग ने यह सिफारिश की है कि, निर्बन्ध अनुदान में से 150 करोड़ रु. संस्थान स्थापित करने के लिए उपयोग में ली जाए। आयोग यह और सिफारिश करता है कि नगरीय शासन और विकास पर सेक्टर संबंधी प्रशिक्षण को सभी कृत्यकारियों पर तीन वर्षों में एक बार आज्ञापक होना चाहिए। तकनीकी कृत्यकारियों को उनके कार्य क्षेत्रों में सामयिक रूप से प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। नीति परिवर्तन के लागू किए जाने या नये कार्यक्रम/अभियान प्रारम्भ किए जाने या विद्यमान में परिवर्तन लाए जाने के पूर्व प्रशिक्षण और अभिविन्यास को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार, सभी चयनित प्रतिनिधियों को चुनाव के तुरन्त बाद और उसके पश्चात् सामयिक रूप से प्रशिक्षण लेना चाहिए।

12.10 संस्थान को नगरीय मामलों में थिंक टैंक (विशेषज्ञ दल) होना चाहिए। इसके लिए, अनुसंधानों और चर्चाओं को प्रणालिक रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रस्तावित संस्थान को परियोजनाओं के बड़े/मध्यम ढ़ाँचे को सहयोग करने और न.स्था.नि. को योजना बनाने, तैयारी करने और लागू करने में तकनीकी सहयोग प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए।

ई–गवर्नेंस और आई.सी.टी.

12.11 सूचना प्रौद्योगिकी कई न.स्था.नि. और कुछ पं.रा.सं. में निर्माणात्मक स्तर पर है। कई न.स्था.नि. के पास तो ई–मेल कनेक्टिविटी के लिए इन्टरनेट कनेक्शन नहीं है। जहाँ यह उपलब्ध है वहाँ इसका उपयोग निम्नस्तरीय है क्योंकि कृत्यकारियों को इसका प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। संविदा पर रखा गया स्टाफ तेजी से बदलते परिदृश्य के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदत्त करने की स्थिति में नहीं है। कुछ निगमों को छोड़कर बहुत से न.स्था.नि. के पास वेबसाइट नहीं है। उन न.स्था.नि. में भी जिनके पास वेब साइट है वहाँ केवल स्थिर डाटा (स्टेटिक डाटा) होस्ट हो रहा है और साइट्स इन्टरेक्टिव नहीं है। अच्छे प्रशासन के लिए ई–गवर्नेंस का प्रस्तावन आवश्यक बन गया है। कई राज्यों ने सेवाओं में और उन्हें प्रदत्त करने की दक्षता में सुधार लाने के लिए ई–गवर्नेंस प्रस्तावित करने की पहल की है। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय नगरीय नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) रिफॉर्म ढाँचे के अधीन, जन्म और मृत्यु पंजीकरण, सम्पत्ति कर, सेवा परिदाय, लेखाओं, कार्मिक और वेतन रोलों, निर्माण योजना अनुमोदनों, परियोजना अनुरक्षण और कारोबार अनुज्ञप्तियों आदि पर मोड्यूल्स की प्रस्तावना आज्ञापक है। महाराष्ट्र और आन्ध्रप्रदेश जैसे राज्यों में

ई–प्रोक्योरमेन्ट ने अच्छे लाभांश संदत्त किये हैं। आन्ध्रप्रदेश में ई–सेवा केन्द्र 150 से अधिक सेवाऐं कवर करते हैं और यह केन्द्र "वन स्टॉप सर्विस" प्रस्ताव करते है। कर्नाटक ने सभी न.स्था.नि. द्वारा उपयोग में लिए जाने हेतु ई–गवर्नेन्स साफ्टवेयर को विकसित किया है। कोयम्बटूर में विकास नियंत्रण नियमों की स्वचलित जाँच (ऑटो डी.सी.आर.) रीति का उपयोग करके निर्माण योजनाओं का ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण और महाराष्ट्र में कर संग्रहणकर्ताओं द्वारा उपयोग में लिये गये जनरल पोजिशनिंग रेडियो सर्विस सिस्टम (ग्राम पंचायतआर.एस.) योग्य मोबाइल फोन और हैण्ड हेल्ड प्रिन्टर्स ने बेहतर कर संग्रहण तक पहुँचाया है। शहरों में संपत्ती और व्यावसायिक कर पर मोबाइल फोनों के माध्यम से बेहतर बिलिंग और संग्रहण में योगदान दिया है। कई शहर बेहतर परिणामों के साथ योजना बनाने और विकास में जी.आई.एस. आधारित एप्लीकेशन अपना रहे हैं।

12.12 स्थानीय स्वशासन विभाग नागरिकों और शासन के मध्य पहला इन्टरफेस (अन्तराफलक) है। न.स्था.नि. में ई–गवर्नेन्स की पुरःस्थापना इन निकायों को सेवा, परिदाय, बेहतर सूचना प्रबंधन प्राप्त करने, पारदर्शिता में सुधार लाने और प्रशासन में नागरिकों का सम्मिलित होना सुनिश्चित करने में सहयोग करेगा। स्थानीय स्वशासन विभाग, राजस्थान ने ई–नगर मित्र परियोजना को विद्यमान अभिलेख रखने की प्रक्रियाओं को प्रणालीबद्ध करने के लिए प्रारंभ किया, जिसका परिणाम स्थानीय निकायों और सभी न.स्था.नि. के निदेशालय में सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस परियोजना का व्यापक उद्देश्य सू.सं.प्रौ. (आई.सी.टी.) को प्रभावी रीति से उपयोग में लेना और राज्य के सभी न.स्था.नि. में एकरूप नागरिक सेवा परिदान प्रणाली को रखना है।

12.13 यह परियोजना 2005 में बी.ओ.ओ.टी. आधार पर छह नगरीय स्थानीय निकायों में स्थापित की गयी थी। इस स्तर पर क्लाईन्ट सरवर आधारित 24 एप्लीकेशन माडयूल्स लागू किये गये है। इसके पश्चात् 2006 में 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 19 अन्य न.स्था.नि. में परियोजना आरम्भ की गयी है। इन 19 न.स्था. नि. में, क्लाईन्ट सरवर आधारित 12 एप्लीकेशन माडयूल्स का उपयोग किया जा रहा है। दोनों अवस्थाओं को मई, 2011 तक पूर्ण किया गया है। अब राज्य सरकार ने इन एप्लीकेशन्स को राजस्थान के समस्त 184 न. स्था.नि. में राष्ट्रीय मोड परियोजना मिशन (एन.एम.एम.पी.) के मार्गदर्शक सिद्धान्तों पर वैब आधारित केन्द्रीकृत स्थापत्य के अधीन स्थापित करने का विनिश्चय किया है। दक्ष नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए इस कार्यक्रम के अधीन राज्य में के समस्त न.स्था.नि. को कम्प्यूटरिकृत किया जायेगा।

12.14 राज्य सरकार द्वारा अब तक किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए आयोग न.स्था.नि. के समस्त क्रियाशील क्षेत्रों में ई–गवर्नेन्स की तुरंत स्थापना करने की सिफारिश करता है। यह अनिवार्य है कि समस्त पदधारियों को ई–गवर्नेन्स का प्रशिक्षण दिया जाये। यह प्रभावी डाटा प्रबंधन, योजना और विकास साथ ही साथ नागरिकों के साथ अच्छे संपर्कों को सुकर बनायेगा जिससे प्रभावी सामुदायिक सहभागिता होगी।

चौदहवें केंद्रीय वित्त आयोग के विवेचन के लिए सुझाव

अवसंरचना के लिए अनुदान

12.15 प.रा.सं. को प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए पर्याप्त/अपेक्षित अवसंरचना उपलब्ध कराने हेतु यह सुझाव है कि केन्द्रीय वित्त आयोग, विशेष रूप से पं.रा.सं और न.स्था.नि. के समस्त स्तरों पर पर्याप्त अवसंरचना के सृजन के लिए पर्याप्त सहायता अनुदान उपलब्ध कराये। तेरहवें वित्त आयोग ने पंचायत भवनों के संनिर्माण के लिए 1000 करोड़ रु के अनुदान की सिफारिश की है जिन्हें आपदा की दशा में लोगों के लिए अस्थायी आश्रयस्थल के रूप में भी उपयोग में लिया जा सकता है। न.स्था.नि स्तर पर जहां आवश्यक हो ऐसे भवनो के संनिर्माण के लिए केन्द्रीय वित्त आयोग पर्याप्त अनुदान की सिफारिश कर सकता है।

उचित डाटा बेस के लिए अनुदान

12.16 स्थानीय निकायों के लिए डाटा बेस विशेष रूप से योजना और मॉनीटरिंग के लिए बहुत दुर्गत दशा में है। इसलिए, केन्द्रीय वित्त आयोग प.रा.सं. और न.स्था.नि. के डाटा के संग्रहण, संकलन और मॉनीटरिंग के लिए मानक रूपविधान डिज़ाइन करने पर विचार कर सकता है और इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त अनुदानों की सिफारिश कर सकता है।

रा.वि.आ. और के.वि.आ. का सामयिकीकरण

12.17 रा.वि.आ. के समय पर गठन और रिपोर्टों के समय पर प्रस्तुत किये जाने के लिए यह सुझाव है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 243(झ) और 243(म) में इस प्रभाव का संशोधन किया जाये कि राज्य सरकार पूर्ववर्ती वित्त आयोग की पाँच वर्ष की कालावधि की समाप्ति के पूर्व रा.वि.अ. की नियुक्ति कर सके दोनों आयोग सहविस्तारी जायें ताकि केन्द्रीय वित्त आयोग द्वार रा.वि.आ. की सिफारिशों पर ध्यान दिया जा सके।

सेवा स्तर बैंचमार्कों का नियतन

तेरहवें वित्त आयोग ने सामान्य निष्पादन अनुदान से सम्बद्ध न.स्था.नि. के कतिपय मुख्य (कोर) कृत्यों के मानक/सेवा स्तर मापदंड अधिकथित किये हैं। यह जनसाधरण को उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओ का उन्नयन सुनिश्चित करने के लिए ठीक उपाय है। के.वि.आ. को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर निर्भर स्थानीय निकायों के मुख्य (कोर) कृत्यों, उनके भौतिक और वित्तीय प्रमापों को परिभाषित करने का प्रयास करना चाहिए और मुख्य (कोर) कृत्यों को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने के लिए निधियां निश्चित करनी चाहिए। केन्द्रीय वित्त आयोग मुख्य (कोर) कृत्यों के लिए मानक या मापदंड विहित करने पर विचार कर सकता हौ। ऐसे मानकों को समस्त स्थानीय निकायों द्वारा धीरे–धीरे स्थापित किया जा सकता है।

पृथक रा.वि.आ. अधिनियम की अधिनियमिति

12.19 रा.वि.आ. के सुदृढ़ीकरण के लिए केन्द्रीय वित्त आयोग यह सुझाव देने पर विचार कर सकता है कि राज्य सरकारें (जहां पृथक् रा.वि.अ. अधिनियम अस्तित्व में नहीं है) पृथक् रा.वि.अ. अधिनियम अधिनियमित करके उसमें निर्देश–निबंधन, अध्यक्ष और सदस्यों की संख्या, अर्हता, राज्य विधान सभा में, रा.वि.आ. की

सिफारिशों पर "की गयी कार्रवाई रिपोर्ट (ए.टी.आर.)" और उसके पश्चात् स्थानीय निकायों को किये गये न्यागमन और दिये गये अनुदान का वार्षिक कथन सिफारिशों की कार्यान्विति की प्रास्थिति, रखने की समय–सीमा अन्तर्विष्ट करें। यह एकरूप पैटर्न सुनिश्चित करेगा और राज्य सरकारों द्वारा विचलन की कोई संभावना नहीं रह जायेगी।

राज्य में निर्वाचन आयोग जैसा स्थायी रा.वि.आ. सचिवालय

12.20 रा.वि.आ सामान्यतः समय पर गठित नहीं किये जाते हैं और गठन के पश्चात् भी कार्यालय की व्यवस्था, उसकी मरम्मत और नवीकरण, फर्नीचर और साजसजावट आदि पर बहुत समय व्यर्थ हो जाता है। कभी–कभी रा.वि.आ. को भागों में गठित किया जाता और प्रायः नियुक्त सदस्य सचिव पूर्णकालिक आधार पर नहीं होता है। यह रिपोर्ट की तैयारी और उन्हे प्रस्तुत करने में विलम्ब कारित करती है। इन बाधाओं पर काबू पाने के लिए और पूववर्ती रा.वि.आ. की सिफारिशों के क्रियान्वयन को मॉनीटर करने, पूववर्ती रा.वि.आ. द्वारा संग्रहित स्थानीय शासन के डाटा के अद्यतन, अभिलेखों को रखने, उसकी वैब साइट के अद्यतन और मामलों के अन्तरण की अनुपरीक्षा, अपेक्षित अध्ययन संचालित करवाने, कार्यशाला/सेमिनार आयोजित करने के लिए भी यह सुझाव है कि केन्द्रीय वित्त आयोग यह सिफारिश करने पर विचार कर सकता है कि प्रत्येक राज्य में राज्य निर्वाचन आयोग की तर्ज पर शासन सचिव की अध्यक्षता में रा.वि.आ का स्थायी सचिवालय गठित किया जा सकता है।

राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के मध्य कृत्यों का विभाजन

12.21 स्थानीय निकायों को शक्तियों का वास्ततिक अंतरण प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के मध्य कृत्यों, प्राधिकारियों और शक्तियों को, संघ और राज्य सूची में क्रमशः केन्द्र और राज्य के मध्य विषयों के विभाजन के आधार पर, स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाये। यह सरकार के तीन स्तर अर्थात् केन्द्रीय, राज्य और स्थानीय की धारणा के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा। केन्द्रीय वित्त आयोग संविधान में आवश्यक संशोधन करने के लिए केन्द्रीय सरकार को सिफारिश करने पर विचार कर सकता है।

राज्यों के मध्य निधियों के वितरण के लिए अन्तरण मानदंड

12.22 क्षेत्र या क्षेत्र भारित जनसंख्या राज्य की आवश्यकताओं का अच्छा सूचक है। यह संशय से परे है कि राजस्थान में सेवाएं उपलब्ध कराने की लागत उसके आकार और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अधिक है। केन्द्रीय वित्त आयोग ऊर्ध्व अन्तरण के लिए केन्द्रीय सरकार के शुद्ध साझा योग्य कर राजस्व में स्थानीय निकायों के लिए अनुदानों की रकम बढ़ाने के अतिरिक्त स्थानीय निकायों को अनुदान के अन्तर्राज्यीय वितरण के पैरामीटरों में भौगोलिक क्षेत्र को अधिक अधिमान प्रदान करने पर विचार कर सकता है।

मानव विकास सूचक का तैयार किया जाना

12.23 वर्तमान में, राज्य वित्त आयोग द्वारा स्थानीय निकायों को निधियों का अंतरण मुख्यतः जनसंख्या और क्षेत्र के पैरामीटरों पर आधारित है जो न तो ऊर्ध्वगामी है और न ही जनसंख्या स्थिरीकरण की राष्ट्रीय नीति के अनुकूल है। इसलिए क्षेत्र का मानव विकास सूचक (एच.डी.आई.) अंतरण के लिए विद्यमान आधारों की तुलना में अधिक उत्कृष्ट आधार है। आमतौर पर रा.वि.आ. के पास, पं.रा.सं. विशेष रूप से ग्राम पंचायतों और नगरपालिक क्षेत्रों के लिए मानव विकास सूचक (एच.डी.आई.) तैयार करवाने हेतु समय और निधियां नहीं होती हैं। इस दृष्टि से, केन्द्रीय वित्त आयोग राज्य सरकार को इस प्रयोजन के लिए निधियां उपलब्ध कराने पर विचार कर सकता है। इसके पश्चात् राज्य सरकार अपने आयोजना विभाग या किसी अन्य एजेन्सी के माध्यम से ग्रामवार और नगरवार मानव विकास सूचक (एच.डी.आई.) तैयार करवा सकती है।

पैरा स्टेटल एजेन्सियों की भूमिका

12.24 राज्यों में अनेक पैरा स्टेटल एजेन्सियां, विकास प्राधिकरण, मिशन संवैधानिक रूप से निर्वाचित नगरीय और ग्रामीण स्थानीय निकायों की उपस्थिति के बावजूद कार्य कर रहे हैं। एजेन्सियां जैसे कि विकास प्राधिकरण, नगर विकास न्यास और आवासन बोर्ड अपने क्षेत्रों में, जहां ऐसे सवैधानिक निकाय विद्यमान हैं, सरकारी भूमि के स्वामी या संरक्षक हैं। क्षेत्र के स्थानीय निकाय को विकसित क्षेत्रों में मूल नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने का भार वहन करना होता है। यह पैरास्टेटल एजेन्सियां स्थानीय निकायों के साथ अल्प या कोई निधि साझा नहीं करती हैं। परिणामस्वरूप, स्थानीय निकाय स्वयं को, सेवाओं की लागत किन्तु अनुरूप राजस्व के बिना वहन करने की अत्यधिक प्रतिकूल स्थिति में पाती है।

12.25 इन पैरास्टेटल एजेन्सियों को निर्वाचित स्थानीय निकाय, जो कि संवैधानिक निकाय है की छतरछाया के अधीन लाया जाना चाहिए। संबंधित स्थानीय निकायों के अपने–अपने क्षेत्रों में की परियोजनाएं उनके माध्यम से अग्रसर और केवल उनकी सहमति से मंजूर की जानी चाहिए। चौहदवाँ क.वि.आ. केन्द्र सरकार को यह सिफारिश करने पर विचार कर सकता है कि केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को यह सलाह दे कि वे चौहत्तरवें संशोधन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का, संशोधन के उपबंधो को अक्षरशः लागू करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करके, सम्मान करे। यह संवैधानिक रूप से सृजित नगरीय स्थानीय निकायों पर विकास प्राधिकरणों और नगर विकास न्यासों द्वारा प्रयुक्त नियंत्रण के अंतरण द्वारा शुरू किया जा सकता है।

नगरपालिक कर के स्थान पर चुंगी का अधिरोपण

12.26 चुंगी, जो कि नगरपालिक राजस्व का माल के अनिर्बन्धित संचलन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये, परम्परागत और अतिमहत्वपूर्ण स्त्रोत था, कि समाप्ति में न.स्था.नि. की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर दिया है। इस संबंध में चौदहवां के.वि.आ. राज्य सरकारों को, कारोबार सत्ताओं की विक्रय कर विवरजियों में दर्शित वार्षिक पण्यार्वत के आधार पर व्यापार और वाणिज्य पर नगरपालिक कर अधिरोपित करने का सुझाव देने पर विचार कर सकता है।

कर दर की एकरूपता बनाये रखने के लिए स्थानीय निकायों द्वारा अधिरोपित किये जाने वाले करों की पृथक् सूची

12.27 स्थानीय निकायों को स्वालम्बी बनाने और देश भर में कर संरचना की एकरूपता बनाये रखने के लिए चौदहवां वित्त आयोग केन्द्रीय सरकार को, विषयों की ऐसी सूची, जिस पर स्थानीय निकायों या स्थानीय निकायों की ओर से संबंधित राज्य सरकार द्वारा कर अधिरोपित किया जायेगा, संविधान में सम्मिलित करने के लिए संशोधन लाने हेतु सिफारिश करने पर विचार कर सकता है। तथापि, ऐसे करों के संग्रहण की शक्ति केवल स्थानीय निकायों को न्यस्त की जा सकती है।

12.28 यह संप्रेक्षण किया गया है कि अधिकतर न.स्था.नि. और पं.रा.सं. के पास, वित्तीय संस्थाओं द्वारा अपेक्षित समान अंश, यदि उन्हे उनसे परियोजना वित्त पोषण की आवश्यकता हो, देने के लिए स्वयं की पर्याप्त आय या अन्य निधियां नही होती हैं। चौदहवाँ वित्त आयोग, न.स्था.नि. और पं.रा.सं. की उसके क्षेत्रों में अवसंरचना परियोजनाएं शुरू करने के लिए रियायती वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु केन्द्रीय सरकार को वित्त निगम स्थापित करने के लिए सुझाव देने पर विचार कर सकता है। निगम से निधियां उपलब्ध कराने का आधार, वाणिज्यिक साध्याता और ऋणों का प्रतिसंदाय वापस निगम में जमा कराना होना चाहिए।

12.29 चौदहवाँ वित्त आयोग न.स्था.नि. के लिए एम.आई.एस. हेतु आईसीटी समर्थ सेवाओं सहित ई–गवर्नेन्स के आबंटन करने पर विचार कर सकता है।

12.30 चौदहवाँ वित्त आयोग न.स्था.नि को, अन्य बातों के साथ–साथ नगरीय अवसंरचना, नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा नियत बैंचमार्कों और बैंचमार्कों को प्राप्त करने के लिए प्राक्कलित लागत पर आधारित आबंटन करने पर विचार कर सकता है।

5. चौथे राज्य वित्त आयोग के गठन के समय वर्ष 2010–2011 के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलनों और 2011–12 के लिए बजट प्राक्कलनों का अनुमोदन राजस्थान विधानसभा के द्वारा किया जा चुका है, इसलिए विभाज्य पूल में मात्रात्मक निर्धारण हेतु इन बजटीय आंकड़ों को ही स्वीकार कर लिया गया है। बजट दस्तावेज के अनुसार वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए राज्य का सकल कर राजस्व (मनोरंजन कर को अपवर्जित करते हुए) क्रमशः 18500.66 करोड़ रूपये और 20295.14 करोड़ रूपये आंकलित किया गया था। सकल कर राजस्व के आधार पर वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए स्थानीय निकायों को स्थानान्तरित रकम क्रमशः 555.02 करोड़ रूपये और 608.85 करोड़ रूपये आंकलित की गयी थी। ये रकम राज्य सरकार द्वारा दिए गए उन अनुदानों के अतिरिक्त थी जो कि पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय विकास संस्थाओं को उनकी स्थापना लागत इत्यादि पूर्ति के लिए दी गयी थी। यह अन्तरण अन्तरिम और आयोग की रिपोर्ट के अध्यधीन है।

6. पंचायतीराज संस्थाओं के वित्तीय संसाधनों में वृद्धि के लिए राज्य सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। समिति ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुकी है। आयोग समिति की रिपोर्ट में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर अन्तरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय विचार करेगा। तथापि, आयोग का यह मत है कि समिति द्वारा सिफारिश किए गए करों के समनुदेशन की रकम को राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2011–12 के दौरान र्निमुक्त किया जाये।

7. पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के बीच निधियों के द्विभाजन के लिए विभिन्न मापदण्ड आयोग के विचाराधीन हैं। वर्तमान में आयोग पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के बीच निधियों के प्रभाजन के लिये, आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर, राजस्थान के द्वारा सांख्यिकी सार–पुस्तिका 2002 में प्रकाशित और तीसरे

राज्य वित्त आयोग के द्वारा प्रयुक्त 1 मार्च, 2005 को प्रदर्शित जनसंख्या पर आधारित 75.7:24.3 के जनसंख्या अनुपात को अपनाना उचित समझता है, क्योंकि जनसंख्या को नगरीय एवं ग्रामीण में द्विभाजन करते हुए 2011 की जनगणना के नवीनतम आंकड़ें जनगणना विभाग द्वारा अभी प्रकाशित/र्निमुक्त किए जाने हैं। तद्नुसार पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के अंश निम्नानुसार आंकलित किए गए हैं :

(रु. करोड़ों में)

विशिष्टियाँ	2010–2011	2011–2012
पंचायतीराज संस्थाएँ	420.15	460.90
नगरीय स्थानीय निकाय	134.87	147.95
योग	555.02	608.85

8. आयोग पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों को निर्बन्धन अनुदान के रूप में न कि राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के रूप में निधियों के अन्तरण की सिफारिश करता है। तथापि, अनुदानों की रकम जो अन्तरित की जानी है वर्ष 2011–12 के लिए पुनरीक्षित बजट प्राक्कलनों और 2011–12 के लिए बजट प्राक्कलनों के अनुसार राज्य के सकल कर राजस्व (मनोरंजन कर को अपवर्जित करते हुए) के 3 % के आधार पर निर्धारित की गई है।

पंचायतीराज संस्थाओं के मध्य पारस्परिक–वितरण

9. जिला स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं के मध्य विभाजन योग्य निधियों के वितरण के लिए तीसरे राज्य वित्त आयोग ने निम्नलिखित मानक और दरों को माना था

क.सं.	पैरामीटर	अधिमान
1.	जनसंख्या	60 प्रतिशत
2.	भौगोलिक क्षेत्र	20 प्रतिशत
3.	गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों की संख्या द्वारा दर्शित गरीबी	5 प्रतिशत
4.	साक्षरता का स्तर	5 प्रतिशत
5.	अ.जा.जनसंख्या	5 प्रतिशत
6.	अ.ज.जा.जनसंख्या	5 प्रतिशत

10. आयोग सम्पूर्ण तीनों स्तरों पर पंचायतीराज संस्थाओं के बीच निधियों के समुचित वितरण के लिए विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पैरामीटरों और उनकी अधिमानता का परीक्षण करना चाहेगा। तथापि इस संबंध में आयोग की अन्तिम सिफारिशें लम्बित हैं। अन्तरिम रिपोर्ट के प्रयोजन के

लिए आयोग उन्हीं अधिमानों और पैरामीटरों की सिफारिश करता है जो तृतीय वित्त आयोग द्वारा अपनाये गये थे।

11. प्रत्येक जिले का अंश निर्धारित करने के लिए जिलेवार पैरामीटर पर विचार किया गया। तद्नुसार, वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए प्रत्येक जिले के अंश का प्रतिशत और जिलेवार रकम निम्नानुसार आंकलित की गई थी :

(रु. करोड़ों में)

क.सं.	जिले का नाम	प्रतिशत अंश	2010-11	2011-12
1.	अजमेर	2.774	11.65	12.79
2.	अलवर	4.839	20.33	22.30
3.	बांसवाड़ा	3.461	14.54	15.95
4.	बारां	2.099	8.82	9.67
5.	बाड़मेर	4.811	20.21	22.17
6.	भरतपुर	3.147	13.22	14.50
7.	भीलवाड़ा	3.553	14.93	16.37
8.	बीकानेर	3.596	15.11	16.57
9.	बूंदी	1.922	8.08	8.86
10.	चित्तौड़गढ़	2.633	11.06	12.14
11.	चुरू	3.411	14.33	15.72
12.	दौसा	2.495	10.48	11.50
13.	धौलपुर	1.654	6.95	7.62
14.	डुंगरपुर	2.692	11.31	12.41
15.	गंगानगर	3.065	12.88	14.13
16.	हनुमानगढ़	2.707	11.37	12.48
17.	जयपुर	5.103	21.44	23.52
18.	जैसलमेर	3.161	13.28	14.57
19.	जालौर	3.080	12.94	14.20
20.	झालावाड़	2.265	9.52	10.44

21.	झुन्झुनूं	2.786	11.71	12.84
22.	जोधपुर	4.515	18.97	20.81
23.	करौली	2.391	10.05	11.02
24.	कोटा	1.700	7.14	7.84
25.	नागौर	4.822	20.26	22.22
26.	पाली	3.261	13.70	15.03
27.	प्रतापगढ़	1.608	6.76	7.41
28.	राजसमंद	1.876	7.88	8.65
29.	सवाई माधोपुर	2.094	8.80	9.65
30.	सीकर	3.362	14.13	15.50
31.	सिरोही	1.769	7.43	8.15
32.	टोंक	2.285	9.60	10.53
33.	उदयपुर	5.063	21.27	23.34
	योग	100.00	420.15	460.90

(12) पंचायती राज के तीन स्तरों अर्थात् ग्राम पंचायतो, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के मध्य और अधिक वितरण के लिए, आयोग क्षेत्रीय दौरे करेगा और विभिन्न अभ्यावेदनों, जो जन प्रतिनिधियों आदि से प्राप्त किये जा सकेंगे, का परीक्षण करेगा। इसलिए, अपने अन्तरिम प्रतिवेदन में आयोग के पास पारस्परिक वितरण के लिए द्वितीय और तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा यथा समनुदेशित प्रतिशत के समान अर्थात् ग्राम पंचायतो को 85%, पंचायत समितियों को 12%, और जिला परिषदों को 3%, के अनुसरण की सिफारिश करने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं बचता है। इस वितरण मापदण्ड के आधार पर इन निकायो के अपने–अपने अंश निम्नानुसार होंगे :–

(रु. करोड़ों में)

पं.रा.सं.	**2010–11**	**2011–12**
ग्राम पंचायतें (85%,)	357.13	391.77
पंचायत समितियां (12%,)	50.42	55.30
जिला परिषदें (3%,)	12.60	13.83
योग	**420.15**	**460.90**

(13) पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतो के मध्य रकम का और अधिक पारस्परिक वितरण संबंधित पंचायत समिति और ग्राम पंचायत की जनसंख्या के आधार पर किया जाना है।

(14) आयोग का यह दृष्टिकोण है कि वर्ष 2010–11 और 2011–12 के दौरान की सम्पूर्ण रकम, इन निकायो द्वारा निष्पादित की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बनाये रखने की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, वरियतः निर्बन्ध अनुदान के रूप में अंतरित की जा सकती है।

न.स्था.नि. के मध्य पारस्परिक वितरण

(15) तृतीय राज्य वित्त आयोग ने समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को विभाज्य अंश का 80% और वर्ग II, वर्ग III और वर्ग IV की नगरपालिकाओं को उनके सीमित संसाधन के आधार और कमजोर वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए शेष 20% वितरित करने की सिफारिश की है। तद्नुसार, आयोग न.स्था.नि. के मध्य विभाज्य रकम का समान वितरण मापदण्ड की सिफारिश निम्नानुसार करता है :

(16) **80 प्रतिशत** : समस्त न.स्था.नि. के मध्य उनकी जनसंख्या के आधार पर।

20 प्रतिशत : वर्ग II, वर्ग III और वर्ग IV की नगरपालिकाओं के मध्य उनकी जनसंख्या के आधार पर।

(17) वर्ग II, वर्ग III और वर्ग IV की नगरपालिकाओं को अतिरिक्त 20% रकम का वितरण वित्तीय रूप से कमजोर इन नगरपालिकाओं को अपने आधारभूत कृत्यों का प्रभावी रूप से निष्पादन करने में समर्थ बनायेगा।

(18) तद्नुसार, 2010–11 और 2011–12 के लिए विभिन्न न.स्था.नि. के अंश निम्नानुसार होंगे :–

प्रवर्ग	संस्थाओं की संख्या	जनसंख्या (लाख में)	सिफारिश की गयी रकम (रु. करोड़ों में)					
			2010–2011			2011–2012		
			80%	20%	योग	80%	20%	योग
नगर निगम	5	48.83	41.26	–	41.26	45.25	–	45.25
नगर परिषद	13	24.22	20.46	–	20.46	22.45	–	22.45
नगरपालिकाएं वर्ग II	36	22.04	18.62	10.87	29.49	20.43	11.93	32.36
नगरपालिकाएं वर्ग III	58	18.14	15.33	8.95	24.28	16.81	9.82	26.63
नगरपालिकाएं वर्ग IV	72	14.48	12.23	7.15	19.38	13.42	7.84	21.26
योग	**184**	**127.71**	**107.90**	**26.97**	**134.87**	**118.36**	**29.59**	**147.95**

(19) आयोग का यह भी दृष्टिकोण है कि, वर्तमान के लिए सम्पूर्ण निधियां निर्बन्ध अनुदान के रूप में अंतरित की जा सकती हैं। इन निधियों का इन निकायो द्वारा वरियतः आधारभूत ढ़ाँचे के प्रोन्नयन, आधारभूत नागरिक सेवाओं का अनुरक्षण और विधि के अनुसार मौलिक कर्त्तव्यों की पूर्ति के लिए उपयोग में लिया जाना इंगित किया गया है।

न.स्था.नि. को मनोरंजन कर का हिस्सा

(19) तृतीय राज्य वित्त आयोग ने मनोरंजन कर के समस्त शुद्ध आगम उनके क्षेत्रों के संग्रहण के आधार पर नगरीय स्थानीय निकायों को अन्तरित किये जाने की सिफारिश की है।

(20) राज्य सरकार ने वर्ष 2011–12 से सिनेमा घरों, डी.टी.एच. और केबल टी.वी. पर मनोरंजन कर से छूट दी है, इसलिए, आयोग यह सिफारिश करता है कि, मनोरजंन कर का सम्पूर्ण शुद्ध आगम वर्ष 2010–11 के लिए नगरीय स्थानीय निकायों को उनके क्षेत्रों में संग्रहण के आधार पर अन्तरित किया जाये।

ग्राम पंचायतों को खनिजों पर रॉयल्टी का हिस्सा

(21) तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा, प्रमुख और गौण दोनों खनिजों पर रॉयल्टी से शुद्ध प्राप्तियों का एक प्रतिशत हिस्सा, ऐसे क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों जहाँ से खनिज निकाले जाते है/रॉयल्टी वसूल की जाती है को अन्तरित किये जाने की सिफारिश की थी।

(22) ये आयोग, खनिजों, प्रमुख और गौण दोनों, पर रॉयल्टी से शुद्ध प्राप्तियों का 1%, ऐसे क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों, जहाँ से खनिज निकाले जाते है/रॉयल्टी वसूल की जाती है को अन्तरण की सिफारिश भी करता है। तथापि, संवितरण के लिए वास्तविक रकम संबंधित जिलों से रॉयल्टी की शुद्ध वसूली के आधार पर वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए प्राप्त की जा सकती है।

प.रा.सं. के लिए विशेष निर्बन्ध अनुदान

(23) वर्ष 2011–12 के लिए राज्य योजना के अधीन प.रा.सं. के लिए विशेष निर्बन्ध अनुदान के रूप में 777.54 करोड़ रु. की राशि प्रदत्त की गयी है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने उसके ज्ञापन दिनांक 25.05.2011 में आयोग को प.रा.सं. के तीनों स्तरों के मध्य इस अनुदान के वितरण के लिए निम्नलिखित रूप से सिफारिश करने का सुझाव दिया है :–

जिला परिषद	–	10%
पंचायत समिति	–	15%
ग्राम पंचायत	–	75%

(24) आयोग क्षेत्रीय दौरे करेगा और विभिन्न अभ्यावेदनो, जो जन प्रतिनिधियों आदि से प्राप्त किये जा सकेंगे, का परीक्षण करेगा। आयोग का यह दृष्टिकोण है और यह उचित मानता है कि, प.रा.सं. के लिए पारस्परिक वितरण (जैसा कि पैरा 9 से 13 पर दिया गया है) के लिए इंगित मापदण्ड जिलेवार वितरण के लिए और प.रा.सं. के समस्त तीन स्तरों के लिए इस अनुदान के लिए भी अपनाया जा सकता है।

(25) 777.54 करोड़ रुपए के कुल निर्बन्ध अनुदान में से अनुदान की 10% रकम को पात्र प.रा.सं. को अ.मु.स. (वित्त) की अध्यक्षता में समिति द्वारा की गयी सिफारिश के अनुसार उनके स्वयं के संसाधनो की वृद्धि के लिए निश्चित की जा सकती है। इसमें से अव्ययित रकम, यदि कोई हो, को वित्त वर्ष 2011–12 के अंत तक, इस प्रतिवेदन में आयोग द्वारा सिफारिश किए गये मापदण्ड और सन्नियम के आधार पर प.रा.सं. को अंतरित की जा सकती है। शेष 90% निर्बन्ध अनुदान वरीयतः अपूर्ण निर्माण कार्य, सन्निर्माण/मरम्मत और इमारतों के विस्तार, पानी के स्त्रोतों से संबंधित कार्य, साफ–सफाई और नागरिक सुख–सुविधाएं, परिवर्तनात्मक कार्य आदि के लिए उपयोग में लिए जायेंगे। यह रकम वेतन के भुगतान, पेंशन लाभ, ग्राम पंचायतएफ. (भविष्य निधि) भुगतान और यानों के क्रय के लिए उपयोग में नहीं ली जायेगी।

तेरहवाँ वित्त आयोग अनुदान (ते.वि.आ.)

(26) तेरहवें वित्त आयोग ने स्थानीय निकायों को अनुदानों की निम्नलिखित रूप से सिफारिश की हैः–

(रु. करोड़ों में)

मद	तेरहवें वित्त आयोग द्वारा सिफारिश किया गया		
	5 वर्षों के लिए योग (2010–15)	2010–11	2011–12
पंचायती राज संस्थाएं	**3938.71**	**366.71**	**570.67**
(क) साधारण आधारभूत अनुदान	2575.31	366.71	425.26
(ख) साधारण कार्य–संपादन अनुदान	1363.40	0.00	145.41
नगरीय स्थानीय निकाय	**1194.26**	**111.19**	**173.03**
(क) साधारण आधारभूत अनुदान	780.86	111.19	128.94
(ख) साधारण कार्य–संपादन अनुदान	413.40	0.00	44.09
विशेष क्षेत्रीय अनुदान	**30.60**	**3.60**	**5.40**
(क) विशेष क्षेत्र अनुदान	18.00	3.60	3.60
(ख) विशेष क्षेत्र संपादन अनुदान	12.60	0.00	1.80
कुल योग	**5163.57**	**481.50**	**749.10**

तेरहवें वित्त आयोग के अधीन अनुदान, इस प्रतिवेदन में हमारे द्वारा सिफारिश किये गए अनुदान के अतिरिक्त है। आयोग की यह राय है और वह यह उचित मानता है कि स्थानीय निकायों के लिए ते.वि.आ. के अनुदान का पारस्परिक वितरण, ते.वि.आ. द्वारा यथा अभिलिखित शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन रहते हुए, आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मापदण्ड और सन्नियम के आधार पर किया जाए।

सिफारिशों का सारांश

(27) 2010–2011 और 2011–2012 के लिए सिफारिशों का सारांश निम्नलिखित रूप से है :–

(क) राज्य के शुद्ध स्वयं के कर राजस्व (मनोरंजन कर को छोड़कर) के आगमों में प.रा.सं. और न.स्था.नि. का हिस्सा इन निकायों को अंतरित की जाने वाली रकम प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए 3% पर अवधारित किया गया है। प.रा.सं. और न.स्था.नि. के बीच हिस्से का वितरण 75.7 : 24.3 के प्रकल्पित जनसंख्या (1 मार्च 2005) अनुपात के आधार पर किया गया है। प.रा.सं. और न.स्था.नि. को अंतरित की जाने वाली रकम वर्ष 2010–11 और 2011–12 के लिए क्रमशः 555.02 करोड़ रुपए और 608.85 करोड़ रुपए आंकलित की गयी है। (पैरा 4, 5, और 7)

(ख) प.रा.सं. के मध्य रकम का जिलेवार वितरण की सिफारिश जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र, गरीबी स्तर, साक्षरता, अ.जा. और अ.ज.जा. जनसंख्या के आधार पर की गयी है। इसके अतिरिक्त वितरण, ग्राम पंचायतों को 85%, पंचायत समितियों को 12% और जिला परिषदों को 3% किया जाना है। न.स्था.नि. के मामले में, निधियों के वितरण की सिफारिश नगरपालिक निकायों की जनसंख्या और वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए की गई है अर्थात् समस्त न.स्था.नि. को 80% रकम और श्रेणी II, श्रेणी III और श्रेणी IV की नगरपालिकाओं को 20% अतिरिक्त रकम। आयोग की यह राय है और यह उचित मानता है कि तेरहवें वित्त आयोग द्वारा सिफारिश की गयी रकम भी इन्ही सिद्धान्तों पर वितरित की जाये। (पैरा 9,11,12,13,15 और 26)

(ग) वर्ष 2010–2011 और 2011–2012 के लिए सम्पूर्ण विभाज्य रकम, प.रा.सं. और न.स्था.नि. द्वारा उपयोग में लिए जाने हेतु निर्बन्ध अनुदान के रूप में अन्तरित किये जाने की सिफारिश की जाती है। (पैरा 14 और 18)

(घ) वर्ष 2010–11 के लिए मनोरंजन कर का सम्पूर्ण शुद्ध संग्रहण, न.स्था.नि. को उनके क्षेत्रों के संग्रहण के आधार पर अंतरित किया जाना है। (पैरा 20)

(ड.) प्रमुख और गौण खनिजों पर रॉयल्टी की शुद्ध प्राप्तियों में 1% हिस्सा संबंधित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को अंतरित किया जाना है। (पैरा 22)

(च) प.रा.सं. के वित्तीय संसाधनो के सुदृढीकरण के लिए अ.मु.स. (वित्त) की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश के अनुसार करों के समनुदेशन की रकम राज्य सरकार द्वारा 2011–12 के दौरान निर्मुक्त की जा सकती है। (पैरा 6)

(छ) वर्ष 2011–12 के लिए प.रा.सं. को विशेष निर्बंध अनुदान का अंतरण, 777.54 करोड़ रुपए की रकम की राज्य योजना के अधीन प्रदत्त किया गया है। इसमें से 10% रकम, पात्र प.रा.सं. को उनके अपने संसाधनो की वृद्धि के लिए, प्रोत्साहन के रूप में प्रदत्त करने के लिए निश्चित की जानी है और शेष रकम, प.रा.सं. के पारस्परिक वितरण के लिए सुझाये गये मापदण्ड के अनुसार अंतरित की जानी है। (पैरा 24 व 25)

(28) हमारी सिफारिशें, 11 अप्रेल, 2011 (अधिसूचना सं. एफ 4(1) एफ.डी/एफ.सी एण्ड ई.ए.डी/एस.एफ.सी./2009 दिनांक 13.04.2011) के राज्यपाल के आदेश में यथा आदेशाधीन वित्तीय वर्ष 2010–11 से प्रभावी होने के लिए तात्पर्यित है। हम यह पुनः दोहराना चाहेंगे कि ये अंतिम प्रतिवेदन में परिवर्तनो, जो आवश्यक समझे जायें, के अध्यधीन होंगी।

(डॉ. बी.डी. कल्ला)	**(राजपाल सिंह शेखावत)**	**(जे.पी. चन्देलिया)**	**(डॉ. पी.एल. अग्रवाल)**
अध्यक्ष	सदस्य	सदस्य	सदस्य सचिव

राजस्थान सरकार

वित्त (वित्त आयोग एवं आर्थिक मामलात अनुभाग) विभाग

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग द्वारा राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत की गयी अंतरिम रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई (Action Taken) का ज्ञापन।

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग का गठन महामहिम राज्यपाल के आदेश दिनांक 11 अप्रैल, 2011 (वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 13 अप्रैल, 2011 द्वारा अधिसूचित) द्वारा वर्ष 2010 से 2015 की, पाँच वर्ष की अवधि हेतु अपनी रिपोर्ट 31 दिसम्बर, 2011 तक देने के निर्देश के साथ किया गया। आयोग को वर्ष 2010–2011 एवं 2011–2012 के लिए अन्तरिम व्यवस्था हेतु अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया गया था। आयोग द्वारा वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के लिए दिनांक 13 जुलाई, 2011 को अपनी अंतरिम रिपोर्ट महामहिम राज्यपाल को प्रस्तुत की गयी है।

2. महामहिम राज्यपाल को प्रस्तुत चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की अंतरिम रिपोर्ट जो कि 1 अप्रैल 2010 से प्रारम्भ दो वर्षों की अवधि से संबंधित है तथा उसमें की गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का ज्ञापन संविधान के अनुच्छेद 243 आई(4) तथा 243 वाई(2) के अनुसरण में सदन के पटल पर रखा जा रहा है।

3. राज्य सरकार द्वारा आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों पर सावधानी पूर्वक विचार किया गया है, जिनका विवरण एवं राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार हैः

क्र. सं.	आयोग की सिफारिशों का सार	राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का विवरण
1.	राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (मनोरंजन कर को छोड़कर) का 3 प्रतिशत हिस्सा पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को अंतरित किया जाये। राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के 3 प्रतिशत हिस्से का वितरण 1 मार्च 2005 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य 75.7 एवं 24.3 प्रतिशत के अनुपात में किया जाये। यह राशि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को निर्बंध **(untied)** अनुदान के रूप में दी जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है। वर्ष 2010–11 में राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अध्यधीन नगरपालिकाओं को सड़कों की मरम्मत के लिए हस्तांतरित की गयी 45 करोड़ रुपये की राशि, आयोग द्वारा वर्ष 2010–11 के लिए की गयी सिफारिश के अंतर्गत नगरपालिकाओं को देय राशि सें समायोजित की जायेगी।

2.	पंचायती राज संस्थाओं को राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में से आवंटित की जाने वाली राशि के जिलेवार वितरण हेतु विभिन्न मानदण्डों के आधार का विवरण अंतरिम रिपोर्ट के पैरा 11 में दिया गया है। प्रत्येक जिले के निर्धारित हिस्से में से जिला परिषदों को 3 प्रतिशत, पंचायत समितियों को 12 प्रतिशत एवं ग्राम पंचायतों को 85 प्रतिशत भाग दिया जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
3.	नगरीय स्थानीय निकायों के लिए निर्धारित हिस्से की राशि का 80 प्रतिशत सभी श्रेणी की नगरपालिकाओं को जनसंख्या के आधार पर एवं शेष 20 प्रतिशत राशि श्रेणी II, III एवं IV की नगरपालिकाओं को जनसंख्या के आधार पर वितरित किये जाने की सिफारिश की गई है।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
4.	वर्ष 2010–11 में संग्रहित राज्य के शुद्ध मनोरंजन कर की संपूर्ण राशि नगरीय स्थानीय निकायों को उनके क्षेत्र में संग्रहण के अनुपात में अंतरित की जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
5.	खनिजों (मुख्य एवं गौण दोनों) से राज्य को प्राप्त शुद्ध रायल्टी के 1 प्रतिशत हिस्से का अंतरण ग्राम पंचायतों, जहां खनिजों से रायल्टी की वसूली होती है, को किया जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
6.	पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ किये जाने के संबंध में सुझाव दिये जाने हेतु गठित समिति की करों के समनुदेशन (assignment) के सम्बन्ध में की गयी सिफारिशों के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं को राशि जारी किये जाने की सिफारिश की गयी है।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
7.	पंचायती राज संस्थाओं के लिए वर्ष 2011–12 की राज्य योजना में प्रावधित विशेष निर्बंध अनुदान (special untied grant) की राशि 777.54 करोड़ रुपये में से 10 प्रतिशत राशि, पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वयं के राजस्व स्रोत में वृद्धि करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में, पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ किये जाने के सम्बन्ध में सुझाव देने हेतु गठित समिति की सिफारिशों के अनुसार दिये जाने हेतु, चिन्हित (earmark) किये जाने एवं शेष राशि का वितरण पंचायती राज संस्थाओं के मध्य आयोग द्वारा करों के हिस्से में वितरण हेतु निर्धारित मापदण्ड के अनुसार किये जाने की सिफारिश की है।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।

4. आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में की गयी सिफारिशें वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 की अंतरिम व्यवस्थाओं के रूप में हैं। अतः आयोग की अंतिम रिपोर्ट में की जाने वाली सिफारिशों के अंतर्गत ये परिवर्तनीय हैं।

5. **क्रियान्विति:**

(i) राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व से अंतरण के संबंध में आदेश पंचायती राज विभाग एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रसारित किये जायेंगे। वर्ष 2010–11 के लिए पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों हेतु निर्धारित राशि जारी की जायेगी एवं वर्ष 2011–12 हेतु निर्धारित राशि किश्तों में जारी की जायेगी।

(ii) वर्ष 2010–11 में प्राप्त राज्य के वास्तविक शुद्ध मनोरंजन कर से अंतरण के संबंध में आदेश वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

(iii) खनिजों से प्राप्त रायल्टी की शुद्ध प्राप्तियों के अंतरण के संबंध में आदेश खान एवं भू–विज्ञान विभाग द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

(iv) पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रुप से सुदृढ़ किये जाने के संबंध में सुझाव देने हेतु गठित समिति द्वारा करों के समनुदेशन (assignment) के संबंध में की गयी सिफारिशों के अनुसार संबंधित विभागों द्वारा अंतरण के संबंध में आदेश प्रसारित किये जायेंगे।

(v) वर्ष 2011–12 की वार्षिक योजना में पंचायती राज संस्थाओं हेतु प्रावधित विशेष निर्बंध अनुदान (special untied grant) की राशि के अंतरण एवं उपयोग के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश पंचायती राज विभाग द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

(vi) आयोग की सिफारिशों के अंतर्गत अंतरित राशि के उपयोग के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश संबंधित विभागों द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

(अशोक गहलोत)
मुख्यमंत्री

दिनांक : 24 अगस्त, 2011

परिशिष्ट–1.2

(पैरा 1.5)

अन्तरिम प्रतिवेदन–II

प्रस्तावना

1. चतुर्थ राज्य वित्त आयोग का गठन महामहिम राज्यपाल के आदेश दिनांक 11 अप्रेल, 2011 (अधिसूचना सं॰ एफ4(1) एफ॰डी॰/एफ॰सी एण्ड ई॰ए॰डी॰/एस॰एफ॰सी/2009 दिनांक 13.04.2011) द्वारा इस आदेश के साथ किया गया कि आयोग द्वारा 31 दिसंबर, 2011 तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाये। आयोग का कार्यकाल महामहिम राज्यपाल के आदेश दिनांक 23 दिसंबर, 2011 के द्वारा इस शर्त के साथ मार्च, 2013 तक बढ़ाया गया कि आयोग अपना अंतिम प्रतिवेदन वर्ष 2013 के बजट सत्र के पूर्व प्रस्तुत करेगा। आयोग से जिन मामलों पर सिफारिशें अपेक्षित हैं वे निर्देश–निबंधन में उल्लिखित हैं।

2. राज्य सरकार के अ॰शा॰ पत्र सं॰ एफ 4(1)एफ॰डी॰/एफ॰ सी॰ एण्ड ई॰ए॰डी॰/ एस॰एफ॰सी./2009 दिनांक 08.07.2011 द्वारा किये गये अनुरोध पर, आयोग ने वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के लिये अपना अन्तरिम प्रतिवेदन महामहिम राज्यपाल को दिनांक 13.07.2011 को प्रस्तुत किया ताकि राज्य के निजी निक्षेप खातों में रखी गई वर्ष 2010–11 से संबंधित निधियां तथा वर्ष 2011–12 के लिये राज्य के बजट में प्रावधित राशियां स्थानीय निकायों को वित्तीय कठिनाइयों से बचाने और उनके विभिन्न क्रियाकलापों को संचालित करने हेतु जारी की जा सकें। इस अन्तरिम प्रतिवेदन को राज्य सरकार द्वारा राज्य विधानसभा के पटल पर दिनांक 24.08.2011 को कार्रवाई प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार ने अन्तरिम प्रतिवेदन में की गई सिफारिशें स्वीकार कर तदनुसार निधियों का अन्तरण जारी किया। वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 में जारी की गई निधियां निम्न प्रकार हैं :–

3. <u>निधियों का अन्तरण – राज्य के स्वयं के कर राजस्व का 3 प्रतिशत</u>

(रु. करोड़ों में)

क्र. सं.	विवरण	राज्य वित्त आयोग द्वारा सिफारिश			राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी		
		2010–11	2011–12	योग	2010–11	2011–12	योग
1.	पंचायतीराज संस्थायें	420.15	460.90	**881.05**	411.60	469.45	**881.05**
2.	नगरीय स्वायतशासी संस्थायें	134.87	147.95	**282.82**	132.12	150.70	**282.82**
	योग	**555.02**	**608.85**	**1163.87**	**543.72**	**620.15**	**1163.87**

पंचायतीराज संस्थाओं के लिये विशेष निर्बन्ध अनुदान

(रु. करोड़ों में)

क्र. सं.	मद	रकम
1.	वर्ष 2011–12 के लिए प्रावधान	777.54
2.	राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी	699.79
3.	प्रोत्साहन हेतु चिह्नित की गयी	77.75

अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर करों का समनुदेशन

(रु. करोड़ों में)

क्रं. सं.	मद	रकम
1.	सिफारिश की गयी रकम	263.61
2.	राज्य सरकार द्वारा जारी	*153.09
3.	निजी निक्षेप खाते में स्थानान्तरित	113.61
	योग (2+3)	**266.70**

*** इसमें तेन्दुपत्ता से आय की राशि रु॰ 3.09 करोड़ शामिल है।**

<u>अन्य राशियाँ</u>

(रु. करोड़ों में)

क्र. सं.	मद	रकम
1.	वर्ष 2010–11 के लिए मनोरंजन कर (2011–12 में जारी की गई)	6.78
2.	वर्ष 2010–11 के खनिजों पर रॉयल्टी (2011–12 में जारी की गई)	15.86

टिप्पणी : वर्ष 2011–12 के लिए खनिजों पर रॉयल्टी की राशि राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को करों के समनुदेशन में शामिल है।

4. जैसा कि पूर्व में उल्लिखित है, आयोग को अपना अंतिम प्रतिवेदन बजट सत्र 2013 के पूर्व प्रस्तुत करना आदेशित है। इसलिये अंतिम प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। तथापि, समस्त 184 नगरीय स्थानीय निकायों तथा समस्त 9458 पंचायतीराज संस्थाओं से वित्तीय आंकड़े एकत्रित किये जा चुके हैं। एकत्रित आंकड़ों से विभिन्न प्रतिवेदनों की तैयारी में और इनका विश्लेषण करने में अभी कुछ समय लगेगा। आयोग ने शिवचरण माथुर सोशल पॉलिसी रिसर्च संस्थान को स्थानीय निकायों के मूलभूत कार्यों के भौतिक एवं वित्तीय मापदण्ड के बारे में सुझाव देने हेतु एक अध्ययन कार्य समनुदेशित किया है। इस अध्ययन का प्रतिवेदन भी प्रतीक्षित है। पंचायतीराज विभाग तथा स्वायत्तशासन विभाग ने आयोग को ज्ञापन प्रस्तुत किये हैं। इनमें उपदर्शित निधियों की आवश्यकता भी परीक्षण के अधीन है। पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के लिए निधियों की आवश्यकताओं का परिनिर्धारण अध्ययन प्रतिवेदन की प्राप्ति एवं ज्ञापनों के पूर्ण परीक्षण के पश्चात् ही संभव हो सकेगा। चूंकि

इस कार्य में काफी समय लगेगा अतः राज्य सरकार, राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अभाव में, केवल चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ही स्थानीय निकायों को वर्ष 2012–13 के लिए प्रावधित निधियां जारी करने की स्थिति में होगी। स्थानीय निकायों को कठिनाइयों से बचाने और उनको विभिन्न क्रियाकलापों को संचालित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा अ॰शा॰ पत्र क्रमांक एफ4(1)एफ॰डी॰/एफ॰ सी॰ एण्ड ई॰ए॰डी॰/ एस॰एफ॰सी/2009 दिनांक 23.08.2012 द्वारा वर्ष 2012–13 के लिये अन्तरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आयोग को अनुरोध किया गया है। तदनुसार, सरकार द्वारा चाहे अनुसार आयोग उसे वर्ष 2012–13 के लिये स्थानीय निकायों को निधियां जारी करने में समर्थ बनाने के लिये अपना अन्तरिम प्रतिवेदन – II प्रस्तुत कर रहा है।

दृष्टिकोण एवं सिफारिशें

5. निर्देश–निबंधनों के अधीन, राज्य सरकार द्वारा उद्ग्रहणीय करों, शुल्कों, पथकरों एवं फीसों के शुद्ध आगमों में पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के अंश का अवधारण करने के लिये, आयोग को आदिष्ट किया गया है। यह उल्लेख करना उचित होगा कि चतुर्थ राज्य वित्त आयोग ने दिनांक 13.07.2011 को प्रस्तुत अन्तरिम प्रतिवेदन में वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 के लिये पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को राज्य के स्वयं के कर राजस्व के शुद्ध आगमों के 3 प्रतिशत के अन्तरण की सिफारिश की थी। इसके अतिरिक्त, (01.05.2005 को) प्रक्षिप्त ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या के आधार पर आयोग ने पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य क्रमशः 75.7 : 24.3 के अनुपात में राशि प्रभाजित की।

6. स्थानीय निकायों को समनुदेशित कृत्यों एवं दायित्वों के परिपेक्ष्य में इन निकायों की निधियों की आवश्यकता में काफी वृद्धि हुई है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए आयोग वर्ष 2012–13 के लिये राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व की 5 प्रतिशत रकम की सिफारिश करना उपयुक्त समझता है ताकि स्थानीय निकाय सुसंगत अधिनियमों में दिये गये कर्तव्यों एवं दायित्वों का प्रभावी रुप से निर्वहन कर सकें एवं स्थानीय सरकार के वास्तविक अस्तित्व को न्यायोचित्य ठहराया जा सके।

7. वर्तमान में, वर्ष 2012–13 के लिये बजट प्राक्कलनों का राजस्थान विधानसभा द्वारा पहले ही अनुमोदन किया जा चुका था, इसलिये, बजट के अंको को विभाज्य पूल का परिमाण स्थिर करने के लिये अंगीकृत किया गया है। बजट दस्तावेज के अनुसार, वर्ष 2012–13 के लिये राज्य का स्वयं का शुद्ध कर राजस्व रु॰ 26110.93 करोड़ (भू–राजस्व को एवं प्रवेश कर के 25 प्रतिशत को छोड़कर) आंकलित किया गया है। राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के इन आंकड़ों के आधार पर स्थानीय निकायों को वर्ष 2012–13 के लिये अन्तरित की जाने वाली

राशि रु॰ 1305.55 करोड़ आकलित की गई है। यह राशि राज्य सरकार द्वारा नगरीय स्थानीय निकायों को देय अनुदानों और पंचायतीराज संस्थाओं को उनकी संस्थापन लागत आदि को वहन करने के लिये दिये जाने वाले अनुदानों के अतिरिक्त है। यह अन्तरण अनन्तिम है और आयोग के अंतिम प्रतिवेदन के अध्यधीन है।

8. पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के बीच निधियों के प्रभाजन के लिये विभिन्न मापदण्ड आयोग के विचाराधीन हैं। तथापि, आयोग पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के बीच निधियों के द्विभाजन के लिये आयोग के अन्तिम विनिश्चय तक, वर्तमान में, वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुपात 75.1 : 24.9 के आधार को अपनाना उचित समझता है। तदनुसार पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के अंश निम्नानुसार आंकलित किये गये हैं :–

(रु. करोड़ों में)

क्र. सं.	विशिष्टियां	वर्ष 2012–13 के लिए न्यागमन
1.	पंचायतीराज संस्थाएं	980.47
2.	नगरीय स्थानीय निकाय	325.08
	योग	**1305.55**

9. आयोग पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों को निर्बंध अनुदान के रूप में न कि राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के रूप में निधियों के अन्तरण की सिफारिश करता है। तथापि, अन्तरित किये जाने वाले अन्तरण की रकम वर्ष 2012–13 के लिए बजट प्राक्कलनों के अनुसार राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (भू–राजस्व और प्रवेश कर के 25 प्रतिशत को छोड़कर) के 5 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित की गई है।

10. जिला स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं के मध्य विभाज्य निधियों के वितरण के लिए आयोग ने वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के अपने अंतरिम प्रतिवेदन के लिए निम्नलिखित मानदण्डों एवं वरीयताओं को अंगीकृत किया है :–

क्र. सं.	मानदण्ड	वरीयता
1.	जनसंख्या	60 प्रतिशत
2.	भौगोलिक क्षेत्र	20 प्रतिशत
3.	गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की संख्या पर आधारित गरीबी	5 प्रतिशत
4.	साक्षरता का स्तर	5 प्रतिशत
5.	अनुसूचित जाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
6.	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	5 प्रतिशत

11. आयोग द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के सभी तीनों स्तरों के मध्य निधियों के युक्ति–संगत वितरण के लिए विभिन्न सामाजिक–आर्थिक मानदण्डों और उनकी वरीयता का परीक्षण और मूल्यांकन किया गया है। इस प्रतिवेदन में राष्ट्रीय महत्व के उभरते हुए नये क्षेत्रों को इन मानदण्डों में सम्मिलित किया गया है, जो निम्न प्रकार हैं:–

क्र. सं.	मानदण्ड	वरीयता
1.	जनसंख्या	50 प्रतिशत
2.	भौगोलिक क्षेत्र	15 प्रतिशत
3.	गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की संख्या पर आधारित गरीबी	5 प्रतिशत
4.	शिशु लिंग अनुपात (0–6 वर्ष)	5 प्रतिशत
5.	शिशु मृत्यु दर	5 प्रतिशत
6.	वर्ष 1991–2001 की तुलना में वर्ष 2001–11 के दशक में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी	5 प्रतिशत
7.	बालिका शिक्षा	5 प्रतिशत
8.	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	5 प्रतिशत
9.	अनुसूचित जाति जनसंख्या	5 प्रतिशत

12. प्रत्येक जिले के अंशों को निर्धारित करते समय जिलेवार मानदण्डों पर विचार किया गया। तद्नुसार प्रत्येक जिले का प्रतिशत अंश तथा वर्ष 2012–13 के लिए निधियों का जिलेवार अन्तरण भी निम्नानुसार निर्धारित किया गया है :–

(रु. करोड़ों में)

क्र.सं.	जिले का नाम	प्रतिशत अंश	रकम
1.	अजमेर	2.872	28.16
2.	अलवर	4.653	45.62
3.	बांसवाड़ा	3.530	34.61
4.	बारां	2.125	20.84
5.	बाड़मेर	4.824	47.30
6.	भरतपुर	3.202	31.39
7.	भीलवाड़ा	3.442	33.75
8.	बीकानेर	3.870	37.94
9.	बूंदी	2.013	19.74
10.	चित्तौड़गढ़	2.509	24.60
11.	चुरु	3.005	29.46
12.	दौसा	2.696	26.43
13.	धौलपुर	1.857	18.21
14.	डूंगरपुर	2.748	26.37
15.	गंगानगर	3.172	31.10

16.	हनुमानगढ़	2.690	26.38
17.	जयपुर	5.006	49.08
18.	जैसलमेर	3.061	30.01
19.	जालोर	3.014	29.55
20.	झालावाड़	2.278	22.34
21.	झुंझुनूं	2.691	26.38
22.	जोधपुर	4.427	43.41
23.	करौली	2.564	25.14
24.	कोटा	1.686	16.53
25.	नागौर	4.686	45.94
26.	पाली	3.121	30.60
27.	प्रतापगढ़	1.676	16.43
28.	राजसमंद	1.865	18.29
29.	सवाई माधोपुर	2.208	21.65
30.	सीकर	3.243	31.80
31.	सिरोही	1.867	18.31
32.	टोंक	2.219	21.76
33.	उदयपुर	5.180	50.79
	योग	**100.00**	**980.47**

13. पंचायतीराज के तीनों स्तरों अर्थात ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के मध्य आगे वितरण हेतु आयोग पंचायती राज संस्थाओं के प्रत्येक स्तर पर साथ ही जिला/संभाग स्तर पर आयोजित आयोग की बैठकों के दौरान जन/निर्वाचित प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों तथा साथ ही उनसे प्राप्त अभ्यावेदनों पर अधिनियम द्वारा समनुदेशित विभिन्न पहलुओं जैसे कृत्यों, कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों पर विचार कर रहा है। चूंकि इससे वितरण मानदण्ड को अन्तिम रूप देने में कुछ समय लगेगा इसलिए हमने समान प्रतिशत, अर्थात् ग्राम पंचायतों को 85%, पंचायत समितियों को 12 प्रतिशत और जिला परिषदों को 3 प्रतिशत, जो पारस्परिक वितरण के लिए, वर्ष 2010–11 और 2011–12 हेतु अपने अन्तरिम प्रतिवेदन में आयोग द्वारा सिफारिश की गयी थी, अंगीकृत किया है। वितरण के इस मानदण्ड के आधार पर वर्ष 2012–13 के लिए इन निकायों के संबंधित अंश निम्न प्रकार निर्धारित किये गये हैं :–

(रु. करोड़ों में)

पंचायतीराज संस्थाएं	**रकम**
ग्राम पंचायत (85 प्रतिशत)	833.40
पंचायत समिति (12 प्रतिशत)	117.66
जिला परिषद (3 प्रतिशत)	29.41
योग	**980.47**

14. पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के मध्य निधियों का आगे पारस्परिक वितरण संबंधित पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत की उपलब्ध नवीनतम जनसंख्या के आधार पर किया जाना है।

15. आयोग का यह मानना है कि वर्ष 2012–13 के दौरान सम्पूर्ण रकम इन निकायों द्वारा उपलब्ध करायी गयी मूलभूत सेवाओं पर प्रतिबद्धता स्वरूप प्राथमिकता के आधार पर दिये जाने वाले निर्बंध अनुदान के रूप में अन्तरित की जाये।

नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य पारस्परिक वितरण

15. आयोग ने वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के अन्तरिम प्रतिवेदन में यह सिफारिश की है कि विभाज्य रकम का 80प्रतिशत समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में तथा शेष 20प्रतिशत वर्ग II, वर्ग III एवं वर्ग IV की नगरपालिकाओं के मध्य उनकी जनसंख्या के अनुपात में वितरित किया जाना चाहिए।

16. वर्तमान में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार समस्त नगरीय स्थानीय निकायों को निम्न तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है :–

17.

(i)	नगर निगम	5 लाख एवं अधिक जनसंख्या वाले
(ii)	नगर परिषद	1 लाख से 5 लाख के मध्य जनसंख्या वाले
(iii)	नगरपालिका	1 लाख से कम जनसंख्या वाले

18. यह देखा गया है कि नगरपालिकाओं के संसाधन काफी अल्प हैं एवं वित्तीय स्थिति अत्यन्त कमजोर है। इन नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति इतनी चिन्ताजनक है कि वे अपने कार्मिकों के वेतन आदि का भुगतान करने की स्थिति में भी नहीं हैं, ऐसी स्थिति में इनके द्वारा नागरिकों को आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना अत्यन्त दुरुह है। आयोग की संभाग/जिला स्तरीय बैठकों में तथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान जन प्रतिनिधियों ने इन वित्तीय रुप से कमजोर निकायों को अधिक राशि दिये जाने पर बल दिया है। इसलिए साधारणतः विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए तथा विशिष्टतया कमजोर वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुये आयोग नगरीय स्थानीय निकायों में विभाज्य रकम की निम्नलिखित रूप में सिफारिश करता हैः

70 प्रतिशत	समस्त नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य उनकी जनसंख्या के आधार पर
30 प्रतिशत	समस्त नगरपालिकाओं के मध्य उनकी जनसंख्या के आधार पर

19. इस अतिरिक्त 30 प्रतिशत रकम के वितरण से ये निकाय अपने मूलभूत कृत्यों का प्रभावी रुप से निष्पादन करने में समर्थ होंगे। इस बढ़े हुये अन्तरण से सरकार द्वारा सामान्य प्रयोजन के प्रति व्यक्ति अनुदान के प्रत्याहरण तथा मनोरंजन कर की समाप्ति के कारण उत्पन्न अन्तर की एक सीमा तक पूर्ति की जा सकेगी।

20. तद्नुसार विभिन्न प्रवर्गों के नगरीय स्थानीय निकायों के वर्ष 2012–13 के अंश निम्नानुसार आंकलित हैं :–

(रु. करोड़ों में)

क्र. सं.	प्रवर्ग	संस्थाओं की सं.	जनसंख्या 2001 की जनगणनानुसार (लाखों में)	वर्ष 2012–13 के लिये सिफारिश की गयी रकम		
				70 प्रतिशत	30 प्रतिशत	योग
1.	नगर निगम	5	48.83	87.01	–	**87.01**
2.	नगर परिषद्	30	35.81	63.81	–	**63.81**
3.	नगरपालिकाएं	149	43.07	76.74	97.52	**174.26**
	योग	**184**	**127.71**	227.56	97.52	**325.08**

21. आयोग का यह भी अभिमत है कि संपूर्ण निधियों को निर्बंध अनुदान के रूप में अन्तरित किया जाये। इन निकायों द्वारा वरीयतः मूल अवसंरचना के उन्नयन, मूलभूत नागरिक सेवाओं के संचालन तथा विधि के अनुसार मूल कर्तव्यों को पूर्ण करने के लिए इन निधियों का उपयोग किये जाने का सुझाव दिया जाता है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशें

- **करों का समनुदेशन**

22. पंचायतीराज संस्थाओं के वित्तीय संसाधनों के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी थी। समिति ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को जनवरी, 2011 में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के लिए अन्तरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करते समय आयोग ने संप्रेक्षण किया है कि समिति के इस प्रतिवेदन पर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करते समय विचार किया जायेगा। तथापि, आयोग ने, समिति की सिफारिश के आधार पर करों के समनुदेशन के लिए, यदि राज्य सरकार द्वारा आवश्यक समझा जाये, सहमति व्यक्त की है। राज्य सरकार ने वर्ष 2011–12 के लिए तदनुसार निधियां जारी की हैं।

23. आयोग का यह मत है कि समिति के प्रतिवेदन पर अंतिम मत, वर्ष 2012–13 के लिए अंतरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के समय लिया जाये। आयोग द्वारा समिति की सिफारिशों का गहनता से परीक्षण कर लिया गया है और निम्नानुसार सिफारिश करता हैः–

भू–राजस्व

24. भू–राजस्व सामान्यतः स्थानीय तौर पर लगाया और स्थानीय लोगों से संगृहीत किया जाता है। करारोपण के सि़द्धान्तों के अनुसार ऐसा कर जिसका प्रभाव स्थानीय हो तथा उसकी सीमाओं से बाहर नहीं होता है, स्थानीय निकायों को प्राप्त होना चाहिए। भू–राजस्व इसी श्रेणी का एक कर है। इसलिए आयोग सिफारिश करता है कि समस्त भू–राजस्व राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों

को उनकी नवीनतम उपलब्ध जनसंख्या के अनुपात में अन्तरित किया जाये। आयोग यह और सिफारिश करता है कि भू–राजस्व की दरों में उचित रूप से वृद्धि की जाये।

अधिक्रमण एवं अवैध खनन पर शास्ति

25. राजकीय भूमि, चारागाह और खनन क्षेत्र की भूमि पर अधिक्रमण पर साथ ही अवैध खनन पर शास्ति की दरों में उचित रूप से वृद्धि की जाये तथा इन शास्तियों के अधीन समस्त प्राप्तियां संबंधित ग्राम पंचायत को अन्तरित की जाये।

संपरिवर्तन प्रभार

26. वर्तमान में, कृषि भूमि के गैर–कृषिक प्रयोजनों के लिए संपरितर्वन पर संपरिवर्तन प्रभार की रकम का 50 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को अंतरित किया जाता है। समिति के प्रतिवेदन के परिपेक्ष्य में आयोग सिफारिश करता है कि संपरिवर्तन प्रभार की शत–प्रतिशत रकम संबंधित ग्राम पंचायत को अन्तरित की जाये। राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग के साथ परामर्श से संगृहीत रकम के ग्राम पंचायतवार आंकड़े संधारित करने की प्रणाली प्रकल्पित कर सकता है।

मण्डी कर पर अधिभार

27. राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 69 के अनुसार जिला परिषद्, राजस्थान कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 की धारा 17 में निर्दिष्ट मंडी फीस पर आधे प्रतिशत तक अधिभार उद्गृहीत कर सकती है। आयोग सिफारिश करता है कि समिति के प्रस्तावानुसार अधिभार को बढ़ाकर एक प्रतिशत किया जाये तथा इसकी वसूली सचिव, मण्डी समिति द्वारा की जाये। इस रकम को संबंधित जिला परिषद् के निजी निक्षेप खाते में जमा कराया जाये।

ग्राम पंचायतों को खनिज रायल्टी का अंश

28. आयोग, प्रमुख एवं गौण, दोनों खनिजों (हाइड्रोकार्बन्स को छोड़कर) पर रायल्टी से प्राप्त राशि की 3 प्रतिशत राशि राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों में उनकी नवीनतम उपलब्ध जनसंख्या के अनुपात में अंतरित करने की सिफारिश करता है।

पेट्रोलियम पर रायल्टी

29. पंचायतीराज संस्थाओं को पेट्रोलियम की रॉयल्टी की तीन प्रतिशत रकम अन्तरित करने की समिति की सिफारिश का आयोग समर्थन करता है। फिलहाल इस रकम को पंचायतीराज विभाग के निजी निक्षेप खाते में रखा जाये। इसके उपयोग एवं वितरण के बारे में आयोग अपने अंतिम प्रतिवेदन में अभिमत देगा।

आबकारी शुल्क पर उपकर

30. आयोग सिफारिश करता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रय होने वाली देशी मदिरा और भा.नि.वि. मदिरा के विक्रय पर के स्थान पर इस पर देय आबकारी शुल्क की राशि पर दो प्रतिशत उपकर लगाया जा सकता है तथा इस प्राप्त राशि को समस्त पंचायती राज संस्थाओं अर्थात् जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के मध्य क्रमशः 3:12:85 के अनुपात में

वितरित किया जा सकता है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में विक्रय होने वाली देशी मदिरा एवं भा. नि.वि.मदिरा पर आबकारी शुल्क पर दो प्रतिशत उपकर उद्गृहीत किया जा सकता है तथा सभी नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य इस प्रतिवेदन में आयोग द्वारा सुझाये गये मानदण्डों के अनुसार वितरित किया जा सकता है।

स्टाम्प शुल्क पर अधिभार

31. आयोग सिफारिश करता है कि राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प शुल्क पर दस प्रतिशत की दर से अधिभार उद्गृहीत एवं संगृहीत किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार संगृहीत अधिभार समस्त पंचायतीराज संस्थाओं यथा जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के मध्य क्रमशः 3:12:85 के अनुपात में वितरित किया जा सकता है। आयोग यह और सिफारिश करता है कि नगरीय क्षेत्रों में संगृहीत अधिभार की रकम समस्त नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य आयोग द्वारा सुझाये गये मापदण्डों के अनुसार वितरित की जा सकती है।

माल पर प्रवेश कर

32. समिति ने पंचायतीराज संस्थाओं को प्रवेश कर की दस प्रतिशत राशि अंतरित करने की सिफारिश की है। प्रवेश कर की अधिकतम राशि नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त होने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए आयोग सिफारिश करता है कि माल पर प्रवेश कर की पच्चीस प्रतिशत रकम नगरीय एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों को अन्तरित की जा सकती है। अन्तरित रकम में से पहले पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कार रकम संदत्त की जायेगी और इसके पश्चात् शेष रकम को पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय संस्थाओं के मध्य क्रमशः 40:60 के अनुपात में अन्तरित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय संस्थाओं में पारस्परिक अंतरण भी इस प्रतिवेदन में आयोग द्वारा सुझाये गये मापदण्डों के अनुसार किया जा सकता है।

- **पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा उदग्रहणीय कर और फीस**

भवन कर

33. राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 65 के साथ पठित राजस्थान पंचायतीराज नियम, 1996 के नियम 73 के अनुसार, भवन पर कर को नीचे दी गयी सारणी में दर्शायेनुसार पुनरीक्षित किया जा सकता है :–

क्र.सं.	विशिष्टियां	प्रतिवर्ष कर की अधिकतम राशि	
		वर्तमान दर	प्रस्तावित दर
1.	जहां निर्मित पक्की छत का क्षेत्र 500 वर्ग फीट तक हो	100/–	100/–
2.	जब क्षेत्र 501 से 1000 वर्ग फीट तक हो	200/–	300/–
3.	जब क्षेत्र 1001 से 2000 वर्ग फीट तक हो	300/–	500/–
4.	जब क्षेत्र 2000 वर्ग फीट से अधिक हो	500/–	1000/–

34. समिति ने वर्ष 2012–13 के दौरान इस स्रोत द्वारा वसूल होने वाली रकम के समान प्रोत्साहन रकम की सिफारिश की है जो विशेष निर्बंध अनुदान से संदत्त की जायेगी। पंचायतीराज विभाग ने समिति की सिफारिश के अनुसार पहले से ही भवन कर की दर पुनरीक्षित कर दी है। आयोग अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में समतुल्य अंश देने की सिफारिश करता है।

नियम 68 के अधीन फीस की दरों का पुनरीक्षण

35. पंचायतीराज विभाग ने समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए राजस्थान पंचायतीराज नियम, 1996 के नियम 68 को संशोधित किया है। आयोग समिति की सिफारिशों का समर्थन करता है।

गौण वन उत्पादन

36. समिति ने सिफारिश की है कि राजस्थान पंचायतीराज (उपबंधों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपान्तरण) अधिनियम, 1999 (PESA) के अधीन गौण वन उत्पाद का नियंत्रण एवं स्वामित्व अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में निहित किया जाये। गौण वन उत्पादों से जुटायी गयी आय संबंधित ग्राम पंचायत को अन्तरित की जा सकती है। आयोग इस सिफारिश का भी समर्थन करता है एवं सुझाव देता है कि वन विभाग, पंचायतीराज विभाग के साथ परामर्श से संगृहीत रकम के ग्राम पंचायतवार आंकड़े संधारित करने की प्रणाली प्रकल्पित कर सकता है।

चुंगी एवं वाहन कर का विलोपन

37. आयोग, समिति के संप्रेक्षण के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 65(1) (ख) एवं (ग) के अधीन चुंगी तथा वाहन पर कर के उपबन्ध को हटाये जाने की सिफारिश करता है। सुसंगत अधिनियम एवं नियमों में आवश्यक संशोधन किया जाये।

व्यापार, आजीविका, वृत्ति एवं उद्योग पर कर

38. पंचायतीराज अधिनियम, 1994 में पंचायत समिति को पंचायतीराज नियम, 1996 में विहित दरों पर वृत्तियों पर कर के अधिरोपण का उपबंध है। पंचायतीराज अधिनियम, 1994 में विभिन्न आजीविकाओं पर रु. 120 से रु. 1000 प्रति वर्ष की दर विहित की गयी है। इनकी प्रभावी वसूली के लिये समिति द्वारा प्रोत्साहन की सिफारिश की गयी है। आयोग इसकी भी सिफारिश करता है।

केबल ऑपरेटर पर मनोरंजन कर

39. समिति ने संप्रेक्षित किया है कि राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 की धारा 19–क को केबल ऑपरेटर्स पर भी लागू किया जाये। चूंकि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2011–12 में सिनेमा, टेलीविजन, केबल ऑपरेटर एवं डी टी एच आदि से मनोरंजन कर समाप्त कर दिया गया है, इसलिए समिति की यह सिफारिश अब वैध नहीं है।

- <u>अन्य सिफारिशें</u>

<u>प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानीटर करना एवं लेखा पद्धति</u>

40. आयोग ग्राम स्तरीय कृत्यकारियों के समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन, मानीटर करने एवं लेखा पद्धतियों की उपयुक्त परिकल्पना, आदर्श विधियों, उपविधियों/प्रक्रियाओं को बनाने तथा पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा उद्ग्रहणीय करों के संग्रहण तथा लेखांकन की वर्तमान विधियों और प्रक्रियाओं के सरलीकरण संबंधी समिति के सुझावों का समर्थन करता है।

<u>आस्तियों की पंजिका का संधारण</u>

41. समिति के संप्रेक्षण के अनुसार आयोग सिफारिश करता है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आस्ति पंजिका में आस्तियों का चिन्हीकरण, सूचीकरण एवं अभिलेखन किया जावे। इन पंजिकाओं को नियमित रूप से अद्यतन किया जावे।

<u>पटवारी द्वारा करों का संग्रहण</u>

42. आयोग पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा अधिरोपित करों का पटवारी द्वारा संग्रहण किये जाने तथा इसके लिए पटवारी को संगृहीत कर की रकम का पांच प्रतिशत मानदेय के तौर पर दिये जाने का समर्थन करता है। आयोग पटवारी को प्रभावी संग्रहण के प्रोत्साहन हेतु इस मानदेय की रकम को एक माह के वेतन एवं महंगाई भत्ते की रकम से अनधिक तक सीमित करने को उचित नहीं मानता है। इस प्रयोजन के लिए पृथक से व्यक्तियों को नियुक्त किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

<u>उत्कृष्ट कार्यों के लिये पुरस्कार</u>

43. पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों की वर्तमान व्यवस्था में ग्राम पंचायतों तथा नगरीय स्थानीय निकायों के कार्यों का तुलनात्मक विश्लेषण कर उनकी सापेक्ष कार्यक्षमता निर्धारित/निर्णीत करने का जागरुक प्रयास नहीं किया जाता है। अच्छे कार्य के लिए न तो कोई प्रोत्साहन है न ही खराब कार्य करने वालों के लिए कोई दण्ड है। आयोग का अभिमत है कि ग्राम पंचायतों तथा नगरीय स्थानीय निकायों का अपने क्षेत्राधिकार के भीतर विभिन्न कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए इन निकायों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना में अभिवृद्धि करने की कोई व्यवस्था होनी चाहिये। इसलिए, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय स्थानीय निकायों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करने एवं उनको मान्यता देने हेतु वित्तीय प्रोत्साहन की आवश्यकता है। इस प्रयोजन के लिए आयोग सुविधायें प्रदान करने में अग्रणी रहने वाली व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों तथा नगरीय स्थानीय निकायों के लिए नकद पुरस्कारों की एक योजना लागू करने हेतु सिफारिश करता है। इस रकम का उपयोग संबंधित संस्थाओं के क्षेत्राधिकार में विकास कार्यों के लिये किया जावेगा।

ग्राम पंचायतें

44. ग्राम पंचायतों के लिये निम्नलिखित नकद पुरस्कार घोषित करने की सिफारिश की जाती है :

I. एक पुरस्कार ग्राम पंचायत के निम्नानुसार कार्यों के निष्पादन के आधार पर होगा–

- वर्ष 2011–12 की तुलना में वर्ष 2012–13 में अतिरिक्त राजस्व संगृहीत करना (भूमि विक्रय से प्राप्त राशि को छोड़कर)
- आस्ति पंजिका को अद्यतन करने सहित लेखों का संधारण
- निधियों का उत्पादनकारी एवं सामयिक उपयोग

II. अन्य पुरस्कार निम्न क्षेत्रों में दी गई सेवाओं के स्तर पर आधारित होगा–

- स्वच्छता
- सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था
- जल निकास
- पेय जल
- सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव

45. प्रत्येक जिले में प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन 3 नकद पुरस्कार होंगे –

(रु. लाखों में)

क्र.सं.	विवरण	पुरस्कारों की संख्या	राशि	संस्थाओं की संख्या	कुल रकम
1.	प्रथम पुरस्कार	2	5.00	66	330.00
2.	द्वितीय पुरस्कार	2	3.00	66	198.00
3.	तृतीय पुरस्कार	2	2.00	66	132.00
			योग		**660.00**

46. जिला स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत का चयन जिला प्रमुख, जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी या उसकी अनुपस्थिति में जिले के कोषाधिकारी द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया जायेगा।

नगरीय स्थानीय निकाय

47. नगरीय स्थानीय निकायों के लिए निम्नानुसार नकद पुरस्कार घोषित करने की सिफारिश की जाती है :–

I. एक पुरस्कार नगरीय स्थानीय निकायों के कार्यों के निष्पादन के आधार पर दिया जायेगा–

- वर्ष 2011–12 की तुलना में वर्ष 2012–13 में अतिरिक्त राजस्व संगृहीत करना (भूमि विक्रय से प्राप्त राशि को छोड़कर)
- आस्ति पंजिका को अद्यतन करने सहित लेखों का संधारण
- निधियों का उत्पादनकारी एवं सामयिक उपयोग

II. अन्य पुरस्कार निम्न क्षेत्रों में दी गई सेवाओं के स्तर पर आधारित होगा–

- स्वच्छता
- सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था
- जल निकास
- ठोस कचरे का निस्तारण
- सार्वजनिक स्थानों का रखरखाव

48. नगरीय स्थानीय निकायों के लिए निम्नलिखित नकद पुरस्कार घोषित किये जाने की सिफारिश की जाती है :–

(रु. लाखों में)

क्र. सं.	नगरीय निकाय	पुरस्कारों की संख्या	पुरस्कार की राशि	कुल राशि
	राज्य स्तरीय			
1.	नगर निगम	2 (प्रत्येक श्रेणी में एक)	5.00	10.00
2.	नगर परिषद्	6 (प्रत्येक श्रेणी में तीन)	I- 5.00 II- 3.00 III- 2.00	10.00 6.00 4.00
	संभागीय स्तर			
3.	नगरपालिकायें	42 (प्रत्येक संभाग में प्रत्येक श्रेणी में तीन पुरस्कार)	I- 5.00 II- 3.00 III- 2.00	70.00 42.00 28.00
कुल योग				**170.00**

49. पुरस्कार के लिए नगर निगमों एवं नगर परिषदों का चयन राज्य सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा किया जावेगा। तथापि, नगर पालिकाओं का चयन संभागीय आयुक्त, संबंधित जिला कलेक्टर अथवा उनके नामनिर्देशिती जो अतिरिक्त जिला कलेक्टर से अनिम्न रैंक का हो, क्षेत्रीय उप निदेशक तथा निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग के प्रतिनिधि अधिकारी से बनी एक समिति द्वारा किया जावेगा।

मार्गदर्शक सिद्धान्त

50. आयोग पुरस्कारों के लिए निम्नलिखित विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धान्तों के सुझाव देता है :

I. उपर्युक्त नकद पुरस्कार वर्ष 2012–13 के दौरान ग्राम पंचायतों और नगरीय स्थानीय निकायों के कार्य सम्पादन के आधार पर जिला स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रशंसा पत्र के साथ 15 अगस्त 2013 को वितरित किये जायेंगे।

II. पुरस्कार रकम को संबंधित ग्राम पंचायतों और नगरीय स्थानीय निकायों के लेखों में लिया जायेगा और उसका उस क्षेत्र के विकास कार्यों में उपयोग किया जायेगा।

III. इस पुरस्कार योजना का पंचायतीराज विभाग और स्वायत्त शासन विभाग द्वारा राज्य में व्यापक प्रचार किया जायेगा।

IV. इन विस्तृत मार्गदर्शनों के आधार पर राज्य सरकार स्पष्ट रूप से वह रीति उपदर्शित करेगी जिसमें ग्राम पंचायत और नगरीय स्थानीय निकायों का कार्य सम्पादन पुरस्कारों के लिए निर्धारित किया जायेगा।

V. पुरस्कार धन माल के प्रवेश पर कर के मद्दे राशि के न्यागमन पर संदत्त किया जायेगा।

पंचायतीराज संस्थाओं के लिये विशेष निर्बन्ध अनुदान

50. 777.54 करोड़ रुपये की राशि वर्ष 2012–13 के लिए राज्य योजना के अधीन पंचायती राज संस्थाओं को विशेष निर्बन्ध अनुदान के रूप में उपलब्ध करायी गयी है। आयोग यह सिफारिश करता है कि पंचायतीराज संस्थाओं में पारस्परिक वितरण के लिए सुझाये गये मानदण्ड जिलेवार वितरण और इस अनुदान के लिए भी पंचायतीराज संस्थाओं के समस्त तीनों स्तरों के लिए भी अंगीकृत किया जा सकेगा।

51. 777.54 करोड़ रुपये के कुल निर्बन्ध अनुदान में से 10% अनुदान की राशि सिफारिशों के अनुसार पात्र पंचायतीराज संस्थाओं को समान अनुदान/प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए चिह्नित करने की सिफारिश की गयी है। आयोग ने वर्ष 2010–11 और 2011–12 की अपनी अंतरिम रिपोर्ट में सिफारिश की है कि प्रोत्साहन रकम की खर्च न की गयी रकम, यदि कोई हो, आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदण्डों और मानकों के आधार पर पंचायतीराज संस्थाओं को वर्ष के अन्त में अंतरित कर दी जायेगी। आयोग ने विभिन्न पहलुओं के समग्र परीक्षण और इस पहलू पर पुनर्विचार के पश्चात् सिफारिश की है कि खर्च न किया गया अतिशेष पंचायती राज विभाग के निजी निक्षेप खाते में रखा जायेगा। इसके उपयोग का अंतिम अभिमत अंतिम रिपोर्ट में लिया जायेगा।

स्ट्रीट सोलर लाइटों के लिए प्रोत्साहन

52. आयोग ने संभाग और जिला स्तरों पर लोकप्रतिनिधियों के साथ सभी बैठकों के दौरान यह पाया है कि राज्य के अधिकतर ग्राम स्ट्रीट लाइटों के अभाव से पीड़ित हैं। इस आधारभूत आवश्यकता का निवारण अपेक्षित है। यद्यपि, राज्य सरकार राज्य के प्रत्येक भाग में विद्युत उपलब्ध कराने का भरसक प्रयत्न कर रही है किन्तु संसाधनों की अल्पता के कारण इसमें काफी समय लगेगा।

53. ग्राम पंचायतें, अपने क्षेत्र में आधारभूत सेवायें जैसे पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, गंदे पानी का निकास, ठोस कचरे का निस्तारण और क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटें इत्यादि, उपलब्ध कराने की बाध्यता के अधीन हैं। अधिकतर ग्राम पंचायतें वित्तीय रूप से बहुत कमजोर हैं और अपने ग्रामों में स्ट्रीट लाइटों सहित अन्य सेवायें उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें इस समस्या के सस्ते और आसान समाधान की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग इस समस्या का एक समुचित समाधान हो सकेगा। 22000/– रुपये प्रति इकाई की बहुत युक्तियुक्त सोलर स्ट्रीट इकाईयों की स्थापना से क्षेत्र प्रकाशित हो सकेगा। भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के परिपत्र सं. 5/23/2009–पी.एण्ड सी. दिनांक 08 जुलाई, 2010 शीर्षक ''इम्प्लीमैन्टेशन ऑफ द प्रोग्राम ऑन ऑफग्रिड एण्ड डी सेन्ट्रेलाईज्ड सोलर एप्लिकेशन्स फॉर फर्स्ट फेज़ ऑफ द जवाहरलाल नेहरु नेशनल सोलर मिशन (जेएनएनएसएम) टिल 31 मार्च, 2013 ड्यूरिंग 2010–11'', लागत की 30% की दर पर सहायिकी उपलब्ध कराती है। इस सहायिकी के अतिरिक्त आयोग प्रोत्साहन के रूप में वर्ष 2012–13 के दौरान उनके क्षेत्र में ग्राम पंचायतों द्वारा स्थापित की गयी सोलर स्ट्रीट इकाई पर लागत की रकम का 20% सहायता प्राप्त करने की सिफारिश करता है। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या का निवारण होगा किन्तु जनता को उनके स्वयं के गृहों में भी विद्युत शक्ति के स्थान पर सौर शक्ति के वृहद उपयोग के लिए भी प्रोत्साहन और प्रेरणा मिलेगी।

54. आयोग सिफारिश करता है कि विशेष निर्बन्ध अनुदान अपेक्षित प्रोत्साहन रकम के रूप में उपलब्ध कराया जाये। ग्राम पंचायतों को उसके संदाय के लिए निश्चित मात्रा पंचायतीराज विभाग द्वारा अवधारित की जा सकेगी और ग्राम पंचायतों में परिचालित की जा सकेगी। आगे, आयोग का यह विचार है कि पंचायतीराज विभाग इस स्कीम के अधीन सहायता का फायदा प्राप्त करने की इच्छुक ग्राम पंचायतों की सुविधा के लिए विभाग में एक सहायता डेस्क भी स्थापित करेगा।

<u>समुदाय के लिए पेयजल शुद्धिकरण हेतु प्रोत्साहन</u>

55. आयोग सिफारिश करता है कि समुदाय के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थान पर वर्ष 2012–13 के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा स्थापित जल शुद्धिकरण संयंत्र की लागत का 50% प्रोत्साहन विशेष निर्बन्ध अनुदान में से उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में भुगतान प्रक्रिया सहित मार्गदर्शक सिद्धान्त पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी किये जायेंगे।

तेरहवें केन्द्रीय वित्त आयोग का अनुदान (ते.वि.आ.)

56. तेरहवें वित्त आयोग ने स्थानीय निकायों को निम्नलिखित अनुदानों की सिफारिश की है :–

(रु. करोड़ों में)

मद	तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशें			
	कुल 5 वर्षों के लिये (2010–15)	वर्ष 2010–11	वर्ष 2011–12	वर्ष 2012–13
पंचायती राज संस्थायें	**3938.71**	**366.71**	**570.67**	**838.23**
(क) सामान्य आधारभूत अनुदान	2575.31	366.71	425.26	497.15
(ख) सामान्य कार्यसम्पादन अनुदान	1363.40	0.00	145.41	341.08
नगरीय स्थानीय निकाय	**1194.26**	**111.19**	**173.03**	**254.14**
(क) सामान्य आधारभूत अनुदान	780.86	111.19	128.94	150.72
(ख) सामान्य कार्यसम्पादन अनुदान	413.40	0.00	44.09	103.42
विशेष क्षेत्र अनुदान	**30.60**	**3.60**	**5.40**	**7.20**
(क) विशेष क्षेत्र आधारभूत अनुदान	18.00	3.60	3.60	3.60
(ख) विशेष क्षेत्र कार्यसम्पादन अनुदान	12.60	0.00	1.80	3.60
सकल योग	**5163.57**	**481.50**	**749.10**	**1099.57**

57. तेरहवें वित्त आयोग के अधीन अनुदान इस रिपोर्ट में आयोग द्वारा सिफारिश किये गये अनुदान के अतिरिक्त हैं। आयोग की यह राय है और यह युक्तियुक्त समझता है कि स्थानीय निकायों के लिए तेरहवें वित्त आयोग का पारस्परिक वितरण, तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अधिकथित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन रहते हुए, इस आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदण्डों एवं मानकों के आधार पर किया जाये।

सिफारिशों का सारांश

58. वर्ष 2012–13 के लिए सिफारिशों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः–

(क) राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (भू राजस्व को और प्रवेश कर के 25 प्रतिशत को छोड़कर) के आगमों में पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के अंशों की, इन निकायों को अन्तरित की जाने वाली रकम की गणना के प्रयोजन के लिये 5 प्रतिशत की सिफारिश की गयी है। पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य

अंश का वितरण जनसंख्या (जनगणना 2011) अनुपात क्रमशः 75.1 : 24.9 के आधार पर किया गया है। वर्ष 2012–13 के लिए पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को अन्तरित की जाने वाली रकम रु. 1305.55 करोड़ आंकलित की जाती है। (पैरा 5, 6 और 7)

(ख) पंचायतीराज संस्थाओं के मध्य रकम का जिलेवार वितरण जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र, गरीबी का स्तर, बालिका शिक्षा, शिशु मृत्यु दर और दशक के दौरान जनसंख्या वृद्धि दर में कमी, शिशु लिंग अनुपात, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या पर आधारित करने की सिफारिश की गयी है। नगरीय स्थानीय निकायों की दशा में नगरपालिक निकायों की जनसंख्या और वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुये निधियों का वितरण किये जाने की सिफारिश की गयी है। आयोग की यह राय है और यह उचित समझता है कि तेरहवें केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा सिफारिश की गयी रकम भी इन्हीं आधारों पर वितरित की जाये। (पैरा 10, 11, 12, 13, 17, 18, 19 और 57)

(ग) वर्ष 2012–13 के लिये सम्पूर्ण विभाज्य रकम इन निकायों द्वारा उपबंधित वरीयता से आन्तरिक नागरिक सेवाओं पर प्रतिबद्धता प्राप्त करने के लिए पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा प्रयुक्त किये जाने के लिए निर्बंध अनुदानों के रूप में अन्तरित किये जाने की सिफारिश की जाती है। (पैरा 8, 14 औरं 20)

(घ) वर्ष 2012–13 के लिए भू राजस्व का संपूर्ण संग्रहण समस्त ग्राम पंचायतों को अन्तरित किया जाना है। भू राजस्व की दर की समुचित रूप से वृद्धि की जानी है। (पैरा 23)

(ङ) राजकीय भूमि, चारागाह भूमि, खनन भूमि और अवैध खनन के अधिक्रमण पर शास्ति को संबंधित ग्राम पंचायत को अन्तरित किया जाना चाहिए। शास्ति की दरों में समुचित रूप से वृद्धि की जानी चाहिए। (पैरा 24)

(च) कृषि से गैर कृषि भूमि संपरिवर्तन का 100 प्रतिशत संपरिवर्तन प्रभार संबंधित ग्राम पंचायत को अन्तरित किया जाये। (पैरा 25)

(छ) मण्डी फीस (मण्डी कर) पर 1% अधिभार सचिव मण्डी समिति द्वारा वसूलीय होगा और संबंधित जिला परिषद के निजी निक्षेप खाते में जमा होगा। (पैरा 26)

(ज) हाइड्रोकार्बन के सिवाय प्रमुख एवं गौण खनिजों पर रॉयल्टी की प्राप्ति पर 3 प्रतिशत अंश उनकी नवीनतम उपलब्ध जनगणना के अनुपात में राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों को अन्तरित की जायेगी। (पैरा 27)

(झ) पेट्रोलियम पर 3 प्रतिशत रॉयल्टी के न्यागमन के संबंध में अंतिम रिपोर्ट में अभिमत लिया जायेगा। तथापि, रकम को पंचायतीराज विभाग के निजी निक्षेप खाते में रखा जायेगा। (पैरा 28)

(ञ) देशी मदिरा और भा.नि.वि. मदिरा पर आबकारी शुल्क पर 2 प्रतिशत उपकर दोनों क्षेत्रों अर्थात् ग्रामीण और नगरीय में अधिरोपित किया जायेगा और आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदण्ड के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य वितरित किया जायेगा। (पैरा 29)

(ट) स्टाम्प शुल्क पर 10 प्रतिशत का अधिभार दोनों अर्थात् नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों से वसूलीय होगा। यह सरकार द्वारा संगृहीत होगा और आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदण्ड के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य वितरित होगा। (पैरा 30)

(ठ) प्रवेश कर का 25 प्रतिशत स्थानीय निकायों को अन्तरित होगा। इसमें से पुरस्कार रकम का संदाय करने के पश्चात् शेष रकम में से उस रकम का 40 प्रतिशत पंचायतीराज संस्थाओं और 60 प्रतिशत नगरीय स्थानीय निकायों को अन्तरित किया जायेगा। (पैरा 31)

(ड) भवन पर कर और व्यापार, आजीविका, वृत्ति तथा उद्योगों पर कर के अधीन अतिरिक्त स्रोतों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में समतुल्य अनुदान दिये जाने की आयोग द्वारा सिफारिश की गयी है। (पैरा 32, 33 और 37)

(ढ़) आयोग पंचायतीराज नियम, 1996 के नियम 68 में संशोधन से संबंधित समिति की सिफारिशों का समर्थन करता है। (पैरा 34)

(ण) राजस्थान पंचायतीराज (उपबंधों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपान्तरण) अधिनियम, 1999 (PESA) के अधीन गौण वन उत्पाद से प्राप्त आय संबंधित ग्राम पंचायत को अंतरित करने के लिए समिति की सिफारिश का आयोग समर्थन करता है। यह भी सुझाव दिया जाता है कि वन विभाग किये गये संग्रहण का ग्राम पंचायतवार आंकडें संधारित करने की प्रणाली पंचायतीराज विभाग के साथ परामर्श से प्रकल्पित कर सकता है। (पैरा 35)

(त) समिति की सिफारिशों के अनुसार चुंगी और वाहन पर कर की समाप्ति को प्रभावित करने के लिए सुसंगत अधिनियम और नियमों में आवश्यक संशोधन करने का आयोग द्वारा सुझाव दिया गया है। (पैरा 36)

(थ) जैसाकि मनोरंजन कर समाप्त कर दिया गया है अतः आयोग की राय है कि केबल ऑपरेटर पर मनोरंजन कर अब वैध नहीं है। (पैरा 38)

(द) आयोग ने ग्राम स्तरीय कृत्यकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय–समय पर आयोजित करने, लेखा पद्धति की उपयुक्त परिकल्पना करने, आदर्श विधियों/उप–विधियों/संग्रहण के लिए प्रक्रियाओं और पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा उद्ग्रहणीय करों के लेखांकन का सुझाव दिया है। (पैरा 39)

(ध) आस्ति पंजिकाओं के रखरखाव और ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से उनके अद्यतन किये जाने की आयोग द्वारा सिफारिश की गयी है (पैरा 40)

(न) पटवारी द्वारा कर संग्रहीत किये जायेंगे, जिसे संग्रहीत रकम का 5 प्रतिशत मानदेय के रूप में संदत्त किया जायेगा। (पैरा 41)

(प) ग्राम पंचायतों और नगरीय स्थानीय निकायों के लिए उत्कृष्ट कार्य–सम्पादन के लिए पुरस्कार माल के प्रवेश कर की अन्तरित की जाने वाली रकम में से संदत्त किये जाने का सुझाव दिया गया है। (पैरा 44, 47 और 49)

(फ) सौर ऊर्जा की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा उपबंधित 30 प्रतिशत सहायिकी के अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में लागत की 20 प्रतिशत रकम को विशेष निर्बंध अनुदान में से संदत्त किये जाने की आयोग द्वारा सिफारिश की गयी है। (पैरा 53 और 54)

(ब) आयोग विशेष निर्बंध अनुदान में से 2012–13 के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा स्थापित जल शुद्धिकरण संयत्रों की लागत का 50 प्रतिशत प्रोत्साहन रकम उपलब्ध कराने की सिफारिश करता है। (पैरा 55)

59. हमारी सिफारिशें, 11 अप्रैल, 2011 (अधिसूचना संख्या एफ4(1) एफ॰डी॰/एफ॰डी॰/एफ॰सी॰ एण्ड ई॰ए॰डी॰/एस॰एफ॰सी॰/ 2009 दिनांक 13.04.2011) के राज्यपाल के आदेश में यथा आदेशाधीन वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए तात्पर्यित हैं। हम यह पुनः दोहराना चाहेंगे कि ये अंतिम रिपोर्ट में परिवर्तनों, जो आवश्यक समझे जायें, के अध्यधीन होंगी।

(डॉ.बी.डी. कल्ला)	**(राजपाल सिंह शेखावत)**	**(जे.पी. चेन्देलिया)**	**(डॉ. पी.एल. अग्रवाल)**
अध्यक्ष	सदस्य	सदस्य	सदस्य सचिव

राजस्थान सरकार

वित्त विभाग

(वित्त आयोग एवं आर्थिक मामलात अनुभाग)

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग द्वारा महामहिम राज्यपाल को प्रस्तुत की गयी वर्ष 2012–13 के लिए अंतरिम रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई (Action Taken) का ज्ञापन।

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग का गठन, महामहिम राज्यपाल के आदेश दिनांक 11 अप्रैल, 2011 (वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 13 अप्रैल, 2011 द्वारा अधिसूचित) द्वारा वर्ष 2010 से 2015 की, पाँच वर्ष की अवधि हेतु अपनी रिपोर्ट 31 दिसम्बर, 2011 तक देने के निर्देश के साथ किया गया। आयोग का कार्यकाल दिनांक 30.09.2013 तक बढाया गया है। आयोग द्वारा वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के लिए अंतरिम रिपोर्ट दिनांक 13 जुलाई 2011 को प्रस्तुत की गई थी, जिसे कार्रवाई के ज्ञापन के साथ विधान सभा के पटल पर दिनांक 25 अगस्त, 2011 को रखा गया था। आयोग को वर्ष 2012–2013 के लिए भी अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया गया था। आयोग द्वारा वर्ष 2012–13 के लिए अपनी अंतरिम रिपोर्ट दिनांक 27 सितम्बर, 2012 को महामहिम राज्यपाल को प्रस्तुत की गयी है।

2. चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की यह अंतरिम रिपोर्ट वर्ष 2012–13 से संबंधित है तथा उसमें की गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का ज्ञापन संविधान के अनुच्छेद 243 आई(4) तथा 243 वाई(2) के अनुसरण में सदन के पटल पर रखा जा रहा है।

3. राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012–13 के लिए आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों पर सावधानी पूर्वक विचार किया गया है, जिनका विवरण एवं राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	आयोग की सिफारिशों का सार	राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का विवरण
1.	**राज्य के शुद्ध कर राजस्व में हिस्सा :** राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (भू–राजस्व को एवं प्रवेश कर के 25 प्रतिशत को छोड़कर) का 5 प्रतिशत हिस्सा इन संस्थाओं को अंतरित किया जाये। राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (भू–राजस्व को एवं प्रवेश कर के 25 प्रतिशत को छोड़कर) के 5 प्रतिशत हिस्से का वितरण 2011 की जनगणना रिपोर्ट के आधार पर पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य 75.1 एवं 24.9 प्रतिशत के अनुपात में किया जाये। आयोग द्वारा राज्य के वर्ष 2012–13 के बजट अनुमानों के आधार पर की गई गणना के अनुसार वर्ष 2012–13 में 1305.55 करोड़ रुपये का अनुदान देय है। वर्ष 2012–13 के लिये अनुशंसित राशि को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा वरीयतः मूलभूत सेवाओं को संचालित करने की प्रतिबद्धता स्वरूप निर्बंध (untied) अनुदान के रूप में दी जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
2.	**पंचायती राज संस्थाओं के लिए निर्धारित हिस्से का वितरण :** पंचायती राज संस्थाओं को राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में से आवंटित की जाने वाली राशि के जिलेवार वितरण का आधार एवं विवरण अंतरिम रिपोर्ट के पैरा 10 एवं 11 में दिया गया है।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।

	प्रत्येक जिले के निर्धारित हिस्से में से जिला परिषदों को 3 प्रतिशत, पंचायत समितियों को 12 प्रतिशत एवं ग्राम पंचायतों को 85 प्रतिशत भाग दिया जाये। पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के मध्य राशि का पारस्परिक वितरण संबंधित पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों की उपलब्ध नवीनतम जनसंख्या के आधार पर किया जाये।	
3.	**नगरीय स्थानीय निकायों के लिए निर्धारित हिस्से का वितरण :** नगरीय स्थानीय निकायों को राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में से आवंटित राशि में से 70 प्रतिशत राशि समस्त नगरीय स्थानीय निकायों (नगर निगम, नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं) को उनकी जनसंख्या के आधार पर एवं शेष 30 प्रतिशत राशि समस्त नगरपालिकाओं को उनकी जनसंख्या के आधार पर वितरित किये जाने की सिफारिश की गई है।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
4.	**तेरहवें केन्द्रीय वित्त आयोग का अनुदान :** स्थानीय निकायों के लिये तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्राप्त अनुदान का पारस्परिक वितरण, तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अधिकथित शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन रहते हुये, आयोग द्वारा सिफारिश किये गये मानदण्डों एवं मानकों के आधार पर किया जाये।	तेरहवें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2012–13 में भविष्य में प्राप्त होने वाली किश्तों के वितरण के सम्बन्ध मे आयोग के सुझाव को स्वीकार कर लिया गया है।
5.	**अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंषा पर आयोग की सिफारिशें :**	
(i)	**भू–राजस्व :** वर्ष 2012–13 के दौरान संग्रहित समस्त भू–राजस्व राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों के मध्य उनकी उपलब्ध नवीनतम जनसंख्या के अनुपात में हस्तान्तरित किया जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
(ii)	**अधिक्रमण एवं अवैध खनन पर शास्ति :** राजकीय भूमि, चारागाह एवं खनन क्षेत्र की भूमि पर अधिक्रमण एवं अवैध खनन से प्राप्त शास्ति की राशि संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित की जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
(iii)	**संपरिवर्तन प्रभार :** ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अकृषि उद्देश्यों के लिये निर्धारित संपरिवर्तन प्रभार की शत प्रतिशत राशि संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित की जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
(iv)	**ग्राम पंचायतों को खनिज रायल्टी का अंश :** प्रमुख एवं गौण, दोनों खनिजों (हाइड्रोकार्बन्स को छोड़कर) की रायल्टी से प्राप्त राशि की 3 प्रतिशत राशि राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों में उनकी उपलब्ध नवीनतम जनसंख्या के अनुपात में वितरित की जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
(v)	**पेट्रोलियम पर रायल्टी :** पंचायतीराज संस्थाओं को पेट्रोलियम की रॉयल्टी की तीन प्रतिशत राशि हस्तान्तरण करने की समिति की सिफारिश का आयोग द्वारा समर्थन किया गया है एवं फिलहाल इस राशि को पंचायतीराज विभाग के निजी निक्षेप खाते में रखा जाये। इसके उपयोग एवं वितरण के बारे में आयोग अपने अंतिम प्रतिवेदन में अभिमत देगा।	राज्य सरकार द्वारा इस राशि के समनुदेशन के सम्बन्ध में विचार आयोग का अन्तिम प्रतिवेदन प्राप्त होने पर किया जायेगा।

(vi)	**आबकारी शुल्क पर उपकर :** ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रय होने वाली देशी मदिरा एवं भा.नि.वि.मदिरा की बिक्री राशि के स्थान पर इस पर देय आबकारी शुल्क की राशि पर दो प्रतिशत उपकर लगाया जावे तथा इस उपकर से प्राप्त राशि को जिला परिषदों; पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के मध्य क्रमशः 3:12:85 के अनुपात में वितरित किया जाये। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में विक्रय होने वाली देशी मदिरा एवं भा.नि.वि.मदिरा पर देय आबकारी शुल्क पर दो प्रतिशत उपकर लगाया जावे तथा सभी नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य इस प्रतिवेदन में आयोग द्वारा सुझाये गये मानदण्डों के अनुसार वितरित किया जाये।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की इस सिफारिश के आधार पर उपकर लगाये जाने के निर्णय के पश्चात ही कार्यवाही की जायेगी।
(vii)	**स्टाम्प शुल्क पर अधिभार :** राज्य सरकार स्टाम्प शुल्क पर दस प्रतिशत की दर से अधिभार आरोपित एवं संग्रहित करे। ग्रामीण क्षेत्रों में संग्रहित राशि पंचायतीराज संस्थाओं यथा जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के मध्य 3:12:85 के अनुपात में वितरित की जाये। नगरीय क्षेत्रों में संग्रहित अधिभार की राशि समस्त नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य आयोग द्वारा सुझाये गये मापदण्डों के अनुसार वितरित की जाये।	इस अधिभार से संग्रहित राशि पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य वितरित किये जाने सम्बन्धी आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
(viii)	**माल के प्रवेश पर कर :** माल के प्रवेश पर कर की पच्चीस प्रतिशत राशि नगरीय एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों को अन्तरित की जाये।	राज्य सरकार द्वारा इस सिफारिश पर आयोग का अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विचार किया जायेगा।
(ix)	भवन कर तथा वृत्ति, व्यापार, आजीविका एवं उद्योग पर कर द्वारा अतिरिक्त संसाधन जुटाने पर **समतुल्य अनुदान, प्रोत्साहन** स्वरूप दिये जाने की सिफारिश की गयी है। प्रोत्साहन राशि विशेष निर्बन्ध अनुदान में से देय होगी।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
(x)	**गौण वन उत्पाद :** समिति ने सिफारिश की है कि राजस्थान पंचायतीराज (उपबंधों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपान्तरण) अधिनियम. 1999 (PESA) के अन्तर्गत गौण वन उत्पाद का नियंत्रण एवं स्वामित्व अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में निहित किया जाये। गौण वन उत्पादों से प्राप्त आय संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित की जाये। आयोग ने इस सिफारिश का समर्थन किया है ।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है।
6. (i)	**<u>आयोग की अन्य सिफारिशें</u> :** **उत्कृष्ट कार्यों के लिये पुरस्कार :** बेहतर जन सुविधायें प्रदान करने वाली उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों तथा नगरीय स्वायत्त निकायों के लिये नकद पुरस्कारों की एक योजना लागू करने हेतु आयोग द्वारा सिफारिश की गई है।	राज्य सरकार द्वारा इस सिफारिश पर आयोग का अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विचार किया जायेगा।

(ii)	**पंचायतीराज संस्थाओं के लिये विशेष निर्बन्ध अनुदान :** वर्ष 2012–13 में राज्य के आयोजना मद में पंचायतीराज संस्थाओं के लिये विशेष निर्बन्ध अनुदान हेतु प्रावधित राशि रु. 777.54 करोड़ में से 10 प्रतिशत राशि पंचायतीराज संस्थाओं को समान अनुदान/प्रोत्साहन राशि हेतु चिन्हित कर अलग रखे जाने एवं शेष राशि का पारस्परिक वितरण जिलेवार एवं पंचायतीराज संस्थाओं के मध्य आयोग द्वारा राज्य के स्वयं के करों के हिस्से में से वितरण हेतु सुझाये गये मानदण्डों के अनुसार किये जाने की सिफारिश की है। आयोग ने 10 प्रतिशत चिन्हित राशि में से वर्ष के अन्त में अप्रयुक्त राशि को पंचायतीराज विभाग के निजी निक्षेप खाते में रखे जाने की सिफारिश की है। आयोग द्वारा इस राशि के उपयोग के बारे में निर्णायक अभिमत अपने अंतिम प्रतिवेदन में लिया जायेगा।	राज्य सरकार द्वारा आयोग की सिफारिश को इस शर्त के साथ स्वीकार कर लिया गया है कि विशेष निर्बन्ध अनुदान में से चिन्हित 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि केवल पात्र संस्थाओं में वितरित की जावेगी एवं वर्ष के अन्त मे यदि कोई राशि अप्रयुक्त रहती है, तो यह राशि वितरण योग्य नहीं होगी।
(iii)	**स्ट्रीट सोलर लाइटों के लिये प्रोत्साहन :** स्ट्रीट सोलर लाइट इकाई की स्थापना के प्रोत्साहन हेतु, भारत सरकार द्वारा देय 30 प्रतिशत अनुदान राशि के अतिरिक्त, इकाई की कीमत की 20 प्रतिशत राशि विशेष निर्बन्ध अनुदान में से दी जाने की सिफारिश की गयी है।	राज्य सरकार द्वारा इस सिफारिश पर आयोग का अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विचार किया जावेगा।
(iv)	**समुदाय के लिये पेयजल शुद्धिकरण हेतु प्रोत्साहन :** ग्राम पंचायतों द्वारा वर्ष 2012–13 में **पेयजल शुद्धिकरण संयंत्र** लगाने पर लागत की 50 प्रतिशत राशि विशेष निर्बन्ध अनुदान में से दी जाने की सिफारिश की गयी है।	राज्य सरकार द्वारा इस सिफारिश पर आयोग का अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विचार किया जावेगा।

4. आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में की गयी सिफारिशें वर्ष 2012–13 की अंतरिम व्यवस्थाओं के रूप में हैं। अतः आयोग की अंतिम रिपोर्ट में की जाने वाली सिफारिशों के अंतर्गत ये परिवर्तनीय हैं।

5. आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के संबंध में अन्य सुझाव तथा सिफारिशें भी की गई हैं। इन सिफारिशों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित प्रशासनिक विभागों द्वारा विचार एवं परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक निर्णय लिया जायेगा।

6. **क्रियान्विति :**

   (i) वर्ष 2012–13 हेतु राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व से अंतरण के संबंध में आदेश पंचायती राज विभाग एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रसारित किये जायेंगे। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों हेतु निर्धारित राशि किश्तों में जारी की जायेगी।

   (ii) आयोग की सिफारिशों के अंतर्गत अंतरित राशि के उपयोग के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश संबंधित विभागों द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

दिनांक : 11 अक्टूबर, 2012

(अशोक गहलोत)
मुख्यमंत्री

संदर्भ पुस्तकों, जर्नल्स और पत्रिकाओं की सूची

1. वर्ष 2010–11, 2011–12, 2012–13 और 2013–14 के लिए राजस्थान का राज्य बजट
2. वर्ष 2010–11, 2011–12, 2012–13 और 2013–14 के लिए बजट अध्ययन– राजस्थान
3. राजस्थान की X, XI और XII पंचवर्षीय योजनाएं
4. वर्ष 2012–13 और 2013–14 के लिए राजस्थान की वार्षिक योजनाएं
5. राजस्थान का सांख्यकिक संक्षिप्त सार, 2010
6. राजस्थान की आधारभूत सांख्यिकी, 2010
7. राजस्थान के बारे में कुछ तथ्य, 2011 और 2012
8. आर्थिक पुनर्विलोकन–राजस्थान, 2012 और 2013
9. आर्थिक सर्वेक्षण भारत सरकार, 2012–13
10. राज्य वित्त पर आर.बी.आई की वार्षिक रिपोर्ट, 2012
11. राजवित्तीय नीति पर मध्यावधि कथन–2007–08, 2008–09, 2009–10, 2010–11, 2011–12 और 2012–13
12. वित्त मंत्री, राजस्थान का बजट भाषण, 2011, 2012 और 2013
13. जनगणना प्रकाशन, 2011
14. डॉ. अमित मित्रा, मंत्री प्रभारी वित्त विभाग, पश्चिम बंगाल, द्वारा बजट कथन
15. प्रथम, द्वितीय और तृतीय राज्य वित्त आयोग, राजस्थान की रिपोर्ट
16. चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, केरला की रिपोर्ट
17. चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, बिहार की रिपोर्ट
18. तृतीय राज्य वित्त आयोग, पंजाब की रिपोर्ट
19. तृतीय राज्य वित्त आयोग, उड़ीसा की रिपोर्ट
20. तृतीय राज्य वित्त आयोग, तमिलनाडू की रिपोर्ट
21. तृतीय राज्य वित्त आयोग, मध्य प्रदेश की रिपोर्ट
22. राज्य वित्त आयोग, प. बंगाल 1995 की सिफारिशें
23. द्वितीय राज्य वित्त आयोग, पश्चिम बंगाल की रिपोर्ट
24. तृतीय राज्य वित्त आयोग, पश्चिम बंगाल की रिपोर्ट
25. ज़कार्या आयोग की रिपोर्ट, 1963
26. हेमलता जोशी द्वारा एच.डी.आई. राजस्थान पर रिपोर्ट
27. एन.आर.एच.एम. की रिपोर्ट, 2011
28. उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति रिपोर्ट–इशर आहलुवालिया
29. पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़िकरण पर अ.मु.स. (वित्त), राजस्थान की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट
30. वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट
    (i) स्थानीय स्वशासन विभाग, 2011–12 और 2012–13

(ii) ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, विभाग, 2011–12 और 2012–13

(iii) प्रारम्भिक शिक्षा विभाग,2012–13

31. पंचायती राज और स्थानीय शासन–एन.आई.आर.डी. खण्ड I और II

32. पंचायत व्यय और केन्द्रीय/आधारभूत सेवाएं (अध्याय V)–एन.आई.आर.डी.

33. उड़ीसा में पंचायतों पर कृत्य और वित्त का अंतरण–ए.सी.जे.ना. (एन.आई.आर.डी.)

34. राजस्थान एफ.आर.बी.एम. अधिनियम, 2005

35. राजस्थान एफ.आर.बी.एम. नियम, 2005

36. भारत का संविधान

37. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009

38. राजस्थान नगरपालिका नियम

39. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994

40. राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996

41 पी.ई.एस.ए. अधिनियम, 1999

42. एल.एफ.ए.डी. अधिनियम, 1954

43. टुवर्ड्स होलिस्टिक पंचायती राज–ट्वेनटीयत ऐनीवर्सरी रिपोर्ट ऑफ एक्सपर्ट कमेटी ऑन लेवेरेजिंग पंचायत्स फॉर एफिशयन्ट डिलेवरी ऑफ पब्लिक गुड्स एण्ड सर्विसिस

44. कोलकता नगर निगम–निगम द्वारा उद्ग्रहण की जाने वाली दरें, कर, फीस और प्रभार–2012–13 खण्ड I और II

45. ग्राम पंचायत प्रशासन–सी.वैंकटेरवरा राव द्वारा संकलित

46. क्षमतावर्धन कार्यक्रम खण्ड IX – कोलकता नगर निगम

47. कलकत्ता नगर पालिका राजपत्र

48. वर्ष 2009–10 के लिए कोलकता नगर निगम के वार्षिक लेखों की संपरीक्षा रिपोर्ट

49. राजस्थान नगरी नीति 2010

50. विकेन्द्रीकरण और स्थानीय शासन–इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय निर्बन्ध विश्वविद्यालय

51. निरीक्षण और मूल्याकंन रिपोर्ट 2010–11– नवीन और अक्षय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार

52. पंचायती राज संस्थाओं पर कृत्य और वित्तीय अंतरण : आर.सी. चौधरी, के.शिवा सुब्रमण्यम द्वारा 'ए स्टडी अक्रोस सिलेक्ट स्टेट्स' खण्ड– I

53. राज्य नगरपालिकाएं, राजवित्तीय संबंध और राज्य वित्त आयोग की भूमिका–शहरी मामले और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन तैयार किये गये और समनुदेशन में जारी पत्र

54. उत्पादक संसाधनों के नगरपालिक वित्त और विकल्पों पर अनुसंधानात्मक अध्ययन

55. सेवा स्तरीय बैंच मार्किंग पर हैण्डबुक–नगरीय विकास मंत्रालय, भारत सरकार

56. राजस्थान के वित्त लेख, 2005–06 से 2011–12

57. ग्यारहवीं, बारहवीं और तेरहवीं केन्द्रीय वित्तीय आयोगों की रिपोर्टें

58. ग्रामीण स्थानीय निकायों को संसाधनों का अंतरण, एम.ए. ओमेन

59. भारत में नगरीय शासन और वित्त, एम. गोविन्दा राव और रिचर्ड एम.बर्ड

राजस्थान सरकार

वित्त (वित्त आयोग एवं आर्थिक मामलात अनुभाग) **विभाग**

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग द्वारा राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही (Action Taken) का ज्ञापन।

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग का गठन 11 अप्रेल, 2011 को वर्ष 2010 से 2015 की, पाँच वर्ष की अवधि हेतु अपना प्रतिवेदन 31 दिसम्बर, 2011 तक देने के निर्देश के साथ किया गया था। आयोग का कार्यकाल समय–समय पर बढाया गया। आयोग द्वारा महामहिम राज्यपाल को दिनांक 26 सितम्बर, 2013 को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व आयोग द्वारा वर्ष 2010–2011 एवं 2011–12 के लिए अनन्तिम व्यवस्था हेतु दिनांक 13 जुलाई 2011 को अपना अंतरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे कार्यवाही के ज्ञापन के साथ अगस्त 2011 को सदन के पटल पर रखा गया था। आयोग द्वारा वर्ष 2012–2013 के लिए अनन्तिम व्यवस्था हेतु दिनांक 27 सितम्बर 2012 को अपना अंतरिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे कार्यवाही के ज्ञापन के साथ अक्टूबर 2012 को सदन के पटल पर रखा गया था।

2. चतुर्थ राज्य वित्त आयोग का प्रतिवेदन जो कि 1 अप्रेल 2010 से प्रारम्भ पाँच वर्षों की अवधि से संबंधित है तथा उसमें की गई सिफारिशों पर की गई कार्यवाही का ज्ञापन संविधान के अनुच्छेद 243 आई(4) तथा 243 वाई(2) के तहत सदन के पटल पर रखा जा रहा हैं। आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं तथा नगरीय स्थानीय निकायो को राशि अन्तरण, अनुदान एवं अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में की गई सिफारिशों एवं सुझावो का सारांश अपनी रिपोर्ट मे दिया गया है।

3. राज्य सरकार द्वारा आयोग की मुख्य सिफारिशों पर सावधानी पूर्वक विचार किया गया है जिनका विवरण एवं राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	आयोग की सिफारिशों का सार	राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का विवरण
(1)	**राज्य के स्वयं के कर राजस्व एवं गैर कर राजस्व में से अंतरण के सम्बन्ध में सिफारिशे:**	वर्ष 2014–15 के लिए आयोग की विभिन्न कर एवं गैर कर राजस्व में से अलग–अलग अन्तरण सम्बन्धी सिफारिश के स्थान पर राज्य के स्वयं के शुद्ध करों (भू–राजस्व के अतिरिक्त) एवं भू–राजस्व मद मे प्राप्त राजस्व मे से 7.182 प्रतिशत हिस्सा divisible pool
(i)	राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व (भू–राजस्व एवं प्रवेश कर की राशि को छोड़कर) का 5 प्रतिशत हिस्सा इन संस्थाओं को अंतरित किया जाये एवं इसका वितरण 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों	

	के मध्य 75.1 एवं 24.9 प्रतिशत के अनुपात में किया जाये;	निर्धारित किया जायेगा। जिसका वितरण आयोग द्वारा सुझाये अनुसार 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य 75.1 एवं 24.9 प्रतिशत के अनुपात में किया जाना स्वीकार किया गया है।
(ii)	**मुद्रांक शुल्क पर अधिभार** : आयोग द्वारा मुद्रांक शुल्क पर दस प्रतिशत की दर से अधिभार आरोपित कर ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों में संग्रहित अधिभार की राशि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य आयोग द्वारा सुझाये गये मापदण्डों के अनुसार वितरित किये जाने की सिफारिश की गई है।	
(iii)	**आबकारी शुल्क पर उपकर** : आयोग द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विक्रय होने वाली देशी मदिरा एवं भा.नि.वि.मदिरा पर आबकारी शुल्क पर दो प्रतिशत उपकर लगाये जाने की सिफारिश की गई है। उपकर से प्राप्त राशि को पंचायती राज संस्थाओ एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य आयोग द्वारा सुझाये गये मानदण्डों के अनुसार वितरित किये जाने की सिफारिश की गयी हैं।	आयोग की वर्ष 2012–13 मे अंतरिम प्रतिवेदन मे की गई सिफारिशो के अर्न्तगत हस्तांतरित राशि के बराबर राशि वर्ष 2013–14 में हस्तांतरित किया जाना स्वीकार किया गया। जिसके अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के लिये 1206.45 करोड़ रू0 एवं नगरीय स्थानीय निकायों हेतु 325.08 करोड़ रू0 वर्ष 2013–14 में हस्तांतरित होंगे।
(iv)	**भू–राजस्व** : भू–राजस्व की राशि राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों के मध्य उनकी नवीनतम उपलब्ध जनसंख्या के अनुपात में अन्तरित किये सिफारिश की गई है।	
(v)	**माल के प्रवेश पर कर** : आयोग द्वारा प्रवेश कर से संग्रहित राशि का 25% पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों के मध्य 40:60 के अनुपात में अन्तरित किये जाने की सिफारिश की गई थी,	आबकारी शुल्क पर 2 प्रतिशत उपकर लगाये जाने सम्बन्धी आयोग की सिफारिश स्वीकार नहीं की गई है।
(vi)	**ग्राम पंचायतों को खनिज रायल्टी का अंश** : प्रमुख एवं गौण, दोनों खनिजों (हाइड्रोकार्बन्स को छोड़कर) पर रायल्टी से प्राप्त राशि की 3 प्रतिशत राशि राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों को, उनकी नवीनतम उपलब्ध जनसंख्या के अनुपात में, वितरित किये जाने की सिफारिश की गई है।	

(2)	अवधि 2010–13 के लिए अन्तरिम रिपोर्ट्स के आधार पर पूर्व में हस्तान्तरित राशि एवं अन्तिम प्रतिवेदन के आधार पर अन्तरित होने वाली राशि के अन्तर की राशि का पंचायती राज संस्थाओं के लिए एक Corpus फण्ड सृजित करने एवं नगरीय स्थानीय निकायों को वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में इस अन्तर राशि को वितरित किये जाने की आयोग द्वारा सिफारिश की गई है।	वर्ष 2010–13 की अन्तर राशि वितरित किये जाने सम्बन्धी आयोग की सिफारिश स्वीकार नहीं की गई है। अन्तरिम रिपोर्ट्स की सिफारिशों के अन्तर्गत वर्ष 2010–13 की अवधि में अन्तरित राशि यथावत रहेगी।
(3)	**पंचायती राज संस्थाओं को विशेष निर्बन्ध (untied) अनुदानः** आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं को वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 में राज्य सरकार द्वारा आयोजना मद में प्रावधित की गई विशेष निर्बन्ध (untied) अनुदान राशिं 777.54 करोड़ रु0 वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में भी उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की है।	राज्य सरकार द्वारा आयोजना मद में पंचायती राज संस्थाओं हेतु वर्ष 2013–14 में विशेष निर्बन्ध (untied) अनुदान राशि 777.54 करोड़ रु0 प्रावधित की गई है, यह राशि आयोग की सिफारिश के अनुसार वर्ष 2014–15 में भी उपलब्ध कराया जाना स्वीकार किया गया है।

पंचायती राज संस्थाऐं

(4)	आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में से आवंटित की जाने वाली राशि के जिलेवार वितरण हेतु सुझाये गये मानदण्डों के आधार पर अनुपात तय किया गया है। (अनु0 सं0 100/एन) प्रत्येक जिले के लिये निर्धारित हिस्से में से जिला परिषद को 3 प्रतिशत, पंचायत समितियों को 12 प्रतिशत एवं ग्राम पंचायतों को 85 प्रतिशत भाग दिया जाये। पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के मध्य वितरण नवीनतम उपलब्ध जनसंख्या के आधार पर किये जाने की सिफारिश भी की हैं।	आयोग के वर्ष 2010–11, 2011–12 एवं 2012–13 के लिये प्रस्तुत अन्तरिम प्रतिवेदनों के आधार पर स्थानान्तरित राशि यथावत रहेगी। आयोग की इस सिफारिश को वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 के लिये स्वीकार किया जाता है।

<table>
<tr>
<td>(5)</td>
<td>निष्पादन (performance) अनुदानः आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को 20 प्रतिशत राशि निष्पादन (performance) अनुदान के रूप में निर्धारित मानण्ड (criteria) की पूर्ति करने पर दिये जाने की सिफारिश की गई है।</td>
<td>आयोग द्वारा निष्पादन (performance) अनुदान के लिए आयोग द्वारा निर्धारित मानदण्ड (criteria) की वर्ष 2013–14 एवं वर्ष 2014–15 मे पूर्ति किया जाना सम्भव नही होने के कारण आयोग की यह सिफारिश स्वीकार नहीं की जाती है।</td>
</tr>
<tr>
<td>(6)</td>
<td>कार्यात्मक (functional) अनुदानः आयोग ने वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 के लिए ग्राम पंचायतों हेतु विशिष्ट प्रयोजन कार्यात्मक (functional) अनुदान के रुप में रु0 4076.49 करोड़ की गणना की है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं:–
(Rs. in crore)
<table>
<tr><th>Items</th><th>2013-14</th><th>2014-15</th><th>Total</th></tr>
<tr><td>Core functions</td><td>1073.05</td><td>766.01</td><td>1839.06</td></tr>
<tr><td>Hiring of services of Class IV</td><td>66.07</td><td>66.07</td><td>132.14</td></tr>
<tr><td>Computer and accessories</td><td>45.89</td><td>-</td><td>45.89</td></tr>
<tr><td>Capacity building</td><td>62.00</td><td>62.00</td><td>124.00</td></tr>
<tr><td>Revolving fund</td><td>50.00</td><td>50.00</td><td>100.00</td></tr>
<tr><td>Infrastructure development</td><td>917.70</td><td>917.70</td><td>1835.40</td></tr>
<tr><td>Total</td><td>2214.71</td><td>1861.78</td><td>4076.49</td></tr>
</table>
आयोग ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए अपेक्षित राशि 1835.40 करोड़ रु0 की पूर्ति कारपस फण्ड, विशेष निर्बन्ध अनुदान एवं 13वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत उपलब्ध राशि से करने की सिफारिश की है।</td>
<td>रिवोल्विंग फण्ड स्थापित करने की सिफारिश व्यवहारिक नहीं है एवं इसी प्रकार कार्यात्मक (functional) अनुदान को विभिन्न प्रयोजनों में बांटने से उनकी मोनिटरिंग आवश्यक होगी। इसके स्थान पर ग्राम पंचायतो को यह गाइड लाईन जारी की जायेगी कि वे उपलब्ध कराई जा रही राशि अपने core functions (i.e. Solid waste management, Street Lighting, Cremation and Burial Grounds, Community Halls, Drinking Water, Public Health, Public Toilet) के साथ ही कम्प्यूटराइजेशन, क्षमता विकास एवं आधारभूत ढांचे के सृजन हेतु भी उपयोग में ले। ग्राम पंचायतों को वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में देय समस्त अन्तरण राशि कार्यात्मक (functional) अनुदान के रूप मे ही उपलब्ध कराई जायेगी।</td>
</tr>
<tr>
<td>(7)</td>
<td>निर्बन्ध (untied) अनुदानः
(i) आयोग की सिफारिश के अनुसार ग्राम पंचायतों हेतु कार्यात्मक (functional) अनुदान एवं पंचायती राज संस्थाओं के लिए 20 प्रतिशत राशि निष्पादन (performance)</td>
<td>आयोग की कतिपय राशि निर्बन्ध रूप में एवं तत्पश्चात् उस राशि के उपयोग हेतु विभिन्न प्रयोजनो का बंधन करने सम्बन्धी सिफारिश स्वीकार नही की जाती है।</td>
</tr>
</table>

	अनुदान हेतु चिन्हित किये जाने के पश्चात शेष रही राशि निर्बन्ध (untied) अनुदान के रूप में उपलब्ध होगी। आयोग की सिफारिश के अनुसार इस राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों द्वारा ऐसे विकास कार्यो, जिन्हें किसी अन्य योजनाओं/प्रोग्राम के अन्तर्गत कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है, को सम्पादित करने हेतु उपयोग किया जा सकेगा। आयोग द्वारा निर्बन्ध (untied) अनुदान निम्न कार्यो हेतु उपलब्ध कराये जाने की सिफारिश भी की है: **(अ) स्ट्रीट सोलर लाईट हेतु प्रोत्साहनः** आयोग द्वारा सौर चालित सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था इकाई पर इकाई की कीमत की 20 प्रतिशत राशि का अनुदान ग्राम पंचायतों द्वारा स्थापित की जाने वाली सौर चालित सार्वजनिक प्रकाश इकाइयों पर प्रोत्साहन हेतु । **(ब) पेयजल शुद्धिकरण के लिये प्रोत्साहनः** ग्राम पंचायतों द्वारा समुदाय के उपयोग हेतु पेयजल शुद्धिकरण संयंत्र सुरक्षित सार्वजनिक स्थान पर स्थापित करने पर इस संयंत्र की लागत की 50 प्रतिशत राशि प्रोत्साहन हेतु। **(स)** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने सम्बन्धी पुरस्कार योजना हेतु। (ii) आयोग द्वारा यह भी सिफारिश की गयी है कि निर्बन्ध राशि का उपयोग वाहन क्रय, बाउन्ड्री वाल, सामुदायिक केन्द्र, चबूतरा, स्वागतद्वार एवं हथई अथवा समान संरचना के निर्माण पर नहीं किया जा सकेगा। इस राशि का उपयोग स्टाफ के वेतन एवं भत्तो, बकाया वेतन, पेन्शन, जीपीएफ आदि के भुगतान पर भी नही किया जाना चाहिये।	आयोग की सिफारिशो के कियान्वयन हेतु समय की अत्यल्प उपलब्धता के कारण ग्राम पंचायतों हेतु समस्त अनुदान कार्यात्मक (functional) अनुदान के रूप में ही उपलब्ध कराया जाना स्वीकार किया गया है। पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों को देय अनुदान राशि निर्बन्ध (untied) अनुदान के रूप में उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी सिफारिश स्वीकार की जाती हैं। पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों को देय राशि का ऐसे विकास कार्यो, जिन्हें किसी अन्य योजनाओं/प्रोग्राम के अन्तर्गत कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है, को सम्पादित करने हेतु उपयोग किया जा सकेगा।

नगरीय स्थानीय निकाय

<table>
<tr><td>(8)</td><td>नगरीय स्थानीय निकायों के लिए राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व में से निर्धारित हिस्से की राशि का वितरण करने की दृष्टि से आयोग ने निम्न सिफारिशें की हैं :
<table>
<tr><td>50 प्रतिशत</td><td>जनसंख्या के आधार पर सभी नगरीय स्थानीय निकायों को</td></tr>
<tr><td>10 प्रतिशत</td><td>क्षेत्र के आधार पर सभी नगरीय स्थानीय निकायों को</td></tr>
<tr><td>10 प्रतिशत</td><td>औसत राजस्व संग्रहण के आधार पर सभी नगरीय स्थानीय निकायों को</td></tr>
<tr><td>30 प्रतिशत</td><td>सभी नगरपालिकाओं के मध्य जनसंख्या के आधार पर</td></tr>
</table>
श्रेणीवार प्रतिशत वितरण एवं नगरीय स्थानीय निकाय वार अनुमानित जनसंख्या, क्षेत्र एवं स्वयं का औसत राजस्व रिपोर्ट के अनेक्सर–X.1 एवं X.2 पर उपलब्ध है।</td><td>आयोग के वर्ष 2010–11, 2011–12 एवं 2012–13 के लिये प्रस्तुत अन्तरिम प्रतिवेदनों के आधार पर स्थानान्तरित राशि को यथावत रखा जायेगा।

आयोग की यह सिफारिश वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 के लिये स्वीकार की गई हैं।</td></tr>
<tr><td>(9)</td><td>निष्पादन (performance) अनुदानः आयोग द्वारा नगरीय स्थानीय निकायों को 20 प्रतिशत राशि (336.80 करोड़ रु0) निष्पादन (performance) अनुदान के रूप में निर्धारित मानण्ड (criteria) की पूर्ति करने पर दिये जाने की सिफारिश की गई है।</td><td>आयोग द्वारा निष्पादन (performance) अनुदान के लिए आयोग द्वारा निर्धारित मानदण्ड (criteria) की वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 मे पूर्ति किया जाना सम्भव नहीं होने के कारण आयोग की यह सिफारिश स्वीकार नहीं की गई है।</td></tr>
<tr><td>(10)</td><td>निर्बन्ध (untied) अनुदानः आयोग द्वारा नगरीय स्थानीय निकायों हेतु निर्बन्ध (untied) अनुदान के रूप में 586.76 करोड़ रु0 की सिफारिश की गयी है। इस राशि का उपयोग बोर्ड/काउन्सिल के पूर्व अनुमोदन से ऐसे विकास कार्यों, जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई किसी भी योजना में नहीं आते है, को सम्पादित करने हेतु किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त नगरीय विकास विभाग द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में दी गई निम्न आवश्यकताओं पर निर्बन्ध (untied) अनुदान की राशि प्राथमिकता के आधार पर व्यय की जा</td><td>आयोग की निर्बन्ध (untied) अनुदान के उपयोग के सम्बन्ध में सिफारिशो पर निम्नानुसार कार्यवाही की गई है:
(i) स्टेट इंस्टिट्यूट आफ अरबन अफेयर्स इतने कम समय मे स्थापित किया जाना सम्भव नहीं होने के कारण यह सिफारिश स्वीकार नही की गई है।
(ii) अवार्ड योजना का निर्माण वर्ष 2013–14 तक नही होने के कारण इसका कियान्वयन</td></tr>
</table>

	सकेगीः– **i) स्टेट इंस्टिट्यूट आफ अरबन अफेयर्सः** निर्बन्ध (untied) अनुदान में से स्टेट इंस्टिट्यूट आफ अरबन अफेयर्स स्थापित करने हेतु 150 करोड़ रु0 । **ii) उत्कृष्ट कार्य निष्पादन पर पुरस्कारः** नगरीय स्थानीय निकायों को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने पर वार्षिक रूप से प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कृत करने हेतु। आयोग द्वारा यह भी सिफारिश की गयी है कि निर्बन्ध राशि का उपयोग वाहन क्रय, बाउन्ड्री वाल, चबूतरा एवं स्वागतद्वार आदि के निर्माण पर नही किया जा सकेगा। इस राशि का उपयोग स्टाफ के वेतन एवं भत्तो, बकाया वेतन, पेन्शन, जीपीएफ आदि के भुगतान पर भी नही किया जाना चाहिये।	वर्ष 2014–15 मे किया जाना व्यवहारिक प्रतीत नही होता है। अतः यह सिफारिश स्वीकार नही की गई है। (iii) नगरीय स्थानीय निकायों को समस्त अनुदान मूलभूत कार्यों (core functions) हेतु उपलब्ध कराया जायेगा एवं निर्बन्ध (Untied) अनुदान के रूप में राशि उपलब्ध कराने संबंधी सिफारिश स्वीकार नहीं की गई है।
(11)	**मूलभूत कार्यों (core functions) हेतु अनुदानः** आयोग द्वारा राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु मूलभूत कार्यों (core functions) के लिए वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 हेतु आवश्यक राशि 1520.84 करोड़ रु0 आंकलित की गई है। 760.42 करोड़ रु0 अंतरित की जाने वाली राशि में से उपलब्ध करवाये जाने की सिफारिश की गई है। शेष राशि 760.42 करोड़ रु0 नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा स्वयं के संसाधनों से पूर्ति की जायेगी।	नगरीय स्थानीय निकायों के लिये वर्ष 2013–14 हेतु 325.08 करोड़ रू0 एवं वर्ष 2014–15 हेतु 687.57 करोड़ रू0 की राशि मूलभूत कार्यो (core functions) हेतु ही प्रदान किया जाना स्वीकार किया गया है।
(12)	**स्टेट रोड फण्ड में हिस्सा :** आयोग द्वारा राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेन्ट फण्ड एक्ट, 2004 के तहत गठित स्टेट रोड फण्ड में से 10 प्रतिशत हिस्सा नगरीय स्थानीय निकायों को शहरी क्षेत्रों की आन्तरिक सड़को की मरम्मत हेतु उपलब्ध कराये जाने का मत व्यक्त किया है एवं इस सम्बन्ध में राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेन्ट फण्ड एक्ट, 2004 मे आवश्यक संशोधन किये जाने की अनुशंषा की है।	आयोग की यह सिफारिश स्वीकार नहीं की गई है।

(13) **अन्य सिफारिशें:**

(i) 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों में वितरण के संबंध में आयोग ने वही मापदण्ड अपनाने की सिफारिश की है जो राज्य वित्त आयोग द्वारा करों के हिस्से में वितरण हेतु निर्धारित किये गये हैं। आयोग की यह सिफारिश 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत भविष्य मे प्राप्त होने वाली राशि के वितरण के सम्बन्ध में स्वीकार की गई है।

(ii) आयोग द्वारा वित्तीय अंतरण के अलावा पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को सुदृढ़ करने, कर–आधार को बढ़ाने, लेखा संधारण आदि के संबंध में अन्य सुझाव भी दिये गये हैं। इन सुझावों पर संबंधित प्रशासनिक विभागों द्वारा विचार एवं परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक निर्णय लिया जायेगा।

4. **क्रियान्विति:**

(i) राज्य के वास्तविक शुद्ध कर राजस्व से अंतरण के संबंध में आदेश पंचायती राज विभाग एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

(ii) आयोग की सिफारिशों के अंतर्गत अंतरित राशि के उपयोग के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश संबंधित विभागों द्वारा प्रसारित किये जायेंगे।

वसुन्धरा राजे

(वसुन्धरा राजे)
मुख्यमंत्री

दिनांक : 20 फरवरी, 2014